कीर्तिरायुर्यशःसौख्यः सर्वकर्मशुभान्वितः।
युद्धे शूरोऽरिणाशक्तो विजये वत्सरे फलम्॥ २७॥

जिसका जन्म विजय संवत्सर में हो वह कीर्तिमान्, आयुवाला, यशस्वी, सुखी तथा सब कर्मों में संयुक्त याने निर्विघ्नता पूर्वक सभी कामों में सफलता प्राप्त करने वाला, युद्ध में शूर, शत्रु का नाशकर्त्ता कहा जाता है॥ २७॥

जेता युद्धे कलत्राणि मित्रामित्रफलं लभेत्।
व्यापारकर्मसंयुक्तो जयसंवत्सरे फलम् ॥ २८ ॥

जिसका जन्म जय संवत्सर में सिद्ध हो वह आदमी युद्ध में विजय पाने वाला, स्त्री, मित्रफल एवं शत्रुफल को लाभ करने वाला और क्रय-विक्रय करने वाला [व्यापारी] होता है ॥ २८ ॥

अतिकामी चातिबुद्धिस्तृष्णावान् बहुमानितः।
[1]निष्ठुरो भोगबलवान् मन्मथे जायते नरः ॥ २९ ॥

जिसके जन्म-समय में मन्मथ सिद्ध हो वह अधिक कामचेष्टा रखने वाला, अति बुद्धिमान्, तृष्णा रखने वाला, सबसे मान पाने वाला, अनेक प्रकार के भोग एवं बल से परिपूरित [वा सेना सहित], कठोर होता है ॥ २९ ॥

शुचिः शान्तः सुदक्षश्च सर्वत्र गुणपूजितः।
परोपकारी वादी च दुर्मुखे दुर्मुखीप्रियः ॥ ३० ॥

दुर्मुख का उत्पन्न बालक पवित्र अन्तःकरण वाला, सहनशील, पूर्ण दक्ष, सब जगह गुणों से आदर पाने वाला, दूसरे का उपकार करने वाला, विवादकर्त्ता, तथा खराब मुँह वाली स्त्री का प्यारा बना रहता है ॥ ३० ॥

मणिमुक्तास्तथा रत्नमष्टधातुसमन्वितः।
अदाता कृपणः पूज्यो हेमलम्बौ नरो भवेत् ॥ ३१ ॥

जो आदमी हेमलम्बी नाम संवत्सर में जन्म-ग्रहण किया हो वह सब प्रकार के मणि, मोती, रत्न, अष्टधातु से परिपूरित, कंजूस और लोगों में [अधिक धनी होने के कारण] पूजित रहता है ॥ ३१ ॥

अलसः सततं जातो व्याधिदुःखसमन्वितः।
कुटुम्बधारको वापि विलम्बौ जायते नरः ॥ ३२ ॥

जिसका जन्म विलम्बी में हो वह सर्वदा अलस याने कार्य मात्र में अनुत्साह दिखाने वाला, व्याधि के कारण दुःख से पूर्ण एवं परिवार का भरण-पोषण करने वाला होता है ॥ ३२ ॥

रक्तवैकारयुक्तश्च रक्ताक्षः पित्तसम्भवः।
वनप्रियो धनैर्हीनो विकारौ तु भवेन्नरः ॥ ३३ ॥

विकारी नाम संवत्सर में जन्म ग्रहण करने से आदमी शोणित-विकार से युक्त लाल आँख वाला, अधिक पित्त वाला, वन में पर्यटन करने का प्रेमी और दरिद्र होता है ॥ ३३ ॥

---

१ निष्ठुरोऽप्यतिभोग्यविबलयुक्तोऽपि मन्मथे जातः। इति पूर्वपाठः।

वेदशास्त्रप्रियो देवब्राह्मणे शुचिभक्तिमान् ।
शर्करारसभोगी च शार्वर्यां जायते नरः ॥ ३४ ॥

जिसका जन्म शार्वरी में हो वह बालक वेद-शास्त्र के अभ्यास करने वाला, देवता ब्राह्मण में पवित्रता-पुरस्सर भक्ति करने वाला एवं सक्कर आदि खाने वाला होता है ॥ ३४॥

सुनिद्रो बहुभोगी च व्यवसायी यशोऽन्वितः ।
पूजितः सर्वलोकानां प्लवसंवत्सरे फलम् ॥ ३५ ॥

जो आदमी प्लवनाम संवत्सर में पैदा होता है वह अच्छी तौर सोने वाला, अधिक भोगी, व्यवसाय करने वाला, यशस्वी तथा सब लोगों में पूजित होगा ऐसा जानना चाहिये ॥ ३५ ॥

कर्मवान् सुयशाः प्रोक्तो धर्मशीलस्तपस्करः ।
प्रजापालः सुनिष्णातः शुभसंवत्सरे फलम् ॥ ३६ ॥

जिसका जन्म शुभ नाम संवत्सर में समझा जाय वह आदमी कर्मठ, उत्तम यश वाला, धर्म-परायण, तपस्वी, सन्तान को मजे में पालन करने वाला और महा निष्णात होता है ॥ ३६ ॥

सुचित्तः शान्तचित्तश्च शूरो दाता ह्यनेकधा ।
नातिवृद्धो न पूर्णत्वं शोभने फलमश्नुते ॥ ३७ ॥

शोभन में उत्पन्न हुआ आदमी निर्विकार चित्तवाला, शान्त, शूर, अनेक चीजों का दाता, कभी भी वृद्ध नहीं, और न कभी वह अपनी पूर्णता को लाभ करने वाला होता है ॥ ३७ ॥

अतिक्रोधमतिः शूरो विज्ञानौषधिसंग्रही ।
परापवादी सर्वत्र क्रोधसंवत्सरे फलम् ॥ ३८ ॥

क्रोध संवत्सर में जन्म लेने से आदमी बड़ा क्रोधी, शूर, विज्ञान द्वारा औषधियो का संग्रह कर्त्ता एवं अन्य लोगों के ऊपर व्यर्थ अपवाद देने वाला होता है ॥ ३८ ॥

छत्रदण्डपताकादिचामरादिविभूषितः ।
प्रधानपुरुषो जातो विश्वसंवत्सरे फलम् ॥ ३९ ॥

विश्व संवत्सर में समुद्भूत बालक राजचिह्न [छत्र, ध्वजा, पताका आदि] से शोभित और लोक में प्रधान व्यक्ति याने इन्हीं के अधीन में सब लोग रहते हैं ॥ ३९॥

भयार्त्तः शीतभीतश्च कातरो जायते नरः ।
अधर्मपरघाती च पराभवभवो मतः ॥ ४० ॥

पराभव में जन्म ग्रहण किया हुआ आदमी डर से त्रस्त, शीत से भय मानने वाला, कातर धर्महीन और दूसरे को घात करने वाला होता है ॥ ४० ॥

रौद्रस्तस्करकर्मा च क्षितिपालो नरेश्वरः।
योगाभ्यासरतो नित्यं प्लवङ्गे जायते नरः॥ ४१॥

जो आदमी प्लवङ्ग संवत्सर में जन्म लेता है वह देखने में भयङ्कर, चोरी कर्म करने वाला, बहुत सी जमीन का अधिपति एवं नरेश तथा साथ ही योग–कर्म के अभ्यास में सर्वदा रत रहता है॥ ४१॥

चित्रकर्ता समानश्च सुखी स्याद् ब्राह्मणप्रियः।
पितृमातृषु भक्तश्च जायते कीलके फलम्॥ ४२॥

कीलक में जन्म होने से आदमी चित्रों को बनाने वाला (याने फोटोग्राफर), समान (न नीच न श्रेष्ठ), सुखी, ब्राह्मणों में श्रद्धा रखने वाला, तथा पिता माता की सेवा करने वाला होता है॥ ४२॥

शुचिः शीलः समो दक्षः सप्रतापो जितेन्द्रियः।
आतव्याकुलभक्तश्च सौम्ये सौम्यफलं भवेत्॥ ४३॥

सौम्य संवत्सर में जन्म लेने से पवित्र, सुशील, सम, निपुण, प्रतापी, इन्द्रियों को जीतने वाला, अधिक व्याकुल आदमियों की सेवा करने वाला एवं और अच्छे फल प्राप्त करने वाला होता है॥ ४३॥

व्यवसायी चाल्पतुष्टो धर्मकर्मरतः सदा।
शीघ्रागमोऽपि तत्रैव फलं साधारणे मतम्॥ ४४॥

साधारण नाम संवत्सर में जन्म ग्रहण किया हुआ आदमी व्यवसाय करने वाला थोड़े ही से संतोष पाने वाला, धर्म-कर्म में रत और वहीं (जहाँ कि धर्म की बातें होती रहती हैं) पर जल्दी २ आने वाला होता है॥ ४४॥

[1]विरोधकृति संजातो विरोधी बान्धवैः सह।
क्षणं सौम्यः क्षणं हीनो दुर्वारो जायते नरः॥ ४५॥

जो मनुष्य विरोधकृत् संवत्सर में जन्म लेता है वह अपने परिवारों में विरोधकर्त्ता, थोड़ी ही देर में शान्त, थोड़े ही में क्रोधी, और किसी भी व्यक्ति या वस्तु के अनुरोध से उसका वेग रुकने वाला नहीं ऐसा जातक होगा॥ ४५॥

स्वल्पबुद्धिः क्रियास्वल्पो देशं भ्राम्यति मानवः।
देवतीर्थप्रियो नित्यं परिधाविनि जायते॥ ४६॥

परिधावी संवत्सर में पैदा हुए मनुष्य की बुद्धि छोटी एवं वह कार्य भी थोड़ा ही करने वाला (अधिक समय) देशाटन करने वाला, देवता एवं तीर्थ का प्रेमी बना रहेगा॥ ४६॥

१ 'विरोधकृतितो जातो' इति पूर्वपाठः।

सर्वभक्तिप्रियो नित्यं गन्धमाल्यानुलेपनैः ।
शौचक्रियानुरक्तश्च प्रमादिप्रभवो नरः ॥ ४७ ॥

जिसका जन्म प्रमादी में हो वह प्रतिदिन पञ्चोपचार से महादेव जी की पूजा करने में प्रेम रखने वाला और शौचक्रिया [आन्तरिक एवं बाह्य शारीरिक शुद्धि] में अनुरक्त रहता है ॥ ४७ ॥

सर्वदानन्दसंयुक्तः सर्वदातिथिपूजकः ।
स्वजनार्थागमो नित्यमानन्दे जायते नरः ॥ ४८ ॥

जो आदमी आनन्द संवत्सर में जन्म लेता है वह सदा आनन्द से युक्त, सर्वदा अतिथि (अभ्यागत) की सेवा करने वाला, और प्रतिदिन अपने बन्धुवर्गों से धन प्राप्त करने वाला होता है ॥ ४८ ॥

मत्स्यमांसप्रियो नित्यं नित्यं लुब्धकवृत्तिमान् ।
सुराहारी वृथापापी जायते राक्षसे नरः ॥ ४९ ॥

जिसकी उत्पत्ति राक्षस-संवत्सर में होती है वह सदा मत्स्य-मांस को खाने वाला सर्वदा हत्यारे की वृत्ति से जीविका चलाने वाला, मदिरा-पान करने वाला, और व्यर्थ पाप (जिसमें अपना कुछ भी उपकार नहीं पर दूसरे की पूरी क्षति हो) करने वाला पुरुष होता है ॥ ४९ ॥

बहुपुत्रोऽनन्तमित्रो द्रव्यलाभी कलिप्रियः ।
हानिः शोकस्तथा दुःखं नले जातो भवेन्नरः ॥ ५० ॥

जो आदमी नल संवत्सर में उत्पन्न होता है वह अधिक पुत्र वाला, अधिक मित्र वाला, रुपयों का लोभी, झगड़े का प्रेमी और हानि, तथा शोक-दुःख का अनुभव करने वाला होगा ॥ ५० ॥

पित्तप्रकोपसर्वात्मा नानाव्याधिरनेकधा ।
वाहनैश्च समायुक्तः पिङ्गले जायते नरः ॥ ५१ ॥

पिङ्गल संवत्सर में जायमान जातक पित्त के कारण क्रोधी, कई बीमारियों से पीड़ित और सब प्रकार के वाहन [मोटर आदि] को रखने वाला होता है ॥ ५१ ॥

कृषिवाणिज्यकर्त्ता च तैलभाण्डादिसंग्रही ।
क्रयविक्रयकर्त्ता च कालयुक्ते भवेन्नरः ॥ ५२ ॥

जो आदमी कालयुक्त संवत्सर में, पैदा हो वह खेती एवं व्यापार करने वाला, तेल बर्त्तन [घड़ा आदि] का सञ्चयकर्त्ता, और खरीद-बिक्री करने वाला होगा ऐसा जानना ॥५२॥

वेदशास्त्रप्रभावज्ञः सिद्धचित्तश्च कोमलः ।
सुकुमारो नृपैः पूज्यः कविः सिद्धार्थिजो नरः ॥ ५३ ॥

सिद्धार्थि-संवत्सर का समुत्पन्न मनुष्य वेद शास्त्र की महिमा का ज्ञाता, शान्त चित्त वाला, नरम शरीर वाला, सुकुमार राजा से पूज्य, और काव्य साहित्य को भली भाँति बनाने वाला होता है ॥ ५३ ॥

तस्करश्चपलो धृष्टः परद्रव्यरतः सदा।
निन्द्यानि सर्वकर्माणि कुरुते रुद्रसम्भवः ॥ ५४ ॥

रुद्रसंवत्सर में जो पैदा होता है वह चोर, चञ्चल, धृष्ट, दूसरे के धन से काम चलाने वाला और सब काम बिलकुल बुरा ही करने वाला होता है ॥ ५४ ॥

पापबुद्धिरतो नित्यं पापात्मा पापसंश्रितः।
बौद्धकर्मसमायोगो दुर्मतौ जायते नरः ॥ ५५ ॥

दुर्मति संवत्सर में जिसकी पैदाइश होती है वह सर्वदा पाप बुद्धि रखने वाला, पाप हृदय वाला, पापियों ही के आश्रित होकर रहने वाला, और बौद्धमतावलम्बी होता है। इस मत में "अहिंसा परमो धर्मः" को सर्वश्रेष्ठ धर्म मान कर अन्य के ऊपर दयाशील होना आदि है ॥ ५५ ॥

गीतवाद्यानि शिल्पानि मन्त्रमौषधिमेव च।
सर्वाङ्गगुणसंपन्नो नरो दुन्दुभिसम्भवः ॥ ५६ ॥

दुन्दुभि में उत्पन्न मनुष्य गीत, वाद्य, शिल्प, मन्त्र, औषधी इनके सर्वाङ्ग गुणों से सम्पन्न होता है ॥ ५६ ॥

वातशोणितसंयुक्तः कफमारुतमेव च।
कौटसाक्ष्यरतश्चैव रुधिरोद्गारिसम्भवः ॥ ५७ ॥

जो आदमी रुधिरोद्गारी में जन्म लेता है वह वात रक्त-प्रकृति वाला या कफ-वात प्रकृति वाला और कूटसाक्ष्य [झूठी गवाही] में रत रहता है ॥ ५७ ॥

देशत्यागो धनभ्रंशो हानिः सर्वत्र जायते।
धृता-विवाहिता भार्या रक्ताक्षेयो नरो भवेत् ॥ ५८ ॥

जो मनुष्य रक्ताक्षी संवत्सर में पैदा हो वह अपने देश को छोड़ कर दूसरे देश में रहनेवाला, धन का नाश-कर्त्ता, सब कामों में हानि उठाने वाला, और अविवाहित स्त्री को रखने वाला होता है ॥ ५८ ॥

क्रोधी क्रोधसमुत्पादी सिंहतुल्यपराक्रमः।
ब्राह्मणः परजीवी च क्रोधसंवत्सरे नरः ॥ ५९ ॥

जिसका जन्म क्रोधन में हो वह आदमी [स्वयं] क्रोधी एवं [अपने व्यवहार से] दूसरे का क्रोध जगाने वाला, सिंह के सदृश महापराक्रमी, ब्राह्मण और पराये ही अन्न पर "जय जगन्नाथ" करने वाला होता है ॥ ५९ ॥

कुटुम्बकलहो नित्यं मद्यवेश्यारतो नरः।
धर्माधर्मविचारो नो जायते क्षयवत्सरे ॥ ६० ॥

क्षय संवत्सर में जायमान मनुष्य अपने परिवार या सम्बन्धी से झगड़ा करने वाला, सर्वदा मद्य और वेश्या में अनुराग रखने वाला, और धर्म एवं अधर्म के विचारों से पृथक् रहने वाला होता है ॥ ६० ॥

अथ युगानयनम्—

युगं भवेद्वत्सरपञ्चकेन युगानि च द्वादश वर्षषष्ट्याम्[1]।

पांच २ वर्ष का एक २ युग माना गया है, अतः उपरोक्त ६० संवत्सरों में बारह युग होते हैं।

युगफलम्—

मद्यमांसप्रियो नित्यं परदाररतः सदा।
कविः शिल्परतः प्राज्ञो जायते प्रथमे युगे ॥ १ ॥

प्रथम युग में उत्पन्न मनुष्य सदा मदिरा-मांस का प्रेमी, प्रतिदिन परस्त्री से संभोग करने वाला, काव्यकर्त्ता, चित्रविद्या जानने वाला और विशिष्ट पण्डित होता है ॥ १ ॥

वाणिज्ये व्यवहारी च धर्मिष्ठः सत्यसङ्गतः।
द्रव्यलाभ्यतिपापात्मा युगे जातो द्वितीयके ॥ २ ॥

दूसरे युग का समुद्भूत आदमी व्यापार-कर्म करने वाला, धर्मवान्, सत्यवक्ता, रुपये का लोभी, और महापापी भी होता है ॥ २ ॥

भोक्ता दाता कृतप्रज्ञो देवब्राह्मणपूजकः[2]।
तेजस्वी धनयुक्तश्च तृतीये फलमश्नुते ॥ ३ ॥

तीसरे युग में जन्म लेने वाला मनुष्य भोगी, दानी, प्रज्ञाशील, ब्राह्मण, देवताओं की पूजा करने वाला, अधिक तेज रखने वाला और धन से सर्वदा युक्त रहता है ॥३॥

वाटिकाक्षेत्रलोभी स्यादोषधीप्रियमानवः।
धातुवादे[3] स्वार्थनाशी जायते च चतुर्थके ॥ ४ ॥

जो मनुष्य चतुर्थ युग में पैदा होता है वह बगीचा और उपजाऊ जमीन का लोभी दवाई सेवन करने का प्रेमी, एवं धातुवाद में अपने धन को बरबाद करने वाला होता है ॥४॥

पुत्रोत्पत्तिः सदा प्रोक्तो धनवांश्च जितेन्द्रियः।
पितृमातृप्रियश्चैव जायते पञ्चमे युगे ॥ ५ ॥

---

१ पञ्चवर्षात्मकयुगमानकल्पनं प्राचीनज्यौतिषवेदाङ्गानुकूलम्। लगधोऽपि-'पञ्चसंवत्सरमयं युगाध्यक्ष'-मित्यादि प्राह।

२ पूर्वपाठः—ब्राह्मणो देवपूजकः। ३ 'धननाशो जायते च चतुर्युगे'।

जिसकी उत्पत्ति पञ्चम युग में हो वह पुत्रवाला, धनी, जितेन्द्रिय और पिता-माता में भक्ति करने वाला होता है ॥ ५ ॥

सर्वदा [१]नीचशत्रुश्च सर्वदा महिषीप्रियः ।
पट्टघातो भयार्त्तश्च युगे षष्ठे च जायते ॥ ६ ॥

छठवें युग में जन्म लेने वाला आदमी सर्वदा अधम लोगों के साथ झगड़ने वाला सर्वदा भैस की सेवा से अपने को प्रसन्न करने वाला (या सदैव स्त्री से प्रेम करने वाला) पत्थर के द्वारा पीड़ा पाने वाला और डर से पीडित रहता है ॥ ६ ॥

बहुमित्रप्रियश्चैव व्यापारे कुटिला गतिः ।
शीघ्रगामी तथा कामी जायते सप्तमे युगे ॥ ७ ॥

सप्तम युग में पैदा हुआ मनुष्य अधिक आदमियों से मित्रता करने वाला, व्यवहार में धन के साथ प्रपञ्च करने वाला, अधिक तीव्रता से चलने वाला और अधिक काम चेष्टा रखने वाला होता है ॥ ७ ॥

पापकर्त्ता च संतुष्टो व्याधिदुःखान्वितस्तथा ।
कर्त्ता च परहिंसाया जायते त्वष्टमे युगे ॥ ८ ॥

अष्टमयुगोत्पन्न जातक पापी, सन्तुष्ट, कठिन रोगी, और परहिंसक होता है ॥ ८ ॥

वापीकूपतडागादिदेवदीक्षातिथिप्रियः ।
भूपतिर्वृत्रहातुल्यो जायते नवमे युगे ॥ ९ ॥

जिसका जन्म नवम युग में हो वह वापी, कूप, तड़ाग आदि देवता, मन्त्र और अतिथि इनमें प्रेम करने वाला और इन्द्र के सदृश राजा होता है ॥ ९ ॥

राजाधिराजमन्त्री च स्थानप्राप्तिमहासुखः ।
सुवेषरूपदाता च जायते दशमे युगे ॥ १० ॥

दशमयुगोत्पन्न जातक किसी राजाधिराज का मन्त्री उत्तम जगह मिलने के कारण बहुत सुख करने वाला, सुन्दर आकृतिमान् और दान करने वाला होता है ॥१०॥

बुद्धिमांश्च सुशीलश्च स्थापकश्चासुरद्विषाम् ।
संग्रामे च भवेच्छूरो जात एकादशे युगे ॥ ११ ॥

जो मनुष्य एकादश युग में उत्पन्न भया हो उसे अच्छी बुद्धि वाला, सुशील, देवता में भक्ति रखने वाला और रण-क्षेत्र में बड़ा वीर जानना चाहिये ॥ ११ ॥

तेजस्वी च लसन्नात्मा नरमध्ये महाजनः ।
कृषिवाणिज्यकर्त्ता च जायते द्वादशे युगे ॥ १२ ॥

---

१ शत्रुनीचश्च इति पूर्वपाठः ।

जिसका बारहवाँ युग में जन्म होता है वह बड़ा तेज वाला, प्रफुल्लित हृदय वाला, मनुष्यों में प्रधान और खेती एवं व्यापारकार्य को करने वाला होता है ॥ १२ ॥

अयनविधिः—

मकरादिगते षट्के सूर्यस्यैवोत्तरायणम् ।
कर्कादिषट्कगे सूर्ये दक्षिणायनमुच्यते ॥ १ ॥

जब सूर्य मकर से छः राशि मिथुन तक रहें तो उत्तरायण और कर्क से छः राशि धनु तक याम्यायन (दक्षिणायन) कहा जाता है ॥ १ ॥

अयनफलम्—

उत्तरायणे नरो जातः सर्वशास्त्रविशारदः ।
धर्मार्थकामशीलश्च गुणवांश्च सुरूपवान् ॥ २ ॥

जब सूर्य उत्तरायण में रहते हैं तब यदि किसी का जन्म हो तो वह प्रत्येक शास्त्र का अद्वितीय पण्डित, धर्म अर्थ, और काम इन तीनों में अनुरक्त, गुणी और सुन्दर आकृति वाला होता है ॥ २ ॥

याम्यायने नरो जातः कूटसाक्षी सदानृतः ।
अधर्मी चाथ रोगी च बहुव्याधिः सदा भवेत् ॥ ३ ॥

याम्यायन में जन्म लेने वाला आदमी छल-प्रपञ्चकर्त्ता, सर्वदा मिथ्यावादी, अधर्मी रोगी और अनेक व्याधिवाला होता है ॥ ३ ॥

अथ गोलानयनविधिः—

मेषादिषट्कगे सूर्य उत्तरो गोल उच्यते ।
तुलादिषट्कगे सूर्ये याम्यगोलः स उच्यते ॥ १ ॥

जब सूर्य मेषादि छः राशि (कन्या तक) में रहते हैं तब सौम्य गोल और तुलादि (मीन तक) में रहने से याम्यगोल कहा जाता है ॥ १ ॥

गोलफलम्—

[1]यो जात उत्तरे गोले धनवान् विद्ययान्वितः ।
पुत्रपौत्रादियुक्तश्च राजमान्यो नरो भवेत् ॥ २ ॥

जिसका जन्म सौम्यगोल में हो वह आदमी धनी, विद्वान्, पुत्र-पौत्र आदि से सहित और राजाओं से पूजित होता है ॥ २ ॥

याम्यगोले तु यो जातः सदा स सुखवर्जितः ।
कूटसाक्षी दुराचारो हीनाङ्गश्चापि निर्धनः ॥ ३ ॥

१ "यो जातोत्तरगोलेषु" इति पूर्वपाठः ।

जो आदमी यास्यगोल में उत्पन्न हो वह सर्वदा सुख से वञ्चित, छल-प्रपञ्च करने वाला, दुराचारी, अङ्गविकल और दरिद्र रहता है ॥ ३ ॥

ऋतोरानयनविधिः—

मृगादिराशिद्वयभानुभोगात् षट्कं ऋतूनां शिशिरो वसन्तः।
ग्रीष्मश्च वर्षा शरदश्च तद्वद्धेमन्तनामा कथितोऽत्र षष्ठः ॥ १ ॥

मकरादि राशियों में सूर्य के रहने से छः ऋतु वसन्तादि होती है (मकर कुम्भ में शिशिर १, मीन मेष में वसन्त २, वृष-मिथुन में ग्रीष्म ३, कर्क सिंह में वर्षा ४, कन्या तुला में शरत् ५, और वृश्चिक धनु में हेमन्त नाम की ६, इस प्रकार छः ऋतु होती है) ॥१॥

ऋतुफलम्—

रूपयौवनसंपन्नो दीर्घसूत्रो मदोत्कटः।
साधुयुक्तः कामुकश्च शिशिरे जायते नरः ॥ २ ॥

शिशिर ऋतु में उत्पन्न बालक रूप यौवन से सम्पन्न, कार्य मात्र में विलम्ब लगाने वाला, साधु (महात्मा) से युक्त और की तीव्र इच्छा रखने वाला पुरुष होता है ॥२॥

महोद्यमी मनस्वी च तेजस्वी बहुकार्यकृत्।
नानादेशरसाभिज्ञो वसन्ते जायते नरः ॥ ३ ॥

जिस जातक का जन्म वसन्त ऋतु में हो वह महा उद्यम करने वाला, मनस्वी, तेजस्वी अनेक तरह के कार्य करने वाला और अनेक देश एवं अनेक रसों का ज्ञाता होता है ॥३॥

बह्वारम्भो जितक्रोधः क्षुधालुः कामुको नरः।
दीर्घः शठो बुद्धिमांश्च ग्रीष्मे जातः सदा शुचिः ॥ ४ ॥

ग्रीष्म ऋतु का उत्पन्न बालक बहुत कामों का आरम्भ करने वाला, क्रोध को जीतने वाला (याने कभी क्रोध न करने वाला), क्षुधा की तीव्र इच्छा रखने वाला, कामचेष्टा रखने वाला, दीर्घ (जिसकी ऊँचाई बड़ी हो), कठोर, बुद्धिमान् और सर्वदा पवित्र आचरण करने वाला होता है ॥ ४ ॥

गुणवान् भोगयुक्तश्च राजपूज्यो जितेन्द्रियः।
कुशलोऽर्थानुवादी च वर्षाकाले भवेन्नरः ॥ ५ ॥

जिस मनुष्य का जन्म वर्षाकाल में हो वह गुणी, भोगी राजाओं से पूज्य, जितेन्द्रिय, पण्डित और अपने आशय के अनुकूल वार्त्तालाप-कर्त्ता होता है ॥ ५ ॥

वाणिज्यकृषिवृत्तिश्च धनधान्यसमृद्धिमान्।
तेजस्वी बहुमान्यश्च शरज्जातो भवेन्नरः ॥ ६ ॥

जो आदमी शरद ऋतु में जन्म लेता है वह व्यापार और खेती से अपनी वृत्ति (जीविका) चलाने वाला, सब प्रकार के धन-धान्य से परिपूरित, तेजस्वी और अधिक आदमियों से मान्य होता है ॥ ६ ॥

बहुव्याधिर्हीनतेजास्त्रासयुक्तः प्रणिष्ठुरः।
ह्रस्वपीनगलो भीरुर्हेमन्ते जायते नरः॥ ७॥

जिसकी पैदाइश हेमन्त ऋतु में हो वह बहुत व्याधियों से पीड़ित, तेजहीन, भय रखने वाला, निष्ठुर, छोटा तथा पुष्ट कण्ठ वाला और डरपोक रहता है॥ ६॥

अथ द्वादशमासफलम्—

[1]चैत्रे च दृष्टिभाग्जातः साहङ्कारः शुभाकरः।
रक्तेक्षणः सरोषश्च स्त्रीलोलः स भवेत्सदा॥ १॥

चैत्रमासोत्पन्न मनुष्य देखने योग्य, अहङ्कार करने वाला, उत्तम काम करने वाला, लाल आँख वाला, रोष से सहित, और स्त्री के निकट चञ्चल होता है॥ १॥

भोगी धनी सुचित्तश्च सक्रोधश्च सुलोचनः।
सुरूपो वल्लभः स्त्रीणां माधवे जायते नरः॥ २॥

जिसका जन्म वैशाख महीना में हो वह पुरुष भोगी, धनी, सुहृदय, क्रोधी, सुन्दर आँख वाला, उत्तम आकृति वाला, स्त्रियों का परम स्नेही होता है॥ २॥

परदेशरतश्चैव शुभचित्तो धनान्वितः।
दीर्घायुश्च सुबुद्धिश्च ज्येष्ठे सुष्ठु धनी भवेत्॥ ३॥

जिसका जन्म ज्येष्ठ महीना में हो वह देशान्तर में समय बिताने वाला, दीर्घायु, अच्छी बुद्धि रखने वाला, सुन्दर और धनवान् होता है॥ ३॥

पुत्रपौत्रान्वितो धर्मी वित्तनाशेन पीडितः।
सुवर्णश्चाल्पसुखितो ह्याषाढे च भवेन्नरः॥ ४॥

आषाढ़ का जन्मा हुआ आदमी पुत्र-पौत्र से सहित, धर्म का आदर करने वाला, सम्पत्ति नष्ट होने के कारण पीड़ा पाने वाला, अच्छा वर्ण वाला और कम सुख (अधिक दुःख) भोगने वाला होता है॥ ४॥

सुखे दुःखे तथा हानौ लाभे च समचित्तकः।
स्थूलदेहः सुरूपश्च श्रावणे जायते नरः॥ ५॥

श्रावण में जन्म लिया हुआ मनुष्य सुख, दुःख, हानि तथा लाभ सभी में समान चित्त वाला, स्थूल शरीर वाला, और सुन्दर रूप वाला होता है॥ ५॥

नित्यप्रमोदी जल्पाकः पुत्रयुक्तः सुखी भवेत्।
मृदुभाषी सुशीलश्च भाद्रजातो भवेन्नरः॥ ६॥

जिस जातक का जन्म भाद्र महीना में हो वह सर्वदा प्रसन्न चित्त रखने वाला व्यर्थ

१ 'चैत्रे च दृष्टिभाजः स्यात्' इति पूर्वपाठः।

(अनवसर) पर बोलने वाला, पुत्र से युक्त, सुखी, कोमल शब्द बोलने वाला, और अच्छा शील वाला होता है ॥ ६ ॥

सुरूपश्च सुखैर्युक्तः काव्यकर्ता परः शुचिः ।
गुणवान् धनवान् कामी ह्याश्विने जायते नरः ॥ ७ ॥

जिसका जन्म आश्विन (कुआँर) में हो वह आदमी सुन्दर आकृति वाला, सुख से युक्त, कविता (गद्य पद्य) बनाने वाला, परम पवित्र आचरण-कर्ता, गुणी, धनी और कामी होता है ॥ ७ ॥

सुधनी कामबुद्धिश्च दुरात्मा क्रयविक्रयी ।
पापीयान् दुष्टचित्तश्च कार्तिके जायते नरः ॥ ८ ॥

कार्त्तिक मास में जन्म लेने से आदमी सुन्दर धन वाला (अर्थात् जिस धन का व्यय अच्छे-अच्छे कामों में हो) कामी दुरात्मा, व्यापारी महापापी, और दुष्ट चित्त रखने वाला होता है ॥ ८ ॥

मृदुभाषी धनी धर्मी बहुमित्रः पराक्रमी ।
परोपकारी जातश्च मार्गशीर्षे भवेन्नरः ॥ ९ ॥

अगहन महीने का उत्पन्न बालक मृदु बोलने वाला धनी, धर्मी, अधिक मित्र वाला पराक्रमी और दूसरे का उपकार करने वाला होता है ॥ ९ ॥

शूर उग्रप्रतापी च पितृदेवविवर्जितः ।
ऐश्वर्यजन्मकारी च पौषे मासे नरो भवेत् ॥ १० ॥

जो आदमी पूस में जन्म लेता है वह पहलवान, तेजस्वी, प्रतापी, देवता-पितर में अभक्ति करने वाला, और ऐश्वर्य कमाने वाला होता है ॥ १० ॥

मतिमान् धनवांश्चैव शूरो निष्ठुरभाषकः ।
कामुकश्च रणे धीरो माघजातो भवेन्नरः ॥ ११ ॥

माघ में उत्पन्न बालक बुद्धिमान्, धनी, शूर, निर्दय, कामी और रणक्षेत्र के लिए धीर होता है ॥ ११ ॥

शुक्लः परोपकारी च धनविद्यासुखान्वितः ।
विदेशे भ्रमते नित्यं फाल्गुने जायते नरः ॥ १२ ॥

जिस मनुष्य का जन्म फाल्गुन महीना में हो वह गौर वर्ण वाला, परोपकारी, धनी, विद्यावान्, सुखी एवं सर्वदा देश-देशान्तर में भ्रमण करने वाला होता है ॥१२॥

विषयहीनमतिः सुचरित्रदृग्विविधतीर्थकरश्च निरामयः।
सकलवल्लभ आत्महितङ्करः खलु मलिम्लुचमाससभवो नरः ॥१३॥

जिसका जन्म अधिक मास (मलमास) में हो वह सांसारिक विषयों से पृथक् रहने वाला, सुन्दर चरित्र एवं दृष्टिवाला, अनेक तरह के तीर्थों में यात्रा करने वाला, नीरोग, और अपना हित करने वाला होता है ॥ १३ ॥

पक्षलफम्—

निष्ठुरो दुर्मुखश्चैव स्त्रीद्वेषी मतिहीनकः।
परप्रेक्षो जनैर्युक्तः कृष्णपक्षे प्रजायते ॥ १ ॥

कृष्ण पक्ष में पैदा हुआ मनुष्य निर्दय, खराब मुँह वाला, स्त्री से द्वेष रखने वाला, बुद्धि से हीन, दूसरों से पालित और साधारण जनों के साथ रहता है ॥ १ ॥

पूर्णचन्द्रनिभः श्रीमान् सोद्यमो बहुशास्त्रवित्।
कुशलो ज्ञानसंपन्नः शुक्लपक्षे भवेन्नरः ॥ २ ॥

जिसका जन्म शुक्लपक्ष में हो वह पूर्णिमा के चन्द्रमा के समान सुन्दर, धनी, उद्यमी, बहुत शास्त्रों का ज्ञाता, पण्डित और सब तरह के ज्ञानों को जानने वाला होता है ॥२॥

अथ तिथिफलम्—

क्रूरसङ्गो धनैर्हीनः कुलसंतापकारकः।
व्यसनासक्तचित्तश्च प्रतिपत्तिथिजो नरः ॥ १ ॥

जिसका जन्म प्रतिपद् तिथि में हो वह पापियों के साथ रहने वाला, दरिद्र, कुल का सन्तापकर्त्ता, एवं व्यसनों में आसक्त चित्त वाला होता है ॥ १ ॥

परदाररतो नित्यं सत्यशौचविवर्जितः।
तस्करः स्नेहहीनश्च द्वितीयासम्भवो नरः ॥ २ ॥

द्वितीया तिथि में समुद्भूत बालक सर्वदा पराई स्त्रियों में रत, मिथ्याभाषी, शौच–हीन, चोर, और स्नेह–हीन होता है ॥ २ ॥

अचेतनोऽतिविकलो निर्द्रव्यः पुरुषः सदा।
परद्वेषरतो नित्यं तृतीयायां भवेन्नरः ॥ ३ ॥

तृतीया में जन्म लेने से आदमी चेतना से रहित, अति विकल, दरिद्र और पराये से द्वेष करने वाला होता है ॥ ३ ॥

महाभोगी च दाता च मित्रस्नेही विचक्षणः।
धनसंतानयुक्तश्च चतुर्थ्यां यदि जायते ॥ ४ ॥

जिसका जन्म चतुर्थी तिथि में होता है वह आदमी महा भोगी, दानी, मित्रों के ऊपर स्नेह करने वाला, पण्डित, धनी, एवं संतति (पुत्र-कन्या) से संयुक्त रहता है ॥४॥

व्यवहारी गुणग्राही पितृमात्रोश्च रक्षकः।
दाता भोक्ता तनुप्रीतः पञ्चमीसम्भवो नरः ॥ ५ ॥

पञ्चमी में जन्म लेने से आदमी व्यवहार में चतुर, गुणों को ग्रहण करने वाला, पिता की रक्षा करने वाला, दानी, भोक्ता और अपनी आकृति से प्रसन्न रहता है ॥५॥

नानादेशाभिगामी च सदा कलहकारकः ।
नित्यं जठरपोषी च षष्ठ्यां जातो भवेन्नरः ॥ ६ ॥

जिस आदमी का जन्म षष्ठी तिथि में हो वह अनेक देशों में भ्रमण करने वाला, सर्वदा सभी से झगड़ने वाला, और हमेशा अपने उदर का भरण-पोषण करने वाला होता है ॥६॥

अल्पतोषी च तेजस्वी सौभाग्यगुणसंयुतः ।
पुत्रवान् धनसम्पन्नः सप्तम्यां जायते नरः ॥ ७ ॥

सप्तमी तिथि में जन्म लेने वाला प्राणी थोड़े में संतोष वाला, तेजवान्, सौभाग्य-शाली, गुणी, पुत्रवान्, और धनी होता है ॥ ७ ॥

धर्मिष्ठः सत्यवादी च दाता भोक्ता च वत्सलः ।
गुणज्ञः सर्वकार्यज्ञो ह्यष्टमीसम्भवो नरः ॥ ८ ॥

अष्टमी तिथि में जन्म लेने वाला मनुष्य धर्मवान् सत्य बोलने वाला, दानी, भोक्ता, दयालु, गुणी और संपूर्ण कर्मों में निपुण होता है ॥ ८ ॥

देवताराधकः पुत्रो धनस्त्रीसक्तमानसः ।
शास्त्राभ्यासरतो नित्यं नवम्यां जायते यदि ॥ ९ ॥

नवमी तिथि में जन्म लेने वाला मनुष्य देवताओं का आधारक, पुत्रवान्, धन एवं स्त्री में आसक्त मन वाला और शास्त्र के अभ्यास में सदा रत रहने वाला होता है ॥९॥

[1]दशम्यां धर्मशास्त्रज्ञो देवसेवी च याजकः ।
तेजस्वी सौख्यसंयुक्तो जायते मानवः सदा ॥ १० ॥

दशमी तिथि में जन्म लेने वाला मनुष्य धर्म शास्त्र को जानने वाला, देवताओं की सेवा करने वाला, यज्ञ करने वाला, तेजवान् और सदा सुख से युक्त होता है ॥१०॥

अल्पतोपी नरेन्द्रस्य गेहगामी शुचिर्भवेत् ।
धनी पुत्री भवेद्धीमानेकादश्यां भवेन्नरः ॥ ११ ॥

एकादशी तिथि में जन्म लेने वाला मनुष्य थोड़े में धैर्य वाला, राजा के आश्रय में रहने वाला पवित्र, धनवान् और विद्यावान् होता है ॥ ११ ॥

चपलश्चपलज्ञानी सदा क्षीणवपुः स्मृतः ।
देशभ्रमणशीलश्च द्वादशीजातको भवेत् ॥ १२ ॥

द्वादशी तिथि में जन्म लेने वाला मनुष्य चञ्चल एवं चपलता को जानने वाला, सदैव दुबले शरीर वाला, और देशाटन करने वाला होता है ॥ १२ ॥

---

१ "दशम्यां धर्माधर्मज्ञः" इति पूर्वपाठः ।

महासिद्धो महाप्राज्ञः शास्त्राभ्यासी जितेन्द्रियः ।
परकार्यरतो नित्यं त्रयोदश्यां यदा भवेत् ॥ १३ ॥

त्रयोदशी तिथि में जन्म लेने वाला मनुष्य महासिद्ध, बड़ा विद्वान्, शास्त्राभ्यास करने वाला, इन्द्रियों को वश में रखने वाला और सदा दूसरों के काम में रहने वाला होता है ॥१३॥

धनाढ्यो धर्मशीलश्च शूरः सद्वाक्यपालकः ।
राजमान्यो यशस्वी च चतुर्दश्यां यदा भवेत् ॥ १४ ॥

चतुर्दशी तिथि में जन्म लेने वाला मनुष्य धनवान्, धर्मशील, शूरवीर, सत्य बोलने वाला, राजा से मान पाने वाला और यशस्वी होता है ॥ १४ ॥

श्रीमांश्च मतिमांश्चापि महाभोजनलालसः ।
उद्यतः परदारेषु ह्यासक्तः पूर्णिमाभवः ॥ १५ ॥

पौर्णमासी तिथि में जन्म लेने वाला मनुष्य धनवाला, बुद्धिवाला, अधिक भोजन की लालसा रखने वाला, उत्साही और परस्त्रियों में आसक्त रहनेवाला होता है ॥ १५ ॥

स्थिरारम्भपरद्वेषी वक्रो मूर्खः पराक्रमी ।
मूढमन्त्री च सज्ञानोऽप्यमावास्याभवो नरः ॥ १६ ॥

अमावास्या तिथि में जन्म लेनेवाला मनुष्य आलसी, दूसरों के साथ ईर्ष्या रखने वाला, क्रोधी, मूर्ख, पराक्रमी, मूढ राजा का मन्त्री और ज्ञानवान् होता है ॥ १६ ॥

नन्दादितिथिज्ञानम्—

नन्दा भद्रा जया रिक्ता पूर्णा च तिथयः क्रमात् ।
वारत्रयं समावर्त्य तिथयः प्रतिपन्मुखाः ॥ १७ ॥

नन्दा, भद्रा, जया, रिक्ता और पूर्णा ये पाँच तिथियाँ क्रमानुसार प्रतिपदा से तीन बार गणना करने पर होती हैं, यथा – १।६।११ को नन्दा, २।७।१२ को भद्रा, ३।८।१३ को जया, ४।९।१४ को रिक्ता और ५।१०।१५ को पूर्णा तिथि जानो ॥ १७ ॥

तत्रादौ नन्दातिथिफलम्—

नन्दातिथौ नरो जातो महामानी च कोविदः ।
देवताभक्तिनिष्ठश्च ज्ञानी च प्रियवत्सलः ॥ १ ॥

नन्दा तिथि में जन्म लेने वाला मनुष्य बड़े मान वाला, पण्डित, देवताओं की भक्ति में निष्ठा रखने वाला, ज्ञानवान् और प्यारा होता है ॥ १ ॥

भद्रातिथिफलम्—

भद्रातिथौ बन्धुमान्यो राजसेवी धनान्वितः ।
संसारभयभीतश्च परमार्थमतिर्नरः ॥ २ ॥

भद्रा तिथि में जन्म लेने वाला, मनुष्य बन्धु में मान्य, राजसेवी, धनवान्, संसार के भय (मृत्यु) से डरने वाला और परमार्थी होता है ॥ २ ॥

जयातिथिफलम्—

जयातिथौ राजपूज्यः पुत्रपौत्रादिसंयुतः ।
शूरः शान्तश्च दीर्घायुर्मनाविज्ञश्च जायते ॥ ३ ॥

जिस जातक का जन्म जया तिथि में हो वह राजाओं में पूजा पाने वाला, पुत्र, पौत्र आदि से रहित, शूर, धीर, दीर्घायु और अन्यों के मन की बात को जानने वाला होता है ॥ ३ ॥

रिक्तातिथिफलम्—

रिक्तातिथौ वितर्कज्ञः प्रमादी गुरुनिन्दकः ।
शस्त्रज्ञो मदहन्ता च कामुकश्च नरो भवेत् ॥ ४ ॥

जो आदमी रिक्ता तिथि में जन्म पाया हो वह हरेक कामों में अनुमान करने वाला, प्रमाद करने वाला, गुरुओं का निन्दक, शास्त्रों को जानने वाला, दूसरे के मद को नाश करने वाला एवं अधिक काम-चेष्टा रखने वाला होता है ॥ ४ ॥

पूर्णातिथिफलम्—

पूर्णातिथौ धनैः पूर्णो वेदशास्त्रार्थतत्त्ववित् ।
सत्यवादी शुद्धचेता विज्ञो भवति मानवः ॥ ५ ॥

पूर्णा तिथि में जन्म लेने से आदमी धनों से पूरित, वेद-शास्त्र के अर्थों का सारांश जानने वाला, सत्यवादी, विशुद्ध अन्तःकरण वाला (जिसमें जरा भी कालुष्य नहीं हो) और अच्छा पण्डित होता है ॥ ५ ॥

जन्मवारफलम्—

पित्ताधिकोऽतिचतुरस्तेजस्वी समरप्रियः ।
दाता दाने महोत्साही सूर्यवारे भवेन्नरः ॥ १ ॥

जिसका जन्म एतवार में हो वह अधिक पित्त वाला, परम चतुर (कार्यमात्र में), उग्र तेज वाला, युद्ध का प्रेमी, दानी और महा उत्साह करने वाला होता है ॥ १ ॥

मतिमान् प्रियवाक् शान्ता नरेन्द्राश्रयजीविकः।
समदुःखसुखः श्रीमान् सोमवारे भवेत्पुमान् ॥ २ ॥

जिस बालक का जन्म चन्द्रवासर में हो वह बुद्धिमान्, प्रिय (कर्णसुख) कथा-वक्ता, धीर; किसी राजा के आश्रय से अपनी वृत्ति चलाने वाला, और सुख-दुःख को बराबर मानने वाला होता है ॥ २ ॥

वक्रबुद्धिर्जंगजीवी रणोत्साही महाबली ।
सेनानीस्तन्त्रपालो वा धरापुत्रदिनाद्भवः ॥ ३ ॥

मङ्गल दिन का उत्पन्न बालक उलटी बुद्धि वाला, वृद्धावस्था (अर्थात् अधिक दिन) तक जीने वाला, संग्राम में उत्साह-पुरस्सर अपनी वीरता दिखाने वाला, महा बल रखने वाला, सेनापति एवं अपने परिवार में प्रधान पालन करनेवाला होता है ॥३॥

लिपिलेखनजीवी स्यात्प्रियवाक्पण्डितः सुधीः।
रूपसंपत्तिसंयुक्तो बुधवासरसम्भवः ॥ ४ ॥

जो आदमी बुध दिन जन्म ले वह टीका टिप्पणी लिखने से या मुहर्रिरी काम से अपनी जीविका निबाहने वाला, मधुरभाषी, अच्छे पण्डित, सुन्दर आकृति एवं बड़ी सम्पत्ति से युक्त याने धनवान् होता है ॥ ४ ॥

धनविद्यागुणोपेतो विवेकी जनपूजितः[1]।
आचार्यः सचिवो वा स्याद् गुरुवासरसम्भवः ॥ ५ ॥

जिसका जन्म बृहस्पति के दिन में हो वह धनी और विद्वान् सर्वत्र विवेक-पुरस्सर काम करने वाला, साधारण जनों से पूजित, किसी ग्रन्थ का कर्ता वा राजा का मन्त्री बनकर रहता है ॥ ५ ॥

चलचित्तः सुरद्वेषी धनक्रीडारतः सदा।
बुद्धिमान् सुभगो वाग्मी भृगुवारे भवेन्नरः ॥ ६ ॥

जिसका जन्म शुक्र दिन में हो वह चञ्चल, देवता से द्वेष करने वाला, धन के द्वारा खेल में रत, बुद्धिमान्, मनोहर रूप वाला और अनवसर में भी अधिक बोलने वाला होता है ॥६॥

स्थिरजः स्थिरगीः क्रूरो दुःखचित्तः पराक्रमी।
अधोदृङ् न चलः केशी वृद्धनारीरतः सदा ॥ ७ ॥

शनि दिन का उत्पन्न जातक स्थिर पुरुष से जायमान, दृढ़ वाणी वाला, पापी, दुःखित चित्त वाला, पराक्रमशील, अधोदृष्टि रखने वाला, दृढप्रतिज्ञ, अधिक केशवाला एवं सर्वदा जरावस्था प्राप्त स्त्रियों में रत रहता है ॥ ७ ॥

दिनरात्रिजन्मफलम्—

सद्धर्मयुक्तो बहुपुत्रभोगी प्रियान्वितः कामनिपीडिताङ्गः।
वस्त्रा युक्तो मतिमान् सुरूपो भवेन्मनुष्यश्च दिवा-प्रसूतः ॥१॥

जिसका जन्म दिन में हो वह आदमी अच्छे धर्माचरण से युक्त, अधिक पुत्र एवं अधिक भोग करने वाला, सर्वदा स्त्री के साथ रहने वाला, अधिक काम-चेष्टा से पीडित अङ्ग वाला, अच्छे वस्त्रों का धारणकर्त्ता, बुद्धिमान् और सुन्दर आकृति वाला होता है ॥१॥

मन्दवाग्बहुकामार्तः क्षयरोगी मलीमसः।
क्रूरात्मा छन्नपापश्च निशि जातो भवेन्नरः ॥ २ ॥

---

१ जनपूजकः। इति पूर्वपाठः।

जो आदमी रात्रि में पैदा हो वह कम बोलने वाला, अधिक कामचेष्टा से युक्त, क्षय रोग वाला, अधिक मलिन हृदय वाला, पापात्मा, और छिपकर पाप करने वाला होता है ॥२॥

अथ जन्मनक्षत्रफलम्—

सुरूपः सुभगो दक्षः स्थूलकायो महाधनी ।
अश्विनीसम्भवो लोके जायते जनवल्लभः ॥ १ ॥

अश्विनी नक्षत्र में जन्म लिया हुआ मनुष्य सुन्दर, सुभग, कार्यमात्र में दक्ष, मोटी देह वाला, बड़ा धनी, एवं जन्ममात्र का वल्लभ [प्रेमी] बना रहता है ॥ १ ॥

अरोगी सत्यवादी च सत्प्राणश्च दृढव्रतः ।
भरण्यां जायते लोकः सुसुखी धनवानपि ॥ २ ॥

जिसका जन्म भरणी में हो वह नीरोग, सत्य बोलने वाला, जीवन सार्थक करने वाला, दृढप्रतिज्ञ, अच्छे सुख करने वाला और धनी होता है ॥ २ ॥

कृपणः पापकर्मा च क्षुधालुर्नित्यपीडितः ।
अकर्म कुरुते नित्यं कृत्तिकासम्भवो नरः ॥ ३ ॥

जो आदमी कृत्तिका नक्षत्र में उत्पन्न हुआ हो वह कृपण, पापी, क्षुधालु, सब दिन पीड़ित और प्रतिदिन अकर्म [जो काम करना न चाहिये] करने वाला बना रहता है ॥ ३ ॥

धनी कृतज्ञो मेधावी नृपमान्यः प्रियंवदः ।
सत्यवादी सुरूपश्च रोहिण्यां जायते नरः ॥ ४ ॥

धनी, उपकार को जानने वाला, मेधावी, राजाओं से मान्य, मधुरभाषी, सत्य बोलने वाला, एवं अच्छी आकृति वाला, जातक रोहिणी नक्षत्र में जन्म लेने से होता है ॥४॥

चपलश्चतुरो धीरः कूटकर्मस्वकर्मकृत् ।
अहङ्कारी परद्वेषी मृगे भवति मानवः ॥ ५ ॥

जो आदमी मृगशिरा नक्षत्र में जन्म लिया हो वह चञ्चल, कार्य मात्र में चतुर, धीर, छल-व्यापार से निन्दित कर्म करने वाला, अहङ्कार रखने वाला, एवं दूसरे से द्वेष करने वाला होता है ॥ ५ ॥

कृतघ्नः कोपयुक्तश्च नरः पापरतः शठः ।
आर्द्रानक्षत्रसम्भूतो धनधान्यविवर्जितः ॥ ६ ॥

आर्द्रा में जन्म लेने से उपकार को न मानने वाला, क्रोधी, पापी, शठ, और धनधान्य से वञ्चित रहता है ॥ ६ ॥

शान्तः सुखी च सम्भोगी सुभगो जनवल्लभः ।
पुत्रमित्रादिभिर्युक्तो जायते च पुनर्वसौ ॥ ७ ॥

जिसका जन्म पुनर्वसु नक्षत्र में हो वह शान्त, सुखी, पूरा भोग करने वाला, सुन्दर, आत्मीय जनों के वल्लभ, सर्वदा पुत्र-मित्र आदि से युक्त बना रहता है ॥ ७ ॥

देवधर्मधनैर्युक्तः पुत्रयुक्तो विचक्षणः।
पुष्ये च जायते लोकः शान्तात्मा सुभगः सुखी॥ ८ ॥

जिसकी उत्पत्ति पुष्य नक्षत्र में होती है वह देवता, धर्म, धन इन से युक्त, पुत्र वाला, उत्तम पण्डित, शान्त स्वभाववाला, सुन्दर आकृतिवाला सुखी होता है ॥ ८ ॥

सर्वभक्षा कृतान्तश्च कृतघ्नो वञ्चकः खलः।
आश्लेषायां नरो जातः कृतकर्मा हि जायते ॥ ९ ॥

जो आदमी आश्लेषा नक्षत्र में जन्म लेता है वह भक्ष्य - अभक्ष्य का कुछ भी विचार न कर सब चीजों को खाने वाला, यमराज के समान आचरण करनेवाला, कृतघ्न, वञ्चक, दुर्जन और किये हुये कर्मों को ही करनेवाला होता है ॥ ९ ॥,

बहुभृत्यो धनी भोगी पितृभक्तो महोद्यमी।
चमूनाथो राजसेवी मघायां जायते नरः॥ १० ॥

मघा नक्षत्र का उत्पन्न बालक अधिक नौकर रखने वाला, धनी, भोगी, पिता, पितामह, माता आदि में भक्ति रखने वाला, महा उद्यमी, सेनापति एवं राजाओं की सेवा करने वाला होता है ॥ १० ॥

विद्यागोधनसंयुक्तो गम्भीरः प्रमदाप्रियः।
पूर्वाफाल्गुनिकाजातः सुखी पण्डितपूजितः॥ ११ ॥

जिसका जन्म पूर्वाफाल्गुनी में हो वह विद्यावान्, गौओं को रखने वाला, धनी, गम्भीर, ललना का परम प्रेमी, सुख पाने वाला और अनेक पण्डितों से पूजित रहता है ॥११॥

दान्तः शूरो मृदुर्वक्ता धनुर्वेदार्थपण्डितः।
उत्तराफाल्गुनीजातो महायोद्धा जनप्रियः॥ १२ ॥

उत्तराफाल्गुनी में जो जन्म लेता है वह सहनशील, शूर, कोमलवक्ता, वाग्मी, वाणविद्या में प्रवीण, महा योद्धा और सर्व साधारण जनों से भी प्रिय व्यवहार करने वाला होता है ॥ १२ ॥

असत्यवचनो धृष्टः सुरापो बन्धुवर्जितः।
हस्ते जातो नरश्चौरो जायते पारदारिकः॥ १३ ॥

हस्त नक्षत्र का जन्म हुआ आदमी मिथ्यावादी, व्यर्थ साहसी, सुरा [मदिरा] पान करने वाला, परिवारहीन, चोर एवं परायी स्त्रियों से संभोग करनेवाला होता है ॥१३॥

पुत्रदारयुतस्तुष्टो धनधान्यसमन्वितः।
देवब्राह्मणभक्तश्च चित्रायां जायते नरः॥ १४ ॥

चित्रा में पैदा होने से जातक पुत्र एवं स्त्री से सहित, तुष्ट, धन-धान्य आदि से परिपूरित, देवता एवं ब्राह्मण में भक्ति करने वाला होता है ॥ १४ ॥

विदग्धो धार्मिकश्चैव कृपणः प्रियवल्लभः।
सुशीलो देवभक्तश्च स्वातौ जातो भवेन्नरः ॥ १५ ॥

जिस मनुष्य का जन्म स्वाती नक्षत्र में हो वह पण्डित, धार्मिक, कृपण, प्रिय (स्त्री या अन्य कोई) से प्रेम करने वाला, सुशील, एवं देवताओं का भक्त बना रहता है ॥१५॥

अतिलुब्धोऽतिमानी च निष्ठुरः कलहप्रियः।
विशाखायां नरो जातो वेश्याजनरतो भवेत् ॥ १६ ॥

जिसकी पैदाइश विशाखा में समझी जाय वह बड़ा लोभी, अतिशय अभिमान रखने वाला, निर्दय, झगड़ा में प्रेम रखने वाला, और वेश्याओं के साथ दुष्कर्म करने वाला होगा ऐसा जानना चाहिये ॥ १६ ॥

पुरुषार्थप्रवासी च बन्धुकार्ये सदोद्यमी।
अनुराधाभवो लोकः सदा धृष्टश्च जायते ॥ १७ ॥

अनुराधा का उद्भव बालक अपने पुरुषार्थ से देशान्तर में रहने वाला, सवदा अपने परिवारों के कामों में उद्यम करने वाला, एवं धृष्ट होता है ॥ १७ ॥

बहुमित्रप्रधानश्च कविर्दान्तो विचक्षणः।
ज्येष्ठाजातो धर्मरतो जायते शूद्रपूजितः ॥ १८ ॥

ज्येष्ठा नक्षत्र में जन्म लेने वाला आदमी अधिक मित्र रखने के कारण स्वयं प्रधान, काव्यकर्त्ता, सहनशील, परम चतुर, धर्म में रत एवं शूद्रों से पूजित [बहुधा शूद्रों का पुरोहित बनने से] होता है ॥ १८ ॥

सुखेन युक्तो धनवाहनाढ्यो हिंस्रो बलाढ्यः स्थिरकर्मकर्ता।
प्रतापितारातिजनो मनुष्यो मूले कृती स्याज्जननं प्रपन्नः ॥१९॥

जिसका जन्म मूल में हो वह सुखी, धन, वाहन [हाथी, घोड़ा, मोटर साइकिल आदि] से युक्त, हिंसक, बलवान्, विचार-पुरस्सर कामों को करने वाला, शत्रुओं का संहारकर्त्ता और पण्डित होता है। [यहां मूल के किस चरण में जन्म है—उसका क्या फल यदि खराब हो तो उसकी शान्ति क्या, इत्यादि सविस्तर विवेचना मेरा सम्पादित मुहूर्त्तचिन्तामणि पीयूषधारा देखें] ॥ १९ ॥

दृष्टमात्रोपकारी च भाग्यवांश्च जनप्रियः।
पूर्वाषाढाभवो नूनं सकलार्थविचक्षणः ॥ २० ॥

जिसका जन्म पूर्वाषाढा में हो वह अपरचित को भी देखने से ही उपकार करने वाला, भग्यवान्, जनों का प्रेमी, और सर्व विषयों का विलक्षण पण्डित अवश्य होता है ॥२०॥

बहुमित्रो महाकायो जायते विनतः सुखी ।
उत्ताराषाढसम्भूतः शूरश्च विजयी भवेत् ॥ २१ ॥

जो आदमी उत्तराषाढा में जन्म लिया हो वह अधिक मित्रवाला, महा कराल शरीर वाला, विनयी, सुखी, शूर और सर्वत्र विजय पाने वाला होता है ॥ २१ ॥

अतिसुर्ललितकान्तिः सम्मतः सज्जनानां
ननु भवति विनीतश्चारुकीर्त्तिः सुरूपः ।
द्विजवरसुरभक्तिर्व्यक्तवाङ्मानवः स्या-
दभिजि त यदि सूतिर्भूपतिः स स्ववंशे ॥२२॥

जिसका जन्म अभिजित् नक्षत्र में हो वह सुर्ललित कान्ति वाला, सज्जनों का प्रिय, विनीत, अच्छी कीर्ति वाला, सुन्दर, ब्राह्मण और देवताओं में भक्ति करने वाला, स्पष्ट-वक्ता एवं अपनी जाति में राजा बनकर रहता है ॥ २२ ॥

कृतज्ञः सुभगो दाता गुणैः सर्वैश्च संयुतः ।
श्रीमान् सन्तानबहुलः श्रवणे जायते नरः ॥ २३ ॥

जिस जातक का जन्म श्रवण नक्षत्र में हो वह उपकार को मानने वाला, सुन्दर, दानी, सर्व गुणों से युक्त, धनी एवं अधिक सन्तान वाला होता है ॥ २३ ॥

गीतप्रियो बन्धुमान्यो हेमरत्नैरलंकृतः ।
जातो नरो धनिष्ठायां शतैकस्य पतिर्भवेत् ॥ २४ ॥

धनिष्ठा जन्मनक्षत्र होने से आदमी गान का प्रेमी, परिवार में मान्य, सुवर्ण मोती आदि आभूषणों से शोभित, एवं सैकड़ो आदमियों का अधिपति [लीडर] होकर रहता है ॥ २४ ॥

कृपणो धनपूर्णः स्यात्परदारोपसेवकः ।
जातः शतभिषायां च विदेशे कामुको भवेत् ॥ २५ ॥

जो आदमी शतभिषा नक्षत्र में जन्म ले वह कृपण [कंजूस], धनी, परस्त्री सेवी, और देशान्तर में अधिक कामचेष्टा रखनेवाला होता है ॥ २५ ॥

वक्ता सुखी प्रजायुक्तो बहुनिद्रो निरर्थकः ।
पूर्वाभाद्रपदायां च जातो भवति मानवः ॥ २६ ॥

पूर्वाभाद्रपद जन्मनक्षत्र वाला पुरुष वक्ता, सुखी, सम्मान वाला, अधिक सोनेवाला एवं निरर्थक याने स्वयं किसी विशेष काम लायक नहीं होता है ॥ २६ ॥

गौरः ससत्त्वो धर्मज्ञः शत्रुघाती परामरः ।
उत्तराभाद्रपदजो नरः साहसिको भवेत् ॥ २७ ॥

उत्तराभाद्रपद जन्मनक्षत्र होने से आदमी गौरवर्ण, सत्त्व-गुण-प्रधान, धर्मज्ञाता, शत्रुओं को नाश करने वाला, उत्कृष्ट देवता के समान, एवं साहस करने वाला होता है ॥ २७ ॥

सम्पूर्णाङ्गः शुचिर्दक्षः साधुः शूरो विचक्षणः ।
रेवतीसम्भवो लोके धनधान्यैरलंकृतः ॥ २८ ॥

जिस आदमी का जन्मनक्षत्र रेवती हो वह सब अङ्गों से परिपूर्ण, पवित्र, कार्य-मात्र में दक्ष, साधु, शूर, पण्डित एवं धन-धान्यों से सर्वदा अलंकृत रहता है ॥ २८ ॥

अथ विष्कम्भादियोगजातफलम्—

विष्कम्भजातो मनुजो रूपवान् भाग्यवान् भवेत् ।
नानालङ्कारसम्पूर्णो महाबुद्धिर्विशारदः ॥ १ ॥

जिसका जन्मकालिक योग विष्कम्भ हो वह आदमी सुन्दर, भाग्यवान्, सब प्रकार के अलङ्कारों से परिपूर्ण, महा बुद्धिमान् और शास्त्रों में विशारद होता है ॥ १ ॥

प्रीतियोगे समुत्पन्नो योषितां वल्लभो भवेत् ।
तत्त्वज्ञश्च महोत्साही स्वार्थे नित्यं कृतोद्यमः ॥ २ ॥

जो आदमी प्रीति योग में जन्म लिया हो वह ललनाओं का परम स्नेही, व्यवहार मात्र के तत्त्व (सार) को जानने वाला, महा उत्साही एवं स्वार्थ साधन में प्रतिदिन उद्यत रहता है ॥ २ ॥

आयुष्मन्नामयोगे च जातो मानी धनी कविः ।
दीर्घायुः सत्त्वसम्पन्नो युद्धे चाप्यपराजितः ॥ ३ ॥

जिसका जन्म आयुष्मान् योग में भया हो वह मानी, धनी, काव्यकर्ता, दीर्घायु, सब प्रकार के पशु-पक्षियों से युक्त, एवं युद्ध में किसी से न हारने वाला होता है ॥ ३ ॥

सौभाग्ये च समुत्पन्नो राजमन्त्री स जायते ।
निपुणः सर्वकार्येषु वनितानां च वल्लभः ॥ ४ ॥

जिसका जन्मयोग सौभाग्य हो वह राज का मन्त्री (सेक्रेटरी), सब कामों में प्रवीण, एवं स्त्रियों का वल्लभ बना रहता है ॥ ४ ॥

शोभने शोभनो बालो बहुपुत्रकलत्रवान् ।
आतुरः सर्वकार्येषु युद्धभूमौ सदोत्सुकः ॥ ५ ॥

जो आदमी शोभन योग में जन्म लिया हो वह देखने में सुन्दर, अधिक पुत्र एवं अधिक स्त्री वाला, सब कामों में आतुरता दिखाने वाला और युद्धक्षेत्र में सम्मिलित होने के लिये सर्वदा तैयार रहता है ॥ ५ ॥

अतिगण्डे च यो जातो मातृहन्ता भवेच्च सः।
गण्डान्तेषु च जातस्तु कुलहन्ता प्रकीर्तितः॥ ६॥

जो अतिगण्ड योग में जन्म लेता है वह मातृद्वेषी (यानी अपनी माता को मृत्यु तक देने वाला) होता है। यदि वही गण्डान्त में जन्म लिया हो तो सारे कुल (वंश) को नाश करने वाला होगा ऐसा जानना चाहिये। (इसलिये बड़ी धीरता से देखना चाहिये कि शायद गण्डान्त में तो नहीं जन्म लिया है। यदि गण्डान्त में जन्म सिद्ध हो तो उसकी सविधि शान्ति आवश्यक है)॥ ६॥

सुकर्म-नामयोगे तु सुकर्मा जायते नरः।
सर्वैः प्रीतः सुशीलश्च रोगी भोगी गुणाधिकः॥ ७॥

जिसका जन्मयोग सुकर्मा हो वह जातक सुकर्म [जिसमें बुराई नहीं होती] करने वाला, मनुष्य मात्र का प्रेमी, सुशील, रोगवान्, भोगवान् और अधिक गुणवाला होता है॥७॥

धृतिमान् धृतियोगी च कीर्तिपुष्टिधनान्वितः।
भाग्यवान् सुखसम्पन्नो विद्यावान् गुणवान् भवेत्॥ ८॥

धृतियोग का उत्पन्न बालक धीरज रखने वाला, कीर्तिमान्, हृष्ट, पुष्ट, धनी, भाग्यवान्, सुखी, विद्वान् एवं गुणी होता है॥ ८॥

शूले शूलव्यथायुक्तो धार्मिकः शास्त्रपारगः।
विद्यार्थकुशलो यज्वा जायते मनुजः सदा॥ ९॥

जिसका जन्मयोग शूल हो वह हृदयशूल वाला, धार्मिक पुरुष, शास्त्रों का परम विद्वान्, विद्या और धन के उपार्जन में प्रवीण तथा यज्ञकर्ता होता है॥९॥

गण्डे गण्डव्यथायुक्तो बहुक्लेशो महाशिराः।
ह्रस्वकायो महाशूरो बहुभोगी दृढव्रतः॥ १०॥

जिसके जन्मकाल में गण्डयोग सम्प्राप्त हो वह जातक गलगण्ड रोग से पीड़ित, अधिक क्लेश वाला, बड़ा एवं मोटा शिर वाला (यह भाग्यसूचक है), पतला शरीर वाला, महा शूर-वीर, अधिक भोग करनेवाला तथा दृढ-प्रतिज्ञ अर्थात् जो बोले उसको अवश्य पूरा करनेवाला होता है॥ १०॥

वृद्धियोगे सुरूपश्च बहुपुत्रकलत्रवान्।
धनवानपि भोक्ता च सत्त्ववानपि जायते॥ ११॥

---

१ गण्डान्तं त्रिविधं तिथि-नक्षत्र-लग्नभेदात्, यथोक्तं मुहूर्तचिन्तामणौ—
"ज्येष्ठापौष्णभसार्पभान्त्यघटिकायुग्मं च मूलाश्विनीपित्र्यादौ घटिकाद्वयं निगदितं तद्भस्य गण्डान्तकम्। कर्काल्यण्डजभान्ततोऽर्धघटिकाः सिंहाश्वमेषादिगाः पूर्णान्ताद्घटिकात्मकं त्वशुभदं नन्दातिथेश्चादिमम्॥"

जो आदमी वृद्धि योग में जन्म लेता है वह सुन्दर, अधिक पुत्र तथा स्त्री पानेवाला, धनी, भोगी और बली बना रहता है ॥११॥

ध्रुवयोगे च दीर्घायुः सर्वेषां प्रियदर्शनः।
स्थिरकर्माऽतिशक्तश्च ध्रुवबुद्धिश्च जायते ॥ १२ ॥

ध्रुव योग जन्म योग होने से जातक दीर्घायु, देखने में सभी को आनन्द देनेवाला, विचार-पुरस्सर सुस्थिर काम करनेवाला, कार्यमात्र में अत्यंत समर्थ और निश्चित बुद्धि रखनेवाला-याने कभी अपने लक्ष्य से च्युत नहीं होनेवाला होता है ॥१२॥

व्याघातयोगजातश्च सर्वज्ञः सर्वपूजितः।
सर्वकर्मकरो लोके [1]विख्यातः सर्वकर्मसु ॥ १३ ॥

जिसके जन्मकालीन योग व्याघात हो वह सब विषयों का पूरा ज्ञाता, सभी आदमी से पूजित, काम मात्र में अपनी दक्षता दिखानेवाला, लोक में प्रसिद्ध एवं सांसारिक सभी कामों में प्रख्यात रहता है ॥१३॥

हर्षणे जायते लोके महाभाग्यो नृपप्रियः।
धृष्टः सदा धनैर्युक्तो विद्याशास्त्रविशारदः ॥ १४ ॥

जिसका जन्मयोग हर्षण हो वह लोक में महाभाग्यशाली, राजा का प्रेमी, उत्साह करने वाला, सर्वदा धनों से युक्त और वेदशास्त्र का अद्वितीय पण्डित होता है ॥१४॥

वज्रयोगे वज्रमुष्टिः सर्वविद्यास्त्रपारगः।
धनधान्यसमायुक्तस्तत्त्वज्ञो बहुविक्रमः ॥ १५ ॥

जिसके जन्मकाल में वज्र योग उपस्थित हो वह वज्र के समान कठोर मुट्ठी वाला, सब विद्याओं और सब अस्त्रों में पारंगत, धन-धान्य से परिपूरित, विषय-मात्र में तत्त्व का ज्ञाता एवं अधिक पराक्रमशाली होता है ॥ १५ ॥

सिद्धियोगे समुत्पन्नः सर्वसिद्धियुतो भवेत्।
दाता भोक्ता सुखी कान्तः शोकी रोगी च मानवः ॥ १६ ॥

सिद्धियोग में जन्मग्रहण किया हुआ आदमी सर्वसिद्धि से सहित याने सभी कामों में सिद्धि पानेवाला, दानी, भोगी, सुखी, मनोहर, शोक रखनेवाला तथा रोगी बना रहता है ॥ १६ ॥

व्यतीपाते नरो जातो महाकष्टेन जीवति।
[2]जीवेच्चेद्भाग्ययोगेन स भवेदुत्तमो नरः ॥ १७ ॥

जिसका जन्म व्यतीपात योग में हो वह बड़ा कष्ट से जीवित रहता है, कदाचित् उसके जीने में कोई प्रतिबन्ध न पड़ा तो लोक में सर्वश्रेष्ठ होकर जीता रहता है ॥१७॥

---

१ 'व्याख्यातः सर्वकर्मसु'। २ 'जीवेत्स्यात् भाग्ययोगेन' इति च पूर्वपाठः।

वरीयान्नामयोगे च बलिष्ठो जायते नरः।
शिल्पशास्त्रकलाभिज्ञो गीतनृत्यादिकोविदः ॥ १८ ॥

जिसका जन्म योग वरीयान् हो वह बालक खूब बली, चित्र आदि खींचने की कला में पूरा निपुण, तथा गान, एवं नाच आदि का पण्डित होता है ॥ १८ ॥

परिघे च नरो जातः स्वकुलोन्नतिकारकः।
शास्त्रज्ञः सुकविर्वाग्मी दाता भोक्ता प्रियंवदः ॥ १९ ॥

परिघ योग में जन्म लेने से आदमी निज कुल में पूरी उन्नति करनेवाला, शास्त्रों को जाननेवाला, अच्छी कविता बनानेवाला, अधिक वक्ता, दाता, भोक्ता तथा सभी से प्रिय वाणी कहनेवाला होता है ॥ १९ ॥

शिवयोगे नरो जातः सर्वकल्याणभाजनः।
महादेवसमो लोके सदा बुद्धियुतो भवेत् ॥ २० ॥

शिवयोग में जो आदमी जन्म लेता है वह कल्याण का पात्र, लोक में साक्षात् महादेव के समान परिगणित होनेवाला अर्थात् अहर्निश उन्हीं के ध्यान, पूजा आदि में रुद्राक्ष माला प्रभृति उनके चिन्हों का धारण करने से महादेव ही समझने लायक और सर्वदा बुद्धिमान् होता है ॥ २० ॥

सिद्धियोगे सिद्धिदाता मन्त्रसिद्धिप्रवर्तकः।
दिव्यनारीसमेतश्च सर्वसंपद्युतो भवेत् ॥ २१ ॥

जिसके जन्मकाल में सिद्धियोग पड़े वह कार्यमात्र में सिद्धि देनेवाला, मन्त्रों को अनुष्ठानादि से सिद्ध करने वाला, अच्छी खूबसूरत स्त्रीवाला, एवं सब तरह की सम्पत्ति रखनेवाला होता है ॥ २१ ॥

साध्ये मानसिकी सिद्धिर्यशोऽशेषसुखागमः।
दीर्घसूत्रः प्रसिद्धश्च जायते सर्वसंमतः ॥ २२ ॥

जिसका जन्म साध्ययोग में हो उसको सिद्धि केवल मानसिक हुआ करती है, अधिक यश तथा निःशेष सुख पानेवाला, सभी कामों को विलम्ब से करनेवाला, प्रसिद्ध और सबके मन के अनुकूल रहता है ॥ २२ ॥

शुभे शुभशतैर्युक्तो धनवानपि जायते।
विज्ञानज्ञानसम्पन्नो दाता ब्राह्मणपूजकः ॥ २३ ॥

शुभयोग में जन्म लेने से आदमी सर्वदा अनेक शुभ कामों से युक्त, धनी, सब तरह के ज्ञानों से परिपूरित, दानी और ब्राह्मणों की सेवा करने में तत्पर रहता है ॥२३॥

शुक्ले सर्वकलायुक्तः सर्वार्थज्ञानवान् भवेत्।
कविः प्रतापी शूरश्च धनी सर्वजनप्रियः ॥ २४ ॥

शुक्लयोग में जन्मग्रहण किया हुआ मनुष्य सब तरह की कलाओं को जाननेवाला, सर्वार्थ-ज्ञानी, कवि, प्रतापी, शूर, धनी, और सब आदमियों का प्रेमी होता है ॥ २४ ॥

ब्रह्मयोगे महाविद्वान् वेदशास्त्रपरायणः ।
ब्रह्मज्ञानरतो नित्यं सर्वकार्येषु कोविदः ॥ २५ ॥

जिसका जन्म ब्रह्मयोग में हो वह बड़ा भारी विद्वान्, वेदशास्त्र में अद्वितीय विद्वान्, परब्रह्म की पहिचान में अहर्निश समय बितानेवाला, और सभी कामों में पण्डित है ॥२५॥

ऐन्द्रे भूपकुले जातो राजा भवति निश्चयः ।
अल्पायुस्तु सुखी भोगी गुणवानपि जायते ॥ २६ ॥

ऐन्द्र योग का समुद्भूत बालक यदि क्षत्रिय कुल का हो तो निश्चय किसी विशेष साम्राज्य का अधिपति होकर राजा कहावे, थोड़े दिन तक जीनेवाला, सुखी तथा भोगी भी होता है ॥ २६ ॥

वैधृतौ जायते यस्तु निरुत्साही बुभुक्षितः ।
कुर्वाणोऽपि जनैः प्रीतिं प्रयात्यप्रियतां नरः ॥ २७ ॥

वैधृति योग में उत्पन्न हुआ आदमी उत्साहहीन, सदा क्षुधा रखनेवाला, दूसरे लोगों से प्रेम करता हुआ भी स्वयं उनका प्रेमी नहीं होता है ॥ २७ ॥

अथ करणानयनम्—

कृष्णपक्षे तिथिर्द्विघ्ना मुनिभिर्भागमाहरेत् ।
शेषांकेन बवाद्यं च तिथ्यादौ करणं विदुः ॥ १ ॥

यदि कृष्णपक्ष में करण का ज्ञान करना हो तो इष्टतिथि—संख्या को द्विगुणित करे, तब उसमें सात का भाग देने से तिथि के पूर्वार्द्ध में बव आदि करण होता है ॥ १ ॥

---

१ अत्र युक्तिः-तिथ्यर्धे करणमिति परिभाषाकल्पनावशात् "शुक्ले पूर्वार्धेऽष्टमी-पञ्चदश्योर्भद्रैकादश्यां चतुर्थ्यां परार्धे"—इत्यादिरामाचार्योक्तानुसारेण पूर्णिमायाः प्रथम-दले भद्रा, ततस्तदुत्तरदले बवकरणम्, कृष्णपक्षप्रतिपत्पूर्वार्धे बालवम्, तदुत्तरार्धे कौल-वम्, द्वितीयापूर्वार्धे तैतिलम्, तदुत्तरार्धे गरसंज्ञम्, तृतीयापूर्वदले वणिजम्, तदुत्तर-दले विष्टिर्भद्रानाम । एवं चतुर्थ्याः पूर्वदलमारभ्य प्रत्येकतिथौ तथैव करणद्वयसन्निवेशात् कृष्णचतुर्दशीपूर्वार्धं यावदवस्थितिः खलु करणानाम् । प्रकृते पद्यसिद्ध्यर्थं कृष्णपक्षप्रति-पदमारभ्येष्टतिथिं यावत्तिथिसंख्या द्विगुणा तदा बालवादितो भवन्ति सप्त करणानि । (सप्ताधिकायां द्विगुणतिथिसंख्यायां करणभगणप्रयोजनाभावात् सप्ततष्टा तदा करणानि) आचार्येणात्र वर्त्तमानतिथिपूर्वार्धं एव करणमानीतं यदाह–'तिथ्यादौ करणं विदुः' तेनैक-हीना द्विगुणतिथिसंख्याऽपेक्षिता भवति यथा २ × ति.स –१, जातमिदं बालवतः, अभीष्टं तु बवादित इति पुनरेतस्यैकं तदा बवादितो भवंति करणानीति स्वरूपम् = २ × ति. सं. १ + १, अत्र स्वरूपे धनर्णयोस्तुल्यत्वादपगमे (२ × ति. सं) द्विगुणतिथिसंख्यैव समवशिष्यते । अत उपपन्नं 'कृष्णपक्षे तिथिर्द्विघ्ने'त्यादि ।

[1]तिथिर्द्विघ्ना द्विकोना च शुक्लपक्षे सदा बुधैः।
शेषांके सप्तभिर्भागस्तिथ्यादौ करणं मतम् ॥ २ ॥

यदि शुक्लपक्ष में करणानयन अपेक्षित हो तो तिथिसंख्या को दो से गुणा कर दो घटा भी देना चाहिये, शेष का भाग देने से तिथि के पूर्वार्द्ध में अपेक्षित ववादि करण जाने ॥२॥

स्पष्टार्थं चक्रम्।

कृष्णपक्षे करणानि।						शुक्लपक्षे करणानि।					
ति.	पूर्वद.	उत्तर	ति.	पूर्वद.	उत्तरद	ति.	पूर्वद	उत्तरद	ति.	पूर्वद.	उत्तरद
१	बालव	कौलव	८	बाल.	कौलव	१	किंस्तुघ्न	बव	८	भद्रा	बव
२	तैतिल	गर	९	तैतिल	गर	२	बालव	कौलव	९	बालव	कौलव
३	वणिज	भद्रा	१०	वणिज	भद्रा	३	तैतिल	गर	१०	तैतिल	गर
४	बव	बालव	११	बव	बालव	४	वणिज	भद्रा	११	वणिज	भद्रा
५	कौलव	तैतिल	१२	कौलव	तैतिल	५	बव	बालव	१२	बव	बालव
६	गर	वणिज	१३	गर	वणिज	६	कौलव	तैतिल	१३	कौलव	तैतिल
७	भद्रा	बव	१४	भद्रा	शकुनि	७	गर	वणिज	१४	गर	वणिज
			३०	चतुष्प.	नाग				१५	भद्रा	बव

१ अत्र शुक्लपक्षादितः करणानयने "अन्ते कृष्णचतुर्दश्याः शकुनिर्दर्शभागयोः। भवेच्चतुष्पदं नागं किंस्तुघ्नं प्रतिपद्दले ॥ ववं च बालवं चैव कौलवं तैतिलं गरम्। वणिजं विष्टिमित्याहुः करणानि चराणि तु ॥" इति प्राचीनवचनप्रामाण्यात् कृष्णपक्षचतुर्दश्या द्वितीयार्धादारभ्य शुक्लपक्षप्रतिपत्पूर्वार्धं यावच्छकुन्यादिस्थिरकरण-चतुष्टयस्यावस्थितिः, तदनन्तरं प्रतिपदुत्तरार्धतश्चलकरणानां ववादीनां प्रवृत्तिरिति स्थितिः। एवमत्र पूर्वश्लोकोपपत्तिसरण्या प्रतिपदादित इष्टतिथिर्यन्मिता तद्द्विगुणा तदा किंस्तुघ्ना-दितः करणानि वर्त्तमानतिथ्युत्तरदलं यावत्, तत्र प्रथमं ववादिज्ञानार्थमेकोना द्विगुण-तिथिसंख्या कार्या सा चैवम् २ × ति. स.–१, अथ च वर्त्तमानतिथिपूर्वार्धे करणमपेक्षित-मिति पुना रूपोना सैव = २ × ति. सं.–१—१ = २ ति. सं.—२ एतेन ववादितः करणानि वर्त्तमानतिथिपूर्वदलं यावद् भवन्ति। सप्ताधिकायां सप्ततष्टीकरणमावश्यकमेवेति दिक्। अनेन शुक्लादितः करणानयनमुपपद्यते।

अथ करणफलम्—

ववाख्ये करणे जातो मानी धर्मरतः सदा।
शुभमङ्गलकर्मा च स्थिरकर्मा च जायते॥ १॥

जिस जातक के जन्मसमय में वव करण हो वह मान रखनेवाला, सर्वदा धर्मकार्य में रत, शुभ और मङ्गल कर्मों को करनेवाला एवं उसी काम को करनेवाला होगा जो कि खूब स्थायी समझा जाय॥ १॥

बालवाख्ये नरो जातस्तीर्थदेवादिसेवकः।
विद्यार्थसौख्यसम्पन्नो राजमान्यश्च जायते॥ २॥

जिसका जन्म बालव करण में हो वह तीर्थ [काशी, प्रयाग, वृन्दावन आदि] देवता, पितृगण आदि का सेवक, विद्या, धन, और सुख तीनों से परिपूर्ण तथा राजाओं का मान्य होता है॥ २॥

कौलवाख्ये तु जातस्य प्रीतिः सर्वजनैः सह।
सङ्गतिर्मित्रवर्गैश्च मानवांश्च प्रजायते॥ ३॥

जिसका जन्म कौलव करण में सिद्ध हो वह सब आदमियों से प्रीति रखने वाला, अपने मित्रों के साथ सहानुभूति दिखाने वाला एवं अभिमानी होता है॥ ३॥

तैतिले करणे जातः सौभाग्यधनसंयुतः।
स्नेही सर्वजनैः सार्द्धं विचित्राणि गृहाणि च॥ ४॥

तैतिल करण में जन्म लेने से कल्याण और धन से पूर्ण, प्रत्येक मनुष्य से स्नेह रखनेवाला, पूरी सजावट के साथ अनेक चित्रित गृहों का मालिक बना रहता है॥४॥

गराख्ये कृषिकर्मा च गृहकार्यपरायणः।
यद्वस्तु वाञ्छितं तच्च लभते च महोद्यमैः॥ ५॥

जिस जातक का जन्म गर-संज्ञक करण में हो वह गृहस्थी का काम [खेती-बारी] में प्रवीण, घर के कामों में निपुण, और जो उसके वाञ्छित हो वह उसे कठिन उपाय द्वारा भी प्राप्त करनेवाला होता है॥ ५॥

वाणिज्ये करणे जातो वाणिज्येनैव जीवति।
वाञ्छितं लभते लोके देशान्तरगमागमैः॥ ६॥

जो वणिज करण का जन्मा हुआ हो वह व्यापार—कर्म से अपनी जीविका चलाने वाला, और देशान्तर में जाने-आने का व्यवहार करने से सभी कामनाओं का पूर्ण करने वाला होता है॥ ६॥

अशुभारम्भशीलश्च परदाररतः सदा।
कुशलो विपकार्येषु [1]विष्टयाख्यकरणोद्भवः॥ ७॥

---

1 विष्टयाख्यकरणेन च—इति पूर्वपाठः।

जिसका जन्मकरण विष्टिसंज्ञक (भद्रा) हो वह अशुभ कामों का आरम्भ करने वाला, परस्त्री के साथ सम्भोग करनेवाला, एवं विषयकार्य में चतुर हो जाता है ॥ ७॥

शकुनौ करणे जातः पौष्टिकादिक्रियाकृतिः ।
औषधादिषु दक्षश्च भिषग्वृत्तिश्च जायते ॥ ८ ॥

शकुनि नाम करण में जन्म लेनेवाला जातक पौष्टिक आदि क्रियाओं के द्वारा दवाई बनाने में प्रवीण एवं उसीसे अपनी जीविका चलानेवाला होगा ऐसा जानना चाहिये ॥ ८ ॥

करणे च चतुष्पादे देवद्विजरतः सदा ।
गोकर्मा गोप्रभुर्लोके चतुष्पदचिकित्सकः ॥ ९ ॥

जो आदमी चतुष्पद में पैदा होता है वह सर्वदा के लिये देवता और ब्राह्मण में रत, गौओं की सेवा में तत्पर, तथा उसी काम से लोक में प्रशंसित एवं चौपाओं की चिकित्सा करनेवाला होता है (जैसे कि आज कल पशु-अस्पताल में डाक्टर लोग चिकित्सा करते हैं) ॥ ९ ॥

नागे च करणे जातो धीवरप्रीतिकारकः ।
कुरुते दारुणं कर्म दुर्भगो लोललोचनः ॥ १० ॥

जिसका जन्म नाग करण में सिद्ध हो वह मल्लाहों से प्रेम करने वाला, महाकठोर कर्म करने वाला, देखने में कुरूप और चञ्चल आँख रखने वाला होता है याने उसकी आँखें कभी स्थिर नहीं रह सकतीं, हरवख्त इतस्ततः व्यर्थ ही घूमती रहती हैं ॥ १० ॥

किंस्तुघ्नकरणे जातः शुभकर्मरतो नरः ।
तुष्टिं पुष्टिं च माङ्गल्यं सिद्धिं च लभते सदा ॥ ११ ॥

जिसका जन्म किंस्तुघ्न करण में हो वह अच्छे कामों को करने वाला होता है और सन्तोष, पुष्टि एवं सिद्धि को प्राप्त करता है ॥ ११ ॥

अथ गणानयनम्—

अश्विनीमृगरेवत्यो हस्तः पुष्यः पुनर्वसुः ।
अनुराधा श्रुतिः स्वाती कथ्यते देवतागणः ॥ १ ॥

अब नक्षत्रों के गणनिरूपण के लिये पहले देवगण कहते हैं—जैसे अश्विनी, मृगशिरा, रेवती, हस्त, पुष्य, पुनर्वसु, अनुराधा, श्रवण और स्वाती इतने नक्षत्र देवगण कहे गये हैं, इनमें जन्म लेने से आदमी देवगण कहलाता है ॥ १ ॥

तिस्रः पूर्वाश्चोत्तराश्च तिस्रोऽप्यार्द्रा च रोहिणी ।
भरणी च मनुष्याख्यो गणश्च कथितो बुधैः ॥ २ ॥

पूर्वाफल्गुनी, पूर्वाषाढ़ा, पूर्वभाद्र, उत्तराफल्गुनी, उत्तराषाढ़, उत्तराभाद्र, आर्द्रा, रोहिणी, और भरणी इतने नक्षत्र मनुष्यगण शास्त्र में कहे गये हैं ॥ २ ॥

कृत्तिका च मघाऽऽश्लेषा विशाखा शततारकाः ।
चित्रा ज्येष्ठा धनिष्ठा च मूलं रक्षोगणः स्मृतः ॥ ३ ॥

अत्र तीसरा राक्षस गण कहते हैं—कृत्तिका, मघा, आश्लेषा, विशाखा, शतभिषा, चित्रा, ज्येष्ठा और मूल इतने नक्षत्र राक्षसगण माने गये हैं ॥ ३ ॥

गणफलम्—

सुन्दरो दानशीलश्च मतिमान् सरलः सदा ।
अल्पभोक्ता महाप्राज्ञो नरो देवगणे भवेत् ॥ १ ॥

देवगण में जन्म लेने वाला आदमी देखनें में सुन्दर, दान करने वाला, बुद्धिमान्, सीधा, थोड़ा खाने वाला और बड़ा भारी पण्डित (अनेक शास्त्रों का ज्ञाता) होता है ॥१॥

मानी धनी विशालाक्षो लक्ष्यवेधी धनुर्धरः ।
गौरः पौरजनग्राही जायते मानवे गणे ॥ २ ॥

मनुष्यगण में जन्मग्रहण किया हुआ आदमी अभिमान करने वाला, धनिक, लम्बी आँख वाला; अपने लक्ष्य को वेध करने वाला याने जिस चीज के ऊपर शर फेके कभी व्यर्थ न हो, पहले ही बार में लक्ष्य वेधित हो जाय, धनुष को धारण करने वाला, गौर वर्ण, अपने ग्राम के वाशिन्दों के साथ पूरी सहानुभूति रखने वाला होता है ॥ २ ॥

उन्मादी भीषणाकारः सर्वदा कलिवल्लभः ।
पुरुषो दुःसहो ब्रूते प्रमेही राक्षसे गणे ॥ ३ ॥

जो आदमी राक्षसगण में जन्म लेता है वह उन्मादी (पागल), देखने में बड़ा भयानक, सर्वदा झगड़ने की इच्छा रखनेवाला, कठोर एवं प्रमेह (धातु के विगड़ जाने से यह रोग पैदा होता है) रोग वाला बना रहता है ॥ ३ ॥

अथ योनिज्ञानम्

अश्विनी वारुणाश्वाश्वो रेवती भरणी गजः ।
पुष्यश्च कृत्तिका छागो नागश्च रोहिणी मृगः ॥ १ ॥
आर्द्रा मूलमपि श्वा च मूषकः फल्गुनी मघा ।
मार्जारोऽदितिराश्लेषा गोजातिश्चोत्तराद्वयम् ॥ २ ॥
महिषः स्वातिहस्तौ च मृगो ज्येष्ठाऽनुराधिका ।
व्याघ्रश्चित्रा विशाखा च श्रुत्याषाढे च मर्कटौ ॥ ३ ॥
वसुभाद्रपदाः सिंहो नकुलश्चाभिजित्स्मृतः ।
योनयः कथिता भानां वैरमैत्रीं विचारयेत् ॥ ४ ॥

अश्विनी, शतभिषा = अश्वयोनि । रेवती, भरणी = गजयोनि । पुष्य, कृत्तिका = छाग । रोहिणी, मृगशिरा = सर्प । आर्द्रा, मूल = श्वान । पूर्वाफाल्गुनी, मघा = मूषक [चूहा] ।

पुनर्वसु, आश्लेषा = मार्जार । उत्तराषाढ, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराभाद्र = गोयोनि । स्वाती, हस्त = महिष । ज्येष्ठा, अनुराधा = मृग । मित्रा, विशाखा = व्याघ्र ! पूर्वाषाढ़, श्रवण = वानर । धनिष्ठा, पूर्वाभाद्र=सिंह । और अभिजित्=नकुल योनि कहा गया है । यह जन्मनक्षत्र से विचार किया जाता है ॥ १—४ ॥

योनिफलम्—

स्वच्छन्दः सद्गुणः शूरस्तेजस्वी घर्घरेश्वरः ।
स्वामिभक्तस्तुरङ्गस्य योन्यां जातो भवेन्नरः ॥ १ ॥

अश्वयोनि में जिसका जन्म हो वह स्वतन्त्र [किसी के अधीन नहीं रहनेवाला] अच्छा गुणवाला, शूर, तेजस्वी, बाजा बजाने में प्रवीण और अपने मालिक में भक्ति करनेवाला होता है ॥ १ ॥

राजमान्यो बली भोगी भूपस्थानविभूषणः ।
आत्मोत्साही नरो जातो गजयोनौ न संशयः ॥ २ ॥

गजयोनि में जन्म ग्रहण करने से राजाओं से मान्य, बली, भोग करनेवाला, राजदरबार का विभूषण याने राजदरबार में पूरा आदर पानेवाला, एवं अपने लिये उत्साह करनेवाला होता है, इसमें कुछ संशय नहीं ॥ २ ॥

स्त्रीणां प्रियः सदोत्साही बहुवाक्यविशारदः ।
स्वल्पायुश्च नरो जातः पशुयोनौ न संशयः ॥ ३ ॥

जिसका जन्मनक्षत्र पशुयोनि में पड़े वह स्त्रियों का प्रेमी, सर्वदा उत्साह दिखाने वाला, बहुत बात बनाने में विशारद [परम प्रवीण] तथा थोड़े ही दिनों तक जीने वाला होता है ॥ ३ ॥

दीर्घरोषः सदा क्रूर उपकारं न गृह्यते ।
परवेश्मापहारी च सर्पयोनौ न संशयः ॥ ४ ॥

सर्पयोनि में जन्म लेने से महाक्रोध करनेवाला, सर्वदा क्रूरस्वभाववाला, किसी के उपकार को स्वीकार नहीं करनेवाला, तथा दूसरे मनुष्यों के गृह को हठात् या प्रपञ्च से लेनेवाला होता है ॥ ४ ॥

सोद्यमः सुमहोत्साही शूरः स्वज्ञातिविग्रही ।
मातृपित्रोः सदा भक्तः श्वानयोनिसमुद्भवः ॥ ५ ॥

जिसका जन्म श्वानयोनि में सिद्ध हो वह उद्यमी, अधिक उत्साह करनेवाला, शूर अपनी जाति में विद्रोह करनेवाला, तथा सर्वदा माता पिता में भक्ति करने वाला होता है ॥ ५ ॥

स्वस्वकार्ये शूरदक्षो मिष्टान्नाहारभोजनः ।
निर्दयो दुष्टसद्भावी नरो मार्जारयोनिजः ॥ ६ ॥

जो आदमी मार्जारयोनि में पैदा हुआ होता है वह निज काम में शूर [अर्थात् दूसरे का काम नहीं करने वाला], मीठे अन्न का भोजन करने वाला, दयाहीन और दुष्टों के साथ सद्भाव करनेवाला होता है ॥ ६ ॥

महद्विक्रमयोद्धापि-ईश्वरो विभवेश्वरः ।
परोपकारी नित्यं च मेषयोनौ भवेन्नरः ॥ ७ ॥

जिसका जन्म मेष योनि में हो वह बड़ा पराक्रमी, युद्ध करनेवाला, बड़ा मालदार और प्रतिदिन दूसरे का उपकार करनेवाला होता है ॥ ७ ॥

बुद्धिमान् वित्तसम्पूर्णः स्वकार्यकरणोद्यतः ।
अप्रमत्तोऽप्यविश्वासी नरो मूषकयोनिजः ॥ ८ ॥

मूष—[चूहा] योनि में जन्म लेने से आदमी बुद्धिमान्, धनी, अपने काय करने में सतत उद्यत, गर्वहीन, एवं विश्वास न करने योग्य बना रहता है ॥ ८ ॥

स्वधर्मे तु सदाचारसत्क्रियासद्गुणान्वितः ।
कुटुम्बस्य समुद्धर्ता सिंहयोनिभवो नरः ॥ ६ ॥

जिसका जन्म सिंहयोनि में हो अपने धर्म में सच्चा आचार व्यवहार करनेवाला, अच्छी क्रिया एवं अच्छे गुणों से युत, और परिवारों का उद्धारक होता है ॥ ६ ॥

संग्रामे विजयी योद्धा सकामस्तु बहुप्रजः ।
वाताधिको मन्दमतिर्नरो महिषयोनिजः ॥ १० ॥

जो आदमी महिषयोनि में जन्म ले वह रणक्षेत्र में जीतने वाला, योद्धा, काम-चेष्टावाला, अधिक सन्तान वाला, वातप्रकृति प्रधान और धार्मिक बुद्धिवाला पुरुष हो ऐसा कहा गया है ॥ १० ॥

स्वच्छन्दोऽर्थरतो ग्राही दीक्षावान् स विभुः सदा ।
आत्मस्तुतिपरो नित्यं व्याघ्रयोनिभवो नरः ॥ ११ ॥

जिसके जन्मकालिक नक्षत्र व्याघ्रयोनि के नक्षत्रों में पड़ जाय तो वह बालक किसी की परवाह न कर अपनी स्वतन्त्रता रखनेवाला, धन के संचय में तत्पर, अच्छे उपदेशों को ग्रहण करनेवाला, दीक्षित, धनी तथा सर्वदा अपनी ही प्रशंसा अपने मुख से करने में लीन रहा करता है ॥ ११ ॥

स्वच्छन्दः शान्तसद्वृत्तिः सत्यवान् स्वजनप्रियः ।
धर्मिष्ठो रणशूरश्च यो नरो मृगयोनिजः ॥ १२ ॥

जिसका जन्म मृगयोनि में सिद्ध हो वह स्वच्चन्द, निरुपद्रव एवं अच्छी जीविका से निर्वाह करनेवाला, सत्यवेत्ता, अपने आश्रित जनों के प्रति प्रेम करनेवाला. एवं रणक्षेत्र में यथार्थ शूर होता है ॥ १२ ॥

चपलो मिष्टभोगी चार्थलुब्धश्च कलिप्रियः।
सकामः सत्प्रजः शूरो नरो वानरयोनिजः॥ १३॥

जो आदमी वानरयोनि का उत्पन्न हुआ रहता है वह चञ्चल, मीठी चीज खाने वाला, धन के लिये लोभ करने वाला, झगड़े का प्रेमी, कामी अच्छी सन्तान वाला एवं शूर होता है॥ १३॥

परोपकरणे दक्षो वित्तेश्वरविचक्षणः।
पितृमातृप्रियो नित्यं नरो नकुलयोनिजः॥ १४॥

जिसका जन्म नकुलयोनि में सिद्ध हो वह दूसरे का उपकार करने में दक्ष, धनियों में सबसे अच्छा और प्रधान, तथा पिता-माता में सर्वदा प्रेम करने वाला बना रहता है॥ १४॥

अथ वारायुः—

विपदः प्रथमे मासे द्वात्रिंशे च त्रयोदशे।
षष्ठेऽपि च ततः सूर्ये जातो जीवति षष्टिकम्॥ १॥

सूर्य–वासर में जन्म लिए हुए आदमी को १, ६, १३ और ३२ वे महीने में कष्ट होता है। ततः पर ५० वर्ष के बाद उसकी मृत्यु होती है॥ १॥

एकादशेऽष्टमे मासे चन्द्रपीडा च षोडशे।
सप्तविंशतिवर्षे च चतुर्युक्ताशितौ[1] मृतिः॥ २॥

सोमवार में जन्म लेने से आठवें तथा ग्यारहवें महीने में चन्द्रमा के द्वारा पीडा, एवं १६, २७ इन दोनों वर्ष में कष्ट सहन कर ८४ वर्ष तक जीता है, उसके बाद उसकी मृत्यु होती है॥ २॥

द्वात्रिंशे च द्वितीये च वर्षे पीडा च मङ्गले।
चतुःसप्ततिवर्षाणि सदा रोगी स जीवति॥ ३॥

मङ्गल दिन में जन्म होने से आदमी ३२, २ इन वर्षों में अधिक कष्ट भोगता है और सर्वदा रोगी बन कर ७४ वर्ष तक जिन्दा रह कर अपनी मृत्यु को पाता है॥३॥

बुधवारेऽष्टमे मासे पीडा वर्षे तथाष्टमे।
पूर्णे चतुःषष्टिवर्षे ततो मृत्युर्भविष्यति॥ ४॥

बुध दिन में जन्म लेने से ८ वें महीने में तथा ८ वें वर्ष में अधिक पीड़ा सह कर ६४ वष पूर्ण होने पर आदमी मृत्यु को पाता है॥ ४॥

गुरौ च सप्तमे मासे षोडशे च त्रयोदशे।
पीडा ततश्चतुर्युक्ताशीतिवर्षाणि जीवति॥ ५॥

---

१ अशीतिरिति वक्तव्ये छन्दोभङ्गभिया 'अशिति' रिति प्रयोगः।

जो आदमी बृहस्पति दिन जन्म लेता है वह ७, १३, १६ इन महीनों में पूरा कष्ट सह कर ८४ वर्ष तक जिन्दा रहता है ॥ ५ ॥

शुक्रवारे च जातस्य देहो रोगविवर्जितः ।
षष्टिवर्षेऽथ संपूर्णे म्रियते मानवो ध्रुवम् ॥ ६ ॥

शुक्र दिन में जन्म-ग्रहण करने से जातक की देह सर्वदा नीरोग रहती है और साठ वर्ष पूर्ण होने के बाद मानवलीला—संवरण करता है ॥ ६ ॥

शनौ च प्रथमे मासे पीड्यते च त्रयोदशे ।
दृढदेहस्तदा जातः शतवर्षाणि जीवति ॥ ७ ॥

शनि दिन में जन्म लेने से पहले और तेरहवें महीने में पीड़ा होती है और हृष्ट-पुष्ट रहता हुआ सौ वर्ष तक जीता है ॥ ७ ॥

अथ लग्नफलम्—

मेषलग्ने समुत्पन्नश्चण्डो मानी धनी शुभः ।
क्रोधी स्वजनहन्ता च विक्रमी परवत्सलः ॥ १ ॥

मेषलग्न में जन्म लेने से जातक प्रचण्ड, अभिमान करने वाला, धनी, शुभ आचरण करने वाला, क्रोधी, अपने जनों को नाश करने वाला तथा पराक्रमशील, दूसरे का वत्सल होता है ॥ १ ॥

वृषलग्नभवो लोकगुरुभक्तः प्रियंवदः ।
गुणी कृती धनी लोभी शूरः सर्वजनप्रियः ॥ २ ॥

वृषलग्न में उत्पन्न बालक लोक और गुरु में भक्ति करने वाला, प्रियवक्ता, गुणवान्, पण्डित, लोभी, शूर एवं सब आदमियों का प्रेमी होता है ॥ २ ॥

मिथुनोदयसञ्जातो मानी स्वजनवल्लभः ।
त्यागी भोगी धनी कामी दीर्घसूत्रोऽरिमर्दकः ॥ ३ ॥

जो आदमी मिथुन लग्न में पैदा भया हो वह अभिमानी, अपने बन्धुओं का प्रेमी, दानशील, भोग करने वाला, धनी, अधिक कामचेष्टा रखनेवाला, दीर्घसूत्री अर्थात् कितनी ही शीघ्रता क्यों न हो, हजारों उपाय करने पर भी धीरे-धीरे काम करनेवाला एवं शत्रुओं का सत्यानाश करने वाला होता है ॥ ३ ॥

कर्कलग्ने समुत्पन्नो भोगी धर्मजनप्रियः ।
मिष्टान्नपानसंयुक्तः सुभगः सुजनप्रियः ॥ ४ ॥

जिसका जन्मलग्न कर्क हो वह भोग-कर्त्ता, धर्मिष्ठ, और जनमात्र का प्रेमी, मीठा अन्न और मीठे पानी का पक्षपाती, देखने में पूरा सुन्दर एवं सज्जनों से प्रेम करने वाला होता है ॥ ४ ॥

सिंहलग्नोदये जातो भोगी शत्रुविमर्दकः।
स्वल्पोदरोऽल्पपुत्रश्च सोत्साहो रणविक्रमी ॥ ५ ॥

जिसका जन्मलग्न सिंह हो वह आदमी भोगी, शत्रुओं को मर्दन करने वाला, छोटे उदर वाला याने थोड़ा अन्न खाने वाला, कम पुत्र वाला, उत्साह दिखाने वाला और रणक्षेत्र में पूरा पराक्रम दिखाने वाला पुरुष होता है ॥ ५ ॥

कन्यालग्ने भवेद् बालो नानाशास्त्रविशारदः।
सौभाग्यगुणसंपन्नः सुन्दरः सुरतप्रियः ॥ ६ ॥

कन्यालग्न में जन्म लेने से बालक अनेक शास्त्रों में विशारद (प्रतिष्ठित विद्वान्), कल्याण प्रद—गुणों से परिपूर्ण, सुन्दर और रति करने का परम प्रेमी होता है ॥ ६ ॥

तुलालग्नोदये जातः सुधीः सत्कर्मजीविकः।
विद्वान् सर्वकलाभिज्ञो धनाढ्यो जनपूजितः ॥ ७ ॥

जिसके जन्मकाल में तुलालग्न सिद्ध हो वह आदमी अच्छा पण्डित, सत्कर्मों से अपनी जीविका चलानेवाला, विद्वान्, सब तरह की कलाओं का ज्ञाता, धनी और लोगों में पूजित रहता है ॥ ७ ॥

वृश्चिकोदयसञ्जातः शौर्यवान् धनवान् सुधीः।
कुलमध्यप्रधानश्च प्राज्ञः सर्वस्य पोषकः ॥ ८ ॥

वृश्चिक जन्मलग्न होने से जातक शूर, धनी, पण्डित, अपने कुल में प्रधान महा ज्ञानी और सब परिवारों का भरण-पोषण करनेवाला होता है ॥ ८ ॥

धनुर्लग्नोदये[1] जातो नीतिमान् धर्मवान् सुधीः।
कुलमध्ये प्रधानश्च प्राज्ञः सर्वस्य पोषकः ॥ ९ ॥

जिस आदमी के जन्मकालिक लग्न धनु आ जाय वह नीति को जाननेवाला, धर्मज्ञ, सुधी अपने कुल में सर्वप्रधान, महाविद्वान् एवं सभी को पालनेवाला पुरुष होता है ॥९॥

मकरोदयसञ्जातो नीचकर्मा बहुप्रजः।
[2]लुब्धोऽलसो विनष्टश्च स्वकार्येषु कृतोद्यमः ॥ १० ॥

जिसका जन्मलग्न मगर हो वह बुरे कामों को करनेवाला, अधिक सन्तान वाला, लोभी, सर्वनाशी, आलसी एवं अपने कामों में उद्यम करने वाला होता है ॥ १० ॥

कुम्भलग्ने नरो जातोऽचलचित्तोऽतिसौहृदः।
परदाररतो नित्यं मृदुकार्ये महासुखी ॥ ११ ॥

कुम्भलग्न में जन्म लेने से जातक स्थिर-चित्त, अत्यन्त कोमल हृदय वाला, सदा परस्त्री में आसक्त रहनेवाला, धीरे २ कार्य करनेवाला और महा सुख करनेवाला होता है ॥११॥

---

१ धनलग्नोदये। २ लुब्धो विनष्टोऽलसश्च। इति पूर्वपाठः।

मीनलग्ने भवेद् बालो रत्नकाञ्चनपूरितः।
अल्पकामः[1] कृशाङ्गश्च दीर्घकालविचिन्तकः ॥ १२ ॥

जिसका जन्मलग्न मीन हो वह बालक रत्न, मणि आदि से पूर्ण, थोड़ी काम-चेष्टा करने वाला, बहुत कृश शरीर वाला, एवं अधिक काल चिन्ता करनेवाला होता है ॥१२॥

अथ नवांशफलम्—

पिशुनश्चपलो दुष्टः पापकर्मा निराकृतिः।
परेषां व्यसने सक्तः प्रथमांशे प्रजायते ॥ १ ॥

जिस आदमी का जन्म अपने जन्मराशि के प्रथम नवांश में हो वह लोगों में झगड़ा लगाने वाला, चञ्चल, दुष्ट, पापी, देखने में विरूप एवं व्यसन करने वाला होता है ॥१॥

उत्पन्नविभवो भोक्ता संग्रामे विगतस्पृहः।
गान्धर्वप्रमदासक्तो द्वितीयांशे प्रजायते ॥ २ ॥

जिसका जन्म दूसरे नवांश में हो वह विभव (ऐश्वर्य) को उत्पन्न करनेवाला, भोगी, संग्राम में अनिच्छा प्रकट करने वाला, और गान करनेवाली ललनाओं में रत रहता है ॥२॥

धर्मिष्ठः सन्ततव्याधिः सर्वसारज्ञ एव च।
सर्वज्ञो देवताभक्तस्तृतीयांशे प्रजायते ॥ ३ ॥

तृतीय नवांश में पैदा भया आदमी धर्मवान् रोगग्रस्त, दुनिया की चीजों के सार जानने वाला, सर्वज्ञ एवं देवता में भक्ति करने वाला होता है ॥ ३ ॥

चतुर्थांशेऽभिजातस्तु दीक्षितो गुरुभक्तिमान्।
यत्किञ्चिद्धरणौ वस्तु तत्सर्वं लभते हि सः ॥ ४ ॥

जिसके जन्मकाल में चतुर्थ अंश में सिद्ध हो वह आदमी दीक्षित, गुरु में भक्ति करने वाला, पृथ्वी में जो कुछ (सोना-चाँदी आदि) है सभी को प्राप्त करने वाला होता है ॥४॥

सर्वलक्षणसंपन्नो राजा भवति विश्रुतः।
दीर्घायुर्बहुपुत्रश्च जायते पञ्चमांशके ॥ ५ ॥

जो पाँचवे नवांश में जन्मग्रहण करता है वह सब तरह के लक्षणों से युक्त, प्रसिद्ध राजा, दीर्घायु एवं अधिक पुत्रवाला होता है ॥ ५ ॥

स्त्रीनिर्जितः शुभैर्हीनो बहुमानो नपुंसकः।
अर्थध्वंसी प्रमाथी च षष्ठांशे जायते नरः ॥ ६ ॥

जिस जातक का जन्म षष्ठ अंश में हो वह अपनी ललना से पराजित शुभ से वञ्चित, अधिक अभिमान करने वाला, नपुंसक (हिजड़ा) अपनी सम्पत्ति याने धन को नाश करने वाला एवं प्रमाथी होता है ॥ ६ ॥

---

१ अल्पकामोऽतिकृशश्चेति पूर्वपाठः।

विक्रान्तो मतिमाञ्छूरः संग्रामेष्वपराजितः।
महोत्साही च सन्तोषी जायते सप्तमांशके ॥ ७ ॥

सप्तम नवांश में जन्म लेने से पराक्रमशील, श्रेष्ठ बुद्धिवाला, शूर, रणक्षेत्र में किसी से पराजय नहीं पानेवाला, महा उत्साही एवं सबमें सन्तोष करने वाला होता है ॥७॥

कृतघ्नो मत्सरी क्रूरः क्लेशभागी बहुप्रजः।
फलकालपरित्यागी जायते चाष्टमांशके ॥ ८ ॥

जिसके जन्म समय में अष्टम नवांश पड़ जाय वह जातक कृतघ्न, द्वेषकर्त्ता, पापी, दुःखभोक्ता, अधिक सन्तानवाला, कोई भी काम क्यों न हो, कठिन परिश्रम कर पर फल निकलने के समय अलग हो जाय ऐसा भाग्यहीन पुरुष होता है ॥ ८ ॥

क्रियासु कुशलो दक्षः सुप्रतापी जितेन्द्रियः।
भृत्यैश्च वेष्टितो नित्यं जायते नवमेंऽशके ॥ ९ ॥

जिसका जन्म नौवें नवांश में सिद्ध हों वह सभी क्रियाओं में दक्ष, पण्डित, तीव्र पराक्रम वाला, इन्द्रियों को जीतनेवाला, प्रतिदिन अपने चारों तरफ नौकरों से घिरा रहे याने अधिक शौकीन एवं महिमावाला होता है ॥ ९ ॥

अथ चन्द्रकुंडलीविचारः—

लग्नं देहो वर्गषट्कोडुकानि प्राणश्चन्द्रो धातवोऽन्ये ग्रहेन्द्राः।
प्राणे नष्टे देहधात्वङ्गनाशो यस्मात्तस्माच्चन्द्रवीर्यप्रधानः ॥ १ ॥
लग्नमात्मा मनश्चन्द्रस्तदात्मा जीवयोगवान्।
लग्नांशाद् द्वादशांशाद्वा ग्रहाणां फलमादिशेत् ॥ २ ॥
इन्दुः सर्वत्र बीजाभो लग्नं च कुसुमप्रभम्।
फलेन सदृशोंऽशश्च भावः स्वादुरसः स्मृतः ॥ ३ ॥

यहाँ चन्द्रकुण्डली—साधन के लिये पहले चन्द्रमाही की क्यों प्रधानता ? इत्यादि.... लग्न शरीर, षड्वर्ग अङ्ग, चन्द्रमा प्राण, कुजादि ग्रह धातु जैसा कि "आत्मा रविः शीतकरस्तु चेतः" इत्यादि विभाग माना गया है उसी तरह यहाँ भी जानना। यदि प्राण नहीं तो और अङ्गों की बिलकुल सफलता नहीं। अतः चन्द्रमा को प्रधान मानना परमावश्यक है। आत्मा लग्न, तथा मन चन्द्रमा है। इसलिये लग्नांश या द्वादशांश से ग्रहों का फलादेश करें। सभी विचार्य विषय में चन्द्रमा को बीज की कान्ति के समान, लग्न को कुसुम के समान, नवांश को फल के समान एवं भाव को स्वादुरस के समान कहा गया है ॥ १–३ ॥

१ अतएव 'मनश्चन्द्रे निलीयेत' इति स्मृतिवादोऽपि।

अथ बालावबोधार्थं नवांशचक्रम्—

० क.	३ २०	६ ४०	१० ०	१३ २०	१६ ४०	२० ०	२३ २०	२६ ४०	३० ०
मेष	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि·	धन
वृष	मकर	कुम्भ	मीन	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या
मिथुन	तुला	वृश्चि	धन	मकर	कुम्भ	मीन	मेष	वृष	मिथुन
कर्क	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि	धन	मकर	कुम्भ	मीन
सिंह	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि	धन
कन्या	मकर	कुम्भ	मीन	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या
तुला	तुला	वृष	धन	मकर	कुम्भ	मीन	मेष	वृष	मिथुन
वृश्चिक	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि	धन	मकर	कुम्भ	मीन
धन	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि	धन
मकर	मकर	कुम्भ	मीन	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या
कुम्भ	तुला	वृश्चि	धन	मकर	कुम्भ	मीन	मेष	वृष	मिथुन
मीन	कर्क	सह	कन्या	तुला	वृश्चि	धन	मकर	कुम्भ	मीन

अथ राशिफलम्—

लोलनेत्रः सदा रोगी धर्मार्थकृतनिश्चयः ॥
पृथुजङ्घः कृतघ्नश्च निष्पापो राजपूजितः ॥ १ ॥
कामिनीहृदयानन्दो दाता भीतो जलादपि।
चण्डकर्मा मृदुश्चान्ते मेषराशौ भवेन्नरः ॥ २ ॥

जिसका जन्म मेषराशि में हो वह चञ्चल आंख वाला, सर्वदा रोगवान्, धर्म के लिये कुछ नियमकर्त्ता, स्थूल जांघ वाला, उपकार को न मानने वाला, पापहीन, राजा से पूजित, अपनी स्त्री के हृदय में आनन्ददाता, दान करने वाला, नदी तालाब आदि में तैरने में भयभीत, प्रचण्ड काम करनेवाला एवं वृद्धावस्था में शान्त रहता है ॥१—२॥

भोगी दाता शुचिर्दक्षो महासत्त्वो महाबलः ।
धनी विलासी तेजस्वी सुमित्रश्च वृषे भवेत् ॥ ३ ॥

वृषराशि में जन्म लेने से भोक्ता, दाता, पवित्र हृदय वाला, प्रवीण, महान् सत्त्ववाला, महाबली, धनिक, विलास करने वाला, तेजस्वी एवं अच्छे २ मित्र (जिनके साथ जरा भी कभी वैमनस्य होने को शङ्का नहीं) वाला होता है ॥ ३ ॥

मिष्टवाक्यो लोलदृष्टिर्दयालुर्मैथुनप्रियः ।
गान्धर्ववित्कण्ठरोगी कीर्तिभागी धनी गुणी ॥ ४ ॥
गौरो दीर्घः पटुर्वक्ता मेधावी च दृढव्रतः ।
समर्थो न्यायवादी च जायते मिथुने नरः ॥ ५ ॥

मिथुन जन्मराशि होने से बालक मीठी बात बोलने वाला, चंचल आंख वाला, दयालु, स्त्री से संभोग करने की तीव्र इच्छा वाला, गायक, कण्ठरोग वाला, कीर्तिमान्, धनी, गुणवान्, गौरवर्ण, लम्बा शरीर वाला, चतुर, वक्ता, मेधावी, दृढप्रतिज्ञ, कार्यमात्र में समर्थ, और सभी अवस्थाओं में न्याय करने वाला होता है ॥ ४–५ ॥

कार्यकारी धनी शूरो धर्मिष्ठो गुरुवत्सलः ।
शिरोरोगी महाबुद्धिः कृशांगः कृत्यवित्तमः ॥ ६ ॥
प्रवासशीलः कोपान्धोऽबलो दुःखी सुमित्रकः ।
अनासक्तो गृहे वक्रः कर्कराशौ भवेन्नरः ॥ ७ ॥

कर्क जन्मराशि में जातक कार्यकर्त्ता, धनी, शूर, धर्मवान्, गुरु का सेवक, शिर में रोग रखने वाला, परम चतुर, पतली देह वाला, कृत्यों को जानने वालों में सर्वप्रथम, विदेश में रहने वाला, क्रोध से अन्ध याने अधिक क्रोधी (अनवसर में भी क्रोध करने वाला), बलहीन, दुःखी, अच्छे मित्रों वाला, असमर्थ और अपने घर में और लोगों की अपेक्षा विलक्षण बुद्धिवाला होता है ॥ ६–७ ॥

क्षमायुक्तः क्रियाशक्तो मद्यमांसरतः सदा ।
देशभ्रमणशीलश्च शीतभीतः सुमित्रकः ॥ ८ ॥
विनयी शीघ्रकोपी च जननीपितृवल्लभः ।
व्यसनी प्रकटो लोके सिंहराशौ भवेन्नरः ॥ ९ ॥

सिंह जन्मराशि होने से जातक क्षमाशील, क्रियाओं में रत, मत्स्य-मांस खाने वाला, सर्वदा देश-देशान्तर में भ्रमण करने वाला, शीत से डरनेवाला, अच्छे मित्र वाला, विनयवान्, जल्दी क्रोध करने वाला, माता पिता का प्रेमी, व्यसन (बुरी आदत) वाला तथा लोक में अधिक प्रसिद्ध बना रहता है ॥ ८–९ ॥

विलासी सुजनाह्लादी सुभगो धर्मपूरितः।
दाता दक्षः कविर्वृद्धो वेदमार्गपरायणः ॥ १० ॥
सर्वलोकप्रियो नाट्यगान्धर्वव्यसने रतः।
प्रवासशीलः स्त्रीदुःखी कन्याजातो भवेन्नरः ॥ ११ ॥

कन्या जन्मराशि होने से मनुष्य विलासशील, सज्जनों को आदर के साथ आह्लाद देने वाला, सुन्दर, धर्मवान्, दानी, दक्ष, कविता करने वाला, वृद्ध की तरह आचरण करने वाला, वैदिक रीति पर चलने वाला, सब लोगों का प्रेमी, नाटक और गानविद्या के व्यसन में रत, देशान्तर में रहने वाला, स्त्री के कारण पूरा दुःख का अनुमान करने वाला होता है ॥ १०—११ ॥

अस्थानरोपणो दुःखी मृदुभाषी कृपान्वितः।
चलाक्षश्चललक्ष्मीको गृहमध्येऽतिविक्रमः ॥ १२ ॥
वाणिज्यदक्षो देवानां पूजको मित्रवत्सलः।
प्रवासी सुहृदामिष्टस्तुलाजातो भवेन्नरः ॥ १३ ॥

तुला में जन्मग्रहण करने से पुरुष अनवसर में क्रोध करने वाला, दुःखवान्, कोमल बात बोलने वाला, दयाशील, चंचल नेत्र वाला, कभी धनी, कभी दरिद्र, अपने घर में महाबली (पर बाहर सर्वथा निर्बल), व्यापार कर्म में निरत, देवताओं की सेवा करने वाला, मित्रों का प्रेमी, प्रवासशील, और मित्रों का परम-इष्ट होता है ॥ १२—१३ ॥

बालप्रवासी क्रूरात्मा शूरः पिंगललोचनः।
परदाररतो मानी निष्ठुरः स्वजने भवेत् ॥ १४ ॥
साहसप्राप्तलक्ष्मीको जनन्यामपि दुष्टधीः।
धूर्तश्चौरकलारम्भी वृश्चिके जायते नरः ॥ १५ ॥

वृश्चिक जन्मराशि होने से बालक छोटी उमर से ही देशान्तर में समय बिताने वाला, पापी, पीली आंख वाला, परस्त्री का अनुरागी, अभिमान रखने वाला, अपने परिवार के लिये कठोर हृदय वाला, साहस मात्र के द्वारा लक्ष्मी का लाभ करने वाला, अपनी माता के लिए भी बुरी बुद्धि रखने वाला, वंचक तथा चोरों की कलाओं (कैसे चोरी करना, अमुक मकान में धन है या नहीं इत्यादि) को सीखने वाला होता है ॥ १४—१५ ॥

शूरः सत्यधिया युक्तः सात्त्विको जननन्दनः।
शिल्पविज्ञानसम्पन्नो धनाढ्यो दिव्यभार्यकः ॥ १६ ॥
मानी चरित्रसंपन्नो ललिताक्षरभाषकः।
तेजस्वी स्थूलदेहश्च धनुर्जातः कुलान्तकः ॥ १७ ॥

जो आदमी धनुराशि में जन्म लेता है वह शूर, सच्चापन की बुद्धि रखने वाला, सत्वगुणप्रधान, मनुष्यों के हृदय में प्रेम बढ़ाने वाला, चित्रादि और विज्ञान (साइन्स) को जानने वाला, धनी, अत्यन्त सुन्दरी एवं और सद्गुणों से पूरित स्त्री वाला, मानी, अनेक प्रकार के चरित्र करने वाला मधुरभाषी, मोटी देह वाला, एवं अपने कुल को अन्त करने वाला पुरुष होता है॥ १६–१७॥

कुले नष्टो वशः स्त्रीणां पण्डितः परिवादकः।
गीतज्ञो ललिताग्राह्यो पुत्राढ्यो भ्रातृवत्सलः॥ १८॥
धनी त्यागी सुभृत्यश्च दयालुर्बहुबान्धवः।
परिचिन्तितसौख्यश्च मकरे जायते नरः॥ १९॥

मकर जन्मराशि होने से मनुष्य अपने कुल में सबसे हीन, स्त्रियों के अधीन रहने वाला, पण्डित, अपवाद देने वाला, गानविद्या का प्रेमी, सुन्दरी स्त्रियों से स्वीकृत, पुत्र वाला, माता का भक्त, धनी, दाता, अच्छे २ नौकर वाला, दयाशील, अधिक परिवार वाला एवं सुख के लिए अधिक चिन्तित रहा करता है॥ १८–१९॥

दातालसः कृतज्ञश्च गजवाजिधनेश्वरः।
शुभदृष्टिः सदा सौम्यो धनविद्याकृतोद्यमः॥ २०॥
पुण्याढ्यः स्नेहकीर्तिश्च धनभोगी स्वशक्तितः।
शालूरकुक्षिर्निर्भीतः कुम्भे जातो भवेन्नरः॥ २१॥

कुम्भ जन्मराशि हो तो मनुष्य दानी, अलस, उपकारज्ञाता, हाथी, घोड़ा आदि धन का मालिक, अच्छी आँख वाला, सर्वदा सरल स्वभाव रखने वाला, धन एवं विद्या के लिये उद्यम करने वाला, पुण्यवान् स्नेह से कीर्ति पाने वाला, यावच्छक्य धन का भोग करनेवाला, शालूर (पक्षि विशेष) के समान कुक्षिवाला एवं भयरहित रहता है॥ २०–२१॥

गम्भीरचेष्टितः शूरः पटुवाक्यो नरोत्तमः।
कोपनः कृपणो ज्ञानी गुणश्रेष्ठः कुलप्रियः॥ २२॥
नित्यसेवो शीघ्रगामी गान्धर्वकुशलः शुभः।
मीनराशौ समुत्पन्नो जायते बन्धुवत्सलः॥ २३॥

मीन राशि में जन्म लेने वाला आदमी गम्भीर, वीर, बोलने में पटु, पुरुषों में प्रधान, क्रोधी, कंजूस, ज्ञानवान्, अच्छे गुणों से श्रेष्ठ, प्रतिदिन अपने वंश की सेवा करने वाला, सदैव देवसेवक, जल्दी-जल्दी चलने वाला, गायन में प्रवीण, शुभ आचरण वाला, और, अपने बन्धुओं में प्रेम करने वाला होता है॥ २२–२३॥

अथ चन्द्रकुण्डलीविचारे सूर्यभावाध्यायः—

चन्द्रात्प्रथमगो भानुर्जन्मकाले यदा भवेत्।
विदेशगामी भोगी च कलहे कृतवासनः ॥ १ ॥

जिसकी जन्मकुण्डली में चन्द्रमा से प्रथम सूर्य याने सूर्य और चन्द्रमा एक ही राशि में हों तो जातक देशान्तर में जाने वाला, भोगवान् तथा झगड़े की वासना मन में रखने वाला होता है ॥ १ ॥

जन्मकाले यस्य भानुर्द्वितीयो यदि चन्द्रतः।
बहुभृत्ययशाश्चैव राज्यमान्यो भवेन्नरः ॥ २ ॥

चन्द्रमा से सूर्य यदि दूसरी राशि में पड़े तो आदमी अधिक नौकर एवं अधिक यश वाला तथा राजाओं का मान्य व्यक्ति बनकर रहता है ॥ २ ॥

चन्द्राद्भानुस्तृतीयश्च जन्मकाले यदा भवेत्।
स्वर्णार्थी शोशुचिश्चैव राजतुल्यो भवेन्नरः ॥ ३ ॥

जिस किसी की जन्मकुण्डली में चन्द्रमा से सूर्य तीसरे स्थान में स्थित हो तो वह आदमी सुवर्ण की इच्छा रखने वाला, अधिक सोचने वाला तथा उसी से राजा के तुल्य अधिक जनों का मालिक हो जाता है ॥ ३ ॥

चन्द्राच्चतुर्थगो भानुर्जन्मकाले यदा भवेत्।
गणकाः कथयन्त्येव मातृहन्ता न भक्तिमान् ॥ ४ ॥

जिसके जन्मकाल में सूर्य चन्द्रमा से चौथी जगह में पड़ जाय तो वह बालक ज्यौतिषियों की सम्मति के अनुसार अपनी माता को मारने वाला—न कि जरा भी उसमें भक्ति रखने वाला होता है ॥ ४ ॥

चन्द्रात्पञ्चमगो भानुर्जन्मकाले यदा भवेत्।
सुताभिश्चासुखी चैव बहुपुत्रो भविष्यति ॥ ५ ॥

यदि चन्द्रमा से पञ्चम स्थान में सूर्य पड़े तो कन्याओं के कारण याने 'कन्यायें किन महानुभावों को दें' इन बातों की चिन्ता से दुःखी तथा अधिक पुत्रवाला होता है ॥५॥

चन्द्रात्षष्ठगतो भानुर्जन्मकाले यदा भवेत्।
शत्रूणां विजयी शूरः क्षात्रकर्मरतः सदा ॥ ६ ॥

यदि सूर्य चन्द्रमा से षष्ठ राशि में हो तो बालक शत्रुओं के प्रति विजय पाने वाला, वीर एवं क्षत्रियों के कामों (लड़ाई आदि) में अहर्निश रत रहा करता है ॥ ६ ॥

जन्मकाले यदा भानुश्चन्द्रात्सप्तमगो भवेत्।
सुस्त्री सुशीलचारी च राजमान्यो महातपाः ॥ ७ ॥

यदि सूर्य चन्द्रमा के सप्तम राशि में पड़ जाय तो वह जातक अच्छी ललना वाला,

सुशील, अच्छा आचरण करने वाला, एवं राजा का मान्य पुरुष बनकर महा तपस्वी के वेष में रहता है ॥ ७ ॥

चन्द्रादष्टमगो भानुर्जन्मकाले यदा भवेत्।
सर्वदा क्लेशकारी च ह्यतिरोगात्प्रपीडितः ॥ ८ ॥

जिसके जन्मसमय में सूर्य चन्द्रमा से अष्टम स्थान में पड़े तो वह आदमी सर्वदा क्लेश करने वाला, और अत्यन्त कठिन रोगों से पीड़ा पाने वाला होता है ॥ ८ ॥

चन्द्रान्नवमगो भानुर्जन्मकाले यदा भवेत्।
धर्मात्मा सत्यवादी च बन्धक्लेशी सदा भवेत् ॥ ९ ॥

जिसकी जन्मकुण्डली में चन्द्रमा से सूर्य नवमस्थान में स्थित हो तो वह पुरुष धर्मात्मा, सत्यवक्ता और सर्वदा सांसारिक बन्धनों से क्लेश सहने वाला होता है ॥ ९ ॥

चन्द्राद्दशमगो भानुर्जन्मकाले यदा भवेत्।
तस्य द्वारेषु तिष्ठन्ति धनवन्तो न संशयः ॥ १० ॥

जिसके जन्मकाल में सूर्य चन्द्रमा से दशवें स्थान में पड़ जाय तो वह आदमी अपने द्वार पर कई धनियों को रहते हुए देखता है, इसमें जरा भी संशय नहीं। सारांश यह है कि वह आदमी इतना प्रख्यात एवं यशस्वी होता है कि हर वक्त उसके यहाँ धनिकों की भीड़ लगी रहती है ॥ १० ॥

चन्द्रादेकादशे भानुर्जन्मकाले यदा भवेत्।
राजगर्व्यतिवेत्ता च प्रसिद्धः कुलनायकः ॥ ११ ॥

जिसके जन्मसमय में सूर्य चन्द्रमा से एकादश स्थान में उपस्थित हो तो वह कुण्डली वाला राजा के द्वारा गर्व रखने वाला बहुत विषयों का ज्ञाता, विख्यात, अपने कुल में सर्वप्रधान, सभी के ऊपर आज्ञा प्रदान करने वाला नायक होकर रहता है ॥११॥

चन्द्राद् द्वादशगो भानुर्जन्मकाले यदा भवेत्।
[1]तेजोहीनो नयनयो रोषावेशात्प्रमुच्यते ॥ १२ ॥

चन्द्रमा से सूर्य यदि किसी के जन्मकाल में द्वादश राशि में पड़े तो आँखों में देखने की शक्ति बहुत थोड़ी रखने वाला अर्थात् अन्धप्राय तथा क्रोध करने में आवेश रखने वाला आदमी होता है ॥ १२ ॥

अथ भौमभावाध्यायः—

चन्द्रात्प्रथमगो भौमो जन्मकाले यदा भवेत्।
रक्ताक्षी रुधिरस्रावी रक्तवर्णो भवेन्नरः ॥ १ ॥

यदि जातक की जन्मकुण्डली में चन्द्रमा से प्रथम मङ्गल हो अर्थात् दोनों (चन्द्रमा-

१ 'तेजहीनो नयनयो'रिति पूर्वपाठः। यत्र चाकरान्तस्तेजशब्दः परिगृहीतोऽस्तीति ॥

मङ्गल) एक राशि में स्थित हों तो वह लाल आँख वाला, अधिक काल आँख से या मुख से शोणित गिराने वाला, रोगी और देखने में लाल वर्ण शरीरवाला होता है ॥१॥

चन्द्राद् द्वितीयगो भौमो जन्मकाले यदा भवेत् ।
धराधीशो भवेत्पुत्रः कृषिकर्ता न संशयः ॥ २ ॥

यदि मङ्गल चन्द्रमा से द्वितीय स्थान में स्थित हो तो वह बालक पृथ्वी का मालिक एवं कृषिकर्म करने वाला अर्थात् न राजा न किसान, किन्तु साधारणतः दोनों सुखों का अनुभव करने वाला होता है, इसमें संशय नहीं ॥ २ ॥

चन्द्रात्तृतीयगो भौमो जन्मकाले यदा भवेत् ।
चतुर्भ्रातृसमायुक्तः सुशीलः सर्वदा सुखी ॥ ३ ॥

यदि चन्द्रमा से मङ्गल तीसरी जगह में पड़े तो वह पुरुष चार सहोदर भाई वाला, अच्छा शील स्वभाव वाला एवं सर्वदा सुख का ही अनुभव करने वाला होता है ॥३॥

चन्द्राच्चतुर्थगो भौमो जन्मकाले यदा भवेत् ।
सुखभङ्गी दरिद्रः स्यात्पुंसः स्त्री म्रियते ध्रुवम् ॥ ४ ॥

जिस जन्मकुण्डली में मङ्गल चन्द्रमा से चौथी राशि में उपस्थित हो तो वह स्वयं अपने सुख को नाश करने वाला, धनहीन होता है और अपने से बहुत पहले उसकी स्त्री मर जाती है ॥ ४ ॥

चन्द्रात्पञ्चमगो भौमो जन्मकाले यदा भवेत् ।
पुत्रहीनो नरः स्त्रीणां लग्ने पतति निश्चितम् ॥ ५ ॥

जिस आदमी का जन्म-समय में मङ्गल चन्द्रमा से पञ्चमस्थान में पड़ जाय तो वह पुरुष निपुत्री बनकर रहता है। विशेषतः यदि स्त्री स्वभाव के लग्न में पड़ जाय तो अवश्य ही ऐसा फल होता है ॥ ५ ॥

चन्द्राच्च षष्ठगो भौमो जन्मकाले यदा भवेत् ।
अधर्मे शत्रुता चैव सदा रोगेण पीडितः ॥ ६ ॥

यदि मङ्गल चन्द्रमा से छठे स्थान में पड़ जाय तो वह अधर्म करने के प्रपञ्चों में पड़कर लोगों से शत्रुता करनेवाला और सर्वदा किसी रोग विशेष से पीड़ा प्राप्त करने वाला पुरुष होता है ॥ ६ ॥

चन्द्रात्सप्तमगो भौमो जन्मकाले यदा भवेत् ।
स्त्री कुशीला भवेत्तस्य सदा चाप्रियवादिनी ॥ ७ ॥

यदि मङ्गल चन्द्रमा से सप्तम स्थान स्थित हो तो वैसी कुण्डलीवाला आदमी खराब स्त्री वाला होता है, और उसकी स्त्री सर्वदा अपने स्वामी को कठोर वचन- जो कि उसे बहुत बुरी मालुम पड़े—कहा करती है ॥ ७ ॥

चन्द्रादष्टमगो भौमो जन्मकाले यदा भवेत्।
जीवहन्ता महापापी शीलसत्यविवर्जितः॥ ८॥

यदि जन्मकाल में मङ्गल चन्द्रमा से आठवीं जगह में रहे तो वह पुरुष जीवों की हत्या करने वाला जैसे कि व्याध लोग किया करते हैं, महा पाप करने वाला और अच्छा शील एवं सत्य से वर्जित रहता है॥ ८॥

चन्द्रान्नवमगो भौमा जन्मकाले यदा भवेत्।
लक्ष्मीवांश्च भवेत्पुत्रो वृद्धकाले न संशयः॥ ९॥

जिसके जन्मसमय में चन्द्रमा से मङ्गल नवम में हो तो धनवान् तथा जरावस्था में पुत्र वाला आदमी होता है॥ ९॥

चन्द्राद्दशमगो भौमो जन्मकाले यदा भवेत्।
तस्य द्वारेषु तिष्ठन्ति गजा वाजी न संशयः॥ १०॥

यदि मङ्गल चन्द्रमा से दशवीं जगह पड़े तो उसके द्वार पर हाथी एवं घोड़ा रहा करते हैं, इसमें जरा भी संशय नहीं॥ १०॥

चन्द्रादेकादशे भौमो जन्मकाले यदा भवेत्।
राजद्वारे प्रसिद्धः स्याद्यशोरूपसमन्वितः॥ ११॥

जिसके जन्मकाल में मङ्गल चन्द्रमा से एकादशस्थान–स्थित हो तो वह किसी राजदरबार में बड़ा प्रसिद्ध एवं अच्छा स्वरूप वाला होता है॥ ११॥

चन्द्राद् द्वादशगो भौमो जन्मकाले यदा भवेत्।
मातुश्चासुखकारी च सदा कष्टप्रदायकः॥ १२॥

जिसकी जन्मकुण्डली में यदि चन्द्रमा से मङ्गल बारहवें स्थान में हो तो वह आदमी माता को दुःख देने वाला एवं सर्वदा कष्ट देने वाला होता है॥ १२॥

अथ बुधभावाध्यायः—

चन्द्रात्प्रथमगः सौम्यः सुखरूपं विना नरः।
दुष्टभाषी मतिभ्रंशी स्थानभ्रष्टो दिने दिने॥ १॥

यदि चन्द्रमा के साथ बुध रहे तो वह कुण्डली वाला दुःखी,कुरूप,दुष्ट-वक्ता, अपनी बुद्धि को नाश करने वाला,तथा दिनानुदिन अपनी जगह को खोने वाला होता है॥

चन्द्राद् द्वितीयगः सौम्यो धनधान्यसमाकुलः।
गृहबन्धुधनप्राप्तिः शीतरोगैर्विनश्यति॥ २॥

चन्द्रमा से द्वितीयस्थान में बुध को पड़ने से आदमी धन-धान्य से परिपूरित, घर-परिवार तथा धन इनको पाने वाला, तथा शीत के कारण आये हुए रोगों के द्वारा उसकी मृत्यु होती है॥ २॥

चन्द्रात्सहजगः सौम्यः कुरुते चार्थसंपदः।
राज्यलाभो भवेत्तस्य महतां सङ्गमो ध्रुवम् ॥ ३ ॥

यदि बुध चन्द्रमा से तीसरे स्थान में पड़े तो जातक धनसंपत्ति वाला, किसी राज्य को लाभ करने वाला एवं महानुभावों के साथ सहानुभूति करने वाला होता है ॥ ३ ॥

चन्द्राच्चतुर्थगः सौम्यः सर्वदा सुखकारकः।
मातृपक्षान्महालाभः सुखं जीवति मानवः ॥ ४ ॥

चन्द्रमा से चतुर्थ में बुध को रहने से सर्वदा सुख पाने वाला, मातृवर्ग से महा लाभ याने आदर तथा बड़ी सम्पत्ति पाने वाला और सर्वदा (जीवनान्त तक) सुख-पुरस्सर जीता है ॥ ४ ॥

चन्द्रात्पञ्चमगः सौम्यो बुद्धिमांश्च विचक्षणः।
रूपवांश्च महाकामी कुवाक्यं धारयेन्नरः ॥ ५ ॥

यदि चन्द्रमा से पञ्चम स्थान में बुध रहे तो आदमी बुद्धिमान् विचक्षण (पण्डित-विशेष), देखने में सुन्दर, अतिशय कामचेष्टा रखने वाला और बुरी बात बोलने वाला होता है ॥ ५ ॥

चन्द्रात्षष्ठगतः सौम्यः कृपणः कातरो भवेत्।
विवादे च महाभीरू रोमशो दीर्घलोचनः ॥ ६ ॥

यदि चन्द्रमा से किसी जन्मकुण्डली में बुध षष्ठ स्थान में पड़ जाय तो वह पुरुष कंजूस, कातर, एवं विवाद से डरने वाला तथा बड़ी लम्बी आँख वाला होता है ॥ ६ ॥

चन्द्रात्सप्तमगः सौम्यः स्त्रीणां च वशगो नरः।
कृपणश्च धनाढ्यश्च बह्वायुश्च भविष्यति ॥ ७ ॥

चन्द्रमा से बुध को सप्तम स्थानस्थित होने से आदमी स्त्री के वश में रहता है; कंजूस, धनी एवं बड़ी आयु वाला होता है ॥ ७ ॥

चन्द्रादष्टमगे सौम्ये देहे शीतो भविष्यति।
राजमध्ये प्रसिद्धश्च शत्रूणां च भयङ्करः ॥ ८ ॥

जिसके जन्मसमय चन्द्रमा से अष्टम स्थान में बुध दिखाई पड़े तो आदमी देह में अधिक शीतप्रकृतिवाला, राजाओं के बीच प्रख्यात एवं शत्रुओं के लिए वह भयानक प्रतीत होने वाला होता है ॥ ८ ॥

चन्द्रान्नवमगः सौम्यः स्वधर्मस्य विरोधकः।
अन्यधर्मरतः पुंसो विरोधी दारुणो भवेत् ॥ ९ ॥

यदि बुध चन्द्रमा से नवम पड़े तो जातक अपने धर्म का विरोधी, अर्थात् दूसरे धर्म का पक्षपाती, तथा किसी विशेष पुरुष का विरोधी एवं कठोर हृदय वाला होता है ॥९॥

चन्द्राद्दशमगः सौम्यो राजयोगी नरः सदा।
कर्मराशौ यदा चन्द्रः कुटुम्बे नायको भवेत्॥ १०॥

चन्द्रमा से दशम स्थान में बुध को रहने से बालक राजयोग (राज्य भोग) या दोनों प्रकार के योगों (हठयोग, राजयोग) का उपयोग करने वाला तपस्वी या राजा सर्वदा बना रहता है, यदि चन्द्रमा दशम भाव में हो तो वह अपने परिवार का प्रधान नेता होता है॥ १०॥

चन्द्रादेकादशे सौम्यो लाभकारी पदे पदे।
वर्ष एकादशे पुंसः पाणिग्राहो भविष्यति॥ ११॥

यदि बुध चन्द्रमा से एकादश स्थान में दिखाई पड़े तो वह कुण्डली वाला जहाँ जाय वहीं लाभ करने वाला तथा ग्यारहवें वर्ष की अवस्था में उसकी शादी हो ऐसा जानना चाहिये॥ ११॥

चन्द्राद् द्वादशगः सौम्यः सर्वदा कृपणो भवेत्।
तत्सुतस्य जयो नास्ति[1] लभेत्तत्र पराजयम्॥ १२॥

जिसकी कुण्डली में चन्द्रमा से बुध बारहवें स्थान में हो तो वह आदमी सर्वदा के के लिये कृपण, कभी अपनी उमर में किसी को कुछ न देने वाला, एवं किसी युद्ध में उसका लड़का जीतने वाला नहीं होगा; प्रत्युत सर्वत्र पराजय को पाकर लौटेगा यह जानना चाहिये॥ १२॥

अथ गुरुभावाध्यायः—

चन्द्रात्प्रथमगो जीवो जीवयोग्यो भवेन्नरः।
व्याधिना रहितः शूरो निर्धनो न कदाचन॥ १॥

जिसकी जन्मकुण्डली में विचार कर देखने से बृहस्पति चन्द्रमा से पहिली जगह में हो याने दोनों साथ ही दिखाई पड़े तो वह कुण्डली वाला जातक जीने योग्य, कभी व्याधि का अनुभव तक करने वाला नहीं, शूर एवं पूर्ण धनी, कभी दरिद्र नहीं होने वाला होता है॥ १॥

चन्द्राद् द्वितीयगो जीवो राजमान्यः शतायुषी।
अत्युग्रश्च प्रतापी च धर्मिष्ठः पापवर्जितः॥ २॥

यदि चन्द्रमा से बृहस्पति द्वितीयस्थान में पड़े तो राजा का मान्य, सौ वर्ष तक जीने वाला, महा तेजस्वी, पराक्रमी, धर्मिष्ठ और पापरहित रहता है॥ २॥

चन्द्रात्तृतीयगे जीवे नारीणां वल्लभो भवेत्।
धनवृद्धिः पितुर्गेहे वर्षे सप्तदशे तथा॥ ३॥

१ 'पराजयं लभेद्दिने' इति पूर्वपाठः।

चन्द्रमा से तीसरी जगह बृहस्पति के रहने से आदमी स्त्रियों का प्रेमी होता है, और उसके घर में पिता से धनवृद्धि १७ वर्ष की आयु होने पर प्राप्त करता है ॥ ३ ॥

चन्द्राच्चतुर्थगो जीवः सुखैश्चैव विवर्जितः।
मातृपक्षे महाकष्टी परेषां गृहकर्मकृत् ॥ ४ ॥

यदि चन्द्रमा से चौथे बृहस्पति हो तो वह आदमी सुख से वञ्चित, मातृपक्ष से महा कष्ट पाने वाला, और दूसरे लोगों के घर का काम संभालने वाला होता है ॥ ४ ॥

चन्द्रात्पञ्चमगो जीवो दिव्यदृष्टिर्भवेन्नरः।
तेजस्वी पुत्रदा नारी ह्यत्युग्रश्च महाधनी ॥ ५ ॥

चन्द्रमा से बृहस्पति पाँचवें स्थान में पड़ जाय तो बालक दिव्यदृष्टि रखने वाला, तेजस्वी होता है एवं उसकी स्त्री पुत्रों को उत्पन्न करने वाली होती है तथा स्वयं महा उग्र एवं भारी धन का स्वामी बना रहता है ॥ ५ ॥

चन्द्राच्च षष्ठगो जीवो दासीगृहविवर्जितः।
आयुर्ग्राह्यं भवेत्पुंसां भिक्षाभोक्ता व्यवस्थितः ॥ ६ ॥

जिस आदमी की कुण्डली में बृहस्पति चन्द्रमा से षष्ठस्थानस्थित प्रतीत हो वह सदैव दासी और घर से वञ्चित, देशान्तर में आयु को खतम करने वाला और एक मात्र भिक्षा से अपनी जीविका चलाने वाला तथा अव्यवस्थित जिसकी बात का कोई ठिकाना नहीं (यहाँ व्यवस्थित भी कहा जा सकता है) होता है। इसका सारांश यह है कि ऐसा आदमी योगी या वेकार बनकर रहता है ॥ ६ ॥

चन्द्रात्सप्तमगो जीवो बहुजीवी व्ययं विना।
स्थूलदेही क्लीबपाण्डुर्गृहमध्ये च नायकः ॥ ७ ॥

चन्द्रमा से बृहस्पति के सप्तम स्थान में पड़ने से अधिक दिन जीने वाला, खर्च नहीं करने वाला, स्थूल आकृति वाला, हिजड़ा, पाण्डुवर्ण और अपने घर में सर्वप्रधान पुरुष होता है ॥ ७ ॥

चन्द्रादष्टमगो जीवो देहरोगी सदा नरः।
सुतातोऽपि महाक्लेशी सुखं स्वप्ने न दृश्यते ॥ ८ ॥

यदि चन्द्रमा से अष्टम बृहस्पति हो तो जातक सर्वदा रोगी, अच्छे पिता वाला होने पर भी महा कष्ट सहने वाला यहाँ तक कि सुख को स्वप्नावस्था में भी नहीं देखने व करने वाला होता है ॥ ८ ॥

चन्द्रान्नवमगो जीवो धर्मिष्ठो धनपूरितः।
सुमार्गे सुगतश्चैव देवगुर्वोश्च सेवकः ॥ ९ ॥

जिसके जन्म समय में चन्द्रमा से नवमस्थान में गुरु स्थित हो वह बालक धर्मिष्ठ धनी, अच्छे मार्ग (याने आचरण) में रहने वाला एवं देवता और गुरु में भक्ति रखने वाला होता है ॥ ९ ॥

चन्द्राद्दशमगो जीवो जन्मकाले यदा भवेत्।
पुत्रदारपरित्यागी तपस्वी च भवेन्नरः॥ १०॥

यदि बृहस्पति चन्द्रमा से दशवें स्थान में उपस्थित हो तो आदमी अपने पुत्र और स्त्री को परित्याग करने वाला, एवं तपश्चर्या में अनुरक्त रहा करता है॥ १०॥

चन्द्रादेकादशे जीवो जन्मकाले यदा भवेत्।
अश्वारूढो भवेत्पुत्रो राजतुल्यो भवेन्नरः॥ ११॥

चन्द्रमा से ग्यारहवें बृहस्पति के रहने से उसका लड़का घोड़े की सवारी करने वाला और स्वयं राजा के तुल्य प्रभावशाली होता है॥ ११॥

चन्द्राद् द्वादशगो जीवो जन्मकाले यदा भवेत्।
स्यात्कुटुम्बविरोधी च सुखं शत्रोर्दशा गृहे॥ १२॥

जिस आदमी की कुण्डली में बृहस्पति द्वादश स्थान में स्थित हो तो वह अपने बन्धुवर्गों का विरोधी बना रहता है तथा शत्रु के घर में उसकी अनुकूल दृष्टि से सुख का भोग करता है। (अपने परिवार के विरोधी होने के कारण वैसा होना आश्चर्य नहीं है)॥ १२॥

अथ शुक्रभावाध्यायः—

चन्द्रात्तु प्रथमे शुक्रो जन्मकाले यदा भवेत्।
जले मृत्युर्भवेत्तस्य सन्निपातो हि हिंसया॥ १॥

यदि किसी जन्मकुण्डली में शुक्र और चन्द्रमा एक-राशिगत हों तो जल में मगर आदि जानवरों से पकड़े जाने के कारण अनवसर में ही उसकी मृत्यु होती है॥ १॥

चन्द्राद् द्वितीयगः शुक्रो जन्मकाले यदा भवेत्।
महाधनी महाज्ञानी राजतुल्यो न संशयः॥ २॥

चन्द्रमा से दूसरे शुक्र रहे तो आदमी बड़ा ज्ञानी, तथा राजा के तुल्य पराक्रमी व धनी होता है इसमें संशय कुछ भी नहीं है॥ २॥

चन्द्रात्सहजगः शुक्रो जन्मकाले यदा भवेत्।
धर्मिष्ठो बुद्धिमांश्चैव म्लेच्छतो लाभकारकः॥ ३॥

यदि शुक्र चन्द्रमा से तीसरे स्थान में पड़े तो वह बालक धर्मिष्ठ, बुद्धिमान्, तथा म्लेच्छ जातियों से लाभ करने वाला होता है॥ ३॥

चन्द्राच्चतुर्थगः शुक्रो जन्मकाले यदा भवेत्।
कफाधिको महाक्षीणो वार्द्धक्ये धनवर्जितः॥ ४॥

---

१ शत्रोर्दशाग्रहे। २ लाभदायकः। इति पूर्वपाठः।

चन्द्रमा से चौथी जगह में शुक्र के रहने से जातक कफप्रकृति वाला, अत्यन्त कृश, और जरावस्था में धनहीन (दरिद्र) होता है ॥ ४ ॥

चन्द्रात्पञ्चमगः शुक्रो जन्मकाले यदा भवेत् ।
बहुकन्या भविष्यन्ति धनाढ्योऽयशसान्वितः ॥ ५ ॥

यदि शुक्र चन्द्रमा से पञ्चम हो तो उसको कन्यायें बहुत होंगी, धनाढ्य और लोक में वह जातक अयशोभागी बना रहता है ॥ ५ ॥

चन्द्राच्च षष्ठगः शुक्रो जन्मकाले यदा भवेत् ।
दुर्व्ययाद्भयकारी च संग्रामे च पराजितः ॥ ६ ॥

चन्द्रमा से षष्ठस्थानस्थ शुक्र के होने से बुरे आचरणों में अधिक खर्च होने के कारण बहुत भय करने वाला, तथा रण में पराजय (शत्रु से) पानेवाला होता है ॥६॥

चन्द्रात्सप्तमगः शुक्रो जन्मकाले यदा भवेत् ।
पुरुषार्थहीनोऽकुशलः[2] शङ्कितश्च पदे पदे ॥ ७ ॥

जिसको चन्द्रमा से शुक्र सप्तम राशिगत हो वह पुरुषार्थ से वञ्चित, मूर्ख एवं पद-पद में शङ्कित याने जहाँ पर जो काम करे, सर्वत्र शङ्का मन में रखते ही काम करे ॥७॥

चन्द्रादष्टमगः शुक्रो जन्मकाले यदा भवेत् ।
प्रसिद्धो हि महायोद्धा दाता भोक्ता महाधनी ॥ ८ ॥

यदि शुक्र चन्द्रमा से आठवें पड़े तो आदमी बड़ा प्रसिद्ध, महा युद्धकारी, दान एवं भोग करने वाला, तथा पूरा धनाढ्य बना रहता है ॥ ८ ॥

चन्द्रान्नवमगः शुक्रो जन्मकाले यदा भवेत् ।
बहवः[3] सहजा मित्रभगिनीबहुलो भवेत् ॥ ९ ॥

चन्द्रमा से शुक्र के नवम स्थानस्थ रहने से जातक अधिक सहोदर वाला तथा बहुत बहन एवं अधिक मित्र वाला होता है । ९ ॥

चन्द्राच्च दशमे शुक्रो जन्मकाले यदा भवेत् ।
मातृपित्रोः सुखप्राप्तिर्जीवितं तु बृहद्भवेत् ॥ १० ॥

यदि शुक्र चन्द्रमा से दशवें हो तो आदमी माता पिता को सुख दिलाने वाला, और लम्बी आयु याने अधिक दिनों तक जीने वाला होता है ॥ १० ॥

चन्द्रादेकादशे शुक्रो जन्मकाले यदा भवेत् ।
बह्वायुश्च भवेत्पुंसो रिपुरोगविवर्जितः ॥ ११ ॥

---

१ धनाढ्यो यशवर्जितः । इति पूर्वपाठः ।

२ अत्रैकवर्णोऽधिकस्तथापि न दोषः, बहुत्र तद्दर्शनात् ।

३ 'बहुभ्रातस्तथा' इति पूर्वपाठः ।

यदि किसी के जन्मसमय में शुक्र ग्यारहवें स्थान में पड़ जाय तो वह आदमी अधिक दिन तक इस संसार में रहने वाला, तथा शत्रुहीन एवं रोगरहित रहता है ॥११॥

चन्द्राद् द्वादशगः शुक्रो जन्मकाले यदा भवेत्।
परदाररतो नित्यं लम्पटो ज्ञानहीनकः॥ १२॥

चन्द्रमा से द्वादश राशि में शुक्र को पड़ जाने से जातक परस्त्री के साथ संभोग करने वाला, सर्वदा लम्पट और मूर्ख होता है ॥ १२॥

अथ शनिभावाध्यायः—

चन्द्राच्चतुर्थगो नूनं शनिर्जन्मनि सम्भवेत्।
प्राणनाशोऽर्थनाशश्च बन्धुनाशस्तथापरे॥ १॥

जिस आदमी के जन्मकुण्डली में शनैश्चर चन्द्रमा के साथ रहे तो जातक का प्राण-नाश, धननाश हो तथा परिवारनाश एवं और समाज का भी नाश हो जाय ऐसा जानना ॥ १॥

चन्द्राद् द्वितीयगो मन्दो जन्मकाले यदा भवेत्।
मातुश्च कष्टकारी स्यादजाक्षीराच्च जीवति॥ २॥

चन्द्रमा से दूसरे शनि पड़ने से माता को कष्ट देने वाला स्वयं बकरी के दूध से जीवननौका पार करने वाला हो, अर्थात् किसी रोग के कारण वैद्यों के आदेशानुसार वह बकरी के दुग्ध-पान मात्र करे ॥ २॥

चन्द्रात्सहजगः सौरिर्जन्मकाले यदा भवेत्।
बहुकन्याः समुत्पद्य म्रियन्ते तस्य केवलम्॥ ३॥

यदि चन्द्रमा से शनि तीसरी जगह में हो तो जातक को अधिक कन्यायें हों, पर क्रमशः सब मर जाँय, जीवे एक भी नहीं—ऐसा जानना चाहिये ॥ ३॥

चन्द्राच्चतुर्थगो नूनं शनिर्जन्मनि संभवेत्।
महापौरुषकारी च शत्रुहन्ता न संशयः॥ ४॥

चन्द्रमा से शनैश्चर को चौथे पड़ने से जातक महा पौरुष दिखाने वाला, एवं शत्रुओं को नाश करने वाला होता है, इसमें सन्देह नहीं है ॥ ४॥

चन्द्रात्पञ्चमगः सौरिर्जन्मकाले यदा भवेत्।
स्त्री स्याच्छ्यामलवर्णा च ह्यथवा प्रियवादिनी॥ ५॥

यदि शनि चन्द्रमा से पञ्चम पड़े तो आदमी की स्त्री श्यामवर्ण अथवा प्रियकथा कहने वाली होती है ॥ ५॥

रविजः षष्ठगश्चन्द्राज्जन्मकाले यदा भवेत्।
महाक्लेशी तथा कष्टी आयुर्हीनो भवेन्नरः॥ ६॥

यदि चन्द्रमा से शनि छठी जगह में स्थित हो तो आदमी बड़े क्लेश को सहनेवाला कष्ट पाने वाला, तथा थोड़ी उमर में मर जाने वाला होता है ॥ ६ ॥

चन्द्राच्च सप्तमे स्थाने यदा च रविनन्दनः ।
महाधर्मी च दाता च बहुस्त्रीणां करग्रही ॥ ७ ॥

चन्द्रमा से सप्तम राशि में शनि के रहने से बड़ा धर्मिष्ठ, दान करने वाला, और स्त्री के मर जाने के कारण कई विवाह करने वाला हो ऐसा जानना चाहिये ॥ ७ ॥

रविजो ह्यष्टमे स्थाने चन्द्रतो जन्मसम्भवः ।
पितुश्च कष्टकारी च बहुदाने शुभं भवेत् ॥ ८ ॥

यदि शनि अष्टम चन्द्रमा से पड़े तो जातक पिता को कष्ट देने वाला होवे, उसके बाद अधिक दान करने से शुभ होता है ॥ ८ ॥

चन्द्रान्नवमगः सौरिर्जन्मकाले यदा भवेत् ।
यदा मुग्धदशाप्राप्तिर्धनहानिर्भविष्यति ॥ ९ ॥

यदि चन्द्रमा से शनिश्चर जन्मकुण्डली में नवम पड़े तो आदमी स्वयं मौन होकर रहता है और उसके धन को हानि भी होती है ॥ ९ ॥

चन्द्राद्दशमगः सौरिर्जन्मकाले यदा भवेत् ।
नृपतुल्यो भवेद्देही कृपणो धनपूरितः ॥ १० ॥

जिसके जन्मसमय में शनि चन्द्रमा से दशम हो वह जातक राजतुल्य, कंजूस तथा धन से परिपूरित रहता है ॥ १० ॥

चन्द्रादेकादशे सौरिर्जन्मकाले यदा भवेत् ।
देहक्लेशी महाकष्टी ह्यधर्मी च न संशयः ॥ ११ ॥

यदि जन्मकालिक चन्द्रमा से शनि ग्यारहवें स्थान में स्थित हो तो देह में क्लेश रखने वाला महा कष्ट का भोग करने वाला, और अधर्मी बना रहता है इसमें कुछ भी संशय नहीं ॥ ११ ॥

द्वादशे भवने सौरिश्चन्द्राच्च पतितो यदि ।
निर्धनो भिक्षुकश्चैव धर्मेणैव विवर्जितः ॥ १२ ॥

यदि चन्द्रमा से बारहवीं जगह में शनि दिखाई दे तो जातक दरिद्र, भिक्षा माँगने वाला तथा पापी रहता है ॥ १२ ॥

---

१ 'स्त्रीणां बहुकरग्रहः' इति पूर्वपाठः ।

अथ राहुभावाध्यायः—

[1]धर्मकर्मतनुस्थाने चन्द्राद्यदि पतेत्तमः।
जन्मकाले भूपतिश्च वृद्धिकाले महाधनी॥ १॥

जिस पुरुष की जन्मकुण्डली में राहु चन्द्रमा से १, १० और ९ स्थान में स्थित हो तो वह जन्मसमय में राजा पर वृद्धि होते एक भारी धनी मात्र रहता है। अभिप्राय यह कि उसके पिता राजा बाद उसके जन्म होने से उत्तरोत्तर धन घटते २ अन्त में एक धनी बनकर रहता है॥ १॥

षष्ठे च द्वादशे राहुश्चन्द्राच्च पतितो यदि।
स राजा राजमन्त्री च धनधान्यसमाकुलः॥ २॥

यदि राहु चन्द्रमा से षष्ठस्थान, द्वादशस्थान में दिखाई दे तो जानना कि वह आदमी स्वयं राजा या किसी राजा का सेक्रेटरी, तथा धन-धान्यों से खूब परिपूरित रहता है॥ २॥

चतुर्थे सप्तमे राहुश्चन्द्राच्च यदि जायते।
माता पिता महाकष्टी सदा ह्यसुखदायकः॥ ३॥

राहु चन्द्रमा से यदि चौथे या सातवें पड़े तो उसके माता और पिता परम कष्ट पाने वाले होते हैं और सर्वदा दुःख देने वाला स्वयं होता है॥ ३॥

धन एकादशे स्थाने चन्द्राद्राहुः प्रजायते।
धनमानावसंयुक्तः सुखं स्वप्ने न दृश्यते॥ ४॥

जिसके जन्म समय में राहु चन्द्रमा से दूसरे और ग्यारहवें पड़े वह पुरुष धनहीन, मानहीन होता है एवं सुख तो स्वप्न में भी नहीं देखता है॥ ४॥

[2]पञ्चमे च यदा राहुश्चन्द्राज्जलजसम्भवम्।
निधनं चापि सिद्धं च आपदश्च पदे पदे॥ ५॥

यदि राहु किसी के जन्मसमय में पञ्चमस्थानस्थित हो तो जातक की मृत्यु जल के द्वारा याने जल में बुड़ जाने से हो, तथा पद-पद में उसे आपत्तियां आकर घेरे रहती हैं॥ ५॥

अथ राश्यायुः[3]—

अश्विनी-भरणी-कृत्तिकापादे मेषराशिः। भौमक्षेत्रे जन्मतो नवपाद-फलम्—प्रथमे राज्यवान् १, द्वितीये धनवान् २, तृतीये विद्यावान् ३,

---

१ 'जन्मकर्म शुभे धर्मे' इति पूर्वपाठः।

२ चन्द्रात् तृतीयाष्टमस्थानस्थराहुफलं नात्र वर्णितं तच्च ग्रन्थान्तरादवगम्यमिति।

३ इत आरभ्य मीनराशिफलं यावत् सर्वं भ्रष्टसंस्कृतप्रायं भाष्यमिव परम्परातः समादृतं यथाकथञ्चिन्निजपरिवर्त्तितमपि गद्यं मह्यमरोचकम्।

चतुर्थे देवगुरुभक्तः ४, पञ्चमे चौरः ५, षष्ठे कालभाषाहीनः ६, सप्तमे योगीन्द्रः ७, अष्टमे निर्धनः ८, नवमे शुभलक्षणः ९ । १ मासे कष्टम्, १, १३ वर्षयोः अल्पमृत्युः, १८ वर्षे जलघातः, ६४ वर्षे घातः, ५०वर्षे अङ्गरोगः, (तत्रैव चौरलोहपीडा, उपघातश्च), यदा शुभग्रहनिरीक्षितस्तदा जीवति वर्षादि ७५।२।०।१५।१५ यावत् । ततः कार्त्तिकमासे (पक्षे ?) चतुर्थ्यां कुजवारे भरणीनक्षत्रे देहं त्यजति ॥१॥ इति मेषराशिफलम् ।

कृत्तिकायास्त्रयः पादा रोहिणीमृगशिरोऽर्द्धं वृषराशिः । शुक्रक्षेत्रे जन्मतो नवपादफलम्–प्रथमे यशोवान् १, सुतवान् २, रणवान् ३, शुभलक्षणः ४, विद्यावान् ५, सौभाग्यवान् ६, कुलमण्डनः ७, धन-धान्यसमर्थः ८, परदारचौरः ९ । वर्षेषु ३।६।८।३३।४६।५२।६३ एतेषु अग्निलोहसाण्डसर्प्पकष्टदेवदोषघाता एते अल्पमृत्यवो यदा व्यतिक्रामन्ति तदा वर्षादि ८५।६।७। जीवति । माघमासे शुक्लपक्षे ९ तिथौ शुक्रदिने रोहिणीनक्षत्रे अर्धरात्रे देहं त्यजति ॥ २ ॥ इति वृषराशिफलम् ।

मृगशिरोऽर्द्धं, आर्द्रापुनर्वसुपादत्रयं मिथुनराशिः । बुधक्षेत्रे जन्मतो नवपादफलम्—प्रथमे भाग्यवान् १, निर्धनः २, कुत्सितभाषी ३, धनेश्वरः ४, भाग्यवान् ५, धनधान्यभोगी ६, चौरः ७, माहात्म्यसिद्धिः, देवगुरुमाननीकः ९। कष्टमासः ६, वर्षे ६ अङ्गरोगः, १० वर्षे चक्षुः-पीडा, ११ वर्षे १८ घातः। २४।५६।६३ वर्षेषु अल्पमृत्युः, यदा शुभग्रह-निरीक्षितो भवति तदा जीवति वर्षाणि ८५ । पौषमासे कृष्णपक्षे अष्टमीतिथौ बुधवारे आर्द्रानक्षत्रे प्रथमप्रहरे देहं त्यजति ॥ ३ ॥ इति मिथुनराशिफलम् ।

पुनर्वसुपादमेकं पुष्य आश्लेषान्तं कर्कराशिः । चन्द्रक्षेत्रे जन्मतो नवपादफलम्—प्रथमे धनवान् १, महीपतिः २, स्वाङ्गमुनीश्वरः ३, विद्यावान् ४, धर्मवान् ५, चौरः ६, निर्धनः ७, देशपतिः ८, कुल-मण्डनः ९ । अल्पमृत्युदिनम् ११, कष्टमासः ९, वर्षम् १, रोगवर्षम् ७, जलघातवर्षम् ९, अङ्गरोगवर्षम् १३, जलघातवर्षम् १६, अङ्गरोगवर्षम् २०, लोहघातवर्षम् २७।३५, अल्पमृत्युदोषवर्षम् ४५, देवदोषवर्षम् ५५।६१

अल्पमृत्युः, रामकष्टम्, असाध्यरोगः, अग्निसर्पजलघातसाण्डव्याघ्रघातः यदा शुभग्रहनिरीक्षितस्तदा वर्षाणि ७० मासाः ५ दिनानि ३ जीवति। फाल्गुनमासे शुक्लपक्षे चन्द्रवारे ४ प्रहरे [1]गोधूलिकवेलायां देहं त्यजति ॥ ४ ॥ इति कर्कराशिफलम्।

मघा च पूर्वाफल्गुनी उत्तराफल्गुनीपादे सिंहराशिः। सूर्यक्षेत्रे जन्मतो नवपादफलम्—प्रथमे राजमान्यः १, धनेश्वरः २, तीर्थवासी ३, पुत्रवान् ४, स्वपक्षहीनः ५, मातृपितृतारकः ६, राजमान्यः ७, धन-धान्यसमर्थः ८, निर्धनः ९। चौर्यमासः ८ तथा वर्षम् १, कष्टवर्षे १०। १५ अङ्गरोगवर्षे २५। ४५ वेददोषसन्निपातवर्षम् ५१।६१ घातः, अल्पमृत्युर्यदा व्यतिक्रामति तदा जीवति वर्षाणि ६५ श्रावणमासे शुक्ल-पक्षे १० तिथौ पूर्वाफल्गुनीनक्षत्रे रविवारे प्रथमप्रहरे देहं त्यजति ॥५॥ इति सिंहराशिफलम्।

उत्तरायास्त्रयः पादा हस्तः चित्रार्द्धं कन्याराशिः। बुधक्षेत्रे जन्मतो नवपादफलम्—प्रथमे निर्द्धनः १, पुत्रहीनः २, शत्रुमरणम् ३, धन-यानम् ४, भोगी ५, पुत्रवान् ६, राजमान्यः ७, सर्वसमर्थः ८, पराक्रमी ९ (मातृपितृगुरुभक्तः १०?) मासः ३ वर्षम् ३ अङ्गरोगवर्षे १। १३। चक्षुःपीडा जलघातवर्षम् २६ अङ्गरोगदेवपीडावर्षम् ३३ लोहघातवर्षम् ४३ अङ्गरोगः, अल्पमृत्युः यदा शुभग्रहनिरीक्षितो भवति तदा जीवति वर्षाणि ८४ यावत्। भाद्रपदमासे शुक्लपक्षे ९ तिथौ बुधवारे हस्तनक्षत्रे गोधूलिकवेलायां त्यजति ॥ ६ ॥ इति कन्याराशिफलम्।

चित्रार्द्धं स्वाती विशाखापादत्रयं तुलाराशिः। शुक्रक्षेत्रे जन्मतो नवपादफलम्–प्रथमे धनभोगी १, धनेश्वरः २, निर्धनः ३, भाषाहीनः ४, जातकर्मा ५, परदारचौरः ६, मातृपितृतारकः ७, राजमान्यः ८, भाग्यवान् ९। मासः ४ कष्टमासः, १६ अङ्गरोगवर्षम् ४ कष्टवर्षम् १६ जलघातवर्षम् २१। ३३ अङ्गरोगः ४१ अङ्गवृद्धिवर्षम् ५१ देवदोषवर्षम् ६१ अल्पमृत्युः। यदा शुभग्रहनिरीक्षितो भवति तदा जीवति वर्षाणि ८५

१ पुष्यनक्षत्रे।

वैशाखमासे शुक्लपक्षे १३ तिथौ शुक्रवारे शतभिषानक्षत्रे[1] मध्याह्नवेलायां देहं त्यजति ॥७॥ इति तुलाराशिफलम्।

विशाखापादमेकं अनुराधाज्येष्ठान्तं वृश्चिकराशिः। भौमक्षेत्रे जन्मतो नवपादफलम्—प्रथमे धनेश्वरः १, यशोवान् २, आगमवान् ३, महान्तिकः ४, भाषाहीनः ५, कुलमण्डनः ६, धनधान्यसमर्थः ७, विद्यावान् ८, राजमान्यः ९, (यशोवान् ?) मासे २ कष्टवर्षम् ३ कष्टम्, वर्षे ७ अङ्गरोगः ८ जलघातवर्षम् १३ वृक्षघातवर्षम् ३२। ३५। अङ्गरोगलोह-घातवर्षम् ४५ अङ्गरोगवर्षम् ७५ अल्पमृत्युः यदा शुभग्रहनिरीक्षितस्तदा जीवति वर्ष—७५ मास—२ दिनानि ७, ज्येष्ठमासे कृष्णपक्षे तिथौ ११, मङ्गलवारे अनुराधानक्षत्रे प्रथमप्रहरे देहं त्यजति ॥ ८ ॥ इति वृश्चिकराशिफलम्।

मूलं च पूर्वाषाढा उत्तराषाढापादे धनू राशिः। गुरुक्षेत्रे जन्मतो नवपादफलम्—प्रथमे ज्ञानवान् १, निर्धनः २, नीचकर्मकारकः ३, राज-मान्यः ४, क्रोधी ५, पुत्रवान् ६, कामलम्पटः ७, धनेश्वरः ८, रुधिर-विकारी ९। मासः ५ वर्षम् ३ कष्टवर्षम् ९ अङ्गरोगवर्षम् ११ चक्षुः-पीडावर्षम् १६, जलघातवर्षे २४, ३६, अङ्गरोगवर्षाणि ४७। ५७। ६७। सर्पजलघातः, अल्पमृत्युः। यदा शुभग्रहनिरीक्षितस्तदा जीवति वर्षाणि ८५। आषाढमासे शुक्लपक्षे १ तिथौ गुरुवारे हस्तनक्षत्रे[2] गोधूलि-वेलायां देहं त्यजति ॥ ९ ॥ इति धनूराशिफलम्।

उत्तरायास्त्रयः पादाः श्रवणधनिष्ठार्द्धं मकरराशिः। शनिक्षेत्रे जन्मतो नवपादफलम्—प्रथमे अङ्गहीनः १, गुरुभक्तः २, परदाररतः ३, अङ्गरोगवान् ४, देवांशभोगी ५, पुत्रवान् ६, उत्तमः ७, महीपतिः ८, उभयपक्षतारकः ९ (धनेश्वर ?)। मासः ३ कष्टमासः १ देवदोष-पीडावर्षम् ३ अङ्गरोगवर्षम् ५७ देवदोषवर्षम् १० अङ्गरोगः, अग्नि-पीडावर्षम् ३२ लोहघातवर्षम् ३३ कष्टवर्षम् ४३ तथा ५१ अल्पमृत्युः। यदा शुभग्रहनिरीक्षितो भवति तदा जीवति वर्षाणि ६१ (देवदोषानन्तरं)

१ स्वातीनक्षत्रे इत्यनेन भाव्यम्। २ पूर्वाषाढानक्षत्रे इत्यनेन भाव्यम्।

अल्पमृत्युर्यदा व्यतिक्रामति तदा जीवति वर्षाणि ७१ कार्तिके मासे शुक्लपक्षे ५ तिथौ शनिवारे श्रवणनक्षत्रे देहं त्यजति ॥ १० ॥ इति मकरराशिफलम् ।

धनिष्ठार्द्धं शततारकाः पूर्वाभाद्रपदात्रयं कुम्भराशिः । शनिक्षेत्रे जन्मतो नवपादफलम्—प्रथमे मध्यमः १, श्रीमान् २, कालभाषाहीनः ३, पुत्रवान् ४, राजमान्यः ५, बावकीबहीनः (?) ६, योगीन्द्रः ७, अङ्गहीनः ८, शुभलक्षणः ९ कष्टदिनम् ७ अल्पमृत्युः १८ वर्षम् ३२ । यदा शुभग्रहनिरीक्षितो भवति तदा जीवति वर्षाणि ६१ माघमासे शुक्लपक्षे २ तिथौ शनिवारे उत्तराभाद्रपदानक्षत्रे[1] मृत्युर्भवति ॥ ११ ॥ इति कुम्भराशिफलम् ।

पूर्वाभाद्रपदापादमेकं उत्तराभाद्रपदरेवत्यन्तं मीनराशिः । जीवक्षेत्रे जन्मतो नवपादफलम्—प्रथमे धनवान् १, कालहीनः २, लम्पटः ३, धनवान् ४, चौरः ५, कपटी ६, निर्धनः ७, भाग्यवान् ८, नवमे अपक्लेशः ९ । कष्टवर्षम् १८-३३ यदा शुभग्रहनिरीक्षितस्तदा जीवति वर्षाणि ६१ माघमासे शुक्लपक्षे १२ तिथौ उत्तराभाद्रपदानक्षत्रे गुरुवारे प्रातःकाले देहं त्यजति ॥ १२ ॥ इति मीनराशिफलम् ।

इसमें जन्मराशि से शुभाशुभफलप्रदर्शन-पूर्वक विशेषतः आयुर्दाय का विचार किया है, यद्यपि यह राश्यायु बिल्कुल नहीं मिलती, किन्तु नक्षत्र पर से जो आयु आती है वह ठीक मिलती है—'नक्षत्रायुः कलौ युगे' जो कि आगे दिखायी जायगी। तथापि प्रसंगवश सब मूल ही में ग्रन्थकार ने स्पष्ट कर दिया, अतः उनका फिर प्रतिशब्दमात्र देना कोई आवश्यक नहीं प्रतीत होता। किन्तु केवल संक्षिप्त आयुर्मान दिखाते हैं—यथा मेषराशि में जन्म लेने से वर्षादिमान ७५।२।००।१५।१५, वृषराशि में ८५।६।७, मिथुन में ८५।००।००।००।००, कर्क में ७०।५।३।००, सिंह में ६५।००।००।००।००, कन्या में ८४।००।००।००।००, तुला में ८५।००।००।००।००, वृश्चिक में ७५।२।७।००।००, धनुराशि में ८५।००।००।००।००, मकर में ७१।००।००।००।००, कुम्भ में ६१।००।००।००।०० और मीनराशि में जन्म लेने से आयु ६१।००।००।००।०० वर्ष की होती है। शेष मूल ही से जानना चाहिये।

---

१ शतभिषानक्षत्रे इत्यनेन भाव्यम् ।

अथ लग्नायुः—

दिक्-काल-नख-बाणेभदङ्नखाः समयो दिशः।
मनवो रामवेदाश्च मेषाद्यष्टोत्तरं शतम् ॥ १ ॥

जन्मपत्र्यां यत्र स्थाने ग्रहो भवति तत्र तेषां लग्नानां ध्रुवाङ्कान् संमेल्य[1] तदेवायुर्ज्ञेयम्।

इति जन्मपत्रीपद्धतौ पञ्चाङ्गफलानयनं नाम प्रथमोऽध्यायः।

इसमें लग्न पर से अष्टोत्तरी आयु का विचार किया गया है, जैसे मेषादिद्वादश लग्नों का ध्रुवाङ्क क्रमशः १०।६।२०।५।८।२।२०।६।१०।१४।३।४ कहा गया है। अब जिस आदमी की जन्मकुण्डली के 'रव्यादि ग्रह जिस-जिस भवन में दीख पड़े, उनके ध्रुवाङ्कों को जोड़ने से सभी के (जो गत हैं) योग समान उस लग्नवाले मनुष्य की यथार्थ आयु होगी, यह आयु-विचार राश्यायु से कुछ सूक्ष्म है। वस्तुतः सूक्ष्म के लिये पराशर के मतानुसार जो लघुपाराशरी में विचार किया गया है वह देख लें. यहीं उन सब बातों का समावेश करने से बहुत बढ़ जायगा। अतः नहीं दिखाया, यथावसर उसी में उसकी स्पष्टता दिखावेंगे।

इति मिथिला—(दरभङ्गा) प्रदेशान्तर्गत-नगवास-ग्रामनिवासिपण्डित-
केदारनाथशर्मतनय-ज्यौतिषाचार्य-ज्यौतिषतीर्थ-पोष्टाचार्य—प्राप्त-
राजकीयसुवर्णपदक-पुरातत्त्वान्वेषक-वाराणसेय-गवर्नमेण्ट-
संस्कृतकालेज-ज्यौतिषप्रधानाध्यापक-मैथिलपण्डित-
श्रीअनूपमिश्र-कृत-मानसागरीपद्धतिभाषाटीकायां
प्रथमः पञ्चाङ्गफलाध्यायः सम्पूर्णः।

अथ द्वितीयोऽध्यायः।

स्पष्टैर्ग्रहैर्विना किञ्चिन्निगदन्ति कुबुद्धयः।
अन्तर्दशादशादीनां[2] फलं यात्युपहास्यताम् ॥ १ ॥

जो कुबुद्धि लोग स्पष्ट ग्रहों को विना बनाये दशा, अन्तर्दशा आदि का फल कुछ भी कहते हैं वह उपहास करने लायक होता है। अर्थात् चाहिये कि पहले ग्रहों का स्पष्टीकरण कर लें तब फलादेश करने के लिये प्रवृत्त हों ॥ १ ॥

---

१ अत्रोपपत्तावागम एव प्रमाणम्।

२ पूर्वपाठः—"दशा चान्तर्दशादीनां"।

गतकलेरानयनम्—

[1]वेदाब्धिशून्यरामाङ्कैर्युते विक्रमवत्सरे।
भवेदयनवल्ली सा तस्या गतकलिस्तथा[2] ॥ २ ॥

वर्त्तमान विक्रम संवत्सर में ३०४४ सहित कर दें तो अयनवल्ली एवं गत-कलि होगा ॥ २ ॥

पलभाचरदलानयनम्—

[3]मेषादिगे सायनभागसूर्ये दिनार्द्धजा भा पलभा भवेत्सा।
त्रिष्ठा हता स्युर्दशभिर्भुजङ्गैर्दिग्भिश्चरार्द्धानि गुणोद्धृतान्त्या ॥३॥

जब सायनार्क राश्यादि से शून्य हो तो विषुवदिन जानना, उस दिन के मध्यकाल में द्वादशाङ्गुल शङ्कु की जो छाया हो उसे पलभा कहते हैं। उसको तीन जगह रखकर क्रमशः १०, ८ और १० से गुणा करें, आखिरी गुणनफल को तीन से भाग देवें तो तीनों चरखण्ड हो जायेंगे ॥ ३ ॥

---

१ पूर्वपाठः—वेदवेदखवह्निभि रित्यादि।

२ एतेन गतकलेरानयनं क्रियते। कलियुगादेश्चतुश्चत्वांरिंशदधिकत्रिसहस्रमितवर्षेषु व्यतीतेषु श्रीविक्रमवत्सरारम्भः सर्वत्र प्रसिद्धः। तेनेष्टविक्रमसंवत्सरमाने विक्रमात् पूर्वं लिखितगतकलिमान प्रक्षिप्यते तदा कल्यादेरिदानीं यावत् गतकलिमानमपेक्षितं जायत इति युक्तमेव कथनम्।

३ अत्र युक्तिः—सायनः स्पष्टरविर्यस्मिन् दिने सायनमेषतुलादौ भवति तस्मिन् दिने नाडीमण्डले सूर्यस्यावस्थानमिति तदेव विषुवद्दिनमुच्यतेऽथ तच्च नाडीवृत्तं लङ्का-देशीयपूर्वापरम्। अतस्तद्दिनमध्याह्नकाले द्वादशाङ्गुलशङ्कोश्छायाभावः सूर्यस्य खमध्य-स्थत्वात् लङ्कातिरिक्ते साक्षदेशे तु न तत् सममण्डलन्तेन तद्दिनेऽपि मध्याह्ने तच्छङ्कु-च्छाया समुत्पद्यते खमध्येतरप्रदेशस्थत्वात् सूर्यस्य, सैव छाया पलभा विषुवती चेति कथ्यते, तथा चेत्तावदेकाङ्गुलां पलभां प्रकल्प्य तद्दिनजचरमानानयनार्थम्—

"अक्षप्रभासगुणितापमज्या तद्द्वादशांशो भवति क्षितिज्या।
सा त्रिज्यकाघ्नी विहृता द्युमौर्व्या चरज्यकाऽस्याश्च धनुश्चरं स्यात् ॥"

इति भास्करकथनानुसारेण राशित्रयस्य पृथक् २ चराणि समानीय तान्यधोऽधः-शुद्धानि जातानि चरखण्डकानि १०, ८, ३$\frac{1}{3}$। तत इष्टाङ्गुलपलभाजनितखण्डज्ञानार्थ-मनुपातो यद्येकाङ्गुलमितया पलभया समानीतानि (१०, ८, ३$\frac{1}{3}$) चरखण्डकानि लभ्यन्ते तदेष्टाङ्गुलपलभया किमिति त्रैराशिकतः पलभा स्थानत्रयस्था (खण्डगुणनरीत्या) एभिः पृथक् २ गुणिता फलमिष्टचरखण्डानीति तत्रान्तिमो गुणकः ३ + $\frac{1}{3}$ सवर्णितः $\frac{10}{3}$ तदान्तिमखण्डे हरोऽपि त्रिमितो भवेद्यथा वरूपेण = १० पभा, ८ पभा, $\frac{10}{3}$ पभा एवं भवेत्। एतेन 'गुणोद्धृतान्त्ये'—त्यन्तमुपपद्यते। अत्र त्रैराशिकानुपातो न तथा युक्त इति जानतोपि परम्परातः समादृतानि खरखण्डानि दर्शितान्याचार्येणेति।

उदाहरण—

जैसे दरभङ्गा की पलभा ६ अङ्गुलात्मक है, इसे तीन जगह रखकर सूत्रानुसार १०, ८ तथा १० से गुणने पर तीनों खण्ड क्रम से ६०।४८।६०, अन्तिम में तीन से भाग देने पर २० लब्धि हुई ∴ ६०।४८।२० ये तीनों चरखण्ड हुए। जहाँ सावयव पलभा हो वहाँ गुणनफल के अग्रिम अवयव में साठ से भाग देना चाहिये।

भुजकोट्यानयनम्—

त्र्यूनं भुजः स्यात्त्र्यधिकेन हीनं
भार्द्धं च भार्द्धादधिकं विभार्द्धम्।
नवाधिकेनोनितकर्मभं च
भवेच्च कोटिस्त्रिगृहं भुजोनम्॥ ४॥

यदि किसी ग्रह की राश्यादि तीन राशि से अल्प हो तो वही भुज जानना यदि तीन राशि से अधिक हो तो छः राशि में घटा देने से शेष भुज, तथा छः से अधिक हो तो उसी में छः राशि घटा देने से शेष भुज होगा एवं नौ राशि से यदि ग्रहराश्यादि अधिक हो तो १२ बारह राशि में घटाने से शेष भुज होगा, ऐसा जानना। इसी तरह भुज को तीन राशि में घटाने से शेषमित कोटि कही गयी है॥ ४॥

उदाहरण

जैसे रविमन्दकेन्द्र १।२।४।२५ राश्यादि है तो इसे तीन राशि से कम होने के कारण यही भुज हुआ। इसको तीन राशि में घटाने से शेष (३।००।००।००)−(१।२।४।२५)= १।२७।५५।३५ यही कोटि हुई।

---

१ अत्रोपपत्त्यर्थं तावद्भुजकोटिस्वरूपं प्रदर्श्यते—समायां भूमावभीष्टत्रिज्याव्यासार्द्धेन वृत्तं विधाय पूर्वादिदिगङ्कितं कृत्वा षष्ट्यधिकशतत्रयमितान् (३६०) भागानङ्कयेत्। तत्रोर्ध्वरेखा तिर्य्यग्रेखा च विधेया, एवं कृते वृत्ते चत्वारः समा विभागाः स्युस्तिर्यगूर्ध्वरेखयोर्मिथो लम्बरूपत्वात्, तेषां पदसंज्ञाऽर्थान्नवत्यंशान् यावत् प्रथमपदम्, ततः साशीतिशतांशान् यावद् द्वितीयपदम्, ततः सप्तत्यधिकशतद्वयांशान् यावत् तृतीयपद, शेषं चतुर्थपदमिति कृतवृत्ते स्थितिः। तेषां चतुर्णां पदानां प्रथमपदे यद्गतं तज्ज्या भुजो दोर्ज्यारूपः, तदूननवत्यंशा कोट्यंशाः भुजोनत्रिज्या वा-कोटिः। द्वितीयपदे यदैष्यं तज्ज्या भुजः, तदूनत्रिज्या कोटिरेवमग्रेऽपि तृतीयपदे यत्र ग्रहो विद्यते तस्मात् पूर्वं द्वितीयपदान्तं यावद् भुजस्तदूना त्रिज्या कोटिश्चतुर्थेऽपि द्वितीयपदस्थितिवत् कोटिभुजौ। एवमत्र पदस्थितिवशेन प्रथमपदे यदागतं (त्र्यल्पं) भुजः, द्वितीयपदे च (त्र्यधिकं केन्द्रं) भार्धात् (षड्राशिभ्यः) हीनं सत्, तृतीयपदे षड्भाधिकत्वात् केन्द्रस्य षड्भोनं भुजः, चतुर्थे नवराशिभ्योऽधिके केन्द्रे तदूना भांशा भुजांशा इति फलति। सर्वमिदं 'अयुग्मे पदे यातमैष्यं तु युग्मे भुजो बाहुहीनं त्रिभं कोटिरुक्ता'—इति भास्करानुकूलमेवेति।

अथायनांशानयनम्—

अथ शराब्धियुगै रहितः शको व्यपहृतः खरसैरयनांशकाः ।
मधुसितादिकमासगतं प्रति शरपलैः सहितं कुरु सर्वदा ॥ ५ ॥

वर्त्तमान शाका में ४४५ घटा देने से जो शेष रहे (कलात्मक) उसको ६० से

---

१ अत्र प्रथमं तावदयनांशाः के, किंप्रदेशीया इति प्रदर्शनार्थं सृष्ट्यादौ नाडी-क्रान्तिमण्डलयोर्यत्र सम्पातः स स्थिरमेषादिनाम्ना परिभाषितस्तस्मादाधुनिकसम्पातपर्यन्तं क्रान्तिवृत्तेऽयनांशाः । ननु सृष्ट्याद्याधुनिकसम्पातयोर्वैभिन्न्यकथनात्सम्पातस्य गतिरित्ये-तदर्थं वेधोपायो यथा–कस्मिन्नपि रात्रिगतेष्टकाले यन्त्राकाशे किमपि नक्षत्रबिम्बं दृष्टं तदु-परिगतकदम्बप्रोतवृत्तक्रान्तिवृत्तयोः सम्पातस्थानं स्थिरमेषादेर्गणनीयम् । एवमन्यरात्रावपि तन्मित एवेष्टकाले वेधेन तद्बिम्बस्थाननिर्देशादिकं कार्यम् । अथ यदि तद्दिनद्वयजं तुल्यं तदा स्थिरत्वमन्यथा चलत्वमिति प्रतिदिनं वेधतोऽतुल्यमेव दृष्टमाद्याचार्यैरतो न क्षरतीति नक्षत्रमिति नक्षत्रशब्दव्युत्पत्तिपरिसिद्धतद्बिम्बस्थैर्यात् सम्पातस्य चलनं निर्णीतं तदपि साम्प्रतिकं पश्चिमाभिमुखमुपलक्षितम् । सम्पातो हि नियतदैनिकगतिवशतः सप्तविंशत्यं-शान् यावत् (स्थिरमेषादेः पश्चिमभागे) गच्छेत् ,ततः परावृत्य स्थिरमेषादिमेत्य पूर्वाभि-मुखं भवतीति ।

अत्र प्रकृतायनांशानयनविचारे आचार्येणायनांशस्य गतिर्दशप्रतिविकलामिता दैनिकी स्वीकृता, यदनुसारेण मासे १० × ३० = ३००'') त्रिशतमिताः प्रतिविकलाः (षष्टिहृता विकला इति $\frac{३००}{६०}$ = ५'') पञ्च विकला जाताः । वर्षे षष्टिविकलाः (५'' × १२ = ६०'' षष्टिभक्ताः) १' एका कला, तेनैककलामितवार्षिकगत्या ह्ययनांशाभावकालादिष्टवर्षपर्यन्तं यो वर्षगणस्तन्मिता अयनकला इति वर्तमानशकवर्षे ४४५ एभिः शोधिते इष्टशक—४५ = अकलाः, षष्टिभक्ता अयनांशाः इशक—$\frac{४४५}{६०}$ एतेन 'व्यपहृतः खरसैरयनांशका' इत्यन्तमुपपद्यते ।

इदमयनांशानयनं वर्षादिभवं जातमिष्टकालिकज्ञानार्थं, वर्षादेरिष्टमासान्तं यावन्मिता मासास्तद्गुणितपञ्चविकलास्तत्र योज्याः, यतो मासिकगतिः पञ्चकलात्मिका पूर्वमेव प्रद-र्शिता, तेनस र्वमुपपन्नमाचार्योक्तम् , इह वर्त्तमानमासस्यावयवदिनादिजायनांशगतिरल्पत्वा-दुपेक्षितेति स्पष्टमेव ।

इदमयनांशानयनं स्थूलं यतोऽन्याचार्यैस्सर्वत्र नवप्रतिविकलामितैव दैनिकी तद्गति-रुपलब्धा तथैव बहुत्र समादृतत्वादतस्तदनुकूलायनांशज्ञानमावश्यक यत्र च तदभावकालो-प्यन्य एव ४२१ तमः शको गृहीतः । तद्वशतोऽनुपातेनैकमासे सार्धाश्चतस्रो विकलाः

$$\frac{९'' \times ३० =}{१} = \frac{९ \times ३०''}{६०} = \frac{९}{२} = ४ \times \frac{१}{२}$$ वर्षे च चतुःपञ्चाशद्विकलाः

$$\frac{\frac{९}{२}'' \times ३६०}{३०} = \frac{९ \times १२''}{२} = \frac{१०८''}{२} = ५४''$$ अयनगतिः । तेनेष्टशको भूनेत्रवेदोन-स्तदायनांशाभावकालादिष्टवर्षादि यावच्छेषमितो वर्षगणो भवति (इश-४२१)= शे. ।

भाग दे तो लब्धि अंशात्मक होती है इसी को अयनांश कहते हैं [इस तरह वर्षादि कालीन अयनांश होता है] इष्टसमय का अयनांश लाने के लिये चैत्रादि गत मास को पांच से गुणाकर गुणनफल गतवर्षान्त कालीन अयनांश में मिला दे तो इष्ट मास तक का अयनांश होता है। यों आगे भी सूक्ष्मता के लिये अपनी बुद्धि से काम लें ॥ ५ ॥

अथानेनानुपातो यदि वर्षेणैकेन चतुःपञ्चाशदयनविकलास्तदा शेषवर्षैः-(इश-४२१) रेभिः कियत्य इति फलम् $= \frac{५४ (इश-४२१)}{१}$ षष्टिभक्ताः कलाः, पुनः षष्टिभक्ता भागास्त एवायनांशाः $= \frac{५४ (इश-४२१)}{६० \times ६०} = \frac{५४ (इश-४२१)}{३६००}$ अत्राष्टादशभिर्भाज्यहारयोरपवर्त्तनतो वर्षादिकालीनायनांशाः $= \frac{३ (इश-४२१)}{२००}$ एतेन तद्यासङ्गिकं मदीयं प्रथमपद्यमुपपद्यते यथा--

"शको भूनेत्रवेदोनस्त्रिनिघ्नो द्विशतैर्हृतः।
फलं वर्षादिकालीनाः प्रभवन्त्ययनांशकाः ॥ १ ॥"

तत इष्टार्कराशिसम्बन्ध्ययनांशावयवज्ञानार्थमनुपातो यद्येकस्मिन् मासे सार्धाश्चतस्रो विकला अयनगतिरुपलभ्यते तदा रविनिष्ठराशिषु कियत्य इति वर्षादितो गतमासान्तावध्ययनविकलाः $= \frac{(४ \times \frac{१}{२} \times र.निरा.)}{१} = \frac{९ र. नि. रा.}{२}$ फलमिदं वर्षादिकालीनायनांशेषु योज्यं तदा मासादिभवा भवन्तीत्यनेन द्वितीयं मदीयपद्यमवतरति यथा—

"द्वाभ्यां हृतान्नन्दगुणार्कराशेः फलेन युक्ता विकलात्मकेन।
वर्षादिकालीनचलायनांशा निजेष्टमासादिगता भवेयुः ॥ २ ॥"

ततस्तथैव रविभुक्तांशजातायनांशज्ञानार्थमनुपातेन विकलाः $= \frac{५४ \times रभुअं}{३६०} = \frac{३ \times रभुअं}{२०}$ फलमिदं मासादिजायनांशेषु सहितं तदेष्टदिनादिभवाः स्युः, एतेन तृतीयमपि मत्पद्यमुपपद्यते यथा—

"रवेर्भागास्त्रिगुणिता नखाप्तविकलान्ततः।
मासादिजायनांशाढ्या जायन्ते स्वदिनादिजाः ॥ ३ ॥"

अथ नवप्रतिविकलामितदैनिकसूक्ष्मायनगतिज्ञानाय युक्तिः–'त्रिंशत्कृत्वो युगे भानां चक्रं प्राक् परिलम्बते' इति सूर्यसिद्धान्तानुसारेणैकमहायुगेऽयनभगणाः=६००, एकस्मिन्नयनभगणेंऽशमानम् = १०८, एकमहायुगे सौरवर्षमानम् = ४३२००००, ततोनुपातो यदि युगसौरवर्षैः ४३२ ०००० एभिरयनभगणाः ६०० लभ्यन्ते तदैकेन वर्षेण किमित्येकवर्षेऽयनभगणः $= \frac{६०० \times १ वर्ष}{४३२०००० वर्ष} = \frac{१}{७२००}$ फलमिदं भगणात्मकमतः १०८ एभिर्गुणितमंशात्मकम् $= \frac{१०८}{७२००}$, ततः षष्टिगुणितं कलात्मकम्, पुनः षष्टिगुणितं विकलात्मकं,

उदाहरण--

जैसे शाके १८५२ ज्येष्ठ शुक्ल द्वितीया शुक्रवार को अयनांश लाना है तो सूत्र के अनुसार वर्त्तमान शाके १८५२--४४५ = १४०७ शेष रहा, इसमें ६० का भाग देने के लिए न्यास--

६०) १४०७ (२३ = अंश
१२०
२०७
१८०
२७ = शेष कला, अर्थात् २३°।२७'

इसमें चैत्रशुक्ल प्रतिपदा से गिनने पर पूरे गतमासों की संख्या ज्येष्ठ कृष्ण अमावस तक २ हुये जिसे पांच से गुणाकर २ × ५ = १० विकला और जोड़ दिया तो अयनांश २३°।२७'।१०" हुआ । यह अयनांश स्थूल है, सूक्ष्म जानने के लिए टिप्पणी में प्रकार दिया गया है ।

अथ दिनमानमिश्रमानानयनप्रकारः—

स्पष्टार्कायनभागयुक्तभुजवद्भुक्तर्क्षतस्तच्चरं
धृत्वा भोग्यचरघ्नबाहुलवतः खाग्न्यु-३० द्धृतैस्तैर्युतः ।
मेषात्खं शरवारिधी ४५ ऋणमथो कुर्यात्तुलादौ स्फुटं
तन्मिश्रं द्विगुणं द्युमानमुदितं रात्रेस्तु षष्ट्यन्तरम् ॥ ६ ॥

यदि स्पष्ट सायन रवि का भुज के राशिस्थान में शून्य हो तो अंशादि को प्रथम

पुनश्च षष्टिगुणितं सत्प्रतिविकलात्मकं स्यादिति कृते स्वरूपम् = $\frac{१०८ \times ६०' \times ६० \times ६०''}{७२००}$ = १०८ × ३० = ३२४०''' = एकवर्षसम्बन्ध्ययनप्रतिविकलाः । पुनरनुपातो यदि ३६० दिनेषु ३२४०''' अयनगतिर्लभ्यते तदैकदिने किमिति स्वरूपम् = $\frac{३२४० \times १}{३६०}$ = ९''' = एकदिनजायनगतिः सिद्धा ।

१ अत्रोपपत्तिः—'मेषादिगे सायनभागसूर्ये' इत्यादिना सर्वराशीनां चराण्यवगतानि पूर्वमेव, अधुना तद्वशतो दिनमिश्रमानानयनं क्रियते । अत इष्टार्कराशिजनितचरपलसाधनार्थं सायनार्कस्य भुजं समानीय तन्मितचरखण्डयोगः कार्यस्ततोंऽशादिजातचरार्थमनुपातो यदि त्रिंशद्भिरंशैरग्रिमखण्डं (भोग्यखण्डं लभ्यते तदेष्टसायनार्कभागादिभिः किमिति फलं गतखण्डयोगे योज्यं तदेष्टचरपलानि भवेयुः । अथ पूर्वोन्मण्डलादधो याम्योत्तरवृत्तावधि पश्चिमभागेऽहोरात्रवृत्तं पञ्चत्वारिंशद्घटिका यतोऽहोरात्रवृत्तं षष्टिदण्डात्मकं याम्योत्तरोन्मण्डलाभ्यां मिथो लम्बरूपाभ्यां मिलितं सत् पञ्चदशघटीसमखण्डचतुष्टयात्मकं वर्त्तते, तच्चापेक्षितं खण्डं खण्डत्रययोगरूपम् । तत्र यद्युदयक्षितिजोन्मण्डल-

चरखण्ड से गुणा करे, यदि एक हो तो उसे छोड़ कर सिर्फ अंशादि को द्वितीय चर-खण्ड से एवं दो होने से अन्तिम चरखण्ड से गुणने से जो गुणनफल हो उसमें तीस से भाग देकर लब्धि में पूर्व चरखण्डमान सहित करे तो चर होगा। अब यदि सायन स्पष्टार्क मेषादि छः राशि के भीतर है तो ४५ में चरघटी जोड़ने से, न चेत् तुलादि छः राशि के भीतर हो तो ऋण करने से स्पष्ट मिश्रमान घटी पलात्मक होता है। मिश्रमान में तीस घटाने से शेष को द्विगुणित करे या पहले ही दूना कर ६० घटा दे तो दिनमान होगा तथा ६० में मिश्रमान या मिश्रमान में दिनमान घटाकर शेष को दूना करने पर रात्रिमान जानना ॥ ६ ॥

उदाहरण—

जैसे शाके १८५२ ज्येष्ठशुक्ल द्वितीया को स्पष्ट रवि १।१५।४४।७ है, इसमें अयनांश २३।२३ जोड़ने पर २।६।७।७ हुआ, यह तीन राशि से कम है, अतः भुज यही हुआ, इसके अंशादि ६।७।७ को तीसरे चरखण्ड २० से गुणा किया १८०।१४०। १४० = १८२।२२।२०, तीस का भाग दिया तो लब्धि ६।४।४४ इसमें गत चरखण्डों का योग ६० + ४८ = १०८ जोड़ दिया तो पलात्मक चर ११४।४४।४४ इसमें साठ का भाग देने से चरघटी १।५४ अब स्पष्टसूर्य को मेषादि में होने के कारण इसे ४५ में जोड़ने से १।५४ + ४५ = ४६।५४ मिश्रमान हुआ। मिश्रमान में ३० घटाया तो शेष १६।५४ रहा, इसको दूना किया ३३।४८ यह दिनमान हुआ। इसे साठ में घटाने से २६।१२ यह रात्रिमान हुआ।

प्रकारान्तरेण दिनमानानयनम्—

अयनादिकवासररामहता गगनानलबाणशशाङ्कयुताः।
परिभाजितशून्यरसैर्घटिका मकरादिदिनं कर्कादिनिशा ॥ ७ ॥

योरन्तररूपं चरपलमितं सौम्ययाम्यगोलक्रमेण युतोनितं क्रियते तदोदयक्षितिजादधोया-म्योत्तरवृत्तावधिका घटिका मिश्रमानाख्याः स्युर्यतो दिनमानरात्र्यर्धयोर्योगस्यैव तत्संज्ञ-कत्वात्, दिनमानं च क्षितिजादुपरिगतं रात्रिदलञ्चास्तक्षितिजादधोयाम्योत्तरवृत्तावधि-कमस्ति। अथ मिश्रमान द्विगुणं षष्टियुतेन दिनमानेन समं तस्य त्रिंशद्दिनार्धयोगरूप-त्वादतो द्विगुणमिश्रमानं षष्टिहीन दिनं स्यादेव। एवं दिनमानेनोनं मिश्रमान द्विगुणं रात्रिमानं भवतीति सर्वमाचार्योक्तमुपपन्नम्।

१ अत्रैतत्पद्यसिद्ध्यर्थं तत्र देशे स्पष्टसूर्यवशतो यदा घट्यात्मकं चरम् २।१५ भवेत्तदैव कथितप्रकारेण कथञ्चिदपि स्थूलरीत्या दिनमानाद्यानयनं युक्तं यथा—

"चरघटीसहिता-रहिताः क्रमात्तिथिमिता घटिकाः खलु गोलयोः।
भवति तद्द्युदलं निजसावनखगुणतः पतितं रजनीदलम् ॥"

इति भास्कराचार्योक्त्यनुसारेण मकरादौ परमाल्पदिनदलम् = १५–२।१५ = १२।४५ द्विगुणितं दिनमानम् = २५।३० अतो रात्रिमानं परमम् = ६०–२५। ३० = ३४।३० एव-मुत्तरोत्तरदिनस्योपचयो रात्रिमानस्यापचयस्तेन षण्मासान्ते कर्कादौ दिनं परमम् = ३४।३०,

अयनारम्भ से इष्ट दिन तक जितने गत पूर्ण मास हो उनको तीस से गुणा कर वर्त्तमान मास की गत-दिन-संख्या जो हो वह जोड़ दे और तीन से गुणा कर १५३० मिलावे तब साठ से भाग देने से लब्धिमान दिनमान वा रात्रिमान होगा, अर्थात् सौम्यायन में दिनमान और याम्यायन में षष्ठिलब्ध फल रात्रिमान होता है। दिनमान को ६० में घटाने से रात्रिमान तथा रात्रिमान को ६० में घटाने से दिनमान होना स्पष्ट ही है ॥ ७ ॥

उदाहरण—

जैसे पौष शुक्ल चतुर्दशी की रात्रि में मकर की संक्रान्ति हुई है, वहाँ से ज्ये. शु. २ तक गिनने से दिन संख्या १३७ हुई, इसको ३ से गुणा किया ४११ इसमें १५३० और मिलाया १९४१ इसको ६० से भाग लेने पर लब्धि ३२।२१ मिली, यह दिनमान हुआ, क्योंकि मकरादि से दिनों की संख्या ली गई है। यह स्थूल है, अतः पहले प्रकार से साधन करना अच्छा होगा। दिनमान पर से मिश्रमान लाना हो तो उसे साठ में घटाकर रात्रिमान २७।३९ रहा, इसका आधा १३।४९ दिनमान ३२।२१ में मिला दिया तो ४६।१० मिश्रमान हो गया।

तात्कालिकस्पष्टग्रहानयनम्—

गतैष्यदिवसाद्येन गतिर्निघ्नी खषड्हृता।
लब्धमंशादिकं शोध्यं योज्यं स्पष्टो भवेद् ग्रहः ॥ ८ ॥

रात्रिः परमाल्पा = २५।३०, एवमत्र वर्षे परमाल्पपरमाधिकदिनयोरन्तरम् = ३४।३०−२५।३० = ९।० पलीकृतम् ९ × ६० = ५४० ततस्त्रैराशिकेनानुपातो यन्मासषट्केनार्थादशीत्यधिकशतमितदिनैः ५४० मितपलानि दिनवृद्धिमानमुपलभ्यते तदा मकरादित इष्टदिनं यावद्दिनसंख्यया किमिति स्वरूपम् = $\frac{\text{५४० × अयनदिनं}}{\text{१८०}}$ = ३ × अयनदिनं, फलमिदं पलात्मकं परपरमाल्पदिनमाने युतं तदेष्टदिनमानं स्यात्। तच्चैवम्, इष्टदिनमा० = २५।३० + ३ अयन दिन = २५ × ६०' + ३०' + ३ अ. दि. = १५००' + ३०' + ३ अ. दि. = १५३० + ३ × २ अ दि। फलमिदं पलात्मकमतः षष्टिभागतो घट्यात्मकमभीष्टम् = $\frac{\text{१५३० + ३ × अ.दि}}{\text{६०}}$। एतदूना षष्टी रात्रिः। एवं कर्कादितो गणनया वा प्रथमतो रात्रिमानं ततो दिनमानमानेयम्। एतवता 'अयनादिकवासरे'-त्याद्याचार्योक्तपद्यमुपपद्यते। स्थूलत्वमुपरिदर्शितत्रैराशिकग्रहणात् स्फुटमेवेति दिक्।

१ अस्योपपत्त्यर्थन्तावच्चालनस्य धनर्णत्वनिर्णयो यथा कस्यचित् सूत्रम् "पंक्तिः स्वेष्टाब्दवेदग्रपक्त्यामिष्टं विशोधयेत्। तच्चालनमृणं ज्ञेयं धनं ज्ञेयं तदन्यथा ॥" इत्यनुसारेण पञ्चाङ्गस्थितमिश्रमानकालिकसाप्ताहिकस्पष्टग्रहेषु चालनन्दत्त्वाभीष्टदिनकालिका ग्रहाः क्रियन्ते, तत्र यदीष्टकालादग्रतो मिश्रमानं कालस्तयोरन्तरं गतदिनाद्यं तदृणमिति मिश्रमानस्याग्रगतत्वात्। एवं यदीष्टकालोऽग्रगस्तदा धनं तयोरन्तरं चालनात्मकं ज्ञेयम्।

पञ्चाङ्ग में प्रति सप्ताह वल्ली के दिन स्पष्टग्रह बने हुये रहते हैं, परन्तु उसके आगे पीछे (इष्ट दिन में) स्पष्टग्रह का ज्ञान करना इसी प्रकार से होता है। पहले धन या ऋण जैसा चालक हो उससे गोमूत्रिका क्रम से ग्रहगति को गुण दे। तब गुणनफल को साठ से भाग देने लब्धि अंशादिक होती है, अब चालक ऋण हो तो वल्ली दिन के ग्रहों में हीन करने से, यदि धन हो तो धन करने से वर्त्तमान दिन का स्पष्ट ग्रह होता है। (यहाँ इतना ध्यान रखना परमावश्यक है कि राहु केतु एवं वक्री ग्रहों का चालन मार्गी की अपेक्षा विलोम होता है)[1] ॥ ८ ॥

उदाहरण—

जैसे उसी तिथि में शुक्रवार के दिन ४।३ दण्डादि पर वर्षप्रवेश या जन्मकाल है, इसके आगे पञ्चमी रविवार के मिश्रमान (४७।४२) कालिक ग्रह पञ्चाङ्ग में बने हुये हैं। जिसे पंक्ति भी कहते हैं तिस पर से इष्टदिन में चालन देकर ग्रहों का आनयन अपेक्षित है मानो कि पंक्ति में रवि १।१७।३८।३६, तथा उसकी गति ५७।५२ है, अब इष्ट के वारादि ६।४३ से पंक्ति के वारादि १।४७।४२ आगे हैं, चालन देकर ग्रह पीछे के होंगे। इस लिये दोंनों का अन्तर (१।४७।४२-६।४।३) (यहाँ यदि वियोज्य से वियोजक अल्प हो तो ७ जोड़ दें) = ८।४७।४२-६।४।३ = २।४३।३९ = रात दिवसादि, इसको चालन ऋणात्मक कहते हैं। क्योंकि—"पंक्तिः स्वेष्टाद्भवेदग्रे पंक्त्यामिष्टं विशोधयेत्। तच्चालनमृणं ज्ञेयं धनं ज्ञेयं तदन्यथा॥" इसके अनुसार ऋण ही सिद्ध होता है। अब इसको रवि की गति ५७'५२" से गुणने के लिये न्यासः—

२ ४३।३९ × ५७ = ११४।२४५१।२२२३

२।४३।३९ × ५२" = १०४।२२३६।२०२८

∴ गुणनफल = ११४।२५५५।४४५९।२०२८

इस में अग्रिम खण्ड ६० से ज्यादः है, इसलिये उसमें ६० से भाग देकर पीछे जोड़ते २ गुणनफल = १५७।४६।५२।४८ इसमें ६० से भाग दिया तो अंशादि लब्धि

अथ प्रकृतोपपत्तिः—यद्येकदिने ग्रहगतिकला लभ्यन्ते तदा मिश्रेष्टकालयोरन्तरे चालनात्मके किमिति त्रैराशिकानुपातेनागता गतैष्यदिनादिः जाता ग्रहगतिकलास्तत्स्वरूपम् = चासंगकं = $\frac{\text{ग्र.ग.क.} \times \text{ग ऐदि}}{1}$ कलाः षष्टिभक्ता अंशाः षष्टिकलानामंशत्वात्, अतः चासंग्र.

ग. अं. = $\frac{\text{ग्र.ग.क.} \times \text{ग.ऐ.दि.}}{60}$

फलमिदं मिश्रमानकालात्पूर्वगतेष्टमाने मिश्रमानकालिकग्रहेषु हीनं तथैष्यदिवसादिजातफलन्तेषु धनं कार्यन्तदाऽभीष्टकालिका ग्रहाः स्युरिति सर्वमुपपन्नम्।

१ अत्रैकत्र पुस्तकटीकाकारकृतं मूलनिक्षिप्तं पद्यमुपलब्धमन्यत्र प्राचीनपुस्तकेच-"मिश्रष्टान्तरगुणिता युक्तैर्दिवसे निशादले प्रथमे। रात्र्यर्ध-मीष्टान्तरहता परे त्वष्ट-मिश्रयोगेन॥" एवं पाठः। परन्तु नैतावतापि प्रतिपदजनिता सिद्धिरिति ग्रन्थस्यास्य संग्रहरूपत्वेन निश्चयान्नीलकण्ठीगत एव पाठोऽरक्षि मयेति।

मिली २।३७'४६" इसे रवि के राश्यादि में घटाया १।१७।३८।३६"–२।३७'।४६" = १।१५।००।४७ यह इष्ट-कालसम्बन्धी रवि हुआ, इसी तरह कुजादि ग्रहों का भी साधन करना चाहिये ।

अथ स्पष्टचन्द्रतद्गतिसाधनम्—

खषड्घ्नं भयातं भभोगोद्धृतं तत् खतर्कघ्नधिष्ण्येषु युक्तं द्विनिघ्नम् ।
नवाप्तं शशी भागपूर्वस्तु भुक्तिः खखाभ्राष्टवेदा भभोगेन भक्ताः ॥६॥

भयात को साठ से गुण दे, भभोग से भाग दे, तब जो लब्धि हो वह साठ से गुणा किए हुए गत नक्षत्रों की संख्या में जोड़ दे, फिर दो से गुणा करे, नौ से भाग दे, यों जो लब्धि आवेगी वह अंशादि चन्द्रमा होगा । इसकी गति लाने के लिये उपाय यह है कि ४८००० इसको भभोग से भाग दे तो स्पष्ट चन्द्रगति होती है । यहाँ जन्मकालीन नक्षत्र का गतमान भयात एवं सम्पूर्ण मान भभोग कहलाता है, वे प्रायः सावयव (घटी-पलात्मक) होते हैं । इसलिये इनसे गुणन या भजन व्यवहार के लिये ऊर्ध्वस्थित को साठ से गुण कर आगे का जोड़ दे तो एकजातीय होगा, पर इतना ख्याल रखना

---

१ अत्रोपपत्तिः—चन्द्रो हि सर्वग्रहेभ्योऽधिकगतिरिति तदानयनन्तद्भुक्तनक्षत्रेभ्यः क्रियते, तदर्थमनुपातो यदि भभोगघटीभिरेकं नक्षत्रं लभ्यते तदा भयातघटीभिः किमिति फलं वर्त्तमाननक्षत्रस्य गतावयवरूपम् = $\frac{\text{१} \times \text{भया}}{\text{भभा}}$ फलमिदमश्विन्यादिगतनक्षत्रसंख्या-सहितं तदाऽश्विन्यादिकं चन्द्रभुक्तनक्षत्रमानम् = गन + $\frac{\text{भया}}{\text{भभो}}$ पुनरनुपातो यदि सप्तविंशतिनक्षत्रैर्भांशाः ३६० लभ्यन्ते तदा चन्द्रभुक्तनक्षत्रैः क इति जाताश्चन्द्रभुक्तांशाः

$$= \frac{\text{३६०} \times \text{आनीत}}{\text{२७}} = \frac{\text{३६०}\left(\text{गन} + \frac{\text{भया}}{\text{भभो}}\right)}{\text{२७}} = \frac{\text{६} \times \text{६०}\left(\text{गन} + \frac{\text{भया}}{\text{भभो}}\right)}{\text{९} \times \text{३}}$$

$$\text{खण्डगुणनतः} = \frac{\text{६}\left(\text{६०गन} \times \frac{\text{६०} \times \text{भया}}{\text{भभो}}\right)}{\text{९} \times \text{३}} \; \frac{\text{२}\left(\text{६०गन} \times \frac{\text{६०} + \text{भया}}{\text{भभो}}\right)}{\text{९}}$$ [त्रिभिरपवर्त्तनतः]

एतेन'·······शशी भागपूर्वः' इत्यन्तमुपपन्नम् । अथ चन्द्रगतेरानयनम्—तत्रैकनक्षत्रस्य मध्यमभोगकलाज्ञानार्थं चक्रकलाः सप्तविंशत्या भक्ताः सत्यो भवंतीति $\frac{\text{२१६००}}{\text{२७}}$ =८०० ('भभोगोऽष्टशतीलिप्ताः' सूर्यसिद्धान्तेऽपि) ततोऽनुपातो यदि भभोगघटीभिरष्टशतानि कला लभ्यन्ते तदा षष्टिघटीभिः का इति समागता तात्कालिकी चन्द्रगतिः = $\frac{\text{८००} \times \text{६०}}{\text{भभो}} = \frac{\text{४८०००}}{\text{भभो}}$ = चंगकं । एतेन "भुक्तिः खखाभ्राष्टवेदा भभोगेन भक्ताः" इत्यन्तं सर्वमुपपन्नम् ।

जरूरी है कि यों करनेसे यह पूर्व का षष्ट्यंश हो जाता है। अतः भाज्य को भी साठ से गुण कर इस नवीन भाजक से भाग दे तो उचित लब्धि आती है। जैसे कि ४८००० में केवल भभोग का भाग देने से चन्द्रगति होगी, परन्तु भभोग पूर्ववत् एकजातीय है। अतः ४८००० को भी साठ से गुणा कर भाजक से भाग देना चाहिये, नहीं तो बहुत अशुद्ध हो जायगा ॥ ६ ॥

उदाहरण—

जैसे उसी दिन इष्टकाल ३।४ पर आर्द्रा नक्षत्र का भुक्त जिसे भयात कहते हैं घट्यादि ६।५ तथा भभोग ५६।४३ (भयात भभोग बनाने का प्रकार आगे पाँचवें अध्याय में देखना) अब क्रिया दिखलाने के लिए दोनों को एक जाति करने से भयात पल=६×६०+५=५४०+५=५४५, भभोग पल=५६×६०+४३=३३६०+४३=३४०३ हुआ। तब सूत्रानुसार भयात ५४५ को ६० से गुणा किया तो ३२७०० हुआ, इससे भभोग ३४०३ से भाग देने के लिये न्यास—

```
३४०३ ) ३२७०० ( ६।३६।३३
        ३०६२७
        -----
         २०७३
         ×६०
        -----
३४०३ ) १२४३८० ( ३६
        १०२०९
        ------
         २२२९०
         २०४१८
        ------
          १८७२
          ×६०
        ------
३४०३ ) ११२३२० ( ३३
        १०२०९
        ------
         १०२३०
         १०२०९
        ------
            २१ = शेष अनावश्यक को छोड़ दो।
```

इस तरह भाग देने पर लब्धि ६।३६।३३ इसमें गतनक्षत्र मृगशिरा की संख्या ५ को ६० से गुणकर ५×६०=३०० जोड़ दिया तब ३०६।३६।३३ इसे दूना करने पर ६१३।१३।६ नौ से भाग पूर्ववत् दिया जैसा—

```
 ९ ) ६१६।१३।६ ( ६८।४८।७
     ५४
     ---
     ७६
     ७२
     ---
      ७
     ×६०÷१३
     ---------
 ९ ) ४३३ ( ४८
     ३६
     ---
      ७३
      ७२
      ---
       १
      ×६०+६
      -------
 ९ )  ६६ ( ७
      ६३
      ---
```

३ शेष त्याग दो तो अंशादि लब्धि क्रमागत मिली ६८।४८।७, इसके प्रथम खण्ड में ३० से भाग देने पर राश्यादि चन्द्रमा २।८।४८।७ हुवा।

अब गति बनाने के लिए भभोग पलात्मक ३४०३ लिया गया है, इसलिये ४८००० को भी साठ से गुण दिया तो २८८०००० हुआ। इसमें भभोग का भाग देने के लिये न्यास—

```
३४०३ ) २८८०००० ( ८४६
       २७२२४
       -------
        १५७६०
        १३६१२
        -------
         २१४८०
         २०४१८
         -------
          १०६२
          ×६०
३४०३ )   ६३७२० ( १८
          ३४०३
          -------
          २९६९०
          २७२२४
          -------
          २४६६ = शेष।
```

शेष अनपेक्षित है। अतः चन्द्रमा की कलात्मिका स्पष्टगति ८४६।१८ आयी॥

अथ भावचक्रानयनम्—

ज्ञेयोऽत्र प्रथमं हि जन्मसमयस्तुर्यादियन्त्रैः[2] स्फुटं
तत्कालप्रभवा विलग्नसहिताः कार्यास्ततश्च ग्रहाः ।
सिद्धान्तोक्तपरिस्फुटोपकरणैः स्वैर्वासकृत्कर्मणा
भावाः खेटदृशो बलानि च ततस्तेषां विचिन्त्यानि षट् ॥१॥

पहले किसी यन्त्र के द्वारा ठीक जन्मकाल फिर सिद्धान्त या सूक्ष्मकरण के अनुसार तन्वादि द्वादश भाव, स्पष्टग्रह तथा स्पष्ट-ग्रह-दृष्टि, स्थानबल, उच्चबल आदि षड्वर्ग को भली-भाँति जानकर फलाफल विचारने के लिये उद्यत होना चाहिये ॥ १ ॥

वदन्ति[3] भावैक्यदलं हि सन्धिस्तत्र स्थितिः स्यादबलो ग्रहेन्द्रः ।
ऊने तु सन्धेर्गतभावजातमागामिजं चाप्यधिके करोति ॥ २ ॥

आसन्न दो भावों का योगार्द्धस्थान संधि कही जाती है। वहां स्थित ग्रह दुर्बल होते हैं, शून्य-फल को देते हैं। (सन्धिसमे तु खम्) यदि सन्धि से ग्रह अल्प हो तो पूर्वभाव का फल एवं अधिक होने से अग्रिम भाव का फल देते हैं ॥ २ ॥

---

१ अत्र प्राचीनपुस्तके श्रीपतिकृतमित्थमपि पद्यमुपलभ्यते—
"नत्वा तां गुरुदेवतां त्रिसमयज्ञानोद्गतेः कारणं
तत्पादाम्बुरुहप्रकाशविकसद्वोधो बुधः श्रीपतिः ।
शिष्यप्रार्थनया विचार्य सकलान् होरागमार्थान् मुहु-
र्वक्ष्ये जातककर्मपद्धतिमहं होराविदां प्रीतये ॥"

२ कार्यादियन्त्रैरिति पूर्वपाठः ।

३ वस्तुत आसन्नस्थयोर्द्वयोर्भावयोरन्तरस्य मध्यस्थानमेव सन्धिरिति ताव-त्प्रथमभावस्य विरामरूपो द्वितीयभावस्यारम्भरूपः प्रथमसन्धिः $= \text{प्रभा} + \frac{\text{द्विभा-प्रभा}}{२} = \frac{२\ \text{प्रभा} + \text{द्विभा} - \text{प्रभा}}{२} = \frac{\text{प्रभा} + \text{द्विभा}}{२}$ । तथैव द्वितीयसन्धिः $= \text{द्विभा} + \frac{\text{तृभा-द्विभा}}{२} \frac{२\ \text{द्विभा} + \text{तृभा} - \text{द्विभा}}{२} = \frac{\text{द्विभा} + \text{तृभा}}{२}$ (अग्रेऽप्येवम्) । एतेन 'वदन्ति भावैक्यदलं हि सन्धि'-रित्युपपन्नं भवति ।

अथारम्भसन्धेरल्पराश्यादिर्ग्रहः पूर्वभावे वर्त्तते, तेन तत्फलमपि पूर्वभावजमेवोचि-तन्तथैव विरामसन्धितश्चेद्ग्रहोऽधिकस्तदा तत्फलमग्रिमभावजमेवं सन्धिद्वयमध्यस्थिते खेटे तत्फलमपि सन्धिद्वयमध्यस्थभावजं निबन्धोक्तं भवितुं योग्यमिति 'आगामिजं चाप्य-धिके करोति' इति सर्वमुपपन्नम् । एतत्प्रसङ्गे नीलकण्ठोऽपि युक्तमुक्तवान् यथा—

"खेटे सन्धिद्वयान्तःस्थे फलं तद्भावजं भवेत् ।
हीनेऽधिके द्विसन्धिभ्यां भावे पूर्वापरे फलम् ॥" इति ॥

भावांशतुल्यं खलु वर्तमानो भावो हि सम्पूर्णफलं विधत्ते।
भावोनके चाप्यधिके च खेटे त्रिराशिकेनात्र फलं प्रकल्प्यम् ॥ ३ ॥

यदि कोई ग्रह भावांश के समान होकर स्थित हो तो सम्पूर्ण फल को देनेवाला होता है, इससे कम या ज्यादः जितना हो उसके अनुसार त्रैराशिक रीति के अनुपात से फल लाकर घटाने या जोड़ देने से यथार्थ आता है ॥ ३ ॥

भावप्रवृत्तौ हि फलप्रवृत्तिः पूर्णं फलं भावसमांशकेषु।
ह्रासक्रमाद्भावविरामकाले फलस्य नाशः कथितो मुनीन्द्रैः ॥ ४ ॥

ज्यों ज्यों भाव बढ़ेगा त्यों त्यों फल की वृद्धि होगी। यों भाव समान होने से सम्पूर्ण फल, एवं भाव से बढ़कर विरामसन्धि की तरफ जाने से फल की भी उत्तरोत्तर क्षीणता होती जाती है, ऐसा आचार्यों ने कहा है ॥ ४ ॥

जन्मप्रयाणे व्रतबन्धचौलनृपाभिषेकादिकरग्रहेषु।
एवं हि भावाः परिकल्पनीयास्तैरेव योगोत्थफलानि यस्मात् ॥५॥

इसी तरह जन्मकाल, यात्रा, व्रतबन्ध, चौल, राज्याभिषेक एवं विवाह इनमें द्वादश-भाव तथा स्पष्टग्रह आदि साधन कर तत्कालीन फल कहना चाहिये ॥ ५ ॥

भावसाधनार्थं तावत् स्वदेशोदयज्ञानम्—

लङ्कोदया[1] नागतुरङ्गदस्रा गोऽङ्काश्विनो रामरदा विनाड्यः।
क्रमोत्क्रमस्थैश्चरखण्डकैः स्वैः क्रमोत्क्रमस्थाश्च विहीनयुक्ताः ॥ ६ ॥

---

१ अत्र लङ्कायां मेषादिराशीनामुदयपलानि संसाध्य लिखितानि, तत्साधनप्रकारो यथा—'एकस्य राशेर्बृहती ज्यका ये—' त्यादिना भास्करोक्तः प्रसिद्धोऽपि प्रदर्श्यते। निरक्षेऽपि क्रान्तिवृत्तं तिर्यग्रूपन्तेन तत्पूर्वापर—(नाडीवृत्त)—क्रान्तिमण्डलवशतः क्षेत्राणि चापभवान्युत्पद्यन्ते तज्ज्याक्षेत्रविचारतः प्रथमत्रिभुजं जात्यम् = मेषान्तस्य जीवा कर्णरूपा क्रान्तिवृत्ते, तत्क्रान्तिज्या लङ्काक्षितिजे भुजः, तद्वर्गान्तरपदं भुजकोटिव्यासार्धपरिणता द्व्यक्षोदयलवज्या मेषान्ताहोरात्रवृत्ते कोटिरित्येकं तथैव राशिद्वयस्य जीवा कर्णः, तत्क्रान्तिज्या भुजस्तद्वर्गान्तरपदं वृषान्ताहोरात्रवृत्ते कोटिरिति द्वितीयम्, एवं त्रिज्या कर्णः परमक्रान्तिज्या भुजः, परमाल्पद्युज्या कोटिरिति महत्तमं क्षेत्रम्, एतेषां कर्णभुजयोर्ज्ञानात्कोटिज्ञानं जातमथ त्रिज्यावृत्तपरिणामनाय मेषान्तद्युज्यायां यदि प्रथमत्र्यक्षोदयलवज्या लभ्यते तदा त्रिज्यायां केति विषुवांशज्या यदीयचापं मेषोदयासवः। एवं द्वितीयक्षेत्रे त्रिज्यानुपातात् मेषवृषयोर्योगरूपा उदयासवः। तथैव तृतीयक्षेत्रतो मेषवृषमिथुनानामिति क्रमेणाधोऽधः परिशोधनात्तेषामुदयाः। ये च गणितकरणतः "तेऽभ्राद्रिभूपा १६७० गुणगोऽद्रिचन्द्राः १७९३ सप्ताग्निनन्देन्दु–१९३७ मिता अथैते" इत्यसव उपलभ्यन्ते। अत्रापेक्षिताः पलात्मका इति ते षड्भिर्विहृतास्तदा पलानि "षड्भिः प्राणैर्विनाडी स्या–" दिति परिभाषितत्वात्।

मेषादि राशियों का लङ्का में उदयमान पलात्मक इस तरह है—मेष का २७८, वृष का २९९, मिथुन का ३२३, कर्क का ३२३, सिंह का २९९, कन्या का २७८ एवं तुलादि ६ राशियों का इसका विलोम पलात्मक उदयमान जानना चहिये । अत्र इस पर से स्वदेशोदयमान का इस तरह पता चलता है कि जो देश अपेक्षित हो, वहाँ का चरखण्डा लेकर क्रम से और उत्क्रम से तीन २ के मान में हीन और युत करें तो सभी राशिका मान (स्वदेशोदय) पलात्मक हो जायगा ॥ ६ ॥

उदाहरण—जैसे लङ्का में मेष, वृष, मिथुन के क्रम से उदयमान २७८, २९९, ३२३ है । इसमें अलग २ मिथिला (दरभङ्गा) का चरखण्ड ६०, ४८, २० क्रम से घटाया तो २७८−६० = २१८ मे०, २९९−४८ = २५१ वृ०, ३२३−२० = ३०३ मि०, तथा कर्कादि के लिये विलोम रीति से चरखण्ड २०, ४८, ६० सहित किया तब ३२३+२० = ३४३ = कर्क. २९९+४८ = ३४७ = सिंह, २७८+६० = ३३८ = कन्या, यही उत्क्रम से तुलादि का उदयमान होता है, स्पष्टता के लिये नीचे अलग २ सभी राशियों का उदयपल दिखलाते हैं—

$$[१] = \frac{१६७०}{६} = २७८\frac{२}{६}$$

$$[२] = \frac{१७९३}{६} = २९८\frac{५}{६}$$

$$[३] = \frac{१९३७}{६} = ३२२\frac{५}{६}$$

इहार्धाधिके रूपं ग्राह्यमर्धाल्पे त्याज्यमिति करणरीत्या प्रथमस्थाने शेषत्यागादन्यत्र हरार्धापेक्षया शेषाधिक्यादेकस्वीकाराच्च जातानि पलात्मकान्युदयमानानि मेषवृषमिथुनराशीनाम्—

[१] = २७८
[२] = २९९
[३] = ३२३

एत एवोत्क्रमस्थाः कर्कादीनां राशित्रयाणाम्, ते चापि तदुत्क्रमनिवेशनतस्तुलादिषट्कादीनां मीनान्तानामुदया इत्यलमतिविस्तरेण । अन्यत् चरसंस्कारतः स्वदेशोदयज्ञानं सुगमम् । संस्कारविधिश्च भास्करोक्त एव—

"मेषादेर्मिथुनान्तो नाडीभिस्तिथिमिताभिरुद्वलये ।
लगति कुजे तदधःस्थे प्रथमं ताभिश्चरोनाभिः ॥
कन्यान्ताद्धनुषोऽन्तस्तिथिमितनाडीभिरुद्वृत्ते ।
लगति कुजे चोर्ध्वस्थे पश्चात्ताभिश्चराढ्याभिः ॥"

इत्यलम् ।

लङ्कोदय			मिथिलोदय		
मेष	२७८	मीन	मेष	२१८	मीन
वृष	२९९	कुम्भ	वृष	२५१	कुम्भ
मिथुन	३२३	मकर	मिथुन	३०३	मकर
कर्क	३२३	धनु	कर्क	३४३	धनु
सिंह	२९९	वृश्चि-	सिंह	३४७	वृश्चि-
कन्या	२७८	तुला	कन्या	३३८	तुला

जैसा कि मिथिला का उदयमान इस पद्य में पठित है—

"अष्टेन्दुपक्षाः (२१८) शशिबाणपक्षा (२५१)
गुणाभ्ररामा (३०३) गुणवेदरामाः (३४३)
शैलाब्धिरामा (३४७) वसुरामरामाः (३३८)
क्रमोत्क्रमान्मेषतुलादिमानम् ॥ १ ॥"

अथ लग्नसाधनम्—

तत्कालार्कः सायनः स्वोदयघ्ना भोग्यांशाः खत्र्युद्धृता भोग्यकालः ।
एवं यातांशैर्भवेद्यातकालो भोग्यः शोध्योऽभीष्टनाडीपलेभ्यः ॥ ७ ॥

(१) अस्योपपत्तिः—प्रथमं किन्नाम लग्नमिति प्रश्ने "यत्र लग्नमपमण्डलं कुजे तद्गृहाद्यमिह लग्नमुच्यते । प्राचि पश्चिमकुजेऽस्तलग्नकं मध्यलग्नमिति दक्षिणोत्तरे" इति गोलकथनत इष्टसमये क्रान्तिवृत्तस्य यः प्रदेशो गर्भोदयक्षितिजे लग्नस्तदेव लग्नं प्रथमाख्यम् , अस्तक्षितिजे यत्र लग्नस्तत्सप्तमलग्नम् , ऊर्ध्वाधोयाम्योत्तरवृत्तयोर्यत्र २ लग्नस्तद् द्वयं क्रमेण दशमचतुर्थसंज्ञकम् । तेषां तावत्प्रथमलग्नस्य मेषादितो राश्यादिज्ञानमिह ज्ञाताभ्यां सावनेष्टकालसायनतात्कालिकार्याभ्यां भोग्यप्रकारेण क्रियते—तत्र कल्प्यते रविः पूर्वकपाले उदयक्षितिजोर्ध्वस्थो वर्त्तते, तदात्र स्थितौ रवेरग्रतो लग्नमिति रविलग्नयोरन्तराले क्रान्तिवृत्ते रवेर्भोग्यांशाः, लग्नस्य भुक्तांशाः, तदन्तरालराश्यंशाश्च वर्त्तन्ते, तथैवार्कात् क्षितिजावध्यहोरात्रवृत्तीयसावनेष्टकाले रवेर्भोग्यपलानि, लग्नस्य भुक्तपलानि, तदन्तरालराश्युदयपलानि च सन्ति । तेषां तावद्रविभोग्यज्ञानमनुपातेनानेन—यदि त्रिंशद्भिरंशै रविनिष्ठराश्युदयपलानि लभ्यन्ते तदा रविभोग्यांशैः किमिति फलं रविभोग्यपलानि $= \dfrac{\text{रनिराउप} \times \text{र भो.अं.}}{३०}$

फलमिदमिष्टनाडीपलेभ्यः शोध्यं, शेषपलेभ्यो यावन्मितराशीनामुदयमानानि पलात्मकानि

तदनु जहीहि गृहोदयांश्च शेषं गगनगुणघ्नमशुद्धहृल्लवाद्यम् ।
सहितमजादिगृहैरशुद्धपूर्वैर्भवति विलग्नमदोऽयनांशहीनम् ॥ ८ ॥

पहले जिस समय का लग्नसाधन करना है उस काल का शुद्ध इष्ट दण्ड (पलात्मक) स्पष्टसूर्य, अयनांश आदि जान ले, फिर अयनांश से सहित स्पष्ट सूर्य का अंशादिमान केवल (भुक्तांश) को वर्त्तमान राशि के उदयमान से गुण देने से फिर ३० से भाग देने से भुक्तकाल (यह भुक्तप्रकार से लग्नसाधन का प्रकार है, यदि भोग्यप्रकार से साधन करना हो तो सायनार्क के भुक्तांश को ३० में घटा कर शेष भोग्यांश होगा, इस पर से उसी तरह भोग्य काल आता है) आया, अब इसको इष्टनाडीपल में घटावे बाकी में जितने

शुद्धयेत तान्यपि शोधयेत्, तथा कृते यस्य राशेरुदयमानं न शुद्ध्येदर्थाद्यस्योदयमन्तिमशेषपलेभ्योऽधिकं भवेत्सोऽशुद्धसंज्ञकस्तथान्तिमशेषपलानि लग्नस्य भुक्तान्येवेति तेभ्यस्तद्भुक्तांशानयनार्थमनुपातो यद्यशुद्धराश्युदयपलैस्त्रिंशदंशा लभ्यन्ते तदाऽन्तिमशेषरूपैर्लग्नभुक्तपलैः किमिति फलं लग्नभुक्तांशाः $= \frac{\text{३० × अन्तिमशेषप}}{\text{अ राउ प}} =$ ल भु अं. । एतत्सहिता शुद्धराशिसंख्या नाडीक्रान्तिवृत्तयोराधुनिकसंपातरूपसायनमेषादितो लग्नराश्यादिकम् । अथ फलादेशस्तु निरयनमेषादितस्तेन व्ययनांशकरणं युक्तम् ।

एवं भुक्तप्रकारेणापि—यत्र लग्नादग्रतो यदा रविरर्थतो रात्रिशेषेष्टकाले रव्युपरिगताहोरात्रवृत्ते रवेः क्षितिजावधिक इष्टकालस्तत्र लग्नभोग्यपलानि, रविभुक्तपलानि, तदन्तरालराश्युदयपलानि च सन्ति, तथैव रविलग्नयोरन्तरे क्रान्तिवृत्ते लग्नभोग्यांशा रविभुक्तांशास्तदन्तरालराश्यंशाश्चेति प्रथमं रविभुक्तपलानि पूर्ववदनुपातागतानि रभुप $= \frac{\text{र राउप × रभुअं.}}{\text{३०}}$ इदमिष्टपलेभ्यः संशोध्य ततो रविलग्नराश्युदयपलानि च शोध्यानि। शेषं लग्नस्य भोग्यपलमानम्। अतोऽनुपातेन लग्नभोग्यांशास्तथैव लभोअं $= \frac{\text{३० × शे. प.}}{\text{अ. रा. उ. प.}} =$ एते ह्यंशा अशुद्धराशौ शोध्यास्तदा सायनमेषादितो लग्नमानम् । इह विस्तृतिभिया सर्वे लग्नानयनविशेषा अनावश्यकत्वान्नो दर्शिताः । सामान्यतः कदा भोग्यप्रकारेण कदा वा भुक्तप्रकारेण लग्नानयनं सुगमरीत्या संसाध्यमित्येतत्सूचकं पद्यम्—

"लग्नं सूर्योदयादिष्टदण्डैर्भोग्यप्रकारतः । रात्रिशेषघटीभिस्तु साध्यं भुक्तप्रकारतः ॥
यामिनीगतदण्डैर्वा लग्नं षड्भयुताद्रवेः । भोग्यप्रकारतस्त्वेवं दिनशेषसमुद्भवैः ॥
दण्डैः सषड्भरवितः साध्यं भुक्तप्रकारतः । क्रियालाघवमेवं स्याज्ज्ञेयं गोलविदा सदा ॥"

अर्थतो यदि रात्रौ लग्नमभिमतं तदा रविः षड्भयुतः कार्यस्तदा यन्मितोऽस्तक्षितिजाधः केवलार्कस्तन्मित एवोदयक्षितिजादूर्ध्वं सषड्भार्कः स्यात्, वृत्तयोः षड्भान्तरे सम्पातनिश्चयात् । ततः पूर्ववल्लग्नमपि तेन रात्रिगतेष्टकाले सषड्भसूर्याल्लग्नानयने भोग्यप्रकारेण क्रियालाघवं भवेदेवं रात्रिशेषेष्टकाले तदिष्टार्काभ्यां भुक्तप्रकारेण लग्नानयनं सुगमतया ज्ञेयमेवमन्यत्रापीति ।

राशियों का पूरा-पूरा उदयमान घट सके, दे, (जो नहीं घटे उसीका नाम अशुद्ध रखा गया है) उसको तीस से गुणने और अशुद्धोदय से भाग देने से जो लब्धि आवे वह अंशादि लग्न का भोग्य होगा, उसको मेषादि शुद्ध राशि की संख्या में जोड़ दे और अयनांश घटा दे तो स्पष्ट प्रथम लग्न हो जायगा ॥ ७-८ ॥

उदाहरण—जैसे उसी समय स्पष्टरवि १।१७।३८।३६ अयनांश २३।२३ तथा पलात्मक इष्ट (४ × ६० + ३ = २४० + ३ = २४३) हैं, तब प्रथम लग्न का आनयन करते हैं। अयनांश को रवि में जोड़ दिया तो सायन स्पष्ट रवि २।११।१।३६ हुआ। यहाँ पर भोग्य प्रकार की क्रिया से गणित में लाघव होगा, अतः रवि के भुक्तांश ११।१।३६ को ३० में घटाया तो भोग्यांश=१८।५८।२४ रहा, इसको मिथुनोदय ३०३ से गुणा किया ५४५४।१७५७४।७२७२ षष्टिशुद्ध किया ५७४८।५५।१२ इसमें ३० से भाग दिया तो मिथुन का भोग्य पल आया १९१।३७, इसे इष्ट पल २४३ में घटाया तो शेष रहा २४३–१९१।३७ = ५१।२३। इसमें कर्क का मान ३४३ नहीं घट सकता इसलिये कर्क अशुद्ध हुआ। अब लग्न के भुक्तांश लाने के लिये शेष ५१।२३ को ३० से गुण दिया १५५३ और अशुद्धोदय ३४३ से भाग दिया तो लब्ध अंशादि ४।३१'३१" आया। इसमें शुद्धराशि—संख्या ३ जोड़ दिया ३।४।३१।३१, अयनांश २३।२३ घटा दिया तो तात्कालिक स्पष्ट प्रथम लग्नराश्यादि २।११।८।३१ हुआ, यही प्रथम भाव है। इसमें ६ राशि जोड़ देने से सप्तम लग्न ८।११।८।३१ हुआ। इसी तरह भुक्त प्रकार से भी लाया जा सकता है।

[1]भोग्याल्पकालात्खत्रिघ्नात्स्वोदयाप्तलवादियुक्।
रविरेव भवेल्लग्नं सषड्भार्कान्निशातनुः ॥ ९ ॥

पहले जो लग्नानयन का प्रकार दिखलाया गया है उसकी उपपत्ति के अनुसन्धान से साफ जाहिर होता है कि लग्न और सूर्य एक राशि में नहीं, पर यहाँ दोनों को एक ही राशि से रख कर अर्थात् रवि के भोग्यकाल से इष्टनाडी को अल्पमान कर यह प्रकार

१ भोग्याल्पकालादित्यादेः–पूर्वं 'तत्कालार्कः सायन' इत्यादिना एकस्मिन् राशौ सूर्यमन्यस्मिन् राशौ लग्नं प्रकल्प्य प्रथमलग्नानयनं दर्शितम्। इह तु सायनलग्नार्कावेकस्मिन्नेव राशौ संरक्षितौ तत्र स्थितौ भोग्यप्रकारेण रवेर्भोग्यांशतो लग्नरव्यन्तरांशा अल्पा एव भवन्ति। तेन लग्नार्कान्तरांशोद्भवासुरूपेष्टकालाद्रविभोग्यासवोऽधिका इत्यत इष्टपलेभ्य एवानुपातो यथा रविलग्ननिष्ठराश्युदयपलैस्त्रिंशदंशा लभ्यन्ते तदा तदन्तरासुसमेष्टपलैः किमिति फलम् = $\frac{३० \times इप.}{रलनिराउप}$ एतेन युक्तो रविरेव लग्नं भवति। भोग्यप्रकारे रवेर्लग्नस्याग्रगतत्वात्। एवं रात्रिशेषेष्टकालेऽपि तयोरेकराशिस्थितयोर्भुक्तप्रकारेण साध्यमाने लग्ने दर्शितानुपातयुक्त्या फलेन हीनो रविर्लग्नमिति 'रविरेव भवेल्लग्न'-मित्यन्तमुपपन्नम्। 'सषड्भार्कान्निशातनु'-रिति लग्नानयनलाघवमनन्तरश्लोकोपपत्तावेव प्रदर्शितमिति।

दिखलाया जाता है। वस्तुतः इस स्थिति में 'भाग्यः शोध्योऽभीष्टनाडीपलेभ्यः'' इत्यादि कैसे लगेगा, अतः प्रकारान्तर–उपरोक्त अवस्था में इष्टकाल को तीस से गुणने और रविराश्यादि से भाग देने से लब्धि जो हो उसको रवि में युत कर देने से ही लग्न हो जाता है। यदि रात्रि में लग्न बनाना हो तो इष्टकाल में दिनमान घटा कर और स्पष्ट सूर्य में छः राशि और मिलाकर सषड्भ रवि और रात्रिगतेष्टदण्ड से पूर्ववत् लग्नानयन में सुभीता होगा ॥ ९ ॥

उदाहरण—जैसे रवि के भोग्यपल (मिथुन में) १९१।३७ से इष्टपल १७५ अल्प है, इसमें पूर्वकथनानुसार भोग्यपल नहीं घट सकता, ऐसी हालत में इष्टपल १७५ को ३० से गुण दिया ५२५० और मिथुनोदय ३०३ से भाग दिया तो लब्धि आयी अंशादि १५।१८।२२'' इसी को स्पष्ट रवि १।१७।३८।३६ में मिला दिया तो २।००।५६।५८ यही प्रथम लग्न हुआ।

अथ नतकथनपुरस्सरं [1]दशमलग्नसाधनम्—

पूर्वं [2]नतं स्याद्दिनरात्रिखण्डं दिवानिशोरिष्टघटीविहीनम्।
दिवानिशोरिष्टघटीषु शुद्धं द्युरात्रिखण्डं त्वपरं नतं स्यात् ॥१०॥
ततो लङ्कोदयैर्भुक्तं भोग्यं शोध्यं पलीकृतात्।
पूर्वपश्चान्नतादन्यत् प्राग्वत्तद्दशमं भवेत् ॥ ११ ॥

दिनगतेष्टकाल को दिनार्ध में रात्रिगतेष्ट को रात्र्यर्ध में घटा कर शेष जो रहे वह दिन–पूर्वनत तथा रात्रि–पूर्वनत होता है। दिनगतेष्ट दण्ड में दिनार्ध को, रात्रिगतेष्ट

---

१ एतद्विषयकः पूर्वपुस्तकस्थः पाठः—
"रात्रिशेषगते वापि दिनार्धं मयुतं दिनम्। दिनार्धं दिनजातेन तत्पूर्वमपरं परम् ॥
अर्धरात्रिपरं यावद्दिनमध्यान्नतं भवेत्। रवेः पूर्वकपालं च तदूर्ध्वं पश्चिमं नतम् ॥
प्राग्लङ्कोदयतः साध्या उक्ताश्च घटिका रवेः। प्राक्कपाल ऋणं कुर्याद्धनमन्यकपालयोः ॥"
एवमयं क्लिष्टार्थोऽपि न तथा प्रकृतमभिप्रायं सम्यग् गमयतीति नीलकंठीस्थस्यैव पाठस्य सुगमार्थमस्य सर्वविधच्छात्रबोधार्थं सन्निवेशः कृत इति।

२ उदयक्षितिजादूर्ध्वयाम्योत्तरवृत्तावधिः पूर्वकपालः, अस्तक्षितिजादूर्ध्वयाम्योत्तरवृत्तावधिः परकपालः। तथैवास्तक्षितिजादधोयाम्योत्तरवृत्तं यावत्पूर्वकपालः, अधोयाम्योत्तरवृत्तादुदयक्षितिजं यावत्पश्चिमकपालः। अथ याम्योत्तरवृत्तग्रहयोरन्तरमहोरात्रवृत्तीयं नतं, क्षितिजयाम्योत्तरयोरन्तरं दिनार्धम्, इष्टकालश्च दिवोदयक्षितिजाद् ग्रहावधिर्दिनगतस्तेन पूर्वकपालस्थे ग्रहे दिनगतकालदिनार्धयोरन्तरं नतं पूर्वं भवेत्। पश्चिमकपालस्थे दिनार्धादिष्टकालोऽधिकोऽतो दिनार्धो न इष्टकालः पश्चिमनतं भवेत्। एवं रात्रौ रात्र्यर्धाद्रात्रिगतेष्टकालोऽल्पस्तेन तयोरन्तरं रात्रौ पूर्वनतम्, रात्र्यर्धादुपरीष्टकालस्तदा रात्र्यर्धोनो रात्रिंगतेष्टकालो रात्रौ पश्चिमनतमित्यादि गोलचापस्थितिविदामतिरोहितम्। एतेन, न तत्साधनपद्यमुपपद्यते।

दण्ड में रात्र्यर्ध को घटावें तो शेषमित क्रम से दिन–पश्चिमनत तथा रात्रि–पश्चिमनत होता है । अब दशमलग्न साधन के लिये आगतनत को इष्टमान कर लङ्कोदय के द्वारा तात्कालिक स्पष्टार्क से 'तत्कालार्कः सायनः' इत्यादि विधि के अनुसार पूर्ववत् जो लग्न आवेगा वही दशम लग्न होगा । भेद इतना अवश्य है कि स्वोदय की जगह लङ्कोदय, इष्ट की जगह नत लेना चाहिये यदि पूर्वनत हो तो ऋणक्रिया, यदि पश्चिम-नत हो तो धनक्रिया से दशमलग्न आता है ॥ १०-११ ॥

उदाहरण—

जैसे इष्टकाल ४।३ तथा दिनमान ३३।३६ का आधा १६।४८ दिनार्ध है । अतः इस स्थिति में इष्टकाल ४।३ को दिनार्ध १६।४८ में घटाया ता १२।४५ दिन का पूर्वनत हुआ ।

अत्र इस पर से दशम लग्न का साधन करते हैं यहां यही नत इष्टकाल तथा उदयमान लङ्का का लिया जाता है । इस इष्टकाल में साफ है कि दशम लग्न से आगे रवि है, इष्टकाल में दशम लग्न का भोग्य, रवि का भुक्त एवं तदन्तरालोदय है, अतः इस जगह रवि के भुक्तांश पर से क्रिया दिखलायी जाती है । यथा—सायन रवि के भुक्तांश ११।१।३६" (प्रथमलग्नानयन की रीतिं से) को मिथुनोदय ३२३ से गुणा किया ३५५३।३२३।११६२८ = ३५६१।३६।४८, इसमें ३० से भाग दिया तो ११८।४३ आया । इसे इष्टपल (नतपल = १२।४५ = १२ × ६० × ४५ = ७२० × ४५ =

–अथोत्तरश्लोकेन ज्ञाताभ्यां नतकालतात्कालिकार्काभ्यां लङ्कोदयवशतो दशमलग्न-साधनं क्रियते । दशमलग्नन्तूर्ध्वयाम्योत्तरवृत्तक्रान्तिवृत्तसम्पातरूपं पूवमेव कथितम्, याम्योत्तरवृत्तं च निरक्षदेशीयक्षितिजमतो निरक्षदेशाभिप्रायिकप्रथमलग्न यत्तदेवेह दशमाख्यं भवेदतो लङ्कोदयमानग्रहणं युक्तम् । पूर्वनते कल्पिते दशमलग्नादग्रगतो रविर्भवे-त्तेन तयोरन्तरे रवेर्भुक्तांशास्तदन्तरालराश्यंशा दशमलग्नभोग्यांशाश्च भवन्ति,तत्सम्बन्धीन्येव नतपलानि याम्योत्तरवृत्तार्कयोरन्तरेऽहोरात्रवृत्ते सन्ति, तेन प्रथमलग्नानयनवत् प्रथमं रवेर्भुक्तपलान्यानीय नतपलेभ्यो विशोधयेत्। ततस्तदन्तरालराश्युदयपलानि च विशोधयेत् । शेषपलानि दशमलग्नस्य भोग्यानीति तद्वशतोऽनुपातेनांशानानीयाशुद्धराशेर्विशोध्य शेषं दशमलग्नराश्यादि जायते । तथैव पश्चिमनतेऽपि रवेरेवाग्रगतं दशमलग्नमिति रवेर्भोग्य-पलानि, तदन्तरालराश्युदयपलानि, दशमलग्नभुक्तपलानि चेति प्रथमं रविभोग्यपलान्यानीय पूर्ववच्छेषमपि कर्म कार्यं तदाभीष्टसिद्धिरिति दिवा दशमलग्नसाधनम् । रात्रौ तदानयनप्रकारक्रमो यथा—

यद्यस्तक्षितिजाद्धिशार्द्धावधीष्टमानं चेत्तदा सषड्भो रविरूर्ध्वयाम्योत्तरवृत्तात्पूर्वं रात्रिपूर्वनतेनान्तरितोऽस्ति याम्योत्तरक्रान्तिवृत्तयोः षड्भान्तरयोगत्वात् । तेन सषड्भार्क-पूर्वनताभ्यामुक्तक्रमेण दशमलग्नानयनम् । तथैव रात्र्यर्धात्पूर्वक्षितिजावधीष्टमान चेत्तदा सषड्भार्काद्रात्रिपरनतकालेनान्तरितं खाङ्कमिति सषड्भार्कपरनताभ्यां क्रमदशमलग्नसाधनं कर्त्तव्यम् । अयनांशेन हीनमिति सायनार्कत्वादावश्यकमेवेति ।

७६५) में घटाया तो शेष ६४६।१७ रहा, इसमें (ऋणलग्न की क्रिया है। इसलिये मिथुन के बाद वृष वृष के बाद मेष) वृष का मान २९९ घटाया तब शेष ३४७।१७ रहा, फिर इसमें मेष का मान २७८ घटाया तो शेष ६९।१७ रहा अब इसमें मीन का मान घट नहीं सकता, अतः मीन ही अशुद्ध हुआ। अब अन्तिम शेष ६९।१७ को तीस से गुण दिया तो २०७८।३० हुआ, इसमें मीन के मान २७८ से भाग दिया तो लब्धि अंशादि ७।२८।३५ मिली, इसको अशुद्धराशि—संख्या १२ में घटाया तो ११।१२।३१।२५ रहा, इसमें अयनांश २३।२३ हीन किया ता बाकी १०।२९।८'।२५" यही दशमलग्न हुआ। इसमें ६ राशि जोड़ने से चतुर्थ लग्न ४।२९।८'।२५" आया।

अथ दशमलग्नसाधने विशेषः—

[१]मध्याह्ने चार्धरात्रे वा स्वेष्टकालो यदा भवेत्।
तदा तात्कालिकः सूर्यो भवेल्लग्नं खतुर्यकम्॥ १२॥

यदि इष्ट दण्ड ठीक दिनार्द्ध के बराबर हो तो तत्कालीन स्पष्टरवि ही दशम लग्न होता है। एवं इष्टदण्ड रात्र्यर्द्ध के बराबर होने से स्पष्टरवि चतुर्थ लग्न होगा॥१२॥

अथ धनादिभावसाधनम्—

[२]लग्नं चतुर्थात्संशोध्य शेषं षड्भिर्विभाजितम्।
राश्यादि योजयेल्लग्ने सन्धिः स्याल्लग्नवित्तयोः॥१३॥
सन्धिः षडंशसंयुक्तो धनभावो भवेत्स्फुटः।
धनभावः षडंशाढ्यः सन्धिर्धनतृतीययोः॥१४॥

---

१ पूर्वं नतकालतात्कालिकार्काभ्यां दशमलग्नानयनं दर्शितम्। इह यदेष्टं दिनार्धकालिकं रात्र्यर्धकालिकं वा तदा रवेर्याम्योत्तरवृत्तगतत्वान्नताभावः स्यादेव तर्हि कथं खाङ्कानयनमित्येतदर्थं युक्तिः—दशमलग्नमूर्ध्वयाम्योत्तरक्रान्तिवृत्तयोः सम्पातरूपम्। मध्याह्नकालिको रविरपि याम्योत्तराहोरात्रवृत्तयोः सम्पातगतो भवेत्। द्वयो राश्यादिमानं क्रान्तिवृत्ते तुल्यं वर्ततेऽतो मध्याह्ने यस्तात्कालिकः स्पष्टरविस्तदेव दशमलग्नम्। एवं रात्र्यर्धे चेदिष्टं तदा अधोयाम्योत्तराहोरात्रवृत्तसम्पातगतो भवेद्रविः। दशमलग्नमूर्ध्वयाम्योत्तरक्रान्तिवृत्तसम्पातरूपम्, तयोरन्तरं क्रान्तिवृत्ते राशिषट्कतुल्यं दृश्यतेऽतो मध्यरात्रिकालिकः सूर्यो राशिषट्कसमन्वितस्तदा दशमलग्नं स्यात्। दशमलग्नं सषड्भं चतुर्थलग्नं, चतुर्थलग्नं सषड्भं दशमलग्नमिति तयोः षड्भान्तरितत्वादुचितमेवेति।

२ अत्र प्रथमचतुर्थसप्तदशमलग्नज्ञानात्ससन्धिसर्वभावानयनं करोत्याचार्यः। तदर्थं तावत्प्रथमचतुर्थयोलग्नयोरन्तरस्य क्रान्तिमण्डलीयप्रदेशस्य तुल्याः षड्विभागाः कार्यास्तेषां प्रथमः षष्ठांशो लग्नादग्रगतः प्रथमद्वितीययोर्भावयोः प्रथमाख्यः सन्धिः, द्वितीयः षष्ठांशो द्वितीयभावः, तृतीयो विभागो द्वितीयसन्धिर्द्वितीयतृतीययोर्भावयोः, चतुर्थो विभागस्तृतीयभावः, पञ्चमो विभागस्तृतीयचतुर्थभावयोः सन्धिस्तृतीयाख्यः। षष्ठस्तु

षडंशसंयुतः सन्धिस्तृतीयो भाव उच्यते ।
षडंशाढ्यस्तृतीयः स्यात्सन्धिर्भ्रातृचतुर्थयोः ॥१५॥

विभागश्चतुर्थभाव एवातो लग्नचतुर्थलग्नान्तरस्य (च-ल=अं) षष्ठांशः= $\frac{\text{अ}}{\text{६}}$ = षअं अनेन सहितं प्रथमलग्नं प्रथमसन्धिः । स च तेनैव सहितो द्वितीयसन्धिः, एवमग्रेऽपि तेनैव संयोजनात् त्रयो भावाः सन्धयश्च तावन्त एव भवन्तीति स्वरूपदर्शनम्—

प्रभा + षअं. = प्रसं ∴ प्रभा = प्रसं. —षअं
प्रसं + षअं. = द्विभा. ∴ प्रसं = द्विभा—षअं
द्विभा + षअं. = द्विसं ∴ द्विभा = द्विसं —षअं
द्विसं + षअं. = तृभा ∴ द्विसं. = तृभा —षअं.
तृभा + षअं. = तृसं. ∴ तृभा. = तृसं —षअं
तृसं + षअं. = चभा. ∴ तृसं = चभा.—षअं.
(सर्वत्र पक्षयोः समशोधनात्)

ततश्चतुर्थसन्ध्यादिज्ञानार्थं चतुर्थसप्तमलग्नान्तररूपक्रान्तिवृत्तप्रदेशस्य ये समाः षड्विभागास्तेषां प्रथमो विभागश्चतुर्थपञ्चमयोश्चतुर्थाख्यः सन्धिः, द्वितीयो विभागः पञ्चमभावः तृतीयविभागः पञ्चमसन्धिः, चतुर्थविभागः षष्ठभावः, पञ्चमविभागः षष्ठसन्धिः, षष्ठो विभागस्तु सप्तमभाव इति स्थितिरतश्चतुर्थसप्तमयोरन्तरम् ।

=सल-चल=सल ६-चल + ६=६-(चल—प्रल) सषड्भप्रथमलग्नस्य सप्तमलग्नत्वविलोमतः ।

अतोऽत्राभीष्टान्तरम्=६-(चल-प्रल) = अं = छ-अं. अस्य षष्ठांशः

$\frac{\text{६-अं}}{\text{६}}$ = १ $\frac{\text{अं}}{\text{६}}$ - = १- षअं अनेन सहितश्चतुर्थभावस्तत्सन्धिरित्यादिना

चसं = चभा + (१-षअं.) = १ + चभा-षअं = १ + तृसं = चसं ····(१)

पभा = चसं + (१-षअं.) = १-।-चसं-षअं = १-।-१-।-तृसं-षअं.

२-।-तृसं-षअं. = २-।-तृभा = पंभा ·······(२)

पंसं = पंभा-।-(१-षअं) = २ -।- तृभा -।- १-षअं = ३ -।-तृभा-षअं =

३ + द्विसं = पंसं...(३) षभा. = पंसं।-(१-षअं) = ३-।-द्विसं-।-१-षअं = ४-।-

द्विसं-षअं = ४-।-द्विभा = षभा....(४) षसं = षभा-।-(१-षअं) = १-।-षभा-

षअं = १-।-४ द्विभा-षअं.

= ५-।-द्विभा-षअं = ५-।-प्रसं = षसं········(५)

सभा = षसं-।-(१-षअं) = ५-।-प्रसं-।-१—षअं = ६-।-प्रभा........(६)

अग्रेऽपि द्वितीयादयो भावाः सषड्भास्तदा अष्टमादयो भवन्तीति सिद्ध्यन्ति ।

एवमत्रैषां (१) (२) (३) (४) (५) (६) स्वरूपाणामवलोकनात् "तृतीयसन्धिरेकाढ्यस्तुर्यः सन्धिरित्यारभ्य सप्तमाद्या भवन्तीह भावाः सर्वे ससन्धयः" इत्यन्तमाचार्योक्तमुपपन्नमलमतिपल्लवितेन ।

तृतीयसन्धिरेकाढ्यस्तुर्यः सन्धिर्भवेदिह।
द्व्याढ्यस्तृतीयभावोऽपि पुत्रभावो भवेत्स्फुटः ॥१६॥
त्र्याढ्यो द्वितीयसन्धि स्यात्सन्धिः पञ्चमभावजः।
धनभावो वेदयुतो रिपुभावः प्रजायते ॥ १७ ॥
लग्नसन्धिः पञ्चयुत सन्धिः स्याद्रिपुभावजः।
लग्नाद्याः सन्धिसहिता भावा षड्राशिसंयुताः।
सप्तमाद्या भवन्तीह भावाः सर्वे ससन्धयः ॥१८॥

प्रथम लग्न को चतुर्थलग्न में घटा कर शेष छः से भाग दे, लब्धि (राश्यादि) प्रथम लग्न में जोड़ देने से प्रथम और द्वितीय भाव की सन्धि होती है। इसमें वही प्रथम चतुर्थलग्नान्तरषष्ठांश(=षष्ठांश) जोड़ने से धनभाव (दूसरा), इसमें षष्ठांश जोड़ने से दूसरे और तृतीय भावों की सन्धि, इस सन्धि में वही षष्ठांश जोड़ने से तृतीय भाव (सहज नाम का) इसमें षष्ठांश सहित करने से तृतीय—चतुर्थ भावों की सन्धि, इसमें एक मिलने से चतुर्थभाव की सन्धि, तृतीय भाव में दो सहित करने से पञ्चम (पुत्र) भाव, द्वितीयसन्धि में तीन मिलाने से पञ्चमभाव की सन्धि, धनभाव में चार युत करने से षष्ठ (रिपु) भाव होता है। प्रथमसन्धि में पाँच जोड़ने से छठे भाव की सन्धि होगी, इसी तरह प्रथमादि छः भावों में तथा सन्धियों में छः २ राशि और मिलादे तो जाया (सप्तम) आदि शेष छः भाव ससन्धि हो जायँगे ॥ १३–१८ ॥

उदाहरण—

जैसे प्रथमलग्न २।११।८,३१ को चतुर्थलग्न ४।२६।८।२५ में हीन किया तब दोनों के अन्तर २।१७।५६।५४ में ६ से भाग देने पर राश्यादि०। १२।५६।५६ षष्ठांश हुआ, इसको प्रथम लग्न में जोड़ दिया तो २।२४।८।३० यह प्रथम-द्वितीय भाव की सन्धि हुई। इसमें वही षष्ठांश युत कर दिया तो द्वितीय भाव ३।७।८।२६ आया, फिर उसमें षष्ठांश जोड़ने से द्वितीय तृतीय भाव की सन्धि ३।२०।८।२८ इसमें षष्ठांश जोड़ने से तृतीय भाव ४।३।८।२७ पुनः षष्ठांश जोड़ने से तृतीय–चतुर्थ भावों की सन्धि ४।१६।८।२६, फिर से षष्ठांश युत करने से चतुर्थ भाव ४।२६।८।२५ (यहां विकला में अन्तर दीख पड़ता है उसका कारण यह है कि प्रथमचतुर्थलग्नान्तर का षष्ठांश के अग्रिम अवयव छोड़ दिये गये हैं) तृतीय सन्धि में एक जोड़ने से चतुर्थ-पञ्चम भाव की सन्धि ५।१६।८।२६, तृतीय भाव में दो राशि सहित किया तो पञ्चम भाव हुआ ६।३।८।२७, द्वितीय—तृतीय भाव की सन्धि में ३ जोड़ने से पञ्चम–षष्ठ भाव की सन्धि ६।२०।८।२८, द्वितीय भाव में चार जोड़ दिया तो षष्ठ भाव हुआ ७।७।८।२६, प्रथम-द्वितीय भाव की सन्धि में पाँच जोड़ देने से षष्ठभाव की विराम सन्धि ७।२४।८।३० इन सबों में ६ राशि अलग २ जोड़ने से सप्तमादि भाव तथा सन्धियाँ होंगी। स्पष्टार्थ चक्र में देखें—

तन्वादि-द्वादशभावचक्रं—

	भाव नाम	राशि	अंश	कला	विक	सन्धि	राशि	अंश	कला	विक.
१	तनु	२	११	८	३१	सं.	२	२४	८	३०
२	धन	३	७	८	२९	सं.	३	२०	८	२८
३	सहज	४	३	८	२७	सं.	४	१६	८	२६
४	सुहृत्	४	२९	८	२५	सं.	५	१६	८	२६
५	सुत	६	३	८	२७	सं.	६	२०	८	२८
६	रिपु	७	७	८	२९	सं.	७	२४	८	३०
७	जाया	८	११	८	३१	सं	८	२४	८	३०
८	मृत्यु	९	७	८	२९	सं	९	२०	८	२८
९	धर्म	१०	३	८	२७	सं.	१०	१६	८	२६
१०	कर्म	१०	२९	८	२५	सं.	११	१६	८	२६
११	आय	००	३	८	२७	सं.	००	२०	८	२८
१२	व्यय	१	७	८	२९	सं.	१	२४	८	३०

विंशोपकानयनम्—

[1]सन्धिखेटान्तरं कार्यं यच्छेषं नखताडितम्।
[2]भावसन्ध्यन्तरेणाप्तं तत्र विंशोपकाः फलम्॥ १९॥

ग्रह एवं उसकी सन्धि इन दोनों का अन्तर कर २० से गुणा दे तथा भाव एवं सन्धि के अन्तर से भाग दे तो लब्धि ग्रह का विंशोपक फल होगा॥ १९॥

उदाहरण—

जैसे रवि १।१७।३८।३६ (बारहवें स्थान में) एवं उसकी सन्धि १।२४।८।३० अतः उक्त श्लोक के अनुसार दोनों के अन्तर ०।६।२९।१४ को २० से खण्डगुणन की रीति से गुणा किया तो २।९।५८।० हुआ। इसको भाज्य मानो। इसमें व्यय) भाव

१ पूर्वपाठः—सन्धीकृताधिकाः खेटा ग्रहैश्च नखताड़िताः।

२ अत्र युक्तिः—यस्य कस्यापि भावस्य प्रवृत्तिस्तदारम्भसन्धेरग्रतो भवति तेन तत एव तत्फलस्यापि प्रवृत्तिर्भवितुं योग्या तथा विरामसन्धौ निवृत्तिरिति तत्रैव फलस्याप्यभावः, तयोर्मध्ये च तस्य परमत्वमिति समुचितमेव, यथोक्तं नीलकण्ठीये 'खेटे भावसमे पूर्णं फलं सन्धिसमे तु खम्' इति। अथ भावसन्धिमध्यगते खेटे भावफलसाधनार्थम्—यदि भावसन्ध्यन्तरेण विंशति २० मितं पूर्णफलं तदेष्टग्रहसन्ध्यन्तरेण किमिति त्रैराशिकानुपातागतफलस्यैव विंशोपकसंज्ञा कृताचार्येण, तत्स्वरूपम् =

$\frac{२० (खे \backsim सं०)}{भा \backsim सं०}$ एतेन 'भावसन्ध्यतरेणाप्तं तत्र विंशोपकाः फलम्' इत्यन्तमुपपन्नम्।

११।७।८।२६ और सन्धि १।२४।८।३० इनके अन्तर ०।१७।०।१ से भाग देने के लिये पहले दोनों को सवर्णित किया तो भाज्य ४६७८८० तथा भाजक ६१२०१ बना, अब भाग देने के लिये न्यास—

६१२०१) ४६७८८० (७
४२८४०७
३९४७३
× ६०
६१२०१) २३६८३८० (३८
१८३६०३
५३२३५०
४८९६०८
५२७४२ = भाजक के आधे से अधिक
शेष में लब्धि में १ जोड़ देना चाहिये ।

अतः यही लब्धि ७।३९ रवि का विंशोपक आया। इसी तरह और ग्रहों का भी लाना चाहिये। विस्तार के भय से शेष ग्रहों का नहीं दिखलाया।

अथ भावविवरणम्—

तन्वादयो भावबलं वदन्ति तत्स्वामिसंम्पूर्णबलैः समेतः ।
युक्तेऽथ दृष्टे शुभदृग्युते च क्रमेण तद्भावविवृद्धिकारी ॥ १ ॥

तनु, धन सहज इत्यादि बारहों भावों में जिस २ भाव का स्वामी पूर्ण बली या अपने स्वामी से सहित तथा दृष्टि के भीतर में पड़ जाय या शुभग्रहों से युत हो तो वह भी अपने फल को उत्तरोत्तर वृद्धि करने वाला होता है ॥ १ ॥

रूपं तथा वर्णविनिर्णयश्च चिह्नानि जातिर्वयसः प्रमाणम् ।
सुखानि दुःखान्यपि साहसं च लग्ने विलोक्यं खलु सर्वमेतत् ॥ २ ॥

प्रथम भाव में रूप, वर्ण-निर्णय, चिह्न, जाति वयोगत, सुख, दुःख और साहस; ये सब विचार करने लायक हैं ॥ २ ॥

स्वर्णादिधातुक्रयविक्रयश्च रत्नानि कोषोऽपि च संग्रहश्च ।
एतत्समस्तं परिचिन्तनीयं धनाभिधाने भवने सुधीभिः ॥ ३ ॥

द्वितीयभाव सोना चांदी आदि धातुओं को खरीदना या विक्रय करना, रत्न, कोष, संग्रह इत्यादि चिन्तनीय है, यह पण्डितों की राय है ॥ ३ ॥

सहोदराणामथ किङ्कराणां पराक्रमाणामुपजीविनां च ।
विचारणा जातकशास्त्रविद्भिस्तृतीयभावे विनयेन कार्या ॥ ४ ॥

तृतीय भाव में अपने सहोदर भाई, नौकर, पराक्रम, इनका विचार जातकशास्त्र को जानने वाले करें ॥ ४ ॥

सुहृद्गृहग्रामचतुष्पदो वा क्षेत्राद्यमालोकनकं चतुर्थे।
दृष्टे शुभानां शुभयोगतो वा भवेत्प्रवृद्धिर्नियमेन तेषाम् ॥ ५ ॥

चतुर्थ भाव से मित्र, गांव, चतुःपद (गो, हाथी, घोड़ा आदि) खेती बारी इनका विचार करें। यदि उस स्थान में शुभग्रह की उपस्थिति या दृष्टि हो तो सभी की वृद्धि होगी ऐसा जानना चाहिये ॥ ५ ॥

बुद्धिप्रबन्धात्मजमन्त्रविद्याविनेयगर्भस्थितिनीतिसंस्थाः ।
सुताभिधाने भवने नराणां होरागमज्ञैः परिचिन्तनीयम् ॥ ६ ॥

पञ्चम भाव से—अच्छी बुद्धि बनाना, पुत्र, मन्त्र, विद्या, गर्भस्थिति, राजनीति इनका विचार होराशास्त्र को जानने वाले करते हैं ॥ ६ ॥

वैरिव्रातं क्रूरकर्मामयानां चिन्ता शङ्का मातुलानां विचारः।
होरापारावारपारं प्रयातैरेतत्सर्वं शत्रुभावे विचिन्त्यम् ॥ ७ ॥

षष्ठ भाव में शत्रु, व्रणादि, पापकर्म, आमय (रोग), चिन्ता, किसी बात में शङ्का करना, मातुल (मामा) के विषय में पूछ-ताछ ये सब किया जाता है ॥ ७ ॥

रणाङ्गणं चापि वणिक्क्रिया च जायाविचारो गमनप्रमाणम्।
शास्त्रप्रवीणेन विचारणीयं कलत्रभावे किल सर्वमेतत् ॥ ८ ॥

सप्तम भाव में रणक्षेत्र, क्रय-विक्रय करना स्त्री-सम्बन्धि-विषय, कोई देशान्तर से कितने दिनों में आवेगा इन बातों का विचार होता है ॥ ८ ॥

नद्युत्तारात्पन्थवैषम्यदुर्गं शस्त्रं चायुः सङ्कटं चेति सर्वम्।
रन्ध्रस्थाने सर्वथा कल्पनीयं प्राचीनानामाज्ञया जातकज्ञैः ॥ ९ ॥

अष्टम भाव में नदी का पार जाना, मार्गों की कठिनता, दुर्गविचार, शस्त्र, आयु-सङ्कट इन बातों का विचार प्राचीन आचार्यों के आज्ञानुकूल करें ॥ ९ ॥

धर्मक्रियायां हि मनःप्रवृत्तिर्भोग्योपपत्तिं विमलं च शीलम्।
तीर्थप्रयाणं प्रणयः पुराणैः पुण्यालये सर्वमिदं प्रदिष्टम् ॥१०॥

नवमभाव में—धर्मक्रिया में प्रवृत्ति होगी या नहीं, कोई पदार्थ भोग्य कैसे होगा, अच्छा शील, तीर्थयात्रा, प्रणय इन का विचार होना चाहिये ॥ १० ॥

व्यापारमुद्रानृपमानराज्यं प्रयोजनं चापि पितुस्तथैव।
महत्फलाप्तिः खलु सर्वमेतद्राज्याभिधाने भवने विचार्यम् ॥११॥

दशमभाव में—व्यापार, रुपया, राजा से आदर, राजाओं से किसी अभिलाषा का प्रयोजन, पिता के सम्बन्ध में विचार करना, अच्छी पदवी मिलना ये सब विचार करने लायक हैं ॥११॥

गजाश्वहेमाम्बरच्छत्रजातमान्दोलिकामङ्गलमङ्गलानि।
लाभः किलैषामखिलं विचार्यमेतत्तु लाभस्य गृहे गृहज्ञैः ॥१२॥

ग्यारहवें भाव में हाथी, घोड़ा सुवर्ण, वस्त्र इत्यादि माङ्गलिक वस्तुओं की प्राप्ति इत्यादि लाभ भाव ही से विचार करें ॥ १२ ॥

हानिर्दानं व्ययश्चापि दण्डो निर्बन्ध एव च।
सर्वमेतद् व्ययस्थाने चिन्तनीयं प्रयत्नतः ॥१३॥

बारहवें भाव से हानि, दान, खर्च करना, दण्ड देना, निर्बन्ध इत्यादि विचार करने के लायक है ॥ १३ ॥

अथ ग्रहाणां फलानि—

मूर्त्यादयः पदार्था ज्ञायन्ते येन जन्तूनाम्।
तदिदमधुना प्रवक्ष्ये भावाध्यायं विशेषेण ॥ १ ॥

जिस भावाध्याय से मनुष्यों को मूर्त्ति आदि शारीरिक पदार्थों का ज्ञान होता है, उसे विशेषतया वर्णन करता हूँ ॥ १ ॥

तत्रादौ रविफलम्—

सवितरि तनुसंस्थे शैशवे व्याधियुक्तो
नयनगदसुदुःखी नीचसेवानुरक्तः।
न भवति गृहमेधी दैवयुक्तो मनुष्यो
भ्रमति विकलमूर्त्तिः पुत्रपौत्रैर्विहीनः ॥ १ ॥

जिस कुण्डली में सूर्य लग्न में पड़े वह जातक बाल्यावस्था में व्याधि से युत रहे, आँख में भी किसी प्रकार की पीड़ा रहने के कारण दुःखी रहा करे, नीच लोगों की सेवा करने में तत्पर रहे, उसके घर पर आये हुए अतिथि-अभ्यागतों का सत्कार वगैरह करने में असमर्थ हो, भाग्यवान् हो, तथा पुत्र और पौत्र आदि से रहित होने के कारण उदास होकर जहाँ-तहाँ भ्रमण करने वाला होता है ॥ १ ॥

धनगतदिननाथे पुत्रदारैर्विहीनः
कृशतनुरतिदीनो रक्तनेत्रः कुकेशः।
भवति च धनयुक्तो लोहताम्रेण सत्यं
न भवति गृहमेधी मानवो दुःखभागी ॥ २ ॥

जिस आदमी के जन्म-समय में सूर्य दूसरे स्थान में व्यवस्थित हो वह बालक स्त्री-पुत्र से हीन, पतला शरीर वाला, अत्यन्त दीन (अभागा) हो, उसकी आँखें नशाबाजों की तरह लाल तथा सर का बाल पतला खराब हो, परन्तु लोहा और ताँबा इन दोनों

चीज के व्यापार से धनवान् हो. अतिथि सेवा से पराङ्मुख हो, एवं हमेशः अनेक प्रकार के दुःखों का भागी बना रहता है ॥ २ ॥

सहजभवनसंस्थे भास्करे भ्रातृनाशः
प्रियजनहितकारी पुत्रदाराभियुक्तः।
भवति च धनयुक्तो धैर्ययुक्तः सहिष्णु-
र्विपुलधनविहारी नागरीप्रीतिकारी ॥ ३ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालिक सूर्य लग्न से तीसरे स्थान में दिखाई दे तो वह भाइयों का नाश करे, अपने प्रेमियों की भलाई करने में लीन रहे, पुत्र-स्त्री से सहित हो, पूरा धनी, तथा धैर्यशील हो, सहिष्णु (कितनाहू कोई बुरी बातें क्यों न कहे पर सभी बुद्धि-पुरस्सर सह ले, यह सज्जनों का प्रधान लक्षण है) हो; सब तरह की शानदारी के साथ धन का भोग करे, तथा नागरिक (शहर में रहने वाली) स्त्रियों के साथ प्रेम करने वाला पुरुष हो ऐसा जानना चाहिये ॥ ३ ॥

विविधजनविहारी बन्धुसंस्थे दिनेशे
भवति च मृदुवक्ता [1]गीतवाद्यानुरक्तः।
समरशिरसि युद्धे नास्ति भङ्गः कदाचित्
प्रचुरधनकलत्रः पार्थिवानां प्रियश्च ॥ ४ ॥

जिस जन्मकुण्डली में सूर्य चतुर्थ भाव में दिखाई दे, वह आदमी अनेक लोगों के साथ सहानुभूति रखने वाला, कोमल वक्ता, गान-विद्या में समय बिताने वाला हो, उसको कभी रणक्षेत्र में पराजय न हो, सब उपकरणों के साथ पूरा धनी तथा कई राजाओं का प्रेमी होता है ॥ ४ ॥

तनयगतदिनेशे शैशवे दुःखभागी
न भवति धनभागी यौवने व्याधियुक्तः।
जनयति सुतमेकं, चान्यगेहश्च शूर-
श्चपलमतिविलासी क्रूरकर्मा कुचेताः ॥ ५ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालिक सूर्य पञ्चम भाव में वर्त्तमान हो तो वह जातक बाल्यावस्था में दुःख भोगने वाला, दरिद्र एवं युवावस्था में व्याधियों से पीड़ित रहता है। उसको केवल एक पुत्र हो, दूसरों के घर में रहा करे, शूर हो, एवं चंचल स्वभाव वाला, पाप तथा खराब हृदय रखने वाला पुरुष हो—ऐसा शास्त्र में कहा गया है ॥५॥

अरिगृहगतभानौ योगशीलो मतिस्थो
निजजनहितकारी ज्ञातिवर्गप्रमोदी।

१ 'भवति च मृदुवेत्ता' इति पूर्वपाठः।

कृशतनुगृहमेधी चारुमूर्तिर्विलासी
भवति च रिपुजेता कर्मपूज्यो दृढाङ्गः ॥ ६ ॥

जिस आदमी की जन्मकुण्डली में सूर्य शत्रुभाव में पड़े वह योगाभ्यास में रत, अपनी बुद्धि स्थिर रख कर कोई काम करने वाला, अपने आत्मीयजनों का हितकर्त्ता तथा बन्धुवर्गों को प्रमोद (हर्ष) देने वाला, पतली देह वाला, अतिथि-अभ्यागतों का सेवक, देखने में खूब सुन्दर, विलासकारी, शत्रुओं को (रणक्षेत्र से) भगाने वाला, अपने ही अच्छी कर्मों से लोक में पूजनीय तथा हृष्ट-पुष्ट अङ्ग वाला पुरुष-विशेष होता है ॥ ६ ॥

युवतिभवनसंस्थे भास्करे स्त्रीविलासी
न भवति सुखभागी चञ्चलः पापशीलः ।
उदरसमशरीरो नातिदीर्घो न ह्रस्वः
कपिलनयनरूपः पिङ्गकेशः कुमूर्त्तिः ॥ ७ ॥

यदि जायाभाव में सूर्य किसी कुण्डली में दिखाई दे तो जातक स्त्री के साथ प्रेमपुरस्सर रमण करने वाला, परन्तु और सुखों का अनुभव न करने वाला, चञ्चल, पापात्मा, मांसल शरीर वाला, न अधिक लम्बा न अधिक छोटा अर्थात् मध्यम ऊँचाई वाला हो, उसकी आँखें और सर के बाल पीले हों, तथा देखने में अभव्य मूर्त्ति हो ऐसा जानना चाहिये ॥ ७ ॥

निधनगतदिनेशे चञ्चलस्त्यागशीलः
किल बुधगणसेवी सर्वदा रोगयुक्तः ।
विकलबहुलभाषी भाग्यहीनो विशीलो
रतिविहितकुचैलो नीचसेवी प्रवासी ॥ ८ ॥

जिस मनुष्य का जन्मकालिक सूर्य कुण्डली में अष्टम–भावगत दीख पड़े, वह जातक चञ्चल स्वभाव वाला. दान-कर्त्ता, विद्वान् लोगों की सेवा करने वाला, हमेशः रोगों से पीड़ित विकल होकर व्यर्थ अधिक अप्रासङ्गिक बातें करने वाला, भाग्य से रहित, दुःशील, कामवासना की अधिकता से खराब वस्त्र वाला, नीच जनों का सेवक तथा अधिक समय विदेश में काल काटने वाला पुरुष होता है ॥ ८ ॥

ग्रहगतदिननाथे सत्यवादी सुकेशः
कुलजनहितकारी देवविप्रानुरक्तः ।
प्रथमवयसि रोगी यौवने स्थैर्ययुक्तो
बहुतरधनयुक्तो दीर्घजीवी सुमूर्त्तिः ॥ ६ ॥

यदि किसी कुण्डली के नवम भाव में सूर्य वर्त्तमान हो तो जातक सत्य बोलनेवाला, अच्छा केश वाला, अपने कुल-जनों का उपकारी, देवता और ब्राह्मणों की सेवा करने में अनुरक्त, युवावस्था में धीरता के साथ कार्यकर्त्ता, बड़ा धनी, अधिक दिन तक जीनें वाला तथा अच्छी शरीर की छटा वाला होता है ॥ ९ ॥

दशमभवनसंस्थे तीव्रभानौ मनुष्यो
गुणगणसुखभागी दानशीलोऽभिमानी।
मृदुलघुशुचियुक्तो नृत्यगीतानुरागी
नरपतिरतिपूज्यः शेषकाले च रोगी ॥ १० ॥

जिस आदमी के जन्मकाल में सूर्य दशम भाव में दिखाई पड़े वह कई प्रकार के गुणों का मालिक, सुख का अनुभव करने वाला, दाता, अभिमान-शील, सौम्यभाव से थोड़ी देर में पवित्रता के साथ रहने वाला, नृत्य (नाच), गान इन दोनों विद्याओं का अनुरागी एवं महापूजनीय राजा होता है, परन्तु इसके अतिरिक्त काल में रोगी बना रहता है ॥ १० ॥

बहुतरधनभागी चायसंस्थे दिनेशे नरपतिगृहसेवी भोगहीनो गुणज्ञः।
कृशतनुधनयुक्तः कामिनीचित्तहारी भवति चपलमूर्त्तिर्जातिवर्गप्रमोदी॥११॥

यदि ग्यारहवें भाव से सूर्य वर्त्तमान हो तो जातक बहुत धन का सर्वांशतः अधिकारी, राज–दरबार में अपनी जीविका चलाने वाला, परन्तु भोग से हीन, गुणों का जानने वाला हो, पतली देह हो, हमेशः धनी रहे, ललनाओं के चित्त को हरण करने वाला, चञ्चल मूर्तिवाला, तथा अपने जातिवर्गों को आनन्दित करने वाला पुरुष होता है ॥ ११ ॥

जडमतिरतिकामी चान्ययोषिद्विलासी
विहगगणविघाती दुष्टचेताः कुमूर्त्तिः।
नरपतिधनयुक्तो द्वादशस्थे दिनेशे
कथकजनविरोधी जंघरोगी कृशाङ्गः ॥ १२ ॥

जिस जातक के जन्मकाल में सूर्य द्वादश (व्यय) भाव में व्यवस्थित हो उसकी बुद्धि जड़ की तरह खराब होती है, कामवासना में लिप्त रहे, पराई स्त्रियों के साथ विलास करने वाला, पक्षियों को शिकार में मारने वाला हो, उसका हृदय खराब हो, देखने में कुरूप हो, किसी राजा से प्राप्त धन का मालिक हों, कथक जनों से विरोध करे, उसकी जंघा में किसी प्रकार का रोग हो, एवं पतला शरीर वाला पुरुष हो ऐसा जानना चाहिये ॥ १२ ॥

अथ चन्द्रभावफलम्—

तनुगतकुमुदेशे वित्तपूर्णः सुखी स्याद्
बहुतरधनभोगी वीर्ययुक्तः सुदेहः।
भवति च यदि [1]नीचे चन्द्रमाः पापगो वा
जडमतिरतिदीनः स्यात्तदा वित्तहीनः॥ १॥

जन्मलग्न में चन्द्रमा को रहने से बालक धनसम्पन्न, सुखी, अत्यन्त विभव भोगने वाला, बलवान्, रूपसम्पन्न होता है। यदि चन्द्रमा नीच में अथवा पापग्रह के भवन में वा पापयुक्त हो तो जातक मन्दबुद्धि, अत्यन्त कातर तथा धनहीन होता है॥ १॥

धनगतहरिणाङ्के त्यागशीलो मतिज्ञो
निधिरिव धनपूर्णो चञ्चलात्मा सुदुष्टः।
जनयति बहुसौख्यं कीर्तिशाली सहिष्णु-
र्मुखकमलविलासी चन्द्रतुल्यस्वरूपः॥ २॥

द्वितीय भवन में चन्द्रमा रहे तो जातक त्यागी, बुद्धिमान्, खजाने के सदृश धन-सम्पन्न, चञ्चल स्वभाव वाला, दुष्ट, अधिक सुख करने वाला, कीर्तियुक्त, सहनशील, कमल के तुल्य मुख वाला और चन्द्रतुल्य कान्तिवाला होता है॥ २॥

शशिनि सहजसंस्थे पापगेहे च नित्यं
न भवति बहुभाषी भ्रातृहर्त्तारिमूर्तिः।
भवति च सुखभोगी सौम्यगे रात्रिनाथे
सकलधननिधानं[2] शास्त्रकाव्यप्रमोदी॥ ३॥

अगर चन्द्रमा तृतीय भाव में हो और पापग्रह के घर में हो तो वह बालक नित्य मन्दभाषी, भाई का नाश करने वाला, और दुष्टस्वरूप होता है। यदि शुभस्थान में हो तो समस्त-धन-सम्पन्न और काव्यशास्त्र से आनन्द करने वाला होता है॥३॥

बहुतरवसुपूर्णो रात्रिनाथे चतुर्थे
प्रियजनहितकारी योषितां प्रीतिकारी।
सततमिह स रोगी मांसमत्स्यादिभोगी
गजतुरगसमेतः क्रीडते हर्म्यपृष्ठे॥ ४॥

यदि चन्द्रमा चतुर्थ भाव में स्थित हो तो वह अधिक धन से सम्पन्न, प्रेमियों का हितकारी, स्त्रियों का स्नेह करने वाला, सर्वदा रोगयुक्त, मांस-मछली खाने वाला, हाथी-घोड़ा से युक्त, और महल में खेलने वाला होता है॥ ४॥

---

१ नीचश्चन्द्रमाः। २ विधानं।

तनयगतशशाङ्के वित्तपूर्णः सुखी स्याद्-
बहुतरसुतयुक्तो वश्यनारीसमेतः।
यदि भवति शशाङ्कः क्षीणपापारिगेहे
युवतिसुखसमूहैः पुत्रपौत्रैर्विहीनः ॥ ५ ॥

यदि चन्द्रमा पञ्चम भाव में स्थित हो तो वह धन से परिपूरित, सुखी, अधिक बालकों से सहित, वश्य स्त्री वाला होता है। अगर चन्द्रमा क्षीण होकर पाप वा शत्रु के भवन में स्थित हो तो स्त्रीजन्य-सुख-समूह से और पुत्र-पौत्रादि से विहीन होता है ॥५॥

रिपुगृहगशशाङ्के क्षीणतानाशकारी
न भवति बहुभोगी व्याधिदुःखस्य दाता।
यदि गृहमथ तुङ्गं पूर्णदेहः शशाङ्को
बहुतरसुखदाता स्यात्तदा मानवानाम् ॥ ६ ॥

यदि चन्द्रमा षष्ठ भवन में हो तो बालक क्षीणता से नाश होने वाला, न बहुत भोगने वाला, यह चन्द्रमा रोग और क्लेश देनेवाला होता है। अगर पुष्ट होकर चन्द्रमा निज गृह में अथवा उच्च में हो तो वह सुख देने वाला होता है ॥ ६ ॥

विमलवपुषि चन्द्रे सप्तमस्थे मनुष्यो
रुचिरयुवतिनाथः काञ्चनाढ्यः सुदेही।
शशिनि कृशशरीरे पापगे पापदृष्टे
न भवति सुखभागी रोगिपत्नीपतिः स्यात् ॥ ७ ॥

यदि निर्दोष चन्द्रमा सप्तम भवन में हो तो वह मनुष्य दिव्य स्त्री का स्वामी, सुवर्ण से सहित, सुन्दर शरीर वाला होता है। यदि क्षीणबली चन्द्रमा पाप ग्रह युक्त अथवा पापग्रह से देखा जाता हो तो वह सुख भागी नहीं होता और रोगिणी स्त्री का पति होता है ॥ ७ ॥

निधनभवनसंस्थे शीतरश्मौ नराणां
निधनमचिरकाले पापगेहे ददाति।
निजभृगुगुरुगेही सौम्यगेही च पूर्णो
जनयति बहुदुःखं श्वासकासादिरोगैः ॥ ८ ॥

१ अष्टमस्थचन्द्रफलं लघुजातकोक्तम्—
'षष्ठाष्टमेऽपि चन्द्रः सद्योमरणाय पापसंदृष्टः।
अष्टाभिः शुभदृष्टो वर्षैर्मिश्रैस्तदर्धेन ॥''

अष्टम-भवनस्थ चन्द्रमा अगर पापग्रह के घर में हो तो वह शीघ्र मरण देता है। अगर पूर्णबली चन्द्रमा अष्टमभावस्थ होकर अपने घर में अथवा शुक्र के घर में वा बृहस्पति के घर में हो तो श्वास-कास इत्यादि रोगों से अधिक तकलीफ देने वाला होता है ॥ ८ ॥

नवमभवनसंस्थे शीतरश्मौ प्रपूर्णे
बहुतरसुखभुक्त्या कामिनीप्रीतिकारी।
न भवति धनभागी क्षीणगे नीचगे वा
विमलपथविरोधी निर्गुणो मूढचेताः ॥ ९ ॥

यदि पूर्णबली चन्द्रमा नवम गृह में बैठा हो तो अत्यधिक सुखभोग-द्वारा कामिनियों में प्रेम करने वाला होता है। अगर चन्द्रमा क्षीणबली वा नीच में हो तो वह धन का भागी नहीं होता, कुमार्गी, गुण-रहित और मूढ़ अन्तःकरण वाला होता है ॥ ९ ॥

बहुतरधनभागी कर्मसंस्थे हिमांशौ
विविधधननिधानं पुत्रदारादिपूर्णः।
रिपुकुटिलगृहस्थे कासरोगः कृशाङ्गः
पितृयुवतिधनाढ्यः कर्महीनो मनुष्यः ॥ १० ॥

यदि दशम भाव में चन्द्रमा हो तो वह मनुष्य अत्यन्त धनवान् होता है अनेक प्रकार के धनों का आश्रय होता है और बालक, स्त्री एवं कन्याओं से परिपूरित होता है। अगर चन्द्रमा शत्रु और वक्री ग्रह के भवन में हो तो वह जातक कासरोग वाला, दुर्बल देह वाला, पितृ-मातृधन से सम्पन्न और कर्महीन होता है ॥ १० ॥

बहुतरधनभोगी चायसंस्थे शशाङ्के
प्रचुरसुखसमेतो दारभृत्यादियुक्तः।
शशिनि कृशशरीरे नीचपापारिगेहे
न भवति सुखभागी व्याधितो मूढचेताः ॥११॥

अगर चन्द्रमा ग्यारहवें भाव में स्थित हो तो वह जातक बहुत धनों का भोग करने वाला, बहुत सुख सम्पन्न और पत्नी, नौकर आदि से सहित रहता है। यदि चन्द्रमा हीनबली होकर शत्रु के अथवा पापग्रह के घर में बैठा हो तो जातक सुखी नहीं होता, प्रत्युत क्लेश से पीड़ित, और मूढबुद्धि होता है ॥ ११ ॥

व्ययनिलयनिवेशे रात्रिनाथे कृशाङ्गः
सततहिमसरोगी क्रोधनो निर्धनश्च।
निजबुधगुरुगेहे दान्तिकस्त्यागशीलः
कृशतनुसुखभोगी नीचसङ्गी सदैव ॥१२॥

यदि चन्द्रमा द्वादशभवनस्थ हो तो पतला शरीर वाला, सर्वदा रोग युक्त, कोप करने वाला और दरिद्र होता है। यदि वही चन्द्रमा अपने भवन में स्थित हो तो वह बालक दोषरहित दाता तथा दुर्बल होने पर भी सुखी, और हमेशः छोटे (नीच) का साथी होता है ॥ १२ ॥

अथ भौमफलम्—

उदरदशनरोगी शैशवे लग्नभौमे
पिशुनमतिकृशाङ्गः पापवित्कृष्णरूपः ।
भवति चपलचित्तो नीचसेवी कुचैलः
सकलसुखविहीनः सर्वदा पापशीलः ॥ १ ॥

लग्न में मङ्गल के रहने से बालक बाल्यावस्था में पेट और दाँतों में रोगवाला, चुगलखोर, अत्यन्त दुर्बल, पापों को जानने वाला, काला वर्ण, चंचल स्वभाव वाला नीचों की सेवा में तत्पर, खराब (गन्दा) कपड़ा धारण करने वाला, सारे सुख से रहित, और सदा पापाचरण करने वाला होता है ॥ १ ॥

धनगतपृथिवीजे धातुवादी प्रवासी
ऋणधनकृतचित्तो द्यूतकर्त्ता सहिष्णुः ।
कृषिकरणसमर्थो विक्रमे मग्नचित्तः
कृशतनुसुखभागी मानवः सर्वदैव ॥ २ ॥

मङ्गल द्वितीयभाव में हो तो वह धातु का व्यापार करनेवाला, अन्य देश में रहने वाला, ऋण द्वारा धन जमा करने में इच्छुक, जुआरी, और सहिष्णु होता है। खेती करने में शूरवीर, पराक्रम में अन्तःकरण से मग्न, पतला शरीर वाला, और सुख का भागी होता है ॥ २ ॥

सहजभवनसंस्थे भूमिजे भ्रातृहर्त्ता
कृशतनुसुखभागी तुङ्गभौमो विलासी ।
धनसुखनरहीनो नीचपापारिगेहे
वसति सकलपूर्णो मन्दिरे कुत्सिते च ॥ ३ ॥

यदि मङ्गल तृतीयभावस्थ हो तो भाई का नाश करने वाला, दुर्वल देहवाला, और सुखभागी होता है। यदि उच्च का मङ्गल हो तो विलास करने वाला होता है। अगर मङ्गल नीच में वा पापग्रहों के घर में अथवा शत्रु के स्थान में हो तो वह धन, सुख और मनुष्यो से विहीन होता है और समस्त पदार्थ से परिपूरित होकर भी अधम मकान में रहता है ॥ ३ ॥

जडमतिरतिदीनो बन्धुसंस्थे च भौमे
न भवति कुल आर्ये[1] बन्धुहीनो न दुःखी ।
भ्रमति सकलदेशे नीचसेवानुरक्तः
परवशपरदारे लुब्धचित्तः सदैव ॥ ४ ॥

जिसके जन्म समय में चतुर्थभावस्थित मङ्गल हो वह जडमति और अतिकातर होता है, अच्छे कुल में नहीं होता है । उसको बन्धुवर्ग हो, परन्तु स्वयं दुःखी होता है । समस्त देशों में घूमता है, नीच की सेवा में निरत होता है, एवं सर्वदा पराये वश और परस्त्री में लोलुप रहता है ॥ ४ ॥

तनयभवनसंस्थे भूमिपुत्रे मनुष्यो
भवति तनयहीनः पापशीलोऽतिदुःखी ।
यदि निजगृहतुङ्गे वर्तते भूमिपुत्रः
कृशमलिनशरीरं[2] पुत्रमेकं ददाति ॥ ५ ॥

जहाँ मङ्गल पञ्चमभावस्थ हो तो वह मनुष्य पुत्र से रहित होता है, पापस्वभाववाला और दुःखी होता है । यदि मङ्गल अपने घर और उच्च स्थान (मकर) में हो तो दुर्बल मलिन शरीर वाला एक पुत्र को देता है ॥ ५ ॥

रिपुगृहगतभौमे सङ्गरे मृत्युभागी
सुतधनपरिपूर्णस्तुङ्गगे सौख्यभागी ।
रिपुगणपरिदुष्टे नीचगे क्षोणिपुत्रे
भवति विकलमूर्त्तिः कुत्सितः क्रूरकर्मा ॥ ६ ॥

अगर मङ्गल छठे भवन में स्थित हो तो वह जातक लड़ाई में मरनेवाला होता है, षष्ठभावस्थ मङ्गल यदि उच्चस्थ हो तो वह जातक (बालक) धन से परिपूरित और सुखी होता है । यदि वही भौम शत्रु आदि खराब स्थान में हो वा नीच में हो तो जातक अङ्गहीन, विरूप और पापाचारी होता है ॥ ६ ॥

मुनिगृहगतभौमे नीचसंस्थेऽरिगेहे
युवतिमरणदुःखं जायते मानवानाम् ।
मकरनिजगृहस्थे नान्यपत्नीश्च धत्ते
चपलमतिविशालां दुष्टचित्तां विरूपाम् ॥ ७ ॥

यदि सप्तमभावस्थ भौम नीच अथवा शत्रु गृहस्थ हो तो उस जातक को स्त्रीमरण-जन्य दुःख को पैदा करता है, अगर मकर, मेष और वृश्चिक में हो तो अन्य स्त्री की

---

१ कुलमार्ये । पूर्वपाठः । २ 'कृशकमलनिकेतम्' । इति पूर्वपाठः ।

अपेक्षा न होती, किन्तु पूर्व विवाहिता स्त्री चञ्चल प्रकृतिवाली, दुष्टचित्ता और कुत्सित रूप वाली होती है ॥ ७ ॥

प्रलयभवनसंस्थे मङ्गले क्षीणनीचे
व्रजति निधनभावं नीरमध्ये मनुष्यः।
धनुकिरणिचरोऽर्कः सर्वदा चैव भोगी
करपदगसुनीलो मृत्युलोकं प्रयाति ॥ ८ ॥

अगर नीचस्थ मङ्गल दुर्वल होकर अष्टमभाव में स्थित हो तो वह मनुष्य जल में डूबकर मरता है। यदि धन और मीन का रवि हो तो वह नित्य भोग करने वाला, नीले हाथ-पांव वाला, तथा मृत्युलोक को जाने वाला होता है ॥ ८ ॥

नवमभवनसंस्थे क्षोणिपुत्रेऽतिरोगी
नयनकरशरीरः पिङ्गलः सर्वदैव।
बहुजनपरिपूर्णो भाग्यहीनः कुचैलो
विकलजनसुवेशी शीलविद्यानुरक्तः ॥ ९ ॥

जिसको नवमभावस्थ मङ्गल हो वह अधिक रोगी होता है उसका नेत्र हस्त और देह पीतवर्ण होता है और अधिक जनों से परिपूर्ण, भाग्य से रहित, खराब कपड़ा वाला, विकल जनों में अच्छा वेष रखने वाला और शिल्पविद्या में अनुरक्त होता है ॥९॥

दशमगतमहीजे दान्तिकः कोषहीनो
निजकुलजयकारी कामिनीचित्तहारी।
जठरसमशरीरो भूमिजीवोपकोपी
द्विजगुरुजनभक्तो नातिनीचो न ह्रस्वः ॥ १० ॥

अगर दशमभावस्थ मङ्गल हो तो वह जातक जितेन्द्रिय, भण्डार से रहित, अपने कुल को जीतने वाला, कामिनियों का चित्त चुराने वाला, ढीले शरीर वाला, भूमि से जीविका चलाने वाला, क्रोधहीन, ब्राह्मण-गुरुओं का भक्त, न अधिक नीच और न अधिक छोटा होता है ॥ १० ॥

सुरजनहितकारी चायसंस्थे च भौमे
नृप इव गृहमेधी पीडितः कोपपूर्णः।
भवति च यदि तुङ्गे लोकसौभाग्ययुक्तो
धनकिरणनियुक्तः पुण्यकामार्थलोभी ॥ ११ ॥

यदि मंगल एकादशभावस्थ हो तो वह देवताओं का हित करने वाला, राजा के समान व्यवस्था रखने वाला, पीड़ा से युक्त और क्रोध से पूरित होता है। अगर वही

मङ्गल उच्च में हो तो लौकिक सौभाग्य, धन, एवं तेज से सहित, पुण्यकामना वाला और धन का लोभी होता है ॥ ११ ॥

परधनहरणेच्छुः सर्वदा चञ्चलाक्ष-
श्चपलमतिविहारी हास्ययुक्तः प्रचण्डः।
भवति च सुखभागी द्वादशस्थे च भौमे
परयुवतिविलासी साक्षिकः कर्मपूरः ॥ १२ ॥

यदि मंगल द्वादश भवन में स्थित हो तो वह दूसरे का धन लेने में इच्छुक, सन्तत चञ्चल बुद्धि द्वारा विहार करने वाला, हास्ययुक्त, प्रचण्ड (क्रूर), सुख का भागी, पर स्त्री में विलास करने वाला, साक्ष्य देने वाला और कर्मों में पूर्ण होता है ॥१२॥

अथ बुधफलम्—

तनुगतशशिपुत्रे कान्तिमांश्चातिहृष्टो
विमलमतिविशालः पण्डितस्त्यागशीलः।
मितमृदुशुचिभोगी सत्यवादी विशाली
बहुतरसुखभागी सर्वकालप्रवासी ॥ १ ॥

यदि बुध तनुभावस्थ हो तो जातक सुन्दर रूप वाला, अधिक प्रसन्न, निर्मल बुद्धि द्वारा प्रसिद्ध, विद्वान्, दाता, परिमित कोमल और पवित्र चीजों का भोगी, सत्यवक्ता, विशाल शरीर वाला, अधिक सुखी और सर्वदा विदेश में रहने वाला होता है ॥ १ ॥

भवति च पितृभक्तः सुस्थितः पापभीरु-
र्मृदुतनुखररोमा दीर्घकेशोऽतिगौरः।
धनगतशशिसूनौ सत्यवादी विहारी
बहुतरवसुभागी सर्वकालप्रवासी ॥ २ ॥

यदि द्वितीय भावस्थ बुध हो तो पितृभक्त, अच्छी स्थितिवाला, पाप से डरने वाला, कोमल शरीर, कठोर रोमवाला, दीर्घ केशवान्, अधिक गौर, सत्यवक्ता, विहार करने वाला, अधिक सुख वाला और सर्वदा परदेश में रहने वाला होता है ॥ २ ॥

साहसी निजजनैः परियुक्तश्चित्तशुद्धिरहितो हतसौख्यः।
मानवः कुशलतेप्सितकर्त्ता शीतभानुतनयेऽनुजसंस्थे ॥ ३ ॥

तृतीय भाव में यदि बुध हो तो जातक साहसी अपने परिवारों से सहित, मनःशुद्धि न करने वाला, सुख से रहित और कल्याण की इच्छा से कर्म करने वाला होता है ॥ ३ ॥

बहुतरधनपूर्णो भ्रातृहर्त्ता च पापे
बहुतरबहुपत्नीपूर्णगेहः [1]स्वतुङ्गे।
तरलमतिरलज्जः क्षीणजंघः कृशाङ्गः
शिशुवयसि च रोगी बन्धुसंस्थे कुमारे॥ ४॥

यदि चतुर्थ भवनस्थित बुध पापाक्रान्त हो तो वह अधिक धन से परिपूरित और भाई का नाश करने वाला होता है। अगर वह बुध अच्छे घर में वा उच्च में हो तो जातक बहुत स्त्रीवाला, चञ्चल मतिवाला, लज्जा से रहित, जङ्घा से दुर्बल, कृशगात्र और बाल्यावस्था में रोग-पीडित होता है॥ ४॥

तनयमन्दिरगे शशिनन्दने सुतकलत्रयुतः सुखभाजनम्।
विकजपङ्कजचारुमुखः सुखी सुरगुरुद्विजभक्तयुतःशुचिः॥ ५॥

पञ्चम भावस्थ बुध हो तो बालक स्त्री से सहित रहे और सुख का स्थान होता है, प्रफुल्ल कमल के सदृश सुन्दर मुखवाला, सुखी, शुद्ध, देवता, गुरु और ब्राह्मण में भक्ति करने वाला होता है॥ ५॥

अरिनिकेतनवर्त्तिशशाङ्कजो रिपुकुलाद्भयदो यदि वक्रगः।
यदि च पुण्यगृहे शुभवीक्षितो रिपुकुलं विनिहन्ति शुभप्रदः॥ ६॥

यदि वक्री होकर बुध षष्ठ भाव में पड़े तो जातक को शत्रु मण्डल से भय हो, यदि वही बुध शुभग्रह के स्थान में हो एवं शुभग्रह से देखा जाता हो तब वह जातक स्वयं सब शत्रुओं को नाश कर अच्छे फल को पाता है॥ ६॥

तुरगभावगते हरिणाङ्कजे भवति चञ्चलमध्यनिरीक्षितः।
विपुलवंशभवप्रमदापतिः स च भवेच्छुभगे शशिवंशजे॥ ७॥

यदि बुध सप्तम भाव में पड़ जाय तो जातक चञ्चल एवं मध्यम दृष्टि वाला अर्थात् न अन्धा न भली-भांति देखने वाला होता है। तथा यदि बुध शुभग्रहों की जगह पर हो तो किसी उच्च कुल की कन्या का स्वामी बनकर सुखी रहता है॥७॥

निधनवेश्मनि सत्ययुतः शुभो निधनदोऽतिथिमण्डन एव च।
यदि च पापयुते रिपुगेहगे मदनकाम्यजवेन पतत्यधः॥ ८॥

यदि बुध अष्टम भाव में हो तो जातक सत्य बोलने वाला, सुन्दर मूर्तिवाला, शत्रुओं को मारने वाला तथा अतिथि-अभ्यागतों की भली-भांति सेवा करने वाला होता है। यदि वही बुध पापग्रहों से सहित हो, या शत्रु के घर में हो तो बालक अधिक काम की पीड़ा से व्यथित होकर छोटी जाति की स्त्रियों के साथ कुकर्म करने के कारण लोक में अत्यन्त घृणित समझा जाता है॥ ८॥

---

१ पूर्णगेहे स्वतुङ्गे। पूर्वपाठः॥

नवमसौम्यगृहे शशिनन्दने धनकलत्रसुतेन समन्वितः ।
भवति पापयुते विपथस्थितः श्रुतिविमन्दकरः शशिजोद्यमी ॥ ९ ॥

यदि बुध नवम शुभ भाव में पड़े तो जातक स्त्री, पुत्र एवं धन से परिपूर्ण रहता है। यदि वा पापग्रहों से सहित हो तो कुमार्गगामी, वेदनिन्दक तथा अपने लिये पूरा उद्यम करने वाला पुरुष होता है ॥ ९ ॥

गुरुजनेन हिते निरतो जनो बहुधनो दशमे शशिनन्दने ।
निजभुजार्जितवित्ततुरङ्गमो बहुधनैर्नियतो मितभाषणः ॥१०॥

जिस जातक की कुण्डली में बुध दशम-भावगत हो वह गुरुजनों (पिता माता, ज्येष्ठ भाई आदि) के साथ अपनी भलाई में लगा रहता है, अधिक धन का मालिक अपने बाहुबल से धनी (घोड़े हाथी आदि) के उपार्जन में प्रवीण धनों से सावधान तथा परिमित भाषण करने वाला होगा ऐसा जानना चाहिए ॥१०॥

श्रुतिमतिर्निजवंशहितः कृशो बहुधनप्रमदाजनवल्लभः ।
रुचिरनीलवपुर्गुणलोचनो भवति चायगते शशिजे नरः ॥११॥

यदि बुध एकादश भाव में पड़े तो जातक वेद के कथनानुसार चलने वाला, अपने परिवारों का हित करने वाला, पतली देह वाला, अधिक धन एवं स्त्रियों का प्रेमी मनोहर नीलवर्ण की कान्ति रखने वाला तथा सभी कामों में अपने गुणों से देखनेवाला पुरुष होता है ॥११॥

भवति च व्ययगे शशिनन्दने विकलमूर्त्तिधरो धनवर्जितः ।
परकलत्रधने धनचित्तवान् व्यसनदूररतः कृतकः सदा ॥१२॥

यदि बुध बारहवें भाव में आ जाय तो बालक विकलाङ्ग (जैसे लंगड़ा, काना, लूला आदि) निर्धन. पराये धन एवं स्त्रियों में पूर्ण चित्त रखने वाला, व्यसनों से अलग रहने वाला तथा उपकार को करने वाला होगा ऐसा जानना चाहिए ॥१२॥

अथ गुरुभावफलम्—

विविधवस्त्रविपूर्णकलेवरः कनकरत्नधनः प्रियदर्शनः ।
नृपतिवंशजनस्य च वल्लभो भवति देवगुरौ तनुगे नरः ॥ १ ॥

यदि बृहस्पति किसी की जन्म कुण्डली में लग्नगत हो तो वह जातक अनेक तरह के कपड़ों (शाल, दुशाले आदि) से परिपूर्ण शरीर वाला, सुवर्ण मोती आदि बहुमूल्य धन वाला देखने में खूब सुन्दर एवं राज-वंशीय लोगों का परम प्रेमी होता है ॥ १ ॥

सुरगुरौ धनमन्दिरसंश्रिते प्रमुदितो रुचिरप्रमदापतिः ।
भवति मानधनो बहुमौक्तिकैर्गतवसुर्भविता प्रसवाह्विके ॥ २ ॥

१ 'धनकलत्रयुतेन समन्वितः' इति पूर्वपाठः ।

यदि बृहस्पति धनभाव में पड़े तो लड़का अहर्निश हर्षित. अच्छी स्त्री वाला, अधिक मान (अहङ्कार) करने वाला, बहुत मोती रखने वाला तथा जन्मकाल में मृतप्राय होकर आगे सुखी रहता है ॥ २ ॥

सहजमन्दिरगे च बृहस्पतौ भवति बन्धुगतार्थसमन्वितः।
कृपणतामपि गच्छति कुत्सिते धनयुतोऽपि सदा धनहानिमान् ॥३॥

जिसके गुरु तृतीय भाव में हो उसके सब भाइयों के हाथ में धन रहा करे, खराब कामों में कृपणता दिखावे, परन्तु अच्छे कामों में इतना व्यय करे कि पूर्ण धनी होते हुए भी सर्वदा अवसर पर आर्थिक कष्ट का सहन करे ॥ ३ ॥

सन्माननानाधनवाहनाद्यैः सञ्जातहर्षः पुरुषः सदैव।
नृपानुकम्पासमुपात्तसम्पद्दम्भोलिभृन्मन्त्रिणि भूतलस्थे ॥ ४ ॥

यदि बृहस्पति किसी की कुण्डली में चतुर्थभाव में स्थित दिखाई पड़े तो उस बालक को अच्छा आदर हो, विविध प्रकार के वाहन (हाथा, घोड़े, माटर, साइकिल आदि) तथा धनों से हमेशः खुशी रहे एवं राजा की कृपा से अधिक सम्पत्ति पाने वाला हो ॥ ४ ॥

सुहृदयश्च सुहृज्जनवन्दितः सुरगुरौ सुतगेहगते नरः।
विपुलशास्त्रमतिः सुखभाजनं भवति सर्वजनप्रियदर्शनः ॥ ५ ॥

जिस मनुष्य का बृहस्पति पञ्चमभाव में पड़े उसका हृदय परम पवित्र हो, स्वयं मित्रों से पूजित रहे, अनेक शास्त्रों का ज्ञाता हो, अत्यन्त सुखी हो तथा उसके दर्शन से सभी आदमी प्रसन्न रहें ऐसा जानना चाहिये ॥ ५ ॥

करिहयैश्च कृशाङ्गतनुर्भवेज्जयति शत्रुकुलं रिपुगे गुरौ।
रिपुगृहे यदि वक्रगते गुरौ रिपुकुलाद्भयमातनुते विभुः ॥ ६ ॥

यदि गुरु किसी के शत्रुभाव में दीख पड़े तो वह जातक पतला शरीर वाला हो, हाथी-घोड़े इतने हों जिसके सहारे समस्त शत्रुमंडल को हरा कर स्वयं विजयी हो, यदि वा वही बृहस्पति वक्री होकर छठे भाव में पड़े तो राजा होते हुए भी शत्रुकुल से भय प्राप्त करे ॥ ६ ॥

युवतिमन्दिरगे सुरयाजके नयति भूपतितुल्यसुखं जनः।
अमृतराशिसमानवचाः सुधीर्भवति चारुवपुः प्रियदर्शनः ॥ ७ ॥

यदि बृहस्पति किसी की जन्मकुण्डली में सप्तम भावगत हो तो वह राजा के समान सुख का भोग करे, अमृत के समान उसकी वाणी सभी को रुचिकर प्रतीत हो, पण्डित

पूर्वपाठः—१ सुहृदता च।

हो, अच्छी कान्तिवाला एवं उसकी सुंदरता के कारण इसके दर्शन के लिये सभी लालायित रहें ॥ ७ ॥

विमलतीर्थकरश्च बृहस्पतौ निधनगे[1] न मनःस्थिरता यदा ।
धनकलत्रविहीनकृशः सदा भवति योगपथे निरतः परम् ॥ ८ ॥

यदि बृहस्पति अष्टम भाव में पड़े तो लड़का निर्मल तीर्थ (प्रयाग, काशी आदि) में जानेवाला हो, मन में स्थिरता न हो, धन और स्त्री से रहित हो, खिन्न शरीरवाला हो, तथा अहर्निश योगमार्ग की भावना में लीन रहे ॥ ८ ॥

सुरगुरौ नवमे मनुजोत्तमो भवति भूपतितुल्यधनी शुचिः ।
कृपणबुद्धिरतः कृपणः सुखी बहुधनप्रमदाजनवल्लभः ॥ ९ ॥

जिसके बृहस्पति नवम भाव में पड़ जाय तो वह बालक मनुष्यों में उत्तम हो, राजा के समान धनी हो, पवित्र आत्मा (छल कपट से रहित) वाला, कंजूसी बुद्धि का अनुमोदक तथा स्वयं कृपण हो, सुखी एवं अधिक धन, स्त्री परिवार का प्रेमी हो ॥ ९ ॥

दशममन्दिरगे च बृहस्पतौ तुरगरत्नविभूषितमन्दिरः ।
भवति नीतिगुणैर्बुधसंयुतः परपराङ्गणवर्जितधार्मिकः ॥ १० ॥

जिसके जन्मकालिक बृहस्पति दशमस्थानगत हो उस जातक का द्वार घोड़े हाथी आदि से सदा शोभित रहे, राजनीति एवं विविध गुणों से परिपूर्ण हो, पंडितों के साथ में रहा करे, दूसरे की सुन्दर स्त्री से भी अलग रहा करे, धर्म का पक्षपाती हो ऐसा जानना ॥ १० ॥

व्रजति भूमिपते समतां धनैर्निजकुलस्य विकारकरः सदा ।
सकलधर्मरतोऽर्थसमन्वितो भवति चायगते सुरयाजके ॥ ११ ॥

यदि जन्मकालिक गुरु ग्यारहवे स्थान में पड़े तो जातक धन में राजा की समता करने वाला. अपने कुल में अपवाद लगाने वाला, हमेशः सब धर्मों में रत रहे और खूब धनी बना रहे ॥ ११ ॥

शिशुदशाभवने हृदि रोगवानुचितदानपराङ्मुख एव च ।
कुलधनेन सदा कुलदाम्भिको भवति पापगृहे च बृहस्पतौ ॥१२॥

जिसकी कुण्डली में बृहस्पति व्यय भाव में हो जाय तो उसे हृदय में रोग (शूल या वातावरोध आदि) वाला, जानना। तथा किसी काम में उसके विभवानुसार जितना दान देना चाहिये उतना न दे, परम्परागत धन वाला होवे, यदि पापस्थान में हो तो धर्म शास्त्र की बातों में "क्या क्यों?" इस प्रकार आज कल के विधर्मियों की तरह पाखण्ड करने वाला होता है ॥ १२ ॥

---

१ 'निधनता न मनःस्थिरता यदा' इति पूर्वपाठः ।

अथ शुक्रभावफलम्—

अथ जनुस्तनुगे[1] भृगुनन्दने भवति कार्य्यरतः परपण्डितः ।
विमलशल्ययुते[2] सदने रतो भवति कौतुकहा विधिचेष्टितः ॥ १ ॥

यदि शुक्र किसी की जन्मकुण्डली में प्रथम-स्थानगत हो तो वह आदमी हमेशः मानसिक कार्य में व्यग्र रहता है । अर्थात् सदैव बैठे २ मन में कुछ न कुछ गम्भीर विचार करता ही रहता है । तथा उत्कृष्ट पण्डित या दूसरों के लिए आडम्बरी पण्डित हो, अपने लिए मूर्ख ही रहे उसके घर में अनिष्टकारक शल्य (जैसा कि शल्योद्धार में– 'नरशल्यं गृहेशस्य मरणं चिररोगतः' इत्यादि लिखा है) रहा करे, अपने आश्रमीय काम में रत रहे, इधर–उधर जो खेल का कौतुक होता है उसको नापसन्द करनेवाला तथा ब्रह्मा की तरह अपने परिवारों की रक्षा में तत्पर रहता है ॥ १ ॥

परधनेन धनी धनगे भृगौ भवति योषिति वित्तपरो नरः ।
रजतसीसधनी गुणशैशवः कृशतनुः सुवचा बहुबालकः ॥ २ ॥

जिसके शुक्र दूसरे भाव में पड़े वह अन्य के धन से ही मालदार हो जाय, अपनी स्त्री को गुप्तरूप से स्वतन्त्र धन देने में तत्पर रहे, चान्दी तथा सीसा इन दोनों चीजों के व्यवहार (आभूषण और लालटेन, दर्पण आदि की दुकानदारी) से धन का उपार्जन करे । ज्यादः अवस्था होने पर भी लड़कों की बुद्धि रखनेवाला, पतला शरीर वाला, अत्यन्त मधुरवक्ता तथा अनेक पुत्र वाला पुरुष हो ऐसा जानना चाहिये ॥२॥

सहजमन्दिरवर्तिनि भार्गवे प्रचुरमोहयुतो भगिनीयुतः[3] ।
भवति लोचनरोगसमन्वितो धनयुतः प्रियवाक्च सदम्बरः ॥ ३ ॥

जिसके जन्मकालिक शुक्र तीसरे भाव में स्थित हो वह जातक अत्यन्त मोह से व्यग्र, भगिनी वाला होवे, उसकी आँखों में सर्वदा रोग रहा करे, धनवान् हो, मधुर बोलने वाला तथा अच्छे २ कपड़े को धारण करनेवाला हो ऐसा शास्त्र में कहा गया है ॥३॥

भवति बन्धुगते भृगुजे नरो बहुकलत्रसुतेन समावृतः ।
सुरमते सुखमध्यवरे गृहे वसनपानविलाससमावृतः ॥ ४ ॥

यदि शुक्र किसी की कुण्डली में चतुर्थभावगत दिखाई पड़े तो उसे बहुत स्त्री लड़कों से घिरा हुआ, अत्यन्त सुन्दर रमणीय राजसदन के समान घर में रहने वाला, आभूषण, वस्त्र, खान-पान के विलास के साथ आनन्द करनेवाला भाग्यवान् आदमी कहना चाहिये ॥ ४ ॥

---

१ उरसिगे तनुगे । २ विमलशल्यगृही । पूर्वपाठः ।
पूर्वपाठः—३ भगिनीसुतः ।

तनयमन्दिरगे भृगुनन्दने बहुसुतो दुहितुर्वरपूजितः ।
बहुधनी गुणवान् वरनायको भवति चापि विलासवतीप्रियः ॥ ५ ॥

जिसको शुक्र पञ्चमभाव में स्थित हो उसको अधिक पुत्र या अधिक कन्यायें हों, स्वयं कन्या के स्वामी (दामाद से पूजित रहे), बड़ा धनी हो, किसी विशेष गुण का ज्ञाता हो, ग्राम या नगर के नेताओं में श्रेष्ठ हो, अत्यन्त विलासशीला रमणी का प्रेमी हो ऐसा जानना ॥ ५ ॥

भवति वै सुकुलोद्भवपण्डितो रिपुगृहे भृगुजेऽस्तगते नरः ।
जयति वैरिबलं निजतुङ्गगे भृगसुते सुखदे किल षष्ठगे ॥ ६ ॥

यदि शुक्र किसी कुण्डली में अस्त होकर षष्ठभावगत हो तो आदमी अच्छे कुल में जन्म लेकर उत्तम विद्वान् हो यदि वा अपने उच्च (मीन) में रहकर षष्ठभाव में पड़े (यह तब संघटित होगा जब कि तुला जन्म-लग्न हो) तो शत्रुओं की सारी सेनाओं को जीतकर अत्यन्त सुखी होता है ॥ ६ ॥

युवतिमन्दिरगे भृगुजे नरो बहुसुतेन धनेन समन्वितः ।
विमलवंशभवप्रमदापतिर्भवति चारुवपुर्मुदितः सुखी ॥ ७ ॥

जिस आदमी के जन्मकालिक शुक्र सप्तम (जाया) भाव में स्थित हो वह बहुत पुत्र एवं धन से रहित, निर्मल कुल में पैदा हुई (जिसमें किसी प्रकार का कलङ्क कभी न भया हो) स्त्री का स्वामी हो, अधिक मनोहर शरीर वाला हो, हमेशः खुश रहा करे, तथा सुख का अनुभव करने वाला सुभग पुरुष हो ॥ ७ ॥

निधनसद्मगते भृगुजे जनो विमलधर्मरतो नृपसेवकः ।
भवति मांसप्रियः पृथुलोचनो निधनमेति चतुर्थवयस्यपि ॥ ८ ॥

यदि शुक्र अष्टम भाव में पड़े तो वह कुण्डली वाला मनुष्य अच्छे पुराने धर्म (सनातन) में रत रहे, किसी राजा की सेवा करने वाला हो, मांस का भोगी हो, बड़ी आंख (यह भाग्यसूचक है) वाला हो, तथा आखिरी अवस्था (वार्द्धक) में मृत्यु को प्राप्त करे, अर्थात् सब तरह से सुख पाकर अधिक दिन जीवे ॥ ८ ॥

विमलतीर्थपरोऽक्षतनुः सुखी सुरवरद्विजवर्णरतः शुचिः ।
निजभुजार्जितभाग्यमहोत्सवो भवति धर्मगते भृगुजे नरः ॥ ९ ॥

पूर्वपाठः—१ 'भृगुसुतो दुहितावरपूजितः' । इह भृगुशब्दो निरपेक्षः, दुहितृशब्दश्च सर्वत्रैव ऋकान्तो न त्वाबन्त इति । २ 'कुशलोद्भवपण्डितो' । ३ 'युवतिमन्दिरगे वसते' ।

पूर्वपाठः—४ 'चतुर्थवयेऽपि वा' अत्र सान्तो वयश्शब्दोऽकारान्त इव संगृहीत इति मह्यं न रोचते तथोपलब्ध्यभावादिति ।

जिसको शुक्र नवमभाव में सम्प्राप्त हो वह निर्मल तीर्थों की यात्रा में तैयार रहे, सुन्दर शरीर वाला हो, सुखी हो, देवता और ब्राह्मण में रत रहे, पवित्र आत्मा वाला हो, तथा अपने बाहुबल से धन का उपार्जन करे जिससे कि लोक में अधिक भाग्यवान् कहावे ऐसा जानना चाहिये ॥ ६ ॥

दशमसन्दिरगे भृगुवंशजे बधिरबन्धुयुतः स च भोगवान् ।
वनगतोऽपि च राज्यफलं लभेत् समरसुन्दरवेषसमन्वितः ॥ १० ॥

यदि शुक्र दशम-भावगत हो तो उस जातक का भाई बहिरा हो, स्वयं भोग करने वाला हो, संयोगवश-कभी वन में भी जाय तो वहां भी राजा के समान आदर प्राप्त करे, अर्थात् इतनी सेना, नौकर और खजाना उसके पास रहे कि जहाँ जाय वहीं सब बातों का सुभीता हो जाय एवं रणक्षेत्र के योग्य हृष्ट-पुष्ट मनोहर शरीर वाला होवे ॥ १० ॥

लभनभावगते भृगुनन्दने वरगुणावहितोऽप्यनलव्रतः ।
सदनतुल्यवपुः सुखभाजनं भवति हास्यरतिः प्रियदर्शनः ॥ ११ ॥

जिसकी कुण्डली में शुक्र ग्यारहवें (आय) भाव में पड़े वह आदमी अच्छे गुणों से सहित होकर भी अग्निहोत्री हो, कन्दर्प के समान शरीरकान्ति वाला हो, अत्यन्त सुख का भागी हो, हास्य का प्रेमी हो, तथा देखने में सभी के लिये अधिक सुखकर हो ऐसा शास्त्र में कहा गया है ॥ ११ ॥

जनुषि चेद् व्ययवर्तिनि भार्गवे भवति रोगयुतः प्रथमं नरः ।
तदनु दम्भपरायणचेतनः कृशबलो मलिनः सहितः सदा ॥१२॥

जिसको जन्मकालिक शुक्र द्वादश भाव में स्थित हो तो वह आदमी पहले रोगी रहता है, उसके बाद छल-प्रपञ्च में प्रवीण होता है, निर्बल शरीर वाला, मलिन वस्त्र धारण करने वाला, (तथापि) सर्वदा अपने हितैषियों के साथ रहा करता है ॥ १२ ॥

अथ शनिभावफलम्—

सततमल्पगतिर्मदपीडितस्तपनजे तनुगे खलु चाधमः ।
भवति हीनकचः कृशविग्रहो बहुसुहृद्रिपुसद्मनि मानवः ॥ १ ॥

जिस मनुष्य की जन्म कुण्डली में शनैश्चर प्रथम—भावगत याने लग्न में पड़े तो वह सदैव धीमी गति वाला अर्थात् कार्यमात्र में देर करके काम करने वाला, (तथापि) मिथ्या-गौरव से परिपूर्ण, अत्यन्त अधम हो, शरीर में थोड़े केश हों, एवं पतला शरीर हो, यदि वही शनैश्चर शत्रु के घर में हो तो जातक को अधिक लोगों से मित्रता होती है ॥१॥

पूर्वपाठः—१ निजमिते। २ निजसुहृत्।

धननिकेतनवर्तिनि भानुजे भवति वाक्यसहः स धनान्वितः।
चपललोचनसञ्चयने रतो भवति चौरपरो नियतं सदा ॥ २ ॥

यदि शनि दूसरे भाव में आ जाय तो जातक दूसरे की बातों को सहने वाला, धनी, सर्वदा आँखों को इधर उधर घुमाने का व्यापार करने वाला तथा अहर्निश चोरों के साथ आचार-विचार निश्चय कर किया करे ॥ २ ॥

सहजमन्दिरगे तपनात्मजे भवति सर्वसहोदरनाशकः।
तदनुकूलनृपेण समो नरः संसुतपुत्रकलत्रसमन्वितः ॥ ३ ॥

जिस जातक की कुण्डली में शनि तृतीय (सहज) भाव में पड़ जाय वह अपने सहोदर (सगे) भाइयों को नाश करने वाला होता है। उसी के अनुकूल किसी राजा के समान प्रतापी हो, तथा पुत्र, स्त्री, पौत्र आदि से सहित रहा करता है ॥ ३ ॥

बन्धुस्थितो भानुसुतो नराणां करोति बन्धोर्निधनं च रोगी।
स्त्रीपुत्रभृत्येन विनाकृतश्च ग्रामान्तरे चासुखदः स वक्री ॥ ४ ॥

यदि शनैश्चर चतुर्थ भाव में आ पड़े तो आदमी बन्धुवर्गों का नाशकारक, स्वयं रोगवान्, स्त्री, पुत्र, नौकर आदि से अनादर पानेवाला होता है, यदि वही शनि वक्री हो तो दूसरे ग्राम में जाकर बहुत दुःख का भोग करने वाला पुरुष होवे ऐसा जानना चाहिये ॥ ४ ॥

शनैश्चरे पञ्चमशत्रुगेहे पुत्रार्थहीनो भवतीह दुःखम्।
तुङ्गे निजे मित्रगृहे च पङ्गौ पुत्रैकभागी भवतीति कश्चित् ॥५॥

जिसके जन्मकालिक शनैश्चर शत्रु के घर में बैठा हुआ पञ्चम भाव में दिखाई दे तो जातक पुत्र तथा धन से हीन हो, दुःख का भोग करे, यदि वही शनि अपने उच्च (तुला) में या मित्र की जगहों में से किसी में पड़े तो स्वयं लँगड़ा होकर एक पुत्रवाला हो यह किसी अन्य आचार्य का कथन है ॥ ५ ॥

नीचे रिपोर्नीचकुलक्षयं च षष्ठे शनिर्गच्छति मानवानाम्।
अन्यत्र शत्रून् विनिहन्ति तुङ्गी पूर्णार्थकामार्जनतां ददाति ॥६॥

जिस आदमी को जन्मकालिक शनैश्चर निर्बल होकर या शत्रु के घर में या अपने नीचस्थान में होते हुए षष्ठ भाव में आ पड़े तो वह समूचे कुल को नाश करनेवाला होता है। यदि वा वही शनि अपने उच्च में हो तो शत्रुओं को नाश कर पूरे धन और कामनाओं की सिद्धि को प्राप्त करने वाला जातक होवे ऐसा शास्त्र में कहा गया है ॥६॥

विश्रामभृतां विनिहन्ति जायां सूर्यात्मजः सप्तमगश्च रोगान्।
धत्ते पुनर्दम्भधराङ्गहीनं [2]मित्रस्य वंशे रिपुता सुहृद्भिः ॥ ७ ॥

१ 'स्वसुतपुत्र–' इत्यादि-। २ 'मित्रस्य वंशे दुहिता सुहृच्च ।' पूर्वपाठः।

जिसको जन्मकाल में शनैश्वर सप्तम (जाया) भाव में स्थित हो तो आश्रयभूत उसकी स्त्री जल्दी मर जाय, उसको कई प्रकार के रोगों की उत्पत्ति हो, स्वयं मनोविकार वाला हो, अङ्ग से हीन (जैसे एकाक्ष आदि) हो, मित्र-मण्डली में कुछ मित्रों से शत्रुता हो जाय ॥ ७ ॥

शनैश्वरे चाष्टमगे मनुष्यो देशान्तरे तिष्ठति दुःखभागी।
चौर्यापराधेन च नीचहस्ते पञ्चत्वमाप्नोत्यथ नेत्ररोगी ॥ ८ ॥

यदि शनैश्वर अष्टमभाव में हो तो आदमी हमेशः विदेश में रहता है, दुःख भोगने वाला, कहीं पर चोरी के अपराध से चाण्डालों के द्वारा (फाँसी पर लटकाये जाने आदि से) मृत्यु को प्राप्त करने वाला होता है ॥ ८ ॥

धर्मस्थपङ्गौ[1] बहुदम्भकारी धर्मार्थहीनः पितृवञ्चकश्च।
मदानुरक्तो निधनी च रोगी पापिष्ठभार्यापरहीनवीर्यः ॥ ९ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकाल में शनैश्वर नवम भाव में पड़े तो वह नास्तिक की तरह अपने परम्परागत धर्म की बातों में पाखण्ड करने वाला होवे, पिता के साथ वंचक बना रहे, हमेशः मद से अनुरक्त रहा करे, दरिद्र हो, रोगी हो तथा पापिनी स्त्री के साथ रहने से निर्बल हो ऐसा जानना ॥ ९ ॥

शनैश्वरे कर्मगृहे स्थितेऽपि महाधनो नृत्यजनानुरक्तः।
प्राप्तप्रवासे नृपसद्मवासी न शत्रुवर्गाद्भयमेति मानी ॥ १० ॥

यदि शनैश्वर किसी के जन्मकाल में दशमभावगत हो तो वह जातक बड़े मालदार, नर्त्तकजनों के साथ खान-पान या सहवास में अनुरक्त रहे, विदेश जाने पर आलीशान मकान में रहने वाला, अधिक मान रखते हुए कभी शत्रुओं से भय नहीं प्राप्त करे ऐसा जानना चाहिये ॥ १० ॥

सूर्यात्मजे चायगते मनुष्यो धनी विमृश्यो बहुभोग्यभागी।
शीतानुरागी[2] मुदितः सुशीलः स बालभावे भवतीति रोगी ॥११॥

जिसको शनैश्वर जन्मकुण्डली में ग्यारहवें भाव में दीख पड़े तो वह मनुष्य धनी होवे, सभी कामों में विचार-पुरस्सर आगे पाँव बढ़ावे, विविध प्रकार सुखों को भोगने वाला, उष्णप्रकृति होने के कारण शैत्य (ठण्ढक) का प्रेमी, सदैव, हर्षित तथा अच्छा शील वाला हो, परन्तु बाल्यावस्था में रोगी रहे ॥ ११ ॥

व्यये शनौ पञ्चगणाधिनाथो गदान्वितो हीनवपुः सुदुःखी।
जंघाव्रणी क्रूरमतिः कृशाङ्गो वधे रतः पक्षिगणस्य नित्यम् ॥१२॥

यदि शनैश्वर किसी को व्यय भाव में पड़े तो जातक गाँव की समाजिक पञ्चायत का सभापति होता है, अधिक काल रोग से पीड़ित रहे, एवं उसी के कारण शरीर की

१ 'धर्मस्य पङ्गुर्बहुदम्भकारी'। २ 'शितानुरागी'। पूर्वपाठः।

छटा भद्दी हो, अधिक दुःख का अनुभव करने वाला, जाँघ में घाव रहा करे, पाप बुद्धि वाला, एवं खिन्न शरीर वाला हो तथा अहर्निश पक्षियों के शिकार में रत रहा करे ॥१२॥

अथ राहुभावफलम्—

रोगी सदा देवरिपौ तनुस्थे कुलस्य धारी बहुजल्पशीलः ।
रक्तेक्षणः पापरतः कुकर्मरतः सदा साहसकर्मदक्षः ॥ १ ॥

यदि राहु जन्मकाल में किसी को प्रथम भाव याने लग्न में पड़ जाय तो वह जातक सर्वदा (आजीवनान्त) रोगी रहे तो भी कुल को रखने वाला हो, व्यर्थ अधिक बोलने का स्वभाव रखे, उसकी आँखें लाल वर्ण की हों, हिंसा आदि पापों को करने वाला हो, खेती करने में रत रहे तथा सदैव ताक़त न रहने पर भी सभी कामों में साहस करने वाला हो ॥ १ ॥

राहौ धनस्थे कृतचौरवृत्तिः सदावलिप्तो बहुदुःखभागी[2] ।
मत्स्येन मांसेन सदा धनी च सदा वसेन्नीचगृहे मनुष्यः ॥ २ ॥

जिसको जन्मकालिक राहु धनभाव में पड़े वह आदमी चोरी करने वाला, हमेशः अहङ्कार करने वाला, बहुत प्रकार के दुःखों को भोगने वाला, प्रति दिन मत्स्य, मांस खाने वाला, पूर्ण धनी एवं सर्वदा किसी नीच जाति या मनुष्य के घर में रहने वाला पुरुष होता है ॥ २ ॥

भ्रातुर्विनाशं प्रददाति राहुस्तृतीयगेहे मनुजस्य देहे[3] ।
सौख्यं धनं पुत्रकलत्रमित्रं ददाति तुङ्गी गजवाजिभृत्यान् ॥ ३ ॥

जिसके जन्मकालिक राहु तृतीय—(सहज) भावगत हो उस आदमी का भाई जल्दी मर जाय, सुख को प्राप्त करे. धन, पुत्र, स्त्री तथा मित्र इनसे सहित रहे, यदि वही राहु अपने उच्चस्थान में रहे तो जातक को हाथी-घोड़े तथा काफी नौकर देकर सन्तुष्ट रखता है ॥ ३ ॥

राहौ चतुर्थे धनबन्धुहीनो ग्रामैकदेशे वसति प्रकृष्टः ।
नीचानुरक्तः पिशुनश्च पापी पुत्रैकभागी कृशयोषिदस्यैं[4] ॥ ४ ॥

जिसको राहु चतुर्थ भाव में दीख पड़े वह आदमी दरिद्र एवं भाई में अकेला रहे, गांव के बाहर किसी हिस्से में मकान बनाकर रहे, नीच लोगों के साथ बात-चीत किया करे, दो आदमियों के बीच में झगड़ा लगाने वाला हो, पाप कर्मों का आचरण करे. सिर्फ एक कन्या वाला हो, एवं उसकी स्त्री पतली देह वाली हो ॥४॥

राहुः सुतस्थः शशिनानुगो हि पुत्रस्य हर्त्ता कुपितः सदैव ।
गेहान्तरे सोऽपि सुतैकमात्रं दत्ते प्रमाणं मलिनं कुचैलम् ॥ ५ ॥

---

१ 'कुले च धारी'। २ 'सदा विलिप्तः'। ३ मनुजस्य देहो। ४ कृशयोषिदासाम्। इति पाठान्तराणि।

यदि राहु चन्द्रमा से अनुगत होकर पञ्चम भाव में उपस्थित हो तो जातक को कोई पुत्र होकर मर जायँ, सदैव क्रोध के आवेश में रहा करे, दूसरे घर का भी मालिक हो जाय, परन्तु उसको केवल एक पुत्र जो देखने में कुरूप तथा मलिन हो ऐसा होकर जीवित रहे ॥ ५ ॥

षष्ठे स्थितः शत्रुविनाशकारी ददाति पुत्रं च धनानि भोगान्।
स्वर्भानुरुच्चैरखिलाननर्थान् हन्त्यन्ययोषिद्गमनं करोति ॥ ६ ॥

जिस जातक के जन्मकाल में राहु षष्ठ-भावगत दिखाई दे उसके शत्रुओं का नाश हो जाय. धन और पुत्र बहुत हों तथा उस धन का भोग भी कर सके यदि वही राहु उच्चगत होकर षष्ठभाव में पड़े तो उसके सब अनर्थों को नाश कर पर-स्त्री के साथ संभोग कराता है ॥ ६ ॥

जायास्थराहुर्धनहानिमेवं ददाति नारीं विविधांश्च भोगान्।
पापानुरक्तां कुटिलां कुशीलां ददाति शेषैर्बहुभिर्युतश्च ॥ ७ ॥

यदि राहु सप्तम (जाया) भाव में पड़ जाय तो जातक के धन का नाश हो, स्त्री के अतिरिक्त और विविध प्रकार का भोग प्राप्त होता है, यदि वही राहु और बहुत ग्रहों के साथ में हो तो उसकी स्त्री व्यभिचारिणी, कर्कशा, खराब शील-स्वभाव वाली होगी, ऐसा जानना ॥ ७ ॥

राहुः सदा चाष्टममन्दिरस्थो रोगान्वितं पापरतं प्रगल्भम्।
चरं कृशं कापुरुषं धनाढ्यं मायामतीतं पुरुषं करोति ॥ ८ ॥

जिसको जन्मकालिक राहु अष्टम मृत्यु भाव में स्थित हो वह जातक रोगी हो, पाप कर्मों का आचरण करने वाला हो, प्रगल्भता के साथ रहा करे. तथा चोर, खिन्न शरीर वाला निन्दित पुरुष, धनी एवं अधिक माया से व्याप्त मनुष्य होता है ॥ ८ ॥

धर्मस्थिते चन्द्ररिपौ मनुष्यश्चाण्डालकर्मा पिशुनः कुचैलः।
ज्ञातिप्रमोदे निरतश्च दीनः शत्रोः कुलाद्भीतिमुपैति नित्यम् ॥९॥

यदि राहु किसी जन्मकाल में नवमभावगत हो तो वह आदमी चाण्डाल के कर्मों (हिंसा आदि) को करने वाला, झगड़ालु, खराब वस्त्र पहिनने वाला हो, अपने सम्बन्धियों के प्रमोद में निरत रहे, मन्द भाग्य हो, सदैव शत्रुवर्ग से भय प्राप्त किया करे, ऐसा जानना चाहिए ॥ ९ ॥

कामातुरः कर्मगते च राहौ परार्थलोभी मुखरश्च दीनः।
म्लानो विरक्तः सुखवर्जितश्च विहारशीलश्चपलोऽतिदुष्टः ॥ १० ॥

जिसके राहु दशम भाव में पड़ जाय वह मनुष्य कामासक्त रहता है, पराये धन की खोज किया करे, सभी कामों में अग्रसर होवे, मन्दभाग्य हो मलिन रहे, एवं

पूर्वपाठः—१ जायास्थराहुर्धनहानिजायां ददाति नार्यो विविधांश्च भोगान्।

आध्यात्मिक विचार करने वाला, दुःखी इधर-उधर घूमने वाला, चञ्चल तथा अत्यन्त दुष्ट होता है ॥ १० ॥

आयस्थिते सोमरिपौ मनुष्यो दान्तो भवेन्नीलवपुः सुमूर्त्तिः ।
वाचाल्पयुक्तः परदेशवासी शास्त्रार्थवेत्ता[1] चपलोऽत्रपश्च ॥ ११ ॥

जिस जातक के जन्मकाल में राहु लाभ भाव में व्यवस्थित हो वह क्षमाशील, श्यामवर्ण शरीर वाला तथा देखने में पूर्ण सुन्दर हो, थोड़ी बात बोलने वाला, सर्वदा विदेशवासी, शास्त्रों के अर्थ को या शस्त्र-युद्ध को भली भांति जाननेवाला, अधिक चञ्चल बालक की भांति स्वभाव वाला तथा निर्लज्ज याने कितना हूँ खराब काम कर आवे तो भी लोगों के सामने लज्जा न करे, ऐसा पुरुष होता है ॥ ११ ॥

व्ययस्थिते सोमरिपौ नराणां धर्मार्थहीनो बहुदुःखतप्तः ।
कान्ताविमुक्तश्च विदेशवासी सुखैश्च हीनः कुनखी कुवेषः ॥१२॥

यदि किसी आदमी की जन्मकुण्डली में राहु व्यय भाव में सम्प्राप्त हो तो वह धन और धर्म से हीन अर्थात् दरिद्र एवं पापी होता है, अनेक दुःखों के रहने के कारण उसका हृदय सदैव तृप्त रहा करे, स्त्री से वञ्चित रहे, अधिक समय विदेश में रहने वाला हो, सुख से हीन हो, तथा उसके खराब नाखून हो, वेष-भाव अत्यन्त घृणित हो ॥ १२ ॥

अथ केतुभावफलम्—

तनुस्थः शिखी बान्धवक्लेशकर्त्ता
तथा दुर्जनेभ्यो भयं व्याकुलत्वम् ।
कलत्रादिचिन्ता सदोद्वेगिता च
शरीरे व्यथा नैकधा मारुती स्यात् ॥ १ ॥

यदि किसी कुण्डली के लग्न में केतु व्यवस्थित हो तो जातक अपने बन्धुवर्ग को क्लेश देनेवाला हो, दुर्जनों से भय प्राप्त हो, मन में व्याकुलता आवे, स्त्री, पुत्र आदि के विषय में चिन्ता बनी रहे, हमेशः सभी उद्देश्यों के लिये शरीर में उद्वेग रहा करे, शरीर में पीड़ा रहे तथा वातविकार से क्लेशित हो, ऐसा जानना चाहिये ॥ १ ॥

धने केतुरव्यग्रता किंनरेशाद्धने धान्यनाशो मुखे रोगकृच्च ।
कुटुम्बाद्विरोधो वचः सत्कृतं वा भवेत्स्वे गृहे सौम्यगेहेऽतिसौख्यम् ॥२॥

जिसके जन्मकालिक केतु दूसरे भाव में दीख पड़े उसका मन अव्यग्र रहे, परन्तु किसी कुत्सित राजा के द्वारा धनों (धान्य, रुपया, सोना, चाँदी आदि) में से धान्य का नाश हो जाय, मुख में कोई रोग हो, अपने परिवारों से विरोध हो, वा बातचीत में

१ 'शास्त्रज्ञवेत्ता चपलो निर्लज्ज' इति पूर्वपाठः ।

आदरणीय रहे और तरह से अनादर पावे (यह फल यदि केतु अपने घर में रहे तब हो, यदि शुभग्रह के घर में हो तो हर हालत में सौख्य पावे) ॥ २ ॥

शिखी विक्रमे शत्रुनाशं विवादं धनं भोगमैश्वर्यतेजोऽधिकं च।
सुहृद्वर्गनाशं सदा बाहुपीडाभयोद्वेगचिन्ताकुलत्वं विधत्ते ॥ ३ ॥

यदि केतु किसी कुण्डली में विक्रम (तृतीय) भाव में उपस्थित हो तो जातक के शत्रुओं का नाश हो, लोगों से विवाद (मुकद्दमा) हो, धन की उपलब्धि हो, अनेक प्रकार के भोग-विलास करे, ऐश्वर्य (बड़प्पन सार्वभौम से किसी प्रकार की खिताब आदि) मिले, समाज में प्रभाव खूब विकसित हो, (बाद) मित्रों का नाश हो, सदैव बाँह में पीड़ा रहा करे, तथा भय के उद्वेग से चिन्ता करके व्याकुल भी हो ऐसा जानना ॥ ३ ॥

चतुर्थेन मातुः सुखं न कदाचित् सुहृद्वर्गतः पैतृकं नाशमेति।
शिखी बन्धुवर्गात्सुखं स्वोच्चगेहे चिरं नो वसेत्स्वे गृहे व्यग्रता चेत् ॥४॥

जिनके जन्मकालिक केतु चतुर्थ भाव में दिखाई दे उसको माता का सुख कम मिले याने बाल्यावस्था में ही उसकी माता मर जाय, अपने मित्रवर्गों से भी सुख की आशा न दीख पड़े, पैतृक धन—जो कि उसके पिता का उपार्जित हो उसका शीघ्र नाश हो जाय। यदि वही केतु अपने उच्च में रहते हुए चतुर्थ भावगत हो तो अपने बन्धुवर्गों से सुख पावे, अधिक समय विदेश में रहा करे वहाँ भी चित्त में व्यग्रता बनी रहे ॥४॥

यदा पञ्चमे राहुपुच्छं प्रयाति तदा सोदरे घातवातादिकष्टम्।
स्वबुद्धिर्व्यथा संततं स्वल्पपुत्रः सदासो भवेद्वीर्ययुक्तो नरोऽपि ॥ ५ ॥

यदि किसी आदमी की जन्मकुण्डली में केतु पञ्चम भाव में व्यवस्थित हो तो उस जातक के सहोदर भाइयों में परस्पर—संग्राम के कारण किसी की मृत्यु हो जाने से तथा वायु के अधिक प्रकोप से मन में कष्ट हो, अपनी बुद्धि की व्यथा सदैव हो, थोड़ी संख्या में पुत्र हों, नौकर वगैरह रहा करे, अनेक प्रकार के बल से परिपूर्ण रहे ॥ ५ ॥

तमः[1] सप्तमस्थः शिखी षष्ठभावे भवेन्मातुलान्मानभङ्गो रिपूणाम्।
विनाशश्चतुष्पात्सुखं तुच्छचित्तं शरीरे सदानामयं व्याधिनाशः ॥६॥

यदि किसी के जन्मकाल में केतु षष्ठ भावगत हो तो उस जातक को अपने मातुल (मामा) से अनादर हो, शत्रुओं का नाश हो, चौपायों से सुख मिले। अर्थात् हाथी, घोड़े, गाय, भैंस आदि सदैव रहने के कारण हर तरह से सुख प्राप्त हो। उसका चित्त तुच्छ हो अर्थात् छोटी आत्मा हो, शरीर में किसी प्रकार का विकार हो, तथा सब व्याधियों का नाश हो ॥ ६ ॥

पूर्वपाठः—१ तमः षष्ठभागे गते।

शिखी सप्तमे भूयसी मार्गचिन्ता निवृत्तः स्वनाशोऽथवा वारिभीतिः[1]।
भवेत्कीटगः सर्वदा लाभकारी कलत्रादिपीडा व्ययो व्यग्रता चेत् ॥७॥

जिस मनुष्य को जन्मकालिक केतु सप्तम (जाया) भाव में पड़ जाय उसको मार्ग चलने के लिए अधिक चिन्ता हुआ करे, यदि ऐसा न करे याने जाना बन्द करे तो अपने धन का नाश हो, अथवा जल का भय हो। यदि वही केतु वृश्चिक राशि पर रहते हुए उक्त-भावगत हो तो जातक को हमेशः लाभ करने वाला हो, स्त्री पुत्र आदि की पीड़ा जनावे, कार्यमात्र में खर्च अधिक हो तथा उसका मन व्यग्र रहा करे ॥ ७ ॥

गुदं पीड्यतेऽर्शादिरोगैरवश्यं भयं वाहनादेः स्वद्रव्यस्य रोधः।
भवेदष्टमे राहुपुच्छेऽर्थलाभः सदा कीटकन्याजगोयुग्मकेतुः ॥ ८ ॥

यदि केतु जन्मकाल में अष्टम-भावगत दिखाई पड़े तो, जातक को अर्श (बवासीर) आदि रोग होवें, हाथी, घोड़े, मोटर आदि से गिरने का या उन्हीं के द्वारा और किसी प्रकार का भय हो, अपने धन की रुकावट हो। यदि वही केतु मेष, वृष, मिथुन, कन्या और वृश्चिक इनमें से किसी राशि में होता हुआ अष्टम भाव में पड़े तो हमेशः धन का लाभ हुआ करे ॥ ८ ॥

शिखी धर्मभावे यदा क्लेशनाशः सुतार्थी भवेन्म्लेच्छतो भाग्यवृद्धिः।
सहोत्थव्यथां बाहुरोगं विधत्ते तपोदानतो हास्यवृद्धिं तदानीम् ॥९॥

जिसके जन्मकाल में केतु नवम भाव में व्यवस्थित देखा जाय उस आदमी को क्लेश नहीं होता, पुत्र होने की आशा पूरी रक्खे, अति नीच (म्लेच्छ) जातियों के द्वारा भाग्य की वृद्धि हो, अपने सहोदर भाई-बहन के कारण मन में व्यथा हो, बाँह में किसी प्रकार का रोग हो, तथा इन खराबियों को सुधारने के अभिप्राय यदि दान-तप करे तो फलतः लोगों में उसका उपहास हो, लाभ कुछ नहीं, ऐसा जानना चाहिए ॥९॥

पितुर्नो सुखं कर्मगो यस्य केतुस्तदा दुर्भगं कष्टभाजं करोति।
तदा वाहने पीडितं जातु जन्म वृषाजालिकन्यासु चेच्छत्रुनाशम् ॥१०॥

यदि केतु दशम भाव में पड़े तो उस जातक को पिता से सुख न मिले, कुरूप एवं सब कठिनाइयों का पात्र हो, वाहन (हाथी, घोड़े, आदि) के कारण पीड़ा हो, यदि वही केतु मेष, वृष, कन्या तथा वृश्चिक इनमें से किसी में रहते हुये दशमभाव में हो तो उसके शत्रुओं का नाश करता है ॥ १० ॥

सुभाग्यः सुविद्याधिको दर्शनीयः सुगात्रः सुवस्त्रः सुतेजाश्च तस्य[2]।
दरैः पीड्यते सन्ततिर्दुर्भगा च शिखी लाभगः सर्वलाभं करोति ॥११॥

जिस जातक के जन्मसमय में केतु ग्यारहवें (लाभ) भाव में व्यवस्थित देखा जाय वह भाग्यवान् अधिक विद्याओं को जाननेवाला, दर्शनीय, अच्छा शरीर वाला,

१ वारिभीतोः। २ सुतेजोऽपि तस्येति पूर्वपाठः।

शाल-दुशाले आदि देववस्त्र को धारण करने वाला, एवं महाप्रभावशाली होता है। परन्तु स्वयं भय से पीड़ित हो तथा उसकी सन्तति (पुत्र, कन्या आदि) भाग्यहीन (विकल) रहे, हर तरह से उसे सब वस्तुओं का लाभ हो, ऐसा जानना चाहिये ॥११॥

शिखी रिष्फगो बस्तिगुह्याङ्घ्रिकोपी रुजा पीडनं मातुलान्नैव शर्म।
सदा राजतुल्यं नरं सद्व्ययं तद् रिपूणां विनाशं रणेऽसौ करोति॥१२॥

जिसकी जन्मकुण्डली में केतु व्ययभाव में पड़ जाय उसे वस्ति (नाभि लिङ्ग के बीच वाला स्थान-पेड़ू) गुदामार्ग और चरण इनमें पीड़ा हुआ करती है, अधिक काल उसके शरीर में किसी प्रकार का प्रबल रोग भी अपनी दखल जमाये रहता है जिसके कारण उसको पूरी तकलीफ हो। मामा से किसी वस्तु की प्राप्ति न हो तथापि राजा के समान पुरुष हो, अच्छे २ कामों में समुचित व्यय न करे तथा युद्ध-क्षेत्र में अपने शत्रुओं का नाश करने वाला हो ॥ १२ ॥

अथ द्विग्रहयोगफलम्—

स्त्रीवशः क्रूरकर्म्मा च दुर्विनीतः क्रियादृढः।
विक्रमी लघुचेताश्च चंद्रसूर्यसमागमे ॥ १ ॥

जिस आदमी की जन्मकुण्डली में सूर्य और चन्द्रमा एक जगह दिखाई पड़े। (यह योग अमावास्या के समीप में जन्म होने से लगता है) वह स्त्री के आधीन रहे, पापकर्म करने वाला, सभी के सामने अपना औद्धत्य दिखाने वाला, अपनी क्रियाओं में दृढता के साथ रहने वाला, तथा, पराक्रमशाली हो, किन्तु उसकी आत्मा तो भी छोटी रहे ॥ १ ॥

सूर्यमङ्गलसंयोगे तेजस्वी पापमानसः।
मिथ्यावादी च मूर्खश्च वधनिष्ठो बली नरः ॥ २ ॥

यदि किसी कुण्डली में सूर्य और मङ्गल एक ही स्थान पर व्यवस्थित तो तो जातक तेजस्वी (अधिक प्रभावशाली) हो, परन्तु उसका मन पापसंबन्ध में घूमा करे, मिथ्या बोलने वाला, मूर्ख पशु-पक्षियों को मारने वाला तथा पूर्ण बलिष्ठ पुरुष होता है ॥२॥

विद्वानार्यो राजमान्यः सेवाशीलः प्रियंवदः।
यशस्वी च स्थिरद्रव्यो बुधसूर्यसमागमे ॥ ३ ॥

जिसके जन्मकाल में बुध और सूर्य एक ही राशि पर दीख पड़े वह कुण्डली वाला जातक विद्वान्, श्रेष्ठ राजाओं से आदर पाने वाला, अतिथि आदि की सेवा करने वाला होवे, सभी से मीठी बातें करने वाला, यशस्वी एवं उसके पास सदैव द्रव्य रहा करे, ऐसा जानना चाहिये ॥ ३ ॥

नृपमान्यो धर्मनिष्ठो मित्रवानर्थवानपि।
उपाध्यायोऽतिविख्यातो योगे जीवार्कयोर्भवेत् ॥ ४ ॥

यदि किसी की जन्मकुण्डली में सूर्य तथा बृहस्पति दोनों ग्रह एक जगह पर व्यवस्थित देखे जाँय तो वह जातक राजाओं से आदर पाता है, अपने परम्परागत धर्म में रत रहा करे, अधिक मित्र हों जिनसे अवसर पर सहायता मिले, स्वयं धनवान् हो, एवं पण्डित ऐसा हो कि अधिक स्थान पर मशहूर रहे ॥ ४ ॥

शस्त्रप्रहारो बन्धश्च रङ्गज्ञो नेत्रदुर्बलः ।
स्त्रीसङ्गलब्धद्रव्यश्च सक्तः शुक्रार्कसङ्गमे ॥ ५ ॥

जिसके जन्मकालिक सूर्य और शुक्र दोनों एक-राशिगत हों तो जातक के शरीर में शस्त्र (तलवार आदि) का प्रहार हो, जेल में जाने वाला हो, नाट्यशाला के रहस्यों का भली-भाँति जानकार हो, आँखों की शक्ति कम रहे, पराई स्त्रियों के साथ सम्भोग करने से धन पाने वाला हो तथा उसी के कारण परस्त्री में आसक्त रहा करे ॥५॥

विद्वानपि क्रियानिष्ठो धातुज्ञो वृद्धचेष्टितः ।
प्रणष्टसुतदारश्च शनिसूर्यसमागमे ॥ ६ ॥

जिस कुण्डली में सूर्य और शनैश्चर किसी एक ही राशि में दोनों दिखाई दें तो जातक विद्वान्, उसमें भी क्रियानिष्ठ (यही पूरी विद्वत्ता है) धातु के जितने पदार्थ हैं सभी का ज्ञान रखने वाला, वृद्ध की तरह बात-चीत तथा आचरण करने वाला होता है। उसके पुत्र एवं स्त्री आदि अनवसर में मर जाँय जिससे उसका मन व्यग्र रहे ऐसा जानना चाहिए ॥ ६ ॥

चन्द्रमङ्गलसंयोगे रक्तपीडातुरो भवेत् ।
मृच्चर्मधातुशिल्पी च धनी शूरो रणे भवेत् ॥ ७ ॥

जिस आदमी के जन्मकालिक चन्द्रमा और मङ्गल एक राशिगत वर्तमान हो वह रक्तविकार से पीडा के कारण सदैव आतुर रहता है। मिट्टी, चमड़े, धातु (ताँबा, सोना, चाँदी आदि) शिल्प (चित्र खींचना आदि) इनका व्यवसाय करने वाला धनी तथा रण में वीर कहाने वाला हो (अपने घर में तो सभी शूर होते पर रण में जो स्थिर रहे वही सच्चा शूरवीर है) ॥ ७ ॥

स्त्रीसंसक्तः सुरूपश्च काव्ये च निपुणो नरः ।
धनी गुणी हास्यवक्त्रो बुधेन्द्वोर्धार्मिकोऽन्वये ॥ ८ ॥

यदि किसी कुण्डली में चन्द्रमा और बुध एक जगह पर दिखाई दें तो वह जातक स्त्री के अधीन रहने वाला, देखने में खूब सुन्दर, कविता करने में पूर्णयोग्य, धनवान्, कई गुण (गान, वाद्य आदि) जानने वाला तथा धार्मिक पुरुष होता है, एवं उसके चेहरे पर सदैव हँसी दीख पड़ती है। अर्थात् उसका चेहरा कभी अप्रसन्न नहीं प्रतीत होता है ॥ ८ ॥

देवद्विजार्चासक्तश्च बन्धुमान्यकरो धनी।
दृढप्रीतिः सुशीलश्च जीवचन्द्रसमागमे ॥ ९ ॥

जिस कुण्डली में बृहस्पति और चन्द्रमा एकराशिगत दीख पड़े वह कुण्डली वाला जातक देवता, ब्राह्मण इनकी पूजा में अहर्निश आसक्त रहे, अपने परिवारों को मान्य बनाने वाला, धनवान् हो, जिसके साथ वह प्रेम दिखावे मानो जन्म भर के लिए दृढ़ रखे, तथा अच्छा शील (स्वभाव) वाला हो ॥ ९ ॥

कुशलो विक्रयादौ च वृषलः कलहप्रियः।
माल्यवस्त्रादिसंयुक्तः शशिभार्गवसङ्गमे ॥ १० ॥

जिस जातक के जन्मकालिक चन्द्रमा और शुक्र एक ही स्थान पर व्यवस्थित देखे जांय वह खरीद बिक्री में प्रवीण, शूद्र की तरह आचार-व्यवहार रखने वाला हो, सदैव झगड़ा करने के लिए उपाय सोचता रहे, तथा माला, वस्त्र (अच्छा) आदि से अपने को सुसज्जित रखे ॥ १० ॥

गजाश्वपालो दुःशीलो वृद्धस्त्रीरमणो नरः।
वेश्याधनोऽल्पपुत्रश्च शनिचन्द्रसमागमे ॥ ११ ॥

यदि शनैश्चर और चन्द्रमा किसी आदमी की जन्मकुण्डली में एक ही जगह पर व्यवस्थित हों तो वह जातक हाथी और घोड़े का पालने वाला अर्थात् इतना बड़ा धनी हो कि हाथी घोड़े उसके दरवाजे पर मौजूद रहें, खराब शील-स्वभाव हो, वृद्धा स्त्री के साथ संभोग करने में अधिक रुचि हो, उसका धन बहुधा वेश्याओं ही के लिए प्रतीत हो अर्थात् लम्पट एवं वेश्यागामी हो, तथा थोड़े पुत्र वाला हो ऐसा जानना चाहिये ॥ ११ ॥

भूपुत्रबुधसंयोगे निर्धनो विधवापतिः।
[1]स्त्री दुर्भगा क्रयप्रीतः स्वर्णलोहप्रकीर्णकैः ॥ १२ ॥

यदि बुध और मङ्गल किसी के जन्मकाल में एक राशि में सम्प्राप्त हो तो वह जातक दरिद्र, विधवा के साथ विवाह करने वाला (आर्यसमाजी) हो, वह भी स्त्री दुर्भगा हो, सोना, चाँदी, लोहे आदि धातुओं को खरीदने में प्रसन्न रहे, एवं उसी से जीवन चलाने वाला हो ॥ १२ ॥

मेधावी शिल्पशास्त्रज्ञः श्रुतज्ञो वाग्विशारदः।
अश्वप्रियः प्रधानश्च जीवमङ्गलसङ्गमे ॥ १३ ॥

जिसके जन्मकाल में मङ्गल और बृहस्पति किसी एक स्थान पर वर्तमान हों वह जातक मेधावी (अच्छी बुद्धि वाला) शिल्पकला (चित्र खींचने) में निपुण, किसी

१ पूर्वपाठः—स्त्रीदुर्भगः कणप्रीतः स्वर्णलोहप्रकीर्णकः।

के मुख से निकले हुए अच्छे विषयों को श्रवणमात्र से जानने वाला, बातचीत करने में विशारद, घोड़े से प्रेम करने वाला तथा लोगों में प्रधान होकर रहने वाला हो, ऐसा शास्त्र में कहा गया है ॥ १३ ॥

गुणप्रधानो गणको द्यूतानृतरतः शठः ।
परदाररतो मान्यः शुक्रमङ्गलसङ्गमे ॥ १४ ॥

यदि शुक्र और मङ्गल दोनों ग्रहों का समावेश किसी कुण्डली में एक राशि पर प्रतीत हो तो जातक ज्यौतिष (गणना) का ज्ञाता ही, गुणों से लोक में प्रधान माना जाय, जूआ खेलना तथा मिथ्या बोलना इन दोनों महापापकर्मों में रत रहा करे। परस्त्री के साथ सम्भोग करे, तथापि लोगों में मान्य समझा जाय ॥ १४ ॥

वाग्मीन्द्रजालदक्षश्च विधर्मी कलहप्रियः ।
विषमद्यप्रपञ्चाढ्यो मन्दमङ्गलसङ्गमे ॥ १५ ॥

जिसके जन्मकालिक शनैश्चर और मङ्गल दोनों ग्रह किसी एक जगह पर वर्तमान दीख पड़ें वह जातक बातचीत करने में अत्यन्त निपुण, इन्द्रजाल-विद्या (नजरबन्द) में दक्ष, अपने परम्परागत धर्म को छोड़कर अन्य धर्मों की स्वतन्त्रता में फँसने वाला, सदैव झगड़े का प्रेमी तथा विष एवं शराब के प्रपञ्चों में रहने वाला होता है ॥ १५ ॥

बुधस्य गुरुणा योगे नृत्यवाद्यविचक्षणः ।
धैर्ययुक्तः पण्डितश्च सुखी भवति मानवः ॥ १६ ॥

बुध और बृहस्पति को किसी कुण्डली में एकराशिगत होने से जातक गान और वाद्य का पण्डित होता है, हर अवस्थाओं में धैर्य से काम लेने वाला, उचित-अनुचित को भली-भाँति विचार करने वाला तथा सुखभोगी पुरुष होता है ॥ १६ ॥

बुधभार्गवयोर्योगे नयज्ञो बहुशिल्पवित् ।
धनी सुवाक्यो वेदज्ञो गीतज्ञो हास्यलालसः ॥ १७ ॥

जिस कुण्डली में बुध एवं शुक्र एक राशिगत दीख पड़ें वह जातक नीतिशास्त्र को जानने वाला, बहुत शिल्प विद्याओं में प्रवीण, धनवान्, मीठी बातें करने वाला, चारों वेद का ज्ञाता, गायक तथा हास्यरस का प्रेमी होता है ॥ १७ ॥

क्षीणो गमनशीलश्च निरुपायो जगत्कलिः ।
शुभवाक्यः कार्यदक्षो भानुसूनुबुधान्वये ॥ १८ ॥

यदि बुध तथा शनैश्चर एक स्थान में उपस्थित हो तो जातक क्षीण (दरिद्र या पतला शरीर वाला) अधिक समय इधर उधर जाने-आने वाला हो, किसी प्रकार का आधार न मिले, सभी से झगड़ा करने की इच्छा तीव्र हो, बात मीठी करे तथा अपने कामों में दक्ष रहे, ऐसा जानना चाहिये ॥ १८ ॥

गुरुभार्गवसंयोगे दिव्यदारो महाधनी।
धर्मास्तिकप्रमाणज्ञो विद्याजीवी च जायते॥ १९॥

जिस आदमी की जन्म कुण्डली में बृहस्पति और शुक्र एक राशि पर बैठे हों वह जातक अच्छी स्त्री वाला, बड़ा धनवान्, अपने धर्म एवं आस्तिकता के प्रमाणों को जानने वाला, तथा केवल विद्या ही से अपनी जीविका चलाने वाला होता है॥ १९॥

वृत्तिसिद्धिश्च शूरश्च यशस्वी नगराधिपः।
श्रेणीसेनाभिमुख्यश्च गुरुमन्दान्वये नरः॥ २०॥

यदि बृहस्पति और शनैश्चर किसी कुण्डली में एक स्थानापन्न हों तो जातक को जीविका प्राप्त हो, संग्राम में शूर हो, सब कामों में यशस्वी हो, अपने नगर का मालिक हो (जैसे ग्राम का मुखिया या शहर का कोतवाल आदि) एवं किसी मण्डली या सेना का प्रधान पुरुष होकर लोगों में प्रधान होता है॥ २०॥

शुक्रेण च शनेर्योगे मत्तः पशुपतिर्नरः।
दारुदारणदक्षश्च क्षाराम्लादिकशिल्पवित्॥ २१॥

यदि शुक्र के साथ शनैश्चर किसी कुण्डली में देखे जायँ तो वह आदमी उन्मत्त सा घूमने वाला, पशुओं का मालिक (अहीर आदि की तरह), बढ़ही के कामों (लकड़ी की चिराई आदि) में परम प्रवीण, खार और खट्टी चीजों का प्रेमी तथा शिल्प-विज्ञान में निपुण होता है॥ २१॥

त्रिग्रहयोगफलम्—

यन्त्राश्वकूटकुशलोऽसृग्वेदनापीडितोऽतिशूरश्च।
आदित्यचन्द्रभौमैरेकस्थैर्जायते सुतविहीनः॥ १॥

जिस जातक के जन्मकाल में सूर्य, चन्द्र और मङ्गल ये तीनों ग्रह एक जगह पर व्यवस्थित हों, वह यन्त्रविद्या (घड़ी, साइकिल आदि का मरम्मत करना) अश्वविद्या (जिसमें अच्छे बुरे घोड़ों की पहचान है) तथा कूटविद्या इनमें निपुण हो, शोणित विकार की वेदना से पीड़ित रहे, बड़ा शूर हो, और पुत्र से हीन हो, यह जानना चाहिए॥ १॥

विद्याधनरूपयुतः काव्यकथाकविसभाप्रियः सधनः।
नृपसेवकः प्रियवागेकस्थे सूर्यचन्द्रबुधे॥ २॥

यदि किसी जन्मकुण्डली में सूर्य, चन्द्रमा और बुध ये तीनों एक राशिगत हों तो वह बालक विद्यावान्, धनवान् एवं रूपवान् होता है, कविता करने में, इतिहास पुराण सुनने में, कविसम्मेलन में, सहानुभूति देने में अधिक प्रसन्न रहता है, धनी हो किसी राज-दरबार में लब्धप्रतिष्ठ हो, तथा कोमल वाणी बोलने वाला पुरुष होता है॥ २॥

धर्मपरो नृपसचिवो दृढमेधा मानकृच्च बन्धूनाम् ।
देवद्विजार्चनरतो रविशशिजीवैः सहैकस्थैः ॥ ३ ॥

जिस जन्मकुण्डली में सूर्य, चन्द्रमा और बृहस्पति ये तीनों ग्रह एक स्थान में दीख पड़ें वह जातक अपने परम्परागत धर्म में लीन रहने वाला, राजा का मन्त्री, स्थिर बुद्धि रखने वाला, अपने परिवारों का आदर दिलाने वाला तथा ब्राह्मण-देवता में भक्ति करने वाला होता है, इसमें सन्देह नहीं है ॥ ३ ॥

¹सुवपुर्दूरकृतारिर्नरपतिसुभगः सदा प्रवरतेजाः ।
रविशशिशुक्रैः सहितैर्भवति नरो दन्तविकृतश्च ॥ ४ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालिक सूर्य चन्द्रमा एवं शुक्र इन तीनों ग्रहों को एक राशि में रहने से जातक अच्छा शरीर वाला, शत्रुओं को लड़ाई में दूर भगाने वाला, राजा की तरह वस्त्र आभूषण आदि से देखने में सुन्दर, सदैव उग्र तेज (प्रभाव) रखने वाला होता है, किन्तु उसके दाँतों की छटा विकृत (खराब) रहा करती है ॥४॥

धर्मपरो विगतधनो गजाश्वपरिपालकः सुकर्मरतः ।
रविरवितनयशशाङ्कैरेकस्थैर्विगतशीलश्च ॥ ५ ॥

जिस मनुष्य के जन्मकालिक सूर्य, चन्द्रमा और शनैश्चर ये तीनों ग्रह किसी एक राशि में पड़े तो जातक धर्माचरण करने वाला, दरिद्र, हाथी घोड़े का रक्षक (नौकर के रूप में), अच्छे कर्म (अतिथि-सेवा, राजभक्ति आदि) करने वाला, तथा शील से रहित होता है, अर्थात् देखावटी शील का आडम्बर नहीं रखता है ॥ ५ ॥

भानुभौमबुधैर्योगे ख्यातः साहसिको नरः ।
निष्ठुरो गतलज्जश्च धनस्त्रीपुत्रमण्डितः ॥ ६ ॥

यदि किसी कुण्डली में सूर्य, मङ्गल और बुध ये तीनों एक जगह दीख पड़ें तो वह आदमी हर काम में साहस करने वाला, बोलने में निष्ठुर, निर्लज्ज, तथा, धन स्त्री, पुत्र इनसे सुशोभित रहेगा ऐसा जानना चाहिये ॥ ६ ॥

जीवसूर्यकुजैर्योगे प्रचण्डः सत्यभाषणः ।
राजमन्त्री नरश्चापि सुवाक्यो निपुणो भवेत् ॥ ७ ॥

जिस आदमी के जन्मसमय में सूर्य, बृहस्पति और मङ्गल ये तीनों ग्रह एक स्थान में उपस्थित दिखाई दें वह जातक प्रचण्ड (महाक्रोधी) तथापि सत्यवक्ता, किसी राजा का मन्त्री (सेक्रेटरी) मीठी बातें बोलने वाला तथा अपने सब कामों में प्रवीण होता है ॥७॥

शुक्रभौमार्कसंयोगे सुभगो नयनातुरः ।
कुशीलो वत्सलो दक्षो विषयासक्तमानसः ॥ ८ ॥

---

१ पूर्वपाठः—'सुवपुः क्षपतारिणो नरपतिसुभग' इति ।

यदि किसी के जन्मकालिक शुक्र, मङ्गल और सूर्य ये तीनों ग्रह एक घर में विद्यमान हों तो वह बालक देखने में खूब सुन्दर हो, आँखों के विकार से व्यग्र रहा करे, खराब शील स्वभाव वाला, नौकर, पुत्र आदि में अनुराग रखने वाला, कार्यमात्र में दक्ष, तथा काम की वासनाओं में सदैव इच्छा रखने वाला पुरुष होता है ॥ ८ ॥

शनिसूर्यकुजैर्योगे मूर्खो गोधनवर्जितः ।
रोगार्त्तः स्वजनैर्हीनो विकलः कलहाकुलः ॥ ९ ॥

किसी कुण्डली में यदि शनैश्वर सूर्य और मङ्गल ये तीनों एक राशिगत दृष्टिगोचर हों तो बालक मूर्ख, गौ आदि धन से रहित, किसी रोगविशेष से पीडित, अपने परिवारों से हीन अर्थात् समूचा आश्रम में अकेला रहने वाला, विकल तथा झगड़ा करने के कारण अधिक समय व्याकुल रहे ॥ ९ ॥

बुधजीवार्कसंयोगे नेत्ररोगी महाधनी ।
शास्त्रशिल्पकलाभिज्ञो लिपिकर्त्ता भवेन्नरः ॥ १० ॥

जिसकी कुण्डली में जन्मकालिक बुध, बृहस्पति और सूर्य ये तीनों ग्रह एक ही स्थान पर दीख पड़ें वह जातक नेत्र के रोगों से पीड़ित रहने वाला, महाधनवान्, शास्त्र एवं शिल्पकला (चित्ररचना) का पूरा पण्डित तथा लिपि (लेखन-कला) को भलीभाँति जानने वाला होता है ॥ १० ॥

शुक्रसूर्यबुधैर्योगे गुरुवर्गैर्निराकृतः ।
अभिशप्तो दिशो याति स्त्रीहेतोस्तप्तमानसः ॥ ११ ॥

जिस मनुष्य के जन्मकालिक शुक्र, सूर्य और बुध ये तीनों ग्रह एक राशिस्थ होकर व्यवस्थित हों तो वह जातक अपने पिता, माता तथा गुरु इन लोगों से अनादर पाने वाला, उनसे शाप पाकर सब दिशाओं में भ्रमण करने वाला हो तथा स्त्री से वियोग के कारण अहर्निश उसका मन तप्त (व्याकुल) रहा करे ॥ ११ ॥

शनिसूर्यबुधैर्योगे दुराचारः पराजितः ।
बन्धुभिश्च परित्यक्तो विद्वेषी जायते नरः ॥ १२ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालिक शनैश्वर, सूर्य एवं बुध ये तीनों ग्रह एक स्थान पर वर्त्तमान हों तो जातक दुराचारी (खराब आचरण करने वाला), शत्रुओं से पराजय पाने वाला, तथा अपने बन्धुवर्गों से भी बहिष्कृत किया हुआ और सभी का विद्वेषी (बुराई करने वाला) समझा जाता है ॥ १२ ॥

मन्दजीवार्कसंयोगे पुत्रमित्रकलत्रवान् ।
निर्भयो नृपतिद्वेष्टा स्वेष्टबन्धुर्भवेन्नरः ॥ १३ ॥

जिस जन्मकुण्डली में शनैश्वर, सूर्य और बृहस्पति ये ग्रह एक घर में उपस्थित प्रतीत हों तो जातक पुत्रवान्, मित्रवान् तथा स्त्री वाला होता है, किसी से उसको भय

न हो, किसी राजा की बुराई करने वाला हो एवं अपने बन्धुओं की भलाई करने वाला हो, ऐसा कहा गया है ॥ १३ ॥

चन्द्रचान्द्रिकुजैर्योगे नीचाचारश्च पापकृत् ।
आजीवितहतो लोके बन्धुहीनश्च जायते ॥ १४ ॥

यदि चन्द्रमा, बुध और मङ्गल इन तीनों का योग किसी कुण्डली में देखा जाय तो जातक नीच लोगों की तरह आचरण करने वाला पापी हो, कहीं पर जीविका न मिले, तथा लोक में बन्धुवर्ग से हीन होकर रहा करे ॥ १४ ॥

चन्द्रजीवकुजैर्योगे स्त्रीलोलो वर्णसंयुतः ।
कान्तश्च सङ्गतः स्त्रीणां चन्द्रतुल्यमुखो भवेत् ॥१५॥

जिस कुण्डली में चन्द्रमा, बृहस्पति और मङ्गल एक साथ दिखाई दे वह अपनी स्त्री के साथ सम्भोगादि में परम चञ्चल अपने जातीय या साम्प्रदायिक चिह्नों (तिलक माला आदि) से अलंकृत, देखने में मनोहर, स्त्रियों के अधीन में रहने वाला तथा चन्द्रमा की कान्ति की तरह रमणीय मुख वाला होगा ऐसा जानना चाहिये ॥ १५ ॥

चन्द्रशुक्रकुजैर्योगे दुःशीलायाः पतिः सुतः ।
सदा भ्रमणशीलश्च शीतभीतोऽपि जायते ॥ १६ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालिक चन्द्रमा, शुक्र और मङ्गल ये तीनों ग्रह एक जगह रहें तो जातक की माता तथा स्त्री अत्यन्त दुःशीला (कर्कशा) होती है, हमेशः देश-विदेश में भ्रमण करने वाला तथा शीत से त्रस्त रहा करता है ॥ १६ ॥

शनिचन्द्रकुजैर्योगे बाल्ये स्यान्मृतमातृकः ।
क्षुद्रावलोकविद्विष्टो विषमो जायते नरः ॥ १७ ॥

जिस कुण्डली में शनैश्चर, चन्द्रमा एवं मङ्गल ये तीनों ग्रह एक घर में उपस्थित हों तो बाल्यावस्था में ही जातक की माता मर जाय, क्षुद्र लोगों की तरफ देखने से ही यह शत्रु समझा जाय, तथा विषम (कठिनता से सभी के साथ सहयोग करने लायक) पुरुष होता है ॥ १७ ॥

जीवचन्द्रबुधैर्योगे तेजस्वी धनवानपि ।
पुत्रमित्रादिसंयुक्तो वाग्मी ख्यातश्च कीर्तिमान् ॥१८॥

यदि बृहस्पति, चन्द्रमा तथा बुध ये तीनों ग्रह एक साथ विद्यमान हों तो कुण्डली वाला आदमी तेजस्वी (पराक्रमशाली), धनी, पुत्र-मित्र कलत्र आदि से सहित, बात-चीत करने में परम प्रवीण, प्रसिद्ध तथा कीर्ति करने वाला होगा ऐसा जानना चाहिये ॥१८॥

बुधेन्दुभार्गवैर्योगे विद्ययालङ्कृतो नरः ।
सेर्ष्यो धनातिलोभी च नीचाचारश्च जायते ॥ १९ ॥

जिस कुण्डली में बुध, चन्द्रमा और शुक्र ये तीनों ग्रह एक ही स्थान पर वर्तमान हों तो वह जातक विद्या से अलंकृत रहे अर्थात् विद्वान हो, लोगो के साथ ईर्ष्या अधिक किया करे, धन का बड़ा लोभी हो, तथा नीच जनों की तरह आचार-व्यवहार रखने वाला हो ॥ १९ ॥

बुधेन्दुमन्दसंयोगे प्राज्ञो भूपतिपूजितः ।
अत्युच्चो विपुलाङ्गश्च वाग्मी भवति मानवः ॥ २० ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकाल में बुध, चन्द्रमा एवं शनैश्चर ये तीनों ग्रह एक जगह पर उपस्थित दिखाई दें तो वह बड़ा भारी विद्वान्, राजाओं से पूजित, लम्बी आकृति वाला होता है, तथा उसके अङ्ग (हाथ, पाँव आदि) सब सर्वांश में परिपुष्ट होते हैं एवं स्वयं बात-चीत करने में पूर्ण योग्य पुरुष होता है ॥ २० ॥

शुक्रजीवेन्दुसंयोगे साध्वीपुत्रश्च पण्डितः ।
साधुः सर्वकलाभिज्ञः सुभगो जायते नरः ॥ २१ ॥

शुक्र, बृहस्पति और चन्द्रमा इन तीनों ग्रहों को किसी जन्मकुण्डली में एक साथ रहने से जातक की माता सच्ची पतिव्रता होती है, स्वयं विद्वान् हो, सज्जन हो, सभी कलाओं को जानने वाला हो, तथा देखने में खूब सुन्दर हो ऐसा जानना चाहिये ॥२१॥

जीवेन्दुमन्दसंयोगे नीरोगः स्त्रीगतो नरः ।
शास्त्रार्थविज्ञः सर्वज्ञो ग्रामपत्तनपालकः ॥ २२ ॥

शनैश्चर, गुरु और चन्द्रमा ये तीनों ग्रह यदि एक राशि में दिखाई पड़ें तो वह कुण्डली वाला आदमी सदैव नीरोग रहे, स्त्री के अधीन रहने वाला, शास्त्रार्थ करने में प्रवीण, सब विषयों का भलीभाँति जानने वाला तथा ग्राम एवं नगर का रक्षक होता है ॥ २२ ॥

शनिशुक्रेन्दुसंयोगे लिपिकर्त्ता च वेदवित् ।
पुरोहितकुलोत्पन्नो भवेत्पुस्तकवाचकः ॥ २३ ॥

शुक्र चन्द्रमा और शनैश्चर इन तीनों को एक साथ रहने पर जातक लेखनकला को जानने वाला, चारों वेदों का ज्ञाता, पुरोहित के वंश में जन्म हुआ (जिस वंश में केवल यजमानों के द्वारा ही जीविका चलती है) तथा श्रीमद्भागवत रामायण सुखसागर आदि कथाओं को कहने वाला अर्धपण्डित होता है ॥ २३ ॥

जीवभौमबुधैर्योगे सुकविर्युवतीप्रियः ।
परोपकारकृत्तीक्ष्णो गान्धर्वकुशलो भवेत् ॥ २४ ॥

यदि बृहस्पति, मङ्गल और बुध ये तीनों ग्रह एक स्थान पर वर्त्तमान हों तो जातक अच्छा कवि, अपनी स्त्री का परम प्रेमी, दूसरे का उपकार करनेवाला, कार्यमात्र में तीव्र

(दीर्घसूत्री नहीं) एवं गान्धर्व-(गान) विद्या में परम निपुण, सभी को प्रसन्न रखने वाला आदमी होता है ॥ २४ ॥

भृगुभौमबुधैर्योगे विकलाङ्गश्च चञ्चलः ।
अकुलीनः सदोत्साही तृप्तश्च मुखरो नरः ॥ २५ ॥

शुक्र, मङ्गल, तथा बुध इन तीनों को किसी कुण्डली में एक साथ रहने से जातक अङ्गभङ्ग (लंगड़ा लूला, आदि), कार्यमात्र में चञ्चल (बिना विचारे ही झटपट प्रवृत्त होने वाला), अश्रद्धेय (जिसका आचरण नियमानुकूल न हो) सर्वदा उत्साह रखने वाला, उद्धत एवं कार्यमात्र में सबसे आगे बढ़ने वाला विचार-हीन पुरुष होता है, ऐसा जानना चाहिये ॥ २५ ॥

बुधमन्दकुजैर्योगे प्रवासी नेत्ररोगवान् ।
प्रेष्यो वदनरोगी च हास्यलुब्धो भवेन्नरः ॥ २६ ॥

यदि बुध, शनैश्चर और मङ्गल ये तीनों ग्रह कुण्डली के एक घर में दिखाई दें तो जातक अधिक समय विदेश में रहे, आँखों में किसी प्रकार की बिमारी रहा करे, प्यून (पत्र-वाहक) का काम करने वाला हो मुख में भी कोई रोग रहे और हँसने में उसका चित्त खूब लगा करे ॥ २६ ॥

जीवकाव्यकुजैर्योगे दिव्यनारीयुतः सुखी ।
सर्वानन्दकरो लोके जायते नृपतिप्रियः ॥ २७ ॥

जिस आदमी की जन्मकुण्डली में बृहस्पति, शुक्र एवं मङ्गल एक राशि में वर्त्तमान दीख पड़े वह जातक सर्वगुणयुक्त अच्छी स्त्री के साथ रहने वाला, पूर्ण सुखी, सभी प्राणियों को आनन्द करने वाला, तथा राजा का परम प्रेमी बनकर रहता है ॥ २७ ॥

जीवमन्दकुजैर्योगे कुष्ठाङ्गो राजपूजितः ।
नीचाचारो निर्धनश्च भवेन्मित्रैर्विगर्हितः ॥ २८ ॥

जिस कुण्डली में बृहस्पति, शनैश्चर और मङ्गल ये ग्रह किसी एक स्थान में उपस्थित प्रतीत हों तो उस कुण्डली वाले आदमी के अङ्गों में कुष्ठ रोग होता है, राजा से स्वयं पूजित रहे। नीच लोगों की तरह आचरण किया करे, दरिद्र हो तथा अपने मित्रवर्गों में सबसे बुरा कहाने वाला होता है ॥ २८ ॥

भृगुमन्दकुजैर्योगे दुःशीलायाः पतिः शुभः ।
प्रवासशीलो दुःखी च जातको जायते सदा ॥ २९ ॥

यदि शुक्र, शनैश्चर तथा मङ्गल ये ग्रह किसी जन्म कुण्डली में एकराशिगत होकर वर्त्तमान हों तो वह जातक अत्यन्त गर्हित कर्कशा स्त्री वाला, स्वयं सदाचार-शुद्ध; विदेश में रहने वाला और अधिक सदा दुःख ही का अनुभव करने वाला पुरुष होता है ऐसा जानना चाहिये ॥ २९ ॥

बुधेज्यभृगुसंयोगे सुतनुर्नृपपूजितः।
जितारिर्दीर्घकीर्त्तिश्च सत्यवादी भवेन्नरः ॥ ३० ॥

बुध, गुरु और शुक्र ये तीनों ग्रह यदि किसी कुण्डली में एक जगह विद्यमान हों तो जातक का शरीर बहुत अच्छा हो, स्वयं राजा से पूजित रहे, शत्रुओं को हमेशः हराया करे, कोई अधिक समय तक रहने वाली कीर्त्ति करे तथा सत्यवक्ता हो ॥ ३० ॥

बुधार्किजीवसंयोगे सुदारो बहुभाग्यवान्।
धनैश्वर्ययुतः प्राज्ञः सुखधैर्ययुतो भवेत् ॥ ३१ ॥

बुध, शनैश्चर और बृहस्पति इन तीनों ग्रहों को किसी कुण्डली में एक साथ रहने से आदमी अच्छी स्त्री वाला, अतिभाग्यशाली, धन एवं प्रभाव से सुशोभित, बड़ा विद्वान् तथा सुख एवं धैर्य से रहित होकर रहता है अर्थात् सुखी भी और कभी अधीरता मनमें न लावे ऐसा पुरुष होता है ॥ ३१ ॥

मन्दशुक्रबुधैर्योगे मुखरः पारदारिकः।
असङ्गतिः[1] कलाभिज्ञः स्वदेशनिरतो भवेत् ॥ ३२ ॥

शनैश्चर, शुक्र और बुध ये तीनों ग्रह यदि एक राशि में देखे जायँ तो जानना कि जातक लोगों में मुखर (मुखिया), परस्त्री से प्रेम करने वाला, खराब लोगों के साथ सङ्गति करने वाला, सब कलाओं को जानने वाला, तथा अपने देश में हमेशः रहने वाला होता है ॥ ३२ ॥

मन्देज्यशुक्रसंयोगे राजा भवति कीर्त्तिमान्।
नीचवंशेऽपि सम्भूतः शीलयुक्तो नृपो भवेत् ॥ ३३ ॥

शनैश्चर, बृहस्पति और शुक्र ये ग्रह यदि एक राशि में देखे जायँ तो कुण्डली वाला जातक राजा होता है, अच्छी कीर्त्ति-कर्त्ता, नीच जाति में पैदा होने पर भी शील स्वभाव से सहित होकर राजा होता है ॥ ३३ ॥

शुक्रजीवार्कसंयोगे राजमन्त्री च निर्धनः।
दुष्टचक्षुश्च शूरश्च प्राज्ञश्च परकर्मकृत् ॥ ३४ ॥

जिस कुण्डली में शुक्र, बृहस्पति और सूर्य एक राशि में दिखाई दें वह आदमी राजा का मन्त्री (प्राइवेट् सेक्रेटरी) तथापि दरिद्र, खराब आँख वाला, सभी हालत में शूर, बड़ा भारी विद्वान् एवं दूसरे के कामों में अपना अधिक काल बिताने वाला पुरुष विशेष होता है ॥ ३४ ॥

शनिशुक्रार्कसंयोगे कलामानविवर्जितः।
कुष्ठी शत्रुभयोद्विग्नो दुराचारी नरो भवेत् ॥ ३५ ॥

---

१ अत्र पूर्वपाठः—'असङ्गत्यां कलाभिज्ञः' इति।

शनैश्चर, शुक्र और सूर्य इन ग्रहों को किसी कुण्डली में एक राशि में रहने से जातक कला (कारीगरी) तथा अपनी जातीयता, या योग्यताभिमान से रहित होने वाला, कुष्ठी, शत्रुओं के कारण भय से हरदम चकित चित्त रखने वाला और दुराचारी पुरुष होता है ॥ ३५ ॥

प्रायः पापैर्युते चन्द्रे मातुर्नाशो रवौ पितुः ।
शुभग्रहैः शुभं वाच्यं मिश्रितैर्मिश्रितं फलम् ॥ ३६ ॥

यदि किसी कुण्डली में दो से अधिक पाप ग्रहों के साथ चन्द्रमा बैठे हों तो जातक की माता का नाश हो, सूर्य हो तो पिता का नाश हो, यदि शुभ और पाप ग्रह दोनों प्रकार के ग्रहों से मिले हों तो सामान्यतः शुभ और अशुभ दो तरह का फल जानना चाहिये ॥ ३६ ॥

शुभास्त्रयो ग्रहा युक्ताः कुर्वन्ति सुखिनं नरम् ।
पापास्त्रयो दुःखितं च- दुर्विनीतं विगर्हितम् ॥ ३७ ॥

यदि किसी कुण्डली में कोई तीन शुभग्रह एक साथ वर्त्तमान दीख पड़ें तो जातक को सब प्रकार से सुख होता है, उसी तरह यदि तीन पापग्रहों का एकत्र मेल हो तो जातक दुःखी, दुर्विनीत (असभ्य) तथा अत्यन्त निन्दित आचरण करने वाला होता है ॥ ३७ ॥

चतुर्ग्रहयोगफलम् —

चन्द्रचान्द्रिकुजार्काणां योगे लिपिकरो नरः ।
तस्करो मुखरो वाग्मी मायावी कुशलो भवेत् ॥ १ ॥

जिस कुण्डली में चन्द्रमा, बुध, मङ्गल और सूर्य ये चारों ग्रह किसी एक स्थान पर व्यवस्थित हों तो जातक लेखक हो, चोर हो, सब कामों में औरों की अपेक्षा पहले ही प्रवृत्त होने वाला हो, युक्ति-संगत समय पर परिमितभाषी हो, लोगों के साथ माया दिखाने वाला हो तथा कार्यमात्र में कुशल (दक्ष) हो ॥ १ ॥

भौमभास्करचन्द्रेज्यसंभोगे निपुणो धनी ।
तेजस्वी गतशोकश्च नीतिज्ञश्च भवेन्नरः ॥ २ ॥

जिस मनुष्य के जन्मकालिक मङ्गल, सूर्य, चन्द्रमा और बृहस्पति ये चारों ग्रह एक साथ दिखाई दें तो वह पण्डित, धनवान, महातेज वाला और नीतिशास्त्र को जानने वाला होता है एवं उसको कभी किसी विभाग से शोक नहीं होता ऐसा जानना चाहिए ॥ २ ॥

सूर्येन्दुभौमशुक्राणां योगे विद्यार्थसंग्रही ।
सुखी पुत्री कलत्री च वाग्वृत्तिर्मनुजो भवेत् ॥ ३ ॥

यदि किसी कुण्डली में सूर्य, चन्द्रमा, मङ्गल और शुक्र ये सभी ग्रह एक राशिगत व्यवस्थित हों तो जातक विद्या और धन का पूरा संग्रह करने वाला, सुखी, पुत्रवाला, स्त्री वाला तथा केवल बातों से ही अपनी जीविका चलाने वाला होता है ॥ ३ ॥

अर्कार्किशशिभौमानां योगे मूर्खश्च निर्धनः।
ह्रस्वो विषमदेहश्च भिक्षावृत्तिर्भवेन्नरः ॥ ४ ॥

यदि सूर्य, शनैश्चर, चन्द्रमा और मङ्गल ये सब ग्रह किसी जातक के जन्मकाल में एकही जगह स्थित हों तो उसे मूर्ख, दरिद्र, छोटी आकृति वाला (वामन), टेढ़-मेढ़ देह वाला तथा भिक्षाओं ही से अपनी रोटी कमाने वाला पुरुष जानना चाहिए। यह योग बहुत खराब है ॥ ४ ॥

सोमसौम्यार्कजीवानां योगे शिल्पकरो धनी।
सौवर्णिकाप्लुताक्षश्च रोगहीनश्च जायते ॥ ५ ॥

चन्द्रमा, बुध, सूर्य तथा बृहस्पति ये चारों ग्रह यदि किसी के जन्मकाल में एक स्थानगत व्यवस्थित हों तो जातक शिल्पशास्त्र (चित्र खींचना, किताब लिखना आदि) को भली भांति जानने वाला, धनवान्, देखने में सुन्दर वर्ण, सौम्य आंख वाला एवं रोग से रहित रहता है ॥ ५ ॥

चन्द्रार्कबुधशुक्राणां संयोगे सुभगो नरः।
ह्रस्वश्च राजमान्यश्च वाग्मी च विकलो भवेत् ॥ ६ ॥

जिसकी कुण्डली में चन्द्रमा, सूर्य, बुध और शुक्र ये चारों ग्रह एक राशि में उपस्थित हों वह जातक देखने में खूब सुन्दर, आकृति में छोटा, राजाओं से सम्मानित, बोल-चाल में चतुर तथापि विकल रहा करे (यहां अर्थान्तर से कलाओं का बड़ा ज्ञाता हो, यह भी हो सकता है, वस्तुतः ठीक भी यही है) ॥ ६ ॥

अर्कार्किचान्द्रिचन्द्राणां योगे भिक्षाशनो नरः।
नियुक्तः पितृमातृभ्यां विकलाक्षश्च निर्धनः ॥ ७ ॥

यदि किसी के जन्मकालिक चन्द्रमा, शनैश्चर, सूर्य और बुध ये चारों ग्रह एक साथ सम्मिलित हों तो जातक भिक्षा मांगकर भोजन करने वाला (और उपायों के अभाव में यह सबसे हीन अवस्था मानी गई है), वह भी अपने पिता माता से नियुक्त किया हुआ उक्त कर्म में प्रवृत्त हो, आंख की छटा अच्छी नहीं, बल्कि आंख से हीन ही हो या काना आदि हो तथा पूरा दरिद्र हो ऐसा जानना चाहिए ॥ ७ ॥

सूर्यचन्द्रेज्यशुक्राणां सम्बन्धे राजपूजितः।
जलारण्यमृगस्वामी नरः स्यान्निपुणः सुखी ॥ ८ ॥

सूर्य, चन्द्रमा, बृहस्पति और शुक्र ये ग्रह जिसके जन्मकाल में एक राशिगत हों उसे राजाओं से पूजित, जल-प्रदेश (तलाब, नदी आदि) एवं वनप्रदेश का मालिक,

मृग का पालक, कार्यमात्र में निपुण तथा हर तरह से सुखी जानना चाहिये, ऐसा शास्त्र में कहा गया है ॥ ८ ॥

सूर्यचन्द्रार्किजीवानां मान्यश्च वनिताप्रियः ।
बहुवित्तसुतः क्षीणः समाक्षश्च प्रजायते ॥ ९ ॥

यदि सूर्य, चन्द्र, शनि और बृहस्पति ये चारों ग्रह किसी एक राशि पर विराजमान हों तो जातक लोगों में माननीय हो, अपनी स्त्री का प्रेमी हो, धन और पुत्र बहुत हों, पतली आकृति वाला हो, तथा उसकी आँखें सौम्य एवं समान हों ऐसा जानना चाहिये ॥ ९ ॥

सितार्कजरवीन्दूनां योगे चात्यन्तदुर्बलः ।
वनितासदृशाचारी भीरुरग्रेसरो नरः ॥ १० ॥

यदि शुक्र, शनैश्चर, सूर्य और चन्द्रमा ये ग्रह किसी के जन्मकाल में एक जगह प्रतीत हों तो जातक अत्यन्त दुर्बल हो, स्त्री के सदृश सब आचार-व्यवहार किया करे, भयभीत हो तथा सभी कामों में औरों की अपेक्षा यही अग्रसर हो ॥ १० ॥

बुधार्ककुजजीवानां योगे सूत्रकरो नरः ।
परदारतः शूरो दुःखी चक्रधरो भवेत् ॥ ११ ॥

बुध, सूर्य, मङ्गल तथा वृहस्पति ये चारों ग्रह जिसके जन्मकाल में एक स्थान पर विद्यमान दिखलाई दें वह आदमी चरखा चलाने वाला, परस्त्री के साथ सम्भोग करने वाला, शूर, दुःखी एवं चक्र (सूत निकालने का यन्त्र-विशेष) को अधिक समय धारण करने वाला सामयिक प्रवाह के अनुकूल पुरुष होता है ॥ १ ॥

रविशुक्रकुजेन्दूनामन्वये पारदारिकः ।
निर्लज्जो दुर्जनश्चौरो विषमाङ्गो नरो भवेत् ॥ १२ ॥

सूर्य, शुक्र, मङ्गल और चन्द्रमा इन ग्रहों को किसी के जन्मकाल में एक साथ योग होने से जातक अन्य पुरुष से जन्मा हुआ हो या स्वयं पर स्त्री के साथ रहा करे, लज्जा से हीन हो, दुर्जन हो, चोरी का काम किया करे तथा उसका अङ्ग अधिक टेढ़ा-मेढ़ा हो जिससे देखने में खूब रम्य नहीं मालूम हो, ऐसा जानना चाहिये ॥ १२ ॥

अर्कार्किबुधभौमानां योगे योद्धा कविर्जनः ।
मन्त्री च भूपतिस्तीक्ष्णो नीचाचारोऽपि जायते ॥ १३ ॥

सूर्य, शनैश्चर, बुध और मङ्गल ये चारों ग्रह किसी कुण्डली में एकराशि पर व्यवस्थित रहें तो वह जातक रणक्षेत्र में युद्ध करने वाला, कवि, किसी राजा का मन्त्री (सेक्रेटरी), कार्यमात्र में तीव्र तथा नीच लोगों की ,तरह आचरण करने वाला आदमी होता है, इसमें सन्देह नहीं है ॥ १३ ॥

भौमार्कबुधशुक्राणां योगे पूज्यो धनी मतः।
सुभगो नृपमान्यश्च नरो भवति नीतिमान् ॥ १४ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालिक मङ्गल, सूर्य, बुध, और शुक्र ये सभी चारों ग्रह किसी एक जगह पर विद्यमान देखे जायँ तो जातक लोगों में पूजनीय, धनवान्, देखने में खूब सुन्दर, किसी राजा से आदर पाने वाला, तथा नीतिशास्त्रों को भलीभांति जानने वाला विद्वान् पुरुष होता है ॥ १४ ॥

भान्वर्किभौमजीवानामैक्ये च गणनायकः।
सोन्मादो नृपमान्यश्च सिद्धार्थो जायते नरः ॥ १५ ॥

जिस आदमी के जन्मकालिक सूर्य, शनैश्चर, मङ्गल और बृहस्पति ये ग्रह एकराशि पर व्यवस्थित हों, वह जातक किसी मण्डली का नायक होता है, उसको उन्माद (पागलपन) हो जाय, राजा का मान्य हो तथा सभी अभिलाषाओं को पूरा करनेवाला भाग्यवान् पुरुष होता है, ऐसा जानना चाहिए ॥ १५ ॥

मन्दमार्त्तण्डशुक्रारैः संयुक्तैर्जायते नरः।
लोकद्विष्टः समाख्यातो नीचाचारो जडाकृतिः ॥ १६ ॥

यदि शनि, सूर्य, शुक्र और मङ्गल ये चारों ग्रह जन्मकाल में एक जगह व्यवस्थित हों तो जातक लोगों का शत्रु समझा जाय प्रसिद्ध हो नीच लोगों की तरह आचार व्यवहार करने वाला हो, तथा महाजड़ (बेवकूफ) के समान आकृति वाला पुरुषविशेष हो ऐसा जानना चाहिए ॥ १६ ॥

जीवशुक्रबुधार्काणां योगे बहुमतिर्नरः।
धनी सुखी च सिद्धार्थः सुहृष्टश्च प्रजायते ॥ १७ ॥

जिस आदमी के जन्मकाल में बृहस्पति, शुक्र, बुध और सूर्य के चार ग्रह किसी एक स्थान पर उपस्थित प्रतीत हों तो जातक को अनेक प्रकार की अच्छी बुद्धि होती है, धन पूर्ण हो, बहुत सुखों का उपभोग करने वाला अपनी कामनाओं की सिद्धि को प्राप्त करने वाला हो तथा हर समय प्रसन्नमुख रहा करे ॥ १७ ॥

अर्कार्किबुधदेवेज्यैरेकराशिस्थितैर्नरः।
भ्रातृमान् कलही मानी क्लीबाचारी निरुद्यमः ॥ १८ ॥

यदि किसी के जन्मकालिक सूर्य, शनि, बुध और बृहस्पति ये चारों ग्रह साथ वर्त्तमान हों तो जातक सहोदर भाइयों से सहित हो, झगड़ालू हो, मानी हो, नपुंसक (हिजड़ा) की तरह आचरण करने वाला हो, तथा किसी काम में उद्यम करने वाला नहीं होता है ॥ १८ ॥

शुक्रसौरिबुधार्काणां योगे मित्रयुतः शुचिः।
मुखरः सुभगः प्राज्ञो जायते च सुखी नरः॥ १९॥

जिस आदमी के जन्मकाल में शुक्र, शनैश्चर, बुध और सूर्य ये ग्रह किसी एक राशि में विद्यमान दिखाई दें तो जातक बहुत मित्रों से सहित, पवित्र आत्मा वाला, सभी काम में और लोगों की अपेक्षा पहले ही प्रवृत्त होने वाला, देखने में पूर्ण सुन्दर, महाविद्वान् तथा सुखी पुरुष होता है॥ १९॥

सूर्यसौरिसितेज्यानां सम्बन्धे लोभवान् सुखी।
कविः कारुकनाथश्च राजप्रीतो भवेन्नरः॥ २०॥

सूर्य, शनैश्चर, शुक्र और बृहस्पति यदि ये ग्रह किसी के जन्मकाल में एक राशिगत हों तो जातक लोभी, सुखी, कविता करने वाला, शिल्पकारों में प्रधान तथा राजाओं से सम्मानित रह कर जीता है॥ २०॥

चन्द्रचान्द्रिकुजेज्यानां योगे शास्त्रविचक्षणः।
नरेन्द्रश्च महामान्यो महाबुद्धिर्नरो भवेत्॥ २१॥

जिस आदमी की जन्मकुण्डली में चन्द्रमा, बुध, मङ्गल और बृहस्पति ये चारों ग्रह किसी एक राशि पर व्यवस्थित देखें जायँ वह जातक शास्त्रों का महाविद्वान्, राजा, अन्य लोगों में महामान्य, तथा बड़ी अच्छी बुद्धि वाला पुरुष-विशेष होता है, ऐसा जानना चाहिए॥ २१॥

भौमेन्दुबुधशुक्राणामन्वये बन्धकीपतिः।
निद्रालुः कलही नीचो बन्धुद्वेषी जनो भवेत्॥ २२॥

यदि मङ्गल, चन्द्र, बुध एवं शुक्र ये ग्रह किसी के जन्मकाल में एक राशि में व्यवस्थित देखे जांय तो वह जातक बन्धकी (वन्ध्या) स्त्री का स्वामी हो अर्थात् उसे सन्तान कभी न हो, अधिक काल नींद की लहर में तैरा करे, झगड़ा करने वाला, नीच लोगों की तरह आचरण किया करे, तथा अपने बन्धुवर्गों का शत्रु होकर रहे॥ २२॥

भौमेन्दुबुधसौराणां योगे शूरकुलोद्भवः।
पुत्रमित्रकलत्री च द्विमातृपितृको जनः॥ २३॥

जिसके जन्मकालिक मङ्गल, चन्द्रमा, बुध और शनैश्चर ये चारों ग्रह एक राशि में समाप्त हों वह आदमी बड़े शूर वीर के कुल में पैदा होता है याने उसके परिवार में सब बली होवें, पुत्र, मित्र एवं स्त्री इन सबों से सहित हों उसके उसको माता तथा पिता दो दो हों (इसका अभिप्राय यह है कि उसकी माता विधवा होकर किसी स्त्री वाले पुरुष के साथ सम्बन्ध कर ले ऐसा जानना चाहिये)॥ २३॥

चन्द्रारगुरुशुक्राणां योगे साहसिको भवेत्।
विकलाङ्गो धनी पुत्री मानी प्राज्ञोऽपि जायते॥२४॥

चन्द्रमा, मङ्गल, शुक्र तथा बृहस्पति इन ग्रहों का किसी कुण्डली में एक साथ व्यवस्थित होने से जातक सभी अवस्थाओं में साहस करने वाला, कुछ अङ्गों से हीन (अन्धा, बहिरा आदि), धनवान्, पुत्रवान्, मानी एवं बड़ा विद्वान् पुरुष होगा, ऐसा शास्त्र में आचार्यों ने कहा है॥ २४॥

भौमेन्दुमन्दजीवानामन्वये बधिरो धनी।
सोन्मादः स्थिरवाक्यश्च शूरो विज्ञो भवेन्नरः॥ २५॥

मङ्गल, चन्द्रमा, शनैश्चर एवं बृहस्पति जिस जातक के जन्मकाल में एक जगह पर विद्यमान हों वह आदमी बहिरा, धनवान्, पागल और दृढ़प्रतिज्ञ होता है अर्थात् जहां जो कुछ किसी के साथ बात-चीत में कहे उसकी पूर्ति के लिए भरसक कोशिश करे। युद्ध में शूर हो तथा अनुचित का भली भांति विचार करने वाला पुरुष हो॥ २५॥

चन्द्रारशुक्रमन्दानां मलिनः कुलटापतिः।
सोद्वेगः सर्पतुल्याक्षः प्रगल्भो जातको भवेत्॥ २६॥

यदि चन्द्रमा, मङ्गल, शुक्र एवं शनैश्चर ये चारों ग्रह किसी कुण्डली में एक राशिगत हों तो जातक देखने में भद्दा, कुलटा स्त्री का स्वामी, कार्यमात्र में उद्वेग के साथ सहयोग देने वाला हो, सर्प की आंखों की तरह डरावनी आखें हों तथा सब जगह प्रगल्भ (औद्धत्य के साथ बात-चीत करने वाला) पुरुष होता है॥ २६॥

जीवशुक्रबुधेन्दूनामन्वये सुभगो धनी।
विमातृपितृकः प्राज्ञो गतारिर्जायते नरः॥ २७॥

जिस आदमी के जन्मकालिक बृहस्पति, शुक्र, बुध और चन्द्रमा ये सब किसी एक जगह व्यवस्थित हों वह जातक देखने में खूब सुन्दर, धनवान्, माता पिता से रहित या उसकी माता के मर जाने से उसका पिता दूसरी स्त्री के साथ शादी करे, स्वयं बड़ा भारी विद्वान् हो तथा अपने प्रभावसे सारे शत्रु-मण्डलको नाश करनेवाला हो॥२७॥

मन्देज्यचन्द्रचान्द्रीणां योगे बन्धुप्रियः कविः।
तेजस्वी राजमन्त्री च यशोधर्मयुतो नरः॥ २८॥

यदि शनि, बृहस्पति, चन्द्रमा और बुध इन ग्रहों को किसी कुण्डली में एक जगह रहने से जातक अपने बन्धुवर्गों का प्रेमी, कविता करने वाला, तेजस्वी, किसी राजा का मन्त्री (सेक्रेटरी) तथा यश एवं धर्मसे सहित होकर रहता है ऐसा जानना चाहिए॥२८॥

चन्द्रविच्छुक्रसौरीणां संयोगे नृपपूजितः।
नेत्ररोगी पुराधीशो बहुदारयुतो धनी॥ २९॥

चन्द्रमा, बुध, शुक्र और शनैश्चर इन चार ग्रहों को किसी कुण्डली में एक राशि में समाप्त होने से जातक राजाओं से पूजित हो, उसकी आँख में किसी प्रकार का रोग हो, अपने गाँव या नगर का मालिक हो, अनेक स्त्रियों के सहित हो तथा धनवान् हो ॥२९॥

चन्द्रेज्यसितसौरीणामन्वये पारदारिकः ।
प्राज्ञो निर्द्रव्यबन्धुश्च स्थूलभार्यो नरोत्तमः ॥ ३० ॥

यदि चन्द्रमा, बृहस्पति, शुक्र तथा शनैश्चर इन ग्रहों को जिसकी कुण्डली में एक राशि-गत देखें वह जातक परस्त्री में रत रहे या परस्त्री से सम्भूत हो भारी विद्वान् हो, उसके बन्धुवर्ग दरिद्र हों, उसकी स्त्री आकृति में खूब मोटी हो, तथा स्वयं और लोगों में उत्तम, गण्य तथा माननीय पुरुष-विशेष हो ऐसा जानना चाहिये ॥ ३० ॥

बुधारभृगुजीवानां योगे स्त्रीकलहप्रियः ।
धनी सुशीलो नीरोगी लोकपूज्यो नरो भवेत् ॥ ३१ ॥

जिस आदमी के जन्मकालिक बुध, मङ्गल शुक्र और बृहस्पति इन ग्रहों का एक साथ समावेश हो उसे स्त्री के साथ झगड़ा करने में रुचि हो या अपनी स्त्री के साथ सम्भोग में परम रुचि हो, परस्त्री का नाम तक न ले. धनवान् हो, अच्छा शील स्वभाव वाला हो, हमेशः रोग से रहित हो, तथा सामाजिक लोगों में पूजनीय पुरुष हो ऐसा जानना ॥ ३१ ॥

भौमेज्यसौम्यसौरीणां योगे शूरश्च निर्द्धनः ।
सत्यशौचव्रतो विद्वान् दीनो वाग्मी नरो भवेत् ॥ ३२ ॥

जिसके मङ्गल, बुध, बृहस्पति और शनैश्चर ये चारों ग्रह एक स्थान पर उपस्थित देखे जायँ उस जातक को रणक्षेत्र में शूर, दरिद्र, सत्य-वक्ता, शौच आदि का विचार करने वाला, विद्वान्, तथापि दीन तथा युक्ति-सङ्गत अधिक बोलने वाला पुरुष समझना चाहिये ॥ ३२ ॥

मल्लोऽन्यपुष्टियोद्धा च बुधारयमभार्गवैः ।
ख्यातो लोके दृढाङ्गश्च सारमेयरुचिर्भवेत् ॥ ३३ ॥

यदि बुध, मङ्गल, शनि एवं शुक्र इतने ग्रह किसी एक राशि में व्यवस्थित प्रतीत हों तो जातक दूसरे से पाला हुआ, पहलवान्, मल्लयुद्ध में प्रवीण, लोक में मशहूर, खूब मजबूत हाथ पांव आदि अङ्गवाला तथा कुत्ते के पालन में अभिरुचि रखने वाला, बड़ा विशाल देहधारी पुरुष विशेष होता है ॥ ३३ ॥

भौमेज्यशनिशुक्राणां योगे स्याद्वासनातुरः ।
परदाररतो मानी कितवो जायते नरः ॥ ३४ ॥

१ निर्द्रव्यबन्धूनामिति पूर्वपाठः ।

मङ्गल, बृहस्पति, और शुक्र ये चारों ग्रह यदि किसी के जन्मकाल में एक राशि-गत दिखाई दें तो वह जातक कामवासना में अधिक आतुर रहे, इसीके कारण पराई स्त्रियों के साथ दुराचार करे, अभिमान वाला हो, तथा सभी लोगों के सामने छल-प्रपञ्च से अपना काम संभालने वाला लोकचतुर पुरुष होता है ॥ ३४ ॥

मेधावी शास्त्रनिरतः कामे सक्तो विधेयसत्यश्च ।
बुधजीवशुक्रसौरैः सह स्थितस्तीव्रसंयोगे ॥ ३५ ॥

यदि बुध गुरु, शुक्र और शनि ये ग्रह जिसकी कुण्डली में एकराशिगत दिखाई दें वह जातक अत्यन्त बुद्धिमान्, शास्त्रों में प्रवीण, काम की अभिलाषा में अनुरक्त, तथा सत्यवक्ता विद्वान् होता है, ऐसा जानना चाहिये ॥ ३५ ॥

पञ्चग्रहयोगफलम्—

बहुप्रपञ्ची दुःखी च जायाविरहतापितः ।
सूर्याद्यैर्जीवपर्यन्तैर्नरः स्यात्पञ्चभिर्ग्रहैः ॥ १ ॥

जिस आदमी के जन्मकाल में सूर्य, चन्द्र, मङ्गल, बुध और गुरु ये पांचों ग्रह यदि एक राशि में सम्प्राप्त हो तो वह लोगों के साथ बहुत प्रपञ्च करने वाला, दुःखी तथा स्त्री के सम्बन्ध लेकर अधिक परिताप का अनुभव करने वाला आदमी हो ॥ १ ॥

गतसत्यो बन्धुहीनः परकर्मरतो नरः ।
क्लीबस्य च सखा सूर्यभौमेन्दुबुधभार्गवैः ॥ २ ॥

यदि सूर्य, चन्द्र, मङ्गल, बुध तथा शुक्र ये ग्रह किसी एक घर में आ जायँ तो वह जातक मिथ्याभाषी, भाइयों से हीन, अपना कर्म छोड़कर दूसरे के कर्म में समय बिताने वाला तथा नपुंसकों (हिजड़े) का परम मित्र होता है ॥ २ ॥

स्यादल्पायुश्च विकलो दुःखी सुतविवर्जितः ।
अर्कार्किबुधचन्द्रारयोगे बन्धनभागपि ॥ ३ ॥

सूर्य, शनि, बुध, चन्द्र और मङ्गल ये पांचो ग्रह यदि एक घर में समाविष्ट हों तो जातक थोड़े ही दिनों तक जीने वाला, हमेशः विकल, दुःखी पुत्र से हीन तथा किसी सामाजिक या राजनैतिक उपप्लव में जेल जाने वाला पुरुष होता है ॥ ३ ॥

जात्यन्धो बहुदुःखी च पितृमातृविवर्जितः ।
नागप्रीतो नरो भौमभानुचन्द्रेज्यभार्गवैः ॥ ४ ॥

जिसके जन्मकालिक मङ्गल, सूर्य, चन्द्रमा, बृहस्पति और शुक्र इतने ग्रह किसी एक राशि में सम्प्राप्त हों वह जातक जातीय विचारों के लिए अन्धा होता है, याने जिस जाति का जो धर्म या व्यवसाय हो उसको न मानकर आजकल के आर्यसमाजी आदि विधर्मिओं की तरह जातीय नियम तोड़ने वाला होता है। इसीसे बहुत दुःखी हो,

माता-पिता से हीन हो (वा पथच्युत होने के कारण अपने मा-बाप से अलग रहे) तथा हाथी से प्रेम करने वाला व्यक्ति-विशेष होता है ॥ ४ ॥

परद्रव्यहरो योद्धा परतापकरः खलः ।
समर्थो जायते मन्दचन्द्रजीवार्कभूसुतैः ॥ ५ ॥

यदि शनि, चन्द्र, सूर्य और मङ्गल किसी की कुण्डली में एक जगह पर वर्त्तमान दीख पड़े तो जातक दूसरे के धनों को हरण करने के लिए कई बहाने दिखाकर काम करे, योद्धा हो, दूसरे को परिताप कराने वाला हो, पूरा खल हो, तथा अपने अभिप्राय सिद्ध करने में समर्थ हो, ऐसा जानना ॥ ५ ॥

मानाचारधनैर्हीनः परदाररतो नरः ।
एकस्थैर्जायते भानुभौमेन्दुशनिभार्गवैः ॥ ६ ॥

सूर्य, मङ्गल, चन्द्र, शनि एवं शुक्र ये पाचों ग्रह जिसके जन्मकाल में एक स्थान पर वर्त्तमान हों उस जातक को अभिमान, आचार-विचार तथा धन इनसे हीन, तथा परस्त्री के साथ रमण करने वाला जानना चाहिये ॥ ६ ॥

राजमन्त्री भूरिवित्तो यन्त्रज्ञो दण्डनायकः ।
ख्यातो जने यशस्वी च जीवार्केन्दुज्ञभार्गवैः ॥ ७ ॥

यदि बृहस्पति, सूर्य, चन्द्रमा, बुध तथा शुक्र ये ग्रह जिसकी जन्मकुण्डली में एक राश्यापन्न हों वह जातक राजा का मन्त्री, अधिक धनों का मालिक, यन्त्र (साइकिल घड़ी,ग्रामोफोन आदि) के रहस्यों को जानने वाला तथा अपराधियों को दण्ड देने का अधिकार पाने वाला भाग्यवान् पुरुष होता है ॥ ७ ॥

परान्नभोजी सोन्मादः प्रियतप्तश्च वञ्चकः ।
उग्रो भीरुर्नरः सूर्यशनिचन्द्रेज्यचन्द्रजैः ॥ ८ ॥

यदि सूर्य, चन्द्र, गुरु, शनि और बुध जिस आदमी के जन्मकाल में किसी एक घर में दीख पड़ें तो अधिक दिन दूसरे ही का अन्न खाने से उसकी जीवन-नौका पार लगे, उन्माद (पागलपन) आ जाय. प्रिय मित्रों को देखने से उसका मन और तृप्त हो जाय, पूरा वञ्चक (धूर्त्त) हो, उग्र स्वभाव का आदमी हो, तथापि लोगों के सामने डरपोक रहा करे ॥ ८ ॥

धनपुत्रसुखैर्हीनो मृत्यूत्साही च लोमशः ।
दीर्घो भवति चन्द्रार्कबुधशुक्रशनैश्चरैः ॥ ९ ॥

जिसके जन्मकालिक चन्द्रमा, सूर्य, बुध, शुक्र तथा शनैश्चर इतने ग्रहों को एक साथ रहने से जातक धन, पुत्र और सुखों से रहित हो, मरने के लिए भय न किया करे, सम्पूर्ण शरीर में केश हों, तथा देखने में खूब लम्बी आकृति वाला हो ॥ ९ ॥

इन्द्रजालरतो वाग्मी चलचित्तोऽङ्गनाप्रियः।
प्राज्ञश्च दक्षो निर्भीतः शुक्रेज्यार्केन्दुसूर्यजैः॥ १०॥

यदि किसी के जन्मकाल में शुक्र, बृहस्पति, सूर्य, चन्द्र और शनैश्चर ये ग्रह एक स्थान पर वर्त्तमान हों तो जातक इन्द्रजाल-विद्या (जादूगरी) का पूरा पण्डित (Magician) हो, बात-चीत (युक्तिपुरस्सर) करने में परम प्रवीण हो, हर-वक्त चित्त इधर-उधर घुमाया करे। अपनी स्त्री का परम प्रेमी हो, बड़ा विद्वान् हो, कार्यमात्र में दक्ष हो तथा कभी किसी से भय न प्राप्त करनेवाला पुरुष-विशेष होता है॥ १०॥

स्फीतो बहुहय. कामी नरःशोकी चमूपतिः।
बुधार्ककुजशुक्रेज्यैः सुभगो भूपतेः प्रियः॥ ११॥

जिसके जन्मकाल में बुध, सूर्य, मङ्गल, शुक्र एवं बृहस्पति एक साथ दिखाई दें तो जातक अपनी शारीरिक सफाई में चतुर हो, अनेक तरह के घोड़े उसके पास रहा करें, कामचेष्टा का वेगी हो, किसी प्रकार का बड़ा शोक का अनुभव करने वाला हो, तथा सेना का नायक या पाठान्तर से मामूली साम्राज्य का राजा हो एवं देखने में खूब सुन्दर तथा किसी बड़े राजा का प्रेमी बनकर रहा करे॥ ११॥

भिक्षाभोगी च रोगी च नित्योद्विग्नो मलीमसः।
जीर्णो नरो भानुभौमशनिजीवबुधैर्भवेत्॥ १२॥

सूर्य, मङ्गल, शनि, बृहस्पति तथा बुध इन ग्रहों का किसी कुण्डली में एक राशिगत होने से जातक भिक्षा से ही अपना जीवन निर्वाह करने वाला, रोगवान्, प्रतिदिन उद्विग्न चित्त रखने वाला, देखने में अत्यन्त मलीन (भद्दा) तथा अधिक काल वृद्ध की आकृति में रहने वाला पुरुष भाग्यहीन सा रहता है॥ १२॥

व्याधिभिः शत्रुभिर्ग्रस्तः स्थानभ्रष्टो बुभुक्षितः।
नरः स्याद्विकलः शुक्रमन्दार्कबुधभूसुतैः॥ १३॥

यदि शुक्र, शनि. सूर्य, बुध तथा मङ्गल इतने (पाँच) ग्रह किसी जन्मकुण्डली के किसी राशि में उपस्थित प्रतीत हों तो जातक अनेक प्रकार के रोग से तथा शत्रुओं से ग्रसित रहे, जिस स्थान पर रह कर अपना जीवन चलाता हो उसका नाश हो जाय, अधिक समय भूखा रहा करे तथा सदा विकल होकर इधर-उधर घूमने वाला भाग्यहीन पुरुष होता है॥ १३॥

विज्ञो विचारदेहश्च धातुयन्त्ररसायनैः।
नरः प्रसिद्धो भूपुत्ररविजीवसितासितैः॥ १४॥

यदि मङ्गल, सूर्य, गुरु, शुक्र और शनि ये ग्रह एक घर में वर्त्तमान हों तो आदमी

१ अत्र 'नरः शोकी च भूपतिः' इति पाठान्तरमवगम्यम्।

(कुण्डली वाला) विशेष ज्ञाता, विचार कर सभी कामों को करने वाला, तथा लोक में धातु (लोहे तांबा आदि के बर्तन वगैरह,) यन्त्र (घड़ी आदि), रसायन (औषधिविशेष जो कि वार्धक्य में प्रयुक्त की जाती है) इनके व्यवहारों से विख्यात होता है ऐसा जानना चाहिए ॥ १४ ॥

मित्रप्रीतिः शास्त्रवेत्ता धार्मिको गुरुसंमतः ।
दयालुः शुक्रसूर्यार्किबुधजीवैर्जनो भवेत् ॥ १५ ॥

जिस आदमी की जन्मकुण्डली में शुक्र, रवि, शनि, बुध तथा गुरु किसी एक राशि में व्यवस्थित हों वह मित्रों के साथ सहानुभूति रखने से प्रसन्न रहता है, शास्त्रों को जानने वाला, धार्मिक, गुरुजनों (शिक्षक, माता पिता आदि) के आदेशानुसार बर्तने वाला तथा सभी प्राणियों के ऊपर दया दिखाने वाला शान्त प्रकृति का पुरुष होता है ॥ १५ ॥

साधुः कल्याणहीनश्च धनविद्यासुखान्वितः ।
बहुपुत्रो नरो जीवभौमेन्दुबुधभार्गवैः ॥ १६ ॥

यदि गुरु, मङ्गल, चन्द्र, बुध, एवं शुक्र ये पाँचों ग्रह किसी मनुष्य के जन्मकाल में एक जगह पर वर्तमान देखे जायँ तो वह जातक साधु जैसा आचरण करने वाला, कल्याण से हीन, धन, विद्या तथा सुख के सहित हो तथा उसको कई पुत्र हों ॥ १६ ॥

परान्नयाचको विप्रो मलिनस्तिमिरामयी ।
नरो भवति भौमेन्दुजीवशुक्रशनैश्चरैः ॥ १७ ॥

मङ्गल, चन्द्रमा, गुरु, शुक्र तथा शनैश्चर इन ग्रहों का किसी कुण्डली में एक साथ रहने से जातक दूसरों से भिक्षा के रूप में अन्न माँग कर खाने वाला, ब्राह्मण या ब्राह्मण वर्ण (गौर) हो, किन्तु देखने में मलिन (भद्दा) हो, अन्धकार के समय आँख में देखने की शक्ति कम रहे, ऐसा जानना चाहिये ॥ १७ ॥

दुर्भगो मलिनो मूर्खः प्रेष्यः क्लीबश्च निर्धनः ।
नरो भवति चन्द्रज्ञशुक्रसौरिमहीसुतैः ॥ १८ ॥

जिसके जन्मकालिक चन्द्रमा, बुध, शुक्र, शनैश्चर एवं मङ्गल ये ग्रह एक जगह उपस्थित दीख पड़ें तो बालक देखने में खराब मलिन, मूर्ख दूत (पत्रवाहक) या किसी बड़े के आज्ञानुसार जहाँ तहाँ जाने-आने वाला, नपुंसक (हिजड़ा) तथा दरिद्र होता है ॥ १८ ॥

बहुमित्रारिपक्षश्च दुःशीलः परपीडकः ।
मानी नरः सोमजीवशुक्रमन्दधरासुतैः ॥ १९ ॥

चन्द्रमा, गुरु, शुक्र, शनि तथा मङ्गल इन ग्रहों को एक साथ रहने से कुण्डली वाले जातक के मित्र अधिक हों, परन्तु किसी विवाद के अवसर पर यह शत्रु ही का पक्ष

लिया करें, शील— स्वभाव बुरा हो, दूसरों को पीड़ा देने वाला तथा अभिमान-शाली उग्रपुरुष होता है, ऐसा जानना चाहिये १६ ॥

राजमन्त्री राजतुल्यो लोकपूज्यो गुणाधिकः ।
चन्द्रचन्द्रजमन्देज्यभृगुपुत्रैर्नरो भवेत् ॥ २० ॥

जिसके जन्मकाल में चन्द्रमा, बुध, शनि, गुरु तथा शुक्र इन ग्रहों से कोई एक स्थान भरा हो तो जातक किसी राजा का मन्त्री, राजा के समान लोगों में आदर पाने वाला तथा अनेक प्रकार के गुणों का ज्ञाता आदमी होता है ॥ २० ॥

अलसस्तामसो नित्यं सोन्मादो राजवल्लभः ।
निद्रातुरो नरो भौमबुधजीवार्किभार्गवैः ॥ २१ ॥

यदि मङ्गल, बुध, बृहस्पति, शनैश्चर तथा शुक्र इतने ग्रह किसी कुण्डली में एक जगह पर विद्यमान हों तो बालक बड़ा आलसी (कार्यमात्र में), अनवसर में भी अधिक क्रोध करने वाला हो, प्रतिदिन उसे उन्माद रोग (पागलपन) रहा करे, तथापि राजा का प्रेमी होने से एवं अधिक काल निद्रा के कारण व्यग्र रहा करे ॥२१॥

षड्ग्रहयोगफलम्—

विद्याधर्मध ैर्युक्तो बहुभोगी च भाग्यवान् ।
सूर्याद्यैः शुक्रपयन्तैः ख्यातो भवति षड्ग्रहैः ॥ १ ॥

जिस आदमी के जन्मलग्न—चक्र में सूर्य, चन्द्र, मङ्गल, बुध, बृहस्पति तथा शुक्र ये छः ग्रह किसी एक राशि में सम्प्राप्त हों तो जातक विद्या, धर्म एवं धन इन तीनों के सहित रहे, बहुत सुखों का उपयोगकर्त्ता हो, भाग्य अच्छा हो तथा लोक में परम प्रसिद्ध हो ऐसा जानना ॥ १ ॥

परकार्यकरो दाता शुद्धात्मा चञ्चलाकृतिः ।
षड्भिर्ग्रहैर्विना शुक्रं रमते विजयी जनः ॥ २ ॥

यदि सूर्य, चन्द्र, मङ्गल बुध, बृहस्पति तथा शनैश्चर ये सब ग्रह किसी कुण्डली के एक स्थानगत हो तो बालक दूसरे के कार्यों में अपना समय लगाने वाला, दानी, पवित्र आत्मा वाला जिसके हृदय में छल-प्रपञ्च न रहे, चञ्चल लोगों की तरह स्वभाव वाला एवं जहाँ जाय विजय पाने वाला भाग्यशाली पुरुष होता है ॥ २ ॥

संशयी सुभगो मानी ख्यातो युद्धेऽरिमर्दकः ।
विना जीवं ग्रहैः षड्भिर्विवादे रमते जनः ॥ ३ ॥

जिसके जन्मकालिक सूर्य, चन्द्र, मङ्गल, बुध, शुक्र तथा शनि ये सब मिलके किसी एक स्थान में दिखाई दें तो बालक हर बात में संशय डालने वाला, देखने में सुन्दर, अभिमानशाली, लोक में प्रसिद्ध, रणक्षेत्र में शत्रुओं को मारने वाला एवं व्यक्ति-

मात्र के साथ विवाद करने में अधिक रुचि रखने वाला आदमी होता है, ऐसा जानना चाहिए ॥ ३ ॥

भार्याप्रियो रणोत्साही विभ्रमक्रोधलोभवान् ।
अर्कार्किचन्द्रभौमेज्यभार्गवैः सुभगो नरः ॥ ४ ॥

यदि सूर्य, शनि, चन्द्र, मङ्गल, गुरु तथा शुक्र इन ग्रहों को एक साथ रहने से कुण्डली वाला आदमी अपनी स्त्री का परम प्रेमी, रणक्षेत्र के अवसर पर उत्साह करने वाला, लोभी, क्रोधकर्त्ता, किसी समय कार्य में भूल करने वाला तथा देखने में पूर्ण सुन्दर हो ॥ ४ ॥

कुलत्रहीनो निर्द्रव्यो राजमन्त्री क्षमायुतः ।
रवीन्दुबुधजीवार्किभृगुभिः सुभगो नरः ॥ ५ ॥

जिसके जन्मकालिक रवि, चन्द्रमा, बुध गुरु शनैश्चर एवं शुक्र यदि किसी एक घर में व्यवस्थित देखे जायँ वह बालक स्त्री से रहित, द्ररिद्र, किसी राजा का मन्त्री तथा क्षमाशील होता है ॥ ५ ॥

धनदारसुतैर्हीनस्तीर्थगामी वनाश्रितः ।
सूर्यारसौम्यजीवार्किभृगुपुत्रैर्भवेन्नरः ॥ ६ ॥

यदि सूर्य, मङ्गल, बुध, गुरु, शनैश्चर एव शुक्र इतने ग्रह एक जगह वर्त्तमान हों तो जातक धन एवं स्त्री से रहित हो, निष्पुत्र बन कर रहे, तीर्थ (काशी, प्रयाग, आदि) को जाने वाला, तथा तपस्या के उद्देश्य से वन में भी कुछ दिन रहा करे ॥ ६ ॥

धनी मन्त्री शुचिस्तन्द्री बहुभार्यो नृपप्रियः ।
विना सूर्यं ग्रहैः षड्भिः प्रतापो जायते नरः ॥ ७ ॥

जिसके जन्मकाल में चन्द्रमा, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र तथा शनैश्चर ये ग्रह कहीं एक स्थान पर दिखाई दें तो वह बालक धनवान्, पवित्र आत्मा वाला, किसी राजा का या किसी सामाजिक सभा सोसायटी का सेक्रेटरी हो, सदैव उसकी आँखों में तन्द्रा (झपकी) बनी रहे, बहुत स्त्रियों का स्वामी हो, राजा का प्रेमी हो तथा लोगों के बीच में बड़ा प्रतापी पुरुषराज होकर रहता है ॥ ७ ॥

प्रायो दरिद्रो मूर्खश्च षड्भिर्वा पञ्चभिर्ग्रहैः ।
अन्योन्यदर्शनात्तेषां फलमेतत्प्रकीर्त्तितम् ॥ ८ ॥

सामान्यतः जिस कुण्डली में पाँच या छः ग्रह एक राशि में हों उस जातक को दरिद्र और मूर्ख जानना चाहिये। विशेष विचार के लिये उन सबों की पारस्परिक दृष्टि देखना परमावश्यक है; जिसके सूक्ष्म अनुसन्धान से यथार्थ फल कहा जाय ॥ ८ ॥

सप्तग्रहयोगः—

दिवाकरनिभस्तेजा भूपमान्यः शिवप्रियः।
सूर्याद्यैः शनिपर्यन्तैर्योगे दानी धनान्वितः॥ ६॥

जिस आदमी में जन्मकालिक सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र तथा शनैश्चर ये सातों ग्रह किसी एक स्थानगत प्रतीत हों तो जातक सूर्य की तरह तेज वाला, प्रभावशाली, राजाओं से आदर पाने वाला, शिवजी का भक्त, दाता एवं बड़ा धनी होता है॥६॥

अथ केन्द्रायुः—

केन्द्रांशसंख्यां त्रिगुणां विधाय राह्वारशन्यङ्ककृतो विहीनम्[1]।
आयुःप्रमाणं कथितं मुनीन्द्रैश्चिरन्तनैर्ज्यौतिषिकैः स्मृतञ्च॥ १॥

केन्द्रस्थानस्थितानङ्कांस्त्रिगुणीकृत्य यावान् पिण्डस्तावद्वर्षसंख्यायुः, यदि केन्द्रमध्ये राहुशनिमङ्गला भवन्ति (तदा) तत्केन्द्राङ्कान् संमील्य शेषं त्रिगुणं कार्यम्।

इति जन्मपत्रीपद्धतौ भावचक्रानयनभावाध्यायद्वि-
त्रिचतुःपञ्चग्रहषड्ग्रहसप्तग्रहफलाध्यायो
द्वितीयः॥ २॥

इस श्लोक से केन्द्रायु निकाली जाती है—जिस जातक की आयु निकालनी हो उसके जन्माङ्गचक्र के केन्द्र (१।४।७।१०) स्थानों में से जितने घर शुभग्रहों से आक्रान्त हो उनकी संख्याओं का योग करे। तीन से गुणें फिर यदि उन्हीं स्थानों में राहु मंगल और शनि इनमें से जो जो समाविष्ट हों उनका स्थानाङ्कयोग त्रिगुण करके पूर्वोक्त गुणन-फल-स्वरूप पिण्ड में घटा दे, तब जो शेष रहे वही केन्द्रायु यथार्थ होगी, यह प्राचीन ऋषि-मुनियों के आदेशानुसार ज्यौतिर्षी लोगों ने कहा है। यह सामान्यतः कहा गया, वस्तुतः ठीक ठीक आयु निकालने के लिये केन्द्रस्थित ग्रहों का उच्च, नीच, सम, शत्रु, मित्र, गृह, शुभदृष्टि या पापदृष्टि इत्यादि की भी समालोचना करनी चाहिये॥ १॥

इति मिथिला(दरभङ्गा)प्रदेशान्तर्गतनगवास-ग्रामनिवासि-पण्डित-
केदारनाथशर्मतनय-ज्यौतिषाचार्य ज्यौतिषतीर्थ पोष्टाचार्य-प्राप्तरा-
जकीयसुवर्णपदक-पुरातत्त्वान्वेषक वराणसेयराजकीयसंस्कृत-
महाविद्यालयज्यौतिषप्रधानाध्यापक—मैथिल-
पण्डितश्रीअनूपमिश्र—कृतायां मानसागरी-
पद्धतिहिन्दीभाषा-टीकायां
द्वितीयोऽध्यायः
सम्पूर्णः।

---

१ "राह्वारसंख्याङ्ककृता विहीनम्" इति पूर्वपाठः।

अथ तृतीयोऽध्यायः।

तत्रादौ द्वादशभावस्थतनुभवनेशफलम्—

प्रणिपत्य परं ज्योतिः सर्वं च जगतीतलम्।
तमःप्रशमनं वक्ष्ये जन्मशास्त्रप्रदीपकम् ॥ १ ॥

ज्योतिःस्वरूप परब्रह्म तथा धरातलगत समस्त ध्येय वस्तुओं को प्रणाम करके अन्धकार को नाश करने वाला जातकों के जन्मकाल से आमरणान्त फल प्रदर्शक दीपक रूप ज्यौतिषशास्त्र को कहता हूँ। जैसे दीपक के सहारे गहन से गहन अन्धकार में सब वस्तुओं का पता चल जाता है, उसी तरह जातकों के लिए अच्छा बुरा जो कुछ विधाता ने लिखा है (जो कि वस्तुतः साधारण मनुष्यों की दृष्टि की पहुंच से बाहर हैं) उसको मैं इस शास्त्र के द्वारा साफ २ बतलाना प्रारम्भ करता हूँ। 'ग्रन्थादौ ग्रन्थमध्ये ग्रन्थान्ते च मङ्गलमाचरेत्' इस शिष्टाचार के अनुसार ग्रन्थ के मध्य में भी आचार्य ने मङ्गलाचरण किया ॥ १ ॥

लग्नाधिपतिर्लग्ने नीरोगं दीर्घजीविनं कुरुते।
अतिबलमवनीशं वा भूलाभसमन्वितं जातम् ॥ २ ॥

यदि लग्न का स्वामी लग्न ही में रहे तो जातक रोग से रहित, दीर्घजीवी होता है, महाबली, राजा वा बहुत जमीनों का लाभ कर भारी धनवान् एक साधारण राजा के समान होता है ॥ २ ॥

लग्नपतिर्धनभवने धनवन्तं विपुलजीविनं स्थूलम्।
अतिबलमवनीशं वा भूलाभं वा सुधर्मरतं कुरुते ॥ ३ ॥

यदि वही लग्नेश किसी कुण्डली के धनभाव (दूसरा) में पड़े तो बालक धनवान्, अधिक दिनों तक जीने वाला, आकृति में मोटा, एवं महा पराक्रमशाली राजा हो, वा बड़ी संख्या में जमीन का लाभ करे, वा परम्परागत अपने धर्म की रक्षा में हमेशः तत्पर रहा करे ऐसा आचार्यों ने कहा है ॥ ३ ॥

सहजगतो लग्नपतिः सद्बन्धुप्रवरमित्रपरिकलितम्।
धर्मरतं दातारं शूरं सबलं करोति नरम् ॥ ४ ॥

जिसकी कुण्डली में लग्नेश सहज (तृतीय) भाव में व्यवस्थित हो वह लड़का अच्छे अपने बन्धुवर्गों से एवं परम हृदय मित्रों से सुशोभित रहे, अपने धर्म के पालन में दत्तचित्त रहे, दानी हो तथा बड़ा भारी बलवान् पुरुष हो ॥४॥

लग्नेशे तुर्यगते नृपप्रियं प्रचुरजीवितं कुरुते।
सँल्लब्धपितरं पित्रोर्भक्तमबहुभोजनं जातम् ॥ ५ ॥

यदि लग्नेश किसी के जन्मकाल में चतुर्थ भावगत दिखाई दे तो जातक राजा का प्रेमी, दीर्घजीवी हो उसकी माता भी पूर्णायु हो, स्वयं उन दोनों का सच्चा भक्त हो, तथा बहुत थोड़ा खाने वाला (यह भाग्यवान् का लक्षण है) पुरुष–विशेष हो, ऐसा जानना चाहिये ॥ ५ ॥

पञ्चमगे लग्नपतौ सुसुतं सत्यागमीश्वरं विदितम् ।
बहुजीविनं सुगीतं सुकर्मनिरतं जनं कुरुते ॥ ६ ॥

यदि किसी के जन्मकालिक लग्नेश पुत्र-भाव (पञ्चम) में व्यवस्थित हो तो जातक को देव-पितर को मानने वाला अच्छा पुत्र हो, दानशील हो, धनाढ्य तथा लोगों में मशहूर हो, बहुत दिनों तक सुख-पुरस्सर जीने वाला, जिसके नाम का प्रान्त भर में भली भाँति गान किया जाय तथा अच्छे कर्मों (सन्ध्या, तर्पण, बलि वैश्वदेव, परोपकार, शान्तिमय जीवन आदि) में अपना पूरा समय लगाने के लिये सच्चे हृदय का पुरुष होता है ॥ ६ ॥

रिपुभवने लग्नेशे नीरोगं लब्धभूमिं च ।
सबलं कृपणं धनिनं सुकर्मपक्षान्वितं कुरुते ॥ ७ ॥

जिसके जन्मकालिक लग्नेश षष्ठभाव में पड़े तो वह जातक हमेशः नीरोग, बहुत जमीनों को प्राप्त करने वाला, महाबलवान्, कञ्जूस (किसी को कुछ भी न देने वाला) तथा अच्छे कर्मों के आचरण के साथ रहने वाला आदमी होता है ॥ ७ ॥

प्रथमपतौ सप्तमगे तेजस्वी शोकवान् भवेत्पुरुषः ।
तद्भार्यापि सुशीला तेजःकलिता सुरूपा च ॥ ८ ॥

जिस आदमी का जन्मकालीन लग्नाधीश जायाभाव (सप्तम) में पड़े वह तेजस्वी, अच्छा शीलस्वभाव रखने वाला हो एवं उसकी स्त्री भी सुशीला हो, अत्यन्त प्रज्वलित तेजवाली तथा देखने में बड़ी होती है ऐसा शास्त्रों में कहा गया है ॥ ८ ॥

लग्नपतावष्टमगे कृपणो धनसञ्चयी तु दीर्घायुः ।
क्रूरे खगे तु खेचरे काणः सौम्यैः पुरुषो भवेत्सौम्यः ॥ ९ ॥

यदि वह लग्नाधीश किसी के जन्माङ्गचक्र में अष्टम भावगत प्रतीत हो तो जातक कृपण (कञ्जूस), धनों के सञ्चय में रत तथा चार दिन तक जीने वाला होता है। यदि वही लग्नेश पापग्रह हो तो जातक काना हो। यदि वा शुभग्रह हो तो देखने में अतिभव्य मनोहर आकृति वाला पुरुष-विशेष होता है ॥ ९ ॥

मूर्तिपतिर्यदि नवमे तदा भवति प्रचुरबान्धवः सुकृती ।
समामित्रस्तु सुशीलः सुकृती ख्यातः सुतेजस्वी ॥ १० ॥

यदि किसी के जन्म-समय में लग्नेश नवम भाव में दृष्टिगोचर हो तब उस जातक को बन्धुवर्ग अधिक हो, अच्छा पण्डित हो, अपने समान लोगों के साथ मित्रता हो,

जिसमें कभी किसी प्रकार की शिकायत न सुनी जाय, सुशील हो, अच्छे २ कामों का कर्त्ता, अपने प्रान्त में मशहूर, तथा बड़ा तेजस्वी होता है ॥ १० ॥

प्रथमेशो दशमस्थो नृपलाभी पण्डित. सुशीलश्च ।
गुरुमातृपूजनमतिर्नृपप्रसिद्धः पुमान् भवति ॥ ११ ॥

जिसका जन्मकालिक लग्नाधीश दशम-भावगत दिखाई दे वह जातक राजा से लाभ करने वाला, पण्डित (अच्छा बुरा को विचार करने वाला), सुशील, गुरु, माता, पिता आदि पूज्य लोगों की सेवा में चित्त रखने वाला हो, तथा राजाओं ही के साथ सहवास एवं सहानुभूति के सहारे लोगों में प्रसिद्ध होकर रहा करे, ऐसा जानना चाहिये ॥ ११ ॥

एकदशस्थतनुपः सुजीवितं सुतसमन्वितं विदितम् ।
तेजःकलितं कुरुते पुरुषं बलिनं सुवाहनैर्युक्तम्[1] ॥ १२ ॥

यदि कहीं पर लग्नेश लाभ भाव में व्यवस्थित हो तो कुण्डली वाले जातक का जीवन सुखपूर्वक चला करे, पुत्रवान् हो, लोगों में प्रसिद्ध हो, बड़ा प्रभावशाली, हाथी घोड़े मोटर आदि बहुत वाहनों का मालिक, महाबली पुरुष-सिंह होता है ॥ १२ ॥

द्वादशगे मूर्तिपतौ कटुकवत् कर्मपरोऽशुभो नीचः ।
मानी सहगोत्रीभिर्विदेशगो दत्तभक्तनरः ॥ १३ ॥

जिसके जन्मकाल में लग्नेश व्यय (बारहवें) भाव में वर्तमान हो उसे कठोर आचरण करने वाला, पापी, नीच, अपने गोत्र के समुद्भूत लोगों के साथ मान करने वाला विदेश में अधिक समय बिताने वाला तथा दूसरे (गरीब दीन) लोगों के लिये भोजन देने वाला पुरुष समझना चाहिये ॥१३॥

द्वादशभावस्थधनभावेशफलम्—

द्रव्यपतिर्लग्नगतः कृपणं व्यवसायिनं सुकर्माणम् ।
धनिनं श्रीपतिविदितं करोति नरमतुलभोगयुतम् ॥ १ ॥

जिसके जन्मकाल में धनभाव का स्वामी लग्न (प्रथम भाव) में दिखाई दे वह जातक कृपण (कञ्जूस), व्यवसाय करने वाला, अच्छे कर्मों का कर्त्ता, धनवान्, लक्ष्मी के रहने से लोगों में प्रख्यात, तथा अनेक रम्य वस्तुओं के उपभोग से सहित रहे ॥ १ ॥

व्यवसायी च सुलाभी ह्युत्पन्नभुगलोककारको नीचः ।
नालीकक्द्विदितोऽपि च पूर्णोद्वेगी धनपतौ धनगे ॥२॥

यदि किसी के जन्म-समय में द्वितीय भाव का स्वामी दूसरे ही भाव में व्यवस्थित हो तो बालक अवसर मात्र में व्यवसाय करने वाला, बहुत लाभकर्त्ता, अपने यहाँ उत्पन्न

१ पूर्वपाठः—वाहनसंयुक्तम् ।

चीजों को खाने वाला होता है। प्रसङ्गागत बात को सत्य किया करे, नीच जनों की तरह आचरण करे, सत्यवक्ता तथा लोगों में विदित (ख्याता) एवं सभी कामों में पूरा उद्वेग रखने वाला आदमी होता है ॥ २ ॥

धनपे सहजगते चेद्बन्धुविभेदादिवर्जितः क्रूरे।
सौम्ये राजविरोधी भूतनये तस्करः पुरुषः ॥३॥

यदि धनभावेश पापग्रह होकर सहज (तृतीय) भाव में पड़े तो जातक को अपने बन्धुवर्गों में भेदभाव नहीं रहता, यदि शुभग्रह हो तो किसी राष्ट्रिय राजा से विरोध हो, यदि वही धनेश मङ्गल (यह योग यदि जन्मलग्न मीन और तुला हो तब लगता है) हो तो जातक चोर अवश्य होता है ॥ ३ ॥

तुर्यगते द्रविणपतौ पितृलाभपरः सत्यदयायुक्तः।
दीर्घायुः क्रूरखगे पुनरथ वा मरणं विनिर्देश्यम् ॥४॥

जिसके जन्मकालिक धनभाव का स्वामी चतुर्थ भाव में विद्यमान हो वह आदमी पिता से पूरा लाभ करने वाला, सत्यवक्ता, प्राणीमात्र के लिये दया-शील तथा अधिक दिनों तक जीने वाला होता है। परन्तु यदि वही धनेश पापी हो तो जातक का मरण जल्दी ही हो जाय ऐसा जानना ॥ ४ ॥

तनयकमलविलासी कष्टतरे कर्मणि प्रसिद्धं च।
कृपणं दुःखनिधानं तनयगतो धनपतिः कुरुते ॥५॥

यदि धनभावेश पुत्रभाव में सम्प्राप्त हो तो आदमी को ऐसा कमल की तरह प्रसन्न पुत्र होता है कि जिसके लालन-पालन करने में स्वय अत्यन्त विचारशील रहता है। कठिन से कठिन कर्मों को करने में प्रसिद्ध हो, कञ्जूस तथा सब दुःखों की खान ही जातक हो ॥ ५ ॥

षष्ठगतो द्रविणपतिर्धनसंग्रहतत्परं रिपुघ्नं च।
भूलाभिनं सुखचरैः पापैर्धनवर्जितं पुरुषम् ॥६॥

जिसके धनभाव का स्वामी कुण्डली में षष्ठभावगत दिखाई दे वह जातक धन के संग्रह करने में अहर्निश तत्पर रहे, शत्रुओं का नाश करे, यदि धनेश शुभग्रह हो तो बहुत जमीन का लाभ करे, पापग्रह हो तो धन से हीन भारी दरिद्र पुरुष होगा, ऐसा आचार्यों ने कहा है ॥ ६ ॥

धनपेऽपि च सप्तमगे श्रेष्ठगचिन्ता विलासभोगवती।
धनसंग्रहणी भार्या क्रूरे खचरे भवेद् वन्ध्या ॥७॥

जिस आदमी के जन्मकाल में धनभाव का स्वामी सप्तमभावगत दीख पड़े वह

---

१ पूर्वपाठः—"धनपेन च सप्तमे"।

बड़े महत्त्व की चिन्ता रखने वाला हो, उसकी स्त्री पूर्णविलासवती हो, धन के संग्रह करने वाली हो। यदि वही धनेश पापी हो तो उसकी स्त्री बन्ध्या (बाँझ) होती है ॥७॥

धनपेऽष्टमभवनस्थेऽष्टकपाली[1] चात्मघातकः पुरुषः।
उत्पन्नभुग्विलासी परधनहिंसी भवति दैवपरः ॥८॥

यदि किसी के जन्मसमय में धनभावाधीश अष्टम स्थान में वर्त्तमान हो तो आदमी कपाल लेकर भीख माँगने लगता है, अवसर पाकर अपनी हत्या तक कर बैठता है, उत्पन्न चीजों से ही विलासशील हो, दूसरे की हिंसा करने वाला, पराये धन को चुराने वाला, तथापि जो कुछ बातें करता "सब परमेश्वर ही की कृपा से होता है" इत्यादि कहा करे ॥ ८ ॥

धनपे धर्मगृहस्थे सौम्ये दानप्रसिद्धवाग्भवति।
[2]क्रूरे दरिद्रभिक्षुर्विडम्बवृत्तिस्तथा मनुजः ॥ ९ ॥

यदि धनभाव का स्वामी शुभग्रह होकर नवम-भावगत किसी कुण्डली में उपस्थित हो तो जातक दान करने की कीर्ति से लोगों में बड़ा प्रसिद्ध हो, यदि वही पापग्रह हो तो जातक दरिद्र, भिक्षा से जीवन निर्वाह करने वाला हो तथा कार्य-मात्र में विडम्बना-मात्र उसकी वृत्ति होती है ॥ ९ ॥

दशमगृहस्थे धनपे नरेन्द्रमान्यो भवेन्नृपाल्लक्ष्मीः।
सौम्यगृहगे च मातुर्मनुजः पितृपालको भवति ॥ १० ॥

जिसके जन्मकालिक धनभाव का स्वामी दशम-भावगत प्रतीत हो तो वह आदमी राजाओं का मान्य हो, एवं उन्हीं से इसे काफी लक्ष्मी की प्राप्ति हो, एवं यदि वही शुभग्रह हो तो जातक माता-पिता को भलीभाँति पालन करने वाला धार्मिक पुरुष होता है ॥ १० ॥

एकादशगः खेचरव्यवहारे श्रीपतिः ख्यातः।
लोकौघप्रतिपालनरतं ख्यातं च नरं भवेज्जातम् ॥ ११ ॥

यदि धनेश किसी कुण्डली में ग्यारहवें भाव में दिखाई दे तो जातक ग्रहों के व्यवहार में या पक्षियों के व्यवहार में प्रसिद्ध होता है, लोकसमूह के पालन करने में लीन एवं मशहूर पुरुष होता है, ऐसा जानना चाहिये ॥ ११ ॥

द्रविणपतौ व्ययलीने कृपणं धनवर्जितं क्रूरे।
सौम्ये लाभालाभख्यातं पुरुषं वदेज्जातम् ॥ १२ ॥

जिसके जन्मकालिक धनभवननाथ व्यय (बारहवें) भाव में सम्प्राप्त हो तो जातक कञ्जूस तथा दरिद्र होता है। (यदि धनेश पापी हो), यदि शुभग्रह हो तो पुरुष को कहीं पर लाभ कहीं पर हानि एवं इसी व्यापार से प्रसिद्ध होता है ॥ १२ ॥

१—"अष्टकपाला"। २ 'क्रूरे दरिद्रभिक्षुकी विडम्बवृत्तिः' इति।

द्वादशभवनस्थतृतीयेशफलम्—

सहजपतिर्लग्नगतो वाग्वादी लम्पटः स्वजनभेदी ।
सेवापरः कुमित्रः कूटकरः प्रोच्यते पुरुषः ॥ १ ॥

जिसके जन्मकालिक सहज भाव का स्वामी लग्न में स्थित हो, वह पुरुष सभी के साथ बातों से विवाद करने वाला, लम्पट, अपने पारिवारिक लोगों में परस्पर भेद कराने वाला तथा औरों की सेवा करने में तत्पर हो, उसके मित्र लोग इसके साथ सच्चा व्यवहार न करें, स्वयं कूट की बातें किया करे, ऐसा शास्त्र में कहा गया है ॥१॥

धनगृहगे सहजेशे भिक्षुर्विधनोऽल्पजीवनो मनुजः ।
बन्धुविरोधी क्रूरे सौम्यः पुनरीश्वरः खचरः ॥ २ ॥

यदि किसी के जन्मकाल में सहजभावेश द्वितीय स्थान में दिखाई दे तो जातक भिक्षुक (भीख माँग कर खाने वाला), दरिद्र तथा थोड़े ही दिनों तक जीने वाला हो, अपने परिवारों में विरोध किया करे (यदि सहजेशपापी हो तो), यदि वा वही शुभग्रह हो तो जातक धनवान् होता है, सो जानना ॥ २ ॥

सहजगत सहजपतिः समसत्त्वं सुसुहृदं शुभस्वजनम् ।
देवगुरुपूजनरतं नृपलाभपरं नरं कुरुते ॥ ३ ॥

जिसके सहजेश सहज भाव ही में रहे तो जातक सत्त्वगुण प्रधान, अच्छे मित्रों वाला हो, उसके बन्धुवर्ग अच्छी सहानुभूति रक्खें, देवता और गुरु इनकी पूजा में रत रहा करे, तथा राजा से लाभ करने में चतुर पुरुष होता है ॥ ३ ॥

भ्रातृपतौ मातृगते पितृबन्धुसहोदरेषु सुखभोगी ।
मात्रा सह वैरकरः पितृवित्तस्य भक्षकः पुरुषः ॥ ४ ॥

यदि सहज भाव का नाथ चतुर्थ भाव में उपस्थित हो तो बालक पिता, भाई और बन्धुवर्गों के साथ सुखभोगी हो, परन्तु माता से वैर भाव रखे, एवं पिता से उपार्जित धनों को एकदम सवनाश करने वाला पुरुष हो ॥ ४ ॥

दुश्चिक्यपतौ सुतगे सुतबान्धवसुतसहोदरैः पाल्यः ।
दीर्घायुर्भवति नरः परोपकारैकनिरतमतिश्च ॥ ५ ॥

जिसके तृतीय भवन का स्वामी पञ्चम स्थान में पड़े वह जातक पुत्र, बन्धुवर्ग के पुत्र, अपने भाई सबों से पालित होता है. अधिक दिनों तक जीने वाला तथा केवल दूसरों के उपकार करने में अहर्निश तत्पर रहता है ॥ ५ ॥

षष्ठगते सहजपतौ बन्धुविरोधी नयनरोगी च ।
भूलाभो भवति भृशं कदाचिदपि रोगसङ्कलितः ॥ ६ ॥

१ पूर्वपाठः—'भिक्षुर्निधनोऽल्पजीवती मनुजः' ।

यदि सहज भाव का मालिक षष्ठस्थान-गत प्रतीत हो तो लड़का अपने बन्धुवर्गों का विरोधी होता है, उसकी आँखों में किसी प्रकार की बीमारी रहा करे, किसी बड़े आदमी से योही या खरीदने से जमीन का लाभ करता है, कभी २ रोग से उसका शरीर खिन्न रहे ॥ ६

सप्तमगे सहजेशे नरस्य भार्या भवेत्सुशीला च।
सौभाग्यवती युवति क्रूरे देवरगृहं याति ॥ ७ ॥

जिसके सप्तम स्थान में तृतीय भाव का स्वामी दिखाई पड़े उस जातक की स्त्री अत्यन्त सुशीला होती है बहुत दिनों तक सुहागवती भाग्यशालिनी युवती हो, यदि सहजेश पापी हो तो वह अपने देवर (स्वामी के छोटे भाई) के साथ रहा करे ॥ ७ ॥

भ्रातृपतिरष्टमगः सहजं मृतसोदरं नरं कुरुते।
क्रूरे बाहुव्यङ्गिनमपि जीवति यद्यष्ट वर्षाणि ॥ ८ ॥

यदि किसी कुण्डली में सहजेश अष्टम स्थान में दीख पड़े तो जातक का भाई मर जाय, सहजेश को पाप ग्रह होने से उसकी बांह में भारी बिमारी हो, जिससे वह मृतप्राय हो जाय कदाचित् जीवे भी तो सिर्फ आठ वर्ष की परमायु हो ॥ ८ ॥

धर्मगते सहजपतौ क्रूरे बन्धूज्झितस्तथा सौम्ये।
सद्बान्धवश्च सुकृती सोदरभक्तो भवेन्मनुजः ॥ ९ ॥

जिस आदमी के जन्मसमय में सहजभाव का अधिपति नवम भाव में व्यवस्थित देखा जाय और यदि वह पापी हो तो जातक को बन्धुवर्ग छोड़ देता है, यदि शुभग्रह हो तो उसके भाई बन्धु अच्छे होते हुये इसकी रक्षा में तत्पर रहते हैं, स्वयं अच्छा विद्वान् एवं सहोदर भाइयों का भक्त बना रहता है ॥ ९ ॥

दुश्चिक्येशे दशमगते नृपपूज्यो मातृबन्धुपितृभक्तः।
उत्तमबोधो बन्धुषु विनिश्चितो जायते जातः ॥ १० ॥

जिस जातक के जन्मकाल में सहजभावाधीश दशम स्थान में व्यवस्थित हो तो वह राजा से पूज्य होता है, माता पिता एवं बन्धुवर्गों का भक्त, सच्ची बुद्धि वाला, तथा अपने परिवारों के साथ निश्चित रूप से मेल रखने वाला पुरुष होता है ॥ १० ॥

लाभस्थः सहजेशः सुबान्धवं राजशालिनं कुरुते।
कुरुते बन्धुषु सेवाविधायिनं भोगनिरतं च ॥ ११ ॥

यदि सहजेश किसी कुण्डली के ग्यारहवे भाव में सम्प्राप्त हो तो उस आदमी के भाई बन्धु अच्छे हों, स्वय किसी राजा की सहायता से सुशोभित रहे, अपने परिवारों की सेवा करने वाला एवं ऐश्वर्य का भोगकर्ता भाग्यवान् होता है ॥ ११ ॥

व्ययगे दुश्चिक्येशे मित्रविरोधी च बन्धुसन्तापी।
दूरे वासितबन्धुर्विदेशगामी नरो भवेज्जातः ॥ १२ ॥

जिसके जन्माङ्गचक्र में सहजभाव का स्वामी व्ययभाव में पड़े वह जातक मित्रों से विरोध करने वाला, अपने बन्धुवर्गों को भी बड़ा सन्ताप देने वाला, तथा बहुत दूर में बन्धुओं से भगाए जाने पर अधिक समय विदेश में ही रहने वाला पुरुष होता है ऐसा जानना चाहिये ॥ १२ ॥

द्वादशभवस्थचतुर्थभवनेशफलम्—

तुर्यपतिर्लग्नगतः पितृपुत्रयोः स्नेहं मिथः कुरुते ।
उत्तमे पितृपक्षे वैरी कलितं पितृनाम्ना प्रसिद्धं च ॥ १ ॥

जिस आदमी के जन्मकालिक चतुर्थ भाव का स्वामी लग्न में दिखाई दे उसके पिता पुत्र में परस्पर स्नेह बढ़ता ही जाता है; और पितृपक्ष वालों के लिए शत्रु, सुन्दर तथा पिता के नाम से स्वयं भी लोगों में खूब प्रसिद्ध कहलावे ॥ १ ॥

पातालपे धनस्थे क्रूरखगे पितृविरोधकृच्छुभे जातः[1] ।
पितृपालकः प्रसिद्धः पिता भुनक्तीह तल्लक्ष्मीम् ॥ २ ॥

यदि चतुर्थ भाव का अधिपति पापग्रह होकर दूसरे स्थान में स्थित हो तो पिता के साथ विरोध करने वाला होता है, यदि शुभग्रह हो तो पिता का पालन करनेवाला, एवं लोक में प्रसिद्ध हो तथा उसकी उपार्जित लक्ष्मी का भोग उसका पिता भी किया करे ऐसा जानना चाहिये ॥ २ ॥

तुर्यशे सहजस्थे पितृमातृवेदनाकरं कुरुते[2] ।
पित्रा सह कलहकरं पितृबान्धवघातकं नियतम्[3] ॥३॥

जिसके जन्मकालिक चतुथभावाधीश सहजभाव में वर्त्तमान हो वह जातक पिता-माता को हार्दिक वेदना देनेवाला, विशेषतः पिता के साथ झगड़ा करने वाला, एवं पिता और बन्धुवर्गों को मारने वाला प्रचण्ड पुरुष होता है, सो जानना ॥ ३ ॥

तुर्यगते तुर्यपतौ पितरि क्षितिपात्तप्रचुरमानः[4] ।
विदितः पितृलाभकरो भवति सुधर्मा सुखी धनपः ॥४॥

यदि किसी कुण्डली में चतुर्थ भाव का अधिपति चतुर्थ स्थान ही में हो तो जातक अपने पिता का राजा से मान (आदर) बढ़ाने वाला, अपने प्रान्त में प्रसिद्ध, पिता से धन का लाभ करने वाला (गुप्त रूप से), अपने धर्म का रक्षक, सुखी एवं महाधनी होता है ॥ ४ ॥

सुतगे तुर्यगृहेशे पितृसंलाभवांश्च दीर्घायुः ।
भवति कृतिप्रसिद्धः ससुतः सुतपालकश्चैव ॥ ५ ॥

---

१ पूर्वपाठः—पितृविरोधकृच्छुभं कुरुते। २ पितृमातृवेदकं नरं कुरुते।
३ पितृबान्धवघातकं कुरुते। ४ क्षितिपाधिपनाथमानकरः।

जिसके चतुर्थभावेश पञ्चम (सुत) भाव में दीख पड़े वह आदमी पिता से धन पाने वाला, दीर्घायु हो, कोई कीर्त्ति लोगों की भलाई के उद्देश्य से ऐसी करे जिसके सहारे उसकी ख्याति बहुत हो, पुत्रवान् हो, तथा पुत्र के लालन पालन में दत्तचित्त रहा करे ऐसा जानना चाहिये ॥ ५ ॥

हिबुकपतौ रिपुसंस्थे मात्रर्थविनाशकः शिशुर्जातः ।
पितृदोषरतः क्रूरे सौम्ये धनसञ्चयी तनय ॥ ६ ॥

जिस जातक के जन्मसमय में चतुर्थभावाधिपति षष्ठ स्थान में स्थित हो वह अपनी माता के गुप्त धनों का नाश करने वाला हो, पिता के दोषों की खोज में लीन रहे (यदि पाप ग्रह हो), यदि वा शुभ ग्रह चतुर्थभावेश हो तो जातक धन के सञ्चय करने में परम प्रवीण होता है ॥ ६ ॥

अम्बुपतौ सप्तमगे क्रूरे श्वशुरं स्नुषा न पालयति ।
सौम्ये पालयति पुनः कुलवतीं कुजकवी कुरुतः ॥ ७ ॥

जिस आदमी के जन्मकालिक चतुर्थभावाधीश पापी होकर सप्तम स्थान में पड़े तो जातक की स्त्री अपने ससुर की सेवा नहीं करे, यदि शुभग्रह हो ता पालन करती है, एवं यदि चतुर्थेश शुक्र या मङ्गल हो तो जातक की स्त्री कुलवती होती है ॥ ७ ॥

छिद्रगतस्तुर्यपतिः क्रूरं रोगान्वितं दरिद्रं वा ।
दुष्कर्मकरं मृत्युप्रियमथवा मानवं कुरुते ॥ ८ ॥

जिसके जन्मसमय में चतुर्थ भाव का स्वामी अष्टम में वर्त्तमान हो तो जातक क्रूर स्वभाव वाला, रोगी वा दरिद्र होता है, खराब कर्म किया करे, अथवा उन्हीं सब बातों के कारण उस तुच्छ जीवन की अपेक्षा मर जाना ही अच्छा समझने वाला हो ॥ ८ ॥

सुकृते तुर्यपतौ पितर्यसङ्गी समस्तविद्यावान् ।
पितृधर्मसंग्रहपरः पितृनिरपेक्षो भवेन्मनुजः ॥ ९ ॥

यदि किसी कुण्डली में चतुर्थेश नवम स्थान में सम्प्राप्त हो तो लड़का पिता का साथ न देने वाला, सभी विद्याओं का ज्ञाता हो, परन्तु पिता के सम्बन्ध में जो धर्म की बातें मालूम पड़े उनके संग्रह में तत्पर रहे, किन्तु व्यक्तरूप में पिता से निरपेक्ष होकर रहे, सारांश यह है कि पिता के आचार-विचार से यह जातक अलग रहे, लेकिन उसके पितृत्व को समझता हुआ आन्तरिक भक्ति पिता में पूरी रखे ॥ ९ ॥

पातालपेऽम्बरगते पापे सुतमातरं त्यजेज्जनकः ।
सृजते त्वन्यां दयितां सौम्ये पुनरन्यसेवकः पुरुषः ॥१०॥

जिसके चतुर्थ-भावाधीश पाप होकर दशम स्थान में व्यवस्थित हो वह लड़का

१ अत्र 'सौम्ये पुनरन्यसेवाकृत्पुरुषः' इति पूर्वपाठः, यत्र च्छन्दोभङ्गदोषः स्फुट एवेति ।

उसकी माता पिता से छोड़ दिया जाता है। और वह दूसरी स्त्री से वैवाहिक सम्बन्ध (उसका पिता) कर लेता है। यदि चतुर्थेश शुभग्रह हो तो फिर देखावटी विवाह न करे, किन्तु दूसरी स्त्री के साथ अवश्य रहा करे ॥ १० ॥

एकादशे तुर्यपतौ धर्मी पितृपालकः सुकर्मा च।
पितृभक्तो भवति पुनः प्रचुरायुर्व्याधिरहितश्च ॥ ११ ॥

यदि किसी के जन्मसमय में चतुर्थेश एकादश भाव में दीख पड़े तो आदमी धर्म को मानने व करने वाला, पिता की रक्षा करने वाला हो, अच्छे २ कर्म किया करे, पिता का एकान्त भक्त हो, और दीर्घायु एवं जीवन भर में व्याधियों से रहित होकर सुखी रहे, ऐसा शास्त्रों में कहा गया है ॥ ११ ॥

द्वादशगे तुर्यपतौ मृतपितृको वा विदेशगो वाच्यः।
पुत्रस्य पापखेटे चान्यपितुर्जन्म निर्देश्यम् ॥ १२ ॥

जिसके जन्मकाल में चतुर्थ भाव का स्वामी व्ययभाव में विद्यमान हो उस जातक का पिता शीघ्र मर जाता है, या विदेश ही में जाकर रहा करे। यदि वही चतुर्थेश पाप ग्रह हो तो जातक दूसरे का जन्मा हुआ होता है। ॥ १२ ॥

द्वादशभवनस्थपञ्चमभावेशफलम्—

लग्नगते पञ्चमपे प्रसिद्धस्तोकतनयपरिकलितम्।
शास्त्रविदं वेदविदं सुकर्मनिरतं तथा कुरुते ॥ १ ॥

जिस आदमी के जन्मकाल में पुत्र भाव का स्वामी लग्नगत हो उसके पुत्र कम हों, परन्तु सब पूर्ण प्रसिद्ध हों, जिनको देखने से उसकी आत्मा प्रसन्न रहे, स्वयं शास्त्रों का ज्ञाता हो। वेद को भी जानने वाला हो, अच्छे कर्मों में अहर्निश लीन रहा करे, ऐसा आचार्यों ने कहा है. सारांश यह कि यह योग बहुत अच्छा है ॥ १ ॥

पञ्चमपतिर्धनस्थः क्रूरे खेटे धनोज्झितं कुरुते।
गीतादिकलाकलितं कष्टभुजं स्थानकप्रचुरम् ॥ २ ॥

यदि पञ्चमभावाधीश द्वितीय भाव में दिखाई दे तो कुण्डली वाला आदमी दरिद्र हो (पञ्चमेश की पाप ग्रह होने पर), यदि शुभ ग्रह हो तो गीत, वाद्य आदि कलाओं से सुसज्जित, नौकरी करने के लिए या वासस्थान वगैरह के लिये पर्याप्त जगह मिले, तथापि कष्ट के साथ अपना भोजन चलाने वाला पुरुष होता है ॥ २ ॥

तनयपतिः सहजगतः सुमधुरवाक्यं बन्धुजनेषु विदितम्।
कुरुते सुतास्तदीयाः परिपालयन्ति तद्बन्धून् ॥ ३ ॥

पञ्चमभावेश यदि कहीं सहज भाव में आ पड़े तो जातक बहुत मीठी बातें किया करे, अपने बन्धुवर्गों में प्रसिद्ध हो, उसके पुत्र ऐसे लायक हों कि सारा परिवार का भरण पोषण वे ही लोग किया करें ॥ ३ ॥

सुतपः पातालगतः पितृकर्मरतं प्रपालितं पित्रा।
जननीभक्तं कुरुते क्रूरैस्तु विरोधिनं पितृभिः॥ ४॥

यदि पञ्चमेश चतुर्थ स्थान में दिखाई दे तो कुण्डली वाला आदमी पिता के सदृश कर्मों को करने में लीन रहे अर्थात् जिन आचार-विचारों के साथ उसका पिता जीवन बिताया हो उसी तरह यह भी करे, बहुत दिनों तक पिता से उसे लालन-पालन प्राप्त हो, माता का अनन्य भक्त हो, परन्तु यदि पञ्चमेश पापग्रह हो तो पिता से विरोध करने वाला जातक होता है॥ ४॥

तनयगतस्तनयपतिर्मतिमन्तं मानितं जनं कुरुते।
सुतकलितं प्रकटजनविख्यातं मानवं कुरुते॥ ५॥

जिसके जन्मसमय में पञ्चमेश पञ्चमभावगत हो वह जातक बड़ा बुद्धिमान्, लोगों में मान्य, पुत्रों से सुशोभित, बड़े २ प्रसिद्ध लोगों में भी वह अत्यन्त विख्यात हो॥५॥

पञ्चमपतिश्च षष्ठे शत्रुयुतं मानहीनं च।
रोगयुतं धनरहितं क्रूर. खचरः करोति नरम्॥ ६॥

यदि पञ्चमेश षष्ठ भाव में पड़े तो आदमी हरदम शत्रुओं से घिरा रहे, कहीं पर उसका आदर न हो, रोगवान् हो, तथा दरिद्र हो, यह फल पञ्चमेश के पापी होने पर घटता है॥ ६॥

तनयपतौ सप्तमगे स्वसुताः सुभगाश्च देवगुरुभक्ताः।
प्रियवादिनी सुशीला नरस्य ननु जायते दयिता॥ ७॥

जिसका पञ्चमेश सप्तम (जाया भाव) में पड़ा हो उसको अत्यन्त सुन्दर कई पुत्र हों, वे सब देवता, ब्राह्मण और गुरु के अनन्यभक्त हों, तथा उसकी स्त्री भी मधुरभाषिणी एवं सुशीला होती है, यह बहुत ही अच्छा योग है॥ ७॥

सुतपे निधनगृहस्थे कटुवाक्यो भार्ययाऽयुतो भवति।
सव्यङ्गचण्डशब्दाः सहजास्तनया भवन्ति तथा॥ ८॥

यदि पञ्चमेश किसी के जन्माङ्गचक्र में अष्टम-स्थानगत दीख पड़े तो जातक की बोली में कड़ुआपन होता है, सभी को बुरा मालूम पड़े, स्त्री से रहित हो (दो तीन सन्तान के बाद) उसके भाई और पुत्र ये सब प्रचण्ड व्यङ्गपूर्ण बातें बोलने वाले हों, सारांश यह है कि उसके सब बाहरी लोग शत्रु की तरह सिर्फ उसकी बुरी आवाज़ से बन जांय, कोई पक्ष लेने वाला कभी न हो॥ ८॥

---

१ पूर्वपाठः—'अत्र कटुध्वनिः स्त्रिया यदा भवति' इति।

२ चण्डाः शब्दा व्यङ्गी।

सुकृतगतस्तनयपतिः सुबोधविद्यं कविं सुगीतिज्ञम् ।
नृपपूजितं सुरूपं नाटकरसिकं नरं कुरुते ॥ ९ ॥

जिसके जन्मसमय में पञ्चमेश नवम-भावगत दिखाई दे वह जातक विद्याओं को सहज में सीख ले, कविता बनाने वाला हो, गाना करता हो, राजाओं से पूजित रहे, देखने में पूर्ण सुन्दर हो, नाटक का परम प्रेमी बहुधा उसीका एक पात्र (Actor) होकर रहे ॥ ९ ॥

सुतपतिरम्बरलीनो नृपकर्माणं नृपात् कलितभावम् ।
सत्कर्मरतं प्रवरं जननीसुखकृत्सुतं कुरुते ॥ १० ॥

यदि पञ्चमेश किसी की जन्मकुण्डली में दशम स्थान में व्यवस्थित हो तो आदमी राजा की तरह भोग-विलास में या उच्च विचार में लगा रहे, सर्वांशतः उसी के अनुसार सब कामों का अनुकरण करे, अच्छे २ आचरणों में लीन रहे, लोक में आदरणीय हो, तथा माता को सुख देने वाला श्रद्धेय पुरुष होता है ॥ १० ॥

[1]लाभगते सुतनाथे शूरः सुतवान् सुहृत्कृतासङ्गः ।
गीतादिकलाकलितो नृपभोगी जायते जातः ॥ ११ ॥

जिसके जन्मकालिक पञ्चमेश लाभ भाव में वर्त्तमान हो वह जातक शूर-वीर, पुत्र मित्रों के साथ बड़ी सहानुभूति रखने वाला, गाना बाजा आदि कलाओं का ज्ञाता एवं राजा की तरह सुखों का उपभोग करने वाला भाग्यवान् पुरुष होता है ॥ ११ ॥

पञ्चमपे द्वादशगे क्रूरे सुतरहितः शुभे सुसुतः ।
सुतसन्तापपरः स्याद्विदेशगामी भवेन्मनुजः ॥ १२ ॥

यदि किसी के जन्माङ्गचक्र में पञ्चमभाव का स्वामी (पापी) व्यय भाव मे सम्प्राप्त हो तो जातक को पुत्र नहीं होता, यदि शुभग्रह हो तो योग्य पुत्र हों, किन्तु स्वयं विदेश में रहा करे और सदैव पुत्रों के सन्ताप से तप्तहृदय रहे, अभिप्राय यह है कि पञ्चमेश को शुभ ग्रह होने से पुत्र हीन तो नहीं, परन्तु पुत्रसन्ताप वाला अवश्य हो, यह व्यय भाव में रहने का अनिवार्य फल है ॥ १२॥

द्वादशभावस्थषष्ठस्वामिफलम्—

षष्ठेशो लग्नगतो नीरुक्सबलः कुटुम्बकष्टकरः ।
बहुपक्षो रिपुहन्ता भवति नरः स्वैरवचनधनः ॥ १ ॥

जिस आदमी के जन्मसमय में छठे भाव का स्वामी लग्न में उपस्थित हो उसको कोई रोग कभी आक्रमण नहीं करता, प्रत्युत खूब बलवान् हो, कुटुम्ब-परिवारों को

१ पूर्वपाठः—'सुतनाथे लाभस्थे शूरः सुतवान् सत्यकृतासङ्गी ।
गीतादिसुकलाकलितो नृपभोगी जायते नरः ॥"

कष्ट दिया करे, उसके पक्ष में बहुत आदमी रहा करे, शत्रुओं को उसीके सहारे दमन करने वाला हो, तथा स्वेच्छाचारी एवं जितना चाहे उतना धन का सञ्चय कर ले, ऐसा उच्च भाग्यवाला पुरुष होता है ॥ १ ॥

शत्रुपतौ द्रविणस्थे दुष्टश्चतुरो हि संग्रहपरेष्टः।
स्थानप्रवरो विदितो व्याधिततनुः सुहृद्धनहा[1] ॥ २ ॥

यदि किसी के जन्माङ्गचक्र में षष्ठ–भावेश द्वितीय स्थान में सम्प्राप्त हो तो जातक दुष्ट, कार्यमात्र करने में चतुर, धन एवं इज्जत के सञ्चय में रत रहे, अच्छी जगह मिलने से लोगों में श्रेष्ठ कहावे, प्रसिद्ध हो, उसके शरीर में कई रोग हों तथा अपने मित्रों का भी धनका नाश करने वाला उग्र स्वभाव का आदमी होता है ॥ २ ॥

षष्ठपतिः सहजस्थः कुरुते तं लोककष्टकरम्[2]।
[3]निजजनमारणचतुरं कष्टं संग्रामतस्तस्य ॥ ३ ॥

जिसके जन्मसमय में षष्ठभावाधीश सहज (तीसरा) भाव में पड़े तो वह आदमी लोगों को कष्ट देने वाला, अपने परिवारों को मारने में चतुर, तथा युद्ध में शत्रुओं से स्वयं भी तकलीफ पाने वाला पुरुष होता है, ऐसा जानना चाहिये ॥ ३ ॥

षष्ठाधिपतिस्तुर्ये पितृतनयौ वैरिणौ मिथः कुरुते।
सरुक् पिता सोऽथ सुता लक्ष्मीं लभते नरः सुचिरम्[3] ॥४॥

यदि किसी आदमी के जन्मकाल में षष्ठेश चतुर्थ भाव में दिखाई दे तो उसको अपने दो सहोदर भाइयों में परस्पर शत्रुता हो जाती है, उसके पिता रोगी हो कर रहे, स्वयं तथा उसके लड़के बहुत दिनों के लिए लक्ष्मी को प्राप्त कर सुखी रहते हैं ॥ ४ ॥

रिपुभवनपतौ सुतगे पितृतनयौ वैरिणौ मृतिः सुततः।
क्रूरे शुभे च विधनैः[4] पदवीदुष्टश्च तत्कपटी ॥ ५ ॥

जिसको षष्ठ भाव का अधिपति पञ्चम–भावगत प्रतीत हो वह अपने दो सहोदर भाइयों में एक दूसरे का परम शत्रु बना रहे, अपने पुत्र के कारण मृत्यु को प्राप्त हो (यह फल षष्ठेश को पापग्रह होने से होता है)। यदि शुभग्रह हो तो दरिद्र जातक हो, कहीं से किसी पदवी को प्राप्त करने पर उसकी आत्मा परम दुष्ट हो जाय, तथा सभी लोगों के साथ कपट प्रपञ्च किया करे ॥ ५ ॥

रिपुभवनेशरिपुस्थे[5] नीरुग्वैरी सुखी कृपणः।
न हि जन्मतोऽपि सीदति कुस्थानवासी नरो[6] भवति ॥ ६ ॥

१ 'सुहृद्वित्तघ्नः'। २ 'स लोककष्टकरः।' ३ 'नीचजनकमारणम्'।
४ क्रूरे शुभे च निर्द्धनः'। ५ 'रिपुभवने रिपुस्थे'। ६ 'च भवति नरः।' इति पूर्वपाठाः।

यदि किसी जन्माङ्गचक्र में षष्ठेश छठे भाव में पड़े तो कुण्डली वाला आदमी हमेशः रोग से रहित होकर रहे, कई लोगों से शत्रुता हो, सुखी एवं कृपण (कञ्जूस) हो, आजन्म कभी दुःखी न हो, परन्तु खराब स्थान का निवासी अवश्य हो ॥ ६ ॥

अहितपतौ सप्तमगे क्रूरे भार्या विरोधिनी चण्डी।
तापकरी त्वथ सौम्ये वन्ध्या वा गर्भनाशपरा ॥ ७ ॥

जिस मनुष्य को षष्ठेश पापग्रह सप्तम भाव में व्यवस्थित हो उसकी स्त्री उससे विरोध करनेवाली होती है, प्रचण्डस्वभाव वाली एवं सन्ताप करनेवाली होती है, यदि षष्ठेश शुभ ग्रह हो तो वन्ध्या हो, या गर्भनाश (भ्रूणहत्या) करने में प्रवृत्त रहा करे ॥७॥

शनेर्ग्रहणिकारुजो विषधराद्धरानन्दनाद्
बुधाच्च विषदोषतः सपदि मृत्युरेणाङ्कतः।
रवेर्मृगपतेर्वधात्प्रकटमष्टमात्षष्ठपाद्-
गुरोरपि च दुष्टधीर्नयनदोषवाँञ्छुक्रतः ॥ ८ ॥

जिसके जन्मसमय में षष्ठभावाधीश अष्टम (मृत्यु) स्थान में हो उसकी मृत्यु अधोलिखित उपाधि के कारण हो जाती है, जैसे–षष्ठेश शनि हो तो संग्रहणी रोग से, मङ्गल हो तो सर्प से, बुध हो तो विषपान से, चन्द्रमा हो तो शीघ्र ही (आठ वर्ष के भीतर) मृत्यु हो (बहुधा इसके निवारक भी योग बहुत कुण्डलियों में रहा करते हैं, अतः सभी का अनुसन्धान करके इस दोष का उद्घाटन करना चाहिये, इसके लिये लघुजातक का अरिष्टभङ्गाध्याय देखो), सूर्य हो तो सिंह से, बृहस्पति हो तो बुद्धि बिगड़ जाने के कारण, शुक्र हो तो आँखों के दोष से मृत्यु हो ऐसा जानना चाहिये ॥८॥

शत्रुपतिर्यदि नवमः क्रूरः खचरस्तदा भवेत् खञ्जः।
बन्धुविरोधी शास्त्रं न मन्यते याचकः पुरुषः ॥ ९ ॥

यदि किसी के जन्मकाल में षष्ठभाव का स्वामी पापग्रह नवम भाव में वर्त्तमान हो तो जातक लङ्गड़ा, अपने बन्धुवर्गों के साथ विरोध करने वाला, शास्त्रपुराण को न मानने वाला हो, एवं भिक्षुक रहे ॥ ९ ॥

अरिपे दशमगृहस्थे क्रूरे मातू रिपुस्तदा दुष्टः।
धर्मसुतपालनमतिर्मातुर्दोषी भवेद्वैरी ॥ १० ॥

जिसके जन्मकालिक षष्ठेश (पापी) लग्न से दशवें स्थान पर दिखाई दे वह जातक अपनी माता को शत्रु की तरह रहा करे और दुष्ट हो। धर्म और पुत्र इनको पालन करने में परम लीन रहे, तथा माता के दोष से उसका शत्रु बना रहे ॥ १० ॥

वैरिपतौ लाभगते क्रूरे मरणं विपक्षतो भवति।
वैरी तस्करहानिश्चतुष्पदाल्लाभवान्मनुजः ॥ ११ ॥

यदि पापग्रह षष्ठेश होकर लाभ भाव में दीख पड़े तो कुण्डली वाला आदमी अन्त में शत्रु के आचरणों से मारा जाता है, बहुत लोगों का शत्रु हो, चोरों के द्वारा उसकी बड़ी आर्थिक क्षति हो, तथा केवल चतुष्पद (गौ, भैंस, घोड़ा, हाथी आदि) के व्यापार से पूरा लाभ करनेवाला आदमी होता है ॥ ११ ॥

षष्ठपतौ द्वादशगे चतुष्पदाद् द्रव्यहानिकरः ।

गमनागमनाल्लक्ष्मीहा दैवपरः केवलं भवति ॥ १२ ॥[1]

जिसके जन्मकालिक षष्ठ भाव का अधिपति लग्न से बारहवीं जगह पर विद्यमान हो वह जातक चतुष्पदों के व्यापार में बहुत द्रव्यों को नष्ट करनेवाला, जहाँ तहाँ व्यर्थ रेलवे के सहारे जाने-आने में अपनी सम्पत्ति को नाश करने वाला तथा अन्त में 'जो परमात्मा की इच्छा होगी उसके अनुसार होगा' इस वेदान्तसार को मानने वाला सर्वनाशक पुरुष होता है, ऐसा शास्त्रकारों ने कहा है ॥ १२ ॥

द्वादशभवनस्थसप्तमेशफलम्—

दयितेशो लग्नगतः [1]स्तोकस्नेहिनमन्यभार्यायाम् ।

भोगभुजं रूपयुतं जनयति दयितादलितचित्तम् ॥ १ ॥

जिसकी कुण्डली में जायाभावाधीश (सप्तमेश) लग्न में वर्त्तमान हो वह जातक पराई स्त्री में कम स्नेह करने वाला, विविध प्रकार के भोगों को भोगने वाला, सुन्दर तथा अपनी स्त्री में अत्यन्त चित्तवाला होता है ॥ १ ॥

जायापतौ धनस्थे दुष्टा दयिता सुतेप्सिता भवति ।

वित्तं च कलत्रकृतं सततं वसतो विसङ्गश्च ॥ २ ॥

यदि किसी के जन्म-समय में सप्तमेश लग्न से दूसरी जगह पर स्थित हो तो उसकी स्त्री दुष्टा, तथा केवल पुत्रों की कामना रखने वाली हो, उसी स्त्री के सहारे उसको पूरा धन मिले, हमेशा साथ रहती हुई भी वह बुरे लोगों के साथ जातक की जानकारी में भी व्यभिचार करने वाली होती है ॥ २ ॥

सप्तमपे सहजगते ह्यात्मबलो बन्धुवत्सली दुःखी ।

देवररता सुरूपा गृहिणी क्रूरे सुहृद्गृहगा ॥ ३ ॥

जिस आदमी के जन्मकालिक सप्तमेश सहज-भावगत दिखाई पड़े उसको अपनी आत्मा का बल बहुत काम दे, बन्धुवर्गों में स्नेह रखे, स्वयं दुःखों से पीड़ित रहे। यदि सप्तमेश पापग्रह हो तो जातक की स्त्री देवर (स्वामी के छोटे भाई) के साथ व्यभिचार करने वाली हो, देखने में खूबसूरत हो तथा अधिक समय अन्तरङ्ग मित्रों ही के घर में रहने वाली हो ॥ ३ ॥

---

१ पूर्वपाठः—'गमनागमनं लक्ष्मीहा देवपरो भवति' ।

१ 'शोकं निस्नेहमन्यतरभार्याम्' ।

जायेशे तुर्यस्थे लोलः पितृवैरसाधकस्नेही।
अस्य पिता दुर्वाक्यस्तद्भार्यां पालयेज्जनकः[1] ॥ ४ ॥

यदि सप्तमेश लग्न से चतुर्थस्थान में आ पड़े तो जातक बड़ा चंचल स्वभाव का हो, पिता के साथ शत्रुता करने के उपायों की खोज में रहा करे, उसका पिता भी उसे बहुत बुरी बातें कहें तथा उसकी स्त्री अपने पिता के घर (नैहर) में जाकर अपना जीवन बिताने वाली हो ॥ ४ ॥

सप्तमपतौ सुतस्थे सौभाग्ययुतः सुतान्वितः पुरुषः।
प्रियसाहसो दुष्टमतिस्तत्तनयः पालयेद्दयिताम् ॥ ५ ॥

जिसके जन्मकालिक सप्तम-भाव का स्वामी लग्न से पाँचवीं जगह पर व्यवस्थित हो वह जातक अनेक सौभाग्य से सहित, पुत्रवान् हो, प्रिय वस्तुओं की खोज के सम्बन्ध में अधिक साहस करने में उसकी बुद्धि खराब हो जाय तथा उसका पुत्र अपनी माता की रक्षा करे, ऐसा जानना चाहिए ॥ ५ ॥

रिपुगृहगः कान्तेशः प्रियया सह वैरिणं सरुग्भार्यम्।
दयितासङ्गक्षयिणं क्रूरः कुरुते च मृत्युपदम् ॥ ६ ॥

जिस आदमी के सप्तमभावेश लग्न से छठी जगह में दिखाई दे वह जातक अपनी स्त्री के साथ शत्रुता कर अलग हो जाय, स्त्री भी बीमारी से पीड़ित रहे, यदि सप्तमेश पापग्रह हो तो जातक स्त्री के साथ अति सम्भोग करने के कारण क्षयरोग से ग्रस्त हो जाय एवं अन्ततः शीघ्रही मृत्यु को प्राप्त करे ॥ ६ ॥

सप्तमपः सप्तमगः[2] परमायुः प्रीतिवत्सलः पुरुषः।
निर्मलशीलसमेतस्तेजस्वी जायते जातः ॥ ७ ॥

जिस मनुष्य के जन्मकाल में सप्तम भाव का स्वामी उसी भाव में पड़े वह जातक दीर्घजीवी, सभी लोगों के सामने प्रेम के साथ पेश आने वाला कपट-प्रपंच से रहित, अच्छे शील-स्वभाव वाला तथा बड़ा तेज (प्रभाव) से दीप्त पुरुष-विशेष होता है ॥ ७ ॥

सप्तमपतिर्निधनगतो गणिकासु रतः करग्रहरहितः।
नित्यं चिन्तायुक्तो मनुजः किल जायते दुःखी ॥ ८ ॥

यदि किसी के सप्तमभावेश लग्न से अष्टम स्थान में दिखाई दे तो वह आदमी सदैव वेश्याओं के साथ रहा करे, आजन्म कुवाँरा रहे, हमेशः अनेक प्रकार की चिन्तायें आकर उसे ग्रस्त रखें, एवं इन्हीं कारणों से बहुत काल दुःखों ही का भोग करे ॥ ८ ॥

सुकृतगते [3]सप्तमपे तेजोवाञ्छीलवान् प्रियाऽप्येवम्।
क्रूरे पण्ढविरूपो लग्नेशो वीक्षिते नये प्रबलः ॥ ९ ॥

१ 'तद्भार्यां पालयेत् पिता'। २ 'सप्तमपतिः सप्तमगे'। ३ 'सुकृतगते सप्तमपतौ'।

जिसके जन्मकालिक सप्तमभाव का अधिपति नवमभावगत प्रतीत हो वह जातक तेज रखने वाला हो, उसका शील स्वभाव अनुकरणीय हो, उसी तरह उसकी स्त्री भी सुशीला एवं तेज वाली हो, यदि सप्तमेश पाप ग्रह हो तो जातक नपुंसक हो, यदि सप्तमेश को लग्नेश देखते हों तो जातक नीतिशास्त्र याने राजनीति के सम्बन्ध में विचार करने के लिये बड़ा प्रबल होता है ॥ ९ ॥

सप्तमपे दशमस्थे नृपदोषी लम्पटः कपटचित्तः ।
क्रूरे दुःखार्त्तः स्याच्छत्रोर्वशगो भवेत्पुरुषः ॥ १० ॥

यदि किसी कुण्डली में सप्तमेश दशम-भावगत दीख पड़े तो राजाओं में जो दोष रहता है वह इस जातक में भी रहे, लम्पट हो, उसका चित्त अहर्निश कपट के प्रपञ्च में लिप्त रहे, यदि वही सप्तमेश पापी हो तो जातक बड़े २ दुःखों से पीड़ित रहे, तथा अगत्या उसे शत्रुओं के अधीन रहना पड़ता है ॥१०॥

लाभस्थे जायेशे भक्ता रूपान्विता सुशीला च ।
दयिता परिणीता स्यान्नरस्य[1] ननु जायते सततम् ॥११॥

जिसके जन्मकालिक सप्तमभावेश लाभस्थान में हो उस आदमी की स्त्री, जिसके साथ धर्म के अनुकूल विवाह करे,बड़ी पतिभक्ता, सुन्दरी, अच्छे शील स्वभाव वाली एवं, भाग्यवती होती है। यह योग जाया–विचार में अधिक प्रशस्य है ॥११॥

सप्तमपे द्वादशगे गृहबन्धुरतो न वा भवेद्भार्या ।
सा लोला दुष्टयुता दूराच्चलति च तस्य पुरुषस्य ॥ १२ ॥

यदि सप्तमेश किसी के जन्माङ्गचक्र में बारहवें स्थान उपस्थित देखा जाय तो जातक अपने घर एवं परिवार के कामों में लगा रहे, अपनी अधिक अवस्था में ऐसी नवीन स्त्री से विवाह करे जो कि अत्यन्त चञ्चला, दुष्टों के साथ रहने वाली, तथा अपने स्वामी को छोड़ दूर चली जाने वाली होती है। सारांश यह कि इस योग में जातक की स्त्री वेश्या की भी नाक काटने वाली पूरी व्यभिचारिणी होती है ॥१२॥

द्वादशभवनस्थाष्टमेशफलम्—

अष्टमपे लग्नगते बहुविघ्नो दीर्घरोगभृत्स्तेनः ।
[2]नेष्टानुवादनिरतो लक्ष्मीं लभते नृपतिवचसा ॥ १ ॥

जिसके जन्मकाल में अष्टमभाव (मृत्यु) का स्वामी लग्न में व्यवस्थित हो उस जातक को कार्यमात्र में विघ्न बहुत होते हैं, चिर-दिनों तक रोग से घिरा रहे, चोरी किया करे, ऐसे २ कामों में लगा रहे, जिनमें कि इसी की बड़ी निन्दा हो, तथा किसी राजा की बातों के सहारे लक्ष्मी को प्राप्त करे यह शास्त्रसम्मत है ॥ १ ॥

१ पूर्वपाठः—'नरस्य तनुर्जायते सततम्'। २ 'नष्टोरुवादनिरत' इति ।

निधनपतौ धनलीनेऽल्पजीवी वैरिमान्नरश्चौरः ।
क्रूरे सौम्येऽतिशुभं किन्तु क्षितिपालतो मरणम् ॥ २ ॥

जिसके अष्टम-भावाधीश पापग्रह होते हुए दूसरे भाव में सम्प्राप्त हो वह जातक थोड़े ही दिनों के लिए इस दुनियाँ में रहने वाला, अनेक शत्रु वाला एवं चोर होता है, यदि अष्टमेश शुभग्रह हो तो जातक को हर तरह से शुभ होता है, परन्तु किसी राजा के कोप के वश होकर मर जाता है ॥ २ ॥

अष्टमपतौ तृतीये बन्धुविरोधी सुहृद्विरोधी च ।
व्यङ्गो दुर्वाग्लोलः सोदररहितो भवत्यथ वा ॥ ३ ॥

जिस मनुष्य के जन्मकुण्डलीस्थ अष्टमभाव का स्वामी सहजभाव में पड़े वह भाइयों के साथ झगड़ा बहुत किया करे, मित्रों से भी इसी प्रकार पेश आया करे, अङ्गहीन (लूला, लंगड़ा आदि) हो, हरवक्त खराब बातें किया करे, जिन असम्बद्ध बातों का कोई ठिकना न हो, बड़ा चञ्चल हो, अथवा भाइयों में सिर्फ अकेला रहे ॥३॥

निधनेशे तुर्यगते पितृगते पितृतो नयेल्लक्ष्मीम् ।
पितृपुत्रयोश्च युद्धं जनको रोगान्वितो भवति ॥ ४ ॥

यदि किसी के जन्मकालिक अष्टम-भावेश चतुर्थ-स्थानापन्न दिखाई दे तो जातक को पिता शत्रु हो तथा उन्हीं से लक्ष्मी को प्राप्त करे। अर्थात् पिता का सारा धन इसी को मिले, दोनों के बीच में बड़ा युद्ध हो तथा स्वयं रोगी बनकर रहे ॥ ४ ॥

छिद्रपतौ तनयस्थे क्रूरे सुतविरहितः शुभे तु शुभः ।
जातोऽपि नैव जीवति जीवेदथ कितवकर्मरतः ॥ ५ ॥

जिस आदमी के जन्मकालिक अष्टमेश पुत्रभाव में पड़े वह पुत्र से हीन हो (यह अष्टमेश का पाप ग्रह होने से होता है) यदि शुभग्रह हो तो पुत्रवान् हो, स्वयं जातक अधिक दिन न जीवे, कदाचित् शान्ति वगैरह की सहायता से जीवे भी तो कपटी के आचारों के साथ लोगों से बर्ताव करे ॥ ५ ॥

छिद्रेशे रिपुसङ्गते दिनकरे भूभृद्विरोधी गुरौ
त्वङ्गे सीदति दृष्टिरोगकलितः शुक्रे स रोगी विधौ ।
भौमे कोपयुतो बुधे हि भयभृत्तुण्डार्तिभृतः शनौ
कष्टं वै विदधाति तत्र शशिभृत्सौम्येक्षितेनैव किम् ॥६॥

यदि किसी कुण्डली के अष्टमभाव का अधिपति सूर्य षष्ठभाव में हो तो जातक राजाओं से विरोध करे, बृहस्पति हो तो अङ्गों में बीमारी से दुःखी रहे, शुक्र हो तो आँखों के रोग से पीड़ित रहे, चन्द्रमा हो तो रोगी रहे, मङ्गल हो तो क्रोधी, बुध हो तो भयभीत, शनि हो तो मुख में पीड़ा रहे। एवं बुध से देखे जाते हों तो जातक को सर्वतः विविध प्रकार के कष्ट हुआ करे, ऐसा जानना चाहिये ॥ ६ ॥

मृत्युपतौ सप्तमगे दुरुदररुक् शीलवल्लभो दुष्टः ।
क्रूरे भार्याद्वेषी कलत्रदोषान्मृतिं लभते ॥ ७ ॥

जिसके अष्टमभावाधीश सप्तम घर में वर्त्तमान हो उस जातक को पेट में भारी रोग हो। स्त्री बड़ी दुःखशीला हो, स्वयं दुष्टों का आचरण करने वाला हो, यदि अष्टमेश पापग्रह हो तो स्त्री का द्वेषी एवं उसी के दोषों से मर भी जाय ॥७॥

निधनपतौ निधनगते व्यवसायी व्याधिवर्जितो नीरुक् ।
कितवकलाकलितवपुः कितवकुले जायते विदितः ॥८॥

यदि अष्टमभावेश अष्टमस्थान में सम्प्राप्त हो तो जातक व्यवसाय करने वाला, हमेशः नीरोग, व्याधियों का दर्शन तक नहीं करने वाला होता है, तथा वञ्चक हो, एवं उसी समाज में अधिक प्रख्यात होने के कारण इसका आसन ऊँचा रहे, बहुधा जन्म भी उसी कुल में ले, ऐसा जानना ॥८॥

धर्मस्थे मृतिनाथे निःसङ्गी जनविघातकः पापी ।
निर्बन्धुर्निस्नेही पूज्यो विमुखे मुखे व्यङ्गः ॥ ९ ॥

जिसके अष्टमभाव का स्वामी लग्न से नवम घर में दिखाई दे वह आदमी किसी का सङ्ग करने वाला नहीं होता, जीवों की हत्या करे, पापियों के आचरण करने में प्रवीण हो, वह अपने कुल में बहुधा अकेला ही रहे, स्नेह से हीन हो, शत्रु मण्डल में पूज्य हो, तथा मुख में किसी अवयव को न रहने की शिकायत हो, ऐसा आचार्यों ने कहा है ॥९॥

कर्मगते निधनेशे नृपकर्मा नीचकर्मनिरतश्च ।
अलसः[1] क्रूरे खचरे तनयो माता न वा जीवति ॥ १० ॥

यदि अष्टमेश कहीं पर दशम-भावगत प्रतीत हो तो जातक राजाओं के कामों को करने वाला, एव नीचकर्मकर्ता हो; यदि वही अष्टमेश पापी हो तो आदमी आलसी हो, उसके पुत्र या माता न जीवे, ऐसा जानना ॥ १० ॥

✓ लाभस्थे मृत्युपतौ बाल्ये दुःखी सुखी भवति पश्चात् ।
दीर्घायुः सौम्यखगे पापेऽल्पायुर्नरो भवति ॥११॥

जिसके जन्म समय में अष्टमाधीश लाभभाव में व्यवस्थित हो वह बाल्यावस्था में दुःखी होकर बाद सुखी होता है, यदि शुभग्रह अष्टमेश हो तो दीर्घायु, पापग्रह हो तो थोड़े ही दिनों तक दुनियाँ में रहने वाला आदमी होता है ॥ ११ ॥

व्ययसंस्थितेऽष्टमेशे [2]क्रूरकथस्तस्करः शठो विदयः ।
आत्मगतिर्व्यङ्गवपुर्मृतस्तु काकादिभिर्भक्ष्यैः[3] ॥१२॥

---

१ पूर्वपाठः—'अलसः क्रूरे खचरी तनयो वा न जीवति माता' ।
२ 'क्रूरवाक्तस्करः शठो निर्घृणः' । ३ 'काकादिभिर्भक्षः' ।

यदि किसी के जन्मकालिक अष्टम भाव का स्वामी व्ययभावगत दिखाई दे जातक की बात-चीत एकदम पापमय होती है, क्रूरस्वभाव वाला, शठ, दया से हीन सब जगह, हर काम में अपनी इच्छा से ही आगे बढ़ने वाला तथा शरीर कुछ अङ्गों रहित रहता है, मरने पर उसको अग्नि-संस्कार देकर कोई न जलावे, यों ही नदी बहा दे-जिसे कौआ गीध आदि खा जाय, ऐसा जानना चाहिये ॥ १२ ॥

द्वादशभावस्थनवमेशफलम्—

लग्नगते[1] नवमेशे देवगुरूणां सुसेवकः शूरः ।
कृपणः क्षितिपतिकर्मा स्वल्पग्रासी भवति मतिमान् ॥१॥

जिस किसी मनुष्य की जन्मकुण्डली में नवमभाव का स्वामी लग्न में पड़े व देवता और गुरु इनकी सेवा करने वाला, शूर, कजूस, राजा की तरह आचरण कर वाला, थोड़ी, वस्तु खाने वाला तथा बुद्धिमान् होता है ॥ १ ॥

नवमेशे[2] धनयातो वृषतो विदितः सुशीलवात्सल्यः ।
सुकृती वदनव्यङ्गश्चतुष्पदोत्पन्नपीडितो[3] मनुजः ॥ २ ॥

यदि नवमभावेश लग्न से दूसरी जगह किसी कुण्डली में दीख पड़े तो जात सुन्दर वृष (बर्धा) रखने से या उसके सम्बन्ध में दलाली वगैरह के सहारे लोक प्रख्यात हो, अच्छा शील स्वभाव हो, लोकवत्सल हो, धर्मपुरस्सर काम करे, बदन के किसी अवयव के न रहने से अभव्य मालूम पड़े तथा चतुःपद (हाथी, घोड़े, गा भैंस आदि) से पीड़ा पाने वाला आदमी होता है ऐसा जानना ॥ २ ॥

सहजगते सुकृतपतौ रूपस्त्रीबन्धुवत्सलः पुरुषः ।
बन्धुस्त्रीरक्षणकरो[4] यदि जीवति बन्धुभिः सदा सहितः ॥३॥

जिसके नवमभावेश लग्न से तृतीय स्थान पर व्यवस्थित दिखाई दे वह रूपवा स्त्री तथा बन्धुवर्गों से प्रेम करने वाला होता है, बन्धुवर्ग, स्त्री, पुत्र आदि की रक्ष करने तत्पर हो, जितने दिन जीवे उतने दिनों तक हमेशः सहोदर भाइयों सहित रहा करे ॥ ३ ॥

सुकृतेशे हिबुकस्थे पितृभक्तः पितृयात्रादिकेऽपि हितः[5] ।
विदितः सुकृती पुरुषः पितृकर्मरतमतिर्भवति ॥ ४ ॥

जिस आदमी के नवमभावेश लग्न से चौथी जगह पर वर्त्तमान हो वह जात पिता का भक्त, उन्हें तीर्थ-यात्रा के लिए बराबर प्रोत्साहित करने में ख्यात, अच्

पूर्वपाठः—१ 'लग्नगते नवमपतौ देवान् गुरून्मन्यते महाशूरः' ।
२ 'नवमपे धनगते वृषतो विदितः सुशीलवान् सत्यः' ।
३ 'चतुःपदोत्पन्नपीडितः' । ४ 'बन्धुस्त्रीरक्षणकृद्यदि' ।
५ 'पितृव्ययात्रादिके विदितः ।

कर्म करने वाला, पिता के मरने पर उनका श्राद्ध, एकोद्दिष्ट आदि परम्परागत कर्मों को करने में लीन रहा करे ॥ ४ ॥

सुकृतगृहपे सुतस्थे सुकृती देवगुरुपूजने निरतः ।
वपुषा सुन्दरमूर्त्तिः सुकृतसमेताः सुता बहवः ॥ ५ ॥

जिसको नवमेश लग्न से पाँचवीं जगह पर वर्तमान हो वह आदमी अच्छे कर्मों के आचरण करने वाला, देवता एवं गुरु की पूजा में अधिक समय बिताने वाला, देखने में खूब सुन्दर मूर्ति वाला हो, तथा उसको कई धार्मिक पुत्र भी हों ॥ ५ ॥

शत्रुप्रणतिपरायणधर्मनिमग्नं कलाविकलकायम् ।
दर्शननिन्दानिरतं सुकृतपतिः षष्ठगः कुरुते ॥ ६ ॥

जिसके जन्मकालिक नवमभाव का अधिपति षष्ठ स्थान में दिखाई दे वह आदमी हर वक्त शत्रुओं के डर से उन्हें "जी सकार ! जी सरकार !" कहने में तत्पर रहे, किसी कला (कारीगरी) को जानने वाला न हो, तथा दर्शन शास्त्र की, या किसी को भी देखते ही उसकी निन्दा करने में तत्पर रहा करे ॥ ६ ॥

नवमपतौ सप्तमगे सत्यवती सुवदना सुरूपा च ।
शीलश्रीयुतदयिता सुकृतयुता जायते नियतम् ॥ ७ ॥

जिस आदमी के जन्मकाल में नवम-भावेश लग्न से सप्तम घर में पड़े उसकी स्त्री सत्य बोलने वाली, चन्द्रमुखी, देखने में परम सुन्दरी, शील स्वभाव एवं शोभा से विभूषित तथा धर्म के सम्बन्ध में सभी बातों को मानने व करने वाली भाग्यवती होती है ॥७॥

दुष्टो जन्तुविघाती गृहबन्धुविवर्जितः सुकृतरहितः ।
निधनगते नवमेशे क्रूरे षण्ढः स विज्ञेयः ॥ ८ ॥

यदि नवमभाव का स्वामी अष्टम स्थान में दीख पड़े तो जातक दुष्ट, प्राणियों को जान से मारने वाला, अपने परिवार व घर से रहित हो, पापी की तरह आचरण करे, यदि वही पाप ग्रह हों तो जातक नपुंसक भी होता है, ऐसा जानना चाहिये ॥ ८ ॥

सुकृतगतः सुकृतपतिः स्वबन्धुभिः प्रीतिमतुलितसमत्वम् ।
दातारं देवगुरौ स्वजनकलत्रादिसंसक्तम् ॥ ९ ॥

जिस जन्माङ्गचक्र में नवमेश अपने ही उस घर में सम्प्राप्त हो वह जातक अपने बन्धुवर्गों के साथ परम स्नेह रखे, बड़े होते हुये भी सभी के साथ समता का व्यवहार करे, दानी हो, देवता-गुरु में एवं आत्मीय स्त्री-पुत्र आदि में संसक्त रहता है, इसमें सन्देह नहीं है ॥ ९ ॥

पूर्वपाठः—१ 'शत्रुप्रणतिपरायणधर्मकलिनं' ।

नृपकर्माणं शूरं मातापित्रोश्च पूजकं पुरुषम् ।
धर्मख्यातं कुरुते सुकृतपतिर्गगनगृहशीलः ॥ १० ॥

जिसको नवमेश दशवें घर में व्यवस्थित हो वह जातक राजा के कामों को करने वाला, शूर-वीर, माता-पिता का सेवक, धर्म से प्रसिद्ध, एवं भाग्यवान् पुरुष हो ॥१०॥

दीर्घायुर्धर्मपरो धनेश्वरः स्नेहलो नृपतिलाभी ।
सुकृतख्यातः सुसुतः सुकृतविभौ लाभभवनस्थे ॥ ११ ॥

जिसके जन्मकाल में नवमभाव का स्वामी ग्यारहवीं जगह पर विद्यमान हो वह आदमी बहुत दिनों तक जीने वाला, धर्म के आचरणों को करने वाला हो, एवं धर्म ही के प्रभाव से लोक में प्रसिद्ध हो, तथा उसे कई अच्छे पुत्र हों ॥ ११ ॥

द्वादशगे सुकृतेशे मानी देशान्तरे सुरूपश्च ।
विद्यावाञ्छुभखेटे क्रूरे च भवेद्गतिधूर्तः ॥ १२ ॥

यदि नवमभावाधीश किसी कुण्डली के व्ययभाव में स्थित हो तो जातक अभिमानशाली, देशान्तर में रहने वाला, देखने में खूब सुन्दर, विद्वान् (नवमेश के शुभग्रह होने से) होता है। पापग्रह हो तो महा वंचक, जातक होता है ॥ १२ ॥

द्वादशभावस्थदशमेशफलम्—

दशमपतौ लग्नगते मातरि वैरी पितुर्भक्तः ।
मृत्युं[1] गते च ताते खलु परपुरुषरता भवति माता ॥ १ ॥

यदि किसी के जन्मकालिक दशमभावाधीश लग्न में व्यवस्थित हो तो जातक माता का शत्रु, पिता का भक्त हो, एवं पिता के मरने के बाद उसकी माता दूसरे पुरुष के साथ व्यभिचार करने वाली होती है ॥ १ ॥

वित्तस्थे गगनपतौ मात्रा पाल्यः सुतो[2] भवति लोभी ।
मातरि दुष्टो नितरां स्वल्पग्रासी श्रुतसुकर्मा च ॥ २ ॥

जिसके जन्म समय में दशमभाव का स्वामी लग्न से दूसरे घर में व्यवस्थित हो तो वह लड़का सिर्फ अपनी माता से अधिक अवस्था तक पालित होता है। लोभी हो, उतना करने पर भी माता के लिये वह परम दुष्ट हो, थोड़े अन्न खाने वाला हो, शास्त्र-पुराण में जो अच्छी २ बातें हैं सबको किसी पण्डित के द्वारा सुना करे, ऐसा पुरुष होता है ॥ २ ॥

मातृस्वजनविरोधी सेवानिरतो न कर्मणि समर्थः ।
मातुलपरिपालितः स्याद्दशमपतौ सहजभवनस्थे ॥ ३ ॥

जिसके जन्माङ्गचक्र में दशमभावाधीश लग्न से तीसरे स्थान में दिखलाई दे वह

पूर्वपाठः— १ 'दुष्टगते च ताते'। २ 'मात्रा पालितः सुतो भवति लोभी'।

जातक अपने माता, पिता, भाई आदि परिवारों से विरोध करने वाला, व्यर्थ दूसरे की सेवा करने वाला तथा अपने जातीय कामों से विमुख रहने वाला होता है, एवं अपने जीवन का अधिक भाग मामा ही के यहाँ काटता है ॥ ३ ॥

व्योमपतौ तुर्यगते सुखे तु विरतः सदाचारः।
भक्तश्च मातृपित्रोर्नृपमानी जायते पुरुषः ॥ ४ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मसमय में दशमभावनाथ चतुर्थ स्थान में सम्प्राप्त हो तो जातक रात-दिन सुख करने की अभिलाषा में निरत, अच्छे आचार-विचार रखने वाला, माता-पिता का सेवक, तथा राजा से आदर पाने वाला पुरुष-विशेष होता है ॥४॥

शुभकर्मको विडम्बी नृपलाभी गीतवाद्यनिरतः स्यात्।
गगनपतौ तनयगते पालयति च तं सुतं माता ॥ ५ ॥

जिस जातक के जन्मकालिक दशमेश पुत्र-भावगत प्रतीत हो वह अच्छे २ कर्मों को करने वाला, परन्तु कार्य-मात्र में विडम्बना दिखाने वाला हो, किसी राजा से लाभ खूब हो, गाना-बाजा का परम प्रेमी एवं अपनी माता से बहुत दिनों तक पालित होता है ॥ ५ ॥

अम्बरपे रिपुसंस्थे शत्रुभयात्कातरः कलहशीलः।
कृपणः कृपया हीनो नरो न रोगी भवति लोके ॥ ६ ॥

यदि दशमभावाधीश षष्ठस्थान में दीख पड़े तो कुण्डली वाला आदमी शत्रुओं से आने वाले भय से कातर (खिन्न), झगड़ालू, कृपण (कञ्जूस), सदैव रोग से रहित एवं किसी के ऊपर कृपा न करने वाला विचित्र ख्याल का पुरुष होता है इसमें सन्देह नहीं है ॥ ६ ॥

सुतवती शुभरूपसमन्विता निजपतिप्रतिपालनलालसा।
भवति तस्य शुभं कुरुते सदा प्रियतमाम्बरपे दयितां गते ॥७॥

जिसके दशमेश कुण्डली में सप्तम (जाया) स्थान में व्यवस्थित हो तो उस जातक की स्त्री पुत्रवती, देखने में अत्यन्त रूपवती, अपने स्वामी के पालन एवं सेवा करने में अहर्निश लालसा रखनेवाली होती है, तथा सर्वतः उस जातक को शुभ हुआ करता है ॥७॥

पुष्करपतिरष्टमगः क्रूरं शूरं मृषान्वितं दुष्टम्।
मातरि संतापकरं जनयति तनुजीवितं कितवम् ॥ ८ ॥

यदि दशमेश किसी कुण्डली में लग्न से अष्टम स्थान में स्थित हो तो जातक क्रूर शूर-वीर, मिथ्या बोलने वाला, दुष्टस्वभावी, माता को सन्ताप देने वाला, अल्पजीवी एवं छल-प्रपञ्च में अधिक चित्त लगाने वाला पुरुष होता है ॥ ८ ॥

पूर्वपाठः—१ 'भक्तश्च पितरि मातरि'।

शुभशीलः सद्बन्धुः सन्मित्रो दशमपे नवमलीने।
तन्मातापि सुशीला सुकृतवती सत्यवचनरता ॥ ९ ॥

जिसके दशमभाव का स्वामी नवम घर में वर्त्तमान दीख पड़े तो जातक का शील बहुत ही अच्छा होता है, वन्धुवर्ग, मित्र लोग सब अनुकूल हों, उसकी माता भी सुशीला धर्मवती तथा सत्य बोलने वाली होती है ॥ ९ ॥

गगनपतिर्गगनस्थः[1] कुरुते जननीसुखप्रदं पुरुषम्।
जननीकुलविपुल-सुखं प्रकथनघटनापटीयांसम् ॥ १० ॥

यदि किसी कुण्डली में दशमेश उसी (उसी दशम घर) में विद्यमान हो तो आदमी अपनी माता को सुख देने वाला, मातृक वंश से अधिक सुख पाने वाला, एवं अवसर पर बात-चीत करने की छटा में परम प्रवीण, लोक-चतुर पुरुष होता है, ऐसा जानना चाहिये ॥ १० ॥

[2]मानार्जितार्थसहितो माता च रक्षिणी भवेत्सुखिनी।
दीर्घायुर्मातृसुखी पुरुषो लाभस्थितेऽम्बरपे ॥ ११ ॥

जिसके जन्मकाल में दशमभावाधीश लाभभाव में सम्प्राप्त हो तो जातक किसी बड़े आदमी से आदर पाकर धन का उपार्जन करने वाला धनी हो, उसकी माता रक्षा करने वाली एवं सुख करने वाली होती है, स्वयं बहुत दिनों तक जीवे, तथा माता से सुख प्राप्त करे ऐसा पुरुष होता है ॥ ११ ॥

मात्रोज्झितो निजबलः शुभकर्मा नृपतिकर्मरतचेताः।
व्योमपतौ व्ययसंस्थे देशान्तरगतश्च पापखगे ॥ १२ ॥

यदि किसी के जन्मकाल में दशमेश व्ययभावगत दिखाई दे तो आदमी बाल्यावस्था में ही अपनी माता से छोड़ दिया जाता है, अपने बल से जीवन निर्वाह करे। अच्छे २ कर्मों का करने वाला, एवं राजकर्म में चित्त लगाने वाला हों। यदि वही दशमेश पापग्रह हो तो जातक विदेश में जाकर उक्त फलों का भागी होता है ऐसा जानना चाहिये ॥ १२ ॥

द्वादशभवनस्थलाभेशफलम्—

अल्पायुर्बलकलितः शूरो दाता जनप्रियः सुभगः।
लाभपतौ लग्नगते तृष्णादोषान्मृतिं लभते ॥ १ ॥

यदि किसी आदमी की जन्मकुण्डली में ग्यारहवें भाव का स्वामी (लाभेश) लग्न में व्यवस्थित दीख पड़े तो वह थोड़े ही दिनों तक जीने वाला, बलवान्, शूर-वीर, दानी जनमात्र का प्रेमी, देखने में पूर्ण सुन्दर, तथा केवल अधिक तृष्णा के दोष से मृत्यु पाने वाला पुरुष विशेष होता है ॥ १ ॥

---

१ 'गगनपतिर्गगनगतो जननीसुखपदं पुरुषम्'। २ 'मानोर्जिते धनसहिता'।

विक्तगते लाभपतावुत्पन्नभुगल्पभोजनोऽल्पायुः ।
अष्टकपाली रोगी क्रूरे सौम्ये च धनकलितः ॥ २ ॥

यदि किसी के जन्मकाल में लाभाधिपति दूसरे स्थान में सम्प्राप्त हो तो वह जातक उत्पन्न चीजों को खाना वाला, अल्पाहारी, अष्टकपाली, रोगवान् (यह सब फल लाभेश के पापग्रह होने पर होता है, यदि शुभग्रह हो तो) आवश्यक धन से सुशोभित रहता है ॥ २ ॥

बन्धुस्त्रीपालनकः सुबान्धवो बन्धुवत्सलः सुभगः ।
लाभेशे सहजगते बन्धूनां रिपुकुलच्छेत्ता ॥ ३ ॥

जिस आदमी के लाभस्थानाधीश सहज भाव में व्यवस्थित देखा जाय वह अपने बन्धुवर्ग तथा स्त्री का पालन करने में चतुर, अच्छे परिवार वाला, बन्धुवत्सल, देखने में बड़ा मनोहर, तथा अपने बन्धुवर्ग भर के शत्रुओं को निर्वंश करने वाला होता है ॥३॥

तुर्यस्थे लाभेशे दीर्घायुः पितरि भक्तिभाग्भवति ।
समयैककर्मनिरतः स्वधर्मनिरतश्च लाभवान् मनुजः ॥४॥

यदि किसी के जन्मकाल में लाभेश लग्न से चतुर्थ स्थान में वर्त्तमान हो तो जातक बहुत दिनों तक जीने वाला, पिता का भक्त, एक समय में एक ही कार्य भली-भाँति जब जिस काम को करे एकाग्र होकर बुद्धि के साथ करे तथा अपने परम्परागत धर्म को पालन करने वाला मनुष्य होता है ॥ ४ ॥

लाभपतिः पुत्रगतः पितृपुत्रस्नेहलं मिथः कुरुते ।
तुल्यगुणं च परस्परमल्पायुर्जायते पुरुषः ॥ ५ ॥

यदि लाभेश किसी कुण्डली में पुत्रभावगत दिखाई दे तो जातक पिता-पुत्र में परस्पर स्नेह वाला हो, दोनों में समान गुण सभी विभागों का परस्पर रहा करे, अर्थात् पिता में कोई गुण ऐसा न हो जो कि पुत्र में न पाया जाय, अन्तर केवल यही कि जातक थोड़े ही दिनों तक जीने वाला हो ऐसा जानना चाहिये ॥ ५ ॥

षष्ठगते लाभपतौ सुदीर्घरोगी सुवैरिकलितश्च ।
तस्करहस्तान्मृत्युः क्रूरे देशान्तरगतस्य ॥ ६ ॥

जिसके जन्मसमय में लाभभाव का स्वामी षष्ठ-स्थानापन्न हो तो जातक बहुत दिनों तक रोगी हो, चारों तरफ शत्रुओं की ढेर लगी रहे; यदि लाभेश पापग्रह हो तो चोरों के हाथ जातक की मृत्यु (विदेश में रहने पर) होती है ॥६॥

सप्तमगे लाभेशे तेजस्वी शीलसम्पदः पदवान् ।
दीर्घायुर्भवति नरस्तथैकदयितापतिर्नित्यम् ॥ ७ ॥

यदि लाभेश सप्तम घर में उपस्थित हो तो जातक तेजस्वी, अच्छा शील तथा बड़ी

सम्पत्ति देनेवाली पदवी का पाने वाला, दीर्घायु तथा सदैव केवल एक स्त्री (विवाहिता) का स्वामी होता है ॥ ७ ॥

एकादशपेऽष्टमगेऽल्पायुर्भवति स जातको रोगी।
जीवन्मृत्युश्च दुःखी भवति नरः सौम्यगगनचरे ॥ ८ ॥

जिसके लाभभावाधीश लग्न से आठवीं जगह पर दिखाई दे वह कुण्डली वाला आदमी अल्पायु, बहुत दिनों तक स्थायी रोग वाला, उसी रोग के कारण मानो जीते जिन्दगी में ही मृत अवस्था का अनुभव करने वाला होता है। (यह पापग्रह के लाभेश होने से होता है) यदि शुभग्रह हो तो भी जातक आजन्म दुःखी रहा करे ॥ ८ ॥

एकादशेशे सुकृतालयस्थे बहुश्रुतः शास्त्रविचारदक्षः।
धर्मप्रसिद्धो गुरुदेवभक्तः क्रूरे च बन्धुव्रतवर्जितश्च ॥ ९ ॥

यदि किसी के जन्मकालिक लाभस्थानाधीश लग्न से नवम घर में व्यवस्थित देखा जाय तो जातक बहुत शास्त्रीय बातों को जानने-सुनने वाला, शास्त्र में विशारद, धर्म में अधिक चित्त रखने के कारण बड़ा विख्यात तथा देवता और गुरु का परम भक्त होता है। यदि उक्तभावाधीश पापग्रह हो तो बन्धु एवं व्रत से रहित होता है ॥९॥

मातरि भक्तः सुकृति पितरि द्वेषी सुदीर्घतरजीवी।
धनवाञ्जननीपालननिरतो लाभाधिके खगते ॥ १० ॥

जिसके जन्मसमय में लाभाधीश दशमस्थान में रहे तो जातक माता का भक्त, पिता का शत्रु, और धर्म करने वाला, दीर्घायु, धनी तथा माता की रक्षा करने में निरत रहता है ॥ १० ॥

लाभाधिपो लाभगतः करोति दीर्घायुषं पुष्कलपुत्रपौत्रम्।
सुकर्मकं रूपवरं सुशीलं जनप्रधानं विपुलं मनोज्ञम् ॥११॥

जिस मनुष्य की जन्मकुण्डली में लाभ-भाव का स्वामी लग्न से ग्यारहवीं जगह पर दिखाई दे तो जातक बड़ा दीर्घजीवी, अनेक पुत्र-पौत्र वाला, धर्म के आचरणों को करने वाला, देखने में खूब सुन्दर, सुशील, लोगों में प्रधान, मोटी-ताजी आकृति रखने वाला एवं मनोहर-वेषधारी भाग्यवान् पुरुष होता है, इसमें सन्देह नहीं है ॥११॥

द्वादशगे लाभेशे स्वत्पन्नभुक् स्थिरो भवति रोगी।
उत्पातरतो मानी दाता च सुखी सदा पुरुषः ॥ १२ ॥

जिसके जन्मकालिक लाभस्थानेश व्ययभाव (लग्न से बारहवीं जगह) में व्यवस्थित हो तो जातक अपनी खेती में पैदा की हुई चीजों को खाता है, उसे कोई स्थायी रोग रहा करे, लोक या समाज के बीच में अनेक प्रकार के उत्पात करने में रत रहे, अभिमानी हो। एवं दानी तथा हमेशः सुखी रहने वाला पुरुष होता है ॥ १२ ॥

पूर्वपाठः—१ 'एकादशपेऽष्टमगेऽल्पायुर्भवति सुरोगी च'।

द्वादशभवनस्थव्ययेशफलम्—

[1]व्ययपे लग्नं याते विदेशगः सुवचनः सुरूपश्च।
अपसङ्गवाददोषी भवति कुमारोऽथ वा षण्ढः ॥ १ ॥

जिस जातक का व्ययभाव का स्वामी लग्न में प्राप्त हो वह हमेशः विदेश में रहने वाला, मीठी बातें करने वाला, देखने में बड़ा सुन्दर, बुरे लोगों के साथ खान-पान रखने से अपवादी होता है, तथा वीर्य विकार सम्बन्धी रोग वाला या नपुंसक बन कर रहा करता है ॥ १ ॥

द्वादशपे वित्तगते कृपणः कटुवाग्विनष्टलाभलयः।
सौम्ये तु निधनं गच्छति नृपतस्करवह्नितोऽतिभयम् ॥ २ ॥

यदि किसी कुण्डली के व्ययभाव का अधिपति लग्न से दूसरी जगह में वर्त्तमान हो तो जातक कञ्जूस, सभी के साथ कठोर बातें करने वाला, खोए हुए धनों को प्राप्त करने वाला होता है, यदि व्ययेश शुभग्रह हो तो दरिद्र एवं राजा अग्नि तथा चोर से बड़ा भारी भय पाने वाला होगा, ऐसा जानना ॥ २ ॥

सहजगते द्वादशपे क्रूरे गतबान्धवः शुभे च धनी।
तनुसोदरः सुकृपणो बन्धुषु दूरे सदा वसति ॥ ३ ॥

जिसके जन्मकालिक व्ययभावाधीश पापग्रह सहज-भावगत दिखाई दे वह आदमी अपने भाइयों से हीन रहे, शुभग्रह हो तो धनवान्, थोड़े भाई वाला, महा कृपण, तथा सदैव अपने बन्धुवर्गों से दूर रहा करे ॥ ३ ॥

[2]तुर्यगते व्ययनाथे कृपणो रोगी सुकर्मा च।
मृतिमाप्नोति सुतेभ्यः सततं मनुजो महादुःखी ॥ ४ ॥

यदि किसी आदमी का व्ययेश लग्न से चौथी जगह पर विद्यमान हो तो वह कृपण, रोगी, उच्च कर्मों का करने वाला, अपने पुत्रों ही के द्वारा मृत्यु पाने वाला एवं यावज्जीव महादुःखी बन कर रहता है ॥ ४ ॥

द्वादशपतौ सुतस्थे क्रूरे सुतविवर्जितः शुभे ससुतः।
जनककमलाविलासी समर्थताविरहितः पुरुषः ॥ ५ ॥

जिस जातक की जन्मकुण्डली में व्ययभाव का अधिपति पापग्रह होकर पुत्रभाव में व्यवस्थित हो वह पुत्र से हीन हो, यदि शुभग्रह हो तो पुत्रवान् समझे, अपने पिता के उपार्जित धन से विलासशील, परन्तु खास सामर्थ्य से हीन रहा करे, ऐसा जानना चाहिये ॥ ५ ॥

पूर्वपाठः— १ "व्ययपे लग्नगते विदेशगः सुवचनः सुरूपश्च"। २ "तुर्यगते व्ययनाथे कृपणो रोगभीतः सुकर्मा च। मृतिमाप्नोति सुततः सततमनुजो महादुःखी॥"

षष्ठगते व्ययनाथे क्रूरे कृपणोऽक्षिदूषणः पुरुषः।
लभते मृतिं नितान्तं भृगुतनये नेत्रहीनः स्यात् ॥ ६ ॥

यदि किसी कुण्डली में जन्मकालिक व्ययभावेश पापग्रह होकर लग्न से छठवीं जगह पर उपस्थित हो तो जातक कृपण, आँख में किसी प्रकार का दोष रखने वाला तथा असमय में मरने वाला होता है। यदि व्ययेश शुक्र षष्ठभावस्थित हो तो आदमी अन्धा अवश्य होता है ॥ ६ ॥

द्वादशपे सप्तमगे दुष्टो दुश्चरितभृत्पटुवचनः।
क्रूरे स्वस्त्रीतः स्यात्सौम्ये क्षयमेति गणिकातः ॥ ७ ॥

जिसके जन्मकालिक व्ययभाव का स्वामी सप्तम (जाया भाव) में सम्प्राप्त हो वह जातक दुष्ट स्वभाव वाला, खराब आचरण करने वाला, परन्तु बात-चीत में परम प्रवीण होता है। यदि व्ययेश पापग्रह हो तो अपनी ही स्त्री के द्वारा, शुभग्रह हो तो वेश्याओं के द्वारा मृत्यु भी पाता है ॥ ७ ॥

[1]निधनगते व्ययनाथेऽष्टकपाली कार्यसाधनै रहितः।
द्रोहमतिः सौम्यखगे धनसंग्रहपरो नरो भवति ॥ ८ ॥

जिसके जन्मसमय में बारहवें भाव का अधिपति आठवीं जगह (मृत्यु भाव) पर दिखाई दे वह जातक अष्टकपाली के वेष में भिक्षा माँग कर जीवन चलाने वाला, कार्यों के साधन से रहित, एवं सभी आदमियों से द्रोह करने की बुद्धि रखने वाला होता है। यदि व्ययेश शुभग्रह होकर अष्टमस्थानापन्न हो तो धन के संग्रह में तत्पर रहा करे ॥ ८ ॥

[2]सुकृतगते व्ययनाथे तीर्थालोकाटनं वृत्तिः।
क्रूरे खगे च पापी निरर्थकं याति तद्‌द्रव्यम् ॥ ९ ॥

यदि व्ययभावाधीश किसी आदमी की जन्मकुण्डली में नवम (धर्म) स्थान में सम्प्राप्त दीख पड़े तो वह तीर्थयात्रा के लिये जहाँ तहाँ जाना ही अपनी वृत्ति माने, और काम कुछ न करे। यदि व्ययेश पापग्रह हो तो महा पापी हो तथा उसका सब धन निरर्थक (किसी अच्छे कामों में नहीं जाने वाला) हो जाय ॥ ९ ॥

व्ययपे गगनगृहस्थे पररमणीपराङ्मुखः पवित्राङ्गः।
सुतधनसंग्रहनिरतो दुर्वचनपरा भवति तन्माता ॥ १० ॥

जिसके जन्मकालिक व्ययभावाधीश दसवें घर में उपस्थित हो तो जातक पराई स्त्रियों का मुख तक देखना पाप समझे अर्थात् बड़ा सच्चरित्र हो। उसके अङ्ग सभी

पूर्वपाठः—१ "व्ययनाथे निधनगतेऽष्टकपाली कार्यसाधनरहितः।
द्रोहमतिः सौम्यगते धनसंग्रहपरो भवति ॥"
२—'व्ययनाथे सुकृतगते तीर्थालोक्यटनो चलवृत्तिः'।

पवित्र हों याने किसी अङ्ग से किसी की बुराई न करे, अपने पुत्र के लिये धन का संग्रह करने में तत्पर रहे, परन्तु उसकी माता अत्यन्त खराब, कटुवादिनी, कर्कशा होती है ॥ १० ॥

द्वादशपे लाभस्थे द्रविणपतिर्दीर्घजीवितो भवति ।
स्थानप्रवरो दाता विख्यातः सत्यवचनपरः ॥ ११ ॥

यदि किसी के जन्मसमय में व्ययाधीश लग्न से ग्यारहवीं जगह (लाभ भाव) में दीख पड़े तो जातक बड़ा मालदार, दीर्घजीवी, अपने स्थान में सबसे बड़ा, दानी, लोगों में प्रसिद्ध तथा हमेशः सत्य बोलने वाला, बड़ा पराक्रमी, भाग्यशाली पुरुष होता है ॥ ११ ॥

विभूतिमान् ग्रामनिवासचित्तः कार्पण्यबुद्धिः पशुसंग्रही च ।
चेज्जीवति ग्रामयुतः सदा स्याद्व्ययाधिनाथे व्ययगेहलीने ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालिक कुण्डली में बारहवें भाव का स्वामी उसी में (व्यय भवन में) सम्प्राप्त हो तो वह जातक ऐश्वर्य वाला, हमेशः अपने ग्राम ही में रहने वाला, कृपण की बुद्धि रखने वाला, पशु (गाय, बैल, भैंस) आदि के संग्रह करने में प्रवीण परन्तु थोड़े दिन जीने वाला होता है । यदि जीवे तो सदैव ग्राम की जमीदारी अवश्य रखा करे, यह भी साधारण राजयोग है ॥ १२ ॥

अथ जातके नीचस्थग्रहफलम्—

निष्ठुरदन्तवदनः समान्त्रस्थूलजङ्घकरपादः ।
स्त्रीविवाहार्जितचित्तो[1] भानुर्नीचस्थितः कुरुते ॥ १ ॥

यदि किसी के जन्मकालिक सूर्य अपने नीचस्थान (तुला) में दिखाई दे तो वह जातक कठोर दाँत व मुख वाला हो, आंत सम हो, जाँघ, हाथ एवं पाँव मोटे अवश्य हों। किसी के साथ विवाह करते ही उसके अधीन हो जाय ॥ १ ॥

नृत्यकवादकजल्पकधूर्तजनैश्चापि[2] सङ्गतिः सहसा ।
कुमतिः संशयनिरतो नीचस्थो हिमकरः कुरुते ॥ २ ॥

जिस आदमी के जन्मकाल में चन्द्रमा नीचस्थान (वृश्चिक) में सम्प्राप्त हो वह नाचने वाले पुरुष-विशेष, बाजे बजाने वाले, झूठ-मूठ इधर-उधर व्यर्थ बकने वाले, एवं धूर्त्त, इन लोगों के साथ निरन्तर संगति करने वाला खराब आचरणवान् हो, उसके बन्धुवर्ग कितना ही मना करें पर किसी की बात न सुने, खराब बुद्धि हो, कार्यमात्र में सन्देह किया करे, ऐसा पुरुष होता है ॥ २ ॥

लक्ष्मी ह्यत्युग्रबला स्थिरविभवो बुद्धिमान् गुणज्ञश्च ।
रात्रिश्चरोऽतिचौरो दुष्टात्मा भूसुतः कुरुते ॥ ३ ॥

---

१ अस्मिन् प्रकरणे बहुधा सर्वत्र 'इति फलं' अध्याहार्यं, तदैव पद्यस्य साधुतेति ।
२ पूर्वपाठः—'धूर्तकृतश्चापि सङ्गतिः सहसा' ।

यदि मङ्गल अपने नीच (कर्क) में व्यवस्थित होकर किसी कुण्डली में दीख पड़े तो जातक बड़ा लक्ष्मीवान् बहुत दिनों तक लक्ष्मी को रखने वाला, बुद्धिमान्, गुणों का ग्रहण करने वाला, रात में जहाँ-तहाँ घूमने वाला, चोर, तथा बड़ा दुष्टात्मा होता है॥३॥

शुभबुद्धिर्वरयुवतिः[1] शुभशीला भर्तृवचनं अनुमुदिता।
सन्ततिपुत्रविहीनो नीचस्थश्चन्द्रजः कुरुते॥ ४॥

जिसकी जन्मकुण्डली में बुध नीच स्थान में स्थित हो अर्थात् बुध मीन-राशिगत हो वह बालक अच्छी बुद्धि वाली सुन्दरी एवं चतुर स्त्री वाला हो, जिसका शील स्वभाव भी अनुकरणीय हो तथा हमेशः अपने स्वामी के वचन में मुदित रहनेवाली हो, परन्तु कन्या-पुत्र से हीन रहे, ऐसा जानना चाहिये॥ ४॥

दिव्यस्त्रीवरकाञ्चनपुष्पफलप्रकरपूजितः पुरुषः।
भर्त्ता देशान्तरगतो नीचस्थः सुरगुरुः कुरुते॥ ५॥

यदि किसी की कुण्डली में बृहस्पति अपने नीच (मकर) में सम्प्राप्त हो तो वह जातक अच्छी स्त्री, सुवर्ण, फूल, फल आदि प्रशंसनीय वस्तुओं से सच्चा सुख पाने वाला हो, किन्तु विदेश में रह कर आश्रितों का भरण-पोषण करे॥ ५॥

अतिकौतुकी विनोदी सभासु सुवाक्सदा प्राज्ञः।
राज्यकलामणिमण्डितो नीचस्थो भार्गवः कुरुते॥ ६॥

शुक्र यदि किसी के जन्मकाल में अपने नीच (कन्या) में वर्त्तमान हो तो कुण्डली वाला आदमी लोगों के साथ कौतुक (मसखरी) करने में चतुर, विनोदी, सर्वदा सभा सोसायटी में भली-भाँति व्याख्यान देने वाला, विद्वान् एवं राजाओं के सम्बन्ध में सभी कलाओं का ज्ञाता, भाग्यवान् विशेष आदरणीय पुरुष होता है॥ ६॥

शत्रूणां क्षयकारको दृढवपुर्दीप्ताग्निकान्तिश्चलो
देशग्रामपुरादिपत्तनबली साम्राज्यराज्याधिपः।
स्वेच्छाचारविचारदक्षसुभगः स्त्रीसौख्ययुक्तः सदा
ज्ञातिभ्रातृजनान्वितोऽपि[2] च भवेन्नीचस्थितार्कियदा॥७॥

यदि किसी की कुण्डली में शनैश्चर अपने नीचस्थान (मेष) में उपस्थित दिखाई दे तो वह जातक शत्रुओं का संहार-कर्त्ता, बड़ा मजबूत शरीर वाला, प्रज्वलित अग्नि के समान कान्ति वाला, चञ्चल, देश, गाँव, नगर आदि का मालिक होने के कारण महा बली, किसी बड़े साम्राज्य का अधिपति, अपनी स्वेच्छाचारिता से आचार-विचार में दक्ष, देखने में खूब सुन्दर, स्त्री के साथ सुख की पराकाष्ठा तक भोगने वाला हो तथा हमेशः जातिवर्ग, भाई, आदि परिवारों के सहित रहा करे ऐसा जानना चाहिये॥७॥

---

१ पूर्वपाठः—शुभमतिर्वरयुवतिः। २ 'ज्ञातिभ्रातृजनान्वितं च नीचस्थतार्किः सदा'।

दुर्भगश्च खलो दुष्टः पापात्मा दुष्टबुद्धिकृद् बहुलः।
स्वकुटुम्बपक्षहीनो नीचस्थो राहुरिति कुरुते ॥ ८ ॥

जिसके जन्मकालिक राहु नीच राशि में व्यवस्थित देखा जाय वह जातक देखने में खराब, खल, दुष्ट, पाप के आचरण में रत, दुष्टों की तरह बहुत प्रपञ्च आदि करने करने वाला हो, एवं उसके पक्ष में उसका कोई अपना परिवार भी नहीं रहा करे ॥८॥

काणस्तथा कुशीलः स्त्रीविरही दुःखकातरो विरुचिः।
अरिपक्षभक्षकुशलो नीचस्थः केतुरपि कुरुते ॥ ९ ॥

यदि जन्मकाल में किसी कुण्डली में केतु नीच स्थान में वर्त्तमान हो तो कुण्डली वाला जातक का शील-स्वभाव खराब हो, नेत्र-विकल (काना) हो, स्त्री से विरह वाला, दुःख से खिन्न, कुरूप एवं शत्रु को हराने के लिए जो कुछ उपाय करे सब सार्थक हों ॥९॥

[1]उच्चस्थग्रहफलम्—

धीरः प्रचण्डः कुशलो गौरः शूरः कलानिधिश्चतुरः।
दण्डपतिर्धनयुक्तो ह्युच्चस्थो भास्करः कुरुते ॥ ॥ १ ॥

जिसके जन्मकालिक सूर्य अपने उच्च (मेष) राशिगत प्रतीत हो वह जातक धीर, उग्रस्वभाव वाला, कार्यमात्र में दक्ष, गौरवर्ण, शूर-वीर, कलाओं को भली-भाँति जानने वाला, लोक में चतुर, दण्डविभाग का नायक (किसी राजा के अधिकारी) तथा धनवान् होता है, ऐसा आचार्यों का कथन है ॥ १ ॥

विज्ञानधनसमेतः पात्रपवित्रश्च कामिनीविरही।
बहुजनतावल्लभजन उच्चस्थो भास्करः कुरुते ॥ २ ॥

यदि चन्द्रमा अपने उच्च-राशि-(वृष) गत किसी कुण्डली में दिखाई दे तो वह जातक विज्ञान (साइन्स) और धन इनसे सहित होकर रहे, सत्पात्र एवं पवित्र आत्मा वाला हो। स्त्री के कारण विरह उसे रहा करे तथा संसार के बहुत जनसमुदाय का हार्दिक प्रेमी बनकर समय बिताने वाला पुरुष हो ॥ २ ॥

उग्रदृढप्रहारं शस्त्रं क्रूरं वचनबहुविदितम्।
नृपकुलवल्लभशूरं ह्युच्चस्थो भूसुतः कुरुते ॥ ३ ॥

जिसके जन्मकालिक स्पष्ट मङ्गल अपने उच्च स्थान (मकर राशि) में संप्राप्त

---

१ ग्रहाणां परमोच्चस्थानानि—"सूर्यादितुङ्गर्क्षमजोक्षनक्रकन्याकुलीरान्त्यतुलालवैः स्युः। दिग्भिर्गुणैरष्टयमैः शरेकैर्भूतैर्भसंख्यैर्नखसाम्मतैश्च ॥"

वस्तुतः कथितस्वस्वपरमोच्चस्थानस्थितस्यैव सूर्यादेरुक्तमविकलं फलं घटते, अन्यथात्वे फलेऽप्यन्यथात्वमिति सुधीभिरवधेयम्। एभ्य एवोच्चस्थानेभ्यः सप्तमस्थानानि तैरेव मार्गैर्नीचसंज्ञानि च बोध्यानि।

दीख पड़े वह आदमी बड़ा क्रूर, तीक्ष्ण प्रहार करने वाला, बड़े तीव्र वेधी शस्त्र को रखने वाला, बात-चीत में इतना प्रवीण हो कि उसीके सहारे लोगों के बीच में बड़ा मशहूर, किसी, राजकुल का परम प्रेमी तथा वीर होता है ॥ ३ ॥

[1]मूलत्रिकोणफलम्—

धनी सुखी कार्यविज्ञस्त्रिकोणस्थे दिवाकरे।
चन्द्रे धनी च भोक्ता च भौमे शूरोऽदयः खलः ॥ १ ॥

जिस आदमी की कुण्डली में सूर्य अपने मूलत्रिकोण (सिंह राशि) में वर्त्तमान दीख पड़े वह धनवान् , सुखी, तथा सब प्रकार के कामों को भलीभांति जानने वाला होता है। यदि चन्द्रमा अपने मूलत्रिकोण (वृष) में हो तो धनी और भोग करने वाला होता है, यदि मङ्गल अपने मूलत्रिकोण (मेष) में सम्प्राप्त हो तो जातक शूर-वीर, दया से हीन तथा खल (दुष्ट) होता है ॥ १ ॥

बुधे त्रिकोणगे विज्ञो विनोदी विजयी नरः।
गुरौ ग्रामपुरादीनां मठस्याधिपतिः सुधीः ॥ २ ॥

यदि किसी को जन्मकालिक बुध अपने मूलत्रिकोण (कन्या) में स्थित हो तो जातक बड़ा भारी विद्वान् , अनेक प्रकार के कौतुक करने वाला, किसी के साथ युद्ध में या पण्डितों के साथ शास्त्रार्थ में विजय पाने वाला पुरुष होता है। यदि बृहस्पति निज मूलत्रिकोण (धनु) में सम्प्राप्त हो तो आदमी कई गांव, पुर का एवं मठ-मन्दिर का मालिक हो, अच्छा बुरा बिचार करने वाला विद्वान् हो ॥ २ ॥

शुक्रे त्रिकोणगे सुज्ञः सुखयुक्तो महीपतिः।
मन्दे नरो धनैः पूर्णो महाशूरः कुलन्धरः ॥ ३ ॥

यदि शुक्र अपने मूलत्रिकोण (तुला) में सम्प्राप्त हो तो जातक बड़ा पण्डित, हमेशः सुखके साथ बर्त्तने वाला, एवं सामान्य राजा भी हो सकता है। यदि शनैश्चर निज मूलत्रिकोण (कुम्भ) में दिखलाई दे तो आदमी धन-दौलत से पूर्ण (धनी), बड़ा शूर वीर, तथा अपने कुल को धरने वाला अर्थात् हर हालत में कुल का अभ्युत्थान करने में प्रवीण होता है ॥३॥

स्वगृहस्थग्रहफलम्—

स्वगृहस्थे रवौ लोके मह्रोग्रश्च सदोद्यमी।
चन्द्रे कर्मरतः साधुर्मनस्वी रूपवानपि ॥ १ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकाल के सूर्य अपने स्थान (सिंह) में दिखाई दे तो जानना कि जातक लोगों के बीच बड़ा प्रतापी एवं सदैव अपनी या औरों की

---

१ सूर्यादिग्रहाणां मूलत्रिकोणस्थानानि—'सिंहो वृषः प्रथमषष्ठहयाङ्गतौलिकुम्भास्त्रिकोणभवनानि भवन्ति सूर्यात्।'

भलाई के उद्देश्य से उद्यम करने वाला पुरुष होगा। चन्द्रमा अपने स्थान (कर्क) पर वर्त्तमान दीख पड़े तो अपने जातीय कर्मों में रत, साधु की तरह आचरण करने वाला, मनस्वी तथा सुन्दर आकृति वाला जातक होता है, ऐसा शास्त्र में कहा गया है ॥ १ ॥

स्वगृहस्थे कुजे वापि चपलो धनवानपि ।
बुधे नानाकलाभिज्ञः पण्डितो धनवानपि ॥ २ ॥

यदि मङ्गल किसी के जन्मकाल में स्वराशि (मेष, वृश्चिक) में सम्प्राप्त हो तो जातक बड़ा चञ्चल (विना विचारे ही किसी काम में प्रवृत्त होने वाला), धनी होता है, एवं बुध के अपने स्थानों (मिथुन, कन्या) में रहने से कुण्डली वाला आदमी अनेक प्रकार की कलाओं का पूरा विद्वान्, एवं धनवान् भी होता है ॥ २ ॥

धनी काव्यश्रुतिज्ञश्च स्वचेष्टः स्वगृहे गुरौ ।
स्फीतः कृषीवलः शुक्रे शनौ मान्यः सुलोचनः ॥ ३ ॥

जिसके जन्मसमय में बृहस्पति अपने घर (धनु, मीन) में वर्त्तमान दीख पड़े वह जातक धनवान् हो, काव्य एवं वेद का जानने वाला हो, तथा अपनी जाति या कुल के अनुसार चेष्टा करने वाला हो, तथा शुक्र (वृष, तुला) में सम्प्राप्त हो तो जातक (स्फीत साधारण वेष में खूब सफाई के साथ रहने वाला), तथा खेती के सहारे जीवन चलाने वाला होता है। उसी तरह यदि शनैश्चर अपने घर (मकर-कुम्भ) में उपस्थित देखा जाय तो जानना कि जातक लोगों में आदरणीय, तथा भव्य नेत्र वाला सुन्दर पुरुष होगा ॥ ३३ ॥

अथ मित्रगृहस्थग्रहफलम्—

सूर्ये मित्रगृहे ख्यातः शास्त्रज्ञः स्वस्थसौहृदः ।
चन्द्रे नरो भाग्ययुक्तश्चतुरो धनवानपि ॥ १ ॥

यदि सूर्य अपने मित्रों के घर में रहे तो कुण्डली वाला आदमी अपने प्रान्त में प्रसिद्ध, शास्त्रों को जानने वाला हो, मित्रों के साथ मित्रता स्थिर (चिर दिन तक) रखे, एवं चन्द्रमा को अपने मित्र के स्थान में रहने से मनुष्य भाग्यवान्, लोकचतुर तथा धनवान् होता है, ऐसा जानना चाहिये ॥ १ ॥

भौमे शस्त्रोपजीवी च बुधे रूपधनान्वितः ।
गुरौ मित्रगृहे पूज्यः सतां सत्कर्मसंयुतः ॥ २ ॥

जिसके जन्म-समय में मङ्गल अपने मित्रगृह में सम्प्राप्त देखा जाय तो जातक शस्त्रों (छुरा, तलवार आदि) के उपयोग से जीविका चलाने वाला होता है। यदि बुध मित्र के स्थान में रहे तो रूपवान्, एवं धनवान् हो। बृहस्पति को मित्र के घर में रहने पर जातक लोगों में पूजनीय, सज्जनों के बीच में भी और अधिक अच्छे २ कामों को करने वाला होता है ॥ २ ॥

शुक्रे मित्रगृहे लोके धनी बन्धुजनप्रियः।
शनौ रुजाकुलो देहः कुकर्मनिरतो भवेत् ॥ ३ ॥

जिस आदमी को कुण्डली में शुक्र मित्रगृह में स्थिर देखा जाय वह जातक लोगों में धनी, अपने बन्धुवर्गों का प्रेमी होवे। यदि शनैश्चर उसी स्थिति में आ पड़े तो जातक को रोगों से पीड़ित करे, तथा खराब कर्मों को करने के लिए उसे मजबूर करे, ऐसा जानना चाहिये ॥ ३ ॥

शत्रुगृहस्थग्रहफलम्—

सूर्ये रिपुगृहे नीचो विषयैः पीडितो नरः।
चन्द्रे हृदयरोगी च भौमे जायाजडोऽधनः ॥ १ ॥

जिसके जन्मकालिक सूर्य अपने शत्रु के स्थान पर वर्त्तमान हो वह आदमी विषय-वासना के प्रपञ्चों से पीड़ित रहता है। यदि चन्द्रमा शत्रुगृहापन्न हो तो जातक के हृदय में शूल वगैरह बड़ा कष्टकारक रोग हो। यदि मङ्गल उसी हालत पर हो तो जातक स्त्री के कारण भारी जड़ता को प्राप्त करे, दरिद्र भी हो, ऐसी शास्त्रकारों की सम्मति है ॥ १ ॥

बुधे रिपुगृहे मूर्खो वाग्धनी दुःखपीडितः।
जीवे च जायते क्लीबो नष्टवृत्तिर्बुभुक्षितः ॥ २ ॥

जिस आदमी को बुध अपने शत्रुओं की जगह पर विद्यमान हो उसे मूर्ख, केवल बातों से ही अपने को धनवान् कहने वाला, तथा अनेक प्रकार के दुःखों से पीड़ित समझना चाहिये। यदि बृहस्पति शत्रुगृह में जा पड़े तो जातक नपुंसक (हिजड़ा) हो, उसकी जीविका का भी नाश हो जाय, केवल इधर उधर भूख के मारे घूमने वाला हो ॥ २ ॥

शुक्रे शत्रुग्रहे भृत्यः कुबुद्धिर्दुःखितो नरः।
शनौ व्याध्यर्थशोकेन सन्तप्तो मलिनो भवेत् ॥ ३ ॥

जिसके जन्मकाल में शुक्र अपने शत्रु के घर में व्यवस्थित देखा जाय वह आदमी नौकर के रूप में अपनी जीविका चलाता है। उसकी बुद्धि बिलकुल खराब हो जाय, तथा उत्पन्न दुःख का भोग करे। यदि शनैश्चर उस स्थिति में रहे, तो जातक व्याधि तथा धन के अभाव के शोक से विकल रहे, एवं हमेशः उदास सा रहा करे ॥ ३ ॥

(अथ द्वादशभावस्थलग्नफलानि)

तत्रादौ तनुभावस्थितराशिफलम्—

मेषोदये रक्ततनुर्मनुष्यः श्लेष्माधिकः क्रोधपरः कृतघ्नः।
समन्दबुद्धिः स्थिरतासमेतः पराजितः स्त्रीभृतकैः सदैव ॥ १ ॥

पूर्वपाठः—१ नाशवृत्तिः।

जिसका जन्मलग्न मेष हो उसका शरीर लाल वर्ण का (गौर वर्ण) हो, श्लेष्म का आधिक्य हो, क्रोध करने वाला (अनवसर पर भी) हो, किसी के शुभकर्मों को देखकर उसे नाश करने की चेष्टा करे उसकी बुद्धि बड़ी मन्द हो, उसी के कारण जहाँ बैठे वहीं काफी समय नष्ट कर दे. एवं स्त्री तथा नौकरों से हमेशः पराजित होकर रहा करे ॥१॥

वृषोदये जन्म यदा भवेच्च स्वचित्तरोगं स्वजनापमानम् ।
इष्टैर्वियोगं कलहं च दुःखं शस्त्राभिघातं च धनक्षयं च ॥२॥

जिस आदमी का जन्म वृषलग्न में होता है उसको अपने चित्त में बड़ा रोग हो, अपने परिवारों से भी अनादर पावे, मित्रवर्गों से वियोग हो अर्थात् थोड़े ही दिनों में मित्र लोग इसे अपनी पंक्ति से हटा दें । बहुत लोगों के साथ झगड़ा हो, उसी के कारण शारीरिक एवं मानसिक कष्ट हो । शस्त्रों का आघात लगे तथा अपने धन का नाश कर दे ॥ २ ॥

तृतीयलग्ने पुरुषोऽतिगौरः स्त्रीरक्तचित्तो नृपपीडितश्च ।
दूतः प्रसन्नः प्रियवाग्विनीतः समूर्द्धजो गीतविचक्षणश्च ॥ ३ ॥

जिस मनुष्य का मिथुन लग्न में सिद्ध हो, वह गौर वर्ण, स्त्री में सदैव चित्त रखने वाला. किसी राजा से पीड़ित तथा कहीं पर दूत का काम करने वाला होता है, तथापि प्रसन्नचित्त, मधुर बात बोलने के कारण नम्र, सर में काफी केश रखने वाला, एवं गानविद्या का परम पण्डित होता है, ऐसा आचार्यों ने कहा है ॥ ३ ॥

कर्कोदये गौरवपुर्मनुष्यः पित्ताधिकः कल्पतरुप्रगल्भः ।
जलावगाहानुरतोऽतिबुद्धिः शुचिः क्षमी धर्मरुचिः सुसेव्यः ॥ ४ ॥

यदि किसी का जन्मलग्न कर्क प्रतीत हो तो उसका शरीर गौरवर्ण, पित्त प्रकृति का, कल्पवृक्ष के समान सभी मनुष्य की अभिलाषा (आर्थिक) को पूर्ण करने वाला, बड़ा दृढ़, नदी या तालाब आदि में तैरने का अनुरागी, बड़ी उत्तम बुद्धि वाला, पवित्र आत्मा का, क्षमावान्, धर्म की बातों में रुचि रखने वाला तथा सभी लोगों से भली-भाँति सहज उपायों के द्वारा सेवनीय बड़ा भाग्यशाली पुरुषसिंह होता है ॥ ४ ॥

सिंहोदये पाण्डुतनुर्मनुष्यः पित्तानिलाभ्यां परिपीडिताङ्गः ।
प्रियामिषो[1] रम्यरसः सुतीक्ष्णः शूरः प्रगल्भः[2] परितोऽटनश्च ॥५॥

जो मनुष्य सिंह लग्न में पैदा होता है उसका शरीर पाण्डुवर्ण. पित्त और वात इन दोनों प्रकृतियों की अधिकता होने के कारण उसके अङ्ग-प्रत्यङ्ग पीड़ित रहे, आमिष (मांस आदि) पदार्थों का परम प्रेमी अर्थात् आमिष खाने वाला, रस वाली चीजों को पसन्द करने वाला, अत्यन्त तीक्ष्ण बुद्धि वाला, शूर-वीर, महा प्रगल्भ एवं विना आवश्यकता के भी इधर-उधर चलने फिरने वाला पुरुष होता है ॥ ५ ॥

पूर्वपाठः—१ 'प्रियामिथो रम्यरसः' । २ 'सुतरां चरन्तरम्' ।

कन्याख्यलग्ने कफपित्तयुक्तो भवेन्मनुष्यः शुभकान्तभावनः।
श्लेष्मी प्रियः[1] स्त्रीविजितो नु भीरुर्मायाधिकं कामकदर्थिताङ्गः[2] ॥६॥

जिसका जन्मकालिक लग्न गणित से कन्या सिद्ध हो वह आदमी कफ एवं पित्त इन दोनों प्रकृतियों की अधिकता रखने वाला हो, उसकी चाल-चलन रहन-सहन आदि सभी अच्छी तथा लोकप्रिय हो, श्लेष्म प्रकृति वाली स्त्री का प्यारा हो, अपनी स्त्री से विजित सदैव रहा करे, डरपोक हो, हर विषय में उसको माया आकर घिरे रहें, कामवासना की अधिकता से उसका शरीर एक दम क्षीण एवं अभव्य प्रतीत हो, ऐसा शास्त्रकारों का कथन है ॥ ६ ॥

तुले विलग्ने च भवेन्मनुष्यः श्लेष्मान्वितः सत्यपरः सदैव।
पराप्रियः पार्थिवमानयुक्तः सुरार्चने तत्परकल्प एव ॥ ७ ॥

जिस जातक का जन्म तुला लग्न में स्पष्टीकरण से प्रतीत हो वह श्लेष्म के विकार से सहित हो, हमेशः सत्य ही बोलने वाला, पराई या उत्तम स्त्रियों में अनुरक्त रहे, किसी राजा से सम्मान पावे, और हमेशः देवताओं के आराधन में तत्पर सा रहकर समय बिताने वाला पुरुष हो, ऐसा जानना चाहिए ॥७॥

लग्नेऽष्टमे कोपधरो जरावान् भवेन्मनुष्यो नृपपूजिताङ्गः।
गुणान्वितः शास्त्रकथानुरक्तः प्रमर्दकः शत्रुगणस्य नित्यम् ॥ ८ ॥

यदि वृश्चिकलग्न में किसी आदमी की पैदाइश हुई हो तो वह असमय में भी क्रोध करने वाला, युवावस्था में भी वृद्ध की तरह काम दिखाने वाला, कई राजाओं से मान्य, अनेक गुणों का ज्ञाता, शास्त्र-सम्बन्ध की बातों में अनेक अनुरक्त, तथा सदैव शत्रुओं के ऊपर कड़ी दृष्टि रखते नाश करने वाला पुरुष-विशेष होता है ॥ ८ ॥

चापोदये[3] राजयुतो मनुष्यः कार्ये प्रवीणो द्विजदेवरक्तः।
तुरङ्गयुक्तः सुहृदा प्रयुक्तस्तुरङ्गजङ्घश्च[4] भवेत्सदैव ॥ ९ ॥

जिस पुरुष का जन्म धनु लग्न में सिद्ध हो वह किसी राजा के साथ रहे, कार्य-मात्र में प्रवीणता के साथ सफलता दिखाने वाला, एवं ब्राह्मण और देवताओं के आराधन आदि में अनुरक्त होता है, उसके पास कई घोड़े भी रहा करें, मित्र भी हों, तथा किसी सामान्य रोग के रहने से उसकी जांघ घोड़े की जांघ की तरह मालूम पड़े ॥ ९ ॥

मृगोदये तोषरतः सुतीव्रो भीरुः सदा पापरतः सुमूर्तिः।
श्लेष्मानिलाभ्यां परिपीडिताङ्गः सुदीर्घगात्रः परवञ्चकश्च ॥१०॥

जिस आदमी की कुण्डली में जन्मलग्न मकर-राशिगत हो वह सन्तोषी, बड़ी तीव्रता के साथ सभी कामों को करने वाला, तथापि डरपोक, हमेशः पापकर्मों में रत रहने वाला,

---

१ 'श्लेष्मप्रजः स्त्रीविजितः'। २ 'कायकदर्थिताङ्गः'। ३ धनोदये।

४ 'सुहृदप्रयुक्तस्तुरङ्गजङ्घश्च'। अत्र 'सुहृदि प्रयुक्त' इति पाठान्तरं साधु प्रतिभाति।

देखने में सुन्दर, श्लेष्म और वायु के विकारों से पीड़ित अङ्ग वाला, लम्बी देह वाला, तथा शत्रुओं के साथ वञ्चना–पुरस्सर बात-चीत कर अपने अभिप्राय सिद्ध करने वाले विचित्र ढङ्ग का लोकचतुर पुरुष होता है ॥ १० ॥

घटोदये सुस्थिरतासमेतो वाताधिकस्तोयनिषेवणोत्कः[1] ।
सुहृत्स्वगात्रः प्रमदास्वभीष्टः शिष्टानुरक्तो जनवल्लभश्च ॥११॥

यदि कुम्भलग्न में किसी का जन्म हो तो वह जातक बड़ी धीरता के साथ रहता है, अधिक वात प्रकृति हो, कर्मनिष्ठ होने के कारण अधिक समय जल का सेवन करे, बहुधा मित्रों की भलाई के लिए अपना शरीर तक अर्पण करने में तैयार रहे, स्त्रियों के साथ सहवास में अधिक प्रसन्न हो, बड़े शिष्ट लोगों से सहानुभूति रखे तथा सभी प्रकार के मनुष्यों का प्रेमी बन कर रहने वाला पुरुष हो, ऐसा जानना चाहिये ॥११॥

मीनोदये तोयरतो मनुष्यो भवेद्विनीतः सुरतानुकूलः ।
सुपण्डितः सूक्ष्मतनुः प्रचण्डः पित्ताधिकः कीर्त्तिसमन्वितश्च॥१२॥

यदि किसी का जन्मलग्न मीन हो तो जातक जलचर की तरह बहुत काल जल का प्रेमी (स्नान, पूजा-पाठ आदि करने के उद्देश्य से) हो, सभी लोगों से विनय के साथ पेश आवे, स्त्रीसङ्ग के लिए अधिक उत्सुकता दिखावे, अच्छा विद्वान् हो, पतली एवं छोटी आकृति हो, तथापि उद्दण्ड हो, पित्त प्रकृति वाला हो, एवं अच्छी कीर्त्तिओं (मन्दिर, तालाब आदि) से सहित पुरुष भाग्यशाली हो ॥ १२ ॥

धनभावस्थितमेषादिराशिफलम् —

मेषे धनस्थे कुरुते मनुष्यो धनं सुपुण्यैर्विविधैः प्रभूतैः ।
सुनीतियुक्तं तनयं प्रसूते चतुष्पदाढ्यं बहुपण्डितज्ञम् ॥ १ ॥

जिस कुण्डली में मेषराशि धन (दूसरे) भाव में पड़े अर्थात् जिसका जन्मलग्न मीन हो उसको विविध प्रकार के अनेक पुण्य के सहारे धन मिले, अच्छी नीति के अनुसार काम करे, पुत्रवान् हो, चतुष्पद (हाथी घोड़े आदि) भी रहा करे, एवं पण्डितों से जानकारी रखे, ऐसा जातक होता है ॥ १ ॥

वृषे धनस्थे लभते मनुष्यः कृषिप्रसादेन[2] धनं सदैव ।
अनाभिघातं च चतुष्पदाख्यं तथा हिरण्यं[3] मणिमौक्तिकाद्यम्॥२॥

यदि वृषराशि द्वितीय भाव में वर्त्तमान हो तो जातक अपने खेती-बल से धन पैदा करने वाला, ऐसे चौपाये उसके पास हो जिनसे आघात का बिलकुल भय न रहे, तथा सुवर्ण. मणि, मोती आदि बहुमूल्य चीजें योंही उसको मिल जाँय ॥ २ ॥

---

१ पूर्वपाठः—'तोयनिषेवणोक्तः' ।

२ 'कृषिप्रसादे च धनं सदैव' ।

३ 'हिरण्यं मणिमुक्तिकोर्थम्' ।

तृतीयलग्ने धनगे मनुष्यो [1]धनं लभेत्स्त्रीजनतश्च नित्यम्।
रौप्यं तथा काञ्चनजं प्रभूतं हयाधिकं साधुभिरेव सख्यम् ॥३॥

जिसके जन्मसमय में मिथुन राशि दूसरे भावगत दिखाई दे उसको सदा स्त्रियों (बहुधा पराई बड़ी खानदान की विधवाओं) के द्वारा धन मिले। समय २ पर चाँदी और सुवर्ण भी पर्याप्त आ जाय, कई घोड़े रहें, एवं केवल साधु-महात्माओं ही के साथ मित्रता हो, अर्थात् किसी खराब आदमी से उसकी सहानुभूति न रहे ॥ ३ ॥

चतुर्थराशौ धनगे मनुष्यो धनं लभेद् वृक्षजमेव नित्यम्।
जलाद्भयं यद्वनमिष्टभोज्यं नयार्जितं प्रीतिकरं सुतानाम् ॥ ४ ॥

जिसकी कुण्डली में कर्कराशि द्वितीय–भावगत प्रतीत हो वह जातक वृक्षों के द्वारा (लकड़ी या उसके फल बेच कर) हमेशः धनसंग्रह करता रहे, जल में बुड़ने का भय बहुत रखे, वन के मीठे कन्द, फल-मूल आदि को खाने वाला तथा अपने पुत्रों का प्रीतिकारक होता है। याने कभी उसे अपने पुत्रों के साथ विवाद न हो, ऐसा जानना ॥४॥

सिंहे धनस्थे लभते मनुष्यो धनं तपोऽरण्यजनात्तु मानम्।
सर्वोपकारं प्रवणं प्रभूतं स्वविक्रमोपार्जितमेव नित्यम् ॥ ५ ॥

यदि सिंहराशि किसी आदमी की जन्मपत्री में द्वितीय भाव के रूप में हो तो उसे (जातक को) धन काफी मिले, कुछ तपस्या भी करे। वन के रहने वाले साधु महात्माओं से किसी प्रकार का आदर पावे, तथा अपने बाहु-बल के प्रभाव से इतना धन उपार्जित करे कि अवसर पर मनुष्य मात्र के उपकार करने में काम आवे। अर्थात् इस योग में जातक बड़ा भाग्यशाली, धार्मिक एवं उपकारी पुरुष-सिंह होता है जैसा कि शास्त्रों में कहा गया है ॥ ५ ॥

कन्योदये वित्तगते मनुष्यो धनं लभेद् भूमिपतेः सकाशात्।
हिरण्यमुक्तामणिरौप्यजालं गजाश्वनानाविधवित्तजातम् ॥६॥

यदि कन्याराशि द्वितीय भाव में दीख पड़े (अर्थात् जन्मलग्न सिंह हो) तो किसी बड़े राजा से अपनी विद्या या और ही कला दिखाकर सोना, मोती, मणि, रौप्य, हाथी, घोड़े आदि अनेक प्रकार के बहुमूल्य वस्तु मिले जिन्हें लेकर यह भी एक साधारण राजा ही की तरह ठाठ-बाट के साथ जीवन बितावे ॥ ६ ॥

तुले धनस्थे बहुपुण्यजातं धनं मनुष्यो लभते प्रभूतम्।
पाषाणजं मृण्मयमार्तिजातं सस्योद्भवं कर्मजमेव नित्यम् ॥७॥

जिस आदमी के द्वितीय भाव में तुला राशि पड़ जाय उसको जन्मान्तरीय निज पुण्य के अनुकूल पर्याप्त धन प्राप्त हो, जो कि अक्सर पत्थर एवं मिट्टी के व्यापार से

१ "धनं भवेत्स्त्रीजनतश्च नित्यम्"।

हो तथा धान की बिक्री से (कहीं पर शारीरिक क्लेश के साथ भी) भाग्यानुसार धन का लाभ कर लोगों में आदरणीय पुरुष होता है ॥ ७ ॥

धने त्वलिर्यस्य भवेच्च राशिः स्वधर्मशीलं प्रकरोति नित्यम्[1]।
विलासिनीकामपरं सदैव विचित्रवाक्यं द्विजदेवभक्तम् ॥ ८ ॥

यदि किसी कुण्डली में धन-भाव में वृश्चिक राशि पड़े तो जातक अपने वंश-परम्परागत धर्म में लीन रहे, आधुनिक नकली धर्म का प्रभाव उसके ऊपर न चले, अपने धर्म का पूरा कट्टर हो, स्त्रियों की इच्छा के अनुसार हमेशः उसके साथ व्यवहार करने वाला पुरुष होता है ॥ ८ ॥

धनुर्धरे वित्तगते मनुष्यो धनं लभेत्स्थैर्यविधानजातम् ।
चतुष्पदाढ्यं विविधं यशस्वी रसोद्भवं धर्मविधानजातम्[2] ॥९॥

यदि धनुराशि कहीं पर दूसरे भाव में सम्प्राप्त दृष्टिगोचर हो तो जानना कि यह जातक बहुत दिनों तक स्थिर रहने वाला धन का मालिक होगा, अनेक प्रकार के चतुष्पद (गाय, भैंस आदि) इसके पास रहेंगे, लोगों के बीच में यशस्वी, रस से उत्पन्न चीजों को खाने वाला, तथा अपने धर्म की उन्नति के उपायों में हमेशः तन-मन धन से सचेष्ट रहेगा ऐसा आचार्यों ने कहा है ॥ ९ ॥

मृगे धनस्थे लभते मनुष्यो धनं प्रपञ्चैर्विविधैरुपायैः ।
सेवासमुत्थं च सदा नृपाणां कृषिक्रियाभिश्च विदेशसङ्गात् ॥१०॥

मकर राशि जिसके जन्म समय में धन-भावगत व्यवस्थित हो वह जातक अनेक प्रकार के उपायों (लोगों के साथ प्रपञ्च आदि करके) से, अधिक दिन तक कई राजाओं के यहाँ नोकरी से, अपने यहाँ खेती की उपज से, तथा विदेश में रहने से, धन का संग्रह करने वाला होता है ॥ १० ॥

घटे धनस्थे लभते मनुष्यो धनं प्रभूतं फलपुष्पजातम्[3] ।
जनोद्भवं साधुजनस्य भोज्यं महाजनोत्थं च परोपकारी ॥११॥

जिस कुण्डली के द्वितीय भाव में कुम्भराशि वर्त्तमान हो उस जातक को अपने बगीचे की फूल, फल, पत्ती आदि चीजों को बेचने से या किसी धनी आदमी के सहारे धन मिलता है, जो धन बहुधा साधु-महात्माओं ही के भोजन में लग जाय, स्वयं दूसरे लोगों को उपकार करने में दत्तचित्त रहे ऐसा जानना चाहिये ॥ ११ ॥

मत्स्ये धनस्थे लभते मनुष्यो धनं प्रभूतैर्नियमोपवासैः ।
विद्याप्रभावान्निधिसङ्गमाच्च सदा पितृभ्यां समुपार्जितं च ॥१२॥

यदि मीनराशि द्वितीय भाव में सम्प्राप्त हो तो जातक अनेक संयम (मितव्ययिता)

पूर्वपाठः—१ 'धने त्वलिर्लग्नभवेच्च यस्य'। २ 'धर्मविधानलब्धम्'।
३ 'फलपुष्पजातम्'। 'मातापितृभ्याम्'।

से, उपवास से तथा विद्याओं के प्रभाव से, राजे-महराजे के देने से, कहींपर निधि (खान) को मिल जाने से, एवं अपने माता, पिता के उपार्जित धनों को प्राप्त करने से पूरा धन इकट्ठा करने वाला मालदार पुरुष हो जाता है ॥ १२ ॥

तृतीयसंस्थे प्रथमे च राशौ द्विजातिमित्रश्च[1] भवेन्मनुष्यः ।
परोपकारश्रवणैः शुचिश्च प्रभूतविद्यो नृपपूजिताङ्गः ॥ १ ॥

जिस मनुष्य के जन्मकालिक तृतीय (सहज) भाव में मेष राशि पर पड़े उसको सिर्फ ब्राह्मणो से मित्रता हो, पराये के उपकार करने से एवं उस सम्बन्ध की बातों को सुनने से अपने को पवित्र समझे, कई विद्याओं का ज्ञाता हो तथा राजओं से पूजित होकर जहाँ—कहीं रहने वाला विज्ञ पुरुष होता है ॥ १ ॥

[2]वृषस्तृतीये कुरुते मनुष्यं नरेन्द्रमित्रं प्रचुरप्रतापम् ।
सुवित्तदं भूरियशोनिधानं सूरिं कविं ब्राह्मणरक्तचित्तम् ॥ २ ॥

यदि वृषराशि तृतीय–भावगत हो जाय तो जातक किसी राजा का मित्र, बड़ा प्रतापवान्, अतिथि–अभ्यागत एवं याचक-जनों को पूर्ण धन देनेवाला, भारी यशस्वी, विद्वान्, काव्यकर्त्ता तथा हमेशः ब्राह्मणों के स्वागत आदि सत्कार करने में चित्त लगाने वाला, अच्छे विचार का आदमी होता है, ऐसा जानना चाहिए ॥ २ ॥

तृतीयसंस्थे मिथुने च लग्ने करोति मर्त्यं वरयानयुक्तम् ।
स्त्रीवल्लभं सत्यमुदारचेष्टं कुलाधिकं पूज्यतमं नृपाणाम् ॥ ३ ॥

जिसके जन्मकालिक सहज भाव मिथुन राशि में देखा जाय (जन्म लग्न मेष होने से) तो जातक अच्छा सवारी (हाथी, मोटर, साइकिल आदि) से सहित रहे, स्त्री का अत्यन्त प्रेमी हो, सत्य बोलने वाला हो, उदार लोगों की तरह चेष्टा रखने वाला हो, अपने कुल में सबसे प्रधान हो तथा कई राजाओं का गुरुवत् पूजनीय होकर रहे, यह निश्चय है ॥ ३ ॥

कुलीरराशौ सहजं प्रयाते मैत्रं लभेद्वैश्यगृहप्रदेशे[3] ।
कृषीवलं धर्मकथानुरक्तं सदा सुशीलं मदसंमतञ्च[4] ॥ ४ ॥

यदि किसी के जन्मकाल में कर्कराशिगत तृतीय भाव हो वह जातक वैश्य (बनियाँ) का मित्र हो, खेती–बारी से अपना तथा परिवार का भरण-पोषण करने वाला हो, धर्म के सम्बन्ध की बातों में चित्त रखे, हमेशः अच्छे शील-स्वभाव वाला हो, तथा गर्व के साथ नित्यप्रति रहा करे ॥ ४ ॥

---

१ पूर्वपाठः—'मित्रं द्विजातिश्च भवेन्मनुष्यः' ।

२ 'वृषे तृतीये लभते मनुष्यो मित्रं नरेन्द्रं प्रचुरं प्रतापम्' ।

३ 'मित्रं लभेद्वैश्यगुरुप्रवेशे' ।

४ 'मुदसम्मतं च' इति वा पूर्वपाठो यथाकथञ्चिदर्थान्तरानुयायी ।

सिंहे तृतीये कुरुते[1] मनुष्यं शूरं कुमित्रं वरवित्तलुब्धम्।
वधात्मकं पापकथानुरक्तं प्रचण्डवाक्यं नहि गर्वितं च॥ ५॥

जिसके जन्मकालिक सहज भाव सिंहराशि में चला जाय वह जातक शूर-वीर, खराब लोगों के साथ मैत्री करने वाला, उच्च धन का लोभी, प्राणियों के वध करने में अभिरुचि रखने वाला, अधिक समय पाप के सम्बन्ध की बातें करने वाला, तथा बड़ा कठोर वाक्य मुख से निकालने वाला होता है, परन्तु अभिमान जरा भी न रहे, ऐसा जानना चाहिये॥५॥

तृतीयभावस्थितलग्नकन्या शस्त्रानुरक्तं मनुजं सुशीलम्।
नानासुहृत्संस्तुतकल्पकोपं प्रियद्विजं देवगुरुप्रभक्तम्॥ ६॥

यदि तृतीयभाव में कन्याराशि देखा जाय तो कुण्डली वाला जातक शस्त्र (तलवार, छुरा, कटारी) चलाने में अनुरक्त रहे, अच्छा शील-स्वभाव वाला विशिष्ट पुरुष हो, अनेक मित्रों से बहुत समय आदरणीय होकर घेरा रहे अर्थात् मित्रों में सबसे प्रधान यही हो, क्रोध का राज्य इसके हृदय पर कम रहे, ब्राह्मणों का प्यारा हो, तथा देवता और गुरु का निरन्तर भक्त बना रहे, ऐसा कहा गया है॥ ६॥

तृतीयसंस्थे तु तुलाभिधाने मैत्री भवेत्पापपरैर्मनुष्यैः।
लौल्यात्मको लौल्यकथानुरक्तः[2] सार्द्धं मनुष्यैः स्वसुताल्पकैश्च॥ ७॥

जिस आदमी के जन्मकालिक सहज भाव तुलाराशि में व्यवस्थित हो उसको बड़े २ पापियों के साथ मैत्री हो। चञ्चल स्वभाव हो, हर समय चञ्चलता ही की बातें किया करे, सन्तान कम हो तथापि अन्यान्य परिवार तथा नौकरों की बड़ी संख्या के साथ रहा करे, ऐसा आचार्य का कहना है॥ ७॥

अलौ[3] तृतीये मनुजस्य मैत्री भवेत् सदा पापजनैर्दरिद्रैः।
कृतघ्नघातैः कलहानुरक्तैर्व्यपेतलक्षैर्जनताविरुद्धैः॥ ८॥

यदि किसी कुण्डली का सहज भाव वृश्चिक राशि में पड़े तो जानना कि जातक को पापियों से, दरिद्रों से, किसी के उपकार न मानने वाले लोगों से, रात-दिन झगड़ा करने वाले लोगों से, विना लक्ष्य के ही व्यर्थ विवाद करने वालों से, तथा अपने समाज से बहिष्कृत किये हुए निन्दित मनुष्यों से मैत्री होती है॥ ८॥

चापे[4] तृतीये च भवेन्मनुष्यो मंत्री सुशूरो नृपसेवकश्च।
चित्तैः स्वरैर्धर्मपदैः प्रसन्नो नृपानुरक्तो रणकोविदश्च॥९॥

पूर्वपाठः—१ "सिंहे तृतीये कुरुते मनुष्यः शूरं कुमित्रं वरवित्तलुब्धम्।"
२ "सार्द्धं मनुष्यस्य सुतार्द्धयुक्ते"।
३ "अलौ तृतीये च भवेन्मनुष्यो मैत्री सदा पापजनैर्दरिद्रैः"।
४ "चापे तृतीये लभते मनुष्यो मन्त्री सुशूरो नृपसेवकश्च।"
चित्तैः स्वरैर्धर्मपदैः प्रसन्नैः कृपानुरक्तै रणकोविदैश्च॥"

जिसके जन्म समय में तीसरा भाव धनुराशि सम्प्राप्त हो वह पुरुष किसी सामाजिक संस्था सेक्रेटरी, बड़ा शूर वीर, राजा की सेवा करने वाला, धर्म के आचरणों से, धन से एवं गानविद्या से खूब प्रसन्न रहे, हमेशः दीन-दुखियों के ऊपर कृपा करने में दक्ष, तथा युद्ध-क्षेत्र की सारी रहस्य बातों को भली भांति जानने वाला होता है ॥९॥

[1]नक्रस्तृतीये च नरस्य यस्य करोति सौम्यं सहितं सुताद्यैः।
नित्यं सुहृद्देवगुरुप्रसक्तं महाधनं पण्डितमप्रमेयम् ॥ १० ॥

यदि किसी कुण्डली के सहज भाव में मकर राशि वर्त्तमान देखी जाय तो जातक बात-चीत एवं आचार-विचार में शान्त-प्रकृतिक, कई पुत्र पौत्र वाला, सदैव देवता, गुरु तथा मित्र इनके सत्कार करने में रत, बड़ा भारी धनवान् , तथा प्रान्त भर में सबसे तेज पण्डित होता है। उसके समान या अधिक योग्यता वाला कोई दूसरा न हो॥१०॥

[2]कुम्भे तृतीये लभते मनुष्यो मैत्रीं व्रतज्ञैर्बहुकीर्त्तियुक्तैः।
क्षमाधिकैः सत्यपरैः सुशीलैर्गीतप्रियैर्गोपवरैः खलैश्च ॥ ११ ॥

कुम्भ राशि को किसी की जन्म कुण्डली में सहज-भावगत प्रतीत होने से आदमी व्रत के प्रभावों को जानने वालों से, बड़ी २ कीर्ति कला रखने वालों से, बड़े २ क्षमाशील से, सत्यवक्ताओं से, अच्छे शील-स्वभाव वालों से भी मित्रता करता है। सारांश यह कि संसार के सभी विभागों के लोगों के साथ मैत्री रखने के कारण सर्वमान्य एवं अत्यन्त सुख-भोक्ता भाग्यवान् पुरुष होता है ॥ ११ ॥

तृतीयभावस्थितमीनराशौ नरं प्रसूतं बहुवित्तयुक्तम्।
पुत्रान्वितं पुण्यधनैरुपेतं प्रियातिथिं सर्वजनाभिरामम् ॥१२॥

जिसके तीसरे भाव में मीन-राशि पड़े (यह स्थिति जन्मलग्न मकर होने से घटती है) वह जातक अनेक प्रकार के धनों से पूर्ण पुत्रवान्, एवं पुण्य के प्रताप से युक्त हो, अतिथि-अभ्यागत की सेवा में निरत रहे, सब तरीके के मनुष्यों का प्यारा भी होगा ऐसा जानना चाहिये ॥ १२ ॥

सुहृद्भावस्थराशिफलम्—

मेषे सुखस्थे लभते सुखं च चतुष्पदेभ्योऽथ विलासिनीभ्याम्।
भोगैर्विचित्रैः प्रचुरान्नपानैः पराक्रमोपार्जितमर्दनैश्च ॥ १ ॥

जिस जातक के जन्मकाल में मेषराशि चतुर्थ (सुहृत्) भाव में पड़े उसको चौपायों (भैंस, गाय आदि) से, दो रमणीय स्त्रियों से, अनेक प्रकार के खाद्य, पेय, लेह्य, सौगन्ध्य आदि दिव्य पदार्थों के उपभोग से, अथच अपने बाहुबल से उपार्जित कतिपय नौकरों के द्वारा शारीरिक मर्दन आदि से बहुत सुख मिले। अर्थात्

---

१ 'मकरस्तृतीये च नरस्य यस्य करोति सौम्यं सततं सुताद्यम्।'
२ 'कुम्भस्तृतीये लभते मनुष्यो मैत्री व्रतज्ञैर्बहुकीर्तियुक्तैः।'

सांसारिक सभी सुख उसको प्राप्त हो, खूब आनन्द के साथ सपरिवार जीवन बिताने वाला पुरुष हो ॥ १ ॥

वृषे सुखस्थे लभते सुखानि नरोऽतिमान्यैर्विविधैश्च भोगैः।
शौर्येण भूपालनिषेवणेन प्रियोपचारैर्नियमैर्व्रतैश्च ॥ २ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालिक चतुर्थ भाव वृषराशिगत हो तो अनेक विभाग के महा आदरणीय पुरुषों के द्वारा, अनेक प्रकार के भोगों से, अपनी शूरता से, किसी राजा के यहाँ मन्त्री या और अधिकारी के रूप में रहने से, प्रिय उपचारों से तथा संयम एवं कई बातों के सहारे उसको बहुत सुख मिलता है ॥ २ ॥

तृतीयराशौ सुखगे सुखानि लभेन्मनुष्यः प्रमदाकृतानि।
जलावगाहैर्वनसेवया च प्रभूतपुष्पाम्बरसेवनेन ॥ ३ ॥

जिसके जन्म समय में चतुर्थभाव मिथुनराशि में सम्प्राप्त हो उस जातक को अपनी ललना के द्वारा, ग्रीष्मऋतु में जलके अवगाहन या जलक्रीड़ा से, वन-पर्वत प्रदेश की सैर से तथा अनेक प्रकार के सुगन्धित एवं सुललित दिव्य पुष्पों की माला वगैरह हर समय मौजूद रहने के कारण अति सुख प्राप्त होता है। अर्थात् इसी दुनिया में उस जातक को स्वर्गीय पदार्थों का उपभोग हो जाता है, इसमें संशय नहीं है ॥३॥

कुलीरराशिः कुरुते सुखस्थो नरं सुरूपं सुभगं सुशीलम्।
स्त्रीसम्मतं सर्वगुणैः समेतं विद्याविनीतं जनवल्लभं च ॥४॥

जिसके चतुर्थ भाव कुण्डली गत कर्क राशि पर विद्यमान हो वह जातक देखने में सुन्दर, मनोहर, अच्छा शील स्वभाव वाला, अपनी स्त्री के साथ अनुकूलता दिखाने वाला, सब गुणों का आश्रय अर्थात् प्रायः सभी गुणों का ज्ञाता, विद्याओं को भली भाँति जानने के कारण बड़ा नम्र तथा मनुष्य मात्र का परम प्रेमी होता है ॥ ४ ॥

सिंहे सुखस्थे न सुखं मनुष्यः प्राप्नोति जातु प्रचुरप्रकोपात्।
कन्यां प्रसूतिं च दरिद्रसङ्गान्नरो भवेच्छीलविवर्जितश्च ॥ ५ ॥

किसी जन्मकुण्डली में चतुर्थ भाव का सिंह राशि में वर्त्तमान होने से जातक को अधिक क्रोध हर समय पर रहने के कारण सुख कभी नहीं प्राप्त होता। सन्तान में केवल कन्यायें हों, पुत्र एक भी नहीं, तथा अधिक दरिद्रों के साथ करने के कारण जातक शील से रहित हो, ऐसा आचार्यों का कहना है ॥ ५ ॥

कुमित्रसङ्गो धनसंश्रयाच्च कन्यागृहे बन्धुगते मनुष्यः।
पैशुन्यसङ्गाल्लभतेऽसुखानि चौर्येण शुद्धेन विमोहनेन ॥ ६ ॥

जिस जातक के जन्म-समय में चतुर्थ भाव कन्याराशिगत प्रतीत हो उसको बड़ा

---

१ 'नरोऽतिमन्यो विविधैश्च मान्यैः'।

धनवान् होने के कारण बुरे आचरण के लोगों के साथ मित्रता होती है, चुगलखोर मण्डल की नरफ से बहुत तकलीफ प्राप्त हो, चोरों के द्वारा एवं मोहन-वशीकरण आदि तान्त्रिक प्रयोगों के द्वारा उसको कष्ट होता है ॥ ६ ॥

तुला सुखस्था च नरस्य यस्य करोति सौम्यं शुभकर्मदक्षम्।
विद्याविनीतं सततं सुखाढ्यं प्रसन्नचित्तं विभवैः समेतम् ॥७॥

यदि तुलाराशि में किसी जातक का जन्मकालिक चतुर्थभाव देखा जाय तो जानना कि वह आदमी सौम्य (सीधा, छल-कपट से रहित), अच्छे २ कर्मों को करने में प्रवीण, विद्याओं को जानने के कारण महा नम्र, हमेशः सुखों का ही अनुभव करने वाला, अतिप्रसन्न चित्त वाला तथा अनेक सम्पत्तियों से विभूषित होगा ॥ ७ ॥

अलौ चतुर्थे विपदा समेतं नरं सुतीच्णं परभीतचित्तम्।
प्रभूतसेवं गतवीर्यदर्पं परैः सुदक्षैर्मतिभृद्विहीनम् ॥ ८ ॥

वृश्चिक राशि में चतुर्थ भाव को पड़ने से कुण्डली वाला आदमी विपत्ति से सहित, बड़ा तीव्र पराये से डरने वाला, बहुत लोगों से सेवित या स्वयं बहुत आदमियों का सेवक, अहङ्कार-सहित, शत्रुओं के आक्रमण से अपने पराक्रम, धन एवं शक्ति को नष्ट करने वाला तथा बुद्धिमान् लोगों (उपदेष्टा, हितैषी आदि) से हीन रहता है। अर्थात् उसके करीब में कोई ऐसा बुद्धिमान् न रहे जो कि अवसर पर उसे खराबियों से बचाने वाला हो ॥ ८ ॥

चापे सुखस्थे लभते मनुष्यः सुखं सदा सङ्गरसेवनेन।
तत्कीर्त्तनेनैव हयैर्विचित्रैः सेवासुखं स्वेन निबन्धनेन ॥९॥

जिस जातक के जन्म समय में चतुर्थ भाव धनु-राशि में दीख पड़े उसको बहुत अवसर पर युद्ध में सम्मिलित होने से इतना धन मिले कि उसीसे सदैव सुखी रहे। उसीके सम्बन्ध में रात-दिन बात-चीत करते रहे, घोड़े की अद्भुत सवारी से तथा च अपने उद्योग-प्रबन्ध से सुख का भोग करने वाला लौकिक पुरुष होता है ॥ ९ ॥

मृगे सुखस्थे सुखभाङ्मनुष्यः सदा भवेत्तोयनिषेवणेन।
उद्यानवापीतटसङ्गमेन मित्रोपचारैः सुरतप्रधानैः ॥ १० ॥

यदि किसी कुण्डली में मकर राशिपर चतुर्थभाव वर्त्तमान हो वह जातक जल के सम्बन्ध से सुखी रहे, बगीचे, तालाब आदि की उत्पन्न वस्तुओं के व्यापार से, मित्रों के उपचारों से या बड़ी खानदान की किसी स्त्री के साथ संभोगादि करने के सहारे सदा शानदारी के साथ रहा करे, ऐसा जानना चाहिये ॥ १० ॥

घटे सुखस्थे प्रमदाभिधानात्प्राप्नोति सौख्यं विविधं मनुष्यः।
मिष्टान्नपानैः फलशाकपत्रैर्विदग्धवाक्यैश्च समुत्सुकत्वैः[१] ॥११॥

---

१ पूर्वपाठः—"विदग्धवाक्यैश्चोत्साहकारः"।

जिसका चतुर्थ भाव कुण्डली में कुम्भराशि पर उपस्थित देखा जाय वह आदमी स्त्री के सहारे विविध प्रकार के सुख को पाता है, मीठी २ चीजें खाने-पीने को मिले, फल, शाक (भाजी), पत्र (ताम्बूलादि), इनसे पाण्डित्य-वचन से तथा कार्यमात्र में उत्साह-पूर्वक प्रवृत्त होने से वह अधिक प्रसन्न रहता है ॥ ११ ॥

मीने सुखस्थे तु सुखं मनुष्यः प्राप्नोति सौख्यं जलसंश्रयेण ।
शनैश्चरो देवसमुद्भवैश्च स्थाने सुवस्त्रैः सुधनैर्विचित्रैः ॥ १२ ॥

यदि मीनराशि में चतुर्थभाव दिखाई दे तो वह जातक जल के आधार पर बहुत रुपया कमा कर सुख को पाता है, उसकी मति बड़ी मन्द (दीर्घसूत्री) हो अवसर पाकर देवताओं के लिये निर्धारित रेशमी वस्त्र आदि विचित्र शक्ति वाली चीजों से भी आनन्द पाता है ऐसा जानना चाहिये ॥ १२ ॥

पञ्चमभावस्थराशिफलम्—

मेषे सुतस्थे लभते मनुष्यः प्रियेण पुत्रान्वितचेतसा च ।
सुरात्सुखानीह कृतानि यानि[1] पापानुरक्ताकुलचित्तयुक्तः ॥ १ ॥

जिस जातक के जन्मकाल में पञ्चमभाव मेषराशि में सम्प्राप्त हो अर्थात् जन्मलग्न से मेषराशि पाँचवीं जगह हो उसको अपने प्रिय मित्रों के द्वारा, पुत्रों के साथ ऐकमत्य के सहारे, एवं देवताओं के आराधन करने से अनेक प्रकार के सुख मिले (जन्मान्तर में किया हुआ पुण्य के प्रभावानुसार)। तथापि पापसम्बन्ध की बातों में अनुरक्त रहे एवं मानसिक चिन्ताओं से उसका चित्त एकदम व्याकुल रहे ॥ १ ॥

वृषे सुतस्थे नियतं[2] मनुष्यः प्राप्नोति कन्यां सुभगां सुरूपाम् ।
अपत्यहीनां बहुकान्तियुक्तां सदानुरक्तां निजभर्तृधर्मे ॥ २ ॥

यदि किसी कुण्डली में वृषराशि पञ्चमभावगत दिखाई दे तो जातक को एक ऐसी कन्या प्राप्त होती है कि जो कि सर्वदा सुहाग वाली, देखने में अत्यन्त सुन्दरी, महा रमणीय कान्ति वाली, अपने स्वामी के धर्म (जैसा कि करने के लिए कहे) के अनुसार हमेशः अनुरक्त रहे, परन्तु सन्तान से रहित हो ॥ २ ॥

तृतीयराशौ सुतगे मनुष्यः प्राप्नोत्यपत्यानि मनःसुखानि ।
सुशीलयुक्तानि गुणाधिकानि प्रीत्या समेतानि बलाधिकानि ॥ ३ ॥

जिसके जन्मकालिक पञ्चम भाव मिथुन राशि में वर्त्तमान देखा जाय वह आदमी अपने मन के अनुकूल कई सन्तान (पुत्र, कन्या) का लाभ करता है (अर्थात् अधिक सन्तान वाला हो) जो कि अच्छे शील-स्वभाव से युक्त, कई गुणों के ज्ञाता,

---

१ पूर्वपाठः—"सुरात्सुखानीह, कृतानि चान्यात्पापानुरक्ताकुलचित्तयुक्ताः ।"
२ "वृषे सुतस्थे लभते मनुष्यः प्राप्नोति···"।

लोगों के साथ बर्ताव करने में भी प्रीति दिखाने वाले, तथा महाबली कन्या-पुत्र हों, ऐसा जानना चाहिये ॥ ३ ॥

कर्के सुतस्थे जनयेन्मनुष्यः पुत्रान् प्रसिद्धान् पितृतोषकांश्च[1] ।
विस्तीर्णकीर्त्तींश्च महानुभावान् धनेन विद्याविनयेन युक्तान् ॥ ४ ॥

जिस आदमी को पञ्चमभाव कर्क-राशि में पड़ जाय उसको बहुत देशों में मशहूर, अपने पिता को हरहालत में सन्तुष्ट करने वाले, देशभर में छोटी बड़ी कई कीर्त्ति (मन्दिर, पाठशाला, अनाथलय, धर्मशाला आदि) से सहित, बड़े उदार, धन एवं विद्या-विनय के साथ बर्त्तने वाले कई भाग्यशील पुत्र होते हैं ॥ ४ ॥

सिंहे सुतस्थे जनयेन्मनुष्यः क्रूरस्वभावान्नयनेन कान्तान् ।
मांसप्रियान् स्त्रीजनकान् सुतीव्रान् विदेशभाजः क्षुधया समेतान् ॥५॥

जिस जातक के जन्मकाल में सिंहराशि पञ्चमभाव में पड़े उसको दो से अधिक (तीन, चार) पुत्र ऐसे उत्पन्न हों जो कि उग्र (कठोर) स्वभाव वाले हों, आँखों की छटा अच्छी होने के कारण देखने में अत्यन्त मनोहर, मांस-मत्स्य को खाने वाले हों, उसकी सन्तान में सिर्फ कन्यायें हों, विदेश में अधिक समय बिताने वाले हों, कार्यमात्र में बड़ी तीव्रता के साथ सफलता दिखावें, परन्तु क्षुधा (खाने की तृष्णा) से अधिक काल व्यग्र रहा करे, ऐसा जानना चाहिये ॥ ५ ॥

कन्या यदा पञ्चमगा तदा स्युः कन्या नराणां तनयैर्विहीनाः ।
पतिप्रियाः पुण्यतराः प्रगल्भाः प्रशान्तपापाः प्रियभूषणाश्च ॥ ६ ॥

यदि कन्याराशि में किसी आदमी का पञ्चमभाव आ पड़े तो जातक की सभी कन्यायें पुत्र से हीन हों, अपने -२ स्वामी की बड़ी प्यारी हों पुण्य करने वाली हों, अपनी सच्चापन दिखाने के उद्देश्य से लोगों के साथ बातचीत करने में धृष्टता जानने वाली हों, पापों के नाम से भी त्रस्त होकर अलग रहा करे, अलङ्करण (जेवरात) रखने की उत्कट इच्छा रखती हुई अधिक से अधिक धारण किया करे ॥ ६ ॥

तुला यदा पञ्चमगा नराणां तदा सुशीलानि मनोहराणि ।
भवन्त्यपत्यानि सरूपकाणि क्रियासमेतानि शुभेक्षणानि ॥ ७ ॥

जिसको जन्मकालिक लग्न से पाँचवीं जगह पर तुला-राशि आ जाय उस जातक को बहुत ऐसे कन्या-पुत्र हों जो कि अति-कमनीय शीलस्वभाव वाले, देखने में खूब सुन्दर, अच्छी आकृति वाले, जातीय या कौलिक क्रियाओं को हृदय से करने वाले एवं मृग की तरह सुन्दर दीर्घ आँख वाले हों, ऐसा जाने ॥ ७ ॥

कीटे सुतस्थे जनयेन्न योनौ पुत्रान् मनुष्यः सुभगान् सुशीलान् ।
अज्ञातदोषान् प्रणयेन युक्तान् निजेऽत्र धर्मे सततं मनुष्यः ॥८॥

---

१ "सुतऽमतश्च....धनेन युक्तान्" इति पूर्वपाठः ।

यदि वृश्चिकराशि किसी जातक की जन्मकुण्डली में पञ्चमभावगत प्रतीत हो तो उसको देखने में सुन्दर, सुशील, अज्ञातदोष (जिनमें दोष कोई मालूम न पड़े), प्रणय (विश्वास) से सहित ऐसे पुत्र नहीं होते अर्थात् खराब आचरण वाले पुत्र हों, परन्तु स्वयं (जातक) अपने परम्परागत धर्म में सदैव रत रहा करे, ऐसा जानना चाहिये ॥ ८ ॥

चापे सुतस्थे जनयेन्मनुष्यः सुतान् विचित्रान् हयलुब्धदक्षान् ।
धानुष्कचर्यान् हतशत्रुपक्षान् सेवाप्रियान् पार्थिवमानयुक्तान् ॥९॥

जिस कुण्डली में धनुराशि पञ्चम भाव में दिखाई दे उस जातक को विचित्र ढङ्ग के घोड़े को लाभ करने में प्रवीण, शर-धनुष चलाने की विद्या (धनुर्विद्या) का ज्ञाता, शत्रुदलों को नाश करने वाले, अपने अपने गुरुवर्गों की सेवा में दत्तचित्त तथा राजाओं से सम्मानित कई भाग्यशाली पुत्र होंगे, ऐसा आचार्यों ने कहा है ॥ ९ ॥

मृगे सुतस्थे जनयेन्मनुष्यः पुत्रान् सदा पापमतीन् कुरूपान् ।
क्लीवान् कुभावान् विगतप्रभावान् सुनिष्ठुरान् प्रेमविवर्जितांश्च ॥१०॥

यदि पञ्चम भाव मकर राशि पर पड़े तो जातक को सदैव पाप कर्मों को करने में लीन, देखने में खराब आकृति वाले, नपुंसक (हिजड़े), बुरे विचारों के प्रभाव (तेज) से हीन (जो चाहे, सब दबा दे), अत्यन्त कठोर हृदय के एवं मनुष्य मात्र के साथ प्रेम पूर्वक बात-चीत नहीं करने वाले बहुत पुत्र होते हैं। इस योग में पुत्र तो हों—परन्तु बिलकुल कुपुत्र ही सब समझे जाँय ॥ १० ॥

कुम्भे सुतस्थे स्थिरतासमेतान् गम्भीरचेष्टानतिसत्ययुक्तान् ।
पुत्रान् मनुष्यो जनयेत्प्रसिद्धान् कष्टंसहान् पुण्ययशःप्रभूतान् ॥११॥

जिस आदमी का जन्मलग्न तुला हो उसका पञ्चम भाव स्वतः कुम्भराशि पर होगा, इस स्थिति में जातक को स्थिरता-सहित (सब कामों में धीरता के साथ विचार कर काम करने वाले), गम्भीर चेष्टा वाले (केवल चेष्टा ही से मन की बात नहीं समझी जा सके इस अभिप्राय से), बड़े सत्य बोलने वाले लोगों में विख्यात, अपनी भलाई के लिए कठिन से कठिन तक कष्टों को धीरता-पुरस्सर सहने वाले, बहुत पुण्य तथा यश वाले कई (दो से अवश्य अधिक) पुत्र हों, ऐसा जानना चाहिये ॥ ११ ॥

मीने सुतस्थे ललितान् सुरक्तान् पुत्रान् मनुष्यो लभते व्यवायात् ।
रोगैः समेतांश्च सदा कुरूपान् सहास्यकान् स्त्रीसहितान् सदैव ॥१२॥

जिस जातक के जन्मकाल में मीन-राशि पञ्चमभाव में सम्प्राप्त हो उसको सुललित, गौरवर्ण वाले पुत्रों का लाभ होता है। (यदि ग्रहों की अवस्थिति आदि खराब हो तो) रोगी, कुरूप, उपहास्य एवं स्त्री से सहित पुत्र होंगे। कुछ हो, इस योग में भी पुत्रों का होना परमावश्यक है ॥ १२ ॥

षष्ठभावस्थराशिफलम्—

मेषे रिपुस्थे प्रभवेद्धि[1] वैरं सदा नराणां वृषभे रिपुस्थे।
अपत्य[2]मार्गागतकामिनीनां सङ्गो नितान्तं निजबन्धुवर्गे ॥१॥

जिस आदमी के जन्मकालिक रिपु (षष्ठ) भाव मेषराशि पर पड़ता है उसको बहुत लोगों के साथ शत्रुता हो जाती है, प्रायः मित्र एक भी न रहे। यदि षष्ठ भाव वृषराशि पर पड़े तो सन्तान श्रेणी की स्त्रियों के साथ व्यभिचार करने के कारण अपने बन्धुवर्गों में वैर हो जाय। यह योग पापों की पराकाष्ठा तक पहुँचाता है, ऐसा जानना चाहिये ॥ १ ॥

तृतीयराशौ रिपुगे नराणां वैरं भवेत्स्त्रीजनितं सदैव।
तथा नराणां निहितं च[3] पापैर्वणिग्जनैर्नीचजनानुरक्तैः ॥२॥

यदि किसी कुण्डली में षष्ठ भाव मिथुन राशि में सम्प्राप्त दीख पड़े तो जानना कि जातक को अपनी स्त्री से, फिर पापी लोगों से, बनियों से तथा उन लोगों से जो कि अपना सारा जीवन नीच मनुष्यों के साथ लगाते हैं–शत्रुता होती है, अर्थात् ऐसी स्थिति में जातक को सबसे विरोध ही हुआ करता है ॥ २ ॥

कर्के रिपुस्थे सहसा भयं च भवेन्मनुष्यस्य सुतातुरस्य।
समं द्विजेन्द्रैश्च नराधिपैश्च महाजनेनैव परानुरोधात् ॥ ३ ॥

जिस जातक के जन्मसमय में शत्रुभाव कर्कराशि में व्यवस्थित हो उसको हमेशः अपने पुत्रों के लिये आतुर होने से ब्राह्मण, राजा, तथा बड़े २ गण्य मान्य पुरुष-विशेषों के साथ विवाद हो जाने पर उन लोगों के द्वारा भय प्राप्त होता है। जिसमें सिर्फ दूसरे के अनुरोध ही से सब बातें हुआ करें ॥ ३ ॥

सिंहे रिपुस्थे प्रभवेच्च वैरं पुत्रीभवं[4] बन्धुजनेन नित्यम्।
धनं[5] क्षणात्तस्य विनिर्जितं च यद्वा मनुष्यस्य वराङ्गनाभिः ॥४॥

जिस आदमी के जन्मसमय के सिंहराशि उसका षष्ठभाव हो जाय उसको अपनी कन्या के कारण जामाता से एवं अपने बन्धुवर्गों से शत्रुता हो जाती है, एवं वह जातक वेश्याओं के साथ रमण करने वाला हो जिसके कारण थोड़े ही समय में उसकी सारी सम्पत्ति नष्ट हो जाय, ऐसा जानना चाहिये ॥४॥

कन्यास्थिते शत्रुगृहे स्ववैरैरसंयुतिर्निर्धनता[6] नराणाम्।
दुश्चारिणीभिश्च सु[7]निम्नगाभिर्वेश्याभिरेवाश्रयवर्जिताभिः ॥५॥

१ पूर्वपाठः—"मेषे रिपुस्थे प्रभवन्ति वैरम्"। २ "अपत्यमार्गे गतमङ्गनानां"।
३ "तथा नराणां न हितं च पापः"। ४ "पुत्रीसमं बन्धुजनेन नित्यम्"।
५ "धनेक्षमात्तस्य विनिर्जितं च" ६ "स्ववैरैरसंयुतानि प्रभवेन्नराणाम्"।
७ "सुनिम्नगाभिर्वेश्याभिरेवाश्रयवर्जिताभिः।

यदि किसी कुण्डली का षष्ठभाव कन्या-राशि में सम्प्राप्त हो तो जातक को शत्रु नहीं हो, अजातशत्रु की तरह रहे, किन्तु ग्रामीण व्यभिचारिणियों अनाथ विधवाओं एवं अति सुन्दरी वेश्याओं के साथ सदैव लगे रहने के कारण उसे दरिद्रता अवश्य आ जाती है ॥ ५ ॥

तुलाधरे शत्रुगृहे नरस्य निधिस्थितस्य प्रभवेच्च वैरम् ।
कार्यं सुधर्मस्य नरस्य साधोः स्वबन्धुवर्गाच्च निजालयाच्च ॥६॥

यदि जन्मकालिक षष्ठ भाव तुला-राशिगत प्रतीत हो तो जातक बड़ा धनी होता है तथा लोगों के साथ शत्रुता प्राप्त करता है। यहाँ तक कि उसको धर्म के काम करने में साधुओं की सेवा करने में, अपने बन्धुवर्गों से तथा अपने घर से भी वैर हो जाता है, अर्थात् इस योग में सत्पथ पर चलने से भी और लोग शत्रु बन जाते हैं ॥६॥

कौर्प्ये[1] रिपुस्थे प्रभवेद्धि वैरं सार्द्धं द्विजिह्वैश्च सरीसृपैश्च ।
व्यालैर्मृगैश्चौरगणैर्नराणां सर्वैः सुधन्यैश्च विलासिभिश्च ॥७॥

यदि षष्ठ भाव किसी आदमी की जन्मकुण्डली में वृश्चिक राशि पर दिखाई दे तो जानना कि जातक को चुगलखोर लोगों से, गोजर से, सर्प से, हरिन से, चोरों से, बड़े धनी लोगों से तथा विलास में प्रवीण लोगों के साथ बैर हो जायगा, ऐसा शास्त्रकारों ने कहा है ॥ ७ ॥

चापे रिपुस्थे नु भवेच्च वैरं शरैः समेतैश्च[2] सरोगकैश्च ।
सदा मनुष्यैश्च हयैश्च[3] नागैः पुण्यैस्तथान्यैः परवञ्चनाच्च ॥८॥

जिसके जन्मकालीन षष्ठभाव धनुराशि में पड़ जाय उस जातक को शर धनुष धारण करने वाले मनुष्यों से, रोगियों से, घोड़ों से, हाथियों से, पुण्यकर्त्ताओं से, तथा वञ्चक लोगों से बड़ी शत्रुता हो जाती है, ऐसा जानना चाहिये ॥ ८ ॥

मृगे रिपुस्थे च भवेच्च वैरं सदा नराणां धनसम्भवं च ।
मित्रैः समं साधुजने सहाये प्रभूतकालं गृहसम्भवं च ॥९॥

यदि मकरराशि किसी आदमी को षष्ठ भाव हो जाय तो जातक को धन के ही कारण (ब्याज पर लेन-देन के सम्बन्ध में) कई आदमियों से झगड़ा होता है, बहुत दिनों से बने हुए मित्रों से भी वैर हो जाय. अपने घर में भी किसी से किसी की सहानुभूति न रहें, सिर्फ कोई एक सज्जन इसके पक्ष में रहे' नहीं तो और सब शत्रु ही बन कर रहा करे ॥ ९ ॥

कुम्भे रिपुस्थे मनुजस्य वैरं[4] नराधिपेनैव जलाश्रयैश्च ।
वापीतडागादिभवं[5] च नित्यं क्षेत्राधिपैरुच्चबलैर्नृभिश्च ॥१०॥

पूर्वपाठः—१ 'कोर्पं रिपुस्थे प्रभवन्ति वैरं'। २ 'शरैः समेतं च सरागकैश्च'।
३ 'सदा मनुष्यैश्च हयैश्च हस्तिभिः'। ४ 'कुम्भे रिपुस्थे च तथा हि तेजो'।
५ 'वापीतड़ागादिभिरेव नित्यं क्षत्रोधिपोच्चैः पुरुषैः सुबैलैः'।

जिसके जन्मसमय में षष्ठ भाव कुम्भराशि पर दीख पड़े वह जातक राजाओं से किसानों से तथा बलशाली कई साधारण मनुष्यों से भी वैर ठान लेता है। एवं तालाब कुआँ आदि बनवाने के कारण से हमेशः उसे वैरभाव होगा, ऐसा जानना चाहिये ॥१०॥

मीने रिपुस्थे च भवेन्नराणां वैरं च नित्यं सुतवस्त्रजातम्।
स्त्रीहेतुकं स्वीयभवं पराणामपि प्रियाणामितरेतरं च ॥११॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालिक छठा (शत्रु) भाव मीनराशि पर वर्तमान देखा जाय तो वह जातक हमेशः अपने पुत्र-कन्याओं के साथ झगड़ता है, स्त्री के कारण, वस्त्र-आभूषण के कारण, अपने शरीर के कारण तथा और इष्टमित्रों के कारण भी कई जनों से उसे वैर हो जाय ॥ ११ ॥

सप्तमभावस्थराशिफलम्—

मेषेऽस्तसंस्थे च भवेत्कलत्रं क्रूरे नराणां च खलस्वभावम्।
पापानुरक्तं कठिनं नृशंसं वित्तप्रियं साध्यपरं सदैव ॥ १ ॥

जिस जातक के जन्मकाल में सप्तम (जाया) भाव मेषराशि पर पड़े तो जानना कि उसकी स्त्री पापिनी, खलों की तरह स्वभाव रखने वाली, पाप ही में हमेशः लीन रहने वाली, महा कर्कशा, मनुष्यों को मारनेवाली तथा सिर्फ धन मिलने के प्रयास में यावच्छक्य सहयोग देने वाली अत्यन्त खराब होगी ॥ १ ॥

वृषेऽस्तसंस्थे च भवेत्कलत्रं सुरूपकं वाक्प्रणतं प्रशान्तम्।
पतिव्रताचारुगुणेन युक्तं कलाधिकं ब्राह्मणदेवभक्तम्[1] ॥२॥

वृष राशि में सप्तमभाव होने से जातक की स्त्री देखने में खूब सुन्दरी, बातचीत में बड़ी नम्रता दिखाने वाली, शान्त आकृत रखने वाली, पतिव्रताओं के उपयुक्त गुणों से सहित, कलाओं (सिलाई, चित्र खिंचाई आदि) में परम प्रवीण तथा ब्राह्मण देवता में परम भक्ति रखनेवाली है ॥ २ ॥

तृतीयराशिः[2] कुरुते कलत्रे कलत्रयुक्तं सुधनं सुवृत्तम्।
रूपान्वितं सर्वगुणोपपन्नं विनीतवेषं गणवर्जितं च[3] ॥ ३ ॥

यदि सप्तम (जाया) भाव किसी जन्मकुण्डली में मिथुन-राशिगत दिखाई दे तो जातक स्त्री वाला, धनी, अच्छे आचार–विचारों में प्रवृत्त, देखने में खूब सुन्दर, सब रम्य गुणों से विभूषित, अति नम्रता के साथ वेष रखने वाला, किन्तु सामूहिक शक्ति से वञ्चित होकर अकेला रहे, ऐसा जानना चाहिये ॥३॥

कर्केण युक्ते च मनोहराणि सौभाग्ययुक्तानि गुणान्वितानि।
भवन्ति सौम्यानि कलत्रकाणि कलङ्कहीनानि सुसम्मतानि[4] ॥४॥

पूर्वपाठः—१ 'फलाधिकं ब्राह्मणदेवभक्तिम्'। २ 'तृतीयराशौ च भवेत्कलत्रम्'। ३ 'सर्वगुणोपपन्नं विनीतवेषं गुणवर्जितञ्च'। ४ 'सुसंयुतानि'।

जिस आदमी की जन्मकुण्डली में जायाभाव कर्कराशि पर उपस्थित हो उसको शान्त प्रकृति वाली, कलङ्कहीन, अपने स्वामी के अनुकूल, उत्तम कई गुणों से युक्त देखने में पूर्ण सुन्दरी तथा बहुत दिनों तक सुहाग का सुख भोगने वाली स्त्री अनेक होती हैं अर्थात् ऐसे जातक को स्त्री का परम सुख होता है ॥४॥

सिंहेऽस्तसंस्थे च भवेत्कलत्रं तीव्रस्वभावं च खलं च दुष्टम् ।
विहीनवेषं परसद्मयुक्तं वसुप्रियं स्वल्पकृतं कृशं च ॥ ५ ॥

जिसका जन्मकालिक सप्तम भाव सिंहराशि पर सम्मिलित हो उस जातक को तीव्र स्वभाव वाली, दुष्टा, खल (कर्कशा), खराब वेष वाली, अधिक समय पराये घर में रहने वाली, धन की कामना एवं खोज में अनुरक्त, थोड़े कामों को करने वाली तथा पतली आकृति वाली अत्यन्त निन्द्य स्त्री होती है ॥ ५ ॥

[1]कन्यास्तगा चेन्मनुजस्य दाराः सुरूपदेहास्तनयैर्विहीनाः ।
सौभाग्यभोगार्थनयेन युक्ताः प्रियंवदाः सत्यधनाः प्रगल्भाः ॥६॥

—जिसके जाया भाव में कन्याराशि पड़ जाय उस जातक की स्त्री अच्छी होती है, आकृति एवं रूप रमणीय हो, परन्तु सन्तानों से हीन हो, सुहाग भोग-विलास, धन तथा गृहनीति इन सब गुणों से सुशोभित, मधुर-भाषिणी, सत्यवादिनी तथा दृढ आत्मा वाली होती है, ऐसा आचार्यों ने कहा है ॥ ६ ॥

तुलेऽस्तसंस्थे गुणगर्विताङ्ग्यो भवन्ति नार्यो विविधप्रकाराः ।
पुण्यप्रिया धर्मपराः सुदान्तप्रभूतपुत्राः पृथिवीविनीताः ॥७॥

तुलाराशि यदि किसी आदमी के जन्मकालिक सप्तम भाव में व्यवस्थित देखी जाय तो जातक की स्त्री गुणों से गर्वित (अभिमानशालिनी), पुण्य कर्म करने वाली, धर्माचरण में सहयोग देने वाली, अच्छे शान्त प्रवृत्ति के अनेक पुत्र वाली तथा पृथिवी की तरह विनीत होती है, अर्थात् जिस तरह पृथिवी में सहिष्णुता है उसी तरह उस स्त्री में नम्रता सहनशीलता आदि रहा करती है ॥ ७ ॥

[2]कीटेऽस्तसंस्थे विकलासमेता भवेच्च भार्या कृपणा नराणाम् ।
सुशिक्षिता च प्रणयेन हीना दौर्भाग्यदोषैर्विविधैः समेता ॥८॥

---

१ सर्वत्र कन्याशब्दो नित्यमाबन्तः स्त्रीलिङ्गः, किन्त्विह पुंल्लिङ्गात्मको नु भ्रान्तिकृतः संरक्षितो यथा—'कन्येऽस्तसंस्थे च भवेत्सुदाराः'—पूर्वपाठः ।

२ सर्वत्र ज्यौतिषग्रन्थे कीट-शब्देन कर्कराशिर्गृह्यते, यथा च वराहमिहिरकृता तावत्–"कीटः कर्कटराशिः सरीसृपो वृश्चिकः कथितः" एतदनुसारेण कर्कान्तरग्रहणमनुचितम्, परमिह कीटशब्दो वृश्चिकपर्याय इति पौर्वापर्य्यालोचनतः स्फुटीभवति, भवतु नाम तावदप्रसिद्धकोषगतोऽयं शब्दो वृश्चिकार्थको वा लेखकपरम्परया भ्रष्टीकृतो यथास्मिन् ग्रन्थेऽशुद्धिबाहुल्यमुपलभ्यत एवेति ।

जिस जातक के जन्म-समय में वृश्चिकराशि सप्तम-भावगत प्रतीत हो तो जानना कि आदमी की स्त्री अच्छी २ कलाओं से अनजान एवं कृपणा होती है, सुशिक्षित हो पर विश्वास से हीन तथा अनेक प्रकार के दुर्भाग्यसूचक दोषों से परिपूरित होती है ॥८॥

चापेऽस्तसंस्थे च भवेत्कलत्रं नृणां सुदुष्टं विगतस्वभावम्।
विस्रस्तलज्जं परदोषरक्षं युद्धप्रियं दम्भसमन्वितं च ॥ ९ ॥

यदि धनुराशि में किसी पुरुष का जायाभाव पड़े तो उसकी स्त्री बड़ी दुष्टा, खराब स्वभाव वाली, लज्जा से हीन, पराये दोषों को याद रखने वाली, झगड़ा करने में पूरी अभिरुचि रखने वाली, तथा ईर्ष्या के साथ औरों से बात-चीत करने वाली होती है ॥ ९ ॥

मकरो[1] यस्य च द्यूने भार्या दम्भान्विताऽधमा।
निर्लज्जा लोलुपा क्रूरा दुःस्वभावा च दुःखिता[2] ॥ १० ॥

जिसको मकरराशि जायाभाव में दिखाई दे उस जातक की स्त्री दम्भवती, अधम, निर्लज्ज, अत्यन्त लोभ रखने वाली, क्रूर स्वभाव वाली, पापिनी तथा अधिक समय क्लेश से पीड़ित रहा करती है ॥ १० ॥

घटेऽस्तसंस्थे च भवेत्कलत्रं नृणां सुदुष्टं विगतस्वभावम्।
देवद्विजेभ्यः[3] सततं प्रहृष्टं धर्मध्वजं सत्यदयासमेतम् ॥ ११ ॥

जाया भाव को किसी कुण्डली में कुम्भराशिगत होने से जातक की स्त्री दुष्टा, कठोर स्वभाव वाली, परन्तु ब्राह्मण, देवता इनकी पूजा आदि करने में प्रसन्न मन वाली, धर्म के आचरणों में मानो ध्वजा की तरह प्रसिद्ध, तथा सत्य एवं दया से सहित होती है, ऐसा जानना चाहिये ॥ ११ ॥

मीनेऽस्तसंस्थे च विकारयुक्तं भवेत्कलत्रं कुसुतं कुबुद्धि[4]।
स्वधर्मशीलं प्रणयेन हीनं सदा[5] नराणां[6] विकलप्रियं च ॥ १२ ॥

जिस आदमी के जन्मकाल में जायाभाव मीनराशि में सम्प्राप्त हो उसकी स्त्री अनेक प्रकार के विकारों से युक्त, खराब बुद्धि वाली, एवं खराब आचरण के पुत्र वाली होती है। तथा अपने परम्परागत धर्म में लीन, प्रणय (विश्वास) से हीन तथा कलाओं से वञ्चित रहती है ॥ १२ ॥

अष्टमभावस्थराशिफलम्—

मेषेऽष्टमस्थे जनने नराणां भवेद्विदेशे तु रुजा स्थितानाम्।
कथानुस्मृत्यार्थ विमूर्च्छितानां महाधनानामतिदुःखितानाम् ॥१॥

---

१ पूर्वपाठः—'मकरो यदि चेद् द्यूने'। २ 'दुःस्वभावा च क्लेशिता'।
३ 'देवद्विजानां सततं प्रहृष्टं धर्मध्वजं सत्सु क्षमासमेतम्'। ४ 'कुमतिं कुपुत्रम्'।
५ अत्र 'संयोगपूर्वोऽपि क्वचिल्लघुः स्यात्' इति कथञ्चिन्निर्वाहः। ६ 'च भवेन्नराणां'।

यदि किसी आदमी के जन्मकाल में मेषराशि अष्टम (मृत्यु) भाव में पड़ जाय तो वह विदेश में रहता हुआ रोगी होता है, अपने सम्बन्ध की पुरानी बातों के स्मरण से मूर्छित हो, बड़ा दरिद्र हो तथा हमेशः अधिक दुःख का अनुभव हर समय उसे उसे करना पड़ता है ॥ १ ॥

वृषेऽष्टमस्थे च भवेन्नराणां मृत्युर्गृहे श्लेष्मकृताद्विकारात् ।
महासनाद्वाथ चतुष्पदाद्वा रात्रौ तथा दुष्टजनादिसङ्गात् ॥ २ ॥

जिसको जन्मकालीन अष्टम भाव वृषराशि पर आ जाय वह जातक श्लेष्म (कफ) के सम्बन्धी विकारों के द्वारा अपने घर पर मृत्यु को पाता है, अथवा बहुत खाने-पीने से, चौपायों (हाथी, घोड़े आदि) से तथा रात में किसी दुष्टजन के संसर्ग से उसकी मृत्यु होती है ॥ २ ॥

तृतीयराशौ च भवेन्नराणां मृत्युस्थिते मृत्युरनिष्टसङ्गात् ।
लाभोद्भवो वा रससम्भवो वा गुदप्रकोपादथवा प्रमेहात् ॥ ३ ॥

यदि मिथुन राशि पर किसी जातक का जन्मकालीन मृत्यु (अष्टम) भाव दीख पड़े तो जानना कि उस आदमी की मृत्यु किसी शत्रुजनों के संसर्ग से या पाप के आचरण से हो, या लाभ के प्रपञ्च से, या रसात्मक पदार्थों के सम्बन्ध से या गुदमार्ग के रोग (भगन्दर आदि) से या प्रमेह (बहुमूत्र) के कारण जातक मर जाय, ऐसा आचार्यों ने फल कहा है ॥ ३ ॥

कर्केऽष्टमस्थे च जलोपसर्गात्कीटात्तथा चैव विभीषणाद्वा ।
भवेद्विनाशः परहस्ततो वा विदेशसंस्थस्य नरस्य चैव ॥ ४ ॥

यदि कर्कराशि किसी आदमी के अष्टम भाव में पड़ जाय तो कहना कि इस जातक की मृत्यु जलाशय से या भयानक कीड़े से होगी अथवा विदेश में रहता हुआ पराये हाथ से मृत्यु पावेगा ॥ ४ ॥

सिंहेऽष्टमस्थे च सरीसृपाच्च भवेद्विनाशो मनुजस्य[१] सम्यक् ।
व्यालोद्भवो वापि वनाश्रितस्य चौरोद्भवो वाथ चतुष्पदाच्च ॥ ५ ॥

जिसको अष्टमभाव सिंह-राशि पर व्यवस्थित हो उस जातक को सर्प काटने के द्वारा, या वन में रहने के कारण, या चरों के सहारे अथवा चौपायों (हाथी, घोड़े, शेर, चीता, आदि) के द्वारा मृत्यु पकड़ लेती है अर्थात् इन कारणों से उसकी मृत्यु होती है ॥ ५ ॥

कन्या यदा चाष्टमगा विलासात्सदा स्वचित्तान्मनुजस्य विद्यात् ।
स्त्रीणां हि हिंस्राद्विषमाशनात्स्यात् स्त्रीणां कृते वा स्वगृहाश्रितस्य ॥६॥

पूर्वपाठः—१ 'भवेद्विनाशस्तनुजस्य सम्यक्' ।

यदि कन्याराशि अष्टम-भाव में सम्प्राप्त हो तो जातक अधिक विलासिता (बहुत स्त्री-सम्भोग) के कारण, अपने चित्त की विचित्र धारणा के कारण, स्त्री की हत्या के द्वारा, खराब चीजों को खाने से या किसी परस्त्री में अनुरक्त रहने के कारण अपने ही घर पर मृत्यु को पाता है ॥ ६ ॥

तुलाधरे चाष्टमगे च मृत्युर्भवेन्नराणां द्विपदोत्थ एव।
[1]निशागमे स्वस्थकृतोपवासाद्दिष्टस्य कोपादथवा प्रतापात् ॥७॥

जिस जातक के जन्म समय में तुलाराशि मृत्यु-भाव में पड़े वह द्विपद (मनुष्य, पक्षी) आदि के कारण रात में मृत्यु को पाता है। व्रतादि में अधिक उपवास करने से, भाग्य के प्रकोप से या अपने पराक्रम को अनवसर पर दिखाने के कारण पुरुष मर जाता है ॥ ७ ॥

[2]स्थानेऽष्टमे वृश्चिकराशिसंज्ञे नृणां विनाशो रुधिरोद्भवेन।
रोगेण वा कीटसमुद्भवैश्च स्वस्थानसंस्थाय विषोद्भवो वा ॥ ८ ॥

जिस आदमी का जन्मकालिक अष्टमराशि (वृश्चिक) में पड़े उस जातक की मृत्यु रुधिर के विकारों से होती है। अथवा कीड़े को (शरीर में) पैदा होने के कारण या अपने घर ही पर विष खाने के कारण मरण हो जाय ऐसा कहा गया है ॥ ८ ॥

चापेऽष्टमस्थे प्रभवेन्नराणां मृत्युः स्वसंस्थे शरताडनेन।
गुह्योद्भवेनापि गदोद्भवेन [3]चतुष्पदोत्थेनजलोद्भवेन ॥ ९ ॥

धनु राशि में किसी जातक का अष्टमभाव दीख पड़े तो जानना कि उसकी मृत्यु अपने घर ही पर डण्डे-आदि के आघात से हो जाय, गुदमार्ग के भयङ्कर रोग (भगन्दर) आदि से, चौपायों से या जल के द्वारा अवश्य मर जाय, ऐसा कहना चाहिये ॥ ९ ॥

मृगेऽष्टमस्थे च नरस्य यस्य विद्यान्वितो मानगुणैरुपेतः।
कामी स शूरोऽथ विशालवक्षाः शास्त्रार्थवित्सर्वकलासु दक्षः ॥ १० ॥

यदि किसी के जन्म समय में अष्टम भाव मकर-राशिगत प्रतीत हो तो वह आदमी विद्वान्, अभिमानशील, गुणवान्, अधिक काम की चेष्टा रखने वाला, शूर-वीर, बड़ा विशाल हृदय वाला, शास्त्रार्थ की परिपाटी को भली-भांति जानने वाला तथा कलाओं (कारीगरियों) में निपुण पुरुष होता है ॥ १० ॥

[4]घटेऽष्टमस्थे विभवप्रणाशो वैश्वानरात्सद्मगतात्तु जन्तोः।
नानाव्रणैर्वायुभवैर्विकारैः श्रमात्तथा गेहविहीनमृत्युः ॥ ११ ॥

पूर्वपाठः—१ 'निशागमे संस्थकृतोपवासाद्दिष्टिं च कोपोऽप्यथवा प्रतापात्'।
२ 'स्थानेऽष्टमस्याष्टमराशिसञ्ज्ञे'। ३ 'चतुष्पदोस्थस्य जलोद्भवेन'।
४ 'घटेऽष्टमस्थे विभवेद्विनाशो'।

जिसके जन्मकाल में कुम्भराशि अष्टम भाव (मृत्यु) में सम्प्राप्त देखा जाय तो उस आदमी के घर में आग लग जाने के कारण सारी सम्पत्ति (घर की) नष्ट हो जाय, शरीर में अनेक घाव, वायु के बिगड़ने से भी, तथा हर तरह से परिश्रम अधिक होने के कारण घर से विहीन रहता हुआ ही मर जावे, ऐसा शास्त्रकारों ने कहा है ॥११॥

मीनेऽष्टमस्थे प्रभवेच्च मृत्युर्नृणामतीसारकृतश्च कष्टात् ।
पित्तज्वराद्वा सलिलाशयाद्वा रक्तप्रकोपादथवा च शस्त्रात् ॥१२॥

यदि किसी जन्मकुण्डली में मृत्यु (अष्टम) भाव मीनराशि में पड़ जाय तो जातक का मरण अतीसार रोग के कारण बड़ा कष्ट के साथ होता है । अथवा पित्तज्वर से, या जल में डुबने आदि से, या रक्त के प्रकोप से, या युद्ध में किसी शत्रु के शस्त्रों से इसकी मृत्यु होती है ॥ १२ ॥

धर्मभावस्थितराशिफलम्—

धर्मस्थिते चैव हि मेषराशौ चतुष्पदोत्थं प्रकरोति धर्मम् ।
तेषां प्रदानेन तु पोषणेन दयाविवेकेन सुपालनेन ॥ १ ॥

यदि मेषराशि किसी आदमी के जन्मकाल में नवम-भावगत दीख पड़े तो जानना कि जातक चतुष्पदों (गाय, भैंस, घोड़े आदि) का भरण पोषण दया के साथ करने से, विचार-पुरस्सर उन्हीं के लालन-आदि से धर्म पाता है अर्थात् उसका मन चौपायो की सेवा में बहुत लगा रहे ॥ १ ॥

वृषे च धर्मं प्रगते मनुष्यो धर्मं करोत्येव धनप्रभूतम् ।
विचित्रदानैर्बहुगोप्रदानैर्विभूषणाच्छादनभोजनेन ॥ २ ॥

जिसका जन्मगत नवम (धर्म) भाव में वृषराशि प्रतीत हो वह अधिक धन के सहारे दीनों की रक्षा, गोदान एवं अनेक प्रकार की चीजों के दान से भूषण-वस्त्र-भोजन आदि समय पर अभ्यागतों को देने से बड़ा धर्मवान् कहलाता है ॥२॥

तृतीयराशौ प्रकरोति धर्मं धर्माकृतिं सौम्यकृतं सदैव ।
अभ्यागतोत्थं द्विजभोजनाद्वा दीनानुकम्पाश्रयमानसेभ्यः ॥३॥

यदि मिथुनराशि पर किसी आदमी का नवम भाव पड़े तो जातक धर्मस्वरूप, सौम्यमूर्ति वाला, अतिथि-अभ्यागत एवं ब्राह्मणों को भोजन देकर सत्कार करनेवाला दीन-जनों के ऊपर कृपाकर्त्ता तथा उन्हें आश्रय, आदर और प्रकार की भी सेवा करने वाला भक्त पुरुष होता है ॥ ३ ॥

धर्माश्रिते चैव चतुर्थराशौ तीर्थाश्रयाद्वा वनसेवनेन ।
व्रतोपवासैर्विषमैर्विचित्रैर्धर्मं नरः संकुरुते सदैव ॥ ४ ॥

पूर्वपाठः—१ 'दीनानुकम्पाश्रयमानसेवाः'।

जिस आदमी के जन्मसमय में कर्कराशि नवम-भावगत दिखाई दे वह अनेक प्रकार के कठिन व्रत-उपवास करने से बड़ा धर्मिष्ठ होता है, वा तीर्थ (काशी, प्रयाग आदि) में अधिक समय तक रहने से या वन में तपस्या करने से हमेशः धर्म का पक्षपाती होता है ॥ ४ ॥

धर्माख्यभावस्थितसिंहराशौ[1] धर्मं परेषां प्रकरोति मर्त्यः।
स्वधर्महीनो विकृतक्रियाभिः सुतीर्थरूपे विनयेन हीनः ॥ ५ ॥

यदि किसी के जन्मकाल में सिंहराशि धर्मभाव में परिणत हो तो जातक अपने धर्म को छोड़ कर पराये (नये कपोल-कल्पित) धर्मों का अनुयायी बने, उन्हीं खराब क्रियाओं को करने के कारण अपने धर्म से बिल्कुल हीन हो, प्रत्युत अपने ही को तीर्थ स्वरूप माने (पक्का नास्तिक हो), तथा विनय से हीन रहे अर्थात् सभी के सामने औद्धत्य के साथ पेश आवे ॥ ५ ॥

धर्माश्रितः स्याद्यदि षष्ठराशिः स्त्रीधर्मसेवां कुरुते मनुष्यः।
विहीनभक्तिर्बहुजन्मतश्च[2] पाखण्डमाश्रित्य तथान्यपक्षम् ॥ ६ ॥

जिसके जन्मकालिक कन्याराशि में उसका धर्म (नवम)भाव वर्त्तमान हो वह जातक स्त्री धर्म का पूरा पक्ष लेता है। सदैव पाखण्ड किया करे तथा पराये धर्मों के कथनानुसार स्वयं भी सब काम करे, कई जन्म (पहले ही) से भक्ति क्या चीज है इस बात को भी नहीं जान सके अर्थात् नास्तिक होता है ॥ ६ ॥

तुलाधरे धर्मगते मनुष्यो धर्मं करोत्येव सदा प्रसिद्धम्।
देवद्विजानां परितोषणं च जनानुरागेण तथाद्भुतानाम् ॥ ७ ॥

जिस आदमी को नवम-भाव तुलाराशि में सम्प्राप्त हो वह प्रसिद्ध पुराने अपने धर्म के पालन में लीन रहे, देवता और ब्राह्मणों का परितोष करने वाला, तथा लोगों के अनुराग से विशिष्ट महात्माओं को सन्तुष्ट करने वाला उदार पुरुष होता है ॥७॥

धर्माश्रिते चाष्टमगे च राशौ पाखण्डधर्मं कुरुते मनुष्यः।
पीडाकरं चैव तथा जनानां भक्त्या विहीनं परपोषणेन ॥ ८ ॥

यदि धर्मभाव में वृश्चिकराशि पड़ जाय तो कुण्डली वाला जातक पाखण्डधर्म (आर्य-समाज आदि) को मानने वाला होता है। जिस धर्म से लोगों को बहुत मानसिक पीड़ा हो तथा भक्ति का नाम तक न हो। पराये की भलाई (भरण-पोषण, आदि करना धर्म न माना जाता हो, अर्थात् पक्का नास्तिक कहावे ॥ ८ ॥

चापे तथा धर्मगते मनुष्यः करोति धर्मं द्विजदेवतृप्तिम्[3]।
स्वेच्छान्वितं शास्त्रविनिर्मितं च प्रभूततोयं प्रथितं त्रिलोके ॥ ९ ॥

पूर्वपाठः—१ 'आसंस्थिता चार्य सिंहराशौ'। २ 'बहुजिष्णुता चे'–ति।
३ 'द्विजदेवतर्पणम्'।

यदि नवम भाव धनु-राशिगत दिखाई दे तो मनुष्य हमेशः धर्म का ख्याल रखे, ब्राह्मण एवं देवता का सेवा सत्कार करे, यह उस धर्म का पालन करे जो कि महात्माओं की इच्छा के अनुसार शास्त्र में भली भाँति वर्णित हो (जैसा कि सनातन धर्म है), जिसके अनुकूल सन्ध्या, तर्पण आदि क्रियाओं के लिए पर्याप्त जल का काम पड़े तथा जो धर्म तीनों लोक में प्रसिद्ध हो, अर्थात् यह जातक परम्परागत धर्म का अनुयायी हो ॥ ९ ॥

धर्माश्रिते वै मकरे मनुष्यः प्राप्नोत्यधर्मं कुरुते प्रतापम् ।
पश्चाद्विरक्तश्च विडम्बनाभिः कौलं समाश्रित्य सदैव पक्षम् ॥१०॥

जिस जातक की जन्मकुण्डली में मकरराशि पर नवम-भाव उपस्थित हो वह अधर्म करने वाला, तथापि पूर्व-जन्मार्जित पुण्य के प्रभाव से प्रतापशाली होता है, उसके बाद कई विडम्बनाओं के कारण उन सबों से विरक्त हो जाय एवं अपने कौलिक पक्ष का आश्रय लेता है ॥ १० ॥

कुम्भे हि धर्मं प्रगते मनुष्यो धर्मं विधत्ते सुरसङ्घजातम् ।
वृक्षाश्रयोत्थं च तथा शिवं च आरामवापीप्रियता सदैव ॥ ११ ॥

यदि कुम्भराशि पर किसी का धर्म (नवम) भाव आ जाय तो जातक को देव-समूहों से जायमान धर्म प्राप्त होता है, प्रचलित रास्ते पर वृक्ष (छाया-दार) को रोपने से महा कल्याण हो तथा हमेशः बगीचा, तालाब, मन्दिर आदि धर्म कामों में प्रेम रखने वाला होता है ॥ ११ ॥

धर्माश्रिते चैव हि मीनराशौ करोति धर्मं विविधं नृलोके ।
सत्सेवयारामतडागजातं तीर्थाटनेनार्थसुखैर्विचित्रैः ॥ १२ ॥

जिस आदमी के जन्मकाल में मीनराशि धर्मभाव गत दीख पड़े वह मर्त्यलोक में विविध प्रकार का धर्म करे, साधु-महात्माओं की सेवा करे, जहाँ-जहाँ बगीचे, तालाब, मन्दिर आदि जनता की भलाई के उद्देश्य से बनवाने के सहारे, तीर्थाटन से अनेक तरह के आर्थिक सुख प्राप्त करे, ऐसा जानना चाहिये ॥ १२ ॥

दशमभावस्थितराशिफलम्—

कर्माश्रिते मेषसुनामराशौ करोत्यधर्मं प्रवरं सुदुष्टम् ।
पैशुन्यरूपं विनयातिरिक्तं सुनिन्दितं साधुजनस्य लोके ॥ १ ॥

जिसको जन्मकाल में दशम-भाव मेषराशि में स्थित हो अर्थात् जिसका जन्मलग्न कर्क पड़े वह जातक अधर्म करने वाला, बड़ा भारी दुष्ट, चुगुलखोर याने परम प्रेमियों के बीच में भी झगड़ा करने वाला, विनय से हीन, तथा साधुजनों के बीच महा निन्दित समझा जाता है ॥ १ ॥

पूर्वपाठः—१ 'कुम्भे च धर्मं प्रगते च धर्मं पुंसा..........' ।

वृषेऽम्बरस्थे प्रकरोति कर्म व्ययात्मकं साधुजनानुकम्पम् ।
द्विजेन्द्रदेवातिथिभिर्विभाजकं ज्ञानात्मकं प्रीतिकरं सतां च ॥ २ ॥

यदि किसी जातक के जन्मसमय में दशम-भाव वृषराशिगत प्रतीत हो तो जानना कि आदमी व्यय करने वाला, सज्जनों के ऊपर दया दिखाने वाला, ब्राह्मण देवता एवं अतिथि–अभ्यागतों को भली-भाँति योग्यता के अनुसार आदर करने वाला, महा ज्ञानवान् तथा भले आचरण वाले पुरुषों की प्रीति-कारक होगा, जैसा कि आचार्यों ने कहा है ॥ २ ॥

युग्मेऽम्बरस्थे प्रकरोति मर्त्यः कर्म प्रधानं गुरुभिः प्रदिष्टम् ।
कीर्त्त्यान्वितं प्रीतिकरं जनानां प्रभासमेतं कृषिजं सदैव ॥ ३ ॥

यदि मिथुन राशि में किसी मनुष्य का दशमभाव पड़ जाय तो वह कर्म को प्रधान मानने वाला, गुरुवर्गों के कथनानुसार बर्त्तने वाला, कई कीर्त्तिओं (मन्दिर धर्मशाला आदि) से सहित, मनुष्य-मात्र के साथ प्रेम करने वाला, बड़ा प्रभावशाली, तथा खेती के सहारे अधिकांश अपनी जीविका का पालन करने वाला पुरुष होता है ॥३॥

कर्केऽम्बरस्थे प्रकरोति मर्त्यः कर्म प्रपारामतडागसंज्ञम् ।
विचित्रवापीतटवृन्दजं च कृपापरं नित्यमकल्मषं[1] च ॥ ४ ॥

जिस आदमी के जन्म-समय में दशमभाव कर्कराशि पर उपस्थित हो वह तालाब, बावड़ी, पौसड़ा आदि का काम करने वाला, धार्मिक, जीवमात्र पर कृपा के साथ पेश आने वाला तथा हमेशः पाप से रहित, कर्म में दत्तचित्त रह कर समय बिताने वाला, शान्त प्रकृति का आदमी होता है ४ ॥

सिंहेऽम्बरस्थे कुरुते मनुष्यो रौद्रं सपापं विकृतं च कर्म ।
स पौरुषं प्राणसमं[2] स्वकीयं वधात्मकं निन्दितमेव नित्यम् ॥ ५ ॥

यदि सिंहराशि दशमभाव में पड़ जाय तो कुण्डली वाला जातक भयानक, पापमय तथा विकृत कर्मों को करने वाला होता है । प्राण के समान अपने पौरुष को स्थित रखने की आकांक्षा वाला हो, तथा हमेशः जीवों का वध करना उसका काम समझा जाय ॥५॥

नभःस्थलस्थे त्वथ षष्ठराशौ करोति कर्माज्ञमितो मनुष्यः ।
स्त्रीराजमानौ भजते विरुद्धं कामाल्पकं निर्धनमन्त्रिलोके ॥ ६ ॥

जिसके जन्म समय में कर्म भाव (दशम) कन्याराशिगत देखा जाय वह कार्यमात्र में अज्ञ (अपरचित) हो, स्त्री एवं राजा का मान (आदर) उल्टी तौर पर करे, काम-चेष्टा उसे कम प्रतीत हो, किसी बड़े दरबार में मन्त्री रह कर भी दरिद्र कहावे ॥ ६ ॥

पूर्वपाठः—१ 'नित्यमकल्पकं च' । २ 'च नित्यं धर्मात्मकं' ।

तुलाधरे व्योमगते मनुष्यो वाणिज्यकर्म प्रचुरं करोति।
धर्मात्मकं चापि नयेन युक्तं सतामभीष्टं परमं पदं च॥ ७॥

यदि कर्म (दशम) भाव किसी आदमी की जन्मकुण्डली में तुलाराशि पर स्थित हो तो मनुष्य व्यापार का काम बहुत करता है, धर्मसम्बन्धी बातों में दत्तचित हो, राजनीति या धर्मनीति सबको जानने वाला हो, सज्जनों की इच्छा के अनुसार स्वभाव रखने वाला तथा सर्वांशतः पराये की भलाई के ख्याल से सभी कामों में हाथ बँटाने वाला भाग्यशाली पुरुष होता है॥ ७॥

कीटेऽम्बरस्थे प्रकरोति कर्म पुंसामदुष्टं जनसम्मतं च।
व्ययङ्करं देवगुरुद्विजानां सुनिर्दयं नीतिविवर्जितं च॥ ८॥

जिसका कर्म भाव (जन्मकालीन) वृश्चिक-राशिगत प्रतीत हो वह बहुत पुरुषों के बीच में सच्चा कर्म करने वाला, जो कि जनसमुदाय का अनुकूल हो, देवता, गुरु एवं ब्राह्मणों के उद्देश्य से खर्च पर्याप्त करने वाला, तथापि दया से हीन एवं नीति से रहित अपूर्व प्रकृति का पुरुष होता है॥ ८॥

चापेऽम्बरस्थे च करोति कर्म सर्वात्मकं चापयुतं मनुष्यः।
परोपकारात्मकभोजनाद्यं नृपात्मकं भूमियशःसमेतम्॥ ९॥

यदि धनुराशि किसी जातक की कुण्डली में दशम-भावगत दिखाई दे तो जानना कि वह वैसे सभी कामों को करने वाला होता है, जिनमें कि हर हालत में लाभ की पूरी आशा दीख पड़े, पराये का उपकार करने वाला हो, राजा की तरह उत्कृष्ट वस्तुओं का भक्षण करे, बहुत जमीन का मालिक रहे तथा लोगों में बड़ा यशस्वी कहावे॥ ९॥

मृगेऽम्बरस्थे प्रखरप्रतापं कर्मप्रधानं कुरुते मनुष्यम्।
सुनिर्दयं बन्धुजनैः समेतं धर्मेण हीनं खलसम्मतं च॥ १०॥

जिस जातक का जन्मकालीन दशमभाव मकरराशि में सम्प्राप्त हो वह आदमी सूर्य की तरह तीव्र प्रताप वाला होता है। याने इतना बड़ा पराक्रमशील हो कि उसके डर से कोई उत्तर देने वाला उस स्थान में न हो, कर्म ही को प्रधान मानने वाला, दया से हीन हो, अपने कई बन्धुवर्गों से सहित हो, धर्म न करे तथा अधिक समय खलों के साथ सहानुभूति रखने के कारण इसकी भी आत्मा दुष्टमय हो जाय, ऐसा जानना चाहिये॥ १०॥

घटेऽम्बरस्थे च करोति कर्मप्रधानमर्त्यं[1] परवञ्चनार्थम्।
पाखण्डधर्मान्वितमिष्टलोभाद्विश्वासहीनं जनताविरुद्धम्॥ ११॥

यदि किसी कुण्डली में कुम्भराशि पर दशम (कर्म) भाव दीख पड़े तो जानना

पूर्वपाठः—१ 'प्रयाणमर्त्यं परवञ्चनार्थम्'।

कि यह जातक सिर्फ कर्म ही को प्रधान मानने वाला, शत्रुओं को या अन्यों को वञ्चना से फँसाने वाला, नास्तिक की तरह धर्म की बातों में "क्या क्यों?" करने वाला हो, अपने अभिप्राय के अनुसार लोभ ही के कारण इसका विश्वास कोई दूसरा न करे, तथा ईर्ष्या में आकर सारी जनता के खिलाफ में रहा करे, इसमें सन्देह नहीं है ॥ ११ ॥

मीनेऽम्बरस्थे प्रकरोति कर्म मर्त्यं कुले धर्मगुरुप्रदिष्टम्।
कीर्त्यान्वितं सुस्थिरमादरेण नानाद्विजाराधनसंस्थिरं च ॥ १२ ॥

जिस जातक का जन्मकालिक दशम भाव मीन-राशिगत देखा जाय वह आदमी अपने कौलिक धार्मिक गुरु (दीक्षा वाले) के उपदेश के अनुसार धर्म करने वाला, कई तरह की कीर्त्ति (देवालय, बावड़ी आदि) से सहित, तथा धीर एवं अनेक ब्राह्मणों को आदर के साथ सेवा करने में तत्पर रहा करे ॥ १२ ॥

लाभभावस्थितराशिफलम्—

[1]लाभालये मेषसमाख्यराशौ चतुष्पदोत्थं प्रकरोति लाभम्।
तथा नराणां नृपसेवया च देशन्तराराधितसुप्रभूतम् ॥ १ ॥

जिसको जन्मकालिक लाभ (एकादश) भाव मेषराशि पर पड़े उसको चौपाइयों के व्यापार से लाभ होता है, किसी राजा की सेवा से अथवा विदेश में जाकर वहीं बड़े लोगों के आश्रय में रहने से धन की प्राप्ति होती है। अर्थात् इस योग में परिश्रम करने पर पर्याप्त धन का लाभ हो ऐसा जानना चाहिये ॥ १ ॥

आयस्थिते वै वृषभे प्रलाभो भवेन्मनुष्यस्य विशिष्टजातः।
[2]स्त्रीभ्यः सकाशादथ सज्जनेभ्यः कुशीलगोधर्मकृतेस्तथैव ॥ २ ॥

यदि वृषराशि किसी कुण्डली में लाभ–भावगत देखा जाय तो जातक को बड़े लोगों से, कई स्त्रियों से या सज्जन पुरुषों के सहारे अधिक लाभ होता है, खेती करने से, तथा गौ आदि की अच्छी सेवा रूप धर्म करने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है जैसा कि आचार्यों ने कहा है ॥ २ ॥

तृतीयराशिः कुरुतेऽतिलाभं लाभाश्रितः स्त्रीदयितं सदैव।
वस्त्वर्थमुख्यासनपानजातं सदाऽत्र जातं विबुधप्रसिद्धम्[3] ॥ ३ ॥

मिथुन-राशिगत ग्यारहवें भाव को स्थित होने से कुण्डली वाला जातक बहुत धन का लाभ करता है, अपनी स्त्री का परम प्रेमी हो, अच्छी २ वस्तु, धन तथा रम्य खान–पान से इतना यशस्वी हो कि पण्डितों के बीच में भी वह पुरुष महा प्रसिद्ध होकर रहता है ॥ ३ ॥

पूर्वपाठः—१ लाभालये मेषगते च राशौ।
२ 'स्त्रीणां सकाशादथ सज्जनानां कुशीलगोधर्मकृतिस्तथैव'।
३ 'वस्त्वर्थमुख्यासनपानजातं सदा नराणां विविधप्रसिद्धम्'।

लाभो भवेल्लाभगते च राशौ सदा चतुर्थे वरजातकानाम्।
सेवाकृषिभ्यां जनितः प्रभूतः शास्त्रेण वा साधुजनैश्च पश्चात्॥४॥

जिस जातक के जन्मसमय में ग्यारहवें भाव कर्क राशि में देख पड़े तो जानना कि उसको बड़े लोगों की सेवा से तथा खेती करने से लाभ होगा। एवं शास्त्र का अध्ययन-अध्यापन से वा साधु-महात्माओं की कृपा से भी उसे धन की प्राप्ति होती है, ऐसा जानना चाहिये॥ ४॥

लाभाश्रिते[1] पञ्चमभे सुलाभो भवेन्मनुष्यस्य निगर्हणाच्च।
नानाजनानां वधबन्धनैर्वा व्यायामदेशान्तरसंश्रयाच्च॥ ५॥

यदि किसी के जन्मकालिक लाभ-भाव सिंहराशि में पड़ जाय तो जातक को निन्दा से, अनेक मनुष्यों के वध करने से, अथवा व्यायाम (कसरत) करने से वा विदेश में जाकर नौकरी के सहारे पर्याप्त धन का लाभ होता है॥ ५॥

कन्यात्मके लाभगते मनुष्यः प्राप्नोति लाभं विविधं सपर्याः।
शास्त्रागमाभ्यां[2] विनयेन साकं नित्यं विवेकेन तथाऽद्भुतेन॥६॥

लाभ-भाव यदि किसी आदमी के जन्मकाल में कन्या-राशिगत मालूम पड़े तो जानना कि वह जातक बहुत प्रकार (अन्न, वस्त्र, भूषण, रत्न मणि आदि) का लाभ करनेवाला हो, लोगों से पूजा पावे, वेद और वेदाङ्ग (शास्त्रों) का ज्ञाता हो, विनय तथा अद्भुत उत्तम विचार के साथ सभी अवस्था में काम करने वाला, विचारशील पुरुष होता है, ऐसा शास्त्रकारों ने कहा है॥ ६॥

तुलाधरे लाभगते मनुष्यो वाणिज्यतो लाभमलं करोति[3]।
सुसाधुसेवाविनयेन नित्यं सुखं स्तुतं मुख्यतमं प्रभूतम्॥७॥

यदि किसी आदमी के कुण्डली में लाभ-भाव तुलाराशि पर विद्यमान हो तो वह जातक विचित्र तरीके व्यापार में पूर्ण धन का लाभ करता है। साधु-महात्माओं की सेवा करे, तथा हमेशः सुखों में प्रधान सुख जो कि उस देश-काल में बहुत अलभ्य समझा जाय उसका अनुभव करने वाला भाग्यवान् पुरुष होता है॥७॥

लाभाश्रिते चाष्टमसंज्ञराशौ प्राप्नोति लाभं मनुजोऽतिमुख्यम्।
छलेन पापेन सुभाषणेन परस्य पैशुन्यकृतैर्विकारैः॥ ८॥

जिसके जन्मसमय में वृश्चिकराशि एकादश (लाभ) भावाधिगत दीख पड़े वह जातक कुछ ऐसी चीजों का लाभ करता है कि फिर कोई आवश्यकता उसे नहीं रहती जो कि छल-प्रपञ्च से, पाप कर्मों के आचरण से, कहीं पर अच्छी बात-चीत करने से

पूर्वपाठः—१ 'लाभाश्रिते पञ्चमगे च राशौ'।
२ 'शास्त्रागमाभ्यां विनयेन पुंसां नित्याविवेकेन तथाद्भुतेन'।
३ 'प्राप्नोति लाभं वणिजे विचित्रे'।

एवं पराये मनुष्यों के लिए पिशुनता (चुगली) के विकारों से लाभ करे, ऐसा जानना चाहिए ॥ ८ ॥

लाभाश्रिते चैव धनुर्धरे च नृपैर्विलासान् भजते मनुष्यः।[1]
सत्सेवया वा निजपौरुषेण मुख्यं-चराराधनतश्च लाभम्[2] ॥९॥

यदि धनुराशि किसी आदमी के एकादश-भाव हो जाय तो वह जातक राजाओं के सहारे अनेक भोग-विलास करता है, सज्जन पुरुषों की सेवा से या अपने ही पराक्रम से वा किसी साम्राज्य के प्रधान गुप्तचर की आराधना से पूरा धन का लाभ करता है, इसमें सन्देह नहीं मानना चाहिये ॥ ९ ॥

लाभाश्रिते वै मकरेऽर्थलाभो भवेन्नराणां जलयानयोगात्[3] ।
विदेशवासान्नृपसेवनाद्वा व्ययात्मकं भूरितरं सदैव ॥१०॥

जिसके लाभ-भाव मकरराशि पर उपस्थित हो वह कुण्डली वाला आदमी का जलयान (जहाज के सहारे समुद्रयात्रा) के योग से बहुत लाभ करता है, विदेश में रह कर किसी संस्था की नौकरी से या अपने देश में किसी राजा की सेवा से धन पर्याप्त मिलता है, किन्तु "आयात् स्वल्पतरो व्ययः" इस नीति के विरुद्ध बहुत खर्च हमेशः करने वाला आदमी होता है ॥ १० ॥

आयुःस्थिते कुम्भधरे च लाभो भवेन्मनुष्यस्य कुकर्मजातः।
त्यागेन धर्मेण पराक्रमेण विद्याप्रभावात्सुसमागमश्च ॥११॥

जिसको लाभ-स्थान कुम्भ में दीख पड़े अर्थात् जन्मलग्न मेष हो वह कुण्डली वाला जातक कुकर्म (पापाचरण) करने से बहुधा किसी बड़ी खानदान की विधवा के साथ व्यभिचार करने से बहुत धन का लाभ करता है। स्वयं भी उसमें से दीन, साधुओं के लिये दान करने से, या पराक्रम से, या विद्या के प्रभाव से सब विभागों के आदरणीय पुरुषों के साथ उसकी सहानुभूति हो जाती है, ऐसा जानना चाहिये ॥ ११ ॥

लाभाश्रिते चान्त्यगते च राशौ प्राप्नोति लाभं विविधं मनुष्यः।
मित्रोद्भवं पार्थिवमानजातं विचित्रवाक्यैः प्रणयेन नित्यम् ॥१२॥

एकादश-भाव में मीनराशि पड़े तो कुण्डली वाला आदमी को अनेक प्रकार का लाभ होता है। जो लाभ मित्रों के सहारे, राजाओं की प्रसन्नता से, विचित्र कथा-सन्दर्भ के व्याख्यान से तथा व्यक्तिमात्र के उन पर विश्वास रहने के कारण हमेशः हुआ करे। अर्थात् इस योग में जातक अपनी पटुता के द्वारा बहुत धन का लाभ करता है ॥१२॥

पूर्वपाठः—१ नृपं विलासान् भजते मनुष्यः।
२ मुख्यं चराराधनवांश्च नित्यम्।
३ 'लाभाश्रिते वेगकरेऽर्थलाभो भवेन्नराणां जनयानयोगात्' इति पूर्वपाठः।

व्ययभावस्थितराशिफलम्—

मेषे व्ययस्थे च भवेन्नराणां व्ययः सुखाच्छादनभोजनेन ।
चतुष्पदानेकविवर्द्धनेन लाभेन नानाविधपौरुषेण ॥ १ ॥

यदि किसी आदमी की जन्मकुण्डली में मेषराशि बारहवें भाव (व्यय) में सम्प्राप्त देखा जाय तो उसको भोग-विलास, खान-पान, वस्त्र-आभूषण आदि में बहुत खर्च होता है, चतुष्पद (घोड़े, हाथी आदि) की संख्या बढ़ाने में भविष्य लाभ के उद्देश्य से पहले उद्योग में, तथा अपने पराक्रम दिखाने के उपलक्ष्य में उसका बहुत व्यर्थ खर्च हो, ऐसा जानना ॥ १ ॥

वृषे व्ययस्थे व्यय एव पुंसां भवेद्विचित्राम्बरयोषितां च ।
लाभेन राज्येन पराक्रमेण सधातुवादैर्विबुधैः सदैव ॥ २ ॥

जिस जातक के जन्मकाल में वृषराशि व्यय-भावगत प्रतीत हो उसको विचित्र २ बहुमूल्य कपड़े एवं स्त्रियों के साथ विलासिता में बहुत खर्च होता है ; तथा च किसी स्टेट की प्राप्ति के उद्देश्य में या अपने पराक्रम के प्रकाशन एवं धातु के सम्बन्ध में कई पण्डितों के साथ विवाद होने के कारण मुकद्दमा में भी उसका रुपया अधिक बरबाद होता है, ऐसा कहा गया है ॥ २ ॥

तृतीयराशौ व्ययगे नराणां व्ययो भवेत्स्त्रीव्यसनात्सकैश्च ।
भूतोद्भवो वा सततं प्रभूतः कुशीलजः पापजनैर्गजैश्च ॥३॥

यदि किसी की जन्मकुण्डली में मिथुनराशि व्यय (बारहवां) भाव में स्थित देखा जाय तो जातक को स्त्रियों के साथ अतिशय सङ्ग करने में, भूत-प्रेत-बाधा को हटाने के अभिप्राय से तान्त्रिक शान्ति अनुष्ठान आदि करने में, खेती में अथवा खराब शील-स्वभाव होने के कारण शान्तिमय जीवन बनाने की चेष्टा में, पापी लोगों के साथ सहानुभूति रखने में तथा हाथी खरीदने आदि में हमेशः अधिक व्यर्थ खर्च हुआ करता है ॥ ३ ॥

कर्के व्ययस्थे द्विजदेवतानां व्ययो भवेद्यज्ञसमुद्भवश्च ।
धर्मक्रियाभिर्विदधाति चैवं प्रशंसितः साधुजनेन लोके ॥ ४ ॥

यदि कर्कराशि पर व्यय-भाव आ पड़े तो जानना कि देवता-ब्राह्मणों की प्रीति के उद्देश्य से जातक को कई यज्ञ करना पड़े, जिनमें अधिक व्यय की आवश्यकता हो, इसके अतिरिक्त और भी धर्म के कामों (धर्मशाला, मन्दिर आदि बनाने) में व्यय हो, फलतः इन बातों से लोक में प्रसिद्ध, बड़े २ लोगों से भी प्रशंसित हो, ऐसा जानना चाहिये ॥ ४ ॥

पूर्वपाठः—१ 'भूतोद्भवा वा सतत-प्रभूतः कुशीलजं पापजना गजैश्च' ।

सिंहे व्ययस्थ तु व्ययो नराणामसंशयो भूरितमः सदैव।
रूपैश्च जातैश्च कुकर्मणा च निन्द्यः सतां पार्थिवचौरतो वा॥ ५॥

जिसके जन्मकाल में सिंहराशि पर उसका व्यय-भाव पड़े वह अपने रूप को 'फैशनेबुल, बनाने में, सन्तान की उत्पत्ति के अवसर पर, तथा पाप कर्मों को करने में बहुत खर्च करता है, राजा से भी दण्ड पावे, बहुत धन उसका चोरी हो जाय एवं लोगों के बीच में बड़ा निन्द्य समझा जाय॥ ५॥

कन्यात्मके चान्त्यगते व्ययी च भवेन्मनुष्यः सहि चाङ्गनोत्सुकः।
विवाहमाङ्गल्यविचित्रमुख्यैः सूत्रप्रभाभिर्बहुसाधुसङ्गतिः॥ ६॥

यदि कन्याराशि किसी आदमी के जन्म-समय में बारहवें भाव में पड़ जाय तो जानना कि वह जातक परस्त्रियों के साथ व्यभिचार करने के अभिप्राय से उन्हीं की खोज में बहुत व्यय करने वाला हो। विवाह-यज्ञोपवीत आदि जातीय माङ्गलिक कामों के अवसर पर एवं कई साधु-महात्माओं के संसर्ग करने में भी खर्च करने वाला पुरुष होता है॥ ६॥

तुले व्ययस्थे सुरविप्रबन्धुः श्रुतिस्मृतिभ्यश्च कृतो व्ययश्च।
भवेन्नराणां नियमैर्यमैश्च सुतार्थसेवाजनितः प्रसिद्धः॥ ७॥

जिसके जन्मकाल में तुलाराशि व्ययभाव में पड़े वह देवता और ब्राह्मण का परम सेवक हो, श्रुति-स्मृति के अनुसार धर्म करने में व्यय करने वाला हो, तथा व्रत, उपवास, नियम, संयम आदि में पुत्र एवं धन की रक्षा में बहुत व्यय करे, स्वयं उसीसे प्रसिद्ध भी हो जाय॥ ७॥

अलौ व्ययस्थे च भवेद्व्ययस्तु पुंसां प्रदानेन विडम्बनाभिः।
कुमित्रसेवाजनितः सुनिन्द्यः कुबुद्धितश्चौरकृताधिकारात्॥ ८॥

वृश्चिकराशि में यदि किसी का व्यय-भाव पड़े तो कुण्डली वाला जातक को दीन-दुखियों को अन्न-वस्त्र देने से, कई प्रकार की विडम्बनाओं को अचानक आ जाने से, कपटी मित्रों के साथ दिल खोल सहानुभूति रखने के कारण, स्वयं भी खराब बुद्धि हो जाने के कारण बहुत व्यय हो जाय, लोक में निन्दित समझा जाय, कभी २ चोरी से भी उसका धन कम हो जाय जैसा कि आचार्यों ने कहा है॥ ८॥

चापे व्ययस्थे परवञ्चनेषु[2] व्ययो भवेत्पापजनप्रसङ्गात्।
सेवाकृतो जात्यधिकारिपुंसः कृषिप्रसङ्गात्परवञ्चनाद्वा॥ ९॥

जिस जातक के जन्मकाल में व्ययभाव धनुराशिगत देखा जाय तो जानना कि वह आदमी दूसरों के साथ वञ्चना करने में, पापी मनुष्यों का सङ्ग करने से धन का

पूर्वपाठः—१ भवेन्नराणाम्। २ "चापे व्ययस्थे परवञ्चनानि"।

खर्च करने वाला होता है। स्वयं दूसरे की सेवा करे तथापि अपनी जाति में अधिकारी कहावे, परन्तु समय २ पर खेती के प्रसङ्ग में या पराये को ठगने के उपाय में बहुत व्यय अनिवार्य हो, जिससे उसका मन उदास रहा करे ॥ ९ ॥

मृगे व्ययस्थे च भवेन्नरो हि व्ययैस्तु पापाशनकश्च जातः।
स्ववर्गपूजानिरतस्तथाऽल्पकृषिर्विहीनश्च विगर्हितश्च ॥ १० ॥

जिसका व्ययभाव मकर-राशिगत प्रतीत हो वह कुण्डली वाला जातक पापिओं के साथ खान-पान के व्यवहार में अधिक व्यय करता है, अपने जातिवर्ग की सेवा में निरत रहे, थोड़ी खेती-वारी हो, लोगों के बीच में हीन एवं बड़ा घृणित समझा जाय, ऐसा जानना चाहिये ॥ १० ॥

घटे व्ययस्थे सुरसिद्धविप्रतपस्विभिर्वन्दिभवो व्ययश्च।
पुंसां कुपुत्राशनपानजातस्तथा विवादेन विनिर्गतेन ॥ ११ ॥

यदि व्ययभाव में कुम्भराशि दीख पड़े तो जानना कि देवता, सिद्ध लोग, ब्राह्मण एवं तपस्वी इन लोगों की यथाशक्ति पूजा-सत्कार करने या स्वयं किसी अपराध में जेल जाने के कारण अधिक खर्च जातक को करना पड़े, उसको पुत्र ऐसे खराब हों जिनके आचरणों की बुराई पर या किसी के साथ विवाद (मुकद्दमा) में तथा अन्यान्य कार्य में भी धन का व्यय बहुत करने वाला होता है ॥ ११ ॥

ये स्थानचिन्तासु पुरा प्रदिष्टा योगा मया तान् परिगृह्य शास्त्रात्।
योगा विचिन्त्याः सुधिया ततस्तु वाच्या नराणां हि शुभाशुभास्ते ॥१२॥

'किस स्थान में कौन ग्रह, कौन राशि किस भाव में पड़े तो ऐसा फल होता है' इत्यादि पहले कई फलों का निर्देश मैंने किया है, और भी अन्य ग्रन्थों के आधार पर जातक की कुण्डली में ग्रहों की अवस्थिति के अनुसार गम्भीरता के साथ विचार कर अच्छा बुरा जो कुछ तुलनात्मक दृष्टि से सिद्ध हो वह स्पष्ट कह दें यही अच्छे ज्योतिषिओं का कार्य होना चाहिये ॥ १२ ॥

अथ द्वादशराशिगतग्रहफलानि—

(तत्रादौ रविफलम्)

भवति साहसकर्मकरो नरो रुधिरपित्तविकारकलेवरः।
क्षितिपतिर्मतिमान् हितकृत्सदा सुसहसो महसामधिपे क्रिये ॥१॥

जिस मनुष्य की जन्मकुण्डली में सूर्य मेषराशि में सम्प्राप्त हो वह कार्य-मात्र में साहस के द्वारा सफलता प्राप्त करनेवाला हो, रक्त एवं पित्त की अधिकता से शरीर में उसको विकार रहा करे, किसी छोटे साम्राज्य का अधिपति हो, बुद्धिमान् हो, सदैव जनसमुदाय का हितकर्त्ता तथा साहसी पुरुष होता है ॥ १ ॥

पूर्वपाठः—१ "मृगे व्ययस्थे च भवेन्नराणां व्ययस्तु पापाशनकस्य जातः"।

परिमलैर्विमलैः कुसुमासनैः सुवसनैः पशुभिः सुखमद्भुतम् ।
गवि गतो हि रविर्जलभीरुतां [1]विहितमाहितमादिशते नृणाम् ॥२॥

जिसके जन्मकालिक सूर्य जन्मकुण्डली में वृषराशिगत देखा जाय वह जातक प्रसन्न सुगन्धित द्रव्य, पुष्पशय्या, अच्छे २ आभूषण वस्त्र आदि क्रीड़ा-वस्तुओं की पराकाष्ठा तक सुख पावे। पशुओं (गाय, भैंस आदि) से भी पर्याप्त सुख हो, जल से भय प्राप्त करने वाला हो तथा सर्वतः अधिक लोगों से मित्रता उसे प्राप्त होती है ॥२॥

गणितशास्त्रकलामलशीलतासुललितोद्भुतवाक्प्रथितो भवेत् ।
दिनपतौ मिथुने ननु मानवो विनयतानयतातिशयान्वितः ॥३॥

जिसको मिथुनराशि में जन्मकालिक सूर्य व्यवस्थित देखा जाय वह जातक त्रिस्कन्ध ज्यौतिष-शास्त्र के गणित विभाग में बड़ा यशस्वी विद्वान् हो। उसका शील स्वभाव अत्यन्त अनुकरणीय एवं आदरणीय हो, गणित के सम्बन्ध या कोई भी प्रसङ्ग में चतुरता के साथ ऐसी अपूर्व बातों का समावेश करे, जिससे लोक में बड़ा प्रसिद्ध हो, सभी अवस्था में विनय-पुरस्सर व्यवहार करे तथा धर्मशास्त्र या राजनीति का पूरा पक्षपाती हो ऐसा जानना चाहिये ॥ ३ ॥

सुजनतारहितः कलिकालविज्ञनकवाक्यविलोपकरो नरः ।
दिनकरे तु कुलीरगते भवेत्सधनताधनतासहितोऽधिकः ॥ ४ ॥

यदि कर्कराशि में किसी कुण्डली वाला जातक का जन्मकालीन सूर्य उपस्थित दीख पड़े तो जानना कि वह आदमी सुजनता से रहित याने बड़ा दुर्जन होता है, कलियुग के प्रभाव को भली भाँति जाने, उसी के कारण पिता की आज्ञा का उल्लङ्घन करने में जरा भी संकोच न करे तथापि बहुत दिनों तक बड़ा मालदार बना रहे। (यह कलिकाल का प्रभाव है) ॥ ४ ॥

स्थिरमतिश्च पराक्रमतोऽधिको विश्रुतयाद्भुतकीर्त्तिसमन्वितः ।
दिनकरे करिवैरिगते नरो नृपरतः परतोषकरो भवेत् ॥ ५ ॥

जिसके सिंहराशि में जन्मकालिक सूर्य व्यवस्थित प्रतीत हो उस कुण्डली वाले जातक की बुद्धि बड़ी दृढ़ होती है, कभी विचलने वाली न हो। महापराक्रमशाली हो, समाज में अधिकारी होने के कारण बड़ी कीर्त्ति से सहित हो जाय। किसी राजा के साथ सहानुभूति रखे, जिसके प्रभाव से बहुत लोगों को सन्तुष्ट करने वाला उत्कृष्ट भाग्य का पुरुष होता है ॥ ५ ॥

---

१ अस्मिन् प्रकरणे प्रायः सर्वस्मिन् श्लोके हितमा-हितमा नयता-नयता, धनता-धनता इत्यादौ पुनरुक्तिवदाभासोऽलङ्कारः प्रदर्शितः, तावता काव्यकारिस्त्वेऽप्युच्चयशा ग्रन्थकार इति सूचितं भवति।

दिनपतौ युवतौ समवस्थिते नरपतेश्च नरो द्रविणं लभेत् ।
मृदुवचाः श्रुतगेयपरायणः समहिमा–महिमापहताहितः ॥ ६ ॥

यदि जन्मकालीन सूर्य किसी कुण्डली में कन्याराशि-गत देखा जाय तो जातक किसी राजा से बहुत धन का लाभ करे, कोमल बातें बोला करे, दूसरे के मुख से सुने हुये गीतों या और ही सुभाषितों को हरदम एकान्त में गाया करे, बड़ी महिमा वाला हो एवं उसी के प्रभाव से सारा शत्रुमण्डल स्वयं नष्ट हो जाय ॥६॥

नरपतेरतिभीतिसहर्निशं जनविरोधविधानमघं दिशेत् ।
कलिमनाः परकर्मरतिर्घटे दिनमणिर्न मणिद्रविणादिकम् ॥ ७ ॥

जिसके जन्मसमय में सूर्य तुलाराशि पर वर्त्तमान हो वह कुण्डली वाला जातक हमेशः किसी राजा से बड़ा भय को प्राप्त करे और लोगों के साथ भी झगड़ा (मुकद्दमा) हुवा करे, पापी हो, स्वयं (विना प्ररित) दूसरों से झगड़ने में अपना मन लगाता रहे, पराये कर्म को करने में बहुत प्रसन्न रहे, पर अपने जातीय कर्म की तरफ ध्यान तक नहीं दे, इसी के कारण उसके पास धन, धान्य, मणि, मोती आदि बिलकुल नहीं रहे, अर्थात् उसकी योग्यता रखता हुआ भी वैसा सुख का अनुभव नहीं करने पावे, ऐसा जानना चाहिये ॥ ७ ॥

कृपणतां कलहं च भृशं रुषं विषहुताशनशस्त्रभयं दिशेत् ।
अलिगतः पितृमातृविरोधितां दिनकरो न करोति समुन्नतिम् ॥ ८ ॥

यदि किसी कुण्डली का सूर्य वृश्चिकराशि पर व्यवस्थित देखा जाय तो जानना कि यह जातक कञ्जूस (कृपण), झगड़ालू, तथा बड़ा क्रोधी होगा, विषपान, अग्निदाह या शस्त्रों के आघात से अधिक समय भय प्राप्त करने वाला हो, अपने पिता, माता से भी विरोध करे। एवं इसी बुराई के कारण परिणामतः कभी उसकी किसी विभाग की उन्नति नहीं हो, यह आचार्यों का कथन है ॥ ८ ॥

स्वजनकोपमतीव महन्मतिं बहुधनं हि धनुर्धरगो रविः ।
स्वजनपूजनमादिशते नृणां सुमतितो मतितोषविवर्द्धनम् ॥ ९ ॥

यदि किसी जन्मकालिक सूर्य धनुराशि में व्यवस्थित देखा जाय तो जातक अपने परिवारों के ऊपर लौकिक बातों में जरा भी त्रुटि होने से क्रोध करे, महाबुद्धिमान् हो, तथा हृदय से अपने माता-पिता आदि श्रेष्ठ लोगों की सेवा करने में तत्पर रहे। उसकी अच्छी बुद्धि की उत्तरोत्तर वृद्धि हो—ऐसा जानना चाहिये ॥ ९ ॥

अटनतां निजपक्षविपक्षतः सघनतां कुरुते सततं नृणाम् ।
मकरराशिगतो विगतोत्सवं दिनविभुर्न विभुत्वसुखं दिशेत् ॥१०॥

जिसके जन्म-समय में सूर्य मकरराशि में प्रविष्ट देखा जाय वह कुण्डली वाला आदमी अधिक लोगों के साथ झगड़ा रहने के कारण शत्रु-मित्र दोनों पक्ष के साथ जहाँ तहाँ

बहुत भ्रमण करे। धन की पूर्णता सदैव रहे, किन्तु उस धन के अनुसार उत्सव के अवसर पर नितान्त संकोच करे, जिससे उसको धनियों का उचित सुख कभी प्राप्त नहीं हो, ऐसा शास्त्र में कहा गया है ॥ १० ॥

कलशगामिनि पङ्कजिनीपतौ शठतरो-हितरो-गतसौहृदः।
मलिनताकलितो रहितः सदा करुणायारुणयार्तसुखी भवेत् ॥ ११ ॥

यदि कुम्भराशि पर सूर्य किसी आदमी की जन्मकुण्डली में दीख पड़े तो जानना कि वह बड़ा कठोरहृदय (शठ), अपने अभिप्राय सिद्ध करने के लिए मित्र तो बनावे, पर मनमें मित्रता की झलक जरा भी न रखे। बड़ा मलिन वेष में रहा करे तथा सदैव दया का अङ्कुर भी उसके हृदय में नहीं रहे। जिस उपाय से हो, दूसरे को तकलीफ देने में कभी अनुचित नहीं माने; प्रत्युत उसीसे सुखी हो, यह निःसन्देह फल जानना ॥ ११ ॥

बहुधनं क्रयविक्रयतः सुखं निजजनादपि गुह्यमहाभयम्।
दिनपतौ झषगेऽतिमतिर्भवेद्विभुतयाऽद्भुतयायतकीर्त्तिभाक् ॥ १२ ॥

जिसके मीनराशि पर सूर्य व्यवस्थित हो वह जातक खरीद-बिक्री से याने किसी चीज (कपड़ा चीनी आदि) के व्यापार करने से बहुत धन प्राप्त करे। अपने परिवारों से तो बाहरी सुख हो)पर भीतरी रहस्यों से बहुत डरा करे। उसकी बुद्धि बड़ी तीव्र हो, इतना ऐश्वर्य उसके पास रहे कि उसीके सहारे विचित्र-विचित्र अच्छी कीर्त्ति का भागी बन जाय, अर्थात् किसी देवालय धर्मशाला आदि बनवाने का यश अवश्य प्राप्त हो, ऐसा जानना चाहिए ॥ १२ ॥

चन्द्रफलम्—

स्थिरधनो रहितः सुजनैर्नरः सुतयुतः प्रमदाविजितो भवेत्।
अजगतो द्विजराज इतीरितं विभुतयाद्भुतया स्वसुकीर्त्तिभाक् ॥ १ ॥

जिस जातक के जन्मकाल में मेषराशि-गत चन्द्रमा उपस्थित हों वह सदैव के लिये धनी रहता है, अपनी स्त्री से पराजित रहे। अच्छे मनुष्यों से रहित हो अर्थात् उसके परिवार एवं आश्रितवर्गों में कोई सज्जन न रहे, लेकिन बड़ा ऐश्वर्यशाली होने के कारण कई कीर्त्ति (तालाब, मन्दिर, पाठशाला, क्षेत्र आदि) स्थापित कर लोक में सुयश का पात्र बने ॥ १ ॥

स्थिरगतिं सुमतिं कमनीयतां कुशलतां हि नृणामुपभोगिताम्।
वृषगतो हिमगुर्भृशमादिशेत्सुकृतितः कृतितश्च सुखानि च ॥ २ ॥

यदि किसी जन्मकुण्डली में चन्द्रमा वृषराशि में सम्प्राप्त देखे जायँ तो जानना कि जातक बड़ा गम्भीर विचार का होगा, अच्छी बुद्धि, शरीर की छटा अति कमनीय; कार्यमात्र में कुशलता, एवं सांसारिक पदार्थों का उपभोग इत्यादि अवश्य हों। धर्म

संबन्ध की ख्याति तथा उसी प्रसङ्ग में सब काम करने की उत्सुकता से उस जातक को अनेक प्रकार के सुख प्राप्त हों ॥ २ ॥

प्रियकरः सुरकर्मयुतो नरः सुरतसौख्यभरो युवतीप्रियः ।
मिथुनराशिगतो हिमगुर्भवेत्सुजनताजनताकृतगौरवः ॥ ३ ॥

जिसके जन्मकालिक चन्द्रमा मिथुन-राशि में वर्त्तमान देखा जाय वह जातक मनुष्यमात्र की प्रीति के लिए सब कुछ करे, देवताओं के कामों में लगा रहे। स्त्री-प्रसङ्ग की सभी विलासिताओं से पूर्ण रहे, अपनी स्त्री का अधिक प्रेमी हो, सुजनता एवं जनसमुदाय के द्वारा महा आदरणीय पुरुष होता है, यह जानना चाहिये ॥ ३ ॥

श्रुतकलाबलनिर्मलवृत्तयः कुसुमगन्धजलाशयकेलयः ।
किल नरास्तु कुलीरगते विधौ वसुमती-सुमतीप्सितलब्धयः ॥४॥

यदि किसी के जन्मसमय में चन्द्रमा कर्कराशि पर उपस्थित देखा जाय तो जातक की चित्तवृत्ति, आचार-विचार आदि, दूसरों के मुख से सुना हुआ कला-कौशल तथा शारीरिक बल इनसे बिलकुल निर्मल हो। फूल पत्ती सुगन्धित पदार्थ जलाशय आदि के द्वारा विहार करने वाला हो। जमीन इतनी अधिक उसके अधीन में रहे कि जिसी वख्त जो चाहे अपनी उपयुक्त बुद्धि एवं धन के सहारे तत्काल उसकी पूर्ति कर ले, अभीष्ट पदार्थों की प्राप्ति हो। अर्थात् इस योग में जातक बड़ा भाग्यशाली पुरुष होता है ॥४॥

अमलकाननयानमनोरथं गृहकलिं विकलोदरपीडनम् ।
द्विजपतिर्मृगराजगतो नृणां वितनुते तनुते यशहीनताम् ॥५॥

जिसके जन्मकालीन चन्द्रमा सिंहराशि में सम्प्राप्त देखा जाय उस जातक को वन-पर्वत के ऊपर विहार करने के उद्देश्य से वहाँ जाने का पूरा मनोरथ हो। अपने घर-जनों में झगड़ा हो, विकल रहे। पेट में किसी प्रकार की पीड़ा रहे तथा लोक में उसका यश नहीं (अयश) प्राप्त होवे ऐसा जानना चाहिये ॥ ५ ॥

युवतिगे शशिनि प्रमदाजनप्रबलकेलिविलासकुतूहलैः ।
विमलशीलसुताजननोत्सवैः सुविधिना विधिना सहितः पुमान् ॥६॥

यदि किसी के जन्मकाल में चन्द्रमा कन्याराशि में दीख पड़े तो कुण्डली वाला आदमी कई सुन्दरी स्त्रियों के साथ उत्कृष्ट भोग-विलास के कौतुक से, निष्कलङ्क शील-स्वभाव रहने के कारण तथा कन्या पुत्र के जन्मोत्सव में खूब धूमधाम के साथ खुशी मनाने से हमेशः प्रसन्न रहता है। अर्थात् उसको हर हालत में मानसिक सुख अधिक मिला करे, इसमें सन्देह नहीं ॥ ६ ॥

वृषतुरङ्गपविक्रयवान् क्रये द्विजसुरार्चनदानमतिः पुमान् ।
शशिनि तौलिगते बहुदारभाग्विभवसम्भवसञ्चितविक्रमः ॥७॥

---

१ अकारान्तो यशशब्दोऽप्युक्तः ।

यदि चन्द्रमा कहीं तुलाराशि पर अपना आसन जमाया हो तो जानना कि वह पुरुष बैल, घोड़े-इनकी खरीद-बिक्री से जीविका चलाने वाला हो, ब्राह्मण–देवताओं की पूजा करने में, गरीबों को दान देने में चित्त रखे। कई स्त्रियों से सर्वतः सुख प्राप्त करे तथा विभव (सम्पत्ति) काफी रहने के कारण उसके अनुसार लोगों के बीच में उसका पराक्रम भी खूब फैला रहे जैसा कि आचार्यों ने कहा है ॥ ७ ॥

शशधरे हि सरीसृपगे नरो नृपदुरोदरजातधनक्षयः।
कलिरुचिर्विबलः खलमानसः कृशमनाः शमनापहतो भवेत् ॥८॥

जिसके जन्मकाल में चन्द्रमा वृश्चिक-राशिगत व्यवस्थित दीख पड़े वह जातक राजा तथा जुआ के द्वारा अपनी सम्पत्ति को स्वाहा कर डाले, समाज के साथ भी झगड़ा करने में अभिरुचि कम न हो, बड़ा दुर्बल शरीर हो, उसका चित्त बड़ा खल मनुष्य की तरह रहे, छोटी आत्मा वाला हो। अन्त में यमराज से खूब पीटा जावे, ऐसा जानना चाहिये ॥ ८ ॥

बहुकलाकुशलः किल गीतवान् विमलताकलितः सरलोक्तिभाक्।
शशधरे हि धनुर्धरगे नरो धनकरो न करोति बहुव्ययम् ॥९॥

यदि किसी के जन्मकाल में चन्द्रमा धनुराशिगत दिखाई दे तो जातक कई कलाओं का ज्ञाता होता है, गाना करने वाला हो, हृदय उसका महा पवित्र हो, हर अवस्था में टेढ़ी-मेढ़ी नहीं सीधी बातें कहा करे। बड़ा धनी हो, परन्तु उसमें से जरा भी व्यय करने से दुःखी-सा हो जाय, अर्थात् सिर्फ जमा करना उसका फर्ज हो। कैसे खर्च किया जाय यह भी नहीं मालूम, इतना बड़ा कृपण (कंजूस) पुरुष हो ॥ ९ ॥

कलितशीतभयः किल गीतवित्तनुरुषा सहितो मदनातुरः।
निजकुलोत्तमवित्तकरः परं हिमकरे मकरे पुरुषो भवेत् ॥ १० ॥

जिस जातक के जन्मसमय में चन्द्रमा मकरराशि में सम्प्राप्त हो वह शैत्य (ठण्ढक) से बड़ा भयभीत हो (यह शीत-प्रकृतिक मनुष्य का लक्षण है), गीत-कविता बहुत जाने। शरीर में किसी रोग के कारण से क्षीणता रहे, कामवासना से अधिक पीड़ा पावे, तथा अपने कुल के अनुसार बड़ी सम्पत्ति का सञ्चय करने वाला हो, ऐसा शास्त्रकारों ने कहा है ॥ १० ॥

अलसतासहितोऽन्यसुतप्रियः कुशलताकलितोऽतिविचक्षणः।
कलशगामिनि शीतकरे नरः प्रशमितोऽशमितोरुरिपुव्रजात् ॥ ११ ॥

यदि कुम्भराशि पर किसी आदमी का जन्मकालिक चन्द्रमा उपस्थित हो तो जातक बड़ा आलसी (सभी कामों में), पराये पुत्र से अधिक स्नेह करने वाला, कार्यमात्र में अपनी कुशलता के साथ कामयाब होने वाला, एवं महा विद्वान् होता है। उसके शत्रु लोग इतने उद्दण्ड हों कि इसकी सारी शक्ति को नष्ट कर एकदम इसे शान्त बना दें, अर्थात् उनसे हर तरह दबा रहें, ऐसा जानना चाहिये ॥ ११ ॥

शशिनि मीनगते विजितेन्द्रियो बहुगुणः कुशलोऽनिललालसः।
विमलधीः किल शस्त्रकलादरान्न(?)चलताचलताकलितो नरः ॥१२॥

जिसके जन्मसमय में चन्द्रमा मीनराशि में प्रतीत हो उसको जानना कि सब इन्द्रियों को अपने वश में करने वाला, कई अच्छे २ गुणों का ज्ञाता, विद्वान्, अग्नि में हवन वगैरह करने की लालसा रखने वाला, या शीत प्रकृतिक होने के कारण उसके निवारण के लिए अग्नि की सेवा करना अच्छा मानने वाला होता है। उसकी बुद्धि अत्यन्त निर्मल होती है, कभी किसी की बुराई करने को न कहे, एवं शस्त्र-विद्या की कलाओं से डरता हुआ उस तरफ उसका मनोयोग न जाय ॥ १२ ॥

भौमफलम्—

क्षितिपतेः क्षितिमानधनागमैः सुवचसा महसा बहुसाहसैः।
अवनिजः कुरुते सततं शुभं त्वजगतोऽजगतोऽभिमतं नरम् ॥ १ ॥

जिसके जन्मसमय में मङ्गल मेषराशि पर विद्यमान दीख पड़े वह कुण्डली वाला जातक किसी राजा से जमीन, आदर एवं धन पावे। अच्छी कोमल बातें बोले, तेजोवान् हो, कार्य मात्र में बहुत साहस करने वाला, तथा संसार भर में सभी मनुष्यों के (करीब २) अनुकूल सा रहे। यह बड़े भाग्यवान् का चिह्न है कि दुश्मन कम हों, ऐसा जानना चाहिये ॥ १ ॥

गृहधनाल्पसुखं च रिपूदयं परगृहस्थितिमादिशते नृणाम्।
अवनिजोऽरिरुजो (?)वृषभस्थितः क्षितिसुतोऽतिसुतोद्भवपीडनम् ॥२॥

यदि वृषराशि पर किसी के जन्मकालिक मङ्गल पड़े तो जातक को घर, तथा अपने धनों के द्वारा सुख थोड़ा हो (पर्याप्त रहने पर भी)। शत्रुओं का अभ्युदय हो (यह भविष्य खराब होने का लक्षण है), पराये घर में रहना हमेशः अधिक पसन्द करे। शत्रुओं के द्वारा इसको कोई रोग हो जाय, तथा अधिक सन्तान होने से इसे कई प्रकार की पीड़ायें आकर घिरे रहे जैसा कि शास्त्र में कहा गया है ॥ २ ॥

बहुकलाकलनाकुलजोत्कलिं (?)प्रचलनप्रियतां च निजस्थलात्।
ननु नृणां कुरुते मिथुनस्थितः कुतनयस्तनयप्रमुखात्सुखम् ॥ ३ ॥

यदि मिथुनराशि पर मङ्गल व्यवस्थित देखा जाय तो कुण्डली वाला जातक कई कलाओं को जानने वाला हो, पर सभी को सँभालने में बड़ी दिक्कत पड़े अपने घर से बाहर जाने को अधिक समय उत्कट इच्छा रखे, तथा अपने पुत्रों से पर्यांत सुख का अनुभव करे ॥ ३ ॥

परगृहस्थिरतामतिदीनतां विमतितां शमितां च रिपूदयम्।
हिमकरालयगे किल मङ्गले प्रबलयाऽबलया कलहं व्रजेत् ॥ ४ ॥

जिसके मङ्गल-ग्रह कर्कराशि पर जन्मकुण्डली में दिखाई दे उसकी पराये घर में व्यर्थ समय बिताने में बहुत मन लगता है। बड़ा दीन एवं खराब बुद्धि वाला हो, शक्ति-हीन होने के कारण शान्तिभाव का अवलम्बन करने वाला हो। उसके शत्रुओं का अभ्युदय हो तथा किसी बड़ी खानदान की (या भीषणाकार कर्कशा) स्त्री के साथ इसका झगड़ा हो जाय, जिसमें इसको पूरी तकलीफ उठानी पड़े ॥ ४ ॥

अतितरां सुतदारसुखान्वितो हतरिपुर्विततोद्यमसाहसः ।
अवनिजे मृगराजगते पुमान् सुनयता (?)नयताभियुतो भवेत् ॥५॥

यदि किसी के जन्मकाल में मङ्गलग्रह सिंहराशि में पड़ जाय तो जानना कि जातक स्त्री-पुत्र आदि से भली भाँति सम्पन्न रहे, शत्रुओं को सर्वनाश कर अजातशत्रु बन जाय, उसका उद्योग और साहस लोक में फैल जाय, जिससे इसका नाम परिगणित हो जाय, तथा राजनीति या धर्मनीति सभी के अनुसार सदैव काम किया करे, ऐसा विख्यात पुरुष होता है ॥ ५ ॥

स्वजनपूजनताजनताधिको यजनयाजनकर्मरतो भवेत् ।
क्षितिसुते सति कन्यकयान्विते त्ववनितो वनितोत्सवतः सुखी ॥६॥

यदि कन्याराशि में मङ्गल व्यवस्थित देखा जाय तो लड़का (जन्मकुण्डली वाला) अपने परिवारों की सेवा शुश्रूषा तथा भरण-पोषण करता है। बहुत परिवार उसके हों, स्वयं हवन करने में एवं दूसरों को कराने में निरत रहा करे। अर्थात् भक्ति-पुरस्सर हवन से ईश्वर की उपासना करना कर्त्तव्य समझे, एवं जमीन से तथा स्त्रियों से बहुत सुख का उपभोग करने वाला भाग्यशाली पुरुष होता है ॥ ६ ॥

बहुधनव्ययिताङ्गविहीनतागतगुरुप्रियतापरितापितः ।
वणिजि भूमिसुते विकलः पुमानवनितो वनितोद्भवदुःखभाक् ॥७॥

तुलाराशि में यदि किसी जातक के जन्मकालिक मङ्गल पड़े तो उसको आमदनी की अपेक्षा खर्च बहुत हो, शरीर में किसी अङ्ग को न रहने की शिकायत रहे, अपने गुरुवर्ग तथा मित्र लोगों के गत हो जाने से इसे बहुत परिताप हो, तथा जमीन के सम्बन्ध में एवं स्त्रियों के कारण यह जातक अधिक दुःखों का उपभोग करने वाला हो ऐसा जानना चाहिये ॥ ७ ॥

विषहुताशनशस्त्रभयान्वितः सुतसुतावनितादिमहासुखः ।
वसुमतीसुतभाजि सरीसृपे नृपरतः परतश्च जयं व्रजेत् ॥ ८ ॥

जिसके जन्मकालिक मङ्गल वृश्चिकराशि पर दीख पड़े वह आदमी विष, अग्नि, शस्त्र (तलवार आदि) इनसे भय प्राप्त करे, पुत्र, कन्या, स्त्री, भाई आदि से बड़ा सुख का

पूर्वपाठः—१ 'सुतसुतावनितादिमहत्सुखः ।'

उपभोग करे। कभी कोई शत्रु इसे हरा न सके, ऐसा बुद्धिमान् वीर पुरुष इसे समझना चाहिये ॥ ८ ॥

रथतुरङ्गमगौरवसंयुतः परमरातिजनैः कृतदुःखितः ।
भवति वाऽवनिजे धनुषि स्थिते सुवनितावनिता भवति प्रिया ॥९॥

मङ्गल-ग्रह किसी जातक की जन्मकुण्डली में यदि धनुराशिगत प्रतीत हो तो वह लड़का रथ घोड़े, मोटर, साइकिल आदि से सहित रहे, परन्तु शत्रुजनों की तरफ से अधिक उपद्रव होने के कारण दुःखी रहे, एवं उसकी स्त्री महा पतिव्रता सच्चरित्रा प्यारी होती है ॥ ९ ॥

रणपराक्रमता वनितासुखं निजजनप्रतिकूलभयाश्रितः ।
विभवतो मनुजस्य धरात्मगे मकरगे करगा च रमा भवेत् ॥१०॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालिक मङ्गल मकरराशि में सम्प्राप्त देखा जाय तो जानना कि वह जातक रण के लायक पराक्रम रखे। जिससे कभी शत्रु आक्रमण नहीं कर सके, तथापि अपने मित्रदलों के अतिरिक्त लोगों से भय की आशङ्का इसके मन में बनी रहे। स्त्री से काफी सुख मिले, धन से सम्पन्न हो, यहाँ तक कि लक्ष्मी मानों उसके हस्तगत हो जाय अर्थात् वह बड़ा धनी होता है ॥१०॥

विनयितारहितं सहितं रुजा निजजनप्रतिकूलमलं खलम् ।
प्रकुरुते मनुजं कलशाश्रयः क्षितिसुतोऽतिसुतोद्भवदुःखितम् ॥११॥

जिसके मङ्गल (जन्मकालीन) कुम्भराशि पर विद्यमान हो वह जातक अविनयवान् (किसी के साथ नम्रता के साथ पेश न आने वाला), किसी रोग से पीड़ित, अपने मित्रों के प्रतिकूल (विरुद्ध), बड़ा भारी खल (दुष्ट) तथा बहुत लड़के होने से महा दुःखी भाग्यहीन पुरुष होता है ॥ ११ ॥

व्यसनतां खलतामदयालुतां विकलतां चलतां च निजालयात् ।
क्षितिसुतस्तिमिना सुसमन्वितो विमतिना मतिनाशनमादिशेत् ॥१२॥

यदि किसी आदमी के जन्मसमय में मीनराशिगत मङ्गल दीख पड़े तो जातक बड़ा व्यसनी, खल (दुष्ट), दया से हीन, विकल तथा अपने घर से बाहर (ग्रामान्तर) जाने के लिए हमेशः तैयार रहने वाला होता है। एक बड़े मूर्ख के साथ सम्बन्ध होने के कारण इसकी भी बुद्धि एकदम खराब होजाय इसमें सन्देह नहीं है ॥१२॥

बुधफलम्—

खलमतिः किल चञ्चलमानसो बहुलभुक्कलहाकुलितो नरः ।
अकरुणोऽप्यृणवांश्च[2] बुधे भवेदविगते[3] विगतेप्सितसाधनः ॥ १ ॥

---

१ 'करगे चरमो भवेत्।' २ 'घृणवांश्च बुधे भवे'दिति पाठान्तरम्।
३ अत्राविपदं मेषबोधकम्।

यदि किसी आदमी के जन्मकालिक कुण्डली में बुध मेष राशिगत सम्प्राप्त हो तो उसकी बुद्धि खराब होती है, चञ्चल स्वभाव का हो, वस्तुमात्र अधिक खाया करे, उसके हृदय में दया का नाम निशान तक भी न रहे, कई आदमिओं से ऋण लेकर काम चलावै, तथा जो कुछ उसके अभिलषित कार्य हों कोई सिद्ध न हो, सब ज्यों का त्यों रहे ॥ १ ॥

वितरणप्रयतं गुणिनं दिशेद्बहुकलाकुशलं रतिलालसम् ।
धनिनमिन्दुसुतो वृषभस्थितस्तनुजतोऽनुजतोऽतिसुखं नरम् ॥२॥

जिसके जन्मकाल में बुध वृष राशि में वर्त्तमान दिखाई दे वह जातक दान करने में निरत, कई गुणों का ज्ञाता, अनेक कलाओं को जानने व कार्य में परिणत कर सफलता दिखाने वाला, स्त्री-सम्भोग की लालसा अधिक रखने वाला, धनवान् तथा अपने पुत्र एवं छोटे भाइयों के द्वारा बड़ा सुखी भाग्यवान् पुरुष होता है, ऐसा शास्त्रकारों का कथन है ॥ २ ॥

प्रियवचोरचनासु विचक्षणो द्विजननीतनयः शुभवेषभाक् ।
मिथुनगे जनने शशिनन्दने सदनतोदनतोऽपि सुखी नरः ॥ ३ ॥

यदि किसी जातक की कुण्डली में बुध मिथुन राशि पर व्यवस्थित दीख पड़े तो जानना कि वह बालक मनुष्य मात्र के साथ बात-चीत में अत्यन्त मीठी बातें बोलने वाला होगा, उसे मातायें दो होंगी अर्थात् उसका पिता पहली स्त्री को रहती हुई दूसरी शादी कर ले, अच्छे सीधे साधे वेश (सबके अनुकूल) में रहा करे, तथैव अपने घर से एवं खाने पीने के सुभीता से बहुत सुखों का भोग करे ॥ ३ ॥

कुचरितानि च गीतकथादरो नृपरुचिः परदेशगतिर्नृणाम् ।
किल कुलीरगते शशिभृत्सुते सुरततारतता नितरां भवेत् ॥ ४ ॥

जिसके जन्मसमय में बुध कर्क राशि पर उपस्थित देखा जाय उसके आचरण बहुधा धर्म के विरुद्ध हो, गीत, बाजा आदि सुनने की इच्छा एवं प्रवृत्ति काफी हो, राजा के साथ सहवास में अधिक रखे, बहुत काल परदेश में रहा करे, वहीं पर कुछ सुख भी उसे मिले, तथा च अच्छी स्त्रियों के साथ सम्भोग की तीव्र इच्छा रखने वाला हो, ऐसा जानना चाहिये ॥ ४ ॥

अनृततासहितं विमतिं परं सहजवैरकरं कुरुते नरम् ।
युवतिहर्षपरं शशिनः सुतो हरिगतोऽरिगतोन्नतिदुःखितम् ॥ ५ ॥

जिस आदमी के जन्मकालिक बुध सिंह राशि पर बैठा हो उसको मिथ्या बोलने में जरा भी सङ्कोच नहीं होता, उसकी बुद्धि बिलकुल उलटी होती है, अपने सहोदर भाइयों के बीच में परस्पर शत्रुता करने वाला हो, स्त्री को प्रसन्न रखने वाला हो, शत्रु के वश में रहा करे एवं किसी विभाग में उसकी उन्नति नहीं होती है ॥ ५ ॥

सुवचनानुरतश्चतुरो नरो लिखनकर्मपरो हि वरोन्नतः।
शशिसुते युवतिं च गते सुखी सुनयनानयनाञ्चलचेष्टितैः ॥ ६ ॥

यदि बुध कन्या—राशिगत किसी कुण्डली में दीख पड़े तो जातक अच्छी एवं सौम्य बातें बोलने वाला, कार्य—मात्र में चतुर, लेख—कला में अधिक प्रवीण, सब विभागों में अच्छी उन्नति करने वाला बड़ा सुखी एवं अच्छी २ स्त्रियों के साथ सम्भोगादि सुखों का भी उपयोग करने वाला पुरुष होता है, ऐसा जानना चाहिये ॥६॥

अमृतवाग्व्ययभाक्खलु शिल्पवित्कुचरिताभिरतिर्बहुजल्पकः।
व्यसनयुग्मनुजः सहिते बुधे वितुलयचलयान्वसतीयुतः (?) ॥ ७ ॥

जिस आदमी के जन्मकाल में बुध तुला राशि पर वर्त्तमान देखा जाय वह बहुत मीठी बातें बोलने वाला, अधिक अवसर पर खर्च करने में तत्पर, शिल्प—शास्त्र (चित्र वगैरह खींचने की कला) में प्रवीण खराब आचरण वाली स्त्रियों के साथ रति करने वाला, झूठ—मूठ बहुत बोलने वाला, व्यसन में लीन तथा मिथ्याभाषी होता है ॥७॥

कृपणतातिरतिप्रणयश्रमो निहितकर्मसुखोपहतिर्भवेत्।
धवलभानुसुतेऽलिगते क्षतिस्त्वलसतो लसतोऽपि च वस्तुनः ॥ ८ ॥

यदि बुध ग्रह किसी जातक के जन्मसमय में वृश्चिक राशि पर व्यवस्थित दीख पड़े तो वह आदमी कृपण (कञ्जूस), स्त्रियों के साथ अति प्रसङ्ग अधिक अनुरक्त, अपने पूर्व कर्म के अनुसार सुख से सहित हो, अधिक आलस्य रखने के कारण सब तरह से उसे क्षति उठानी पड़े, कैसी ही लाभप्रद वस्तु क्यों न हो पर उसके भी व्यापार आदि में उसको घाटा पड़ जाय ऐसा जानना ॥ ८ ॥

वितरणप्रणयो बहुवैभवः कुलपरिश्च कलाकुशलो भवेत्।
शशिसुतेऽत्र शरासनसंस्थिते विहितया हितया रमयान्वितः ॥ ९ ॥

जिसके जन्मसमय में बुध धनुराशिगत व्यवस्थित हो वह कुण्डली वाला जातक दानशील, बड़ी सम्पत्ति का मालिक, अपने कुल में सब से प्रधान कलाओं का पूरा ज्ञाता, तथा सदैव अच्छी हितैषिणी लक्ष्मी से सहित रहने वाला, अर्थात् बड़ा धनी भाग्यशाली पुरुष होता है ॥ ९ ॥

रिपुभयेन युतः कुमतिर्नरः स्मरविहीनतरः परकर्मकृत्।
मकरगे सति शीतकरात्मजे व्यसनतः स नतः पुरुषो भवेत् ॥ १० ॥

यदि किसी के जन्मकालिक बुध मकर राशि पर दिखाई दे तो वह जातक हमेशः शत्रुओं से त्रस्त रहे, खराब बुद्धि वाला हो, काम की चेष्टा कम रहे, पराये कार्य को करने में उसका अधिक समय बरबाद हो, व्यसन बहुत करे तथापि नम्र होकर लोगों के साथ सहानुभूति रक्खे ॥ १० ॥

---

१ 'धवलभानुश्चन्द्र' इति। २ 'रिपुभुवेन युतः' पूर्वपाठः।

गृहकलिं कलशे शशिनन्दने वितनुते तंनुतामनुदीनताम् ।
धनपराक्रमधर्मविहीनतां विमतितामतितापितशत्रुभिः (?) ॥ ११ ॥

जिसके जन्मकाल में बुध कुम्भराशि पर उपस्थित हो उस आदमी को अपने घर वालों के साथ झगड़ा हुआ करता है, जिसका फल यह होता है कि वह उत्तरोत्तर दीन बनता जाता है, धन, पराक्रम एवं धर्म इन सबों से वञ्चित रहे अर्थात् दरिद्र, निस्तेज एवं पापी हो, बुद्धि भी उसकी खराब होजाय तथा हमेशः शत्रुओं की तरफ से अनेक प्रकार की पीड़ायें आकर उसे घेरे रहें ॥ ११ ॥

परधनादिकरक्षणतत्परो द्विजसुरानुचरो हि नरो भवेत् ।
शशिसुते पृथुरोमसमाश्रिते सुवदनावदनानुविलोकनः ॥ १२ ॥

यदि मीन राशि पर किसी के जन्मकालिक बुध सम्प्राप्त हो तो जातक पराये धन की रक्षा में तत्पर रहे, देवता-ब्राह्मण की सेवा में लीन रहने वाला हो, तथा चन्द्रमुखी वनिताओं के मुखारविन्द देखने के लिए अधिक उत्सुक रहे, ऐसा आचार्यों ने कहा है ॥ १२ ॥

गुरुफलम्—

बहुतरां कुरुते समुदारनतां सुचरितानि च वैरिसमुन्नतिम् ।
विभवता च मरुत्पतिपूजितः क्रियगतोयगतोऽनुमतिप्रदः (?) ॥ १ ॥

जिस जातक के जन्मकालीन बृहस्पति मेषराशि पर वर्त्तमान हो वह बड़ा उदार होता है, अच्छे कामों को करने वाला हो, परन्तु उसको शत्रु अधिक हों, स्वयं काफी धन का मालिक बना रहे, तथा सभी को कार्यमात्र में अनुमति देने वाला पुरुष हो, ऐसा जानना चाहिये ॥ १ ॥

द्विजसुरार्चनभक्तिविभूतयो द्रविणवाहनगौरवलब्धयः ।
सुरगुरौ वृषभे बहुवैरिणश्चरणगारणगाढपराक्रमाः ॥ २ ॥

जिसका जन्म समय में बृहस्पति वृष राशि पर आ पड़े वह जातक ब्राह्मण, देवता इनकी भक्ति-पूर्वक पूजा से ऐश्वर्य पाने वाला, धन, वाहन (सवारी), तथा पराक्रम इनसे सहित हो, शत्रु भी बड़ी संख्या में बढ जाँय, तथापि उनसे सामना करने के लिये पर्याप्त पराक्रमशाली मनुष्य होता है ॥ २ ॥

कवितया सहितः प्रियवाक् शुचिर्विमलशीलरुचिर्निपुणः पुमान् ।
मिथुनगे सति देवपुरोहिते सहितताहिततासहितैर्भवेत् (?) ॥ ३ ॥

जिसके जन्मकाल में बृहस्पति मिथुन राशि व्यवस्थित दिखाई दे वह कुण्डलीवाला जातक कविता करने वाला, व्यक्तिमात्र से भी प्रिय बातें करने वाला, पवित्र आत्मा का,

पूर्वपाठः—१ 'तनुमामनुदीनताम्,।

निष्कपट शील स्वभाव एवं कान्ति से सुशोभित, विशेष विद्वान्, बहुत लोगों के साथ एकता एव मैत्री करने वाला लोकचतुर पुरुष होता है ॥ ३ ॥

बहुधनागमनो मदनोन्नतिर्विविधशास्त्रकलाकुशलो नरः ।
प्रियवचाश्च कुलीरगते गुरौ चतुरगैस्तुरगैः करिभिर्युतः ॥ ४ ॥

यदि किसी कुण्डली में बृहस्पति कर्क राशि पर प्रविष्ट मालूम पड़े तो उस जातक को अनेक उपाय से धन का समागम होता है, कामचेष्टा की भी उत्तरोत्तर वृद्धि हो, कई शास्त्रों का एवं कथाओं का बड़ा ज्ञाता हो, सभी के साथ कोमल शब्द बोलने वाला हो, सुशिक्षित घोड़े एवं हाथियों से हमेशः सहित रहे अर्थात् पूरा सज्जन तथा धनी हो ॥ ४ ॥

अचलदुर्गवनप्रभुतोर्जितो[1] दृढतनुर्ननु दीनपरो भवेत् ।
अरिविभूतिहरो हि हरौ[2] युतः सुवचसा वचसामधिपे गुरौ ॥ ५ ॥

जिस जातक के जन्मकालीन बृहस्पति सिंहराशि-गत देखा जाय वह आदमी वन, पर्वत, दुर्ग आदि में जहाँ जाय वहीं पर अपनी प्रभुता से यश या धन का उपार्जन कर ले, बड़ा मजबूत शरीर हो, दान करने में अभिरुचि रखे, शत्रुओं की सारी सम्पत्ति जीतकर स्वाधीन कर ले तथा अच्छी कोमल वाणी बोलने वाला भाग्यशाली पुरुष हो, ऐसा जानना चाहिये ॥ ५ ॥

कुसुमगन्धसदम्बरशालिता विमलता धनदानमतिर्भृशम् ।
सुरगुरौ सुतया सति संयुते रुचिरता चिरतापितशत्रुता ॥ ६ ॥

यदि किसी की जन्मकुण्डली में गुरु कन्या राशि पर बैठा हो तो जानना कि वह जातक दिव्य पदार्थ, सुगन्धितमय चीज, रेशमी वस्त्र आदि से अपने शरीर को विभूषित करने वाला, अन्तःकरण का बड़ा पवित्र, गरीबों को धन देने में प्रवृत्ति रखने वाला, देखने में अत्यन्त मनोहर कान्ति वाला तथा सदैव शत्रुओं को पीड़ित रखनेवाला पुरुष होगा, जैसा कि आचार्यों ने कहा है ॥ ६ ॥

(?) सुतनयो जपहोममहोत्सवो द्विजसुरार्चनदानमतिर्भवेत् ।
वणिजजन्मपवित्रशिखण्डिजे चतुरतातुरतासहितारिणी ॥ ७ ॥

जिस आदमी के जन्मकाल में बृहस्पति तुला राशिगत प्रतीत हो उस जातक को अच्छे आज्ञाकारी कई पुत्र हों, जप, होम, यज्ञ वगैरह करने में उत्सव मनाने वाला हो, ब्राह्मण, देवता की पूजा एवं तत्प्रयुक्त दान करने में बुद्धि रखे, लोक में पूरा चतुर हो, तथा कार्यमात्र में आतुर रहे एवं शत्रुओं से भी घिरा रहे, ऐसा जानना चाहिये ॥७॥

१ अत्र बहुव्रीहौ 'ऊर्जित-पदस्यपूर्वमेव प्रयोगः समुचितः किन्तु "निरङ्कुशाः कवय" इति प्रमाणस्वीकारात् क्वचिच्च तथैव दर्शनाद्भवतु शुद्ध एव पाठस्तावत् ।

पूर्वपाठः—२ 'अरिविभूतिहरो हि नरो युतः' ।

धनविनाशनदोषसमुद्भवैः कृशतनुर्बहुदम्भपरो नरः।
अलिगते सति देवपुरोहिते भवनतो वनतोऽपि च दुःखभाक् ॥ ८ ॥

जिसको बृहस्पति वृश्चिक राशि पर वर्त्तमान होकर कुण्डली में दिखाई दे उसका शरीर सब धनों का नाश हो जाने के कारण पतला हो जाय अर्थात् हमेशः चिन्ता से ग्रस्त रहे, सदैव दम्भ से भरा रहे, तथा घर या बाहर जहाँ जाय वहीं पर दुःखी होकर रहे, आशय यह कि इस लोक में जातक को हर तरह से तकलीफ होती है ॥ ८ ॥

वितरणप्रणयो बहुवैभवं ननु धनान्यपि वाहनसञ्चयः।
धनुषि देवगुरौ हि मतिर्भवेत्सुरुचिरा रुचिराभरणानि च ॥ ९ ॥

जिस आदमी के जन्म समय में बृहस्पति धनु राशि पर पड़ जाय उसको दान करने में पूरी अभिरुचि होती है, बहुत धनों का मालिक हो, हाथी, घोड़े, मोटर वगैरह सवारी भी उसके यहां मौजूद रहें, कार्यमात्र में उसकी बुद्धि अच्छी रहा करे तथा बहुत मनोहर आभूषणों से अपने को सज-धज के लोगों के सामने पेश आवे ॥ ९ ॥

हतमतिः परकर्मकरो नरः स्मरविहीनतरो भयरोषभाक्।
सुरगुरौ मकरे विदधाति ना जनमनो न मनोरथसाधनम् ॥ १० ॥

यदि किसी जातक के जन्मकालिक बृहस्पति मकर-राशिगत प्रतीत हो तो उसकी बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है, सदैव पराये काम करने में उसकी प्रवृत्ति बढ़ती जाय, कामचेष्टा से हीन रहे अर्थात् अधिकांशतः नपुंसक समझा जाय, शत्रु या और ही व्यक्ति की तरफ से आने वाले भय से एवं रोष से सहित रहे, अपने मनोरथ की सिद्धि की तरफ उसका ख्याल बिलकुल कभी न जाय, अर्थात् उदासीनता का अवलम्बनकर व्यर्थ बैठा रहे॥१०॥

गदयुतः कुमतिर्द्रविणोज्झितः कृपणतानिरतः कृतकिल्बिषः।
घटगते सति देवपुरोहिते कदशनो दशनोदरपीडितः ॥ ११ ॥

यदि कुम्भ राशि में किसी जातक का जन्मकालिक बृहस्पति दीख पड़े तो वह आदमी रोगी बनकर रहे उसकी बुद्धि भी खराब हो जाय, सारी सम्पत्ति भी नष्ट हो जाय, कञ्जूस हो, पाप के सम्बन्ध में काम करने वाला हो, उसको खाने के लिए बहुत खराब पदार्थ मिले, तिसपर भी दाँत तथा पेट की बीमारी से हमेशः पीड़ित रहे, ऐसा जाने ॥ ११ ॥

नृपकृपाप्तधनो वदनोन्नतिः सदनसाधनदानपरो नरः।
सुरगुरौ तिमिना सहिते सतामनुमतोऽनुमतोत्सवदो भवेत् ॥ १२ ॥

जिसके जन्मकाल में बृहस्पति मीन राशि पर दिखाई दे उस जातक को किसी राजा की कृपा से पर्याप्त धन मिले, मुख की सुन्दरता उत्तरोत्तर बढ़ती जाय, घर को उन्नत करने में तथा दान करने में प्रवृत्ति रखे, सभी अवसरों पर सज्जनों के आदेश के अनुसार चले तथा उसी से सब प्रकार अपने को कृतज्ञ समझने वाला हो ॥ १२ ॥

शुक्रफलम्—

भवन वाहनवृन्दपुराधिपः प्रचलनप्रियताविहितादरः ।
यदि च सञ्जननेऽजगतःकविः कवियुतो वियुतो रिपुभिर्नरः ॥१॥

जिस आदमी के जन्मकालिक शुक्र मेष राशि पर वर्त्तमान हो वह जातक कई बड़े २ सुन्दर मकानों, कई सवारियों, तथा गावों का मालिक होता है, प्रतिदिन मामला मुकद्दमा के उद्देश्य से जहाँ तहाँ जाने आने का प्रेमी हो, एवं उसी से उसको आदर मिले, हमेशः कविओं के साथ रहा करे पर शत्रु का नाम तक उसके सामने न सुनाई पड़े अर्थात् अजात शत्रु होकर सर्वप्रिय बना रहे ॥१॥

बहुकलत्रसुतोत्सवगौरवं कुसुमगन्धरुचिः कृषिनिर्मितः ।
वृषगते भृगुजे कमला भवेदविरला विरला रिपुमण्डली ॥ २ ॥

यदि शुक्र किसी आदमी के जन्मसमय में वृषराशि पर उपस्थित दीख पड़े तो उसको कई स्त्री एवं पुत्रों को रहने से बड़ा अभिमान हो सुगन्धित पदार्थ (पुष्प, इत्र आदि) में अभिरुचि हो, बहुधा खेती ही से फायदा उठावे, धनी इतना बड़ा हो कि शायद ही दूसरी जगह वैसी लक्ष्मी दीख पड़े तथापि शत्रु बहुत कम संख्या में रहे अर्थात् इस स्थिति में जातक बड़ा मालदार होकर सभी के साथ प्रेम करने वाला भाग्यशाली पुरुष होता है ॥ २ ॥

भृगुसुते जनने मिथुनस्थिते सकलशास्त्रकलामलकौशलम् ।
सरलता ललिता किल भारती सुमधुरा मधुरान्नरुचिर्भवेत् ॥ ३ ॥

शुक्र जिस जातक के जन्मसमय में मिथुन राशि पर स्थित हो वह सब शास्त्रों का तथा कलाओं का बड़ा ज्ञाता होता है, लोगों से सरलता (सीधापन) के साथ सहानुभूति रखे, उसकी सरस्वती (काव्यकारिता, वाक् पटुता) अत्यन्त सुललित होती है, मधुर पदार्थ की इच्छा बहुत रखा करे, ऐसा जानना चाहिये ॥ ३ ॥

द्विजपतेः सदने भृगुनन्दने विमलकर्ममतिर्गुणसंयुतः ।
जनमलं सकलं कुरुते वशं सकलया कलयापि गिरा नरः ॥४॥

जिस जातक के जन्मकाल में शुक्र कर्क राशि पर व्यवस्थित देखा जाय उसको निष्कपट एवं धर्मसम्बन्धी काम करने में बुद्धि रहती है, अनेक प्रकार के गुणों से सहित हो, करीब २ आस-पास के सभी आदमियों को भली-भाँति अपने अधीन कर ले, जिसमें सिर्फ अपनी कला कुशलता तथा बातों से ही सफलता मिल जाय, अर्थात् सभी को वश करने में उसमें उसे धन का व्यय न हो, केवल इधर-उधर की बात-चीत करने ही से हो जाय ॥ ४ ॥

पूर्वपाठः—१ संजनने हि भवेत्कविः ।

हरिगते सुरवैरिपुरोहिते युवतितो धनमानसुखानि च।
निजजनव्यसनान्यपि मानवस्त्वहिततो हिततोषमनुव्रजेत् ॥५॥

यदि सिंह राशि में शुक्र दिखाई दे तो कुण्डली वाला जातक अपनी स्त्री से धन, मान तथा सुख पर्याप्त पाता है, अपने परिजनों से व्यसन मिले, तथा शत्रुओं से भी मित्रों की तरह सन्तोष प्राप्त करे अर्थात् उसके शत्रु भी ऐसे ही हों जिनके द्वारा हानि की जगह में भी इस जातक को संयोगतः लाभ ही हो जाय॥ ५॥

भृगुसुते सति कन्यकयान्विते बहु धनं खलु तीर्थमनोरथः।
कमलया पुरुषोऽपि विभूषितस्त्वमितया मितयापि गिरान्वितः ॥६॥

यदि किसी कुण्डली में शुक्र कन्या-राशिगत उपस्थित हो तो जातक को धन काफी मिले, तीर्थ जाने की इच्छा अधिक रखे, सम्पत्ति इतनी बड़ी हो कि वह हर तरह से सुशोभित रहे, और परम मितभाषी हों अर्थात् अण्ड-बण्ड ज्यादाः न बोले सिर्फ आवश्यकता के अनुसार थोड़ी ही बातों से अपना काम चलावे॥ ६॥

कुसुमवस्त्रविचित्रधनान्वितो बहुगमागमनो ननु मानवः।
जननकालतुलाकलनं यदा सुकविना कविनायकतां व्रजेत् ॥७॥

जिस आदमी को जन्मकालिक शुक्र तुला राशि पर वर्त्तमान हो वह जातक फूल, पत्ती, विविध प्रकार के वस्त्र एवं बड़ा धन आदि से सहित हो, बाहर जाने आने में बहुत चित्त लगे, तथा उसकी कविता ऐसी अच्छी हो कि उसी के सहारे सब कवियों में प्रधान (कवीश्वर) बन कर रहे॥ ७॥

कलहघातमतिं जननिन्द्यतां प्रजनतामयतां नियतां नृणाम्।
व्यसनतां जननेऽलिसमाश्रितः कविरलं विरलं कुरुते धनम्॥ ८॥

जिसके जन्मकालीन शुक्र वृश्चिक राशि पर दीख पड़े वह कुण्डली वाला जातक अधिक आदमियों से झगड़ा करने में तथा कई को मारने में बड़ी अभिरुचि रखे, इसीसे जनता के बीच में वह निन्द्य समझा जाय, इसके अतिरिक्त और भी कई निषिद्ध काम करे, फलतः रोगी भी हो, नशाबाज हो, तथापि काफी धन की प्राप्ति करे ऐसा आचार्यों ने कहा है॥ ८॥

युवतिसूनुधनागनोत्सवं सचिवतां नियतं शुभशीलताम्।
जनुषिकार्मुकगः कविनन्दनः कविरतिं विरतिं कुरुते नृणाम्॥ ९॥

यदि किसी को जन्मकाल के शुक्र धनु राशि पर उपस्थित हो तो जानना कि यह लड़का स्त्री, पुत्र तथा धन इनकी प्राप्ति में खूब उत्सव मनाने वाला होगा किसी बड़े दरबार में मन्त्री बन कर स्थायी रूप में रहेगा, उसका शील स्वभाव रुचिकर होगा, कविता बनाने वाले विद्वानों के साथ इसकी बैठक रहेगी और विषयो से विरक्त सा (उदासीन) रहेगा॥ ९॥

अभिरतिस्तु जराङ्गया नृणां व्ययभयात्कृशतामतिचिन्तया।
मृगसुते मृगराशिगते सदा कविजने विजनेऽपि मतिर्भवेत् ॥ १० ॥

जिस आदमी के जन्मसमय में शुक्र-मकर राशि पर देखा जाय वह कुण्डली वाला जातक पूरा व्यभिचारी हो परन्तु अधिक खर्च के डर से वृद्धा वेश्याओं के साथ रमण करे तथापि उसको चिन्ता इतनी हो कि उसका शरीर अतिशय पतला पड़ जाय, एवं उसकी प्रवृत्ति काव्यकर्ताओं के साथ बहुत समय हुआ करे, तथा च निर्जन स्थान में रहने से पक्षियों के लालन-पालन में मन देनेवाला पुरुष होता है ॥१०॥

उशनसः कलशे जनुषि स्थितौ वसनभूषणभागविहीनता।
विमलकर्ममहालसता नरैरुपगतापगतापि रमा भवेत् ॥ ११ ॥

जिसको शुक्र जन्मकालीन कुण्डली में कुम्भ-राशि-गत दीख पड़े वह जातक अन्न, वस्त्र आभूषण आदि मनुष्योचित वस्तुओं से वञ्चित रहै अर्थात् खाने-पीने में भी कष्ट हो, किसी अच्छे कामों को करने में हमेशः बड़ा आलस दिखाया करे, अपने पूर्वजों की कमाई से उपार्जित भी लक्ष्मी इसके समय में चली जाय, अथवा खुद भी बालावस्था में लक्ष्मी का उपार्जन तथा कुछ सुख कर आगे बड़ी तकलीफ पावे ॥ ११ ॥

भृगुसुते सति मीनसमन्विते नरपतेर्विभुता वितता भवेत्।
रिपुसमाक्रमणद्रविणागमो वितरणे तरणे प्रणयो नृणाम् ॥ १२ ॥

यदि किसी कुण्डली में शुक्र मीन राशि पर सम्प्राप्त हो तो जातक को किसी राजा के सहारे काफी ऐश्वर्य मिले, अपने शत्रुओं के ऊपर आक्रमण कर जीती हुई उनकी सम्पत्तियों से जातक बड़ा धनी बन जाय, उसके बाद दीन-दुखियों को दान देने में तथा अतिथि-अभ्यागतों के सेवा-सत्कार में भी व्यय करने वाला पुरुष हो ॥१२॥

शनिफलम्—

धनविहीनतया तनुता तनौ जनविरोधितयेप्सितनाशनम्।
क्रियगतेऽर्कसुते सुजनैर्नृणां विषमता समताशमनं भवेत् ॥ १ ॥

जिस आदमी के जन्मकालिक शनैश्चर मेष राशि पर व्यवस्थित देखा जाय वह जातक धन न रहने के कारण पतली देह वाला हो याने उसे खाने-पीने की पूरी तकलीफ हो, अपने समाज के अधिक मनुष्यों के साथ विरोध रहने के कारण कोई भी उसका अभिलषित काम सिद्ध न हो, शत्रु लोग सभी कामों में विघ्न डाल दें, प्रायः वहाँ के सभी गण्य सज्जनों से इसको मनोमालिन्य हो जाय, किसी के साथ एकता न रहे अर्थात् इस योग में उत्पन्न लड़का बड़ा भाग्यहीन होता है, यह जानना चाहिये ॥ १ ॥

युवतिसौख्यविनाशनता भृशं पिशुनसङ्गरुचिं मतिविच्युतिम्।
तनुभृतां जनने वृषभस्थितो रविसुतो विसुतोत्सवमादिशेत् ॥ २ ॥

यदि शनैश्चर किसी आदमी के जन्मसमय में वृषराशि पर उपस्थित दीख पड़े तो जानना कि यह जातक स्त्रीसुख से वञ्चित रहेगा इसका विवाहही न हो, या होते ही जल्दी स्त्री मर जाय, चुगलखोर लोगों के साथ रहने व सङ्ग करने में अभिरुचि बढ़ती जाय, दिनानुदिन उसकी अच्छी बुद्धि बिगड़ती जाय, अपने जीवन भर में पुत्र के सम्बन्ध में उत्सवादि का नाम भी इसकी कान तक न आवे अर्थात् निःपुत्र रहेगा ॥२॥

प्रबलताविमलत्वविहीनता भवनबाह्यविलासकुतूहलात् ।
व्रजति नो मिथुनोपगते सुते दिनविभोर्न विभोर्लभते सुखम् ॥ ३ ॥

जिस जातक के जन्मकालीन शनैश्चर मिथुन राशि पर उपस्थित प्रतीत हो वह निर्मल होकर रहे, हमेशः गन्दा वेष रखने वाला हो, अपने घर को छोड़ कर बाहरी भोग-विलासों के कुतूहल से सदैव वञ्चित रहे तथा किसी बड़े लोगों से भी कभी सुख न पावे अर्थात् यह जातक सिर्फ घरेलू बनकर रहे ॥ ३ ॥

शशिनिकेतनगामिनि भानुजे तनुभृतां कृशतां भृशमम्बया ।
वरविलासकरा कमला भवेदविरलं विरलं रिपुमण्डलम् ॥ ४ ॥

जिसके जन्मकालीन शनैश्चर कर्क राशि पर वर्त्तमान हो वह जातक एवं उसकी माता दोनों बड़ी पतली देहवाले हों, परन्तु उसके पास ऐसी दीप्त लक्ष्मी रहे कि उसको हर-तरह से भोग-विलास पर्याप्त मिले, तथा शत्रु भी उसको दिखाने लायक न हो अर्थात् जीवन भर निष्कण्टक लक्ष्मी का उपभोग करने वाला हो ॥ ४ ॥

लिपिकलाकुशलश्च कलिप्रियो विमलशीलविहीनतरो नरः ।
रविसुते रविवेश्मनि संस्थिते हतनयस्तनयः प्रमदार्तिभाक् ॥ ५ ॥

यदि शनैश्चर किसी आदमी की जन्मकुण्डली में सिंह राशि पर दिखाई दे तो वह जातक लिखने की कला में बड़ा निपुण हो, अधिक लोगों के साथ झगड़ने में रुचि रखे, अच्छे प्रशंस्य शील स्वभाव से हीन हो, उसके पुत्र भी नीतिमार्ग से भ्रष्ट हो, स्वयं स्त्री के कारण बड़ी पीड़ा का अनुभव करने वाला हो ॥ ५ ॥

विहितकर्मणि शर्म कदापि नो विनयतोपहतश्चलसौहृदः ।
रिपुसुते सति कन्यकयान्विते विबलतावलता(?)सहितो भवेत् ॥ ६ ॥

जिस आदमी के जन्म समय में शनैश्चर कन्या राशि पर बैठा हुआ हो उसको अपने किये हुए कामों में सफलता जरा भी नहीं होती (यह मन्द-भाग्य का लक्षण है) उसमें नम्रता न रहे याने व्यक्तिमात्र से ओद्धत्य के साथ पेश आवे, उसकी मित्रता बड़ी चञ्चल हो अर्थात् 'आज मैत्री कल झगड़ा' वाली नीति का समर्थक हो, तथा च दुर्बल सा रहा करे, ऐसा आचार्यों ने कहा है ॥ ६ ॥

निजकुलेऽवनिपालबलान्वितः स्मरबलाकुलितो बहुदानदः ।
जलजिनीशसुते तुलयान्विते नृपकृतोपकृतो हि नरो भवेत् ॥ ७ ॥

यदि शनैश्चर किसी मनुष्य की जन्मकुण्डली में तुला राशि पर आसन जमाया हो तो वह जातक अपने कुल में राजा की तरह प्रधान होकर रहे, कन्दर्प से अधिक समय पीड़ित रहे याने उसको कामचेष्टा बड़ी हो, अवसर पाकर दान भी किया करे तथा किसी राजा से इस जातक को हर मौके पर उपकार हुआ करे जिससे सभी कामों की सफलता सहज ही में इसे मिलती जाय ऐसा जानना चाहिये ॥ ७ ॥

विषहुताशनशस्त्रभयान्वितो धनविनाशनवैरिगदार्दितः ।
विकलिताकलितोऽलिसमन्वितो रविसुतोविसुतोऽप्यसुखीनरः ॥ ८ ॥

जिस मनुष्य के शनैश्चर जन्मसमय में वृश्चिक राशि पर बैठा देखा जाय उसको विष, अग्नि, शस्त्र (तलवार आदि) का भय हमेशः बना रहता है, धन का नाश हो, शत्रु-कृत रोग से सहित रहे, खाने-पीने में भी विकलता पावे, पुत्र से हीन हो तथा और भी किसी प्रकार का सुख नहीं प्राप्त हो ऐसा आचार्यों ने कहा है ॥ ८ ॥

रविसुतेन युते सति कार्मुके सुतगणैः परिपूर्णमनोरथः ।
प्रथितकीर्तिसुवृत्तिपरो नरो विभवतो भवतो भवतोषयुतो भवेत् ॥९॥

यदि शनैश्चर किसी जन्मकुण्डली में धनु राशिगत दीख पड़े तो वह जातक सुयोग्य पुत्र वाला हो तथा उन्हीं लोगों के द्वारा उसका सारा मनोरथ सिद्ध हो जाय, उसके हाथ से कई जगह कीर्ति बने, सज्जनों के आचरण के अनुसार काम करे तथा ऐश्वर्य से ही भवरूपी संसार के बाद अच्छी गति पाने का परितोष उसके हृदय में झलकता रहे ॥९॥

नरपतेरतिगौरवतां व्रजेद्रविसुते मृगराशिगते नरः ।
अगरुणाकुसुमैर्मृगजातया विमलया मलयाचलजैः सुखम् ॥ १० ॥

जिस जातक के जन्मकाल में शनैश्चर मकर राशि पर व्यवस्थित देखा जाय उसको किसी राजा के यहां अधिक समय जाने-आने से बड़ा गौरव प्राप्त हो, अगर, फूल, कस्तूरी आदि सुगन्धित पदार्थों से तथा मलयाचलीय श्रीखण्डचन्दन आदि से परम सुख मिले अर्थात् यह जातक महा भोगीन्द्र पुरुष होता है ॥ १० ॥

ननु जितो रिपुभिर्व्यसनावृतैर्विहितकर्मपराङ्मुखतान्वितः ।
रविसुते कलशेन समन्विते सुसहितः स हितप्रचयैर्नरः ॥ ११ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालिक शनैश्चर कुम्भ राशि पर उपस्थित दीख पड़े तो कुण्डली वाला जातक महा व्यसनी शत्रुओं से हार जाता है, अपने कर्तव्य कर्मों को करने से अलग हो जाता है, किन्तु यह अनेक हितैषी मित्रों से हमेशः सहित रहे परन्तु शत्रुओं का सामना करने के लिये उन लोगों से काफी सहायता न मिले ॥ ११ ॥

विनयिता व्यवहारसुशीलता सकललोकगृहीतगुणो नरः ।
उपकृतौ निपुणस्तिमिसंश्रिते रविभवे विभवेन समन्वितः ॥ १२ ॥

---

१ 'रविसुतो विसुतेष्टसुखी नरः' । इति पूर्वपाठः ।

जिसको शनैश्चर जन्मकुण्डली में मीनराशिगत पड़ जाय वह जातक जनमात्र के साथ विनय दिखाने वाला, सब लौकिक व्यवहारों में सुशील बन कर काम करने वाला हो, तथा इसके गुणों को आदर्श मान कर इसी ढंग पर और भी लोग चलने की कोशिश में रहें, सभी के उपकार करने के लिये हमेशः तैयार रहे, एवं आवश्यकता के अनुकूल पर्याप्त धन का मालिक बना रहे, अर्थात् इस योग में जातक बड़ा उपकारी पुरुष होता है ॥ १२ ॥

अथ मित्रामित्रकथनम्—

विना हि मैत्रीं खलु खेचराणां न ज्ञायते ह्युत्तमध्यहीनता।
महादशान्तर्विदशादिकानां[1] तस्मात्प्रवक्ष्ये खलु मैत्रिचक्रम् ॥१॥

ग्रहों को मित्र, सम, एवं शत्रु का ज्ञान न होने से किसकी दशा उत्तम किसकी मध्यम, किसकी अधम है इसका पता नहीं लगता तथा च बलाबल न जानने से कुण्डली का कोई भी काम नहीं चल सकता है इसलिए इस प्रकरण में पहले मैत्री—चक्र को कहता हूँ, जिसके द्वारा आगे सुभीता होगा ॥ १ ॥

आदौ नैसर्गिकमैत्रीकथनम्—

शत्रू[2] मन्दसितौ समश्च शशिजो मित्राणि शेषा रवे-
स्तीक्ष्णांशुर्हिमरश्मिजश्च सुहृदौ शेषाः समाः शीतगोः।

पूर्वपाठः—१ दिशादिकानां विदिशादिकाश्च।

२ इह नैसर्गिकमित्रामित्रप्रदर्शनयुक्त्यन्वेषणाय तावत्सूर्यादिग्रहाणां मूलत्रिकोणस्थानानि—"सिंहो वृषः प्रथमषष्ठहयाङ्गतौलिकुम्भास्त्रिकोणभवनानि भवन्ति सूर्यात्" मेषादिराशीश्वराश्च "कुजशुक्रसौम्यशशिसूर्यचन्द्रजाः कविभौमजीवशनिसौरयो गुरुः। इह राशिपाः ······" ततश्च वराहमिहिराचार्योक्तबृहज्जातकस्थपद्येन "सत्योक्ते सुहृदस्त्रिकोणभवनात्स्वात्स्वान्त्यधीधर्मपाः स्वोच्चायुःसुखपा" इत्यादिना स्वमूलत्रिकोणस्थानात् कस्यापि ग्रहस्य) द्वितीय—चतुर्थ-पञ्चम—निजोच्चाष्टम-नवम-दशम-द्वादश—स्थानानामन्यतमस्थानद्वयाधीशो मित्रम, तदतिरिक्तस्थानद्वयाधीशः शत्रुः, उक्तानुक्तैकैकस्थानाधिपतिर्ग्रहःसम इति सूर्यचन्द्रातिरिक्तग्रहविषयम्। यतो रविश्चन्द्रश्च क्रमेणैकैकस्य राशेः सिंहस्य कर्कस्य चाधीशस्तेन तयोरेकैकस्थानाधिपतिर्मित्रमनुक्तस्थानाधिपतिः शत्रुरिति—"द्वयेकानुक्तमपान् सुहृत्समरिपून् सञ्चिन्त्य नैसर्गिकान्—इत्यादितः" स्फुटमयं रवेर्मूलत्रिकोणं सिंहस्तस्माद्द्वितीयस्थानं कन्या यदधिपतिर्बुधः, तत एव सिंहाच्चतुर्थस्थानं वृश्चिको यदीशो भौमः तथैव ततश्च पञ्चमो धनुर्यदीशो गुरुः, अष्टम स्थानं मीनराशिर्यदीशो गुरुरेव, एवं तथैव सरण्या नवमस्थानं मेषस्तस्याधिपो भौम एव द्वादश स्थानं कर्को यदाशश्चन्द्र इति कुजगुर्वोरुक्तान्यतमस्थानद्वयाधीशत्वेन मित्रत्वं पूर्वोक्तनियमानुसारेण, शनिस्तत्पुत्रोऽप्यत्र शत्रुर्यतः स मकरकुम्भयोरनुक्तयोःषष्ठसप्तात्मकयोरधिपतिरिति, तथानुक्तस्थानयोर्मकरकुम्भाख्योराधिपत्येन शुक्रोऽपि शत्रुरेवेति सूर्यस्य

जीवेन्दूष्णकराः कुजस्य सुहृदो ज्ञोऽरिः सितार्की समौ
मित्र सूर्यसितौ बुधस्य हिमगुः शत्रुः समाश्चापरे ॥ २ ॥

सूरेः सौम्यसितावरी रविसुतो मध्योऽपरे त्वन्यथा
सौम्यार्की सुहृदौ समौ कुजगुरू शुक्रस्य शेषावरी
शुक्रज्ञौ सुहृदौ समः सुरगुरुः सौरस्य चान्येऽरयः—

इन दोनों श्लोक से सूर्यादि ग्रहों के मित्र-सम-शत्रु-का निर्णय होता है, जैसे सूर्य के शनैश्चर और शुक्र शत्रु हैं, बुध सम (उदासीन) तथा और सभी ग्रह (चन्द्रमा, मङ्गल, वृहस्पति,) मित्र हैं। चन्द्रमा के सूर्य और बुध मित्र हैं, शेष सभी ग्रह (मङ्गल, बृहस्पति, शुक्र, शनैश्चर) सम हैं (शत्रु कोई नहीं)। मङ्गल के—बृहस्पति, चन्द्रमा, और सूर्य, ये तीनों मित्र हैं, बुध शत्रु हैं, तथा शुक्र, शनैश्चर सम हैं। बुध के सूर्य, शुक्र मित्र, चन्द्रमा शत्रु तथा शेष सब ग्रह (मङ्गल, बृहस्पति, शनैश्चर) सम हैं। बृहस्पति के—बुध, शुक्र, शत्रु, शनैश्चर सम, शेष सब ग्रह (सूर्य, चन्द्र, मङ्गल) मित्र हैं। शुक्र, के—बुध, शनैश्चर मित्र, मङ्गल, बृहस्पति सम, शेष दोनों ग्रह (चन्द्रमा, सूर्य , शत्रु हैं। इसी तरह शनैश्चर के—बुध, शुक्र मित्र, बृहस्पति सम, शेष सभी ग्रह (सूर्य, चन्द्रमा, मङ्गल) शत्रु होते हैं। यह नैसर्गिक मित्रामित्र—विभाग कहा गया है—॥

तात्कालिकमैत्रीकथनन्—

—तत्काले च दशायबन्धुसहजस्वान्त्येषु मित्रं स्थितः ॥ ३ ॥

इस चतुर्थ चरण से तात्कालिक मित्रामित्र का निर्णय करते हैं—इसमें नैसर्गिक की तरह निर्दिष्ट नहीं, किन्तु किसी स्थान पर जो ग्रह वर्त्तमान हो उसमें दशम, एकादश चतुर्थ, तृतीय और द्वादश इन स्थानों में जितने ग्रह हों सभी मित्र होते हैं। उक्त स्थानों के अतिरिक्त में रहें वे तो शत्रु समझे जाते हैं ॥ ३ ॥

मित्रमुदासीनोऽरिर्व्याख्याता ये निसर्गभावेन।
तेऽविसुहृन्मित्रसमास्तत्कालमुपस्थिताश्चिन्त्याः ॥ ४ ॥

जो ग्रह किसी के मूलत्रिकोण में पड़े वह भी मित्र माना जाता है। और जो त्रिकोण (नवम, पञ्चम), अष्टम, षष्ठ, प्रथम, सप्तम इन स्थानों में रहे वह शत्रु होता है यह तात्कालिक विचार के अनुसार है ॥ ४ ॥

मित्रामित्रविभागः सञ्जातः। एव चन्द्रस्य तन्मूलत्रिकोणं वृषराशिस्तस्माद्द्वितीयचतुर्थ-पञ्चमतदुच्चद्वादशस्थानानि मिथुन-सिंह-कन्या-धनु-मकर-वृष-मेषास्तदीशाश्च क्रमेण—बुध-रवि-बुध-गुरु-शनि-शुक्र-भौमा इति कथितरीत्यनुसारेण बुधरवी मित्रे, गुरुशुक्रशनि-कुजा इहैकैकस्थानाधिपत्येन सर्वे समाः शत्रुः कोऽपि नेति। तथैवान्यग्रहाणामपि मित्र-समशत्रुत्वमुक्तदिशा विचार्यम्। ग्रहाणामुच्चस्थानानि च—"अजवृषभमृगाङ्गनाकुलीरा झषवणिजौ च दिवाकरादितुङ्गाः" इति।

मूलत्रिकोणषष्ठत्रिकोणनिधनैकराशिसप्तमगाः ।
एकैकस्य यथा संभवन्ति तात्कालिका रिपवः ॥ ५ ॥

इस तरह निसर्ग-विचार से जो मित्र, सम, शत्रु नियत हैं एवं तात्कालिक जो मित्र, शत्रु होंगे इन दोनों के अनुसन्धान से जो ग्रह किसी के दोनों विचारों से मित्र सिद्ध हों वे अधिमित्र, तथा जो दोनों के शत्रु हों वे अधिशत्रु कहे जायँगे । एवं जो ग्रह नैसर्गिक शत्रु किन्तु तात्कालिक मित्र हों अथवा नैसर्गिक मित्र तात्कालिक शत्रु हों वे सम याने उदासीन माने जाते हैं तथा च जो नैसर्गिक सम किन्तु तात्कालिक शत्रु हो वह भी शत्रु कहा गया है ॥ ५ ॥

नैसर्गिकमैत्रीचक्रम्—

ग्रहाः	सूर्यः	चन्द्रः	मङ्गलः	बुधः	बृह.	शुक्रः	शनिः	राहुः	के.
मित्र	च.मं. बृ.	सूर्य बुधाः	सू.चं. बृ	सूर्यः शु.	सूर्यः च मं.	बुधः श रा.	शु बु. रा.	बु शु श.	बु.शु. रा.
समाः	बुधाः	मं.बृ. शु.श.	शु.श रा.	मं.श. बृ.रा.	श.रा.	बु.मं.	बृ.	बृ.	बृ.
शत्रव	शुक्रः श.रा.	०	बुधः	चन्द्रः	बुधः शुक्रः	सूर्यः चं मं	सूर्यः चं.मं.	सू. चं.मं.	सू.चं. मं.

अथ तात्कालिकपञ्चधामैत्रीमाह—

तत्कालमित्रं तु निसर्गमित्रं द्वयं भवेत्तत्त्वधिमित्रसंज्ञम् ।
तथैव शत्रोरधिशत्रुसंज्ञमेकत्र शत्रुः समतामुपैति ॥ ६ ॥

इसकी टीका पञ्चम श्लोक ही में लिखी गई है, तथापि संक्षेपतः कहते हैं कि—तात्कालिक विचार में मित्रामित्र के भेद पाँच प्रकार के होते हैं जैसे अधिमित्र (१), मित्र (२), सम (३), अधिशत्रु (४), शत्रु (५), । (यहाँ पर उदाहरण के लिये किसी कुण्डली का न्यास विस्तार के भय से नहीं किया, स्वयं किसी को सामने रख कर मित्रामित्र का विभाग कर लें) ॥ ६ ॥

"यथा स्वाभाविकी-मैत्रीचक्रं यत्र प्रतिष्ठति ।
तादृगेव हि तत्कालमैत्रीचक्रं निवेशयेत्[1] ॥ १ ॥

जिस तरह नैसर्गिक मित्रामित्र का चक्र लिखा गया है, उसी तरह जिस जातक का परिवर्धित कुण्डली बनाना हो उसके जन्माङ्गचक्र के अनुसार उसी तरह तात्कालिक विचार से भी मित्र-सम शत्रु का पृथक् २ अङ्कन कर एक चक्र में निविष्ट कर दे ताकि और बातों को देखने के लिये शीघ्रता के साथ इसका भी उपयोग किया जाय अन्यथा उस समय देर लग जाती है ॥ १ ॥

१ "-तत्कालमैत्रीचक्रं तु स्थापयेत्" इति पूर्वपाठः ।

अथ षड्वर्गशुद्धिः—

लग्ने देहाचारो होरायामर्थसम्पदो विपदः ।
द्रेष्काणे कर्मफलं सप्तांशे बन्धुसंख्या च ॥ १ ॥
जातकफलं नवांशे द्वादशभागे विचिन्तयेत्पत्नीम् ।
त्रिंशांशे निधनं वै यवनाचार्यैः सदा ह्युक्तम् ॥ २ ॥

इन तीनों श्लोकों के द्वारा षड्वर्गों (गृह, होरा, द्रेष्काण, नवांश, द्वादशांश, त्रिंशांश,) में से किससे किस वस्तु का विचार किया जाय यह कहते हैं—यथा लग्न में जातक के शरीर एवं उसके आचार विचार का होरा से धन - सम्पत्ति का, और अचानक आने वाली विपत्ति का, द्रेष्काण से कर्मफल का याने 'उसके कृतकर्मों का फल क्या होगा' इसका, सप्तांश से जातक के सहोदर भाइयों की संख्या का, नवांश से साधारणतः सभी फलों का, द्वादशांश से स्त्री का तथा त्रिंशांश से मृत्यु का विचार करना चाहिए यह यवनाचार्य का कथन है. इसी के अनुसार देखना आवश्यक है ॥ १–२ ॥

यस्मिन्मित्रगृहे स्वकीयभवने तुङ्गे त्रिकोणेऽपिवा
तत्सर्वं विदधाति जन्मसमये षड्वर्गशुद्धो ग्रहः ।
एकस्तत्र हि सर्वभूरिनिकरो हस्तेषु कोषान्वितो
द्वाभ्यां किन्नरमत्र सिद्धसदृशं कुर्वन्ति मर्त्यं भुवि ॥३॥

जिसके जन्मकालिक कोई ग्रह अपने मित्रों के गृह में, वा अपने घर में, त्रिकोण (अपने स्थान से पञ्चम, नवम) में, वा अपने उच्च में स्थित देखा जाय वह ग्रह उस जातक के सब कामों को करने वाला होता है। यदि किसी आदमी को एक षड्वर्गशुद्ध ग्रह कुण्डली में पड़ जाय तो सब प्रकार की सम्पत्ति-खजाने से सहित बड़ा ऐश्वर्यशाली जातक होता है। इसी तरह जिसको दो षड्वर्गशुद्ध पड़ जाँय वह सिद्ध किन्नर के सदृश उच्चविभूतिमान् प्रतापी हो यह कहना ही क्या है, अवश्यमेव वैसा होगा सो जानना चाहिए ॥३॥

तत्र होराकरणम्—

ओजे[2] रवीन्द्वो सम इन्दुरव्योर्होरे गृहार्धप्रमिते विचिन्त्ये ॥ १ ॥

एक राशि का आधा होरा कहलाती है, हर राशि ३० अंशों की है, अतः १५ अंश तक पहिली, उसके बाद दूसरी इसी तरह विषम राशियों (मेष, मिथुन, सिंह, तुला,

१ "गृहहोराद्रेष्काणा नवभागो द्वादशः शकस्त्रिंशः ।
वर्गः प्रत्येतव्यो ग्रहस्य यो यस्य निर्दिष्टः ॥"

एतदनुसारेण षड्वर्गत्वं सप्तांशस्य नायाति, न वा वराहमिहिरकृतनिबन्धेषूपलभ्यते । तच्चर्चा, अत्र च प्रकृतश्लोकनिर्दिष्टलग्नादित्रिंशांशान्तानां संख्या षडधिकेति तदपनीतिरितो युक्तैव 'षण्णां वर्ग' इति व्युत्पत्तिपरिसिद्धत्वाच्च । बहुत्र सहजसंख्याज्ञानोपयोगी सप्तांशः कुहचित्समादृतस्तेनेहापि समारक्षि, आचार्यस्याप्यनुकूलमिति वक्तुं न पार्यते ।

२ अत्र यथा समविषमराशिविभागतो होरेशनिर्णयः कृतस्तथा यवनाचार्यो न वदति—"आद्या तु होरा भवनस्य पत्युरकादशक्षेत्रपतेर्द्वितीया"

धनु, कुम्भ) में पहली होरा याने किसी भी राशि में १ से १५ अंश तक सूर्य की होरा, उसके बाद याने १६ से ३० तक दूसरी होरा चन्द्रमा की होती है। परन्तु सम राशियों (वृष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, मकर, मीन) में इसका विलोम अर्थात् पहली होरा चन्द्रमा की, दूसरी सूर्य की होती है ॥ १ ॥

यथा बालावबोधार्थं होराचक्रम्—

रा.	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु	वृ.	ध	म.	कुं.	मी.
१५	५ सू.	४ चं.	५ सू.	४ चं.	५ सू.	४ चं.	५ सू.	४ चं.	५ सू	४ चं.	५ सू	४ चं.
३०	च. ४	सू. ५	चं. ४	र. ५	चं. ४	र. ५	चं. ४	र ५	चं. ४	र. ५	चं. ४	र. ५

अथ द्रेष्काणमाह—

राशित्रिभागा द्रेष्काणास्ते च षट्त्रिंशदीरिताः।
परिवृत्तित्रयं तेषां मेषादेः क्रमशो भवेत् ॥ १ ॥
स्वपञ्चनवपानां[1] च विषमेषु समेषु च।
नारदागस्तिदुर्वासो-द्रेष्काणेशाश्चरादयः ॥ २ ॥

राशि का तृतीयांश द्रेष्काण कहलाता है अर्थात् तीस अंशों की तिहाई १० अंशों का प्रथम द्रेष्काण, ११ से २० तक द्वितीय तथा २१ से ३० तक तृतीय होता है, इस तरह बारह राशिओं में १२ × ३ = ३६ द्रेष्काण होंगे। जिस राशि में द्रेष्काण का विचार करना हो, प्रथम १० अंश तक उसी के अधिपति का द्रेष्काण, दूसरा उससे पांचवीं राशि के स्वामी का, तीसरा उससे नवमी राशि के स्वामी का द्रेष्काण हो, सब में द्रेष्काण निकालने का यही नियम जाने, साधारणतः चर, स्थिर, द्विस्वभाव के विचार से चर द्रेष्काणों का स्वामी नारद, स्थिर का अगस्ति तथा द्विस्वभाव का दुर्वासा अधिपति माने गये हैं ॥ १—२ ॥

स्पष्टार्थं चक्रम्—

स्वामी	रा.	मे.	वृ.	मि	क.	सिं	क.	तु.	वृ.	ध.	म	कु.	मी.
नारदः	१०	मे. १	वृ. २	मि. ३	क ४	सिं. ५	क. ६	तु. ७	वृ. ८	ध. ९	म. १०	कु. ११	मी. १२
अग.	२०	सिं ५	क. ६	तु. ७	वृ. ८	ध ९	म. १०	कुं. ११	मी १२	मे. १	वृ. २	मि ३	क. ४
दुर्वा.	३०	ध. ९	म. १०	कुं ११	मी १२	मे. १	वृ २	मि ३	क. ४	सिं ५	क. ६	तु. ७	वृ. ८

[1] यवनाचार्यैस्त्वन्यथैव द्रेष्काणनियमो विहितः यथा च तद्वाक्यम्—
"स्वद्वादशैकादशराशिपानां द्रेष्काणसंज्ञाः क्रमशस्त्रयोऽत्र" इति।

उदाहरण—

जैसा किसी के जन्म समय में स्पष्ट लग्न का राश्यादि मान ५।२७।३।३२ है, अर्थात् कन्या के २० अंश के बाद ३० के भीतर में है, इससे मालूम पड़ा कि तीसरा द्रेष्काण होगा, जो कि बनाए हुये के अनुसार कन्या से नौवी राशि वृष याने उसके अधिपति शुक्र का द्रेष्काण हुआ। शब्दान्तर से यह सिद्ध हुआ कि स्पष्ट लग्न वृष के द्रेष्काण में पड़ा।

अथ नवांशकानयनम्—

[1]मेशा नवांशकानामजमकरतुलाकुलीराद्याः ॥ १ ॥

इस श्लोकार्द्ध से नवांश का विचार किया गया है—राशि का नौवां हिस्सा नवमांश होता है जोकि ३० में ९ का भाग देने से पहले (सप्तांश) की तरह ३° अंश २० कला एक नवांश का मान आता है। मेषादि राशियों में मेषादि से याने मेष में पहला मेष का, दूसरा वृष का, तीसरा मिथुन का इत्यादि। इसी तरह वृष में—मकर, कुम्भ, मीन आदि का; मिथुन में तुला, वृश्चिक, धनु आदि का, कर्क में—कर्क, सिंह, कन्या आदि का नवांश होता है। एवं आगे भी जानना चाहिये। नवांश का अधिपति वही ग्रह होगा जिसका अधिपत्य उस नवांश वाली राशि पर सिद्ध हो। स्पष्टता के लिये चक्र देखो।

उदाहरण—

यथा लग्न का मान ३।५।४।९ है तब ऊपर के नियम के अनुसार कर्क में ३।२० तक कर्क ही का नवांश हुआ, उसके बाद दूसरा नवांश ६।४० तक सिंह का है अतः सिंह के नवांश में लग्न है यह सिद्ध हुआ, इसी तरह और जगहों पर भी नवांश का निर्णय कर लें ॥ १ ॥

---

१ अत्र पूर्वपाठः—'मेषाद्या धनुसिंहश्च मकराद्या वृषकन्ययोः।
तुलाद्या घटमिथुनश्च वृश्चिकमीनकुलीराद्याः ॥

अथ नवांशचक्रम्—

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धन	मकर	कुम्भ	मीन
३ २०	मेष १	मकर १०	तुला ७	कर्क ४	मेष १	मकर १०	तुला ७	कर्क ४	मेष १	मकर १०	तुला ७	कर्क ४
६ ४०	वृष २	कुम्भ	वृश्चि.	सिंह	वृष	कुम्भ	वृश्चि.	सिंह	वृष	कुम्भ	वृश्चि	सिंह
१० ०	मिथुन ३	मीन	धनु	कन्या	मिथुन	मीन	धनु	कन्या	मथुन	मीन	धनु	कन्या
१३ २०	कर्क ४	मेष	मकर	तुला	कर्क	मेष	मकर	तुला	कर्क	मेष	मकर	तुला
१६ ४०	सिंह ५	वृष	कुम्भ	वृश्चि.	सिंह	वृष	कुम्भ	वृश्चि.	सिंह	वृष	कुम्भ	वृश्चि.
२० ०	कन्या ६	मिथुन	मीन	धनु	कन्या	मिथुन	मीन	धनु	कन्या	मिथुन	मीन	धनु
२३ २०	तुला ७	कर्क	मेष	मकर	तुला	कर्क	मेष	मकर	तुला	कर्क	मेष	मकर
२६ ४०	वृश्चि. ८	सिंह	वृष	कुम्भ	वृश्चि.	सिंह	वृष	कुम्भ	वृश्चि.	सिंह	वृष	कुम्भ
३० ००	धन. ९	कन्या	मीथुन	मीन	धन	कन्या	मिथुन	मीन	धन	कन्या	मीथुन	मीन

अथ द्वादशांशमाह—

द्वादशांशस्य गणना तत्तत्क्षेत्राद्विनिर्दिशेत्।
तेषामधीशाः क्रमशो गणेशाश्वियमाहयः॥ १॥

इससे द्वादशांश का विचार किया है—राशि का द्वादश भाग अर्थात् ३० अंश में १२ का भाग देने पर जो (अंशादि) आवे वही द्वादशांश होता है। वह मान २ अंश ३० कला पूर्वप्रदर्शित भाग क्रिया से आता है। जिस राशि में द्वादशांश का विचार करना हो उस राशि में प्रथम द्वादशांश उसी राशि का, द्वितीय उसके आगे वाली राशि का इसी तरह आगे भी जानना चाहिये। द्वादशांशेष वही ग्रह होगा जो उस राशि का स्वामी हो।

उदाहरण--

जैसा कि उपरोक्त लग्न (३।५।४।६) कर्क में ५ अंश के बाद है, इससे साफ है कि कर्क राशि में दो द्वादशांश बिता कर तीसरे में लग्न है एतावता कर्क, एवं सिंह का द्वादशांश गुजर गया किन्तु कन्या का द्वादशांश वर्तमान है इसी तरह आगे भी जानना चाहिये ॥ १ ॥

अथ द्वादशांशचक्रम—

रा.			मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ	ध.	म.	कु.	मी.
अंशाः	२	३०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
	५	००	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१
	७	३०	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२
	१०	००	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३
	१२	३०	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४
	१५	०८	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५
	१७	३०	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६
	२०	००	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७
	२२	३०	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८
	२५	००	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९
	२७	३०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
	११	००	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११

अथ त्रिंशांशविधिमाह—

कुंजशनिजीवज्ञसिताः पञ्चेन्द्रियवसुमुनीन्द्रियांशानाम् ।
विषमेषु समर्क्षेषूत्क्रमेण त्रिंशांशकाः कल्प्याः ॥ १ ॥

अब त्रिंशांश के नियम कहते हैं—विषम राशि में पाँच अंश तक मङ्गल का, उसके बाद १० तक शनैश्चर का, उसके बाद १८ अंश तक बृहस्पति का, उसके बाद २५ तक बुध का, उसके उपरान्त ३० अंश तक शुक्र का त्रिंशांश होता है। परन्तु सम राशियों (२।४।६।८।१०।१२) में इसी के विलोम नियम से अर्थात् पहला शुक्र का, दूसरा बुध का, तीसरा बृहस्पति का, चौथा शनैश्चर का तथा पाँचवाँ मङ्गल का त्रिशांश होता है ॥ १ ॥

अथवा—

शरेषुनागाद्रिसमीरणानां भौमार्किजीवज्ञसितास्त्वधीशाः ।
त्रिशांशकानां विषमे समर्क्षे तूक्ताद्विलोमं खलु जातकज्ञैः ॥ २ ॥

१—द्वावपि प्रकारावेकामेव रीतिमनुसरतः केवलं शब्दान्तरकथनमेव भेद इति द्वयोरेकत्रावस्थानं सम्यङ् मह्यं न रोचते ।

फिर शब्दान्तर से उसी त्रिंशांश का निर्णय किया गया है—अर्थात् मङ्गल, शनैश्चर गुरु; बुध एवं शुक्र विषम राशियों (१।३।५।७।६।११) में ५ अंश तक, १० तक, १८ तक, १५ तक तथा ३० तक क्रम से त्रिंशांश के अधिकारी हैं। समराशि में विलोम रीति से जानना चाहिये॥ २॥

अथ बालावबोधार्थं त्रिंशांशचक्रम्—

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म	कु.	मी.
५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५
मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.
१०	१२	१०	१२	१०	१२	१०	१२	१०	१२	१०	१२
श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.
१८	२०	१८	२०	१८	२०	१८	२०	१८	२०	१८	२०
बृ.	बृ.	बृ.	दृ.	बृ.	बृ.	बृ.	बृ.	बृ.	बृ.	बृ	बृ.
२५	२५	२५	२५	२५	२५	२५	२५	२५	२५	२५	२५
बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.
३०	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३०
शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.

अथ षड्वर्गफलानि, तत्रादौ होराफलम्—

होरागतोऽर्कस्य करोति चन्द्रो नरं सकामं वनिताप्तकष्टम्[1]।
दोषात्मकं बन्धुजनैर्विमुक्तं सव्याधिदेहं रिपुवर्गगम्यम्॥ १॥

जिसके जन्मकाल में चन्द्रमा सूर्य की होरा में व्यवस्थित हो वह जातक महा कामी हो, तिस पर भी स्त्री का कष्ट बहुत हो, दोषों का मूर्त्त ही होकर लोगों में ख्यात रहे, अपने परिवारों से बहिष्कृत होजाय, उसके शरीर में भी किसी प्रकार की व्याधि रहे, तथा च शत्रुओं से हमेशः त्रस्त रहा करे॥ १॥

सूर्यश्च होरां प्रगतो हिमांशोर्नरः प्रतापी विविधं च सौख्यम्।
स्वबाहुसम्पादितवित्तपुष्टं जायास्वभावस्य[2] मतिं करोति॥ २॥

यदि सूर्य चन्द्रमा की होरा में देखा जाय तो जानना कि आदमी बड़ा प्रतापी, अनेक प्रकार के सुखों को भोगने वाला, अपने बाहु-बल से बड़ी सम्पत्ति को प्राप्त करने वाला, तथा स्त्री के स्वभाव की तरह बुद्धि रखने वाला होगा॥ २॥

धर्मिष्ठः सत्यवक्ता च गुरुदेवप्रपूजकः।
[3]उपार्जितार्थसम्भोगी होरायां सूर्यलक्षणम् (?)॥ ३॥

सूर्य की होरा में जन्म लिया हुआ आदमी धर्म करने वाला, सत्यवक्ता, गुरु-वर्ग, देवता इनको पूजने वाला; एवं अपने उपार्जित धन का उपभोग करने वाला पुरुष होता है, ऐसा शास्त्रकारों ने कहा है॥ ३॥

पूर्वपाठः—१ नरं सकामं बनिता च कष्टम्। २ जाया अभावस्य मतिं करोति।
३ उपार्जितं वित्तभोगो…।

गान्धर्वसिद्धिं राज्यं च लक्ष्मीभुक्त सदा सुखी[1]।
पुत्रपौत्रं च कल्याणं शतवर्षाणि जीवति ॥ ४ ॥

गन्धर्व से सिद्धि तथा राज्य प्राप्त हो, लक्ष्मी को भोगने वाला, हमेशः पूर्ण सुखी हो, पुत्र, पौत्र आदि सभी कल्याण—द्योतक आवश्यकताओं से पूर्ण होकर सौ वर्ष तक जीवित रहे ॥ ४ ॥

क्रूराः सूर्यस्य होरायां धनधान्यविभूतिदाः।
आचारसत्यशीलाढ्यो रोगाङ्गो नृपवल्लभः ॥ ५ ॥

यदि सूर्य की होरा में सब पापग्रह देखे जाँय तो जातक को वे धन-धान्य, ऐश्वर्य आदि भली-भाँति देने वाले होते हैं, अपने कुलानुसार आचार-विचार के साथ रहा करे, सत्य-शील से सहित रहे, उसके शरीर में कोई रोग नहीं हो, बहुधा इसी कारण किसी राजा का परम प्रेमी बना रहे ॥ ५ ॥

[2]शुभाश्चेचन्द्रहोरायां कामिनीप्रेमवान्नरः।
शीघ्रं मैथुनकामीति चिरं सेवेत कामिनीम् ॥ ६ ॥

यदि शुभ ग्रह (बुध, गुरु, शुक्र) चन्द्रमा की होरा में व्यवस्थित हों तो जातक अपनी स्त्री में बड़ा प्रेम करने वाला होता है। जल्दी २ स्त्री-संग की इच्छा रहा करे, तथा उसी के अनुसार स्त्री का सेवन उसे ज्यादा समय अनिवार्य हो जाय ॥ ६ ॥

यदि सूर्यस्य होरायां कठिनप्रायश्च सम्भोगः।
पापैः सर्वैर्बलवान् जितेन्द्रियो मानवो भवति ॥ ७ ॥

जिसको सूर्य की होरा में सभी पाप ग्रह पड़ जाँय उसे स्त्री-संभोग बड़ी कठिनता से प्राप्त होता है, बहुत बलशाली हो, तथा आखिरकार जितेन्द्रिय बन जाय, ऐसा जानना चाहिए ॥ ७ ॥

कर्कटे चन्द्रहोरायां मर्त्यसुन्दरमुत्तमम्[3]।
कामिनीनां प्रियं चैव जनयेत्पुत्रमीदृशम् ॥ ८ ॥

यदि कर्कराशि सम्बन्धि चन्द्रमा की होरा में जातक उत्पन्न हो तो वह मर्त्यलोक में सबसे सुन्दर उत्तम विचार का हो, स्त्रियों का परम स्नेही लड़का हो ऐसा शास्त्रों में कहा गया है ॥ ८ ॥

बुधः करोति विख्यातं साध्वीपत्नीपतिं[4] शुभम्।
जीवः करोति[5] विधनं तेजस्विनमनिन्दितम् ॥ ९ ॥

पूर्वपाठः—१ लक्ष्मी भव सदा सुखी। २ होरायाश्चन्द्रमसः शुभग्रहाः कामिनीप्रियं कुर्युः। शीघ्रं मैथुनगामी च चिरं धत्ते कामिनीसंगम्। ३ मृत्युसुन्दरमुत्तमम्। ४ साध्वीं पत्नीं पतिं शुभम्। ५ जीवः करोति निधनं।

जिस जातक के जन्म-समय में बुध चन्द्रमा की होरा में पड़े वह संसार में मशहूर पतिव्रता स्त्री का स्वामी शुभाचारवान् होता है, तथा यदि उसी में बृहस्पति पड़े तो धन से रहित, परन्तु तेजस्वी एवं अनिन्दनीय पुरुष होता है ॥ ९ ॥

[1]भोग्यपत्नीपतिं शुक्रः क्षीणश्चन्द्रोऽपि शुक्रवत्।
जनयेत् कर्कटे भौमे[2] मृतस्त्रीकं नराधमम् ॥ १०॥

शुक्र पड़े तो जातक की स्त्री अत्यन्त भोगशीला होती है, अच्छे आचरणों को स्वयं करे, इसी तरह का फल क्षीणबली चन्द्रमा का भी कहा गया है। मङ्गल यदि कर्कराशि (चन्द्रमा की) होरा में देख पड़े तो जातक की स्त्री जल्द मर जाती है ॥१०॥

रविर्दुःखितमत्यन्तं पीडितं गुह्यपीडितम्[3]।
शनिर्दासीपतिं कुर्यात्कर्कटस्थो न संशयः ॥ ११ ॥

यदि सूर्य किसी को कर्क राशि की (चन्द्र) होरा में पड़े तो जातक अत्यन्त दुःख भोगने वाला, पीड़ा पाने वाला हो तथा उसके शरीर में कहीं पर गुप्त रोग भी रहे जिससे पूरा कष्ट हुआ करे, यदि शनैश्चर पड़े तो जातक दासी का स्वामी बनता है अर्थात् किसी विशेष लालच से औरों को छोड़ सिर्फ दासी ही से शादी कर ले, इसमें कुछ भी सन्देह नहीं है ॥ ११ ॥

स्वहोरायां रविः कुर्याद्विद्वांसं दृष्टपौरुषम्।
जितेन्द्रियं च शूरं तमुद्यमे धृतमानसम् ॥ १२ ॥

यदि उसी राशि में सूर्य अपनी होरा में वर्त्तमान हो तो जातक विद्वान्, सब जगह अपना पौरुष दिखाने वाला, जितेन्द्रिय, शूर-वीर, तथा हमेशः किसी उद्यम में चित्त निरन्तर लगाने वाला अच्छा आदमी होता है ॥ १२ ॥

[4]सूर्यहोरागतो भौमो धीरं जातं सतां प्रियम्।
शूरं ख्यातं धनाढ्यं च सन्मित्रं प्राप्तसम्पदम् ॥ १३ ॥

सूर्य की होरा में यदि मङ्गल आ पड़े तो जातक धीर, सज्जनों का प्रेमी, शूर-वीर लोगों के बीच में प्रसिद्ध, बड़ा धनी, अच्छे २ भाग्यशालिओं से मैत्री करने वाला, तथा अपने समय में ही पूरी लक्ष्मी को प्राप्त करने वाला हो ऐसा जानना ॥ १३ ॥

कण्ठीरवस्य होरायां चन्द्रे नीचमनारतम्।
बुधेदारिद्र्यपिशुनं जीवे रोगमृतंतकम् (?)।
शुक्रेऽगम्यामतिं कुर्याद्वृषलीभार्ययाश्रितम्[5] ॥ १४ ॥

यदि सिंह राशि-सम्बन्धी सूर्य की होरा में चन्द्रमा हो तो जातक नीच खराब प्रकृति के विचार से पूर्ण होता है, बुध पड़े तो दरिद्र तथा चुगुलखोर हो, बृहस्पति

पूर्वपाठः—१ भोग्यपत्नीं पतिं शुक्रः। २ जनयति कर्कटे भौमे। ३ पीडितं गुह्यपीडयेत्। ४ होरायां च यदा प्राप्तो धीरं सूतं। ५ वृषली चार्यमाश्रितः।

पड़े तो किसी बड़े रोग के कारण अनवसर में ही मृत्यु को पावे, शुक्र पड़े तो अगम्या स्त्रियों के साथ व्यभिचार करे, तथा शनैश्चर (?) के रहने से जातक वृषलीपति होता है ॥ १४॥

अथ द्रेष्काणफलम्—

यादृग्द्रेष्काणगाः सौम्या उच्चस्था वा स्ववर्गगाः ।
नित्यं भुञ्जयते लक्ष्मीर्वरदाः सत्यवादिनीः ॥ १ ॥

जैसे जिसके शुभ ग्रह अपने द्रेष्काण में, अपने उच्च में, अपने वर्ग में सम्प्राप्त हो वैसे ही जातक को उच्च लक्ष्मी का भोग होता है, अनेक प्रकार के वरदान मिले, सत्य बोलने वाला स्वयं जातक हो ऐसा जानना चाहिये ॥ १ ॥

द्रेष्काणयातः प्रकरोति सौम्यः केन्द्रत्रिकोणोपगतो बलिष्ठः ।
द्रव्याधिकं मानगुणैः समेतं विद्यान्वितं सर्वकलासु दक्षम् ॥ २ ॥

यदि कोई ग्रह अपने द्रेष्काण में बैठा हुआ केन्द्र या त्रिकोण में भी पड़ जाय तो जानना कि वह कुण्डली वाला आदमी बड़ा द्रव्य-सञ्चय करेगा, आदर एवं धन से हमेशः परिपूर्ण रहे, विद्यावान् हो तथा सब कलाओं (कारीगरी) में पूर्ण निपुण हो ॥२॥

द्रेष्काणपे सौम्यगते निरीक्षिते शुक्रेक्षिते स्याद्विविधं च सौख्यम् ।
आरोग्यतां मानयशोऽभिवृद्धिं स्वदेशकर्मप्रकटं विरुद्धम् ॥ ३ ॥

यदि किसी द्रेष्काण का स्वामी शुभग्रह के साथ बैठा हो या उससे देखा जाता हो या शुक्र ही से देखा जाता हो तो जातक को विविध प्रकार के सुख प्राप्त हों, शरीर में किसी प्रकार की बिमारी न रहे, मान तथा यश पूरी तौर पर बढ़े, अपने देश की भलाई के उद्देश्य से किये हुये कर्मों द्वारा लोक में बड़ा नामी हो परन्तु अन्यान्य संस्थाओं के विरुद्ध में रहे ऐसा जानना चाहिये ॥ ३ ॥

[1]द्रेष्काणनाथे शशिसंयुतेक्षिते भौमेक्षिते वा भृगुनन्दनेन ।
[2]वयःप्रमाणेन फलेद्धि कर्म धर्म धनं स्याद्विविधप्रकारम् ॥ ४ ॥

द्रेष्काण—स्वामी यदि चन्द्रमा से युत हो या चन्द्रमा से देखा जाता हो वा मङ्गल की दृष्टि उसके ऊपर पहुँचती हो या शुक्र से देखा जाता हो तो जातक को वयःक्रम के अनुसार उसके कर्म का फल उसे मिलता है। धर्म ही के आचरण से उसे अनेक प्रकार के धन का आगम होता है ॥ ४ ॥

द्रेष्काणः केन्द्रगः कुर्यादुच्चस्थो नृपति गृहे ।
स्वक्षेत्रस्य स्वभृतार्थं मैत्रे सन्मानमागमम्[3] ॥ ५ ॥

पूर्वपाठः—१ द्रेष्काणे शशिसंयुतेक्षिते वा भौमेक्षिते स्याद्भृगुनन्दने वा । २ वयःप्रमाणेन फलन्ति कर्म धर्मं धनं स्याद्विविधप्रकारैः । ३ मित्रे सन्मानयागमम् ।

यदि द्रेष्काणेश अपने उच्च में रहते केन्द्र में भी हो जाय तो जातक को राजा बना देता है, अपने स्थान में हो तो बहुत धनों का मालिक, तथा च यदि मित्र के स्थान में दीख पड़े तो अच्छे २ लोगों से आदर तथा उन लोगों के आगमन से भी इसे प्रतिष्ठा प्राप्त होती है ॥ ५॥

तथा पणफरस्थाने स्वमित्रोच्चगृहाश्रयः।
सन्मित्रं पार्थिवं तद्वद्धनिनं कुरुते नरम्[1] ॥ ६ ॥

यदि वही (द्रेष्काणेश) पणफर (द्वितीय, पञ्चम, अष्टम, तथा एकादश) में वर्त्तमान हो एवं अपने मित्र ग्रह के उच्च में आश्रित हो तो जातक को बड़ी खानदान से मैत्री हो, छोटा राजा हो, एवं उसी तरह पूण धनवान् हो ऐसा जानना ॥ ६ ॥

आपोक्लिमे च[2] व्युत्पन्नो मित्रस्वगृहगस्त्वसौ।
अपत्यं हि सदाचारं कृषितः प्राप्तवित्तकम् ॥ ७ ॥

जिसको जन्मकालीन कुण्डली के विचार से द्रेष्काणेश यदि आपोक्लिम (३।६।१२) में व्यवस्थित होकर मित्र के घर में या अपने स्थान में स्थित हो तो जातक व्युत्पन्न (लोक–चतुर) होता है, उसके सन्तान भी अच्छे आचार-विचार के हों जो कि सिर्फ खेती करने ही से अपने को एक बड़ा मालदार बना दे ॥ ७ ॥

शत्रुनीचाश्रिता ये च तेषां तत्तुल्यके तनौ।
व्रणे वातादिकं चापि वदेत्तदनुपूर्वकम् ॥ ८ ॥

उसी तरह जो अपने शत्रु के स्थान में या नीच स्थान में बैठा दीख पड़े उसी राशि के वश से जिस अङ्ग में परिणत हो उसी अङ्ग में जातक को व्रण, या शस्त्रादि का आघात लग जाय और अनेक कष्ट पावे ॥ ८ ॥

अथ सप्तमांशफलम्—

सप्तांशपे चन्द्रयुते च दृष्टे सौम्येक्षिते चेत्ससहोदरः स्यात्[3]।
अत्युग्रताकान्तियशोऽभिवृद्धिर्मित्राधिको मैत्रयुतः प्रगल्भः ॥१॥

यदि सप्तांश का स्वामी चन्द्रमा से युत हो वा उससे देखा जाता हो, अथवा बुध से देखा जाता हो तो जानना कि जातक को सहोदर भाइ भी है, बड़ी उग्रता, कान्ति यश इनकी वृद्धि हो, बहुत लोगों के साथ मैत्री करे तथा उसी घमण्ड से बड़ा प्रगल्भ (उद्दण्ड) सा बना रहे, ऐसा जानना चाहिए ॥ १ ॥

सप्तांशके च ये खेटा नीचस्था रविवर्जिताः।
तेषां बलवतो ज्ञेया बन्धूनां चिन्तया स्थितिः ॥२॥

जितने ग्रह (सूर्यातिरिक्त) अपने सप्तांश में रहते हुए नीच में पड़ जायँ उनमें

पूर्वपाठः—१ चक्रतानरम्। २ संयोग पूर्वोऽपि क्वचिरुलघुः स्यात्।
३ स्यात्स्वसहोदरः स्यात्।

जो सब से बली हो उसके अनुसन्धान से बन्धु (सहोदर भाइयों) की स्थिति जाने ऐसा शास्त्र में कहा गया है ॥ २ ॥

वर्गेऽन्तिमांशे ये खेटा उच्चस्था वा स्ववर्गगाः ।
अश्वादिवाहने दक्षः शूरो बन्धुविवर्जितः ॥ ३ ॥

जो ग्रह अपने वर्ग के अन्तिम नवांश में स्थित हो या उच्च में हो या किसी भी वर्ग में दिखाई दे तो उस विचार से कुण्डली वाला जातक हाथी घोड़े आदि की सवारी में परम प्रवीण हो, शूर-वीर हो परन्तु अकेला (भाइयों से रहित) रहता है ॥ ३ ॥

नृपपूज्यो भवेन्नित्यं सर्वकार्यार्थसम्पदा ।
सप्तवर्गग्राहाश्चैवमुच्चस्थाः शुभवर्गगाः ॥ ४ ॥

जिस जातक के जन्मकालीन सातों ग्रह उच्च में पड़े या किसी भी शुभ वर्ग में सम्प्राप्त हों तो वह आदमी सब कामों में सफलता पावे, हमेशः धनी रहे, और भी अनेक प्रकार की सम्पत्ति का मालिक हो, लक्ष्मी ऐसी उसके अधीन में रहे कि जिसी समय जो चाहे, सब कर बैठे ॥ ४ ॥

सप्तांशे भ्रातृभवने रविर्जीवश्च भूमिजः ।
पश्चाज्जातं पितुः पुत्रं शुक्रज्ञशशिनः सुताः[1] ॥ ५ ॥

जिस जातक के जन्मकालीन सूर्य, बृहस्पति तथा मङ्गल सहज-भावगत अपने २ सप्तांश में व्यवस्थित हों तो उसके पिता के मरने के बाद उसके पुत्र की पैदाइश होती है, यदि शुक्र, चन्द्रमा और बुध हों तो कन्या का जन्म जाने ॥ ५ ॥

उच्चस्थक्षेत्रगाः खेटाः सप्तांशे निखिला स्थिताः ।
महाधनी च भवति नीचस्थे च दरिद्रकः ॥ ६ ॥

जिस कुण्डली में अपने २ सप्तांश स्थित ग्रह सब उच्च में पड़ जायँ तो जातक बड़ा धनी हो, एवं नीच में पड़ने से महा दरिद्र होता है ॥ ६ ॥

[2]गुरोर्नवांशे विचरञ्छशाङ्को नरं प्रसूते बहुवित्तयुक्तम् ।
पुत्रान्वितं पुण्यधनैरुपेतं प्रियातिथिं सर्वजनाभिरामम् ॥ १ ॥

किसी जातक के जन्मकाल में चन्द्रमा यदि बृहस्पति के नवांश में देखा जाय तो मनुष्य बड़ी सम्पत्ति से सहित रहे, पुत्रवान् हो, पुण्य खूब करे, अतिथि-अभ्यागतों का सत्कार करने वाला हो तथा व्यक्तिमात्र का परमाह्लादक पुरुष सर्वप्रिय बन कर रहा करे ॥ १ ॥

सन्मित्रदाराधनमित्रसौख्यं श्रेष्ठप्रतिष्ठाप्तिविराजमानम् ।
नरं प्रकुर्यात्सुरराजमन्त्री नवांशके स्वे सुखसम्पदा स्यात् ॥ २ ॥

पूर्वपाठः—१ शुक्रचन्द्रज्ञकन्यकाः । २ गुरुर्नवांशे विचरच्छशाङ्के ।

यदि बृहस्पति खुद अपने नवांशगत प्रतीत हो तो जानना कि वह बालक अच्छे २ मित्र, स्त्री, धन इनसे पूरा सुख का लाभ करे, बड़े राजे-महराजों से प्रतिष्ठा मिले एवं उससे बड़ा प्रसन्न रहे तथा च अनेक प्रकार की सम्पत्ति भी उसे आजाय जिससे अत्यन्त सुखी होकर समय बितावे ॥ २ ॥

नीचस्त्रीकं च नीचस्थे भावेशे निजतुङ्गगे[1] ।
कुर्यान्नृपं नवांशे (?) तु स्वनवांशे तदाधिपम् ॥ ३ ॥

यदि भावेश नीच स्थान में व्यवस्थित देखा जाय तो जातक की स्त्री नीच आचरण करने वाली हो, यदि उच्च में हो तो एक सामान्य राजा तथा अपने नवांश में पड़ने से पूरा राजा होता है ॥ ३ ॥

[2]सेनानीर्मित्रनवांशे सुभोगगुणसंयुतश्च भवति जातः ।
शत्रुनवांशे दुःखितमत्यन्तमलीमसं नियतम् ॥ ४ ॥

यदि वही मित्र के नवांश में पड़े तो जातक सेनापति, भोगी तथा गुणवान् होता है, एवं शत्रु के नवांश में रहने से जातक महा दुःखी तथा अत्यन्त मलिन वेष वाला अधम पुरुष होता है, ऐसा जानना चाहिये ॥ ४ ॥

[3]नीचांशेऽपि च दासत्वं दशां प्राप्य फलं भवेत् ।
सर्वमेवं खगैश्चिन्त्यं फलं वाच्यं विचक्षणैः ॥ ५ ॥

यदि किसी कुण्डली में बृहस्पति नीच-नवांश में व्यवस्थित हो तो सेवावृत्ति से जीविका चलाने वाला हो एवं कभी अच्छी दशा आने पर अच्छे फल का भागी हो। इसी तरह औरों ग्रह का भी फल पण्डित लोग विचार कर कहें तो अन्यथा न हो ॥ ५ ॥

अथ नवांशकुण्डल्यां पञ्चमस्थानग्रहफलम्—

[4]एकत्रिपञ्च पुत्राः स्युर्धीस्थे तुर्ये कुजे गुरौ ।
द्विचतुःषट्सप्तसंख्यपुत्रदा ज्ञसितौ शनिः ॥ १ ॥

जिसके जन्मकालीन नवांश--कुण्डली के पञ्चम भाव में मङ्गल चतुर्थ में बृहस्पति पड़े उसको एक तीन वा पाँच पुत्र होते हैं, यदि बुध, शुक्र, शनि वर्त्तमान दीख पड़े तो दो, चार, छः, या सात पुत्र होंगे ऐसा जानना ॥ १ ॥

[5]तृतीयसिंहं सुतजीवकेतू षष्ठः शनिः सूर्यकलत्रसंस्थः ।
गर्भे च राहुर्दशमे च भौमः सन्तानहानिश्च भवेन्नराणाम् ॥ २ ॥

यदि किसी को जन्मकालीन नवांश—कुण्डली के सहज भाव सिंह राशि में पड़े, पञ्चम में बृहस्पति एवं केतु हों, छठे में शनैश्चर तथा सातवें में सूर्य, केन्द्र में राहु,

---

पूर्वपाठः—१ तुङ्ग उच्चगे। २ सेनानीर्मित्रनवांशे भोगगुणसंयुतश्च। शत्रुनवांशे दुःखितमत्यन्तमलीमसम् ॥ ३ नीचांशे दास्यत्वं। ४ एकत्रपञ्चपुत्राणि धीस्थे तुर्ये कुजे गुरौ। द्विचतुः षट्सप्तमश्चैव पुत्रदो ज्ञसितौ शनिः ॥ ५ सहजे च सिंहे सुतजीवकेतू इत्यादिः।

एवं दशम में मङ्गल पड़ जाय तो जानना कि उस आदमी को पुत्र ही नहीं, कन्या भी न हो, यह सन्तानबाधक योग बड़ा प्रबल है ।

ग्रहः क्रूरो व्ययाधीशो धर्मारिसहजे व्यये ।
[1]मृत्यौ वक्रः सुतस्थाने जातको म्रियते ध्रुवम् ॥ ३ ॥

जिस कुण्डली में व्यय भाव के अधिपति पाप ग्रह होते हुए, धर्म (नवम), षष्ठ, तृतीय, द्वादश तथा अष्टम में रहे और मङ्गल पञ्चम भाव में व्यवस्थित दीख पड़े तो उस पुरुष को पुत्र तो हों पर जन्म लेते ही या कुछ दिन के बाद मर जायँ ॥ ३ ॥

यावत्संख्या ग्रहाणां सुतभवनगता पूर्णदृष्टिर्यदा वा
यावत्संख्या प्रसूतिर्भवति बलयुताः पुंग्रहाः पुत्रकथ्यम् ।
कन्या चन्द्रस्य शुक्रे हिमसुतरविजो गर्भहानिं करोति
केचिच्चन्द्राद्विचार्यं मुनिगणकथितं तद्विचिन्त्यं नवांशे ॥४॥

जितने ग्रह पञ्चम भाव में दीख पड़े एवं पूर्णबली हों या पूर्ण दृष्टि से जहाँ–कहीं, रहते हुए पञ्चम भाव को देखें उतनी सन्तति उस आदमी को होती है । उनमें यदि पुरुष ग्रह (सूर्य, बृहस्पति एवं मङ्गल) हो तो पुत्र की पैदाइश; चन्द्र, शुक्र, तथा बुध उक्त अवस्था पर रहें तो कन्या का जन्म जाने । यदि शनैश्चर सबल होकर पञ्चम में हो या उसको देखे तो गर्भ नष्ट हो जाता है, इसमें कुछ सन्देह नहीं है, बहुत आचार्यों की सम्मति है । किसी ने सिर्फ चन्द्रमा से ही पुत्र कन्या का निर्णय करना कहा है ॥४॥

द्वादशांशफलम्—

[2]ग्रहाश्चेद् द्वादशे भागे मित्रोच्चसमवस्थिताः ।
बहुस्त्रीष्वधिकारी स्यान्नाना-ऋद्धिसमन्वितः ॥ १ ॥

यदि किसी कुण्डली में कोई ग्रह अपने मित्रगृह, उच्चस्थान, या निजस्थान में रहते हुये अपने द्वादशांश में पड़ जाय तो जानना कि यह जातक बहुत स्त्रियों का अधिकारी होगा, अनेक प्रकार के ऐश्वर्य से सुशोभित रहेगा अर्थात् इसे स्त्रीसुख पर्याप्त होगा ॥१॥

[3]अशीतिचतुराशीतिषडशीत्यगसप्तकम् ।
अष्टौ पञ्च षष्टिषट्पञ्चाशच्चैव (?) सप्ततिः ॥ २ ॥
नवत्यंगाधिकाषष्टिषट्पञ्चाशच्छतं तथा ।
उक्तमायुः प्रमाणेन द्विरसांशैकभेदतः ॥ ३ ॥

पूर्वपाठः—१ ग्रहो रोगव्याया धीशो धर्मारिसहजे व्यये । दग्धे चक्रीं सुतस्थाने जातको म्रियतेसुतः ॥ २ गृहस्था द्वादशे भागे मित्रोच्चसमवस्थिताः । ३ इह श्लोकद्वये शाब्दिकदृष्ट्याऽशुद्धिबाहुल्यमस्ति यत्र च "अङ्कस्य वामा गति" रित्यप्यजानतैव निबद्धमिव लक्ष्यते ।

मेषादि बारहों राशि में द्वादशांश के भेद से इस प्रकार आयु का मान कहा गया है, यथा—८०, ८४, ८६, ८७, ८५, ६०, ५६, ७०, ९०, ६६, ५६, १००, अर्थात् जन्म से इतने वर्ष के अन्त में जातक की मृत्यु आती है ॥ २-३ ॥

जलेनाष्टादशे वर्षे सर्पेण नवमे पुनः ।
परेण[1] दशमे चैव द्वात्रिंशे राजयक्ष्मणा ॥ ४ ॥

इसके बीच में भी भय की जगह बतलाते हैं–प्रथम द्वादशांश वाला १८ व वषकीअवस्था में जल में बुड़ने से पीड़ित हो, द्वितीय वाला ९ नौ वर्ष की उमर में सर्प के काटने से भय पावे, इसी तरह दशवें वर्ष में शत्रु से, २२ वें वर्ष में राजयक्ष्मा रोग से भय प्राप्त हो।

विंशे रक्तप्रकोपेण द्वाविंशे वह्निना तथा ।
अष्टाविंशतमे वर्षे जलोदरभयं तथा[2] ॥ ५ ॥

बीसवें वर्ष में रुधिर बिगड़ जाने के कारण, बाईसवें वर्ष में अग्नि में जलने के कारण तथा अट्ठाइसवें साल में जलोदर नाम की बीमारी से अधिक पीड़ा पावे ऐसा जानना चाहिये ॥ ५ ॥

[3]व्याघ्रात्त्रिंशत्तमे वर्षे शरघातेन दन्तके ।
जलेन वातपीडाभिर्मरणं त्रिंशदब्दके ॥ ६ ॥

तीसवें वर्ष में किसी जंगलमय प्रदेश में व्याघ्र (शेर) के दाँत से आघात मिले, बत्तीसवें साल में शर का आघात लगने से कष्ट प्राप्त हो, एवं ३० वें वर्ष में जल में बुड़ने का तथा वायु की पीड़ा से भय मिले ॥ ६ ॥

[4]स्त्रीकन्यामरणंविंद्यात्त्रिंशद्वर्षेऽप्सु मञ्जनात् ।
चक्रेण मरणं प्राहुरूनत्रिंशे ततो नरः ।
पूर्वोक्तमायुः प्राप्नोति सत्यमेतन्मयोदितम् ॥ ७ ॥

इसी तरह तीसवें वर्ष में स्त्री तथा कन्या के मरण तथा जल के प्रकोप से अनेक कष्ट का सामना करना पड़े। एव २९ वें वर्ष चक्र (गाड़ी का पहिया) आदि में दबने का भय प्राप्त हो। यदि लिखित उपाधि से जातक बच जाय तो आगे पूरी आयु तक जीवित रहे, ऐसा आचार्यों ने कहा है ॥ ७ ॥

पूर्वपाठः— १ 'अपरेण दशमे च'।
२ अष्टाविंशतिमे वर्षे जलोदरमयं तथा।
३ "व्याघ्रदंष्ट्रि त्रिंशत्तमेशरघातेन तत्कटे। जलेन वातपीडात्वं मरणं मकरे विधौ ॥" ४ स्त्रीकन्ये मरणं विद्यात् त्रिंशद्वर्षेणमज्जनम्। चक्रेण मरणं प्राहूराश्यश्चेन्मुच्यतेनरः ॥

अथ बालावबोधार्थं चक्रम्—

द्वादशांश	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
आयुर्दाय	८०	८४	८६	८७	५	६०	५६	७०	९०	६६	५६	१००
भयविषयः	जलम्	सर्पाः	शत्रुः	राजा	रक्तः विकारः	अग्निः	जलोद.	व्याघ्रः	शरघा.	जलम् वातपीड़ा च	जलम्	चक्रम्
भयवर्षम्	१८	९	१०	३२	२	२२	२८	३०	३२	३०	३०	२९

त्रिशांशफलम्—

त्रिंशांशके च ये खेटा मित्रोच्चसमवस्थिताः।
सर्वकार्यकृतोत्साही धर्मिष्ठः कृतपूजितः॥ १॥

जिसमें ग्रह अपने मित्र, उच्च आदि में व्यवस्थित होकर अपने त्रिंशांश में दीख पड़े वह कुण्डली वाला लड़का सभी काम में उत्साह करनेवाला होता है, धर्मवान् हो, सब उच्च सज्जनों से पूजित रहे, ऐसा जानना चाहिए॥ १॥

सत्त्वं रजस्तमो वा त्रिंशांशे यस्य भास्करस्तादृक्।
बलिनः सदृशी मूर्तिर्बुद्ध्वा वा जातिकुलदेशान्॥ २॥

बृहस्पति, सूर्य और चन्द्रमा ये सत्त्वगुण-प्रधान, शुक्र, बुध, रजोगुण–प्रधान तथा शनैश्चर और मङ्गल ये दोनों ग्रह तमोगुण–प्रधान हैं। उपरोक्त ग्रह जातकों के जन्म-काल में अपनी २ प्रकृति का असर डालते हैं, अर्थात् इनमें जिस प्रकृति वाला ग्रह सबसे बली प्रकाशमान् समझा जाय उसकी तरह जातक की प्रकृति होती है॥२॥

गुरुरविशशिनः सत्त्वं रजस्सितज्ञौ तमोऽर्कसुभौमौ ।
एते ह्यात्मसमानाः प्रकृतीस्तेभ्यः प्रयच्छन्ति ॥ ३ ॥

अब जातक की प्रकृति जानने के लिये सत्त्व, रज तम, इन प्रकृति के ग्रहों में जो अधिक तेजोवान् हो उसी के अनुसार कहना। या जाति, कुल एवं देश का भी ख्याल करते मूर्ति-रूप-वर्ण आदि का उल्लेख करे। अर्थात् शीत-प्रधान देशों के मनुष्य गौर-वर्ण उष्ण-प्रधान देशों में श्यामवर्ण यह प्राकृतिक है उसी तरह शूद्रादिकों में भी अधिकांश श्याम ही होता है इसलिये सभी का तारतम्य करके इन बातों का निर्णय करे ॥३॥

बृहज्जातकेऽपि यथा—

यः सात्त्विकस्तस्य दया स्थिरत्वं सत्यार्जवं ब्राह्मणदेवभक्तिः ।
रजोऽधिकः काव्यकरः कुलस्त्रीसमग्रचित्तः पुरुषोऽतिशूरः ॥ १ ॥

जिसकी कुण्डली में सत्त्वगुण-प्रधान सबसे बली हो तो जातक दयावान्, कार्य-मात्र में स्थिरता से वर्तने वाला, सत्यवक्ता, बड़ा सरल (नम्र), ब्राह्मण एवं देवता में पूरी भक्ति रखने वाला पुरुष होता है। यदि रजोगुण–प्रधान बली हो तो जातक काव्य बनाने वाला (कवि) सिर्फ अपनी कुलवधू (आत्मजाया) में पूरा चित्त लगाने वाला हो, कभी पर स्त्री का नाम तक न ले तथा महाशूरवीर होता है ॥ १ ॥

तमोऽधिके वञ्चयते परेषां मूर्खोऽलसः क्रोधपरोऽतिनिद्रः ।
मिश्रैर्गुणैः सत्त्वरजस्तमोभिर्मिश्रोच्यते सापि बहुप्रभेदा ॥ २ ॥

इति श्रीमानसागरीपद्धतौ तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

जिसमें तमोगुण – प्रधान ही ग्रह महा बली समझा जाय तो जानना कि आदमी हमेशः पराये को ठगने वाला, मूर्ख, आलसी, महाक्रोधी तथा अधिक समय सोने वाला, महा बेवकूफ होता है। यदि उपरोक्त तीनों प्रकार के ग्रहों की समता हो तो सब गुणों में भी मिश्रण होगा वह भी कम ज्यादः के विचार से बहुत भेद होंगे, जैसी स्थिति हो विचार कर कहे ॥ २ ॥

पण्डित श्रीअनूपममिश्र—कृतमानसागरीपद्धतिहिन्दी भाषा-
टीकायां तृतीयोऽध्यायः सम्पूर्णः ।

---

१ मिश्रोच्यते सहस्रभेदतः । इति पूर्वपाठः ।

अथ चतुर्थोऽध्यायः।

तत्रादौ पञ्चमहापुरुषलक्षणानि—

[1]ये महापुरुषसंज्ञकाः शुभाः पञ्च पूर्वमुनिभिः प्रकीर्तिताः।
वच्मि तान् सरलकोमलोक्तिभी राजयोगविधिदर्शनेच्छया॥ १॥

पूर्व मुनियों ने जो महापुरुष नाम से पाँच योग, (रुचक, भद्र, हंस, मालव्य और शश) कहे हैं उन्हें राजयोग देखने की इच्छा से बहुत अमल और सरल रीति के द्वारा कहता हूँ जिन योगों के सहारे जातक अनेक कीर्ति के साथ महापुरुष कहला सकता है॥ १॥

रुचकादिपञ्चयोगाः—

स्वगेहतुङ्गाश्रयकेन्द्रसंस्थैरुच्चोपगैर्वाचनसूनुमुख्यैः।
क्रमेण योगा रुचकाख्यभद्रहंसाख्यमालव्यशशाभिधानाः॥ २॥

यदि कुजादिक (मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र तथा शनैश्चर) ग्रह अपने स्थान या अपने उच्च में होते हुए किसी कुण्डली के केन्द्र (प्रथम, चतुर्थ, सप्तम, दशम में पड़ जायँ तो क्रम से रुचक भद्र, हंस मालव्य, एवं शश में पाँच योग होते हैं अर्थात् यदि मंगल अपने गृह (मेष, वृश्चिक) उच्च (मकर) में होते हुए केन्द्र में पड़े तो रुचक (१) यदि बुध अपने स्थानों (कन्या, मिथुन) में केन्द्रगत हो जाय तो भद्र, (२) (बुध का उच्च भी कन्या ही [2]है) बृहस्पति यदि धनु-मीन तथा उच्च (कर्क) में होते केन्द्र में पड़ जाय तो हंस, (३) इसी तरह शुक्र, वृष, तुला और मीन में रहते हुए केन्द्रगत हो जाय तो मालव्य, (४) तथा शनैश्चर मकर, कुम्भ, तुला में रहते केन्द्र में प्रतीत हो तो शशक, (५) नाम का योग जानना, ये योग बहुत कल्याणप्रद होते हैं॥ २॥

---

१ अत्र 'ये महापुरुषसंज्ञकाः पञ्चे-'ति तृतीयपदे च 'वच्मि तान्सरलामलोक्तिभि' रति पूर्वपाठः।

२ अत्र प्रसंगाद्ग्रहाणां स्वगृहोच्चमूलत्रिकोणांशविभागः—

विंशतिरंशाः सिंहे त्रिकोणमपरे स्वभवनमर्कस्य।
उच्चं भागत्रितयं वृष इन्दोः स्यात्त्रिकोणमपरे स्युः॥ १॥
द्वादशभागा मेषे त्रिकोणमपरे स्वभं तु भौमस्य।
उच्चफलं कन्यायां बुधस्य तिथ्यंशकैः सदा चिन्त्यम्॥ २॥
परतस्त्रिकोणजातं पञ्चमिरंशैः स्वराशिजं परतः।
दशभिर्भागैश्चापे त्रिकोणमपरे स्वभं तु देवगुरोः॥ ३॥
शुक्रस्यांशास्तिथयस्त्रिकोणमपरे स्वभं तुलायां च।
कुम्भे त्रिकोणनिजभे रविजस्य रवेर्यथा सिंहे॥ ४॥

तत्र रुचकयोगफलम्—

दीर्घायुः स्वच्छकान्तिर्बहुरुधिरबलः साहसप्राप्तसिद्धि-
श्चारुभ्रूनीलकेशः समकरचरणो मन्त्रविचारुकीर्त्तिः ।
रक्तः श्यामोऽतिशूरो रिपुबलमथनः कम्बुकण्ठो महौजाः ।
क्रूरो भक्तो नराणां द्विजगुरुविनतः क्षामजानूरुजङ्घः ।। ३ ।।

जिस जातक का जन्म रुचक योग में हो (यह अन्तिम पाँचवें श्लोक के चतुर्थ पद से आता है) वह बहुत दिनों तक जीने वाला हो, उसकी कान्ति बड़ी स्वच्छ होती है, अधिक रक्त एवं बल वाला हो, कार्य-मात्र में साहस से सिद्धि प्राप्त हो, अच्छी भौंह हों, केश काले मुलायम हों, हाथ पाँव उपयुक्त मध्यम तरीके के हों, मन्त्रविद्या को जाने, अच्छी कीर्ति (धर्मशाला आदि) करे, शरीर का रंग लाल और श्यामता दोनों का मिश्रण की भाँति रहे, महा शूर-वीर, शत्रुओं को एक दम परास्त करने वाला, शंख की तरह सौम्य कंठ वाला महा प्रभावशाली, उग्र प्रकृति का, मनुष्यों का भक्त, देवता गुरु इनके समक्ष महा नम्र तथा पतली जाँघ, एवं जानु वाला एक विलक्षण भाग्यवान् पुरुष हो ॥३॥

खट्वाङ्गपाशवृषकार्मुकचक्रवीणाविज्ञाङ्कहस्तचरणः सरलाङ्गुलिः स्यात् ।
मन्त्राभिचारकुशलस्तुलयेत्सहस्रं मध्यं च तस्य गदितं मुखदैर्घ्यतुल्यम्[2] ।।४।।

उसके हाथ पांव में खट्वांग (शिवजी का अस्त्रविशेष), पाश, वृष, धनुष, शर, चक्र, वीणा, विद्या इनकी रेखा होती हैं, ये चिह्न बहुत भाग्यशालिता के द्योतक होते हैं । अङ्गुली भी सीधी हो, सभी विचार्य विषयों पर स्वतन्त्र अच्छी सम्मति देनेवाला, हजारों मनुष्यों की स्वयं तुलना करने वाला अर्थात् महा बुद्धिमान् हो, उसका मध्य (कटिप्रदेश) मुख की लम्बाई के बराबर ही हो याने पतली कटि वाला हो ॥ ४ ॥

एतदनुसारि बालावबोधार्थं चक्रम्

ग्रहः	सूर्यः	चन्द्रः	कुजः	बुधः	गुरुः	शुक्रः	शनिः
राशिः	सिंहे	वृषे	मेषे	कन्यायां	धनुषिः	तुलायां	कुंभे
उच्चभागः	०	३	०	१५	०	०	०
त्रिकोणभागः	२०	०	१२	५	१०	१५	२०
गृहभागः	१०	२७	१८	१०	२०	१५	१०

१ साहसी चाप्तसिद्धिः । २ 'सुखदैर्घ्यतुल्यम्' ।

[1]सह्यस्य विन्ध्यस्य तथोज्ञयिन्याः प्रभुः शरत्सप्ततिरायुरस्य[2] ।
शस्त्राग्निचिह्नो रुचकाभिधागे देवालयान्ते निधनं प्रयाति ॥५॥

सह्य तथा विन्ध्य (दोनों कुलपर्वत हैं) इनके आस-पास की जमीन का अर्थात् उन प्रान्तों का तथा उज्जैन देश का राजा हो, उसकी आयु ७० के लगभग हो हाथ में शस्त्र (तलवार आदि) तथा अग्नि का चिह्न हमेशः विद्यमान रहे एवं अन्त में ७० वर्ष पूरने पर उसका मरण किसी देवालय (काशी प्रयाग आदि) में जाकर हो इसमें सन्देह नहीं है ॥ ५ ॥

अथ भद्रयोगफलम्—

[3]शार्दूलप्रतिमाननो द्विपगतिः पीनोरुवक्षःस्थलो ।
रम्यापीनसुवृत्तबाहुयुगलस्तत्तुल्यगात्रोच्छ्रयः ।
कामी कोमलसूक्ष्मरोमनिचयैः संरुद्धगण्डस्थलः ।
प्राज्ञः पङ्कजगर्भपाणिचरणः सत्त्वाधिको योगवित् ॥ १ ॥

जो आदमी भद्रयोग में पैदा होता है उसका बदन शार्दूल (पक्षिविशेष) के सदृश, हाथी के समान मन्दगति, महाविशाल छाती, हृष्ट पुष्ट मनोहर दोनों बाँह, उन्ही दोनों के योग के समान शरीर की ऊँचाई (यही चतुरस्त्र है याने दोनों हाथ के फैलाने से जो दैर्घ्य हो उतनी ही पदतल से शीर्षस्थान तक) काम चेष्टा अधिक गाल में मुलायम पतले, घने बाल (दाढ़ी) आदि महा रमणीय हो, शास्त्रों का पूरा ज्ञाता, कमल के गर्भस्थ पत्र के समान अत्यन्त मृदुल हाथ हों, महा बलवान् कहावे तथा योगशास्त्र में भी दखल देने वाला योग्य पुरुष हो ॥ १ ॥

शङ्खासिकुञ्जरगदाकुसुमेषुकेतुचक्राब्जलाङ्गलविचिह्नितपाणिपादः ।
यात्रागजेन्द्रमदवारिकृतार्द्रभूमिः सत्कुङ्कुमप्रतिमगन्धतनुःसुघोषः॥२॥

उसके हाथ पाँव में शङ्ख, खड्ग, हस्ती, गदा, फूल, शर, पताका चक्र, चन्द्रमा तथा लांगल ये अच्छे फलदायक चिह्न हों, इसके यात्राकाल में इतनी मत्त हाथियों की बड़ी संख्या रहे कि सारा मार्ग उसके स्रवित मदों से आर्द्र हो जाय, अच्छी कुङ्कुम के समान शरीर की गन्ध हो तथा उसकी आवाज बहुत सौम्य एवं सर्वप्रिय हो,—॥२॥

संभ्रूयुगोऽतिमतिमान् खलु शास्त्रवेत्ता
मानोपभोगसहितोऽपि निगूढगुह्यः ।

पूर्वपाठः—१ सह्यसंज्ञकः कुलाचलो मद्रासप्रान्तीयः एतदासन्नस्य एव 'विज्जड़विड़'-नामग्रामो ज्यौतिषभास्करस्य श्रीमद्भास्कराचार्यस्य जन्मभूमिः । २ प्रभुःक्षरत्संप्रतिरायुरस्माद् । ३ "शार्दूलप्रतिमानमी द्विपगतिः पीनोरुवक्षःस्थलो लम्बापीनसुवृत्त बाहुयुगलस्तत्तुल्यमानोच्छ्रयः ।

सत्कुक्षिधर्मनिरतः सुललाटपट्टो
धीरो भवेदसितकुञ्चितकेशपाशः ।। ३ ।।

दोनों भौंह आदि कमनीय हों, स्वयं महाबुद्धिमान् हो, शास्त्रों का ज्ञाता, आदर एवं सांसारिक पदार्थों का उपभोग करने वाला हो, अपने रहस्यों को एक दम छिपा रखे, उसकी पेट भी बढ़िया छटादार हो, अपने परम्परागत धर्म में लीन, अच्छे ललाट (खूब लम्बा चौड़ा जैसा कि सुभाग्य-सूचक है) वाला, कामों में धीरता के साथ आगे बढ़ने वाला हो तथा उसके सर के बाल अति कमनीय काले एवं घुघुरीले हों–।। ३ ।।

स्वतन्त्रः सर्वकार्येषु स्वजनं प्रति न क्षमी ।
भुज्यते विभवस्तस्य नित्यमर्थिजनैः परैः ।। ४ ।।

सब कामों में सिर्फ अपनी इच्छा के अनुकूल करने वाला हो, अपने आत्मीय जनों के प्रति क्षमा करने वाला कभी नहीं, चाहे बाहरी लोगों के लिए जो कुछ करें, उसका विभव भी हमेशः बाहरी याचक लोगों ही से खाया जाय याने सिर्फ निज परिजनों को छोड़ बाहर से जो कोई आकर कुछ याचना करे उसकी पूर्ति अवश्य करे, सारांश यह कि पराये के लिये महादानी परन्तु अपने लिए वैसा नहीं, विचित्र ख्याल का पुरुष होता है ।। ४ ।।

भारं तुलायां तुलयेत्प्रयत्नैः श्रीकान्यकुब्जाधिपतिर्भवेत्सः ।
भद्रोद्भवः पुत्रकलत्रसौख्यो जीवेन्नृपालःशरदामशीतिम् ।।५।।

इस जातक के यहाँ सोना, चाँदी, रत्न आदि इतने हों कि गिनना कौन कहे, तराजू के ऊपर भी मुश्किल से तौला जाय, बहुधा वह जातक कान्यकुब्ज (कन्नौज) देश का महाराजा होता है, सदैव पुत्र, स्त्री आदि सुखों की पराकाष्ठा तक पहुँचने वाला हो तथा अस्सी वर्ष के बाद इस संसार को छोड़ परलोक में जाय यह भद्र योग का फल है ।। ५ ।।

हंसयोगफलम्—

रक्तास्योन्नतनासिकासुचरणो हंसप्रसन्नेन्द्रियो
गौरः पीनकपालरक्तकरजो हंसस्वनः श्लैष्मिकः[1] ।
शङ्खाब्जाङ्कुशमत्स्यदामयुगकैः खट्वाङ्गमालाघटै-
श्चञ्चत्पादकरस्थलो[2] मधुनिभे नेत्रे सुवृत्तं शिरः ।।१।।

जिस जातक के जन्मकाल में हंस योग प्रतीत हो वह लाल बदन, ऊँची नाक तथा अच्छे पाँव वाला होता है, हंस के अङ्ग के समान इसके भी सब अंग-प्रत्यंग बहुत प्रसन्न हों गौर वर्ण, विशाल ललाट वाला हो, उसके हाथों की अँगुलियाँ लालिमा से सुशोभित रहें, हंस की आवाज के समान इसकी वाणी हो, श्लेष्म प्रकृति का हो, हाथ

पूर्वपाठः—१ श्लेष्मतः । २ चञ्चत्पादकरस्थतो मधुनिभे ···

पाँव शङ्ख, चन्द्रमा अङ्कुश, मछली, माला एवं घड़ा इनकी चित्रात्मक रेखाओं से व्याप्त रहे, मधुवर्ण आँखों की छटा महासुन्दर मालूम पड़े, तथा च मस्तक खूब वर्तुलाकार भव्य हो, अर्थात् इस जातक के सब अंग अत्यन्त सुरम्य हों–॥ १ ॥

जलाशयप्रीतिरतीव कामी न याति तृप्तिं वनितासु नूनम् ।
[1]औच्च्यं रसाष्टाङ्गुलसम्मितं तत्तनोस्तथायुर्मितिरत्र षष्टिः ॥२॥

जलाशय (सरोवर, कूँआँ वगैरह) से बड़ी प्रीति रखे याने स्नान, जलक्रीड़ा आदि को खूब पसन्द करे महा कामचेष्टा वाला हो, यहाँ तक कि अनेक स्त्रियों से भी उसको तृप्ति न मिले, उनके शरीर की उचाई ८६ अङ्गुल याने ३ हाथ १४ अङ्गुल साधारणतः पठित (३$\frac{1}{2}$) से भी ज्यादः हो तथा साठ वर्ष तक इस दुनिया में सुख भोगकर परलोक सिधारे-॥ २ ॥

वाह्लीकदेशादरशूरसेनगान्धर्वगङ्गायमुनान्तरालान् ।
भुक्त्वा वनान्ते निधनं प्रयाति हंसोऽयमुक्तो मुनिभिःप्रमाणैः ॥३॥

कई देश विशेषों (वाह्लीक, शूरसेन, गान्धर्व) गंगा, यमुना के बीच वाले प्रदेश (दोआब) में अपना राज्यशासन जमाकर अन्त में किसी वन में मरण पावे। यह फल हंस योग का है, जैसा कि बड़े २ ऋषिमुनियों का कथन है सो जानना चाहिए ॥३॥

अथ मालव्ययोगफलम्—

अस्थूलौष्ठोऽप्यविषमवपुर्नैव रक्ताङ्गसन्धि-
र्मध्ये क्षामः शशिधररुचिर्हस्तिनासः सुगण्डः ।
सद्दीप्ताक्षः समितिविदितो[2] जानुदेशाप्तपाणि-
र्मालव्योऽयं विलसति नृपः सप्ततिर्वत्सराणाम् ॥ १ ॥

जिस आदमी की जन्मकुण्डली में मालव्य योग का समावेश हो उसका ओठ पतला शरीर सम (जहाँ—तहाँ टेढ़ा नहीं) संगठन का, हाथ पाँव आदि अवयवों के सन्धिस्थान लाल, मध्य (कटिप्रदेश) में श्यामता, लम्बी नाक, मनोहर कपोल एवं आँखें बहुत प्रकाशमान सुन्दर चमकीली होती हैं, स्वयं सभा-समिति के द्वारा पूर्ण मशहूर हो, उसके हाथ स्वभावतः घुटने के नीचे तक आ जायँ अर्थतः आजानुबाहु (यह राजा का प्रधान चिह्न है) हों, तथा सत्तर वर्ष तक अपनी जीवनावस्था में खूब कार्यकुशल तथा सर्वतः दैदीप्यमान रहे, उसके बाद मोक्ष पावे ॥ १ ॥

वक्त्रं त्रयोदशमितांगुलमस्य[3] दीर्घं
तिर्यग्दशांगुलमितं श्रवणान्तरालम् ।

---

१ 'उच्चोऽङ्गुलैरवयवैः षडशीतितुल्यैरायुर्भवेत् षष्ट्यवधिः समानम्। २ समितिशितरहो। ३ इह मितपदस्याङ्गुलशब्दात्परमेव प्रयोगः समुचितो यथाग्रे–'तिर्यग्दशाङ्गुलमितं' समासार्थानुकूलं।

मालव्यसंज्ञनृपतिः संसुतो भुनक्ति
लाटांश्च मालवससिन्धुसुपारियात्रान् ॥ २ ॥

उसके मुख का दैर्ध्य तेरह अङ्गुल, लम्बाई १० अङ्गुल के तुल्य (दोनों कान के बीच में) हो (यह भी भाग्यसूचक है) तथा लाट, मालवा, सिन्ध (पश्चिम गुजरात के करीब वाला) एवं पारियात्र इन देशों का प्रधान शासक बन कर योग्य पुत्रों के साथ रहे, यह मालव्य योग का फल है जैसा कि शास्त्रों में कहा गया है ॥ २ ॥

अथ शशकयोगफलम्—

लघुर्द्विजास्योऽद्रिगतः सकोपः शठोऽतिशूरो विजनप्रचारः।
वनाद्रिदुर्गेषु नदीषु सक्तः प्रियातिथिर्नातिलघुः प्रसिद्धः ॥१॥

जिस जातक का जन्म शशक योग में प्रतीत हो उसकी आकृति छोटी, वदन की छटा ब्राह्मण की तरह होती है, अधिक समय तक किसी पर्वत के ऊपर विराजमान रहे, महाक्रोधी हो, लोगों के साथ कभी कभी शठता भी दिखा दे, अति शूर-वीर हो, निर्जन प्रदेशों में अधिक घूमा करे, वन-पर्वत दुर्गस्थानों में एवं नदी के किनारे विचरण करे, अतिथि-अभ्यागतों का सत्कार करने वाला हो, अत्यन्त छोटा भी न हो, एवं अपने प्रान्त में बड़ा मशहूर पुरुष विशेष होता है—॥ १ ॥

नानासेनानिचयनिरतो दन्तुरश्चापि किञ्चि-
द्धातोर्वादे भवति कुशलश्चञ्चलो लोलनेत्रः।
स्त्रीसंसक्तः परधनहरो मातृभक्तः सुजङ्घो
मध्ये क्षामः सुललितमती रन्ध्रवेदी परेषाम् ॥ २ ॥

बड़ी सेनाओं के समूह के साथ जहाँ–तहाँ भ्रमण करे, उसके दाँत असम्बद्ध रहें धातुसम्बन्ध की बातों से परिचित रहे, चंचल स्वभाव एवं चञ्चल आँखें हों, अनेक स्त्रियों में अनुरक्त रहे, पराये धन का हरण करना कर्त्तव्य समझे, अपनी माता का परम सेवक हो, उसकी जांघें बहुत ही प्रशंस्य हों, मध्य में दौर्बल्य रहे और तरह की उसकी बुद्धि बहुत ही अच्छी हो, तथा पराये छिद्र को भली-भाँति जानने वाला हो—

पर्यङ्कशङ्खशरशस्त्रमृदङ्गमाला-
वीणोपमाःखलु करे चरणे च रेखाः।
वर्षाणि सप्ततिमितानि करोति राज्यं
प्राप्तं शशाख्यनृपतिः कथितो मुनीन्द्रैः ॥ ३ ॥

उसके हाथ एवं पांव में पलङ्ग, शङ्ख शर शस्त्र (अनेक प्रकार के) मृदंग (वाद्य-विशेष) माला, वीणा इनकी शकल विद्यमान रहे तथा सत्तर वर्षतक मिला हुआ

१ ससुनक्ति नूनं लाटांश्च मालवसिन्धुसुपारियात्राम्। इति पूर्वपाठः।

राज्य का सर्वथा उपभोग कर बाद में मर जाय या राज्यच्युत होकर बैठ जाय, इस योग में जन्मा हुआ मनुष्य शशक राजा कहलाता है, यह प्राचीन मुनियों का कथन है, इसमें जरा भी सन्देह नहीं है ॥ ३ ॥

पञ्चमहापुरुषभङ्गयोगः—

केन्द्रोच्चगा यद्यपि भूसुताद्या मार्तण्डशीतांशुयुता भवन्ति ।
कुर्वन्ति[1] नोर्वीपतिमात्मपाके यच्छन्ति ते केवलसत्फलानि ॥ १ ॥

यदि केन्द्र या उच्चादि में कुजादि ग्रह उक्त अधिकार के साथ पड़े भी रहें किन्तु उसमें सूर्य या चन्द्रमा न रहे तभी उक्त फल का भागी जातक बनता है अन्यथा उन दोनों में से किसी एक के भी साथ हो जाय तो राजयोग नहीं होता, सिर्फ उन ग्रहों की दशा-अन्तर्दशा आदि में राज्यलाभ के अतिरिक्त और फलों की प्राप्ति होती है, इसलिए इन योगों के विचार के समय में साथ ही सूर्य, चन्द्रमा का भी ख्याल करते राजयोग का वर्णन करना चाहिए, यह राजयोग भङ्गकारक योग कहा गया है, इसे पहले देख लेना आवश्यक है ॥ १ ॥

अथ सुनफायोग लक्षणम्—

[2]रविवर्ज्जं द्वादशगैरनफा चन्द्राद्द्वितीयगैः सुनफा ।
उभयस्थितैर्दुरुधरा केमद्रुमसंज्ञको योऽन्यः ॥ १ ॥

अब अनफा आदि योगों का लक्षण कहते हैं—किसी कुण्डली में सूर्य को छोड़कर और ग्रहों में से जो कोई चन्द्रमा से दूसरी जगह पर स्थित हो तो उस हालत में सुनफा योग होता है, एवं चन्द्रमा से बारहवीं जगह पर यदि कोई ग्रह (सूर्येतर) वर्त्तमान हो तो अनफा नाम का योग होता है, यदि दोनों (१२, २) स्थान में ग्रह हों तो दुरुधरा नाम का, तथा यदि दोनों स्थान ग्रहों से रिक्त हों तो केमद्रुम योग कहना। इस प्रकार चार योग (१ अनफा, २ सुनफा, ३ दुरुधरा, ४ केमद्रुम) कहे गये हैं ॥१॥

आदौ सुनफायोगफलम्—

भौमादीनां फलं यत् स्याज्ज्ञात्वा त्वविकलं बुधः ।
प्राज्ञाय प्रवदेत्सम्यक् सुनफादिकृतं फलम् ॥ १ ॥

विद्वानों को चाहिये कि पहले कुजादि ग्रहों का जो फल (रुचकादि योगों में) कहा गया है उनको भलीभांति जानकर उसीके अनुसन्धान से आगे भी सुनफा आदि योगों का फल यथा गत कहें ॥ १ ॥

विक्रमवित्तप्रायो निष्ठुरवचनश्च भूपतिश्चन्द्रे ।
हिंस्रो नित्यविरोधी सुनफायां भौमसंयोगे ॥ २ ॥

पूर्वपाठः—१ 'शार्वन्ति नर्वीपतिमात्मपाके' ।

२ सुनफादियोगलक्षणात्मकोऽयं श्लोकः पूर्वसंस्करणकर्त्रा तत्फलकथनानन्तरं रक्षितोऽसामञ्जस्यमुत्पादयतीति पूर्वमेव तल्लक्षणमावश्यकम् ।

जिस जातक को जन्मकालीन चन्द्रमा से दूसरी जगह मङ्गल को रहते सुनफा योग लगे वह पराक्रमी तथा धनी होता है, उसकी बातें कोमल नहीं, कठोर हों, राजा हो, जीव-जन्तुओं की हिंसा में अभिरुचि रखे, प्रायः अधिक लोगों के साथ हमेशः विरोध रखा करे, ऐसा जानना चाहिये ॥ २ ॥

श्रुतिशास्त्रगेयकुशलो धर्मरतः काव्यकृन्मनस्वी च ।
सर्वहितो रुधिरतनुः सुनफायां सोमजे भवति[1] ॥ ३ ॥

यदि चन्द्रमा से दूसरे स्थान में बुध के रहने से सुनफा योग की प्राप्ति हो तो कुण्डली वाला जातक वेद एवं अन्य शास्त्रों के परिशीलन में रत रहे, धर्म के सम्बन्ध की बातों में चित्त लगावे, कविता करने वाला हो, पूर्ण मनस्वी (गम्भीर आत्मा वाला) हो; प्रायः सभी मनुष्यों का हितैषी हो (इसको भी कोई शत्रु नहीं दिखायी पड़े) एवं शरीर में रक्त का आधिक्य रहने से आकृति चमकीली रहे सो जानना चाहिये ॥ ३ ॥

[2]नानाविद्याचार्यं ख्यातं नृपतिं वृषप्रियं चापि ।
सकुटुम्बधनसमृद्धं सुनफायां सुरगुरुः कुरुते ॥ ४ ॥

जिसके जन्म-समय में चन्द्रमा से दूसरे बृहस्पति को पड़ने से सुनफा योग मिला हो वह जातक अनेक विद्याओं का आचार्य (परम विद्वान्) समझा जाय, पूरा प्रसिद्ध हो, किसी छोटे-मोटे राज्य का अधिपति हो, वृष (बर्दा) में प्रेम रखे, अपने खानदान में परिवार एवं धन से भी पूर्ण सुखी रहे, जैसा कि शास्त्र में कहा गया है ॥४॥

स्त्रीक्षेत्रगृहपतिश्चतुष्पदाढ्यः सुविक्रमो भवति ।
नृपसत्कृतः सुवेषो दक्षःशुक्रेण सुनफायाम् ॥ ५ ॥

यदि चन्द्रमा से दूसरी जगह पर शुक्र को पड़ने से सुनफा योग माना गया हो तो जानना कि इस योग में पैदा हुआ आदमी स्त्री, खेती, मकान वगैरह से हमेशः सहित रहे, उसके पास सदैव हाथी, घोड़े, भैंस, गाय आदि रहा करें, महा पराक्रमशाली हो, किसी राजा से सत्कार प्राप्त करे, अच्छा वेष हो, तथा कार्य-मात्र को करने में दक्ष रहा करे ॥ ५ ॥

निपुणमतिर्ग्रामपुरैर्नित्यं सम्पूजितो धनसमृद्धः ।
सुनफायां रवितनये क्रियासु गुप्तो भवेन्मलिनः ॥ ६ ॥

जिसके जन्मकाल में चन्द्रमा से द्वितीय-स्थानस्थ शनैश्चर को पड़ने से सुनफा योग की नियुक्ति हुई हो तो वह जातक महा बुद्धिमान् हो, ग्राम तथा नगर के लोगों से पूर्णतया पूजित रहे, धन की भी कमी नहीं रहे, महा ऐश्वर्य वाला हो, अपनी भलाई के लिए सब कुछ करे परन्तु, क्रियाओं से गुप्त ही समझा जाय अर्थात् इसके प्रयोग लोगों को विदित न हों; तथा इसके वेष, आचार मलिन रहें, ऐसा जानना चाहिये ॥ ६ ॥

पूर्वपाठः— सुनफायां सोमसंयोगे । २ नानाविद्याचार्यः ख्यातिं नृपतिं.... ।

अनफायोगफलम्—

चौरः स्वामी दृप्तः स्ववशी मानी रणोत्कटः सेर्ष्यः।
क्रोधात्संपत्साध्यः[1] सुतनुर्नम्रः कुजेऽनफायां च ॥ १ ॥

यदि किसी कुण्डली में चन्द्रमा से बारहवीं जगह पर मङ्गल को रहने से अनफा योग सम्प्राप्त हो तो जातक चोरी करने वाला, प्रधान नायक, बड़ा उद्दण्ड, अनेक मण्डली को अपने अधीन करने वाला, अभिमान-शाली युद्धक्षेत्र के लिए हमेशः तैयार, ईर्ष्यावान् तथा क्रोध ही के द्वारा सम्पत्ति को पाने वाला हो, शरीर की छटा अच्छी रहे, एवं स्वयं विनय से रहित होने के कारण समाज में कुछ अयश पावे ॥ १ ॥

गन्धर्वो लेख्यपटुः कविः प्रवक्ता नृपाप्तसत्कारः।
[2]रुचिरः सुभगोऽपि बुधे प्रसिद्धकर्माऽनफायां हि ॥ २ ॥

यदि बुध के वश से अनफा योग लगा हो तो जानना कि यह जातक देखने में गन्धर्व के समान सुन्दर रूप वाला, चित्रकला में परम प्रवीण, कविता बनाने वाला, महा वक्ता, राजा से आदर प्राप्त करने वाला, एवं मनोहर वेष वाला, सौम्य मूर्ति तथा अपने कर्मों को खूब प्रसिद्ध करने वाला पुरुष होता है ॥ २ ॥

गम्भीरः[3] सन्मेधासमनुयुतो बुद्धिमान् नृपाप्तयशाः।
अनफायां त्रिदशगुरौ संजातः सत्कविर्भवति ॥ ३ ॥

जिसके जन्म-समय में चन्द्रमा से द्वादश बृहस्पति को रहने से अनफा योग प्रतीत हो वह आदमी गम्भीर विचार का, अच्छी मेधा (बुद्धि) वाला, परम चतुर, किसी राजा के सहारे पूर्ण यशस्वी तथा प्रशंस्य कवि याने कवीश्वर होता है, ऐसा जानना चाहिए ॥ ३ ॥

युवतीनामतिसुभगः प्रणयी क्षितिपस्य गोपतिः कान्तः।
कनकसमृद्धश्च पुमाननफायां भार्गवे भवति ॥ ४ ॥

यदि किसी के जन्मकालिक शुक्र चन्द्रमा से बारहवीं जगह पर वर्तमान हो तो अनफा योग लगता है और वह जातक स्त्रियों की दृष्टि में सुन्दर, किसी राजा का परम विश्वास-पात्र, बहुधा गोपजाति–या कोई भी जाति हो–गौ की सेवा करने वाला अवश्य हो, देखने में पूर्ण मनोहर, अनेक प्रकार के सुवर्ण, मोती, हीरे से पूर्ण खजाना वाला महा भाग्यवान् आदमी होता है ॥ ४ ॥

विस्तीर्णभुजः सुभगो गृहीतवाक्यश्चतुष्पदसमृद्धः।
दुर्वनितागणभोक्ता गुणसहितः पुत्रवान् रविजे ॥ ५ ॥

पूर्वपाठः—१ सुतनु—कुजोऽनफायां प्रगल्भश्च। २ रुचिरः सुभगोऽनफायां प्रसिद्ध-कर्मा विबुधश्च भवेत्। ३ गम्भीरः सन्मेधा चानुयुतो ···।

जिसके जन्मकालीन शनैश्चर चन्द्रमा से बारहवें घर में दिखाई दे तो भी अनफा योग होता है और इस हालत में जातक की बाँह बड़ी लम्बी (आजानुबाहु) होती है, देखने में पूर्ण सुन्दर, अपनी बातों को भलीभाँति पकड़ने वाला याने दृढ़-प्रतिज्ञ, चौपायों (घोड़े, भैंस, गाय आदि) से पूरी आमदनी करने वाला, खराब (कुरूपा) स्त्रियों के साथ रमण करने वाला, गुणी तथा पुत्रों से भी सहित रहता है ॥ ५ ॥

दुरुधरायोगफलम्—

[1]अनृतकथो बहुवृत्तो निपुणोऽतिशठो गुणाधिको लुब्धः।
[2]वृद्धस्त्रीषु प्रसक्तः कुलाग्रणीः शशिनी भौमबुधमध्ये ॥ १ ॥

जिस जातक की जन्मकुण्डली में चन्द्रमा से बारहवें, दूसरे मङ्गल और बुध पड़े याने बुध, मङ्गल के बीच में चन्द्रमा आ जाय तब दुरुधरा योग की सत्ता होगी और वह जातक मिथ्या अक्सर बोला करे, महा धनवान् हो, विद्वान् हो, बड़ा भारी शठ हो, कई गुणों का ज्ञाता हो, अनवसर में भी लोभ में फँसा रहे, बहुधा वृद्धा स्त्रियों के साथ रमण करे, तथा अपने कुल में सबसे प्रधान होकर रहे ॥ १ ॥

ख्यातः कर्मसु कितवो बहुधनवैरस्त्वमर्षणो धृष्टः।
(?) आरक्षकः कुजगुर्वोर्मध्यगते शशिनि संग्राही ॥ २ ॥

जिस कुण्डली में मङ्गल, बृहस्पति को चन्द्रमा से आगे पीछे रहते दुरुधरा योग की प्राप्ति होती है वह आदमी अपने नियत कर्मों में प्रसिद्ध, धूर्त्त, भारी धनवान्; अनेक शत्रु वाला, ईर्ष्या से सहित, धृष्ट तथा अपने आश्रित परिजनों की सर्वतः रक्षा करने में तत्पर एवं सभी चीजों का संग्रहकर्त्ता होता है ॥ २ ॥

उत्तमरामः सुभगो विषादशीलोऽस्त्रविद्धवेच्छूरः।
व्यायामी रणशीलः सितारयोर्मध्यगे चन्द्रे ॥ ३ ॥

यदि चन्द्रमा किसी के जन्मकाल में शुक्र, मङ्गल के बीच में पड़े तो इस दुरुधरा योग में पैदा हुवे जातक की स्त्री बहुत सुन्दरी हो, स्वयं भी देखने में सुभग हो, कार्य-मात्र में उसे विषाद (पश्चात्ताप) हुआ करे, अस्त्र चलाने की विद्या में निपुण कहावे, महा शूर-वीर हो, व्यायाम (कसरत) दैनिक नियम से किया करे तथा रणक्षेत्र में जाने की उत्सुकता दिखावे, ऐसा पुरुष होना शास्त्र में कहा गया है ॥ ३ ॥

[3]उत्तमसुरतो बहुधनसञ्चयकारी व्यसनसक्तश्च।
क्रोधी पिशुनो रिपुमान् यमारयोः स्याद्दुरुधरायाम् ॥ ४ ॥

यदि शनि मङ्गल को चन्द्रमा के दोनों बगल में रहने से दुरुधरा योग की प्राप्ति हो तो वह जातक स्त्रीप्रसङ्ग की प्रक्रियाओं में पूरा निपुण, धन के सञ्चय में लीन,

पूर्वपाठः—१ अनृतको बहुवित्तो...। २ वृद्धस्त्रीप्रसक्तः कुलाग्रणीः।
३ उत्तमसुरतो बहुसञ्चयकारको व्यसनसक्तः क्रोधी पिशुनो रिपुवान्....॥

व्यसन (गांजा, भांग, शराब आदि पीना) में व्यग्र, महा क्रोधी, चुगलखोर तथा अनेक शत्रु वाला हो इसमें सन्देह नहीं है ॥ ४ ॥

धर्मरतः शास्त्रज्ञो वाचि पटुः[1] सर्ववर्द्धनसमृद्धः ।
त्यागयुतो विख्यातो गुरुबुधमध्यस्थिते चन्द्रे ॥ ५ ॥

जिसके जन्मकालिक चन्द्रमा बुध, बृहस्पति के बीच में पड़े (यह भी दुरुधरा-योग का लक्षण है) वह आदमी धर्म की बातों में श्रद्धा रखकर यथा शक्ति उसी के अनुसार चलता है, कई शास्त्रों का ज्ञाता हो, बातचीत करने में परम प्रवीण हो, सब तरह से ऐश्वर्यमयी बने, दान करने में अभिरुचि रखे तथा अपने प्रान्त में मशहूर हो, ऐसा जानना चाहिए ॥ ५ ॥

प्रियवाक्सुभगः कान्तः प्रवृत्तगो यदि (?) सुकृतवान्नृपतिः ।
सौख्यं शूरो मन्त्री बुधसितयोर्मध्यगे च हिमकिरणे ॥ ६ ॥

यदि चन्द्रमा बुध, शुक्र के बीच में पड़े तो भी दुरुधरा योग होता है और उसमें समुद्भूत जातक मीठी बातें बोलने वाला, देखने में सुन्दर-मनोहर····अच्छे कामों को करने वाला, साधारण राजा, सुखों को भोगने वाला, शूर-वीर तथा किसी बड़े राजा के यहाँ सेक्रेटरी के पद पर नियुक्त होकर आनन्दमय जीवन का अनुभव करने वाला हो ॥ ६ ॥

देशे देशे गच्छति वित्तवशे नास्ति विद्यया सहितः ।
चन्द्रेऽन्येषां पूज्यः स्वजनविरोधी ज्ञमन्दयोर्मध्ये ॥ ७ ॥

यदि बुध, शनैश्चर किसी कुण्डली में चन्द्रमा से दूसरे एवं बारहवें स्थान पर दिखाई दें (तो भी दुरुधरा योग जानना) तो जातक हमेशः देश-विदेश में खूब घूमा करे, धन के वश में न रहे याने धन के उद्देश्य से भ्रमण न करे किन्तु विद्वान् होने के कारण ऐसा करे, और लोगों से पूजित रहे पर अपने परिजनों से हमेशः विरोध ही किया करे सो जानना चाहिये ॥ ७ ॥

धृतिमेधः स्थैर्ययुतो नीतिज्ञः कनकरत्नपरिपूर्णः ।
ख्यातो नृपकृत्यकरो गुरुसितयोर्दुरुधरायोगे ॥ ८ ॥

जिसके जन्मकालीन बृहस्पति, शुक्र चन्द्रमा के आगे पीछे पड़े तो इस दुरुधरा योग के प्रभेद में आदमी धैर्यवान्, बुद्धिवान्, कार्य-मात्र में स्थिरता के साथ सहयोग देने वाला, अनेक नीतिशास्त्रों का ज्ञाता, सुवर्ण मोती वगैरह से सदैव परिपूर्ण एवं अपने समाज में बड़ा प्रसिद्ध हो, राजाओं के काम में अधिक समय लगा रहे, ऐसा आचार्यों ने कहा है ॥ ८ ॥

पूर्वपाठः—१ धर्मरतः शास्त्रज्ञो वाक्पटुः ।

सुखनयविज्ञानयुतः प्रियवाग्विद्वान् धुरन्धरो मर्त्यः।
ससुतो धनी सुरूपश्चन्द्रे गुरुभार्गवान्तरगे[1] ॥ ९ ॥

यदि किसी जन्मकुण्डली में चन्द्रमा बृहस्पति शुक्र के मध्य में दीख पड़े तो ऐसे दुरुधरा योग में जन्मा हुआ आदमी सुखी, नीतिशास्त्र का ज्ञाता, विज्ञान में भी दखल देने वाला, प्रियवक्ता, बड़ा भारी धुरन्धर विद्वान्, कई पुत्रों से सहित, धनवान् एवं देखने में पूर्ण सुन्दर पुरुष होता है, ऐसा जानना चाहिए ॥ ९ ॥

[2]वृद्धवनितं कुलाढ्यं निपुणं स्त्रीवल्लभं धनसमृद्धम्।
नृपसत्कृतं बहुज्ञं कुरुते चन्द्रः सितार्कजयोः ॥ १० ॥

जिस जातक के जन्मसमय में शनैश्चर शुक्र के मध्यगत चन्द्रमा हो तो भी दुरुधरा योग कहा गया है और उसमें पैदा हुआ पुरुष की स्त्री वृद्धा हो याने बाल्यावस्था में ही अपने से बहुत अधिक उमर वाली कन्या से विवाह करे, अपने कौलिक आचार-विचार के भीतर रहा करे, सभी कामों में निपुण हो, अपनी स्त्री का बड़ा प्यारा बनकर रहे, धनवान् हो, किसी राजा से पर्याप्त आदर पावे तथा बहुत विषयों का ज्ञाता हो जैसा कि आचार्यों का कहना है ॥ १० ॥

केमद्रुमयोगफलम्—

केमद्रुमे भवति पुत्रकलत्रहीनो देशान्तरे व्रजति दुःखसमाभितप्तः।
ज्ञातिप्रमोदनिरतोमुखरःकुचैलोनीचः सदाभवति भीतियुतश्चिरायुः ॥१॥

जिस आदमी का जन्म केमद्रुम योग में प्रतीत हो वह पुत्र, स्त्री से हीन रहे, देशान्तर में निष्प्रयोजन भ्रमण करे, दुःखों से सदैव पीड़ित रहे, अपने जातिवर्गसम्बन्धी आनन्द में मग्न रहे, कई स्थानों में अग्रसर (मुखिया) बने, खराब वस्त्र धारण करे, नीचाचार में रत रहे, बहुत दिनों तक जीने वाला हो तथा अधिक समय अनेक प्रकार के भय से सहित रहा करे ॥ १ ॥

उत्पन्नभोगसुखभुग्धनवाहनाढ्य-
स्त्यागान्वितो दुरुधराप्रभवः सुभृत्यः।
केमद्रुमेमलिनदुःखितनीचनिःस्वः
प्रेष्यश्च तत्र नृपतेरपि वंशजातः ॥ २ ॥

जिसके जन्मकाल में दुरुधरा योग की प्राप्ति हो वह जातक संसार में उत्पन्न सभी चीजों का उपभोग कर सुखी रहे, कई सवारी (घोड़े, हाथी, मोटर आदि) उसके अधीन में मौजूद रहे, विविध प्रकार के और भी सुख उसे मिले, तथा कई अच्छे

पूर्वपाठः—१ गुरुभार्गवे तुलान्तरगे। २ वृद्धवनितः कुलाढ्यो निपुण—स्त्रीवल्लभो धनसमृद्धः। नृपसत्कृतं बहुज्ञं कुरुते चन्द्रः शनिसितयोः ॥

नौकर उसके यहाँ रात-दिन लगे रहें। इसी तरह जिसका जन्म केमद्रुम में मालूम पड़े वह मलिन, दुःखपीड़ित, नीच आचरण करने वाला, दरिद्र तथा किसी के यहाँ जहाँ तहाँ जाने आने की शर्त पर नौकर के रूप में रहने वाला हो। यह योग ऐसा खराब है कि जातक राजवंश ही का क्यों न हो, पर उसे अपनी सम्पत्ति नष्ट कर लिखित अवस्था ही में रहना पड़ेगा, यह निश्चय है॥ २॥

कथितयोगलक्षणकथनपुरस्सरं तेषां केमद्रुमभङ्गमाह—

हित्वार्कं सुनफानफा दुरुधरा स्वान्त्योभयस्थैर्ग्रहैः
शीतांशोः कथितोऽन्यथा तु बहुभिःकेमद्रुमोऽन्यैस्त्वसौ।
केन्द्रे शीतकरेऽथ वा ग्रहयुते केमद्रुमो नेष्यते
केचित्केन्द्रनवांशकेष्विति वदन्त्युक्तिप्रसिद्धा न ते॥ १॥

सूर्य के अतिरिक्त चन्द्रमा से बारवें, दूसरे स्थान में ग्रहों के अवस्थिति-भेद से सुनफा, अनफा, दुरुधरा तथा केमद्रुम ये चारों योग पूर्वाचार्यों ने कहे हैं, परन्तु यदि चन्द्रमा केन्द्र में रहे या और भी कोई ग्रह उसी में पड़ जाय तब केमद्रुम योग नहीं होता है। इसमें कई आचार्यों का यह भी कहना है कि यदि चन्द्रमा केन्द्रीय राशियों के नवांश में भी आजाय तब केमद्रुम नहीं माना जाता, प्रत्युत शुभ फल को ही देने वाला योग होता है। लेकिन ये आचार्य अपनी उक्ति से प्रसिद्ध नहीं हैं इसलिए यह नवांश वाला योग-भङ्ग उतना मान्य नहीं किन्तु केन्द्र में चन्द्रमा रहने से जो भङ्ग कहा गया है वह बहुत गण्य है, अतः ज्योतिषियों को चाहिये कि इन बातों का विचार करके केमद्रुम का निर्धारण करे॥ १॥

तथा च—

कुमुदगहनबन्धुर्वीक्षमाणः समस्तै-
र्गगनगृहनिवासैर्दीर्घजीवी स जातः[1]।
फलमशुभसमुत्थं यच्च केमद्रुमोक्तं
स भवति नरनाथः सार्वभौमो जितारिः॥ १॥

यदि किसी कुण्डली में केमद्रुम की सत्ता भी रहे किन्तु चन्द्रमा शेष सभी ग्रहों से देखे जाते हों तो वह मनुष्य बहुत दिनों तक जीने वाला होता है तथा उस योग का जो बुरा फल पहले कहा गया है वैसा नहीं होता, बल्कि सार्वभौम राजा होता है जिससे सारा शत्रुमण्डल हमेशः पराजित रहे, ऐसा जानना चाहिए॥ १॥

पूर्णः शशी यदि भवेच्छुभसंस्थितो वा
सौम्यामरेज्यभृगुनन्दनसंयुतश्च।

१ 'दीर्घजीवी चिरायुः'। इति पूर्वपाठः।

पुत्रार्थसौख्यजनकः कथितो मुनीन्द्रैः
केमद्रुमे भवति मङ्गलसुप्रसिद्धिः ॥ २ ॥

यदि उसी में चन्द्रमा पूर्ण बली होकर विराजमान रहे या शुभ स्थान (वृष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, मकर, मीन) में हो या बुध, बृहस्पति एवं शुक्र से सहित हो तो केमद्रुम योग में भी जातक पुत्र, धन, सुख, आदि का पूरा भागी हो तथा अन्यान्य कतिपय मङ्गलकामना एवं ख्याति मिलती है जैसा कि मुनियों ने कहा है ॥ २ ॥

अथ वेशिवोशियोगद्वयमाह—

सूर्याद्वययगे वोशिर्द्वितीयगैश्चन्द्रवर्जितैर्वेशिः ।
उभयस्थितैर्ग्रहगणैरुभयचरीनामतः प्रोक्तः ॥ १ ॥

यदि सूर्य से दूसरी जगह में कोई ग्रह पड़े तो वेशिसंज्ञक एवं बारहवीं जगह पर कोई पड़े तो वेशिसंज्ञक होता है, तथा च दोनों स्थानों पर ग्रह विद्यमान हों तो उभयचरी नाम का योग होता है। इन योगों में चन्द्रमा की गणना नहीं की गयी है इसलिये चन्द्रमा को छोड़कर और ग्रहों में से कोई रहे तो उसके विचार से उक्त योगों का निर्णय करना चाहिये ॥ १ ॥

[1]मन्ददृशं स्थिरवचनं परिभूरिश्रमं नताद्धतनुम् ।
कथयति गणिताधिपतिर्वेशिसमुत्थं त्वधोदृष्टिम् ॥ २ ॥

जिसके जन्मसमय में वेशियोग पड़े वह जातक मन्द दृष्टि याने देखने की शक्ति कम रखने वाला, विचार के साथ बातें करने वाला (ता कि कहीं पर व्यर्थ न जाय), बड़ा परिश्रमी, कटिप्रदेश से ऊपर वाले शरीर के हिस्से को झुकाकर चलने वाला तथा हमेशः नीचे की तरफ आँख को रखने वाला गम्भीर पुरुष होता है। हमेशः नीची दृष्टि रखना सज्जनता का सूचक है जैसा कि गणित के जानकारों का कहना है ॥ २ ॥

[2]बहुसंचयी दिनसदृक् वोशौ पुरुषो भवेद्गुरोर्जातः ।
भीरुः कामविलीनो लघुचेष्टो भृगुसुते पराधीनः ॥ ३ ॥

यदि सूर्य से बारहवें बृहस्पति को पड़ने से वेशियोग बना हो तो जानना कि वह जातक बहुत धनों का सञ्चयकर्ता, दिन के समान प्रकाश वाला याने पूरा गौर वर्ण होता है। एवं जिसका वेशियोग शुक्र से बना हो वह आदमी डरपोक, कामचेष्टा में अधिक समय लीन, कार्यमात्र में शीघ्रता के साथ आगे बढ़ने वाला, एवं सदैव पराये के अधीन में विवश होकर रहता है ॥ ३ ॥

पूर्वपाठः—१ मन्ददृक् स्थिरवचनं परिभूरिश्रमं नतोर्द्धतनुम् ।
२ बहुसंचयं यदि न सदृक् वोशौ पुरुषो भवेद्गुरोर्जातः ।
भीरुः कायाद्विलग्नो लघुचेष्टो भृगुसुतः पराधीनः ॥

परतर्कितो दरिद्रो मृदुर्विनीतो बुधो विगतलज्जः।
मातृघ्नः क्षितिपुत्रो परोपकारी नरो वोशौ ॥ ४ ॥

यदि वोशि–योग–कारक बुध हो तो कुण्डली वाला पुरुष दूसरों की नजर में वेष से दरिद्र मालूम पड़ता है, कोमल शब्द बोलने वाला हो, महाविनयी हो तथा अपने वंश–क्रमागत कामों को करने में जरा भी लज्जा का आश्रय न करे। इसी तरह मङ्गल को योगकारक होने से जातक अपनी माता को जानसे मारने वाला परन्तु और जनों का उपकार करने वाला विचित्र ख्याल का आदमी होता है सो जानना चाहिये ॥ ४ ॥

[1]परदाररतस्तन्द्री वृद्धाकारो घृणी भवेन्मनुज।
जातः सदाप्तजन्मा वोशौ योगे शनैश्चरेण युते ॥ ५ ॥

जिसके जन्मकाल में वोशियोगकारक याने सूर्य से बारहवें स्थान में शनैश्चर हो तो जातक परस्त्री में आसक्त अधिक काल तन्द्रा (झपकी) में मस्त, वृद्ध की तरह आकृति वाला तथा जीवमात्र के ऊपर दया करने वाला शान्त प्रकृति का पुरुष होता है ॥ ५ ॥

वेशियोगफलम्—

[2]उच्चेष्टवचाः स्मृतिमान् भोगयुतो निरीक्षते तिर्यक्।
पूर्वशरीरे पृथुलस्तुच्छगतिः सात्त्विको वेशौ ॥ १ ॥

जिसके जन्मसमय वेशियोग की प्राप्ति हो वह जातक विचार-पुरस्सर उत्तम एवं सर्व-प्रिय बातें बोलने वाला, भोगवान्, स्मरण शक्ति वाला, एवं काना–सा टेढ़ी आँखें कर किसी की तरफ देखने वाला हो, शरीर का पहला (आधा) हिस्सा पूर्ण मोटा रहे, चलने–फिरने में गति बहुत थोड़ी रहे, तथा सात्त्विक भाव में रहता हुआ मनुष्य–मात्र से सर्वप्रियता का यश लेने वाला हो ॥ १ ॥

धृतिसत्यबुद्धियुक्तो भवति गुरुर्वेशिगो रणे शूरः[3]।
[4]ख्यातो गुणवानार्यः शूरो वै भार्गवे पुरुषः ॥ २ ॥

यदि सूर्य से द्वितीय स्थान में बृहस्पति रहे एवं वेशियोग की सत्ता हो तब जानना कि जातक धैर्य, सचापन, बुद्धि इनसे सहित रहे, रण-क्षेत्र में शूर-वीर कहावे। यदि शुक्र के रहने से वेशियोग पड़ा हो तो आदमी बड़ा मशहूर, गुणी, लोगों में पूज्य तथा पूर्ण वीर होगा, ऐसा जानना चाहिये ॥ २ ॥

प्रियभाषी रुचिरतनुर्वेशौ स्याद्वा बुधे पराज्ञकृन्मनुजः[5]।
संग्रामे विख्यातो भूमिसुते सतगुणवानपि ख्यातः ॥ ३ ॥

पूर्वपाठः—१ परदारश्चन्द्रे वृद्धाकाया घृणी भवेन्मनुजः। संजातो नरो वोशौ योगे शनैश्चरेण संयुक्ते ॥ २ उच्चेष्टवचाः स्मृतिमान्योगयुत इति। ३ भवति गुरुर्वेशिगो वने शूर' इति। ४ ख्यातो गुणवानार्यः शूरो भार्गवेपुरुषः। ५ बुधे पराज्ञकृत्।

जिस कुण्डली में वेशियोग–कारक बुध प्रतीत हो वह आदमी मीठी बातें बोलने वाला, शरीर की छटा महासुहावनी रखने वाला, तथा पराये को बेवकूफ (?) बनाने वाला होता है, यदि मंगल हो तो लोगों में प्रसिद्ध संग्राम की कलाओं में पूरा मशहूर तथा रथ हाँकने की विद्या का जानने वाला होता है, इसमें संशय नहीं है ॥३॥

वणिकलास्वभावः स्यात् परद्रव्यापहारकः ।
गुरुद्वेषी शनिः सूर्यो सोमे वेशिः शनैश्चरे ॥ ४ ॥

जिसको शनैश्चर से वेशियोग बना हो वह आदमी व्यापार करना अपना कर्त्तव्य समझे, पराये का धन लेने में अभिरुचि अधिक रक्खे, एवं गुरु से भी द्वेष करने वाला अधम पुरुष होता है, अर्थात् इस योग में जातक अच्छे कामों को करने में बुराई समझता है ॥ ४ ॥

अथोभयचरीयोगफलम्—

सर्वंसहः सुसमदृक्समकायः सुस्थितो निपुणसत्त्वः ।
नात्युच्चः परिपूर्णग्रीवो भवेदुभयचर्यायाम्[1] ॥ १ ॥

जिस जातक के जन्मसमय में उभयचरी योग की प्राप्ति हो याने सूर्यके आगेपीछे ग्रह हों वह सांसारिक सभी अवस्थाओं को भलीभाँति सह लेता है, जीवमात्र के ऊपर समान दृष्टि रखे, शरीर मध्यम (न मोटा न पतला) हो, महा धीर की तरह रहा करे, पूर्ण बली एवं प्रवीण हो, शरीर की भी उचाई ज्याई ज्योदः न हो, मध्यम हो, तथा गला पूर्ण मांसल हो, ऐसा जानना चाहिये ॥ १ ॥

सुभगो बहुभृत्यजनो बन्धूनामाश्रयो नृपतितुल्यः ।
नित्योत्साही हृष्टो भुनक्ति भोगानुभयचर्यायाम् ॥ २ ॥

और भी—देखने में महासुभग हो, बहुत नौकर एवं परिवारों से घिरा रहे, अपने आत्तजनों का आश्रय–भूत अर्थात् सभी का रक्षक यही हो, राजा के समान इसका आचरण रहे, प्रतिदिन सभी कामों में उत्साह करने वाला हो, प्रसन्न रहा करे तथा अनेक प्रकार के भोग का अनुभव करे ॥ २ ॥

सिंहासनयोगः—

षष्ठाष्टमे द्वादशे च द्वितीये च यदा ग्रहाः ।
सिंहासनाख्ययोगोऽयं राजसिंहासनं विशेत् ॥ १ ॥

जिसको जन्म के समय में सब ग्रह केवल इन्हीं (६,८,१२,२) स्थानों में पड़ जायँ तो सिंहासन नाम का योग जाने और वह जातक किसी राज्य सिंहासन पर बैठेगा यह निश्चय है ॥ १ ॥

पूर्वपाठः—१ उभयचरी 'उभयचर्या' चेत्येकार्थकमेव पदद्वयम् ।

ध्वजयोगः—

अष्टमस्था यदा क्रूराः सौम्या लग्ने स्थिता ग्रहाः ।
ध्वजयोगोऽत्र जातस्तु स पुमान्नायको भवेत् ॥ १ ॥

यदि किसी के सब पाप ग्रह अष्टम में तथा सब ग्रह लग्न में पड़े हों तो ध्वज नाम का योग होता है और वह कुण्डली वाला जातक बड़ा गम्भीर किसी मण्डली का नायक बन कर रहता है, जैसा कि शास्त्र में कहा गया है ॥ १ ॥

हंसयोगः—

त्रिकोणे सप्तमे लग्ने भवन्ति च यदा ग्रहाः ।
हंसयोगं विजानीयात्स्ववंशस्यैव पालकः ॥ १ ॥

जिसके जन्मकालीन कुण्डली में सभी (पाप ग्रह और शुभ ग्रह) नौवाँ, पाँचवाँ, पहला, सातवाँ इन घरों पर उपस्थित देखे जायँ तो हंस नाम का योग होता है और वह लड़का अपने वंश का रक्षक होता है। अर्थात् अपने वंशक्रमागत सभी आदमियों को भरण-पोषण का भार योग्यतापूर्वक स्वयं संभालता जाय, यह जानना चाहिये ॥ १ ॥

कारिकायोगः—

एकादशे यदा सर्वे ग्रहाः स्युर्दशमेऽपि च ।
लग्नस्य सम्मुखे वापि कारिका परिकीर्तिता ॥ १ ॥
उत्पन्नः कारिकायोगे नीचोऽपि नृपतिर्भवेत् ।
राजवंशेसमुत्पन्नो राजा तत्र न संशयः ॥ २ ॥

जिस जातक की जन्मकुण्डली में एकादश, दशम तथा लग्न के सम्मुख याने लग्न से सातवीं जगह इन्हीं में सभी ग्रह रहें तो कारिका नाम का योग जानना और वह आदमी नीच जाति में जन्म लिया भी राजा होता है यदि राजवंश में जन्म ले तो निश्चय करके राजा होता ही है, इसमें संशय नहीं है ॥ १-२ ॥

एकावलीयोगः—

लग्नतश्चान्यतो वापि क्रमेण पतिता ग्रहाः ।
एकावली समाख्याता महाराजो भवेन्नरः ॥ १ ॥

यदि किसी के जन्मकाल में लग्न से आरम्भ कर सभी स्थानों में क्रम से एक २ ग्रह पड़ें या किसी भी जगह से इस क्रम पर ग्रहों का समावेश हो तो एकावली योग कहलाता है, उसमें जिसका जन्म हो वह महाराज होगा ऐसा जानना चाहिए, अर्थात् राजयोग यह बड़ा है ॥ १ ॥

चतुःसागरयोगः—

चतुर्षु केन्द्रसंज्ञेषु सौम्यपापग्रहाः स्थिताः।
चतुः सागरयोगोऽयं राज्यदो धनदो भवेत्॥ १॥

यदि सभी पाप ग्रह और शुभ ग्रह केवल केन्द्रस्थानों (१, ४, ७, १०) में दीख पड़ें तो चतुःसागर नाम का योग कहा गया है, इसमें जो जन्म लेता है उसे पर्याप्त धन तथा राज्य मिलता है, यह पण्डितों ने कहा है॥ १॥

अथापरश्चतुःसागरयोगः—

कर्कटे मकरे मेषे तुलायां च ग्रहे स्थिते।
चतुःसागरयोगः स्यात्सर्वारिष्टनिषूदनः॥ १॥

यदि किसी कुण्डली के सभी (पाप, शुभ) ग्रह केवल कर्क, मकर, मेष और तुला इन्हीं राशियों में पड़ें तो भी (प्रकारान्तर से) चतुःसागर नाम का योग जाने, इसमें उत्पन्न जातक के ऊपर जितने अरिष्ट हों सब नष्ट हो जाते हैं याने सदैव कुशल के साथ जीवन बिताने वाला पुरुष होता है॥ १॥

चतुःसिन्धौ नरो जातो बहुरत्नसमन्वितः।
गजवाजिधनैः पूर्णो धरणीशो भवेन्नरः॥ २॥

ऐसे चतुःसागर योग का अद्भुत बालक अनेक प्रकार के रत्न, मोती वगैरह से हमेशः परिपूर्ण रहे, हाथी, घोड़े भी उसके पास कई रहें, तथा एक प्रदेश का राजा बनकर रहता है॥ २॥

अमरयोगः—

चतुर्ष्वपि हि केन्द्रेषु क्रूराः सौम्या यदा ग्रहाः।
क्रूरैः पृथ्वीपतिं विद्यात्सौम्यैर्लक्ष्मीपतिर्भवेत्॥ १॥

जिसके जन्म-समय में सभी पाप ग्रह या सभी शुभ ग्रह केन्द्र (१, ४, ७, १०) में दीख पड़ें तो इस योग का नाम अमर योग है। यदि सब पाप ग्रह हों तो जातक पृथ्वीपति (जमीन्दार) होता है, यदि शुभ ग्रह पड़ें तो उसे जमीन्दार नहीं किन्तु बड़ा धनाढ्य कहावे, ऐसा जानना चाहिए॥ १॥

अजमृगपतिलग्ने भानुकेन्द्रे त्रिकोणे
व्ययनिधनसुसंस्थे चन्द्रकर्के वृषे वा।
यदि तदुभयदृष्ट्या वीक्षितौ जीवशुक्रौ
तदमरवरयोगे सर्वरिष्टप्रणाशः॥ २॥

पूर्वपाठः—१ चतुर्थकेन्द्रसंज्ञेषु। २ अत्र जात्यभिप्रायेणैकवचनम्। ३ चतुर्थेष्वपि केन्द्रेषु। ४ मृगपति—अजलग्ने भानुकेन्द्रत्रिकोणे व्ययनिधनसुसंस्थे चन्द्रकर्के वृषेभाः। उभय—यदि च दृष्ट्या जीवशुक्रोऽथवा स्याद्भवति ह्यमरयोगे सर्वरिष्टो विनाशः॥

किसी की जन्मकुण्डली के सिंह, मेष या जन्मस्थान में स्थित सूर्य केन्द्र (१, ४, ७, १०) या त्रिकोण (९, ५) में पड़ जाय, चन्द्रमा वृष या कर्क में रहते हुए बारहवें या आठवें में पड़ जाय, दोनों के ऊपर बृहस्पति शुक्र की दृष्टि रहे तो अमर योग कहलाता है और इसमें का जन्मा हुआ कभी अरिष्ट की बाधाओं से पीड़ित नहीं होता याने यह अमर योग सब अरिष्टों का नाश कर देता है ॥ २ ॥

चापयोगः—

शुक्रे घटे कुजे मेषे स्वस्थो देवपुरोहितः[1]।
तदा राजा भवेन्नूनं चापः सौध्यति दिङ्मुखः (?) ॥१॥

यदि किसी के जन्मकाल में शुक्र कुम्भ में, मङ्गल मेष में, तथा बृहस्पति अपने स्थान (धनु, मीन ; में हों तो जातक राजा [सभी को जीतने वाला] होता है इसमें संशय नहीं है ॥ १ ॥

दण्डयोगः—

कर्कटे मिथुने मीने कन्यायां चापगे ग्रहे।
दण्डयोगः समाख्यातो राज्ञामास्पदकारकः ॥ १ ॥

जिसके जन्मसमय सभी (पाप, शुभ) ग्रह केवल कर्क, मिथुन, मीन, कन्या एवं धनु इन्हीं राशियों पर व्यवस्थित दीख पड़े तो दण्डयोग माना जाता है। इस योग में जन्म हुआ आदमी राजाओं के पद को पानेवाला भाग्यवान् पुरुष होता है ॥ १ ॥

दण्डे च जातः पृथुपुण्यभागी एकातपत्री भवति क्षितीशः।
तेजोमयः सिंहपराक्रमश्च संसेव्यमानो गुरुपात्रवृन्दैः ॥ २ ॥

जिसका जन्म दण्डयोग में हो उससे बढ़कर पुण्यकर्त्ता, एकातपत्र होकर राज्यभोग करने वाला, महातेजस्वी, सिंह की तरह पराक्रमशाली एवं गुरु-सज्जन-समूहों से सदैव परिवेष्टित राजा दूसरा नहीं होता याने उपरोक्त सभी गुणों से परिपूरित यही जातक होता है, ऐसा जानना चाहिये ॥ २ ॥

हंसयोगः (प्रकारान्तरेण)—

मेषे घटे चापतुलामृगालौ सर्वग्रहे हंस इति प्रसिद्धः[2]।
सर्वैश्च पूर्णो नृपतेश्च पूज्यो हंसोद्भवो राजसमो मनुष्यः ॥१॥

जहाँ पर सभी ग्रह सिर्फ मेष, कुम्भ, धनु, तुला, मकर और वृश्चिक इन्हीं राशियों में रहें तो हंस योग के नाम से प्रसिद्ध योग कहलाता है। इस योग का जन्म लिया जातक सभी आवश्यकताओं की चीज एवं पर्याप्त धन से परिपूर्ण रहता हुआ कई राजाओं से पूर्ण आदरणीय पुरुष एक साधारण राजा के समान स्वयं बन जाता है ॥१॥

पूर्वपाठः—१ सुस्थो देवपुरोहितः। २ मध्यग्रहे हंस इति प्रसिद्धः।

वापीयोगः—

[1]लग्नव्ययधनोनेषु ग्रहाः स्थानेषु चेत्स्थिताः।
वापीयोगो भवेदेवमुदितः पूर्वसूरिभिः॥ १॥

यदि लग्न, द्वादश एवं द्वितीय इनको छोड़ शेष स्थान (३, ४, ५ ६, ७, ८, ९, १०, ११) में सभी ग्रह पड़ जायँ अर्थात् २, १२, १ स्थानों में कोई ग्रह न रहे तो वापी योग होता है ऐसा पूर्वाचार्यों ने कहा है॥ १॥

दीर्घायुः स्यादात्मवंशप्रधानः सौख्योपेतोऽत्यन्तधीरो नरो हि।
चञ्चद्वाक्यस्तन्मनाः पुण्यवापी वापीयोगे यः प्रसूतः प्रतापी॥ २॥

जिस जातक का जन्म वापीयोग में प्रतीत हो वह बहुत दिनों तक इस संसार में रहने वाला, अपने वंश के सभी परिवारों में प्रधान, सुख से सहित, महाधीर, परम मनोहर बात करने वाला, प्रसन्न-चित्त, सत्यवक्ता मानो पुण्य का खजाना, तथा पूर्ण प्रतापी पुरुष होता है, यह जानना चाहिए॥ २॥

अथ यूप-शर-शक्ति-दण्डयोगाः—

लग्नाच्चतुर्थात्स्मरतः खमध्याच्चातुर्गृहस्थैर्गगनेचरेन्द्रैः।
क्रमेण यूपश्च शरश्च शक्तिर्दण्डः प्रदिष्टः खलु जातकज्ञैः॥ १॥

किसी के जन्म समय में लग्न के अभिप्राय से केन्द्र स्थानों (१, ४, ७, १०) से लेकर यथोत्तर चार २ स्थानों के बीच में सभी ग्रह यदि पड़ जायँ तो यूप, शर, शक्ति तथा दण्ड नाम के योग होते हैं अर्थात् यदि प्रथम से चार स्थानों में (१, २, ३, ४,) पड़ें तो यूप, चतुर्थ से चार स्थानों में ४, ५, ६, ७.) पड़ें तो शर, सप्तम के चार स्थानों (७, ८, ९, १०) में पड़ें तो शक्ति एवं (१०, ११, १२, १) इन में पड़ें तो दण्ड नाम का योग होता है, इन योगों में जन्म लेने वाला जातक का फल आगे देखिए—॥१॥

तेषां यूपयोगफलम्—

धीरोदारो यज्ञकर्मानुसारो नानाविद्यासद्विचारो नरोच्चः।
यस्योत्पत्तौ वर्तते यूपयोगो योगो लक्ष्म्या जायते तस्य नित्यम्॥२॥

जिस आदमी की जन्मकालीन कुण्डली में यूपयोग की सत्ता रहे वह पुरुष धीर, उदार (अथवा स्थिर प्रकृति की स्त्री वाला) यज्ञ कर्म करने में अभिरुचि रखने वाला, अनेक विद्याओं और अच्छे विचारों से सहित, मनुष्यों में उच्च परिगणित एवं हमेशः लक्ष्मीवान् होता है॥ २॥

शरयोगफलम्—

हिंस्रोऽत्यन्तं तुल्यदुःखैः प्रतप्तः
प्राप्तानन्दः काननान्ते शरज्ञः।

पूर्वपाठः—१ धने व्यये तथा लग्ने शेषस्थानेषु संस्थिताः।

मर्त्यो योगे यःशरे जातजन्मा[1]
स्त्री रम्भाख्या तस्य न क्वापि सौख्यम् ॥ ३ ॥

जिस जातक के जन्मकाल में शरयोग सिद्ध हो वह जीवों को मारने वाला, तथा उसी तरह अनेक दुःखों से परितप्त हृदय वाला, वन-प्रदेश में घुमने-फिरने से ही हर्षित एवं धनुर्विद्या का ज्ञाता पुरुष होता है, उसकी स्त्री रम्भा की तरह सुन्दरी भी रहे पर इसको कहीं पर किसी प्रकार का सुख नहीं प्राप्त हो ऐसा अचार्यों ने कहा है ॥३॥

शक्तियोगफलम्—

नीचैरुच्चैः प्रीतिकृत्सालसश्च सौख्यैरर्थैर्वर्जितो दुर्बलश्च ।
वादे युद्धे तस्य बुद्धिर्विशाला शालासौख्यस्याल्पता शक्तियोगे ॥४॥

शक्तियोग में पैदा हुआ बालक नीच से नीच एवं उच्च से उच्च विभागों के आदमियों में प्रेम करने वाला, आलसी, सुख एवं धन से हीन, परम दुर्बल, युद्ध एवं किसी के साथ विवाद में अच्छी बुद्धि रखने वाला होता है परन्तु उसे गृहसुख की अल्पता सदैव रहा करे; याने बुद्धिमान् पूरा हो पर आश्रम-पुत्र-स्त्री आदि सुख का अनुभव कम कर सके ॥ ४ ॥

दण्डयोगफलम्—

दीनो हीनोन्मत्तसंजातसौख्यो द्वेष्योद्वेगी गोत्रजैर्जातवेदः ।
[2]कान्तापुत्रैरर्थमित्रैर्विहीनो हीनो बुद्ध्या दण्डयोगे तु जन्मी ॥ ५ ॥

जिसका जन्म शक्ति योग में प्रतीत हो वह जातक दीन, हीन, उन्मत्त (पागल) एवं इसी अवस्था में सुख को प्राप्त करने वाला, अधिक लोगों के साथ शत्रुता करने में उद्वेग रखने वाला तथा अपने वंशक्रमागत लोगों से भी झगड़ने वाला होता है। स्त्री, पुत्र, धन, एवं मित्रों से भी रहित हो, तथा च बुद्धि भी उसकी खराब रहा करे जिससे और क्षति उठानी पड़े जैसा कि ग्रन्थों में कहा गया है ॥ ५ ॥

नौका–कूट–छत्र–चाप–अर्द्धचन्द्रयोगाः—

लग्नाच्चतुर्थात्स्मरतः खमध्यात्सप्तर्क्षगैर्नौरथ कूटसंज्ञः ।
[3]छत्रं धनुश्चान्यगृहप्रवृत्तैर्नौपूर्वको योग इहार्द्धचन्द्रः ॥ ६ ॥

पूर्वोक्त यूपादि योग के विचार की तरह केन्द्रात्मक चारों (१, ४, ७, १०) स्थान से सात ७ राशि के भीतर उत्तरोत्तर सभी पाप-शुभ ग्रह पड़ जायँ तो क्रम से नौ, कूट, छत्र, धनु नाम के योग जाने अर्थात् यदि सब ग्रह लग्न से सातवें (१-७) तक पड़े तो नौ योग, चौथे से दशवें (४-१०) तक पड़ें तो कूट योग, सातवें से प्रथम (७-१) तक पड़ें तो नौ योग, चौथे से दशवें (४-१०) तक पड़ें तो कूट

पूर्वपाठः—१ मर्त्यो योगे यः शरोजातजन्मेति । २ कान्तापुत्रैरर्थपुत्रैर्विहीनः । ३ छत्रं धनुश्चापगृहप्रवृत्ता नौपूर्वकैर्योग इहार्द्धचन्द्रः ।

योग, सातवें से प्रथम (७-१) तक पड़ें तो छत्र, दशवें से चौथे (१०-४) तक पड़ें तो धनु योग जाने। यदि सब ग्रह लिखित क्रमानुसार न दीख पड़ें तो अर्द्धचन्द्र योग होता है, यह आठ प्रकार का हो सकता है यथा दूसरे से आठवें तक (१) तीसरे से नौवें तक (२), पाँचवें से ग्यारहवें तक (३), छठे से बारहवें तक (४), आठवें से दूसरे तक (५), नौवें से तीसरे तक (६), ग्यारहवें से पाँचवें तक (७), तथा बारहवें से छठे तक (८) इन सब अवस्थाओं में अर्द्धचन्द्र योग माना जाता है, फल भी सब प्रभेदों का तुल्य ही कहा गया है ॥ ६ ॥

तत्रादौ नौकायोगफलम्—

ख्यातो लुब्धो भोगसौख्यैर्विहीनःस्यान्नौयोगे लब्धजन्मा मनुष्यः।
[1]क्लेशी शश्वचञ्चलःस्वान्तवृत्तिस्तोयोद्भूतेनार्थधान्येन तस्य ॥१॥

जिस जातक का जन्म नौ योग में सिद्ध हो वह प्रसिद्ध, लोभी, एवं और सुखों से हीन, महा क्लेश सहने वाला, सदैव चञ्चल प्रकृति का होता है तथा जलाश्रय (नदी, तालाब, समुद्र, आदि) से उत्पन्न धन-धान्य कुछ प्राप्त होने के कारण उसके मन में एक प्रकार की स्वतन्त्रता आ जाती है अर्थात् किसी की बातें न सुन कर अपने ही मन के अनुसार सब काम करे जिससे और लोग उसके ऊपर अप्रसन्न रहें जैसा कि आचार्यों ने कहा है ॥ १ ॥

कूटयोगफलम्—

दुर्गारण्यावासशीलश्च मल्लो भिल्लैप्रीतिर्निर्धनो निन्द्यकर्मा।
धर्माधर्मज्ञानहीनश्च दुष्टः कूटप्राप्तोत्पत्तिरेवं मनुष्यः ॥ २ ॥

जिसका जन्म कूट योग में देखा जाय वह आदमी दुर्गस्थान (जहाँ पर लड़ाई के अवसर पर सेना का ठिकाना रहता है), जङ्गल—वन आदि में रहने वाला, मल्ल-विद्या में निपुण, कोल-भिल्ल आदि असभ्य जातियों से अधिक प्रेम करने वाला, धन-हीन, निन्दित कर्मों के करने में निरत, धर्म, अधर्म को नहीं समझने वाला एवं महा दुष्ट स्वभाव का मनुष्य होता है ॥ २ ॥

छत्रयोगफलम्—

प्राज्ञो राज्ञां कार्यकर्त्ता दयालुः पूर्वे पश्चात्सर्वसौख्यैरुपेतः।
यस्योत्पत्तौ छत्रयोगोपलब्धिर्लब्धिः स्याच्चेच्छत्रसच्चामरादेः[2] ॥३॥

जो मनुष्य छत्र-नामक योग में जन्म लेता है उसे बड़ा विद्वान्, कई राजाओं का कार्य-कर्त्ता, दयावान्, प्रथम एवं अन्तिम अवस्था में सब प्रकार के सुखों से पूरित (युवावस्था में दुःख भोगने वाला अर्थात् सिद्ध है) तथा जहाँ कहीं से छत्र और अच्छे चामर (चमर) को प्राप्त करने वाला साधारणतः भाग्यवान् पुरुष जानना चाहिये ॥३॥

पूर्वपाठः—१ तोयोद्भूते धनधान्येन तस्य। २ लब्धिः स्याच्चेच्छत्र-सच्चामराद्यैः।

चापयोगफलम्—

आद्ये भागे चान्तिमे जीवितस्य सौख्योपेतः काननाद्रिप्रचारः[1]।
योगे जातः कार्मुके सोऽति दुष्टो गर्वोन्मत्तोत्पत्तिकृत्कार्मुकास्त्रः ॥४॥

जिस जातक के जन्म समय में कार्मुक (धनु) योग की उपलब्धि हो वह अपने जीवन के प्रथम तथा अन्तिम भाग में सुखों से सहित रहे, वन-पर्वत की तरफ घूमने फिरने में रुचि रखे, महा दुष्ट हो, गर्व (अहङ्कार) से सदैव मस्त रहे तथा हमेशः शर-धनुष लिए ही जहाँ-तहाँ भ्रमण करने वाला व्याध की आकृत में रहा करे ॥ ४ ॥

अथार्धचन्द्रफलम्—

भूमीपालप्राप्तचश्वत्प्रतिष्ठः श्रेष्ठः सेनाभूषणार्थाम्बराद्यैः ।
चेदुत्पत्तौ यस्य योगोऽर्द्धचन्द्रश्चन्द्रः सस्यादुत्सवार्थं जनानाम् ॥५॥

जिसके जन्मकाल में अर्धचन्द्र योग की आभा मिले वह किसी बड़े राजा से अच्छी प्रतिष्ठा की प्राप्ति करे, पूर्ण आदरणीय हो, कुछ सेना, धन, एवं पोशाकों से शोभित रहे, तथा देखने व बात-चीत में ऐसा मनोहर हो कि मानो सभी आदमियों के मन को चन्द्रमा की तरह प्रसन्न करने वाला हो अर्थात् इस योग में जन्म लिया हुआ आदमी से मिलने के लिए सभी मनुष्य लालायित रहें, ऐसा आचार्यों का कहना है ॥ ५ ॥

चक्रसमुद्रयोगौ—

[2]तनोर्धनादेकगृहान्तरेण स्युः स्थानषट्के गगनेचरेन्द्राः ।
चक्राभिधानश्च समुद्रनामा योगावितीहाकृतिजाश्वविंशत् ॥ १ ॥

किसी कुण्डली में लग्न से एवं धन-स्थान से एकान्तर के क्रम से छः २ स्थानों में यदि सब ग्रह पड़ जाँय तो चक्र तथा समुद्र ये दो प्रकार के योग होते हैं अर्थात् लग्न से छः स्थानों के बीच में याने १।३।५।७।९।११ ग्रहों के रहने से चक्र नाम का और धन भाव से छः स्थानों के बीच तक (२।४।६।८।१०।१२) रहने से समुद्र नाम का योग होता है। इस प्रकार इस आकृति योग के भेद गणित के अनुसार बीस प्रकार के होते हैं विस्तार के भय से संक्षेपतः कहा है ॥ १ ॥

चक्रयोगफलम्—

श्रीमन्नृपोऽत्यन्तजातप्रतापो भूपो भूपोपाय नैरर्चितः स्यात् ।
योगे जातः पूरुषो यस्तु चक्रे चक्रेपृथ्व्याः शालिनी तस्य कीर्त्तिः॥२॥

यदि किसी जातक के जन्मकाल में चक्र योग की प्राप्ति हो तो जानना कि यह आदमी श्रीमान् के रूप में रहेगा, बड़ा तीव्र प्रतापी राजा, अन्य राजाओं से पूजित, अधिक भाग्यवान् पुरुष होगा, और सारी पृथ्वी पर इसकी कीर्ति फैली रहेगी, बड़ा यशस्वी होगा ॥ २ ॥

पूर्वपाठः—१ सौख्योपेतः कनकाद्रिप्रचारः। २ ततोर्धनाद्येकग्रहान्तरेणेत्यादिः।

समुद्रयोगफलम्—

दाता धीरश्चारुशीलो दयालुः पृथ्वीपालप्राप्तसाम्यः प्रकामम्।
योगे जातो यः समुद्रे स धन्यो धन्यो वंशस्तेन नूनं नरेण ॥३॥

जो मनुष्य समुद्र योग में उत्पन्न हो वह दान करने वाला, धीर, अच्छा शील-स्वभाव वाला, जीव-मात्र के ऊपर सर्वथा दया करने वाला, किसी राजा की समता को पाने वाला हो एवं उसी को पाकर उसका वंश भी धन्य समझा जाय ॥ ३ ॥

गोलादियोगाः—

ये योगाः कथिताः पुरा बहुतरास्तेषामभावे भवेद्-
गोलश्चैकगतैर्युगो द्विगृहगैः[1] शूलस्त्रिगेहोपगैः।
केदारश्च चतुर्षु सर्वखचरैः पाशस्तु पञ्चस्थितैः
षट्संस्थैकक्कदाम-सप्तगृहगैर्वीणेति संख्या इमे ॥ १ ॥

इससे पहले पूर्वाचार्यों के कथनानुसार जितने राजयोग कहे गये हैं यदि किसी कुण्डली में उनकी प्रवृत्ति न हो तब इन योगों का भी विचार कर लें जैसा कि:—सब ग्रहों का किसी एक घर में रहने से गोल (१), दो स्थानों में रहने से युग (२), तीन स्थानों में रहने से शूल, (३), चार घरों में रहने से केदार (४), पाँच स्थानों में रहने से पाश (५), छ स्थानों में रहने से दामिनी (६), तथा सात घरों में वीणा (७), इस प्रकार सात संख्या में सात हो होते हैं। (सब का फल क्रम से आगे कहा गया है देखिये– ॥ १ ॥

तत्र गोलयोगफलम्—

[2]विद्यासत्यौदार्यसामर्थ्यहीनानानायासानित्यजातप्रयासाः।
येषां योगः सम्भवेद्गोलनामा नामासत्यप्रीतयोऽनीतयस्ते[3] ॥ २ ॥

जिसके जन्मकाल में गोल योग सिद्ध हो वह मूर्ख, मिथ्यावादी, कृपण (क्षुद्र-बुद्धि) एवं शक्तिहीन होता है, छोटे से छोटे कामों के लिये भी बड़ा प्रयास करने वाला हो, सदैव अन्यान्य प्रयास में भी लगाही रहे, मिथ्या के प्रपञ्च में रहने वाले लोगों के साथ प्रीति करे तथा अन्याय करने में जरा भी संकोच न माने ॥ २ ॥

युगयोगफलम्—

[4]पाखण्डेनाखण्डितप्रीतिभाजोऽलज्जास्ते स्युर्धर्मकर्मप्रयुक्ताः।
पुत्रैरर्थैः सर्वथा ते वियुक्ता युक्तायुक्तज्ञानशून्या युगाख्ये ॥ ३ ॥

पूर्वपाठः— १ द्वौ लग्नैकगतिर्युगद्विग्रहगै...। २ विद्यासदौदार्य सामर्थ्यहीना...।
३ ईदृग्योगेलब्धजन्मनो जातस्य जन्मकाल एवोत्पातादिकं पीडयति जनानिति।
४ पाखण्डेनाखण्डितप्रीतिभाजोर्लज्जास्ते.... ।

युग योग में जिन मनुष्यों की पैदाइश होती है वे हमेशः पाखण्ड किया करते हैं, उच्च से उच्च लोगों के साथ भी मैत्री करके थोड़े ही दिनों में उसे तिलाञ्जलि दे देते हैं, धर्म-कर्म के सम्बन्ध में निर्लज्ज होकर पेश आने वाले हों, धन एवं पुत्र से बिलकुल हीन रहें, तथा उचित अनुचित विचारने के ज्ञान से तो अवश्यमेव वञ्चित रहें, ऐसा पण्डितों ने कहा है ॥ ३ ॥

शूलयोगफलम्—

युद्धे वादे तत्पराः क्रूरचेष्टाः क्रूराः स्वान्ते निष्ठुरा निर्द्धनाश्च ।
योगो येषां सूतिकाले हि शूलः शूलप्रायास्ते जनानां भवन्ति ॥ ४ ॥

जिन आदमियों का जन्म शूल नामक योग में परिणित हो वे जातक युद्ध रणक्षेत्र एवं मुकद्दमें में सदैव तैयार रहा करते हैं, पापियों की तरह चेष्टा रखने वाले हों, क्रूर स्वभाव के हों, अपने कामों को संभालने में पराये को बड़ी निठुराई के साथ देखें, दरिद्र हों, तथा एक शब्द से शूल योग में पुरुष को हर तरह से कठिनाइयाँ झेलनी पड़ती हैं ॥ ४ ॥

केदारयोगफलम्—

चापोपेताश्चार्षवन्तो विनीताः कृष्यौत्सुक्याश्चोपकारादराश्च ।
[1]योगे केदारे नरास्ते नु धीरा चाराश्चापेऽपीतरेषां विशेषात् ॥ ५ ॥

यदि किसी के जन्मकाल में केदार नाम का योग की सत्ता मालूम पड़े तो जानना कि जातक सदैव शर-धनुष हाथ में लिये ही रहेगा, वेद के तत्त्वों का ज्ञाता, विनयी, खेती के कामों में भी उत्सुकता दिखाने वाला, व्यक्ति-मात्र के उपकार करने से अपना आदर समझने वाला, तथा और मनुष्यों की अपेक्षा विशेष धीर-वीर पुरुष होगा, ऐसा शास्त्रों में वर्णित है ॥ ५ ॥

पाशयोगफलम्—

दीनाकारास्तत्पराश्चापकारे बन्धेनार्त्ता भूरिजल्पाः सदम्भाः ।
नानानर्थाः पाशयोगप्रजाता जातारण्यप्रीतयः स्युर्मनुष्याः ॥ ६ ॥

जिसके जन्म समय में पाश योग की उपलब्धि हो वह लड़का दीन दुखियों के आकार में रहने वाला, पराये की बुराई करने में खूब प्रवीण, किसी अपराध में कहीं पर जेल की बिडम्बनाओं से पीड़ित, बहुत अण्ड-बण्ड बकने वाला, महा क्रोधी, अनेक अनर्थ करने में भी लीन, तथा जङ्गली जीवों से अधिक प्रेम करने वाला आदमी होता है ६

दामिनीयोगफलम्—

[2]जातानन्दो नन्दनाद्यैः सुधीरो विद्वान् भूपः कोपसञ्जाततोषः ।
चञ्चच्छीलौदार्यबुद्धिःप्रशस्तःशस्तःसूतौ दामिनी यस्य योगः ॥ ७ ॥

पूर्वपाठः—१ योगे केदारे नरास्त्वेन धीराचाराः । २ जातानन्दो नन्दनाद्यैः सुधीरी ।

यदि कोई आदमी प्रशस्त दाम्नि‌नी योग में जन्म ले तो जानना कि वह अधिक समय आनन्द में मग्न, पुत्रों से सहित, महाधीरता के साथ काम करने वाला, विद्वान् राजा एवं बहुत काल क्रोध ही करने से अपने को हर्षित समझने वाला होता है। एवं चञ्चल प्रकृति का, उदार बुद्धिवाला तथा जनता के बीच में पूर्ण मशहूर होता है॥७॥

वीणायोगफलम्—

अर्थोपेताः शास्त्रपारङ्गताश्च सङ्गीतज्ञाः पोषकाः स्युर्बहूनाम्।
नानासौख्यैरन्वितास्तु प्रवीणा वीणायोगे प्राणिनां जन्म येषाम्॥८॥

जिस जातक के जन्म समय में वीणा योग पड़े वह हमेशः धनों से परिपूर्ण, शास्त्र का पारङ्गत याने भारी विद्वान्, संगीत-विद्या का जानकार, बहुत लोगों को पालने वाला, विविध प्रकार के सुखों से सहित और सभी कामों में प्रवीण अपूर्व मनुष्य होकर रहता है, इसमें संशय नहीं है॥ ८॥

प्रोक्तैरेतैर्नाभसाख्यैश्च योगैः स्यात्सर्वेषां प्राणिनां जन्म कामम्।
तस्मादेतेऽत्यन्तयत्नादपूर्वाः पूर्वाचार्यैर्जातके संप्रदिष्टाः॥ ९॥

इस तरह जितने योग कहे गये हैं वे नाभस नाम से जातक शास्त्र में पूर्वाचार्यों ने कहा है इसलिए ज्यौतिषियों को चाहिए कि सर्व प्रथम महा यत्न के साथ सभी कुण्डलियों में इन योगों का विचार भली-भाँति करके फल कहें यदि इनमें से एक भी योग देखा जाय तो जातक पूर्ण भाग्यशाली होगा, यह निश्चय है; अतः खूब विचार कर लें॥९॥

चन्द्रयोगफलम्—

उत्पातके कृशतनुर्निशि वाऽथ दृश्ये
दृश्ये दिवा सिरिशगर्भयशोदकश्च (?)।
एवं स्थितः समफलः पृथिवीपतित्वं
जातो नयाय कुरुते परिपूर्णमूर्त्तिः॥ १॥

उत्पात (जो कि पठित हैं) में चन्द्रमा की अवस्थिति होने से जातक की आकृति पतली होती है, यदि रात्रि में दृश्य या दिन में दृश्य रहे तब जातक यशस्वी होता है, यदि पूर्ण बली चन्द्रमा हो तो जातक निश्चय करके न्यायकारी राजा होता है, यह जानना चाहिए॥

दरिद्रयोगः—

वामवामे ग्रहाः सर्वे सूर्यादीनां मुनिप्रमाः।
दरिद्रयोगं जानीयान्नात्र कार्या विचारणा॥ १॥

पूर्वपाठः—१ तस्मादेतेत्यन्तयन्त्रादपूर्वाः। २ एवं स्थितः समफलः। ३ सूर्यादीनां मुनिस्तथा। ४ इतोऽनन्तरं पूर्वपुस्तकेषु करसम्पुटयोगात्मकः श्लोक एक उपलभ्यते, यथा च–'ऋतु-रेतश्च सम्पर्काज्जायते विषमा गतिः करसम्पुटमादाय वन्ध्या भवति निश्चितम्॥

जिस के जन्म समय में सूर्यादि सातों ग्रह (उपग्रहों को छोड़ कर) वामावर्त्त के क्रम से सात ही घर में विद्यमान दीख पड़ें तो दरिद्र योग होता है अर्थात् वह जातक निराला दरिद्र हो यह जाने इसमें और बातों का विचार करने की आवश्यकता नहीं है ॥ १ ॥

कारकयोगाः—

मूलत्रिकोणस्वगृहोच्चसंस्था नभश्चराः केन्द्रगता मिथः स्युः ।
ते कारकाख्याः कथिता मुनिन्द्रैर्[1] विज्ञाय चाज्ञाभवने विशेषात् ॥१॥

अब कारक ग्रहों का लक्षण कहते हैं—जन्मकालीन कुण्डली में जितने ग्रह अपने मूल त्रिकोण, अपनी राशि, एवं अपने उच्च में स्थित होकर केन्द्र स्थानों (१।४।७।१०) में संप्राप्त हों वे कारक संज्ञक ग्रह कहे जाते हैं। केन्द्रीय स्थानों में और स्थानों की अपेक्षा दशम अधिक श्रेयस्कर यदि दशम में उक्त ग्रह पड़े तो विशेषतः कारक संज्ञक होते हैं, जैसा कि है, इसलिए ऋषि-मुनियों ने कहा है ॥ १ ॥

प्रालेयरश्मिर्यदि मूर्त्तिवर्त्ती स्वमन्दिरस्थो निजतुङ्गजातः ।
कुजार्कजार्कामरराजपूज्याः केन्द्रस्थिताः कारकसंज्ञिताश्च ॥ २ ॥

यदि प्रालेयरश्मि (चन्द्रमा) लग्न में रहते अपनी राशि में या उच्च में पड़ जाय तथा मङ्गल, शनैश्चर, सूर्य और बृहस्पति ये ग्रह भी केन्द्र में देख पड़ें तो भी कारक संज्ञक कहे जाते हैं। इनका फल आगे कहा गया है ॥ २ ॥

शुभग्रहे लग्नगतेऽम्बराम्बुस्थितो ग्रहः कारकसंज्ञकः स्यात् ।
तुङ्गत्रिकोणस्वगृहांशयातास्तेऽपीह माने तपनो विशेषात् ॥ ३ ॥

शुभ ग्रह यदि लग्न में हो तथा कोई भी ग्रह चतुर्थ-दशम में पड़े तो कारक नाम से कहे जा सकते हैं। एवं जो ग्रह अपने मूलत्रिकोण, अपने स्थान तथा अपने नवांश में वर्त्तमान हों उन्हें भी केन्द्रीय होने से कारक संज्ञा होती है, सूर्य के लिए खास कर कहा गया है ॥ ३ ॥

नीचान्वये यद्यपि जातजन्मा मन्त्री भवेत्कारकखेचराद्यैः[3] ।
राजान्वये तस्य यदि प्रसूतिर्भूमीपतित्वं स कथं न याति ॥ ४ ॥

जिसके जन्म समय में कारक ग्रह पड़े वह नीच वंश में भी जन्म लेने पर किसी राजदरबार का मन्त्री (सेक्रेटरी) बनकर जीवन चलाने वाला होता है यदि राजवंश का उत्पन्न होतो निश्चय करके राजपद को पावेगा इसमें सन्देह का लेश भी नहीं है ॥४॥

[4]वेशिस्थितो यस्य शुभो न भोगो जन्माख्यलग्ने च लवेस्वकीये ।
[5]केन्द्राणि सर्वाणि च सद्ग्रहाणि तस्यालये श्रीः कुरुते विलासम् ॥५॥

पूर्वपाठः—१ मुनीन्द्रैर्विज्ञाय प्राज्ञां भुवने विशेषाः। २ परस्पर कारकसंज्ञिताश्च। ३ मन्त्री भवेत्कारकखेचराद्यैः। ४ वेशिस्थितो यस्य शुभो न वेगो लग्नं विलग्नं च लवे स्वकीये। ५ केन्द्राणि सर्वाणि च सग्रहाणि।

जिस जातक के जन्मकाल में कोई भी एक शुभग्रह दूसरे स्थान में हो, जन्मलग्न उसी राशि के नवांश में पड़ जाय, केन्द्र में केवल शुभग्रह (पापग्रह एक भी नहीं) देखे जायँ तो जानना कि उसके घर में लक्ष्मी सदैव विलास करती रहेगी याने कई पुरुष तक उसके यहाँ बड़ी सम्पत्ति रहेगी जैसा कि आचार्यों ने कहा है ॥ ५ ॥

[1]केन्द्रस्थिता गुरुविलग्नपचन्द्रभेशा
मध्ये च यस्य नितरां वितरन्ति भाग्यम्।
[2]शीर्षोदयाभ्युदयभेषु गता भवेयु-
रारम्भमध्यमविरामफलप्रदास्ते ॥ ६ ॥

जिसके जन्म समय में बृहस्पति, जन्म लग्नाधीश तथा चन्द्रराशीश्वर ये केन्द्रगत हों उस जातक को मध्य-अवस्था में अधिक भाग्यशाली बनाते हैं यदि शीर्षोदय राशि में हों तो क्रम से याने बृहस्पति से प्रथम अवस्था में, लग्नपति से मध्यम अवस्था में, चन्द्रराशीश्वर अन्तिम अवस्था में जातक भाग्यवान् होता है ॥ ६ ॥

शकटयोगः—

संस्था विलग्नेऽप्यथ सप्तमे च पतङ्गमुख्यास्तु ग्रहा नितान्तम्।
[3]वदन्ति योगं शकटाह्वयं तं जातो नरः स्याच्छकटोपजीवी ॥ १ ॥

यदि किसी कुण्डली के लग्न और सप्तम स्थान में सूर्यादि ग्रह सब दीख पड़े याने सभी ग्रह सिर्फ दो ही जगहों में व्यवस्थित हो जायँ तो शकट योग होता है और फलतः यह जातक गाड़ी—सम्बन्ध से अपनी जीविका चलाने वाला पुरुष होगा, ऐसा जानना चाहिये ॥ १ ॥

नन्दायोगः—

[4]युग्म-युग्म-क्रमात्त्रीणि ह्येकैकं क्रमतः स्थितम्।
नन्दायोगः स विज्ञेयश्चिरायुष्ट्वसुखप्रदः ॥ १ ॥

जिस आदमी के जन्मकाल में कुण्डलीस्थ तीन घरों में दो २ ग्रह एवं तीन घरों में एक २ ग्रह विद्यमान हों तो नन्दा नाम का योग जाने, इसमें का उत्पन्न लड़का बहुत दिनों तक जीने वाला तथा पूरा सुख को प्राप्त करने वाला पुरुष होता है ॥ १ ॥

दाताख्ययोगः—

लग्ने च जीवो[5] युगगो भृगुश्च द्यूने च सौम्यो दशमे महीजः।
केन्द्रे त्वमी चारुफलप्रदाः स्युः सर्वार्थदातार इति प्रसिद्धाः ॥ १ ॥

पूर्वपाठः—१ केन्द्रस्थितागुरुविलग्नकजन्मनाथाः।
२ शीर्षोदयोभ्युदयभेपुगता भवेयु रारन्तमध्यमविरामफलप्रदास्ते।
३ वदन्ति योगं शकटाख्यसंज्ञम्। ४ "युग्मे युग्मे भवेत्त्रीणि ह्येकैकं च त्रिपु स्थितम्। नन्दायोगश्च विज्ञेयश्चिरायुश्च सुखप्रदः॥"
५ लग्ने च जीवो युगगे भृगुश्च।

यदि किसी कुण्डली के केन्द्र में इस प्रकार ग्रह हों अर्थात् लग्न में बृहस्पति, चतुर्थ में शुक्र सप्तम में बुध एवं दशम में मङ्गल पड़ें तो सब अभिलाषाओं को पूरा करने वाला दातार योग होता है, इस योग में जन्म लेने से जातक को बड़े २ उत्तम फल—जो कि साधारण मनुष्य के लिये अलभ्य हैं—मिलते हैं, शब्दान्तर से जातक भाग्यशाली होता है ॥ १ ॥

राजहंसयोगः—

घटे मेषे नरे चापे तुलायां सिंहगे ग्रहे ।
राजहंसो भवेद्योगी राज्यास्पदसुखप्रदः ॥ १ ॥

जिसके जन्म समय में सूर्यादि सभी ग्रहों की अवस्थिति कुम्भ, मेष, मिथुन, धनु, तुला, एवं सिंह इन्हीं राशियों में दीख पड़े तो जानना कि राजहंस योग की सत्ता है और वह कुण्डली वाला जातक राजगद्दी के सुखों को भली-भाँति प्राप्त करने वाला महापुरुष होगा, जैसा कि शास्त्र में वर्णित है ॥ १ ॥

चिल्हिपुच्छयोगः—

सिंहासने च हंसे च दण्डे योगे मरुद्ध्वजे ।
चतुःसागरयोगे च चिल्हिपुच्छो[1] महाफलः ॥ १ ॥

जिस मनुष्य के जन्मकालीन प्राप्त-सिंहासन, हंस, दण्ड, मरुत्, ध्वज एवंचतुः-सागर योग में चिल्हिपुच्छ हो वह बहुत उत्तम फल का भागी जातक समझा जाय ॥१॥

तुलामकरमेषाद्यलग्ने वै ह्यथवा क्वचित् ।
सिंहासने च डमरौ चिल्हिपुच्छः स शस्यते ॥ २ ॥

यदि किसी का जन्मलग्न तुला, मकर, मेष आदि हो और उनमें सिंहासन तथा डमरु योग की प्राप्ति हो तो भी चिल्हिपुच्छ होता है जिसमें जातक आनन्द के साथ रह सकता है ॥ २ ॥

मृगे कर्के च पुच्छः स्याद्राजहंसः सुखप्रदः ।
कुम्भे च मन्मथे चैव चिल्हिपुच्छोऽभिधीयते ॥ ३ ॥

यदि मकर, कर्क, कुम्भ और कन्या ये लग्न हों तो और राजहंस योग की उपलब्धि हो तब जातक को सुख देने वाला चिल्हिपुच्छ माना जाता है ॥ ३ ॥

मृगे कर्के ध्वजो पुच्छः कन्यालौ वृषभे झषे ।
चिल्हिपुच्छो भवेद्योगश्चतुःसागरगोचरे ॥ ४ ॥

जहाँ मकर, कर्कलग्न में ध्वज योग पाया जाय एवं कन्या, वृश्चिक, वृष, मीन लग्न में चतुःसागर योग पड़े वहाँ भी चिल्हिपुच्छ होता है सो जानना चाहिये ॥ ४ ॥

पूर्वपाठः—१ महाफलम्।

योगोदितफलं पुच्छः करोति द्विगुणं फलम्।
तेन योगाधियोगोऽयं लग्नेऽपि कस्यचिन्मते ॥ ५ ॥

पूर्व कहे हुये योगों में जो फल कहा गया है उनमें यदि चिल्हिपुच्छ की उपलब्धि रहे तो उक्त द्विगुणित कहना और ऐसे योग को योगाधियोग कहते हैं, किसी आचार्य का मत है कि लग्न में भी हो सकता है ॥ ५ ॥

घटशून्ये नृपसचिवो गोमहिषीहयगजैर्युक्तः।
नीतिज्ञो बहुपुत्रो[1] लग्नेपि च सम्मताः केचित् ॥ ६ ॥

यदि कुम्भ को छोड़ अतिरिक्त लग्न में इस योग का सम्भव हो तो जातक किसी राजा के यहाँ मन्त्री के पद पर नियुक्त हो, गौ, भैंस, घोड़े एवं हाथी से सर्वदा सहित रहे, नीतिशास्त्र का ज्ञाता हो, उसको कई पुत्र भी हों ऐसी किसी आचार्य की सम्मति है ॥ ६ ॥

लालाटी योगः—

चन्द्रोऽष्टमे चन्द्रगेहेऽर्कार्किशुक्रखगाः स्थिताः[2]।
केमद्रुमे च सम्पूर्णे योगो लालाटिको मतः ॥ १ ॥

जिस कुण्डली के अष्टम स्थान में चन्द्रमा पड़े और कर्क राशि में सूर्य, शनैश्चर और शुक्र व्यवस्थित दीख पड़ें एवं केमद्रुम योग की सर्वावयवेन सत्ता हो तब लालाटी योग होता है, यह जानना चाहिये ॥ १ ॥

आजन्मतो भवति कारखगैः[3] प्रसिद्धः
शिल्पादिकर्मकुशलो मुशलाकृतिश्च।
भूर्यात्मजोऽपि[4] लभते विविधामलब्धीं
जन्मान्तरेऽपि न जहाति ललाटियोगः ॥ २ ॥

जिस जातक के जन्म समय में कारक ग्रह दिखाई दें और लालाटिक योग पड़े तो वह उसके प्रभाव से अपने समाज या प्रान्त में पूर्ण प्रसिद्ध, शिल्पविद्या (चित्र खींचना आदि कारीगरी) में निपुण, मुशल की तरह अधिक उंचाई वाला तथा अनेक पुत्र वाला होता है, अनेक प्रकार की बड़ी सम्पत्ति का भागी हो तथा लालाटिक योग में उत्पन्न मनुष्य के पास इतनी बड़ी लक्ष्मी रहे कि जन्मान्तर में भी दान आदि सत्कर्म के महत्त्व से फिर धनी हो, आशय यह कि वह जातक अवश्यमेव बड़ी सम्पत्ति का अधिकारी होता है ॥ २ ॥

पूर्वपाठः—१ लग्नेऽपि च सम्मतं केपु। २ चन्द्राष्टमे चक्रे संज्ञार्कार्किशुक्रा गृहे विधौ। ३ आजन्मतो भवति कारग्रहैः। ४ भूर्यात्मजो विलभते विविधामलब्धिजन्मान्तरे।

महापातकयोगः—

राहुणा सहितश्चन्द्रः सपापगुरुवीक्षितः।
महापातकयोगोऽयं यदि शक्रसमो भवेत् ॥ १ ॥

यदि किसी की कुण्डली में राहु के साथ चन्द्रमा हो और जहाँ–कहीं से पाप ग्रह के सहित होकर बृहस्पति की दृष्टि पड़े तो महापातक नाम का योग होता है इसमें जन्म लेने वाला जातक महा पापी होता है, चाहे वह इन्द्र के समान क्यों न हो परन्तु इसका फल अवश्य उसे प्राप्त होगा ॥ १ ॥

बलीवर्दहन्तायोगः—

भौमो न वीक्षते लग्नं लग्नं पश्यति भास्करः।
गुरुशुक्रौ न वीक्षेते बलीवर्देन हन्यते ॥ १ ॥

किसी आदमी के जन्मकालीन ग्रहों में से लग्न पर मङ्गल की दृष्टि न हो प्रत्युत सूर्य इसी लग्न को देखते रहे एवं शुक्र और बृहस्पति से भी नहीं देखा जाता हो तो जातक महा पराक्रमी वृषभ के द्वारा मारा जाता है अर्थात् कहीं पर ऐसा अवसर आ जाय जहाँ कि उसीसे इसका प्राणान्त हो जाय ॥ १ ॥

हठदन्ता (?) योगः—

आयस्थानगते चन्द्रे चन्द्रस्थानगते रवौ।
हठेन नाशो विज्ञेयः पञ्चरात्रौ विशेषतः ॥ १ ॥

जिसके जन्मकालिक ग्रहों की परिस्थिति देखने से सिद्ध हो कि एकादश स्थान पर चन्द्रमा और चन्द्रमा की जगह पर (कर्क) में सूर्य विद्यमान है तो हठ से इसकी मृत्यु आजाय जिसका कि अवसर पांच ही रात्रि में विशेषतः सम्भव कहे ॥ १ ॥

वृक्षहन्तायोगः—

मदनाख्यो यदा योगो लग्ने च राहुदर्शिते।
वृक्षस्थं मरणं तस्य यदि शक्रसमो भवेत् ॥ १ ॥

यदि किसी जातक के जन्म समय में मदन योग की प्राप्ति देखी जाय और लग्न के ऊपर राहु की दृष्टि पड़े तो जानना किसी वृक्ष कि (बहुधा जामुन के पेड़) के ऊपर से गिर कर मर जायगा, चाहे वह जातक कितनाहु धीर-वीर एवं इन्द्र के तुल्य क्यों न हो, पर वृक्ष पर से गिरना उसके लिये अनिवार्य होगा ॥ १ ॥

पूर्वपाठः—१ सपापो गुरुवीक्षितः।
२ यदि शुक्रसमो भवेत्—३ भौमेन दृश्यते लग्नम्।
४ मदनयोर्यदा योगो लग्ने च राहुदर्शने।
वृक्षस्थं मरणं तस्य यदि शुक्रसमो भवेत्।

अथ नासाच्छेदयोगः—

षष्ठस्थानगते शुक्रे तनुस्थानगते कुजे।
नासाच्छेदकरं[1] योगं वदामि मुनिसत्तम॥ १॥

जिसकी जन्मकुण्डली के षष्ठ स्थान में शुक्र एवं लग्न में मङ्गल प्राप्त हो उस जातक की नाक कोई शत्रु काट लेता है, अर्थात् इस योग के उत्पन्न लोगों की नाक अवश्य काट ली जाती है॥ १॥

कर्णविच्छेदयोगः—

मन्देन[2] दृश्यते चन्द्रो लग्ने च रविभार्गवौ।
शुभग्रहा न पश्यन्ति कर्णच्छेदो न संशयः॥ १॥

यदि चन्द्रमा के ऊपर शनिकी दृष्टि हो, और लग्न में सूर्य एवं शुक्र पड़े हों तथा शुभ ग्रहों की दृष्टि नहीं रहे तो जानना कि कुण्डली वाला जातक की कान काट ली जायगी जैसा कि आचार्यों ने कहा है॥ १॥

पादखञ्जयोगः—

कविना सहितो मन्दो गुरुणा सहितः कविः।
शुभग्रहा न पश्यन्ति पादखञ्जो भवेन्नरः॥ १॥

यदि किसी कुण्डली में शुक्र के साथ शनैश्चर अथवा शुक्र के साथ बृहस्पति बैठा रहे और शुभ ग्रह नहीं देखते हों तब जातक का पाद (चरण) खञ्ज हो जाता है ऐसे योग में उत्पन्न लड़का लँगड़ा हो जाता है। इसमें संशय नहीं करना चाहिये॥ १॥

सर्पहन्तायोगः—

लग्नाच्च सप्तमस्थाने शन्यर्कौ राहुसंयुतौ[3]।
सर्पेण पीडा तस्योक्ता शय्यायां स्वपतोऽपि च॥ १॥

यदि किसी मनुष्य के जन्मकाल में राहु से सहित होकर शनैश्चर और सूर्य लग्न से सप्तम स्थानगत दीख पड़े तो जानना कि इस जातक को सर्प अवश्य काटेगा। चाहे उससे बचने के लिए रात-दिन पलङ्ग ही पर क्यों न पड़ा रहे तथापि सर्प दंश का आघात उसे अवश्य लगता है॥ १॥

व्याघ्रहन्तायोगः—

गुरुस्थानगते सौम्ये शनिस्थानगते कुजे।
पञ्चविंशतिवर्षेण च वने व्याघ्रेण हन्यते॥ १॥

पूर्वपाठः—१ नासाच्छेदकरो योगो वदामि मुनिरुत्तम। २ मन्दे च दृश्यते चन्द्रो लग्ने। ३ शन्यर्कें राहुसंस्थिते।

जिसके जन्मकाल में बृहस्पति के घर (धनु, मीन) पर बुध एवं शनैश्चर के घर (मकर, कुम्भ) पर मङ्गल विराजमान हो उसकी मृत्यु वन में पचीसवें वर्ष की उमर में व्याघ्र के द्वारा होती है इसमें लेशमात्र भी सन्देह नहीं है ॥ १ ॥

असिघातयोगः—

शुक्रस्थानगते चन्द्रे चन्द्रस्थानगते शनौ[1] ।
अष्टाविंशतिवर्षे च ह्यसिघातेन मृत्युदः ॥ १ ॥

जिस जातक के जन्मकाल में चन्द्रमा शुक्र के स्थान (वृष, तुला) में तथा शनैश्चर कर्क में व्यवस्थित हो अठाईसवें वर्ष की अवस्था में उस जातक की मृत्यु शस्त्र (तलवार आदि के द्वारा होती है, याने किसी संग्राम में शत्रु के हाथ से उसके द्वारा मरण पाने वाला समझा जाय ॥ १ ॥

शरक्षेपहन्तायोगः—

धर्मस्थानगते भौमे शन्यर्के राहुसंयुते ।
शुभग्रहा न पश्यन्ति शरक्षेपेण हन्यते ॥ १ ॥

यदि कहीं पर नवम भाव में मङ्गल पड़े और शनैश्चर सूर्य-राहु के साथ हों तो समझना कि इस जातक की शर-धनुष से मृत्यु होगी (अर्थान्तर से गोली के द्वारा मृत्यु कही जा सकती है) ॥ १ ॥

ब्रह्मघातकयोगः—

रविणा सहितो भौमः शनिर्वा जीवसंयुतः[2] ।
अष्टविंशतिवर्षे च ब्रह्मघाती न संशयः ॥ १ ॥

जिसके जन्मसमय मङ्गल सूर्य के साथ जहाँ कहीं पर रहे अथवा शनैश्चर बृहस्पति के साथ बैठा हो वह अठाईसवें साल की उमर में किसी ब्राह्मण को मार डालता है याने ब्रह्मघाती कहाता है, यह भी निश्चय है ॥ १ ॥

पञ्चापत्यविनाशयोगः—

रविस्थानगते चन्द्रे गुरुः स्वस्थानगो यदा[3] ।
सागरे च स्थिते लग्ने पञ्चापत्यविनाशकृत् ॥ १ ॥

जिस कुण्डली के सिंहराशि में चन्द्रमा रहे, बृहस्पति अपनी जगह (धनु, मीन) पर विद्यमान दीख पड़े तथा लग्न के विचार से चतुःसागर योग भी हो वह जातक अपनी पाँच सन्ततियों (कन्या या पुत्र जो पहले हों) को नाश करने वाला होता है, आशय यह कि इस योग में जन्मे हुए मनुष्य के पांच कन्या-पुत्र मर जाते हैं बाद फिर जो बचा पैदा हो वही जीवित रहे यह जानना चाहिये ॥ १ ॥

पूर्वपाठः—१ शुक्रस्थानगते शनौ । २ शनिर्वा जीवसंस्तुतः । ३ गुरुस्थान-समायुतः ।

अथ दोलायोगः—

[1]मीने मेषे तथा चापे स्थिताः स्थानत्रये ग्रहाः ।
दोलासंज्ञकयोगः स्याद्राज्यदोऽयमुदाहृतः ॥ १ ॥

यदि कसी आदमी की जन्मकुण्डली के सभी ग्रह केवल मीन-मेष-धनु इन्हीं राशियों में पड़ें तो दोला नाम का योग होता है, इसमें जन्म लेने वाला मनुष्य राजा होता है, ऐसा शास्त्र में आचार्यों ने कहा है ॥ १ ॥

[2]सन्मानदानगुणपात्रपरीक्षितो वा कलानिधिः कौशलगीतनृत्यः ।
मन्त्रीश्वरो राजसभाविवेकी केन्द्रस्थिते पापविवर्जिते गुरौ ॥२॥

जिसके जन्मकालीन चक्र के केन्द्रस्थानों में एक भी पापग्रह न दिखाई दे तथा बृहस्पति उन्हीं में से कहीं पर अवश्य रहे तो वह लड़का उचित समय में कई दरबार से अच्छा आदर, दान आदि पाकर पूर्ण सुपात्र एवं परीक्षित श्रद्धेय पुरुष होता है, कलाओं को भली-भाँति जानने वाला हो, नाच-गान का खास प्रेमी हो, राज-मन्त्रियों में प्रधान बन कर रहे, तथा राज-सभा का मेम्बर हो यह निश्चय है ॥ २ ॥

पदकविच्छेदयोगः—

[3]लग्नस्थानगतो भौमो राहुशन्यर्कवीक्षितः ।
योगः पदकविच्छेदो यदि शक्रसमो भवेत् ॥ १ ॥

यदि किसी जातक के जन्मकालीन मङ्गल लग्न में बैठा रहे और उसके ऊपर राहु, शनि एवं सूर्य की दृष्टि रहे सब उसे इन्द्र के समान रहने पर भी उस स्थान का विच्छेद हो जाता है, जहाँ पर जीविका का ठिकाना हो अथवा पाँव टूट जाय यह अर्थान्तर से आता है ॥ १ ॥

अथेच्छातो मृत्युयोगः—

केन्द्रस्थानगते भौमे सैंहिकेये च सप्तमे ।
[4]यदि तस्य विजानीयादिच्छामृत्युस्तदा भवेत् ॥ १ ॥

जिस जातक के जन्मकालीन मङ्गल केन्द्र स्थानों (१, ४, ७, १०) में से किसी भी स्थान में सम्प्राप्त देखा जाय और राहु भी निश्चय करके सप्तम में रहे वह आदमी अपनी इच्छा से पानी में बूड़ कर या विषपान आदि से मर जाता है ॥ १ ॥

पूर्वपाठः—१ मीने मेषे च चापे च स्थिते स्थानत्रये गृहे ।
२ विषमवृत्तमेतत् , तल्लक्षणं च—'यस्य पादे चतुष्केऽपि लक्ष्म भिन्नं परस्परम् । तदाहुर्विषमं वृत्तं छन्दशास्त्रविशारदाः ।'
३ लग्नस्थानगतो भौमः शन्यर्कराहुवीक्षितः ।
४ तदा नित्यं विजानीयादस्मान्मृत्युस्तदा भवेत् ।

[1]वर्षान्तमरणयोगः—

लग्नात्सप्तमशीतांशुः पापाष्टशुभलग्नगः।
लग्नस्थितो यदा भानुः समान्ते म्रियते शिशुः॥ १॥

यदि किसी की कुण्डली में चन्द्रमा सप्तमस्थान में हो, पाप ग्रह अष्टम में हो एवं शुभ ग्रह लग्न में पड़े, सूर्य भी लग्न ही में रहे तब जानना कि उस जातक की मृत्यु एक वर्ष के अन्त में हो जायगी, (इस योग को कोई मासान्त—मृत्युयोग, कोई मातृ-पितृहा योग भूल से बतलाते हैं)॥ १॥

अथ राजयोगप्रकरणम्—

[2]लग्ने लग्नपतिर्बलान्वितवपुः केन्द्रे त्रिकोणे शिवं
प्रृच्छाजन्मविवाहयानतिलके कुर्यान्नृपं तं ध्रुवम्।
सच्छीलं विभवान्वितं गजयुतं मुक्तातपत्रान्वितं
जातं निम्नकुलेऽपि भूतिपुरुषं शंसन्ति गर्गादयः॥ १॥

इसके आगे अब राजयोग लिखते हैं—जिस जातक के जन्मकाल में लग्नेश बली होकर लग्न में या केन्द्र (१, ४, ७, १०) में या एकादश में या त्रिकोण (५, ९) में व्यवस्थित देखा जाय वह राजा होता है, उसका शील-स्वभाव अच्छा हो, बहुत धनी हो, हाथी-घोड़े-मोती-छत्र वगैरह से परिपूर्ण रहे, यदि नीच कुल का भी हो तो भी महा ऐश्वर्य शाली पुरुष होता है, यह गर्ग वसिष्ठ आदि ऋषि-मुनियों का कथन है। इस योग का विचार विवाह-तिलक-यात्रा आदि के अवसरों पर भी करना चाहिये॥ १॥

एकः शुक्रो जननसमये लाभसंस्थे च केन्द्रे
जातो वै जन्मराशौ यदि सहजगते प्राप्यते वा त्रिकोणे।
विद्याविज्ञानयुक्तो भवति नरपतिर्विश्वविख्यातकीर्त्ति-
र्दानी मानी च शूरो हयगणसहितः सद्गजैः सेव्यमानः॥२॥

यदि किसी के जन्मकालिक शुक्र एकादश में या केन्द्र में, या जन्मराशि में, या सहज भाव में या त्रिकोण (५, ९) में वर्त्तमान हो तो आदमी विद्या और विज्ञान-शास्त्र का प्रगाढ़ विद्वान्, राजा, दुनियाँ भर में प्रसिद्ध कीर्ति वाला, दाता, अभिमान-शाली, शूर-वीर तथा हमेशः घोड़े हाथी वगैरह से सहित होकर रहता है॥ २॥

पूर्वपाठः—१ मातृपितृहायोगः।

२ लग्नं लग्नगतिर्बलान्वितवपुः केन्द्रत्रिकोणे शिवे पृच्छा—जन्मविवाह-यानतिलके कुर्यान्नृपतिर्ध्रुवम्। सच्छीलं विभयान्वितं गजरुजं मुक्ता-तपत्रान्वितं जातो निम्नकुले विभूतिपुरुषं संशन्ति गर्गादयः।

¹दशमभवननाथे केन्द्रकोणे धनस्थे-

ऽवनिपतिबलयाने शस्तसिंहासनेषु।

स भवति नरनाथो विश्वविख्यातकीर्त्ति-

र्मदगलितकपोलैः सद्गजैः सेव्यमानः॥ ३॥

जिसके जन्मकालिक दशम-भावाधीश केन्द्र (१०।१।४।७), कोण (६।५) तथा द्वितीय इनमें से किसी एक भी स्थान में पड़े तो जानना कि वह आदमी बहुत उच्च आदरणीय राज-सिंहासन पर सुशोभित होने वाला राजा होगा, जिसकी कीर्ति (हर तरह की) करीब २ सारे संसार में विख्यात रहे, तथा बड़े २ मत्त हाथियों से परिपूर्ण रहे॥३॥

एकोऽपि केन्द्रभवने नवपञ्चमे वा भास्वान् मयूखविमलीकृतदिग्विभागः।
निःशेषदोषमपहृत्य शुभस्तं दीर्घायुपं विगतरोगभयं करोति॥ ४॥

यदि एक भी शुभ ग्रह खूब बली होकर सूर्य के किरणजालों से पूर्ण प्रकाशमान (उदित होकर) केन्द्र में या त्रिकोण में दीख पड़े तो सारे दोषों को नष्ट कर जातक को दीर्घायु, रोग से रहित, महा पराक्रमी बनाता है, इसमें संशय नहीं है॥ ४॥

चन्द्रः पश्येद्यदादित्यं बुधः पश्येन्निशापतिम्।

अस्मिन् योगे तु यो जातः स भवेद्वसुधाधिपः॥ ५॥

जिसकी कुण्डली के ग्रहों में चन्द्रमा सूर्य को देखे, एवं बुध चन्द्रमा को देखे तब इस योग में उत्पन्न जातक भी राजा होता है ऐसा जानना॥ ५॥

यदि भवति च केन्द्री यामिनीनाथ एवं

²वितरति प्रियभार्यां पुत्रिणीं वा सुरूपाम्।

धनकनकसमृद्धिं माणिकं हीररत्ने

रचयति³ मृगनाभिष्यन्दमोदार्चिताङ्गाम्॥६॥

यदि किसी कुण्डली के केन्द्र स्थान (१, ४, ७, १०) में विशेषतः सप्तम में चन्द्रमा रहे तो जातक को स्त्री अनुकूला, पुत्रवती एवं पूर्ण सुन्दरी होती है, विविध प्रकार के धन एवं सुवर्ण, मणि, हीरा, रत्न, तथा कस्तूरी आदि से सदैव अपने अङ्गों की सजावट करने वाली होती है॥ ६॥

शुक्रो यस्य बुधो यस्य यस्य केन्द्रे बृहस्पतिः।

दशमोऽङ्गारको यस्य स जातः कुलदीपकः॥ ७॥

जिसके जन्मसमय केन्द्र में बुध, बृहस्पति शुक्र दीख पड़ें, मङ्गल दशवें में विराज-

पूर्वपाठः—१ दशमुखभुवननाथः केन्द्रकोणे धनस्थे बलिपतिबलयाने प्रस्तसिंहासनेषु। २ प्रददति प्रियभार्याम्। ३ मृगयाभिश्चन्दनैश्चर्चिताङ्गम्।

मान हो वह जातक कुलदीपक याने अपने कुल को पूरा इज्जतदार बनाने वाला भाग्यवान् पुरुष-विशेष होता है ॥ ७ ॥

हयरथनरनागारामसम्यक्फलेशो
जलधितटनिवासी रत्नतुल्यं च धान्यम् ।
बहुजनकुलमित्रैः[2] सत्यवादी प्रसूतो
भवति यदि च केन्द्री दैत्यपूज्यी बुधश्च ॥ ८ ॥

जिसके जन्मकालीन शुक्र और बुध केन्द्रगत हों वह आदमी अपने जीवन भर में घोड़ा, हाथी, मोटर, नौकर, रत्न तथा अच्छे मौलिक फलों के द्वारा पूर्ण सुखी रहे; समुद्र या नदी के किनारे वाले अच्छे महल में निवास करे, उसके राज्य में धान्य भी बहुत सुन्दर हुआ करे, बहुत परिवार हों, इष्ट लोगों के साथ सत्य ही बोले एवं अन्यान्य भी कई बातें उसके अनुकूल हुआ करें ॥ ८ ॥

किं कुर्वन्ति ग्रहाः सर्वे यस्य केन्द्री बृहस्पतिः ।
मत्तमातङ्गयूथानां भिनत्त्येकोऽपि केसरी ॥ ९ ॥

जैसे एकमात्र सिंह बड़े बड़े मत्त हाथियों की मण्डली को क्षण भर में तितर बितर कर देता है उसी तरह जिसको जन्मकालीन बृहस्पति एक केन्द्र में पड़ जाय तो सब दोषों का नाश करके जातक को शुभ फल देता है, इसमें संदेह नहीं है ॥ ९ ॥

एक एव सुरराजपुरोधाः केन्द्रगोऽथ नवपञ्चमगो वा ।
लाभगो भवति यत्र विलग्ने तत्र शेषखचरैरबलैः किम् ॥१०॥

जिस जातक के केन्द्र स्थान में या नवम-पञ्चम एकादश स्थान में एक भी बृहस्पति देखा जाय तो और ग्रह निर्बल होकर क्या कर सकते हैं ? कुछ नहीं, आशय यह है कि बृहस्पति का केन्द्र में रहना सब से अधिक महत्त्व का है, उस हालत में और खराब ग्रहों का कुछ भी नहीं चलता है, जैसा कि शास्त्र में वर्णित है ॥ १० ॥

भवति[3] सरलमूर्त्तिर्वल्लभः कामिनीनां
सकलजनसमर्थो दीर्घजन्माविधेयः
गजविषयगुणज्ञो द्रव्यमुख्यः प्रधानः
सधनकनकपूर्णो दैत्यपो यस्य केन्द्रे ॥ ११ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालिक शुक्र केन्द्रगत हो तो उसका बदन निर्मल (याने प्रसन्न मुख) रहे, विलासिनियों का परम प्रेमी, अधिक मनुष्यों में पूरा समर्थ,

पूर्वपाठः—१ हयरथनरनागै रत्नसम्यक्फलानां ।
२ बहुजनकिल इष्टासत्यवादी प्रसूतो भवति यदि च केन्द्रीदैत्यकोणे बुधस्थः ।
३ भवति वदनमूर्त्तिर्वल्लभः कामिनीनां सकलजनसमर्थो दीर्घजन्मा विहाय । ध्वजविषयगुणज्ञो ।

बहुत दिनों तक जीने वाला, विद्वान् (उचित-अनुचित को जानने वाला), गजशास्त्र-सम्बन्धी गुणों का ज्ञाता, द्रव्य ही के सहारे सभी अवसरों पर मुख्य, तथा जयी, सभा-सोसाइटी का प्रधान नेता तथा विविध प्रकार के धन, सुवर्ण-मोती आदि से परिपूर्ण महाभाग्यशाली पुरुष होता है ॥ ११ ॥

धनवान् प्राज्ञः शूरो मन्त्री वा दण्डनायकः पुरुषः।
दशमस्थे रवितनये वृन्दपुरग्रामनेता वा ॥ १२ ॥

जिसके जन्मकालीन शनैश्चर लग्न से दशवें स्थान पर व्यवस्थित देखा जाय वह कुण्डली वाला जातक बड़ा धनी, पूर्ण विद्वान्, रण में पूरा शूर-वीर किसी राजा का सेक्रेटरी, अपराधियों को दण्ड देने का सर्वाधिकारी, किसी सामाजिक मण्डली का सभापति तथा नगर या गाँव का प्रधान (मुखिया) बन कर रहने वाला पुरुषसिंह होता है ऐसा जानना चाहिये ॥ १२ ॥

तुलाकोदण्डमीनस्थो लग्नस्थोऽपि शनैश्चरः।
करोति भूपतेर्जन्म वंशे च नृपतिर्भवेत् ॥ १३ ॥

यदि किसी जातक के जन्मसमय तुला, धन, मान या लग्न में शनैश्चर विराजमान मालूम पड़े तो वह किसी राजा के वंश में जन्म लेकर स्वयं भी राजा ही होता है जैसा कि आचार्यों की सम्मति है ॥ १३ ॥

दिव्यस्त्रीवरकाञ्चनाम्बरगतामाधारलक्ष्मीमयः
शास्त्रं कौतुकगीतनृत्यरतताव्यापारदीक्षागुरुः।
पुत्रभ्रातृजनान्वितः स्थिरमतिः कर्त्तातिप्रीत्यन्वितो
[1]जीवः केन्द्रगतो भवेन्निजसुखी सत्कर्मकारी नरः ॥१४॥

जिसको बृहस्पति केन्द्री हो वह जातक महासुन्दरी स्त्री, अच्छे वस्त्र, सुवर्ण तथा आधाररूप लक्ष्मी से पूर्ण सुशोभित रहे, शास्त्र को जानने वाला हो, गाना-बाजा आदि का परम कौतुक रख कर उसमें सहयोग दे, व्यापारविभाग का प्रगल्भ उपदेष्टा बने, हमेशः पुत्र, भाई आदि परिजनों से सहित रहे, उसकी बुद्धि बड़ी धीरता के साथ हर समय काम लेने वाली हो, साधारणतः सभी कामों का कर्ता रहे, मनुष्य–मात्र के सामने प्रेम के साथ पेश आवे, अपने ही उपार्जित सम्पत्ति से सुख पावे तथा सदैव अच्छे २ काम करने की प्रवृत्ति रखने वाला परम चतुर पुरुष हो ऐसा जानना चाहिये ॥ १४ ॥

आकाशमन्दिरगतस्तनुपः स्वगेहे कुर्यान्नृपं नृपतिचक्रवरैः सुसेव्यम्।
[2]सैन्यप्रतापदहनाहतशत्रुपक्षं शक्रो यथा सुरगणैश्च विराजमानः ॥१५॥

यदि किसी आदमी को जन्मकालिक लग्नाधीश अपने घर में रहते हुये दशवें स्थान पर व्यवस्थित देखा जाय तो जानना कि वह जातक ऐसा प्रभावशाली राजा होगा कि

पूर्वपाठः–१ जीवः केन्द्रेयदा भवेन्निजसुखोति। २ सैन्यं प्रतापहतशत्रुपक्षम्।

इसकी आज्ञा में प्रान्तीय कई रजवाड़े सेवा के लिये सदा तैयार रहेंगे अर्थात् सभी राजाओं का नायक होगा, अपनी सेना के प्रताप रूपी अग्नि से सारा शत्रुमण्डल नष्ट हो जायगा जैसे कि इन्द्र महराज सब देवताओं में पूज्य हैं उसी तरह यह भी राजा लोगों से पूजित रहेगा, इसमें सन्देह नहीं है ॥ १५ ॥

[1]उपचयगृहसंस्थो जन्मिनो यस्य चन्द्रः
स्वगृहमथ नवांशे केन्द्रजाताश्च सौम्याः[2] ।
[3]सकलबलवियुक्ताश्चैव पापाभिधानाः
स भवति नरनाथः शक्रतुल्यो बलेन ॥ १६ ॥

यदि किसी जातक के जन्म समय चन्द्रमा उपचय (३, ६, ११, १०,) स्थानों में से किसी भी घर पर दिखाई दे, शुभ ग्रह (बुध, बृहस्पति, शुक्र) अपने अपने घर या नवांश में रहें या केन्द्र (१, ४, ७, १०) में व्यवस्थित हों तथा सभी पापग्रह निर्बल होकर जहाँ कहीं बैठे हों तब वह जातक निश्चय करके इन्द्र के समान महापराक्रमशाली राजा होता है ॥ १६ ॥

विद्याकलागुणविराजितकामधेनुर्भोगैः[4] परोच्चयुवतीजितकामराजः ।
[5]देशाधिपत्यपुरपयटनश्रमार्त्तो मीने सिते सकलमण्डलदीप्तदीक्षः[6] ॥१७॥

जिसके जन्मकालीन शुक्र मीन-राशिगत होकर केन्द्र में पड़े वह आदमी अनेक विद्या-कला एवं गुणों से कामधेनु की तरह परिपूर्ण रहे, परम सुन्दरी ललनाओं के उपभोग से सहित हो, अपने राज्यगत देश, नगर, गाँव आदि की देख-रेख के लिये अधिक समय दौड़ा से श्रान्त रहें, तथा राज्य-भर में उसकी विशेषता प्रसिद्ध हो जाय ॥ १७ ॥

[7]मृगपतिवृषकन्या–कर्कटस्थे च राहौ
भवति विपुललक्ष्मी राजराजाधिपो वा ।
हयगजनरनौकामेदिनीपण्डितश्च
स भवति कुलदीपो राहुतुङ्गी नराणाम् ॥ १८ ॥

पूर्वपाठः–१ उपचयगृहसंस्थो जन्मदो यस्य चन्द्रः। २ केन्द्रजातश्च सौम्यः ।
३ सकलबलवियुक्तश्चैव पापाभिधानं । ४ भोगैः परंवरयुवतीजितकामराजः ।
५ देशाधिपत्यपुरपत्तनगजश्रियान्तो–। ६ सकलमण्डलदीप्तदीक्षैः ।
इतोऽग्रे भ्रष्टप्रायं श्लोकान्तरमप्युपलभ्यते यथा—
'कामेजकन्ये रिपुरन्ध्रसंस्थे केन्द्रत्रिकोणे व्ययगे च राहुः ।
कामी च शूरो बलवान्स भोगी गजाश्वछत्रं बहुपुत्रदा च ॥
७ कर्कटस्थे च राहुर्व्रजति विपुललक्ष्मींराज्यराज्याधिपो वा ।
हयगजनरनौका·······राहुतुङ्गी नराणाम् ।

यदि राहु सिंह, वृष, कन्या तथा कर्क इन राशियों में से किसी में व्यवस्थित देखा जाय तो जातक बड़ा मालदार राजाधिराज होता है। यदि वही राहु उच्चगत हो तो घोड़ा, हाथी, मनुष्य (नौकर), नौका एवं जमीन आदि का मालिक, विद्वान् एवं अपने कुल में परम प्रसिद्ध उत्थानकर्त्ता पुरुष होता है, ऐसा जानना चाहिये ॥ १८ ॥

केन्द्रत्रिकोणे बुधजीवशुक्राः स्थिता नराणां यदि जन्मकाले।
धर्मार्थविद्यायश [?] कीर्तिलाभी शान्तः सुशीलः स नराधिपःस्यात्॥१९॥

जिसके जन्मकालीन चक्र के बुध बृहस्पति और शुक्र ये तीनों ग्रह केन्द्र (१, ४, ७, १०) या त्रिकोण (९, ५) में उपस्थित देखे जायँ तो जातक धन, धर्म, यश-कीर्ति इनको प्राप्त करे तथा अत्यन्त सुशील, शान्तप्रकृति वाला राजा होता है ॥ १९ ॥

भृगुसुतसुरपूज्यश्चन्द्रमाः केन्द्रवर्ती[1]
बहुसुखधनवृद्धिः कर्म साध्यं नराणाम्।
रवि सुतशशिपुत्रे भानुजीवे त्रिकोणे
क्षितिसुतदशमे[2] वै राजयोगा भवन्ति ॥ २० ॥

जिसके जन्मसमय में शुक्र बृहस्पति तथा चन्द्रमा केन्द्रवर्ती दिखाई दें उसको सुख, धन की वृद्धि होती है, यहाँ तक कि जो चाहे, सभी की पूर्ति कर सकता है, यदि शनैश्चर, बुध, सूर्य, एवं बृहस्पति ये ग्रह त्रिकोण (९।५) में तथा मङ्गल दशवें हों तो भी राजयोग होता है, यह आचार्यों का कथन है ॥ २० ॥

केन्द्रत्रिकोणेषु भवन्ति सौम्या दुश्चिक्यलाभारिगताश्च पापाः।
यस्य प्रयाणेऽप्यथ जन्मकाले ध्रुवं भवेत्तस्य महीपतित्वम् ॥ २१ ॥

जिसके जन्मकाल में या यात्राकाल में जितने शुभ ग्रह हैं सब केन्द्र (१, ४, ७, १०) या त्रिकोण (९, ५) में व्यवस्थित हों तथा पापग्रह (सब) तृतीय, एकादश, तथा षष्ठ में रहें तो उसको राज्य की प्राप्ति होती है। यदि ऐसे योग में कोई यात्रा करे तो कार्यसिद्धि ही नहीं एक साधारण राज्य की भी उपलब्धि होती है, यह यात्राप्रसङ्ग में भी विचारणीय है ॥ २१ ॥

लाभे त्रिकोणे यदि शीतरश्मिः करोत्यवश्यं क्षितिपालतुल्यम्।
कुलद्वयानन्दकरं नरेन्द्रं[3] ज्योत्स्नेव दीपस्य तमोऽपहन्त्री ॥ २२ ॥

जिस जातक के जन्मकालीन चन्द्रमा एकादश, नवम एवं पञ्चम इन स्थानों में से किसी भी स्थानगत हो तो मातृ-पितृवंश के आनन्ददायक बहुत सी जमीनों का मालिक बड़ा राजा होता है। जैसे दीपक अपने प्रकाश से सारा अन्धकार-मण्डल नष्ट कर देता

पूर्वपाठः—१ भृगुसुतसुरपूज्यश्चन्द्रमा केन्द्रवर्ती।
२ क्षितिसुतदशमेषु राजयोगा वदन्ति।
३ ज्योत्सना हि दीपस्तमनाशकारी।

है उसी तरह यह जातक दोनों वंश के विषादों को जन्म लेते ही नाश कर दोनों को हर्षित रखे ॥ २२ ॥

शत्रुस्थाने यदा जीवो लाभस्थाने शशी भवेत् ।
गृहमध्ये स जातश्च विख्यातः कुलदीपकः ॥ २३ ॥

यदि किसी आदमी की जन्मकुण्डली में बृहस्पति छठे हो तथा एकादश में चन्द्रमा पड़े तो अपने वंशमें वह बड़ा विख्यात तथा कुल का अभ्युत्थान कर्ता होता है ॥२३॥

लग्नाधिपो वा जीवो वा शुक्रो वा यत्र केन्द्रगः ।
तस्य पुंसश्च दीर्घायुः स भवेद्राजवल्लभः ॥ २४ ॥

जिसके जन्मलग्नाधीश, या बृहस्पति या शुक्र केन्द्रगत हो उसको दीर्घायु याने बड़ी आयु वाला समझना चाहिये और वह जातक किसी राजा के यहाँ बड़ा प्रेमी एवं विश्वासपात्र बनकर रहेगा ऐसा जानना चाहिये ॥ २४ ॥

दशमे बुधसूर्यौ च भौमराहू च षष्ठगौ ।
राजयोगोऽत्र यो जातः स पुमान्नायको भवेत् ॥ २५ ॥

यदि जन्मकालीन बुध और सूर्य दसवें स्थान में हों तथा मङ्गल एवं राहु छठे स्थान में हों तो भी राजयोग कहा गया है, इस योग में उत्पन्न जातक अवश्य राजा होता है, इसमें संशय नहीं है ॥ २५ ॥

आद्या जीवः शनिश्चान्ते ग्रहा मध्ये निरन्तरम् ।
राजयोगं विजानीयात्कुटुम्बबलमुत्तमम् ॥ २६ ॥

जिस आदमी के जन्मकालिक बृहस्पति लग्न में, शनैश्चर व्ययस्थान में दिखाई दे तथा और सभी ग्रह इनके बीच में पड़े तो वह निश्चय करके अपने पारिवारिक बल के सहित साधारण राजा होता है सो जानना चाहिये ॥ २६ ॥

सहजस्थो यदा जीवो[2] मृत्युस्थानेऽथ वा सितः ।
निरन्तरं ग्रहा मध्ये राजा भवति निश्चितम् ॥ २७ ॥

यदि बृहस्पति सहजस्थान में, शुक्र अष्टम में, शेष सभी ग्रह इन दोनों के बीच में रहें तो भी राजा होता है यह निश्चय है ॥ २७ ॥

जीव वृषे सुधारश्मिर्मिथुने मकरे कुजः ।
सिंहे भवति सौरिश्च कन्यायां बुधभास्करौ ॥ २८ ॥
तुलायामसुराचार्यो राजयोगो भवेदयम् ।
अत्र योगे समुत्पन्नो महाराजो भवेन्नरः[3] ॥ २९ ॥

पूर्वपाठः—१ गृहमध्ये निरन्तरम् । २ मृत्युः स्थाने यदा सितः ।
३ अत्रान्योऽप्येकः श्लोकोऽप्रासङ्गिक इव परिदृश्यते यथा—अष्टमे द्वादशे वर्षे यदि जीवति मानवः । सार्वभौमस्तदा जातो जायते विश्वपालकः ।

जिस जातक के जन्मसमय बृहस्पति वृष में, चन्द्रमा मिथुन में, मङ्गल मकर में, शनैश्चर सिंह में, बुध और सूर्य कन्या में तथा शुक्र तुला में उपस्थित दीख पड़ें तो अवश्य राजयोग कहना और इसमें उत्पन्न बालक महाराज होगा, यह जानना चाहिये ॥ २९ ॥

एको जीवो यदा लग्ने सर्वे योगास्तदा शुभाः।
दीर्घजीवी महाप्राज्ञो जातको नायको भवेत् ॥ ३० ॥

एक भी बृहस्पति जिसको लग्न में पड़े उसको सब योग शुभ-कारक होते हैं, फलतः वह जातक बहुत दिनों तक जीने वाला, महा प्रगाढ़ विद्वान् तथा ग्रामीण या सामाजिक संस्थाओं का नायक होता है जैसा शास्त्र में कहा गया है ॥ ३० ॥

धने शुक्रोऽथ भौमश्च मीने जीवस्तुले बुधः।
नीचस्थौ शनिचन्द्रौ च राजयोगस्तदा ध्रुवम् ॥ ३१ ॥

धन भाव में शुक्र मङ्गल मीन राशि में बृहस्पति, तुला में बुध तथा शनि और चन्द्रमा अपने २ नीच (मेष, वृश्चिक) में दीख पड़े तो जानना कि वह कुण्डली वाला जातक राजपद को अवश्य पावेगा ॥ ३१ ॥

अस्मिन् योगे च यो जातः स राजा धनवर्जितः।
दाता भोक्ता च विख्यातो मान्यो मण्डलनायकः ॥ ३२ ॥

इस योग में जिसकी पैदाइश होती है वह राजा तो अवश्य हो पर उसे आर्थिक कठिनता रहा करे, यथाशक्ति दान भी करे, सर्व पदार्थों का उपभोग किया करे, अपने प्रान्त में मशहूर आदरणीय तथा जिला-सम्बन्धी किसी संस्था का प्रधान सभापति हो, यह जानना चाहिये ॥ ३२ ॥

मीने शुक्रो बुधश्चान्ते धने राहुस्तनौ रविः।
सहजे च भवेद्भौमो राजयोगोऽभिधीयते ॥ ३३ ॥

जिस कुण्डली के लग्न में सूर्य, द्वितीय में राहु, व्ययभाव में बुध तथा मीनराशि में शुक्र और तृतीय में मङ्गल वर्त्तमान हो तो वह कुण्डली वाला जातक छोटे-मोटे राज्य का अधिपति होता है जैसा कि आचार्यों ने कहा है ॥ ३३ ॥

सहजे च यदा जीवो लाभस्थाने च चन्द्रमाः।
स राजा गृहमध्यस्थो विख्यातः कुलदीपकः ॥ ३४ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालिक बृहस्पति सहजभाव में चन्द्रमा एकादश भाव में विद्यमान हो तो वह जातक अपने ही घर में हमेशः रहता हुआ पूरा प्रसिद्ध राजा होता है, आशय यह कि राजगुणों करके इस तरह सुसम्पन्न रहें कि बिना कहीं गये ही सर्वत्र ख्यात हो जाय तथा अपने कुल का विकाशक होता है यह जानना चाहिये ॥३४॥

शुभग्रहाः शुभक्षेत्रे भवन्ति यदि केन्द्रगाः ।
तदा शुभानि कर्माणि स करोति हि जातकः ॥ ३५ ॥

जिसके जन्मकालीन केन्द्री शुभ ग्रह शुभ राशि में पड़ जाय तो वह जातक सदैव अच्छे कामों को करने वाला होता है इसमें संशय नहीं है ॥ ३५ ॥

उच्चस्थानगताः सौम्याः केन्द्रस्थाने भवन्ति चेत् ।
ध्रुवं राज्यं भवेत्तस्य यदि नीचसुतो भवेत् ॥ ३६ ॥

यदि किसी कुण्डली में सभी शुभ ग्रह अपने २ उच्चस्थान में सम्प्राप्त होकर केन्द्रवर्ती हो तो नीच कुल में भी पैदा हुआ जातक राज्य पाता है, यदि राजवंश का हो तो अवश्यमेव-राजा ही जानना ॥ ३६ ॥

स्वक्षेत्रस्थो यदा जीवो बुधः सौरिश्च चेद्भवेत् ।
तस्य जातस्य दीर्घायुः सम्पत्तिश्च पदे पदे ॥ ३७ ॥

यदि बृहस्पति, बुध तथा शनैश्चर ये तीनों ग्रह अपने २ स्थान में वर्त्तमान देखे जायँ तो वह जातक बहुत आयु वाला, एवं पद–पद में सम्पत्ति पाने वाला भाग्यशाली पुरुष होता है ॥ ३७ ॥

मीने बृहस्पतिः शुक्रश्चन्द्रमाश्च यदा भवेत् ।
तस्य जातस्य राज्यं स्यात्पत्नी च बहुपुत्रिणी ॥ ३८ ॥

यदि मीन राशि में बृहस्पति, शुक्र और चन्द्रमा ये तीनों ग्रह पड़ जायँ तो उसे राज्य मिलता है और उसकी स्त्री भी अधिक पुत्रवती होती है ॥ ३८ ॥

पञ्चमस्थो यदा जीवो दशमस्थश्च चन्द्रमाः ।
स राज्यवान् महाबुद्धिस्तपस्वी च जितेन्द्रियः ॥ ३९ ॥

जिसके जन्मकाल में पाँचवें बृहस्पति, एवं दशवें चन्द्रमा व्यवस्थित दीख पड़े तो राज्यवाला, महाबुद्धिमान्, तपस्वी तथा जितेन्द्रिय जातक होता है ॥ ३९ ॥

सिंहे जीवस्तुलाकीटचापेषु मकरेऽपि च ।
ग्रहा यदा तदा जातो देशभोगी भवेन्नरः ॥ ४० ॥

बृहस्पति जिनके जन्मकाल में सिंह राशि पर हों, शेष ग्रह सभी तुला, कर्क, धनु एवं मकर इन्हीं राशियों में रहें तो आदमी एक देश का राजा बनकर उसका उपभोग करता है जैसा शास्त्र में कहा गया है ॥ ४० ॥

तुलाकोदण्डमीनस्थो लग्नसंस्थोऽपि चेच्छनिः ।
करोति भूपतेर्जन्म महापुण्यानुभावतः ॥ ४१ ॥

जिसके जन्म समय शनैश्चर, तुला, धनु, मीन या लग्न इनमें रहे तब महा पुण्यशाली राजा इस योग में जन्म लेने वाला पुरुष होता है ॥ ४१ ॥

विद्यास्थाने यदा सौम्यः कर्मस्थाने च चन्द्रमाः।
धर्मस्थाने यदा सौम्या राजयोगस्तदा भवेत्॥ ४२॥

जिस जातक की कुण्डली के विद्यास्थान (पञ्चम भाव) में बुध, कर्म स्थान में चन्द्रमा तथा धर्म भाव में शुभ ग्रह व्यवस्थित हों वह राजा होता है॥ ४२॥

मकरे च घटे मीने वृषे मिथुनमेषयोः।
ग्रहास्तदा च विख्यातो राजा भवति मानवः॥ ४३॥

यदि सभी ग्रह मकर, कुम्भ, मीन, मेष, वृष एवं मिथुन इन्हीं स्थानों में दीख पड़ें तो भी राजयोग होता है, इस योग का समुद्भूत लड़का परम प्रसिद्ध राजा होता है इसमें सन्देह नहीं॥ ४३॥

बुधभार्गवजीवार्कियुक्तो राहुश्चतुष्टये।
कुरुते कमलारोग्यपुत्रमानादिकं फलम्॥ ४४॥

यदि चतुष्टय (केन्द्र १।४।७।१०) में बुध, शुक्र, बृहस्पति, शनैश्चर और राहु इतने ग्रह विद्यमान् हों तो उस जातक को लक्ष्मी, नैरुज्य, पुत्र तथा आदर आदि की प्राप्ति होती है॥ ४४॥

चतुर्थभवने [?] शुक्रो गुरुचन्द्रधरासुताः।
रविसौरियुतास्सन्ति राजा भवति निश्चितम्॥ ४५॥

जिसके जन्मकालीन चतुर्थ (?) स्थान में शुक्र, बृहस्पति, चन्द्रमा, मङ्गल, सूर्य तथा शनैश्चर पड़े रहें वह आदमी अवश्य राजा होता है॥ ४५॥

अष्टमे च व्यये क्रूरो मध्ये च क्रूरसौम्यकौ।
राजयोगास्त्रयो जाता महाभूपो भविष्यति॥ ४६॥

जिसके अष्टम तथा बारहवें भाव में पाप ग्रह हों, दशम स्थान में शुभ ग्रह और पाप ग्रह दोनों विद्यमान हों तो पृथक् २ तीनों राजयोग होते हैं याने वह जातक महाराज की पदवी पाता है॥ ४६॥

लग्ने सौरिस्तथा चन्द्रस्त्रिकोणे जीवभास्करौ।
कर्मस्थाने भवेद्भौमो राजयोगोऽभिधीयते॥ ४७॥

यदि किसी जातक के जन्मकालीन शनैश्चर और चन्द्रमा लग्न में तथा बृहस्पति, सूर्य त्रिकोण (९, ५) स्थान में एवं मङ्गल कर्म स्थान में दीख पड़े तब भी राजयोग कहा गया है, अतः वह आदमी अवश्य राजा हो॥ ४७॥

नवमे च यदा सूर्यः स्वगृहस्थो भवेत्तदा।
तस्य जीवति नो भ्राता स्यादेकोऽपि नृपैः समः॥ ४८॥

पूर्वपाठः—१ कर्कस्थाने च चन्द्रमाः, इति।

यदि किसी आदमी के जन्मकालिक सूर्य सिंह राशि पर रहते नौवें हो जाय तो उसका भाई नहीं जीवे, और अकेला रहे तो भी राजा के समान आचार-विचार तथा सम्पत्ति परिपूर्ण रहे, यह जानना चाहिये ॥ ४८ ॥

द्वित्रितुर्ये सुते षष्ठे कर्मण्यपि यदा ग्रहाः ।
राजयोगं विजानीयाज्ज्ञातस्तत्र नृपो भवेत् ॥ ४९ ॥

यदि सभी ग्रह दूसरे, तीसरे, चौथे, पाँचवें, छठे तथा दशवें में ही व्यवस्थित हों तो राजयोग मानना चाहिये, उस योग में जन्म लिया हुआ आदमी राजा होता है॥४९॥

लग्ने क्रूरो व्यये सौम्यो धने क्रूरश्च जायते ।
राजयोगो न राजा च भूपतिर्भवति स्फुटम् ॥ ५० ॥

यदि लग्न में पाप ग्रह, व्यय भाव में शुभ ग्रह, तथा धन भाव में भी पाप ग्रह पड़े तो राजयोग के रहते हुए भी जातक सर्व समृद्धिशाली राजा नहीं किन्तु केवल कुछ जमीनों का मालिक (जमीन्दार) बना रहता है ऐसा जानना चाहिये ॥ ५० ॥

लग्ने क्रूरो व्यये क्रूरो धने सौम्यो यदा भवेत् ।
सप्तमे भवति क्रूरः परिवारक्षयङ्करः ॥ ५१ ॥

जिस जातक के जन्मसमय लग्न में, बारहवें में तथा सातवें स्थान में पाप ग्रह एवं धन भाव में शुभ ग्रह उपस्थित देखा जाय तो जानना कि उस आदमी का सारा परिवार मर जायगा याने अपने घर में सिर्फ अकेला ही जीवित रहे ॥ ५१ ॥

धने चन्द्रश्च सौम्यश्च मेषे जीवो यदा भवेत् ।
दशमे राहुशुक्रौ च राजयोगोऽभिधीयते ॥ ५२ ॥

यदि दूसरे स्थान में चन्द्रमा या बुध, मेष में बृहस्पति तथा दशम में राहु और शुक्र बैठे हों तो राजयोग जानना चाहिये ॥ ५२ ॥

सिंहे जीवोऽथ कन्यायां भार्गवो मिथुने शनिः ।
स्वक्षेत्रे हिबुके भौमः स पुमान्नायको भवेत् ॥ ५३ ॥

जिसके जन्म समय सिंह राशि में बृहस्पति, कन्या में शुक्र, मिथुन में शनि तथा मङ्गल अपने घर में रहते चतुर्थ भाव में पड़े तो वह जातक बड़ा नायक याने कई मण्डलियों का अधिपति होता है ॥ ५३ ॥

शनिचन्द्रौ च कन्यायां सिंहे जीवो घटे तमः ।
मकरे च कुजस्तत्र जातः स्याद्विश्वपालकः ॥ ५४ ॥

शनैश्चर, चन्द्रमा जिस कुण्डली में कन्या-राशिगत हों, बृहस्पति सिंह में, राहु कुम्भ में, तथा मकर में मङ्गल पड़े तो वह जातक संसार को पालने वाला होता है, यह योग चक्रवर्ती राजा होने का है ॥ ५४ ॥

पूर्वपाठः—१ द्वित्रितुर्यसिते षष्ठे, इति ।

शुक्रो जीवो रविर्भौमश्चापे मकरकुम्भयोः।
मीने च वत्सरे त्रिंशे समर्थः सर्वकर्मसु ॥ ५५ ॥

जिसके जन्मसमय शुक्र, बृहस्पति, सूर्य तथा मङ्गल केवल धनु, मकर कुम्भ, मीन, इन्हीं राशियों में दीख पड़े तो वह जातक तीस वर्ष की अवस्था में सब विभाग के कामों में समर्थ हो जाता है ॥ ५५ ॥

कर्कलग्ने जीवयुक्ते लाभे चन्द्रजभार्गवौ।
मेषे भानुश्च जातो यो योगेऽस्मिन्नृपतिर्भवेत् ॥ ५६ ॥

यदि किसी का जन्मलग्न कर्क हो और उसी में बृहस्पति रहे एकादश भाव में बुध-शुक्र हों तथा मेष में सूर्य पड़े तो वह आदमी राजा होता है, इसमें जरा भी सन्देह नहीं है ॥ ५६ ॥

कर्मस्थाने यदा जीवो बुधः शुक्रस्तथा शशी।
सर्वकर्माणि सिद्ध्यन्ति राजमान्यो भवेन्नरः ॥ ५७ ॥

जिसके कर्म स्थान में बृहस्पति, बुध, शुक्र तथा चन्द्रमा रहें उसके सभी मनोभिलषित काम सिद्ध होते हैं और कई राजाओं का मान्य पुरुष कहलाता है अर्थात् इस योग का अद्भूत जातक राजाओं का पूज्य होता है ॥ ५७ ॥

षष्ठेऽष्टमे पञ्चमे वा नवमे द्वादशे तथा।
सौम्यक्रूरग्रहैर्योगे राजमान्यो न संशयः ॥ ५८ ॥

यदि सर्व (शुभ, पाप) ग्रह षष्ठ, अष्टम, पञ्चम तथा द्वादश इन्हीं स्थानों में वर्त्तमान देखे जाँय तो जातक राजाओं से पूरा मान-आदर पाने वाला होता है, यह आचार्यों का कहना है ॥ ५८ ॥

पञ्चमे च यदा षष्ठे चाष्टमे नवमे क्रमात्।
भौमराहुसितार्काः स्युर्जातकः कुलपालकः ॥ ५९ ॥

जिसके पञ्चम स्थान में मङ्गल, षष्ठ स्थान में राहु, अष्टम में शुक्र तथा नवम में सूर्य पड़े वह जातक वंश का पालक याने समस्त परिवारों में सर्व प्रधान एवं आश्रय बनकर रहता है ॥ ५९ ॥

लग्ने सौरिस्तथा चन्द्रश्चाष्टमे भार्गवो यदा।
जायतेऽत्र नृपो योगे मानी भूरिप्रियः सदा ॥ ६० ॥

यदि लग्न में शनैश्चर, और चन्द्रमा तथा अष्टम में शुक्र वर्तमान हो तो यह जातक बहुत आदमियों का प्रेमी एवं अभिमानशाली राजा होता है यह जानना चाहिये ॥६०॥

मिथुनस्थो यदा राहुः सिंहस्थो भूमिनन्दनः।
अत्र योगे नरो जातो नृपोऽश्वगजनायकः ॥ ६१ ॥

किसी के जन्मकाल में यदि राहु मिथुनस्थ हो और मंगल सिंह राशि में आसन जमाया हो तो राजयोग जानना, इस योग में जन्म लिया हुआ आदमी घोड़े-हाथी इनकी सवारी करने में प्रकृष्ट योग्यता रखने वाला प्रभावी राजा होता है, इसमें संशय नहीं है ॥ ६१ ॥

चापार्द्धे शशिना युक्तो यदि र्यः प्रजायते।
लग्ने च सबलो मंदो मकरे च कुजो भवेत् ॥ ६२ ॥
अत्र योगे समुत्पन्नो महाराजो भवेन्नरः।
दूरादेव नमन्त्यस्य प्रतापैश्चरणौ नृपाः ॥ ६३ ॥

यदि सूर्य चन्द्रमा के साथ होकर धन राशि के अर्द्ध स्थान में याने स्पष्ट सूर्य की राशि ८।१५ हो और उसी में चन्द्रमा भी पड़े (यह सम्भव अमावस्या में जन्म होने से हो सकता है) लग्न में बली शनैश्चर हो, तथा मकर राशि पर मङ्गल हो तो राजयोग कहा गया है, इस योग में उत्पन्न आदमी महाराज होता है जिसके उत्कृष्ट प्रभाव के कारण अन्यान्य राजा लोग बहुत २ दूर से भी आकर इसके चरण पर गिरा करें, ऐसा पराक्रमी भाग्यवान् होता है ॥ ६२–६३ ॥

उच्चाभिलाषुकः सूर्यस्त्रिकोणस्थो यदा भवेत्।
अपि नीचकुले जातो राजा स्याद्धनपूरितः ॥ ६४ ॥

जिसके उच्चाभिलाषी याने मीन राशिगत सूर्य त्रिकोण (नवम, पञ्चम) में आजाय तो नीच कुल में जन्म लिया हुआ भी जातक धन-धान्य से परिपूर्ण होकर राज-पद को पाता है, इसमें सन्देह करने की आवश्यकता नहीं, प्रबल राजयोग है ॥ ६४ ॥

धनस्थाने यदा शुक्रो दशमे च बृहस्पतिः।
षष्ठे च सिंहिका पुत्रो राजा भवति विक्रमी ॥ ६५ ॥

जिसके जन्मकालिक शुक्र धन स्थान में, बृहस्पति दशम में, तथा षष्ठ में राहु व्यवस्थित देखा जाय वह कुण्डली वाला परम पराक्रमशाली राजा होता है जैसा कि शास्त्र में कहा गया है ॥ ६५ ॥

चतुर्ग्रहा यदेकत्र स्थाने [1]सौम्या भवन्ति हि।
भातृधीधर्मलग्ने वा राजयोगो भवेदयम् ॥ ६६ ॥

यदि किसी जातक के जन्म समय में चार शुभग्रह एकही राशि में देखे जायँ या चारों ग्रह चार स्थानों (लग्न, तृतीय, पञ्चम, नवम) में पृथक २ रहें तो भी राज-योग होता है, इसमें उत्पन्न जातक भी राजा होता है (यदि दासी का पुत्र हो तो राजा के समान सम्पत्ति वाला हो किन्तु राजा नहीं यह विशेष बात है) ॥ ६६ ॥

पूर्वपाठः—१ यदि सौम्या भवन्ति द्द । भ्रातृधीधर्मलग्नाद्यैरिति ।

सर्वैर्ग्रहैर्यदा चन्द्रो विना हेलिं निरीक्षितः ।
षष्ठाष्टमे च यामित्रे स दीर्घायुर्नरोऽधिपः ॥ ६७ ॥

यदि सूर्य को छोड़कर और सभी ग्रहों की दृष्टि चन्द्रमा के ऊपर पड़े तथा वही चन्द्रमा छठें, आठवें या सातवें में वर्त्तमान रहे तो वह कुण्डली वाला जातक बहुत दिनों तक जीने वाला राजा होता है ॥ ६७ ॥

नवमे पञ्चमस्थाने चतुर्थे च यदा ग्रहाः ।
आदौ जातश्च नश्यंति पश्चाज्जातश्च जीवति ॥ ६८ ॥
विवाहितायामन्यस्यामेकपुत्रो भवेत्तदा ।
विख्यातो भुवने त्यागी स दीर्घायुर्महीपतिः ॥६९॥

जिसके जन्मकालिक सभी ग्रह केवल नवम, पञ्चम और चतुर्थ इन स्थानों में व्यवस्थित हों तो जानना कि इस जातक को पहले जितनी सन्तति होंगी कोई भी न रहें, सब मर जायँ केवल आखिर में जो पुत्र पैदा हो वही जीवित रहे। अन्त में फिर दूसरी स्त्री से विवाह करने पर उसमें एक पुत्र हो जो कि संसार भर में प्रसिद्ध, दानी तथा बहुत दिनों तक इस दुनियाँ में रहने वाला राजा होता है ॥ ६८–६९ ॥

कन्यायां च यदा राहुः शुक्रो भौमः शनिस्तथा ।
तत्र जातस्य जायेत कुबेरादधिकं धनम् ॥ ७० ॥

जिसके कन्या राशि में राहु शुक्र, मङ्गल तथा शनैश्चर एक साथ रहें उसे कुबेर से भी अधिक धन मिले अर्थात् महा मालदार राजा होगा ऐसा जानना चाहिये ॥ ७० ॥

लग्ने मीने जीवशुक्रौ मेषेऽर्को मकरे कुजः ।
दासवंशेऽपि जातोऽसौ राजा छत्रधरो भवेत् ॥ ७१ ॥

जिस जातक का मीन लग्न में जन्म हो, तथा उसी में बृहस्पति और शुक्र रहे, मेष में सूर्य हो, मकर में मङ्गल पड़े तब दासवंश में भी पैदा हुआ आदमी छत्रधर राजा होता है, राजवंश का हो तो निश्चय छत्र मुकुट-धारी राजा होता है ॥ ७१ ॥

भ्रातृस्थाने यदा जीवो लाभस्थाने यदा शशी ।
स लोकगृहमध्यस्थो जायते कुलदीपक ॥ ७२ ॥

जिसके सहज भाव में बृहस्पति, तथा एकादश भाव में चन्द्रमा दीख पड़ें वह जातक समाज के विवाद में मध्यस्थ बन कर उसका फैसला करने वाला होता है, अथ च अपने कुल में दीपक के समान प्रकाशमान रहता है ॥ ७२ ॥

दशमस्थौ बुधादित्यौ षष्ठे राहुधरासुतौ ।
राजयोगोऽत्र यो जातः स पुमान्नायको भवेत् ॥ ७३ ॥

पूर्वपाठः—१ राजयोगाश्रयो जातः ।

दशवें में बुध और सूर्य छठे में राहु और मङ्गल रहे तो भी राजयोग कहा गया है, इस योग में जिस जातक का जन्म हो वह अवश्य राजपद को पाकर समाज का नायक बना रहे, ऐसा जानना चाहिये ॥ ७३ ॥

चतुर्ग्रहैरेकगृह च संस्थैर्धीधर्मदुश्चिक्यतनुस्थितैर्वा ।
दासश्च जातः क्षितिपालतुल्यो भवेन्नरेन्द्रोऽर्णवपारगामी[1] ॥७४॥

जिस जातक की जन्मकुण्डली में चार ग्रह (शुभ या पाप) किसी भी एक राशि में पड़ें या पञ्चम, नवम, तृतीय एवं लग्न में एक २ करके रहें तो दासकुल का भी आदमी राजा के समान विभवशाली होता है, राजकुल का हो तो समुद्रान्त पृथिवी का अधिपति होता है यह निश्चय है जैसा कि आचार्यों का कहना है ॥ ७४ ॥

सुरगुरुशशियुक्ते कर्कटे लग्नसंस्थे
भृगुतनयबलिष्ठः केन्द्रजातोऽथ शेषाः ।
[2]शिवसहजरिपुस्था यस्य वै जन्मकाले
नियतमिति तदासौ चक्रवर्ती नरेशः ॥ ७५ ॥

यदि किसी आदमी का जन्मलग्न कर्क हो और उसी में बृहस्पति तथा चन्द्रमा व्यवस्थित रहें, शुक्र बली होकर केन्द्र - (१, ४, ७, १०,) गत हो, और शेष सभी ग्रह (सूर्य, मङ्गल, बुध, शनि) एकादश, तृतीय तथा षष्ठ इन्हीं भावों में विराजमान रहें तो निश्चय करके वह जातक चक्रवर्ती राजा होता है, इसमें जरा भी संशय नहीं है ॥ ७५ ॥

तुले मीनमेषे वृषे दैत्यपूज्यो भ[3]वेद्राजमानी कलाकौतुकी च ।
त्र[4]यंपुत्ररत्नंचिरञ्जीवितंचभवेद्वत्सरेवह्नियुग्मे च[5] तस्य ॥ ७६ ॥

जिसके जन्मकालीन शुक्र तुला, मीन, मेष अथवा वृष में रहे वह राजा का प्रेमपात्र, आदर पाने वाला, कलाओं को जानने के लिये कौतुक रखने वाला होता है, एवं उसको २३ वर्ष की उमर में चिरजीवी तीन पुत्र हों ऐसा जानना चाहिये ॥ ७६ ॥

लग्नाधिपतिः केन्द्रे बलपरिपूर्णः करोति नृपतुल्यम् ।
गोपालकुलेऽपि जातं किं पुनरिह नृपतिसम्भूतम् ॥ ७७ ॥

जिस आदमी के जन्मलग्नाधिपति पूर्ण बली होकर केन्द्र (१, ४, ७, १०) में उपस्थित देखा जाय तो गोपकुलोद्भूत जातक भी राजा के समान विभव वाला होता है, यदि राजकुल का हो तो कहना ही क्या, अवश्य यशस्वी राजा होता है ॥ ७७ ॥

पूर्वपाठः—१ नरेन्द्रोऽथ समुद्रपारगः । २ शिवसहजरिपुस्थैर्यस्य जन्मत्रियोगे नियतमिति तदायुश्चक्रवर्ती नरेशः । ३ तुले मीनमेषे वृषे दैत्यपुत्रो । ४ त्रयं पुत्रजातं । ५ वह्नियुग्मे च भुंक्ते ।

रविस्तृतीये भृगुनन्दनः सुखे बुधो द्वितीये यदि पञ्चमे स्थितः।
न नीचराशौ न च खान्तवेश्मगो भवेन्नरेन्द्रस्त्रिसमुद्रपालकः ॥७८॥

यदि किसी कुण्डली के सूर्य सहज स्थान में, बुध द्वितीय या पञ्चम में और शुक्र चतुर्थ में दीख पड़े तथा नीच राशि में कोई ग्रह न रहे एवं दशवाँ, बारहवाँ स्थान शून्य (ग्रहरहित) हो तब वह जातक तीन समुद्र के पार तक राज्य-शासन करने वाला पुरुष होता है ॥ ७८ ॥

यदि भवति च केन्द्रे धर्मगः[1] स्वोच्चसंस्थः
सुतभवनगतो वा वाक्पतिर्जन्मकाले।
स भवति नरनाथः सार्वभौमो जितारिः
शशिबुधभृगुपुत्रैरन्वितो वीक्षितो वा ॥ ७९ ॥

यदि किसी जातक के जन्मकालीन बृहस्पति अपने उच्च (कर्क) में रहते हुए केन्द्रगत हो या नवम-पञ्चम में व्यवस्थित देखा जाय और चन्द्रमा, बुध, शुक्र इनसे देखा जाता हो या इनके साथ हो तब वह कुण्डली वाला आदमी सब शत्रुओं का नाश करने वाला सार्वभौम राजा (सम्राट्) होता है ॥ ७९ ॥

[2]विलग्ननाथः सहजास्तसंस्थः सुहृद्गृहे मित्रयुतो यदि स्थितः।
करोति सर्वं पृथिवीतलस्य दुर्वारवैरिघ्नमहोदयं शुभम् ॥ ८० ॥

यदि लग्नाधीश मित्रों के घर में उन्हीं के साथ रहते तृतीय और सप्तम स्थान में पड़े तो सारी दुनिया के अरिवर्ग (शत्रुओं) का नाश कर स्वयं महा अभ्युदय पाने वाला राजा होता है ऐसा जानना चाहिये ॥ ८० ॥

लग्नं विहाय केन्द्रे सकलकलापूरितो निशानाथः।
विदधाति महीपालं विक्रमबलवाहनोपेतम् ॥ ८१ ॥

यदि पूर्ण बली चन्द्रमा किसी के जन्मसमय लग्नातिरिक्त केन्द्र (४, ७, १०) में वर्त्तमान हो तो जानना कि पूर्ण पराक्रम, सेना, वाहन (हाथी, घोड़े, मोटर वगैरह) से सहित जातक रहेगा इसमें सन्देह नहीं है ॥ ८१ ॥

[3]स्वोच्चे स्वकीयभवने क्षितिपालतुल्यो लग्नेऽर्कजे भवति देशपुराधिनाथः।
[4]दारिद्र्यदुःखपरिपीडित एव लोके शेषेशु सर्वजननिन्द्यशरीरचेष्टः ॥८२॥

पूर्वपाठः—१ धर्मगे स्वोच्चसंस्थे सुतभवनगतश्चेद्वाक्पतिर्जन्मकाले
२ विलग्ननाथः खलजास्तसंस्थः।
३ स्वोच्चैःस्वकीयभवने।
४ दारिद्र्य दुःखपरपीडित एव लोको⋯।

जिस जातक के जन्मसमय में शनैश्चर अपने उच्च (तुला) में या अपने घर (मकर, कुम्भ) में रहे तो वह राजा नहीं, उसके समान धनवान् होता है । यदि वैसा शनैश्चर लग्न में पड़ जाय तो देश एवं नगर का अधिपति होता है । यदि वह स्थिति न रहे याने उच्चादिगुण का अभाव रहे तो दरिद्रता, दुःख से पीड़ित एवं सब लोगों के बीच में शारिरिक चेष्टा से निन्द्य समझा जाय ऐसा आचार्यों का कथन है ॥ ८२ ॥

लग्ने[1] ह्युच्चपदं गते दिनपतौ चन्द्रे धनस्थे भृगौ
दुश्चिक्ये तमसंयुते सुखगते जीवे व्ययस्थे बुधे ।
लाभे सूर्यसुते हि शत्रुभवने जातः कुले भूपते-
र्जातोऽयं मनुज सदा नृपगणे सम्राट्पदं गच्छति ॥८३॥

जिसके जन्मकालिक सूर्य अपने उच्च (मेष) में रहते लग्न में पड़े याने मेष लग्न हो और उसी में सूर्य रहे, चन्द्रमा दूसरे में, शुक्र राहु से सहित होकर तृतीय में, बृहस्पति चतुर्थ में, बुध व्ययस्थान में तथा शनैश्चर एकादशस्थान में अथवा शत्रुभवन में रहे तो राजकुलोत्पन्न जातक राजाओं के बीच में सम्राट् पद को पाता है याने कतिपय अन्य राजाओं का मान्य होता है ॥ ८३ ॥

उच्चाभिलाषी सविता त्रिकोणे शशी तथा जन्मनि यस्य जन्तोः ।
[2]सोऽश्नाति पृथ्वीं बहुरत्नपूर्णां बृहस्पतिः केन्द्रगतो यदि स्यात् ॥८४॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालीन सूर्य उच्च में जाने का इरादा रखे याने मीन राशि में रहे किन्तु जन्मलग्न से त्रिकोण (९, ५) में पड़े और चन्द्रमा लग्न में हों एवं बृहस्पति केन्द्र में रहे तो अनेक रत्नों से परिपूर्ण पृथ्वी का भोग करने वाला होता है अर्थात् उसके राज्य में सुवर्ण, चाँदी आदि की खान मिले और उसीके सहारे बड़ा ऐश्वर्यशाली भोगीन्द्र राजा हो यह जानना चाहिये ॥ ८४ ॥

सर्वेऽप्याकाशवासाः स्फटिकविमलताकाशकार्पासवेषा[3]
लग्नं संवीक्ष्यमाणा नरपतितिलकं तं समुत्पादयन्ति ।
नीयन्तेऽस्य[4] प्रशस्त्यै बहुविधसुफलान्यन्यभूपालजालै-
र्निःशङ्कः सर्वसौख्यान्यनुभवति नरो भद्रमालार्पितः श्रीः ॥८५॥

जिस जातक के जन्मलग्न को सभी ग्रह सबल होकर देखते हों वह राजाओं में प्रधान माननीय होता है जिसके उपहार में अन्यान्य राजा लोग भाँति-भाँति की वस्तुयें

पूर्वपाठः—१ लग्ने उच्चपदो गते दिनपतिश्चन्द्रे धनस्थे ।
२ सस्यातिपृथ्वी बहुरत्नपूर्णां बृहस्पतिः कर्कटके यदि स्यात् ।
३ स्फटिकविशलताकाशकार्पासभेशो…… । ४ नीयन्चेऽस्य प्रशस्त्यै जलदनिभमथ श्वेतकानं यशोभिर्विभ्राणं शेशुशंकां मधुमथनमतो मद्रमालार्पितश्रीः ।

लावे और यह निःशङ्क होकर सर्वतः सुखों की पराकाष्ठा तक पहुँच जाय ऐसा कल्याण-मूर्त्ति भाग्यशाली राजसिंह होता है ॥ ८५ ॥

सर्वैर्गगनभ्रमणैर्दृष्टे लग्ने भवेन्महीपालः ।
बलिभिः सौख्यार्थयुतो विगतभयो दीर्घजीवी च ॥ ८६ ॥

जिसके जन्मलग्न को सभी ग्रह (निर्बल सबल) देखें वह जमीनों का मालिक होता है तथा यदि वे ही ग्रह सब के सब पूर्ण बली होकर लग्न को देखते हों तो सम्पत्ति, सुख (भयरहित) का भोग करे और बहुत दिनों तक जीने वाला हो यह जानना चाहिये ॥८६॥

चतुर्थे भवने शुक्रो दशमे च धरासुतः ।
रविः सौरियुतो यस्य राजा भवति निश्चितम् ॥ ८७ ॥

यदि लग्न से चतुर्थ में शुक्र, दशम में मङ्गल पड़े और सूर्य शनैश्चर साथ में रहें तो भी राजयोग माना गया है, इस योग में उत्पन्न जातक भी राजपद को पाता है॥८७॥

मिथुनेऽजे वृषे मीनं कुम्भे च मकरे ग्रहाः ।
यो योगेऽस्मिन्नरो जातो जायते गजमानवान् ॥ ८८ ॥

जिसके जन्मकालीन सभी ग्रह मिथुन, मेष, वृष, मीन, कुम्भ एवं मकर इन्हीं राशियों में पड़े उसके यहाँ सर्वदा हाथी वगैरह विद्यमान रहे और राजा हो जैसा कि आचार्यों ने कहा है ॥ ८८ ॥

जीवनिशाकरसूर्याः पञ्चमनवमतृतीयभावस्थाः ।
जन्मनि यस्य स जातः कुबेरतुल्यो धनप्रसवैः ॥ ८९ ॥

यदि बृहस्पति, चन्द्रमा और सूर्य क्रम से पञ्चम नवम तथा तृतीय में वर्तमान हों तो उसके धन की बृद्धि इतनी हो कि थोड़े ही दिनों में कुबेर के समान धनवान् हो जाता है, यह निश्चय है, जैसा कि शास्त्र में वर्णित है ॥ ८९ ॥

सिंहे जीवस्तुलाकीटधनुर्मकरकेषु च ।
ग्रहाश्चान्ये तदा जातो देशभोगी भवेन्नरः ॥ ९० ॥

जिस जातक के जन्मसमय में बृहस्पति सिंह राशि में और ग्रह (सूर्य, चन्द्र, मङ्गल, बुध, शुक्र, शनि) तुला, वृश्चिक, धनु, मकर इन्हीं राशियों में देखे जाँय तो वह आदमी सारे देश का भोग करने वाला याने राजा होकर सारे देश के ऊपर आधिपत्य जमाने वाला होता है यह जानना चाहिये ॥ ९० ॥

स्वगृहे च भवेत्सूर्यस्तुलायां च भवेत्सितः ।
मिथुने तिष्ठते सौरी राजयोगः प्रजायते ॥ ९१ ॥

पूर्वपाठः—१ जीवनिशाकरसूर्याः पञ्चमनवमतृतीयगाः । लग्ना यदि भवन्ति तदा कुबेरतुल्यो धनप्रसवैः ॥

जिसके जन्मकालीन सूर्य अपनी राशि (सिंह) में, शुक्र तुला में, तथा शनैश्चर मिथुन में रहे तो भी राजयोग होता है, अतः इस योग का उत्पन्न जातक भी राजा होगा जैसा कि पण्डितों ने कहा है ॥ ६१ ॥

षष्ठे च पञ्चमे चैव नवमे द्वादशे तथा ।
सौम्यक्रूरग्रहा जातो[1] राजमान्यः सकण्टकः ॥ ६२ ॥

जिसके छठे, पाँचवें, नौवें तथा बारहवें इन स्थानों में ही सब (शुभग्रह और पापग्रह) उपस्थित देखे जायँ तो भी राजयोग होता है; पर इस योग में उत्पन्न जातक को विडम्बनायें बहुत होंगी तो भी और राजाओं से आदर पावेगा ॥ ६२ ॥

[2]त्रिकोणयाता बुधजीवशुक्रास्त्रिषड्गते सोमसुतेऽर्कपुत्रे ।
जायास्थिते चेत्परिपूर्णचन्द्रे नूनं स जातो नृपतेः समानः ॥६३॥

यदि बुध, गुरु और शुक्र ये तीनों ग्रह किसी के जन्मकाल में त्रिकोण (९, ५) गत हों, बुध और शनैश्चर क्रम से तीसरे एवं छठे स्थान में व्यवस्थित हों पूर्णबली चन्द्रमा जाया भाव (सप्तम) में रहे तो निश्चय करके वह जातक राजा के समान शक्तिमान् होता है ॥ ६३ ॥

लग्ने सौरिस्तथा चन्द्रश्चाष्टमे भवने सितः ।
राजमान्यो महाकामी भोग्यपत्नीजनस्तथा ॥ ६४ ॥

यदि लग्न में शनैश्चर एवं चन्द्रमा दोनों रहें, अष्टम भवन में शुक्र हो तब कुण्डली वाला आदमी राजा का मान्य पुरुष, बड़ी कामचेष्टा रखने वाला होता है और उसकी स्त्री परम रमणीया होती है ॥ ६४ ॥

धने शुक्रश्च भौमश्च मीने जीवो घटे बुधः ।
[3]नीचे चन्द्रः सूर्ययुक्तो राजयोगोऽभिधीयते ॥ ६५ ॥
अस्मिन् योगे नरो जातो राजा विभववर्जितः ।
दानभोगातिविख्यातः सामान्यः स भवेन्नरः ॥ ६६ ॥

जिसके जन्मलग्न से दूसरे स्थान में शुक्र, और मङ्गल, मीन राशि में बृहस्पति, कुम्भ में बुध तथा चन्द्रमा सूर्य के साथ अपने नीच स्थान (वृश्चिक) में रहे तो भी वह जातक राजपद को पाता है। इस योग में जन्म लेने वाला आदमी राजा तो हो, पर विभव पर्याप्त न हो किन्तु उस हालत में भी यथाशक्ति दान करने एवं भोगविलास करने से साधारणतः बहुत जगह प्रसिद्ध हो जाता है, सो जानना चाहिए। (यहाँ धन शब्द से अन्य टीकाकारों ने धनु राशि लिया है जो कि सङ्गत नहीं है) ॥ ६५–६६ ॥

पूर्वपाठः—१ सौम्य क्रूर ग्रहा योगा । २ त्रिकोणकोणे बुधजीवशुक्रास्त्रिषड्दशे सोमसुतेऽर्कपुत्रे । ३ नीचश्चन्द्रः सूर्ययुक्तो.... ।

मीने शुक्रो बुधश्चान्ते लग्ने सूर्यः शशीधने।
सहजे च भवेद्राहू राजयोगः प्रजायते॥ ९७॥

जिस जातक के जन्मकालीन शुक्र मीन राशि में, बुध लग्न से बारहवें स्थान में, सूर्य लग्न में, चन्द्रमा धन स्थान (द्वितीय भाव) में तथा राहु तृतीय भाव में वर्त्तमान रहे उसको भी राजगद्दी मिलती है जैसा कि आचार्यों का कहना है॥ ९७॥

मीने जीवस्तथा शुक्रश्चन्द्रमाश्च यदा भवेत्।
तस्य जातस्य राज्यं स्यात्पत्नी च बहुपुत्रिका॥ ९८॥

यदि बृहस्पति शुक्र और चन्द्रमा ये तीनों ग्रह मीन राशि में दीख पड़ें तो जानना कि इस जातक को कहीं से राज्य अवश्य मिलेगा और उसकी स्त्री को भी बहुत पुत्र होंगे॥ ९८॥

आयस्थाने यदा सौम्यः क्रूरस्थानीयचन्द्रमाः।
कर्मस्थाने पुनः सौम्यस्तदा राज्यं विधीयते॥ ९९॥

जिसके ग्यारहवें भाव में कोई भी शुभग्रह (बुध, गुरु, शुक्र पूर्णबली चन्द्रमा इनमें से कोई एक भी) रहे, और चन्द्रमा क्रूरस्थान (मेष मिथुन, सिंह, तुला, धनु, कुम्भ) में पड़े तथा कर्मस्थान (दशम भाव) में शुभग्रह व्यवस्थित देखा जाय तो उस जातक को राजपद प्राप्त होता है, इसमें संशय नहीं है॥ ९९॥

आदौ जीवः पञ्चमे वा दशमे चन्द्रमा भवेत्।
राजमान्यो महाबुद्धिस्तेजस्वी चातितेजसाम्[२]॥ १००॥

यदि लग्न में बृहस्पति रहे चन्द्रमा पञ्चम में या दशम में रहे तो भी कुण्डली वाला जातक राजा का आदर पाता है, महाबुद्धिमान् हो, और बड़े २ पराक्रमशालियों में भी महापराक्रमशाली होता है यह भी वस्तुतः राजयोग ही है॥ १००॥

अथारिष्टकथनम्—

"सूर्यात्तातस्य[३] नवमश्चन्द्रान्मातुश्चतुर्थकः।
भौमाद्भ्रातुस्तृतीयो ज्ञाच्चतुर्थो मातुलस्य च॥ १॥
पुत्रस्य पञ्चमो जीवाद्भृगोः सप्तमकः स्त्रियः।
क्रूरः खगोऽरिष्टकरो शनेर्मृत्युप्रदोऽष्टमः॥ २॥

यदि किसी जातक की जन्म कुण्डली में सूर्य से नवम स्थान में पापग्रह हो तो

पूर्वपाठः—१ मीनशुक्रे बुधश्चान्ते....राजयोगः प्रचक्षते। २ तेजस्वी चातितेजसः।
३ सूर्याच्च नवमे तातश्चन्द्रे माता चतुर्थगः। भौमस्य तृतीये भ्राता बुधे चतुर्थमातुलः॥ गुरोः पञ्चमतः पुत्रो भृगुः सप्तमतः स्त्रियः। शनेरष्टमतो मृत्युर्यदा क्रूरो भवेन्नरः॥

उसके पिता को अरिष्ट जानना, इसी तरह चन्द्रमा से चतुर्थ स्थान में पापग्रह हो तो माता को. मङ्गल से तृतीय स्थान में पापग्रह रहे तो भाइयों को, बुध से चौथी जगह पर पापग्रह हो तो मातुल (मामा) को, बृहस्पति से पञ्चम पापग्रह में पड़े तो पुत्र को तथा शुक्र से सप्तम घर में पापग्रह रहे तो स्त्री का अरिष्ट होगा यह कहना चाहिये । यदि शनैश्चर से अष्टम स्थान में भी पापग्रह हो तो उस जातक की जल्दी मृत्यु हो जायगी यह जानना चाहिये । अर्थात् शनैश्चर से अष्टम में जो पापग्रह हो उसी की दशा अन्तर्दशा की प्रबलता में जातक अवश्य मर जाता है, हर कुण्डली में इस योग का विचार करना परमावश्यक है ॥ १-२ ॥

अथ द्वादशभवनविचारस्तत्रादौ रिष्टमाह—

सूर्यो भौमस्तथा राहुः शनिर्मूर्तौ¹ यदा स्थितः ।
सन्तापो रक्तपीडा च सौम्यः सर्वनिरोगता ॥ १ ॥

जिस जातक के जन्मसमय सूर्य, मङ्गल, राहु एवं शनैश्चर लग्न में स्थित हों तो उस जातक को मानसिक सन्ताप, तथा रक्त बिगड़ जाने से किसी प्रकार की पीड़ा होती है, परन्तु यदि सब शुभ ग्रह लग्न में पड़ें तो हरतरह से नैरुज्य याने सब रोग नष्ट होकर एकदम हृष्ट-पुष्ट रहेगा यह जानना चाहिये ॥ १ ॥

भौमक्षेत्रे यदा जीवो जीवक्षेत्रे च भूसुतः ।
द्वादशे वत्सरे मृत्युर्बालकस्य न संशयः ॥ २ ॥

जिस कुण्डली के बृहस्पति मङ्गल के घर (मेष, वृश्चिक) में रहे और मङ्गल बृहस्पति के घर (धनु, मीन) में रहे तो जानना कि उसकी मृत्यु बारहवें वर्ष की उमर में ही अवश्य हो जायगी इसमें संशय नहीं है ॥ २ ॥

धनस्थाने यदा भौमः शनैश्चरसमन्वितः ।
सहजे च भवेद्राहुर्वर्षमेकं स जीवति ॥ ३ ॥

यदि दूसरे स्थान में मङ्गल शनैश्चर के साथ बैठा हो एवं तृतीय भाव में राहु पड़े तब केवल एकही वर्ष जातक इस दुनियाँ में रहता है, याने एक वर्ष के अन्त में मरजाय, यह जानना चाहिये ॥ ३ ॥

चतुर्थे च यदा राहुः षष्ठे चन्द्रोऽष्टमेऽपि वा ।
सद्यश्चैव भवेन्मृत्युः शङ्करो यदि रक्षति ॥ ४ ॥

जिसके जन्मकालिक राहु चतुर्थ में, चन्द्रमा छठे या आठवें में पड़े तो आदि—देव शंकर में भी संरक्षण में वह जातक शीघ्रही मर जाता है, आशय यह कि यह योग प्रबल मारक है, इससे मुक्त होना असम्भव हो जाता है ॥ ४ ॥

पूर्वपाठः—१ शनिमूर्त्तौ यदान्वितः ।

अष्टमस्थो निशानाथः केन्द्री पापेन संयुतः।
चतुर्थे च यदा राहुर्वर्षमेकं स जीवति ॥ ५ ॥

यदि अष्टम स्थान में चन्द्रमा रहे और पापग्रह के साथ राहु भी केन्द्रस्थानों में से सिर्फ चतुर्थ में पड़े तो जातक एकही वर्ष की आयु में अवश्य मर जाता है ॥ ५ ॥

लग्ने[1]व्यये धने क्रूरा यदा मृत्यौ व्यवस्थिताः।
मलावरोधकष्टं स्याद्द्वादशाष्टमवर्षयोः ॥ ६ ॥

जिस कुण्डली के लग्न, दूसरा, आठवाँ, बारहवाँ इन स्थानों में पापग्रह वर्त्तमान देखे जायँ तो उस जातक को आठवें और बारहवें वर्ष किसी रोगवश मल अवरुद्ध हो जाने के कारण बड़ा ही कष्ट उठना पड़ता है सो जानना चाहिये ॥ ६ ॥

सप्तमे भवने [2]भौमो ह्यष्टमे भार्गवो यदा।
नवमे भवने सूर्यश्चाल्पायुर्जातको भवेत् ॥ ७ ॥

यदि सप्तम (जाया भाव) में मङ्गल पड़े, अष्टम में शुक्र रहे, और नवम में सूर्य पड़े तो निश्चय कर वह जातक अल्पायु याने थोड़े ही दिनों तक जीने वाला होता है इसमें संशय नहीं मानना चाहिये ॥ ७ ॥

धनेक्रूरः स्वभवने क्रूरः पातालगो यदा।
दशमे भवने क्रूरः कष्टं जीवति जातकः ॥ ८ ॥

जिसके दूसरे भाव में पापग्रह अपनी जगह पर रहता हुआ पड़े और चतुर्थ, दशम में भी पापग्रह रहे तो वह आदमी बड़े कष्ट के साथ जीता है याने सदैव रुग्ण रह कालयापन करता है ॥ ८ ॥

स्मरे व्यये च सहजे म[3]ध्ये क्रूरा यदा ग्रहाः।
तदा जातस्य बालस्य शरीरे कष्टमादिशेत् ॥ ९ ॥

यदि सातवें, बारहवें, तीसरे, एवं दशवें ये स्थान पाप ग्रहों से आक्रान्त हों तो उस जातक के शरीर में बहुत कष्ट होता है यह जानना चाहिये ॥ ९ ॥

लग्नस्थाने यदा भौमो द्वादशे च बृ[4]हस्पतिः।
शुक्रः शत्रुगृहे यस्य मासमेकं स जीवति ॥ १० ॥

जिसके लग्न में मङ्गल बारहवें में बृहस्पति तथा शुक्र शत्रुस्थान (छठे) में पड़े

पूर्वपाठः—१ लग्ने क्रूरो व्यये धने यदा मृत्यौ च जायते। विष्ट्या च मार्गबन्धः स्याद्-द्वादशाष्टमवत्सरे॥ २ ··· भौमो अष्टमे भार्गवायदा। नवमे भवने सूर्यं अल्पायुस्तस्य कथ्यते॥ ३ मध्ये क्रूरे यदा ग्रहाः। ४ लग्नस्थाने यदा भौमो द्वादशे च यदा गुरुः। शुक्रशत्रुगृहे यस्य ···।

तो जानना कि वह लड़का केवल एक मास जीवेगा बाद अवश्य मर जायगा यह निश्चय है ॥ १० ॥

क्षीणचन्द्रे गते लग्ने क्रूरग्रहनिरीक्षिते ।
द्वितीये द्वादशे भौमे मासमेकं स जीवति ॥ ११ ॥

यदि किसी आदमी की जन्मकुण्डली के लग्न में क्षीण बली चन्द्रमा रहे और पाप ग्रहों की दृष्टि चन्द्रमा के ऊपर पड़ती हो एवं मङ्गल दूसरे या बारहवें स्थान में बैठा हो तो वह भी केवल एक महीने की पूरी आयुवाला होता है ॥ ११ ॥

मूर्त्तिसप्तमयोः क्रूरा व्ययायस्थानगास्तथा[1] ।
चतुर्थे च यदा राहुः सप्ताहान्म्रियते तदा ॥ १२ ॥

जिसके लग्न और सप्तम में तथा व्ययस्थान एवं दूसरे स्थान में भी पाप ग्रह हों, राहु चतुर्थ में पड़े तो जानना कि यह जातक केवल सात दिन जीवेगा ॥ १२ ॥

षष्ठाष्टमेऽपि चन्द्रः सद्यो मरणाय पापसंदृष्टः ।
अष्टाभिः शुभ दृष्टौ वर्षैं र्मिश्रैस्तदर्द्धेन ॥ १३ ॥

जिसके छठे या आठवें में चन्द्रमा पड़े और पाप ग्रह की दृष्टि भी रहे तो उसकी मृत्यु बहुत जल्दी हो जाय, यदि वही चन्द्रमा शुभ ग्रह से देखा जाता हो तो आठवें वर्ष की उमर में, यदि पाप ग्रह और शुभ ग्रह दोनों प्रकार के ग्रहों की दृष्टि चन्द्रमा के ऊपर पड़े तो चार ही वर्ष की अवस्था में लड़का मर जायगा यह कहना चाहिये ॥१३॥

द्वादशस्थो यदा सौरिर्लग्नसंस्थश्च भूसुतः ।
चतुर्थः पौरिकेयश्च ह्यष्टमासान् स जीवति ॥ १४ ॥

यदि किसी कुण्डली के बारहवें स्थान में शनैश्चर और लग्न में मङ्गल तथा चतुर्थ में बुध पड़े तो वह जातक सिर्फ आठ ही महीने की उमर में मृत्यु पाता है ॥ १४ ॥

शुभलग्ने यदा जीवो ह्यष्टमे च शनैश्चरः ।
रन्ध्रसंस्थे च पापे च सद्यो मृत्युप्रदो भवेत् ॥ १५ ॥

जिसके जन्मकालिक बृहस्पति शुभ राशि (वृष, कर्क, वृश्चिक, मकर, मीन) में रहे, शनैश्चर अष्टम भाव में एवं उसी में और भी पाप ग्रह पड़े तब उस बालक की मृत्यु जल्दी ही होगी यह कहना चाहिये ॥ १५ ॥

चतुर्थे नवमे सूर्ये ह्यष्टमे च बृहस्पतौ ।
द्वादशे च शशाङ्के च सद्यो मृत्युकरो भवेत् ॥ १६ ॥

जन्मलग्न से चौथे या नौवें घर में सूर्य, आठवें में बृहस्पति तथा बारहवें में चन्द्रमा के रहने से उस आदमी की मृत्यु शीघ्र ही करानेवाले ये ग्रह होते हैं ॥१६॥

पूर्वपाठः– १ मूर्तिसप्तमयोः क्रूराः पापव्यय द्वितीयगाः ।

शशिसूर्यसिते केन्द्रे [1]युक्तश्चन्द्र आर्किणा।
हन्ति वर्षद्वयेनैव जातकं शिष्टभाषितः॥ १७॥

यदि किसी जातक की जन्मकुण्डली के केन्द्र स्थानों (१, ४, ७. १०) में चन्द्रमा, सूर्य और शुक्र पड़े एवं चन्द्रमा शनैश्चर के साथ हो तो दो वर्ष की उमर में उसकी मृत्यु आ जाती है चाहे कई शुभ ग्रहों की भी अनुकूलता क्यों न रहे, तथापि वह मर जाता है ऐसा जानना आचार्यों का कथन है॥ १७॥

[2]गुरुर्मन्देगृहे वक्री मन्दगौ बुध भास्करौ।
ईप्सितं कुरुते मृत्युं मन्दे चैकादशे ध्रुवम्॥ १८॥

जिसके जन्मकालीन गुरु वक्री होकर शनैश्चर के घर (मकर, कुम्भ) में रहें और बुध तथा सूर्य सप्तम स्थान में देखे जायँ तो उस जातक की मृत्यु इच्छाधीन होती है याने जब चाहे, तब आत्मदोष से मर जाता है, यदि शनैश्चर एकादश भाव में बैठा हो तो जानना कि निश्चय करके बहुत शीघ्र उसकी मृत्यु किसी कारण वश होगी इसमें जरा सन्देह नहीं करना चाहिये॥ १८॥

सूर्यमन्दगृहे शुक्रो गुरुणा च विलोकितः।
नवभिर्मारयत्येनं वर्षैर्जातं न संशयः॥ १९॥

यदि शुक्र सूर्य और शनैश्चर के घर (सिंह, मकर, कुम्भ) में रहे तथा बृहस्पति की दृष्टि भी शुक्र के ऊपर पड़ती हो तब निश्चय करके नौ वर्ष की अवस्था में वह जातक मृत्यु को पाता है जैसा कि मुनियों का कथन है॥ १९॥

सूर्येण सहितश्चन्द्रो बुधगेहगतः सदा[3]।
न वीक्षितश्च सौम्येन नववर्षेण मृत्युदः॥ २०॥

सूर्य के साथ चन्द्रमा यदि किसी कुण्डली में बुध के घर (मिथुन, कन्या) में रहें, पर किसी शुभ ग्रह की दृष्टि चन्द्रमा के ऊपर न रहे तब भी नौ वर्ष की उमर में उसकी मृत्यु होती है सो जानना चाहिये॥ २०॥

बुधः सूर्येन्दुसंयुक्तो वीक्षितोऽपि शुभैर्ग्रहैः।
एकादशमिते वर्षे मारयत्येव जातकम्[4]॥ २१॥

जिसके जन्मकालिक बुध, सूर्य और चन्द्रमा के साथ हो तो शुभ ग्रह की दृष्टि के रहने पर भी ग्यारहवें वर्ष में वह जातक अवश्य मर जाता है; यह भी प्रबल मारक योग है॥ २१॥

पूर्वपाठः—१ संयुक्तश्चन्द्रजार्किणा। २ गुरुर्मन्दग्रहे वक्री मन्दगे बुधभास्करे। ३ बुधगृहगतःसदा। ४ वर्षैरेकादशैस्तेन मारयत्येव निश्चितम्।

लग्नादष्टमगो राहुः शनिसूर्यावलोकितः ।
निरीक्षितः शुभैः (१) कुर्यादष्ट द्वादशभिः क्षयम्॥ २२ ॥

जिसके जन्मसमय लग्न से अष्टम स्थान में राहु रहे और शनैश्चर-सूर्य से अवलोकित हो तो जातक आठवें वर्ष में मृत्यु पाता है, यदि वही राहु शुभ ग्रहों से देखा जाता हो तो बारह वर्ष परमायु भोग कर आदमी मृत्यु पाता है यह जानना चाहिये ॥ २२ ॥

घने राहुर्बुधः शुक्रः सौरिः सूर्यो यदा स्थितः ।
तंत्र जातो लभेन्मृत्युं मृते पितरि जायते ॥ २३ ॥

यदि लग्न के दूसरे स्थान में राहु बुध, शुक्र, शनैश्चर तथा सूर्य ये सब ग्रह विद्यमान हों तो वह लड़का अपने पिता के मरने के बाद जन्म लेता है और स्वयं भी थोड़े ही दिनों में मृत्यु पाता है, आशय यह है कि इस योग में जातक को गर्भस्थ रहते ही उसका पिता मर जाता है और खुद भी जन्म लेकर शीघ्र ही पिता का पीछा करता है जैसा कि शास्त्र में वर्णित है ॥ २३ ॥

व्यये राहुः सौरिसौम्यौ जीवो लग्ने च पञ्चमे।
अत्र योगे च यो जातो जातमात्रः स नश्यति॥ २४ ॥

जिसके बारहवें भाव में राहु, शनैश्चर और बुध दीख पड़े, बृहस्पति लग्न में या पञ्चम स्थान में रहें तो जानना कि यह लड़का जन्म लेते ही मर जायगा सिर्फ माता को कष्ट देने ही के उद्देश्य से गर्भ में आया था ॥ २४ ॥

जीवार्कराहुभौमाः स्युश्चत्वारः क्रूरवेश्मगाः ।
सप्तमे च गृहे शुक्रो देहकष्टकराः सदा ॥ २५ ॥

यदि बृहस्पति, सूर्य, राहु और मङ्गल ये चारो ग्रह पापग्रहों के घर में या अर्थान्तर से क्रूर राशियों (मेष, मिथुन सिंह, तुला, धनु, मकर) में रहें और सप्तम स्थान में शुक्र हों तो जानना कि उपरोक्त सभी (पाँचों) ग्रह इसके शरीर पर कष्टकारक हैं। विशेषकर उन ग्रहों की दशा-अन्त-र्दशा के अवसर पर बहुत तकलीफ देवे ॥ २५ ॥

गुह्यस्थाने यदा भौमो राहुसौरिसमन्वितः ।
नृपपीडा भवेत्तस्य स्वासने नैव तिष्ठति ॥ २६ ॥

जिसके छटे भाव में मङ्गल, राहु एवं शनैश्चर के साथ पड़े रहें उस कुण्डलीवाला जातक को किसी राजा के द्वारा बड़ी पीड़ा प्राप्त होगी और कभी भी अपने घर नहीं रहेगा, आशय यह है कि राजा के साथ मामिला मुकदमा में इसे बड़ी परेशानी उठानी पड़ेगी और रात दिन उसी के प्रपञ्च में इधर-उधर घूमा करेगा, कभी शान्तिमय जीवन का अनुभव नहीं कर सकता ॥ २६ ॥

पूर्वपाठः—१ शनिःसूर्यावलोकितः । २ तत्र जातो भवेन्मृत्युर्मृते पितरि जायते ।

चतुर्थे राहुसौरार्काः षष्ठे चन्द्रो बुधः कुजः।
भार्गवश्चात्र यो जातः स गृहस्य क्षयङ्करः॥ २७॥

यदि लग्न से चौथी जगह पर राहु, शनैश्चर और सूर्य रहें, छठे में चन्द्रमा, बुध, मङ्गल और शुक्र पड़े तो इस योग में पैदा हुआ जातक घर को सर्वनाश कर डालेगा यह जानना चाहिये॥ २७॥

एकः पापोऽष्टमस्थोऽपि शत्रुक्षेत्रे यदा भवेत्।
पापेन वीक्षितो वर्षान्मारयत्येव बालकम्॥ २८॥

यदि एक भी पापग्रह किसी के जन्म समय शत्रु के घर में रहते हुए लग्न से आठवीं जगह पर वर्तमान दीख पड़े और उसके ऊपर भी पापग्रह की दृष्टि हो तो जानना कि एकही वर्ष में इस जातक को मार देगा॥ २८॥

भौमभास्करमन्दाश्च शत्रुक्षेत्रेऽष्टमे यदा।
यमेन रक्षितोऽप्येष वर्षमात्रं न जीवति॥ २९॥

यदि मङ्गल सूर्य और शनैश्चर शत्रु के घर में रहते अष्टम में व्यवस्थित देखे जाँय तो चाहे उसके रक्षक साक्षात् धर्मराज ही क्यों न हों, पर एक वर्ष के भीतर अवश्य ही वह आदमी मर जाता है॥ २९॥

वक्री शनिर्भौमगेहे केन्द्रे षष्ठेऽष्टमेऽपि वा।
कुजेन बलिना दृष्टो हन्ति वर्षद्वये शिशुम्॥ ३०॥

जिसके जन्मसमय शनैश्चर वक्री होकर मङ्गल की जगह (मेष, वृश्चिक) पर विद्यमान हो या केन्द्र छठे तथा आठवें इनमें से किसी जगह पर हो, एवं बली मङ्गल की दृष्टि शनैश्चर के ऊपर पड़ती हो तो निश्चय करके दो वर्ष की आयु में उसका मरण हो जायगा यह जानना चाहिये॥ ३०॥

शनिराहुकुजैर्युक्तः सप्तमे नवमे शशी।
सप्तमे दिवसे हन्ति मासे वा सप्तमे शिशुम्॥ ३१॥

यदि चन्द्रमा शनैश्चर, राहु एवं मङ्गल के साथ होकर लग्न से सप्तम स्थान में दिखाई दें तो जानना कि केवल जन्म से सात ही दिन में वह लड़का मृत्यु पाकर पर-लोक सिधारेगा या उस दिन बँच जाय तो सातवें महीने पर अवश्य मर जाता है॥३१॥

लग्नस्थश्च यदा भानुः पञ्चमस्थो निशाकरः।
अष्टमस्था यदा पापास्तदा जातो न जीवति॥ ३२॥

यदि किसी आदमी के सूर्य लग्न में और चन्द्रमा पञ्चम में रहे तथा अष्टम स्थान भी पाप ग्रहों से आक्रान्त हो तब वह जातक अधिक दिनों तक जीने वाला नहीं, अल्पायु होता है॥ ३२॥

लग्नप पापसंयुक्तो लग्ने वा पापमध्यगे।
लग्नात्सप्तमगः पापस्तदा चात्मवधी भवेत् ॥ ३३ ॥

जिसके जन्मलग्नाधीश पापग्रह के साथ रहे या दो पाप ग्रहों के बीच में लग्न पड़े तथा लग्न से सातवीं जगह पर भी पाप ग्रह हो तो वह जातक किसी अवसर पर आत्महत्या करने वाला होता है ॥ ३३ ॥

क्रूरक्षेत्रे यदा जीवो लग्नेशोऽस्तङ्गतो भवेत्।
अकर्मा च तदा जातः स वर्षाणि जीवति ॥ ३४ ॥

यदि बृहस्पति पापग्रह की राशि में वा अर्थान्तर से क्रूरराशि (सम राशि) में रहे और लग्नाधीश जन्मकाल में अस्तगत हो तो जानना कि यह लड़का भाग्यहीन होगा और केवल चार वर्ष परमायु के बाद मृत्यु पावेगा ॥ ३४ ॥

अष्टमे च यदा सौरिर्जन्मस्थाने च चन्द्रमाः।
मन्दाग्न्युदररोगा च गात्रहीनश्च जायते ॥ ३५ ॥

जिसके जन्मकालिक शनैश्चर लग्न से अष्टम स्थान में, चन्द्रमा लग्न में रहे तो जानना कि मन्दाग्नि होने के कारण पेट में किसी प्रकार का रोग होगा और किसी अङ्ग के न रहने से उसका शरीर विकृत मालूम पड़ेगा ॥ ३५ ॥

शनिक्षत्रे यदा भानुर्भानुक्षेत्रे तदा शनिः।
द्वादशे वत्सरे मृत्युस्तस्य जातस्य जायते ॥ ३६ ॥

यदि शनैश्चर के घर (मकर, कुम्भ) में सूर्य और सूर्य के घर में शनैचर (इस तरह विनियम करके) रहे तो उस जातक की मृत्यु बारहवें वर्ष की उमर में अवश्य हो जायगी यह कहें ॥ ३६ ॥

बुधभौमो यदा लग्ने षष्ठस्थानेऽथ वा स्थितौ।
तस्करश्चौरकर्मा स्याद्धस्तपादौ च नश्यतः ॥ ३७ ॥

जिसके जन्मकालिक बुध और मंगल लग्न में हों या लग्न से छठे स्थान में हो तो वह जातक बहुधा चोरी वृत्ति से अपना गुजर बसर करता है। और उसी कर्म में उसके हाथ पाँव भी कट जायँ यह कहना चाहिये ॥ ३७ ॥

षष्ठेऽष्टमे वा मूर्त्तौ च शत्रुक्षेत्रे यदा बुधः।
चतुर्वर्षैर्भवेन्मृत्युर्बालकस्य न संशयः ॥ ३८ ॥

यदि बुध किसी आदमी के जन्म समय अपने शत्रु के घर में रहते लग्न से छठे, आठवें या लग्न ही में विद्यमान रहे तो उस आदमी का मरण सिर्फ चार वर्ष की उमर में ही हो जाता है यह निश्चय है ॥ ३८ ॥

अष्टमस्थो यदा राहुः केन्द्रस्थाने च चन्द्रमाः।
सद्य एव भवेन्मृत्युर्बालकस्य न संशयः॥ ३९॥

जिसके जन्मकालिक राहु लग्न से आठवीं जगह पर पड़े रहे और चन्द्रमा केन्द्रगत हो तो जानना कि बहुत जल्दी उस जातक की मृत्यु हो जायगी॥ ३९॥

चतुर्थस्थो यदा राहुः षष्ठाष्टमगृहे शशी।
विंशत्या दिवसैर्मृत्युर्बालकस्य न संशयः॥ ४०॥

यदि लग्न से चतुर्थ स्थान में राहु, तथा छठें या आठवें घर में चन्द्रमा पड़े तो उस बालक का मरण सिर्फ २० ही दिन में हो जाता है॥ ४०॥

सप्तमे नवमे राहुः शत्रुक्षेत्रे यदा भवेत्।
षोड़शे वत्सरे मृत्युर्बालकस्य न संशयः॥ ४१॥

जिसके जन्मकालिक राहु शत्रु के घर में रहते हुए लग्न से सातवें या नौवें स्थान में दीख पड़ें तो जानना कि उक्त बालक सोलह वर्ष की अवस्था में ही मर जायगा यह निश्चय करके आचार्यों का कथन है॥ ४१॥

द्वादशस्थो यदा चन्द्रः पापः स्यादष्टमे गृहे।
एकमासे भवेन्मृत्युस्तस्य बालस्य निश्चितम्॥ ४२॥

चन्द्रमा जिस आदमी के बारहवें स्थान में और अष्टम में कोई भी पाप ग्रह हो तो वह लड़का केवल एक मास में मर जायगा यह कहना चाहिये॥ ४२॥

जन्मस्थाने यदा राहुः षष्ठस्थाने च चन्द्रमाः।
अपस्मारस्तदा रोगो बालकस्य हि जायते॥ ४३॥

जिसके जन्मलग्न में राहु तथा छठें में चन्द्रमा रहे उस आदमी को अपस्मार (मृगी) रोग हो जाता है यह निःशङ्क है, तथा अन्त में उसी से मृत्यु भी पाता है॥४३॥

भार्गवेण युतश्चन्द्रः षष्ठाष्टमगतो भवेत्।
मन्दाग्न्युदररोगी च हीनाङ्गोऽपि च बालकः॥ ४४॥

जिसके जन्मकालीन चन्द्रमा शुक्र के साथ होकर छठें या आठवें स्थान पर दिखाई दे तो जानना कि उसे मन्दाग्नि (बदहजमी) रोग होगा और किसी अङ्ग से भी हीन रहेगा जिससे उसकी आकृति परम निन्द्य समझी जाय॥ ४४॥

षष्ठेऽष्टमे यदा चन्द्रो बुधयुक्तश्च तिष्ठति।
विषदोषेण बालस्य तदा मरणमुच्यते॥ ४५॥

यदि किसी कुण्डली के बुध (बुध के साथ चन्द्रमा छठें या आठवें में पड़ें तो विषपान के कारण उसे मृत्यु पकड़ लेती है, जैसा कि शास्त्र में कहा गया है॥४५॥

भानुना संयुतश्चन्द्रः षष्ठाष्टमगतो भवेत्[1]।
गजदोषेण मृत्युर्वा सिंहदोषेण वा भवेत् ॥ ४६ ॥

जिसके जन्मकालीन चन्द्रमा सूर्य से रहित होकर लग्न से छठीं या आठवीं जगह पर बैठा हो तो जानना कि हाथी या सिंह के द्वारा उसका मरण होगा, यह निश्चय कहा गया है ॥ ४६ ॥

एकोऽपि यदि मूर्तौ स्याज्जन्मकाले दिवाकरः।
स्थानहीनो भवेद्बालो दुष्टवृत्तिः सदा पुनः ॥ ४७ ॥

जिसके जन्मकाल में अकेला भी सूर्य लग्नगत हो जाय तो वह जातक स्थानभ्रष्ट होकर तकलीफ पाता है और हमेशः के लिए उसकी वृत्ति बड़ी खराब रहा करती है ॥४७॥

लग्नेऽष्टमे यदा राहुश्चन्द्रेणालोकितो भवेत्[2]।
दशाहैर्जायते तस्य बालस्य मरणं ध्रुवम् ॥ ४८ ॥

यदि लग्न में वा अष्टम में राहु रहे और उसके ऊपर चन्द्रमा की दृष्टि पड़ती हो तो जानना कि यह लड़का जन्म के दिनों के दश दिनों के भीतर अवश्य मर जायगा ॥ ४८ ॥

लग्नाच्च नवमे सूर्यः सूर्यपुत्रे तथाऽष्टमे।
एकादशे भार्गवे च माससेकं स जीवति ॥ ४९ ॥

जिसके जन्मकालिक सूर्य लग्न से नौवीं जगह पर पड़े, शनैश्चर आठवें स्थान में रहें तथा शुक्र ग्यारहवें घर में देखा जाय तो वह जातक केवल एक मास जिन्दा रह कर मृत्यु पाता है सो जानना चाहिये ॥ ४९ ॥

नवमे दशमे चन्द्रः सप्तमे च यदा सितः।
पापे पातालसंस्थे च वंशच्छेदकरो नरः ॥ ५० ॥

यदि किसी कुण्डली के नवम या दशम स्थान में चन्द्रमा, सप्तम में शुक्र तथा कोई भी पापग्रह चतुर्थ में व्यवस्थित देखा जाय तो जानना कि वह लड़का अपने वंश को समूल नष्ट करनेवाला होगा, अर्थात् सहोदरों में सिर्फ अकेला ही हो वह भी कुमारावस्था में ही मृत्यु का शिकार हो जाय यहाँ तक कि कोई उसको जल तक देने वाला न रहे ॥ ५० ॥

शत्रुक्षेत्रेऽष्टमे षष्ठे द्वितीये द्वादशे रविः।
[3]स जीवत्यङ्गवर्षाणि बालको नात्र संशयः ॥ ५१ ॥

पूर्वपाठः—१ षष्ठाष्टयुतो भवेदिति। २ लग्नेऽष्टमे यदा राहुश्चन्द्रो वा यदि दृश्यते। बालको नात्र संशयः। ३ स जीवति षड्वर्षाणि।

जिस जातक के जन्मकालिक सूर्य शत्रु के घर में रहते लग्न से दूसरे छठें, आठवें, या बारहवें स्थान पर वर्त्तमान देखा जाय वह केवल छठें वर्ष की अवस्था में मर जायगा यह निश्चय है, जैसा कि आचार्यों का कहना है ॥ ५१ ॥

शत्रुक्षेत्रेऽष्टमे मूर्तौ बुधः षष्ठे प्रजायते ।
[1]बालो जीवति वर्षाणि चत्वार्य्येव न संशय ॥ ५२ ॥

यदि बुध अपने शत्रु के घर में रहते किसी जातक के जन्मलग्न में या छठें या आठवें स्थान में व्यवस्थित हो तो इस आदमी की परमायु केवल चार वर्ष की होती है ॥ ५२ ॥

एकादशे तृतीये च नवमे पञ्चमे गुरौ ।
[2]मित्रक्षेत्रेऽष्टपञ्चाशदायुर्भवति निश्चितम् ॥ ५३ ॥

जिसके जन्मकालीन बृहस्पति अपने मित्र के स्थान में रहते लग्न से तीसरे, पाँचवें, नववें या ग्यारहवें पड़े तो जानना कि उस जातक की आयु ५८ वर्ष की होगी इसमें संशय नहीं है ॥ ५३ ॥

नवमे पञ्चमे वापि रिपुक्षेत्रे बृहस्पतिः ।
[3]तदा जातस्य षट्त्रिंशद्वर्षाण्यायुर्न संशयः ॥५४॥

यदि वही बृहस्पति शत्रु के घर में रहते जन्मलग्न से नवें या पाँचवें स्थान पर आसन जमाया हो तो उस आदमी की आयु ३६ वर्ष की निश्चय करके होती है ॥५४॥

मित्रक्षेत्रगतो लाभे दशमे वा यदा गुरुः[4] ।
शत्रुक्षेत्रेऽथवा शुक्रो द्वितीये द्वादशे भवेत् ।
एकत्रिंशतिवर्षायुर्जायते बालको ध्रुवम् ॥ ५५ ॥

जिस जातक के जन्म समय बृहस्पति अपने मित्र के घर में रहते लग्न में दशवें या ग्यारहवें स्थान में दीख पड़ें अथवा शुक्र अपने शत्रु के घर में रहते दूसरे तथा बारहवें स्थान पर वर्तमान देखा जाय तो वह लड़का केवल इक्कीस वर्ष की उमर में मृत्यु को पाता है, यह निश्चय है ॥ ५५ ॥

शत्रुक्षेत्रेऽष्टमे षष्ठे द्वितीये द्वादशे शनिः ।
[5]अष्टौ दिनान्यष्टमासानष्टवर्षाणि जीवति ॥ ५६ ॥

यदि शनैश्चर अपने शत्रु के घर में रहते लग्न से छठें, आठवें, दूसरे या बारहवें

पूर्वपाठः–१ बालो जीवति वर्षाणि चत्वारि नात्र संशयः ।
२ शत्रुक्षेत्रे बृद्धस्थाने भवेत्पञ्चाशदष्टायुः ।
३ तदा षट्त्रिंशद्वर्षाणि जीवतेनात्र संशयः ।
४ मित्रक्षेत्रैकादशमे दशमे वा यदा गुरुः । ५ अष्टादिनान्यष्टमासान् ।

स्थान में देखा जाय तो जानना कि यह जातक आठ दिन या आठ महीने या आठ वर्ष की अवस्था में मरेगा अर्थात् आठ वर्ष के भीतर अवश्य मृत्यु पावे ॥ ५६ ॥

चन्द्रक्षेत्र यदा भौमो जायते मनुजः सदा ।
रक्तपित्तेन हीनाङ्गो नानाव्याधिसमन्वितः ॥५७॥

जिसके जन्मकालिक मङ्गल चन्द्रमा के स्थान (कर्क) में वर्त्तमान हों तो उस आदमी को रक्त पित के विकार से अनेक व्याधि होती है तथा च उसके शरीर में किसी अङ्ग विशेष के न रहने की शिकायत हो इसमें सन्देह नहीं है ॥ ५७ ॥

चन्द्रक्षेत्रे यदा चान्द्रिर्जायते यस्य जन्मनि ।
स जातः क्षयरोगी स्यात्कुष्ठादिभिरुपद्रुतः ॥ ५८ ॥

जिस जातक के जन्मकाल में बुध चन्द्रमा के स्थान (कर्क) पर मालूम पड़े तो वह क्षयरोग से और कुष्ठ आदि महाभयानक असाध्य विमारियों से पीड़ित रहे, यह निश्चय है ॥ ५८ ॥

राहौ च केन्द्रगे मृत्युः पापानां दृष्टिसंयुते ।
संवत्सरे तु दशमे षोडशे तु विशेषतः ॥ ५९ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालिक राहु केन्द्र (१, ४, ७, १०,) में आजाय और उसके ऊपर पापग्रहों की दृष्टि भी पड़े तो दशवें वर्ष में या सोलहव वर्ष में मृत्यु पाता है ॥ ५९ ॥

चन्द्रः सप्तमभवने शनिकुजराहुग्रहैर्युक्तः ।
सप्तमदिवसे मृत्युः सप्तममासे न सन्देहः ॥ ६० ॥

जिसके सप्तम स्थान में शनैश्चर, राहु और मंगल इन ग्रहों के साथ चन्द्रमा व्यवस्थित प्रतीत हो तो प्रायः जन्म से सातवें दिन में ही वह लड़का मर जाय, कदाचित् प्रबलदशा के कारण उस समय बच जाय तो सातवें महीने पर अवश्य मरे ॥ ६० ॥

भौमक्षेत्रे यदा जीवो षष्ठेऽथाप्यष्टमे शशी ।
षष्ठेऽष्टमे भवेन्मृत्यू रक्षको यदि शङ्करः ॥ ६१ ॥

यदि बृहस्पति (किसी के जन्मकालीन) मंगल के घर (मेष, वृश्चिक) में रहे और लग्न से छठे या आठवें स्थान में चन्द्रमा देखा जाय तो बालक छः वर्ष की उमर में या आठ वर्ष की उमर में साक्षात् शङ्कर से भी रक्षित होने पर अवश्य मृत्यु पाता है ॥६१॥

जन्मसप्तमभे सौरिरष्टमे यदि चन्द्रमाः ।
ब्रह्मपुत्रावतारोऽपि बालकः स न जीवति ॥ ६२ ॥

पूर्वपाठः—१ चन्द्रः सप्तमभवने शनिभौमराहुसयुतो भवति; तदा सप्तमदिवसे मृत्युः सप्तममासे न संदेहः ॥ २ भौमक्षेत्रे यदा जीवो षष्ठेऽष्टमे च चन्द्रमाः । ३ ब्रह्मपुत्रो यदा जातः सोऽपि पुत्रा न जीवति ।

जिसके शनैश्चर लग्न या सातवें में हो, और चन्द्रमा आठवें में पड़े तो जानना कि चाहे ब्रह्मा ही का पुत्र क्यों न हो पर इस योग में उत्पन्न जातक नहीं रहता है, अर्थात् यह मारक योग बहुत प्रबल है (यदि कोई रिष्ट भङ्ग योग न रहे) ॥ ६२ ॥

षष्ठाष्टमे यदा चन्द्रो रविर्भवति सप्तमः।
पितृमातृधनं हन्ति मासमेकं न जीवति ॥ ६३ ॥

यदि जन्मलग्न से छठें, आठवें में चन्द्रमा हो, सूर्य सातवें हो तो वह जातक अपने पिता, माता एवं धन को नाश कर स्वयं भी एक महीना के भीतर मर जाय, आशय यह कि इस योग का उत्पन्न जातक माता, पिता. धन इनको स्वाहा करने के लिए ही इस दुनियाँ में आता है, यह समझना चाहिये ॥ ६३ ॥

द्वादशे जीवशुक्रौ च जन्मतो[1] राहुरेव च।
सप्तमे च यदा सौरिर्वर्षमेकं स जीवति ॥ ६४ ।

जन्मकालिक बृहस्पति, शुक्र तथा राहु लग्न से बारहवें स्थान में पड़े और सातवीं जगह पर शनैश्चर रहे तो उस लड़के की आयु एक वर्ष की होती है, एक वर्ष के अन्त में मर जाय ॥ ६४ ॥

भौमे दिवाकरे छिद्रे जातः शत्रुगृहे यदि।
मासेन म्रियतेऽवश्यं यमोऽपि यदि रक्षकः ॥ ६५ ॥

यदि मंगल और सूर्य अपने २ शत्रु के स्थान में रहते जन्मकुण्डली के अष्टम भवन में व्यवस्थित प्रतीत हों तो जानना कि उक्त जातक एकही महीना पर मरेगा, चाहे उसका रक्षक यमराज ही क्यों न हो तथापि उसकी मृत्यु आ जायेगी ॥ ६५ ॥

[2]यदा लग्ने ग्रहः क्रूरो षष्ठे वाप्यष्टमे शशी।
तदा सद्यो भवेन्मृत्युर्जातकस्य न संशयः ॥ ६६ ॥

जिसके जन्मकालक लग्न में कोई भी पाप ग्रह रहे, छठें या आठवें में चन्द्रमा दिखाई दे तो निश्चय करके वह लड़का बहुत शीघ्र मर जाय, यह निश्चय है ॥ ६६ ॥

चतुर्थेऽपि यदा राहुः केन्द्रे भवति चन्द्रमाः।
विंशद्वर्षे भवेन्मृत्युर्जातकस्य न संशयः ॥ ६७ ॥

यदि किसी कुण्डली के चतुर्थ भाव (लग्न) में राहु वर्त्तमान हो, और चन्द्रमा केन्द्र (१, ४, ७, १०,) में पड़ जाय तो जानना कि उस आदमी की मृत्यु बीस वर्ष की उमर में होगी जैसा कि शास्त्र में वर्णित है ॥ ६७ ॥

सप्तमस्थो यदा राहुर्जन्मकाले यदा तदा।
दशवर्षैर्भवेन्मृत्युरमृतं यदि पीयते ॥ ६८ ॥

पूर्वपाठः—१ जन्मलग्नादिति। २ यदा लग्नग्रहःक्रूरो षष्ठाष्टमेऽपि चन्द्रमाः।

जिसके जन्मलग्न से सातवीं जगह पर जन्मकालिक राहु आ जाय उस आदमी का मरण दश वर्ष के भीतर कहना चाहिये, यदि अमृत भी पी ले तथापि बँचने की आशा नहीं है, अर्थात् अवश्य मरे ॥ ६८ ॥

लग्नेऽष्टमे यदा राहुश्चन्द्रो वा यदि पश्यति ।
जातकस्य तदा मृत्युः शक्रेणापि सुरक्षितः ॥ ६९ ॥

यदि राहु के ऊपर चन्द्रमा की दृष्टि पड़ती हो और वही राहु किसी आदमी के लग्न से आठवें स्थान में वर्तमान दीख पड़े तो इस हालत में वह जातक साक्षात् इन्द्र से भी रक्षित होने पर अवश्य शीघ्र मर जाता है ॥ ६९ ॥

दशमेऽपि यदा भौम उच्च शत्रुगृहे स्थितः ।
जातकस्य भवेन्मृत्युर्मातुश्चैव न संशयः ॥ ७० ॥

जिसके जन्मकालिक मङ्गल अपने उच्च (मकर) में या शत्रु के घर में रहते जन्मलग्न से दशम स्थान में आ जाय तो वह जातक अपनी माता के साथ शीघ्र मर जाय, (वह योग मातृहन्ता भी है) ॥ ७० ॥

लग्नस्थितो यदा भानुः पञ्चमस्थो निशापतिः ।
लग्नेऽष्टमे स्थिताः पापास्तदा जातो न जीवति ॥ ७१ ॥

यदि सूर्य किसी आदमी के जन्मलग्न में हो तथा चन्द्रमा पञ्चम स्थान में रहे, एवं पाप ग्रह अष्टम नवम में वर्त्तमान हो तो भी उक्त जातक अधिक दिन तक जीवित नहीं रहता, शीघ्र ही मर जाता है ॥ ७१ ॥

लग्नात्सप्तमशीतांशुः पापोऽष्टमगतो ग्रहः ।
लग्नस्थितो यदा भानुर्मासेन म्रियते शिशुः ॥ ७२ ॥

यदि जन्मलग्न से सातवें घर में चन्द्रमा, आठवें में कोई भी पापग्रह तथा लग्न में सूर्य स्थित रहे तो जानना कि वह जातक एक ही मास की अवस्था में मर जायगा जैसा कि ग्रन्थ में लिखा है ॥ ७२ ॥

धने गुरुः सैंहिकेयो भौमः शुक्रश्च सप्तमे ।
अष्टमे रविचन्द्रौ च म्लेच्छः स्याद्यवने स्थितः ॥ ७३ ॥

जिसके जन्मकालिक बृहस्पति राहु लग्न से दूसरी जगह पर, मङ्गल, शुक्र सातवें स्थान में सूर्य और चन्द्रमा अष्टम में दिखाई दे उस आदमी को मुसलमान बनकर म्लेच्छ की तरह आचरण करना पड़ता है, अर्थात् जातिच्युत होकर के भी महा क्रूर स्वभाव का मनुष्य होता है ॥ ७३ ॥

पूर्वपाठः—(१) लग्नात्सप्तमशीतांशुः पापाष्टमेषु लग्नगः ।

लग्नस्थाने यदा[1] भौमो ह्यष्टमे च दिवाकरः।
सौरिश्चतुर्थ भवने तदा कुष्ठी भवेन्नरः॥ ७४॥

यदि किसी आदमी के जन्म समय मङ्गल लग्न में, सूर्य लग्न से आठवें में, और शनैश्चर चौथे घर में व्यवस्थित रहे तो उसको कुष्ठ होता है जिससे उसे बहुत तकलीफ उठानी पड़ती है॥ ७४॥

धर्मस्थाने यदा पापो लग्नात्पापश्चतुर्थगः।
कर्मस्थानगतो राहुस्तदा म्लेच्छो भवेद्ध्रुवम्॥ ७५॥

कोई भी पाप ग्रह जिसके जन्मकालिक धर्म स्थान पर (नौवाँ घर में) रहे, चतुर्थ में भी पाप ग्रह हो तथा दशवें में राहु आसन जमाया हो तो उस हालत में अवश्यमेव जातक म्लेच्छ हो जाय, आशय यह है कि उन्हीं ग्रहों की दशा-अन्तर्दशा में किसी संस्था के दबाव से हिन्दूपन को छोड़कर मुसलमान हो जाय॥ ७५॥

व्ययस्थानगते[2] चन्द्रे वामं चक्षुर्विनश्यति।
यदा सूर्यो द्वितीयस्थस्तदा ह्यन्धं समादिशेत्॥ ७६॥

बारहवीं जगह पर चन्द्रमा रहे तो वाम नेत्र से अन्धा हो, एवं सूर्य दूसरे स्थान में पड़े तो बिलकुल अन्धा हो जाय याने दोनों आँखें उसकी बैठ जायँ (यह योग पर्याप्त नहीं है किन्तु आगे चल कर इस प्रसंग में विचार किया गया है, उससे भी काम लें)॥ ७६॥

सिंहलग्ने यदा जन्म शनिर्मूर्तौ तथा भवेत्।
चक्षुर्हीनो भवेद्बालः शुक्रे जन्मान्ध को भवेत्॥ ७७॥

जिसका जन्मलग्न सिंह पड़े और उसी में शनैश्चर भी रहे तो जन्म लेने के बाद कुछ दिनों में यह आदमी अन्धा होता है (जन्मान्धहीं) एवं शुक्र यदि उसी लग्न में सम्प्राप्त देखा जाय तो जानना कि जन्मान्ध होगा याने गर्भावस्था में ही उसकी आँखें नष्ट हो जायँ॥ ७७॥

होरायां द्वादशे राशौ स्थितो यदि दिवाकरः।
करोति दक्षिणं काणं वामनेत्रं च चन्द्रमाः॥ ७८॥

यदि किसी आदमी का जन्मलग्न मीन हो और उसी में सूर्य रहे तो दाहिनी आँख नष्ट हो। यदि उसी स्थिति में चन्द्रमा पड़े तो बाम आँख खराब हो जाय यह कहना चाहिये॥ ७८॥

स्वस्थाने[3] लग्नगः क्रूरः क्रूरः पातालगः पुनः।
दशमे भवने क्रूरः कष्टं जीवति जातकः॥ ७९॥

---

१ भौम अष्टमे च दिवाकरः। सौरेश्चतुर्थभवने। २ व्ययभवनगे चन्द्रे। ३ स्वस्थाने लग्नतः क्रूरः।

अस्मिन् योगे हि यो जातो मातुर्दुःखकरो भवेत्।
यदि जीवेदसौ जातो मातृपक्षक्षयङ्करः ॥ ८० ॥

जिस आदमी के जन्मकालीन कोई भी पापग्रह अपनी राशि पर रहते लग्न में आ जाय तथा लग्न से चतुर्थ घर में एवं दशवें स्थान में भी पापग्रह पड़े तो वह बड़े २ कष्टों का भोग करता है, और जल्दी मर जाता है इसमे संशय नहीं करना चाहिये, और इस योग में जन्मा हुआ आदमी अपनी माता को भी बहुत कष्ट देने वाला होता है यहाँ तक कि कदाचित् वह लड़का कुछ दिन जीवित रहे तो मातृ पक्षियों का सर्वनाश करने वाला होगा यह समझना चाहिये जैसा कि आचार्यों ने कहा है ॥७९-८०॥

क्रूरक्षेत्रे भवेत्सूर्यः कन्यायां क्रूरसंस्थितः।
क्रूरक्षेत्रे भवेद्राहुः कष्टं जीवति जातकः ॥ ८१ ॥

यदि जन्मकालिक सूर्य किसी पाप ग्रह के स्थान में पड़े रहें, कन्या राशि में भी क्रूर ग्रह (पाप) रहें तथा च राहु भी किसी पाप के ही घर में व्यवस्थित हो तो जानना कि बड़ी कठिनता से यह लड़का जीवेगा इसमें सन्देह नहीं है ॥८१॥

शुक्रे च वाक्पतौ सौम्ये नीचे राहुसमन्विते।
चन्द्रमाश्च न पश्येत सोऽपि बालो न जीवति ॥८२॥

जिसके जन्मकालीन शुक्र, बृहस्पति और बुध इनमें से कोई राहु के साथ अपने नीच स्थान में बैठा हो एवं उसके ऊपर चन्द्रमा की दृष्टि न पड़ी हो तो उस जातक की भी मृत्यु जल्दी आ जाती है ॥ ८२ ॥

षष्ठाष्टमे यदा चन्द्रो द्वादशे रविमङ्गलौ।
सोऽपि जातो न जीवेत रक्षको यदि शङ्करः ॥८३॥

यदि छठे या आठवें में चन्द्रमा और बारहवें घर में सूर्य एवं मङ्गल उपस्थित हों तो साक्षात् शङ्कर से भी रक्षित लड़का मर जाता है, संशय नहीं है ॥८३॥

षष्ठाष्टमे यदा केतुः केन्द्री भवति चन्द्रमाः।
सद्यो बालक मृत्युः स्याद्रक्षिता यदि शंकरः ॥८४॥

जिसके जन्मकाल में लग्न से षष्ठ वा अष्टम स्थान में केतु बैठा हो तथा चन्द्रमा केन्द्र (१, ४, ७, १०) में रहे उसका मरण बहुत शीघ्र होता है, चाहे उसकी रक्षा करने वाले शंकर ही क्यों न हों तथापि मर जायगा ॥ ८४ ॥

चन्द्रो बुधस्तथा सूर्यः शनिश्चान्ते यदा भवेत्।
मध्यस्थाने गतो भौमो हीनदृष्टिस्तदा भवेत् ॥८५॥

पूर्वपाठः—१ अस्मिन् यो जातो योगेन। २ शुक्रे च वाक्पतौ बुधौ।

चन्द्रमा, बुध, सूर्य तथा शनैश्चर बारहवें स्थान में रहें और मंगल दशवें में पड़े तो यह कुण्डली वाला आदमी मन्द दृष्टि होता है अर्थात् देखने की शक्ति उसकी आँखों में कम रहे यह जानना चाहिये ॥ ८५ ॥

अर्कः सौरिस्तथा भौमः स्वर्भानुः केतुसंयुतः ।
[1]नीचस्थानगतो यस्य स जातो मातृघातकः ॥८६॥

यदि सूर्य, शनैश्चर, मङ्गल तथा राहु केतु के साथ नीच में उपस्थित देखे जायँ तो वह बालक अपनी माता की हत्या करने वाला होता है ॥८६॥

रविराहू सौरिभौमौ जीवो लग्ने च पञ्चमे ।
योगेऽस्मिन्नपि यो जातो जातमात्रो विनश्यति ॥८७॥

जिसके जन्मकालिक सूर्य, राहु, शनैश्चर, मङ्गल और बृहस्पति लग्न में या लग्न से पाँचवें स्थान में हों तो इस योग में उत्पन्न बालक जन्म लेते ही मर जायगा ॥८७॥

क्रूरक्षेत्रगतो जीवो रवि राहुर्धरासुतः ।
सप्तमे भवने शुक्रो देही कष्टं प्रयाति च ॥८८॥

यदि बृहस्पति, सूर्य, राहु तथा मङ्गल ये सब ग्रह अपने २ शत्रु के स्थान में रहें और शुक्र लग्न से सप्तम में पड़े तो उसको बड़ा कष्ट भोगना पड़ता है ॥८८॥

क्रूरे लग्ने भवेज्जातस्तत्स्वामी क्रूरराशिगः ।
आत्मघातो भवेत्तस्य शरीरे कष्टमादिशेत् ॥८९॥

जिस जातक का जन्मलग्न क्रूर—संज्ञक हो याने मेष, मिथुन, सिंह, तुला, धनु, कुम्भ इन्हीं में से एक कोई जन्मलग्न हो और उस लग्न का स्वामी भी पाप ग्रह की राशि में या क्रूर-संज्ञक राशि में देखा जाय तो उस जातक को आत्महत्या करनी पड़े तिस पर भी बहुत दिनों तक तकलीफ उठाकर मृत्यु पावे ॥ ८९ ॥

सप्तमे भवने भौमः पञ्चमे च दिवाकरः ।
अरण्ये च भवेज्जन्म वृक्षाधस्तान्न[2] संशयः ॥ ९० ॥

जिसके सप्तम भवन में मङ्गल, पञ्चम में सूर्य पड़े उसका जन्म बिलकुल सघन वन में या वृक्ष-प्रदेश में होता है यह जानना चाहिये ॥ ९० ॥

एकः पापो यदा लग्ने लग्नेशो वा न पश्यति ।
सूर्यः पश्यति नो लग्नमन्यजातस्तदा भवेत् ॥ ९१ ॥

यदि एक भी पाप ग्रह लग्न में पड़े और उसके ऊपर लग्नेश की दृष्टि न रहे तथा सूर्य भी लग्न को न देखे तो जानना कि वह पराये पुरुष का लड़का है जैसा कि शास्त्र में कहा गया है ॥९१॥

पूर्वपाठः—१ नीच संयुक्तदृष्टिः स्यात् । २ वृक्षालये न संशयः ।

तिथिप्रान्ते दिनान्ते च लग्नस्यान्ते तथैव च।
चरांशेऽपि च यो जातः सोऽन्यजातः शिशुर्भवेत् ॥९२॥

जिस आदमी का जन्म तिथि के अन्त में, या दिनान्त में, लग्न के अन्तिम भाग में अथवा कोई भी लग्न हो किन्तु नवांश के विचार से चार राशियों (मेष, कर्क, तुला, मकर) के नवांश में पड़े तो जानना कि यह जातक पराये पुरुष का जन्मा हुआ है ॥

न पश्यति शशी लग्नं मध्यस्थः सौम्यशुक्रयोः।
ततः परोक्षे जन्म स्याद्भौमेऽस्ते वा तनौ यमे ॥ ९३ ॥

बुध, शुक्र के बीच में चन्द्रमा रहे, या चन्द्रमा की लग्न के ऊपर दृष्टि न रहे, या सातवें में मंगल रहे, अथवा लग्न में शनैश्चर पड़े तो उस जातक का जन्म उसके पिता के परोक्ष में हुआ है यह कहना चाहिये (यदि बुध-शुक्र के मध्यस्थ चन्द्रमा लग्न को न देखे तो अवश्य पिता के परोक्ष में जन्म कहे) ॥ ९३ ॥

जीवक्षेत्रगते चन्द्रे शुक्रे वेतरराशिगे।
द्रेष्काणे च तदंशे वा न परैर्जात इष्यते ॥९४॥

जिसके जन्मसमय चन्द्रमा बृहस्पति के घर (धनु, मीन) में, रहे वा शुक्र अपने स्थान को छोड़ कर अन्यत्र रहे, या बृहस्पति के द्रेष्काण वा नवांश में पड़े तो जानना कि यह जातक पराये का नहीं है ॥ ९४ ॥

न लग्नमिन्दुं न गुरुर्निरीक्षते न वा शशाङ्कं रविणा समागतम्।
सपापकोऽर्केण यतोऽथवा शशी परेण जातं प्रवदन्ति निश्चयात् ॥

यदि जन्मलग्न को तथा चन्द्रमा को बृहस्पति नहीं देखते हों, या सूर्य के साथ चन्द्रमा कहीं पर रहते बृहस्पति की दृष्टि से बाहर रहे, अथवा किसी भी पाप ग्रह के साथ रहते सूर्य चन्द्रमा के साथ याने सूर्य—चन्द्र और एक और पाप ग्रह एक घर में व्यवस्थित देख पड़ें तो निश्चय करके इस जातक को पराये पुरुष का पुत्र समझना चाहिये। इसमें तीन योग दिखाये गये हैं, सब प्रबल हैं।

लग्नं पश्यति नो गुरुर्न च भृगुर्जारेण जातः शिशुः
[1]क्षोणीजः समवेक्षते शशधरं सूर्योऽथवा जारजः।
चन्द्रः पापयुतो दिनेशसहितः स्यादेवमप्यन्यजः
प्रोक्तं प्राङ्मुनिपुङ्गवैः स्फुटमिदं योगत्रयं जायते ॥ ९६ ॥

जिसकी जन्मकुण्डली में लग्न के ऊपर बृहस्पति की अथवा शुक्र की दृष्टि न पड़ती हो (१) सूर्य और मङ्गल चन्द्रमा को नहीं देखते हों (२) चन्द्रमा पाप ग्रह के साथ में

पूर्वपाठः—१ क्षौण्यर्कः समवेक्षते शशधरो योगे शिवावन्यजे।

रहते सूर्य से सहित हों (३) तो पूर्वाचार्यों के कथनानुसार वह जातक पर पुरुष का जन्मा होता है ॥ ९६ ॥

यदि वापि भवेच्चन्द्रो जन्माष्टमद्वितीयगः।
द्वादशैकादशस्थो वा पश्चाज्जातस्तदा शिशुः ॥ ९७ ॥

यदि जन्मकालिक चन्द्रमा लग्न, अष्टम, द्वितीय, एकादश तथा द्वादश इन स्थानों में पड़े तो जानना चाहिये कि पिता के परोक्ष में जन्मा हुआ है (इस प्रकरण में परोक्ष का अर्थ घर पर पिता की अनुपस्थिति है) ॥ ९७ ॥

क्षपाकरः पश्यति नैव लग्नं विदेशसंस्थे जनके प्रसूतः।
कुजार्किसंसर्गगते विलग्ने कवीज्यकेन्द्रांशविहीनके वा ॥९८॥

जिसके जन्मसमय में लग्न को चन्द्रमा नहीं देखते हों (१) अथवा लग्न में मङ्गल, शनैश्चर आ पड़े तथा बृहस्पति-शुक्र केन्द्र से रहित होकर शेष स्थानों में रहें (२) तो उस जातक का जन्म अपने पिता को विदेश में रहते समझना चाहिये, अर्थात् जातक के जन्मसमय में उसका पिता अपने गाँव-घर में नहीं, दूर देश में रहे, ऐसा जानना चाहिये ॥ ९८ ॥

[2]रविशशियुते सिंहे लग्ने कुजार्किनिरीक्षिते
नयनरहितः सौम्यासौम्यैः सबुद्बुद्लोचनः।
व्ययगृहगतश्चन्द्रो वामं हिनस्त्यपरं रवि-
र्नशुभा गदिता योगा याप्या भवन्ति शुभेक्षिताः ॥ ९९ ॥

जिस जातक का जन्म सिंह लग्न में हो और उसी में सूर्य–चन्द्र रहें तथा मंगल और शनैश्चर की दृष्टि पड़ती हो तो जानना कि जातक बिलकुल आँखों से हीन (अन्धा) होगा। यदि लग्न पर शुभ ग्रह एवं पाप ग्रह दोनों प्रकार की ग्रहों की दृष्टि पड़े तो अन्धा नहीं बुद्बुदाक्ष कहना चाहिए। बारहवें स्थान का चन्द्रमा वाम आँख को तथा बारहवें सूर्य दक्षिण आँख को चौपट करते हैं यदि सर्वतः शुभ ग्रहों की ही दृष्टि रहे तो उतना नहीं कुछ २ अन्धापन रहता है यह जानना चाहिये ॥ ९९ ॥

धनभावविचारः—

पापाः सर्वे धनस्थाने धनहानिकरा मताः।
अन्यैः सौम्यैः शुभं सर्वमृद्धिवृद्धिधनादिकम् ॥ १ ॥

पूर्वपाठः—१ अत्र संयोगपूर्वोऽपि क्वचिल्लघुः स्यादित्यनेन निर्वाहः।

२ 'रविशशियुते सिंहे लग्ने कुजार्किनिरीक्षिते। नयनरहितः सौम्यः खेटैः सबुद्बुद्लोचनः। व्ययगृहगतश्चन्द्रो वामं हीनस्त्यपरं रविर्न शुभा गदिता योगा भवन्ति शुभेक्षिता ॥

जन्मकुण्डली के द्वितीय स्थान (धन भाव) में जितने पाप ग्रह रहते हैं सब उस जातक के लिये धन के सम्बन्ध में हानिकारक होते हैं। यदि धनभावस्थ ग्रह सब शुभ ग्रह हों तो हर तरह से धन, ऐश्वर्य, सुख आदि जातक को प्राप्त होता है ॥ १ ॥

क्रूराश्चतुर्षु केन्द्रेषु तथा क्रूरा धनेऽपि च।
दरिद्रयोगं जानीयात्स्वपक्षस्य भयङ्करम् ॥ २ ॥

जिसके जन्मकालिक केन्द्र स्थानों (१, ४, ७, १०) में पाप ग्रह हों तथा द्वितीय स्थान में भी पाप ही हों तो इस योग में जन्मा हुआ लड़का निपट दरिद्र होगा तथा अपने परिवारों को भी चौपट करनेवाला पुरुष होगा यह कहना चाहिये ॥ २ ॥

अष्टमस्थो यदा भौमस्त्रिकोणे नीचगो रविः।
स शीघ्रमेव जातः स्याद्भिक्षाजीवी च दुःखितः ॥ ३ ॥

यदि किसी कुण्डली के आठवें घर में मङ्गल तथा सूर्य अपने नीच (तुला राशि) में रहते त्रिकोण (नौवें, पाँचवें) में पड़ जाय तो जातक जन्म लेने के बाद बहुत शीघ्र (याने बालावस्था में ही) दुःखी होकर भीख माँगने वाला महा अधम आदमी होगा, यह कहें ॥ ३ ॥

कन्यायां च यदा राहुः शुक्रो भौमः शनिस्तथा।
तत्र जातस्य जायेत कुवेरादधिकं धनम् ॥ ४ ॥

जिसके जन्मकालिक राहु, शुक्र, मङ्गल और शनैश्चर कन्या राशि में बैठे हों उसको कुबेर से भी अधिक धन प्राप्त होता है याने इस योग में महा धनाढ्य पुरुष होता है ॥४॥

अर्कः केन्द्रे यदा चन्द्रो मित्रांशे गुरुणेक्षितः।
वित्तवान् ज्ञानसम्पन्नो जायते च तदा नरः ॥ ५ ॥

यदि सूर्य किसी के जन्मकाल में केन्द्रगत हो, चन्द्रमा किसी राशि में रहते अपने मित्र के नवांश में पड़े, तथा चन्द्रमा बृहस्पति से देखा जाय तो जातक धनी एवं विद्वान् होता है इसमें संशय नहीं है ॥ ५ ॥

स्वक्षेत्रस्थो यदा जीवो बुधः सौरिस्तथैव च।
तदा जातस्य दीर्घायुः संपत्तिश्च पदे पदे ॥ ६ ॥

जिसके जन्मकालिक बृहस्पति, बुध तथा शनैश्चर ये तीनों ग्रह अपने २ घर में रहें याने बृहस्पति धनु—मीन में, बुध कन्या—मिथुन में, शनैश्चर मकर—कुम्भ में दीख पड़े तो उस आदमी की बड़ी लम्बी आयु तथा पद—पद में काफी सम्पत्ति प्राप्त होती है अर्थात् इस योग में जन्म लेने वाला आदमी धनी एवं बहुत दिनों तक जीने वाला होता है ॥ ६ ॥

लग्नं लग्नेशसंयुक्तं यस्य जन्मनि जायते।
न मुञ्चन्ति गृहं तस्य कुलस्त्रिय इव श्रियः ॥ ७ ॥

जिसका जन्मलग्न—पति लग्न ही में रहे उसके घर को लक्ष्मी कुलस्त्री की तरह कभी नहीं छोड़ती, याने इस हालत में वह जातक सर्वदा धनी बना रहता है ॥ ७ ॥

चन्द्रेण मङ्गलो युक्तो जन्मकाले यदा भवेत्।
तस्य जातस्य गेहं तु लक्ष्मीर्नैव विमुञ्चति ॥ ८ ॥

जिस जातक के जन्मकाल में जहाँ–कहीं मङ्गल के साथ चन्द्रमा पड़े तो जानना कि इसके घर को लक्ष्मी कभी नहीं छोड़ेगी ॥ ८ ॥

मासमध्ये तु यत्संख्यदिवसैर्जायते पुमान्।
तत्संख्यवर्षभुक्तौ तु लक्ष्मीर्भवति निश्चितम् ॥ ९ ॥

उपरोक्त योग में जातक को कितनी उमर होने पर लक्ष्मी का शुभा गमन होता है यह जानने के लिये उपाय – तिथि के विचार से जितने दिन महीना के गुजरने पर जातक का जन्म हुआ हो उतने वर्ष के बाद उसके घर में लक्ष्मी हमेशः रहेगी ॥९॥

सहजभावविचारः—

पापैस्तृतीयगैः सर्वैर्बान्धवै रहितो भवेत्।
सौम्यैश्च भ्रातृसंयुक्तः कीर्तियुक्तो धनप्रियः ॥ १ ॥

जिसके सहज भाव में जन्मकालीन सभी पाप ग्रह (शनि, मङ्गल, राहु और क्षीण चन्द्र) पड़ जाँय उस जातक को सहोदर भाई नहीं रह सकता, बहुधा भाई का जन्म ही न हो, यदि उसी भाव में सब शुभ ग्रह आ जाँय तो सहोदर भाई वाला, कीर्ति (मन्दिर, धर्मशाला, क्षेत्र आदि) से सहित यशस्वी एवं धन का अनुरागी पुरुष होता है ॥ १ ॥

लग्नात्तृतीयभवने शिखिना सह चंद्रमाः।
लक्ष्मीवाञ्जायते बालो भ्रातृहीनो न संशयः ॥ २ ॥

जिसके तृतीय भाव में केतु और चन्द्रमा बैठे हों वह पूरा धनवान् तो हो पर उसे सहोदर भाई का दर्शन तक नहीं होता, यह निश्चय है ॥ २ ॥

आदौ जाताद्रविर्हन्ति पश्चाद्भौमशनैश्चरौ।
राहुनामा ह्युभौ हन्ति केतुः सर्वनिवारकः ॥ ३ ॥

यदि जन्मकालीन सूर्य तीसरे में पड़े तो जातक के बड़े भाई (या बहन जो पहले इसके जन्म से अव्यवहित पूर्व में पैदा भया हो) का नाशक होता है, मङ्गल और शनैश्चर ये दोनों तीसरे भाव में रहें तो छोटे भाई (या बहन) को नाश करें। इसी

१ अस्य तृतीयचरणे पूर्वपाठः–'राहुणा च ह्युभौ हन्ति' यत्र चोक्तग्रहाणां सहजभावगतत्वं नोपलभ्यते। एवमत्र बहुभिर्मतभेदो यथा कस्य चित्पद्यम्—
'अग्रजन्तु रविर्हन्ति पृष्ठजन्तु शनैश्चरः। अग्रजं पृष्ठजं हन्ति सहजस्थो धारासुतः'।

तरह राहु उसमें पड़े तो छोटे-बड़े दोनों को मारने वाला होता है। यदि केतु रहे तो कुछ भी बुरा फल न हो, अर्थात् तृतीय केतु सब दोशों को नाश करने वाला होता है ॥३॥

स्वक्षेत्रस्थो यदा राहुर्धनस्थाने बृहस्पतिः ।
बुधेन च समायुक्तस्तस्य बन्धुत्रयं भवेत् ॥ ४ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकाल में राहु अपने स्थान (कन्या राशि) पर तथा उसी में बृहस्पति बुध के साथ बैठे रहें तो जानना कि उसे तीन भाई होंगे।

लग्ने चन्द्रो धने शुक्रो व्यये च बुधभास्करौ ।
राहुश्चेत् पञ्चमे बालः स भवेद्बन्धकृत्सदा ॥ ५ ॥

जिसके जन्मलग्न में चन्द्रमा, दूसरे में शुक्र, बारहवें में बुध एवं सूर्य और पाँचवें घर में राहु दिखाई दे तो जातक अपने सहोदर भाइयों को राजनैतिक विभाग में जेल दिलाने वाला होता है, (गौण अर्थ से भाईयों को जान से मारने वाला समझना चाहिये) ॥ ५ ॥

धनस्थाने यदा क्रूरो भौमः सौरिसमन्वितः ।
सहजे च भवेद्राहुर्भ्राता तस्य न जीवति ॥ ६ ॥

यदि किसी के जन्मकालिक चक्र के धन स्थान में कोई भी पाप ग्रह हो, एवं सहज भाव में शनैश्चर के साथ मंगल रहे और उसी में राहु रहे तो जानना कि उस आदमी के भाई नहीं जीवित रहेंगे ॥ ६ ॥

षष्ठे च भवने भौमः सप्तमे राहुसम्भवः ।
अष्टमे च यदा सौरिर्भ्राता तस्य न जीवति ॥ ७ ॥

जिसके छठें घर में मङ्गल, सप्तम में राहु तथा अष्टम में शनि पड़े उस लड़के के भाई नहीं जीते हैं, अर्थात् भाइयों में वह अकेला रहेगा, यह निश्चय है ॥७॥

विलग्नस्थो यदा जीवो धने सौरिर्यदा भवेत् ।
राहुश्च सहजे स्थाने भ्राता तस्य न जीवति ॥ ८ ॥

यदि लग्न में बृहस्पति, दूसरे में शनैश्चर तथा सहज में राहु पड़े तो उस आदमी के सहोदर भाई न जीवे जैसा कि शास्त्र में कहा गया है ॥ ८ ॥

सप्तमे भवने भौमश्चाष्टमेऽपि सितो यदि ।
नवमे च भवेत्सूर्यः स्वल्पायुश्च समूर्जितः ॥ ९ ॥

पूर्वपाठः—१ इतोऽग्रेऽन्यो भ्रष्टाशयः श्लोकः पूर्वपाठे यथा—
'तस्य भ्राता भवेदन्यः पिता चार्यं समुद्धरेत् ।
तस्य चैको भवेत्पुत्रः सोऽपि विघ्नैर्विनश्यति ॥'

जिसके सातवें घर में मङ्गल, आठवें में शुक्र, नवम में सूर्य वर्त्तमान दीख पड़े वह धनवान् पूरा हो, परन्तु आयु कम होती है याने थोड़े ही उमर में जातक मर जाय ॥९॥

उदयति मृदुभांशे सप्तमस्थे च मन्दे
यदि भवति निषेकः सूतिरब्दत्रयेण।
शशिनि तु विधिरेष द्वादशाब्दे प्रकुर्या-
न्निगदितमिह चिन्त्यं सूतिकालेऽपि युक्त्या ॥ १० ॥

जिस जातक का गर्भाधान कालिक लग्न मकर के नवांश में पड़े और शनैश्चर उस लग्न से सातवीं जगह पर बैठा हो तो जानना कि ऐसे जातक का जन्म गर्भाधान के बाद तीन वर्ष पूरा होने पर हुआ है (साधारणतः दश महीने पर जन्म लिखा है, परन्तु इस योग में वैसा नहीं) यह समझना चाहिये। इसी तरह यदि लग्न (गर्भाधान-कालिक) कर्क के नवांश में रहे और कर्क-स्वामी चन्द्रमा सप्तम प्रतीत हो तो बारह वर्ष पर प्रसूति होगी (यह योग बहुत जगह पर घटता है) ॥ १० ॥

[1]पुंग्रहो यस्य सहजे ह्युच्चस्थानगतो भवेत्।
भ्रातृषट्कं विजानीयादन्यथा भगिनी स्मृता ॥ ११ ॥

यदि किसी आदमी के सहज भाव में पुरुष ग्रह (सूर्य, गुरु, मङ्गल) अपने उच्च स्थान में रहते हुए पड़े तो जानना कि वह छः सहोदर भाई वाला होगा। यदि स्त्री ग्रह (चन्द्र, शुक्र, बुध) पड़े तो बहन इसी तरह नपुंसक के रहने से नपुंसक होगा यह अर्थ से सिद्ध होता है ॥ ११ ॥

सुखभावफलम्—

तुर्यस्थाने स्थिता पापा बालत्वे मातृकष्टदाः।
सौख्यं सौम्याः प्रकुर्वन्ति राजसन्मानदायकाः ॥ १ ॥

जिसके चतुर्थ भाव में जन्मकालिक पाप ग्रह बैठे रहें उसके बाल्यकाल में उसकी माता को बहुत कष्ट कहें। अगर शुभ ग्रह हों तो हर तरह से सुख हो, तथा किसी राजा से भी आदर प्राप्त होता है, जैसा कि आचार्यों का मत है ॥ १ ॥

लग्नाच्चतुर्थगः पापो यदि स्याद्बलवत्तरः।
सदा मातृवधं कुर्यात्केन्द्रे वा न परो यदि ॥ २ ॥

जिसके जन्मकालिक भी पाप ग्रह बली होकर लग्न से चौथी जगह पर विद्यमान हो और केन्द्र (प्रथम, चतुर्थ, सप्तम, दशम) में कोई ग्रह न रहे तो वह जातक अपनी माता को नाश करने वाला होता है, इसमें संशय नहीं मानना चाहिये ॥ २ ॥

पूर्वपाठः—१ "पुंग्रहोच्चस्थितो यस्य पत्रिकायां नरस्य च। तस्य षष्ठो भवेद्भ्राता चान्यथा भगिनी भवेत्।"

द्वितीये द्वादशे स्थाने यदा [1]पापो व्यवस्थितः।
तदा मातुर्भयं विन्द्याच्चतुर्थे दशमे पितुः॥ ३॥

यदि किसी कुण्डली के द्वितीय और द्वादश इन दोनों स्थानों में पाप ग्रह बैठा हो तो उसकी माता को मरने का भय कहें एवं लग्न से चौथे दसवें स्थान में पाप ग्रह को रहने से जातक के पिता की मृत्यु-शङ्का जाने, यह योग बड़ा प्रबल है॥ ३॥

पापमध्यगते लग्ने चन्द्रे वा पापसंयुते।
[2]सौम्ये निधनगे पापे मातृहा सप्तवासरे॥ ४॥

जिसके जन्म समय के लग्न दो पाप ग्रहों के बीच में याने लग्न से दूसरे और बारहवें पाप ग्रह हों और उसी में चन्द्रमा रहे तथा शुभ ग्रह पाप ग्रह के साथ या केवल पाप ग्रह अष्टम में आ जायँ तो इस जातक की माता सात दिन में ही मर जायगी यह कहना चाहिये॥ ४॥

चतुर्थे हन्यते माता दशमे च तथा पिता।
सप्तमे भवने क्रूरास्तस्य भार्या न जीवति॥ ५॥

यदि किसी के चतुर्थ भाव में पाप ग्रह पड़े तो माता, दशम में पड़े तो पिता, तथा सप्तम स्थान में पड़े तो स्त्री शीघ्र मर जाती है, जैसा कि ग्रन्थ में लिखा है॥ ५॥

शन्यङ्गारकमध्यस्थः सूर्यः कुर्यात्पितुर्वधम्।
मध्ये वा रजनीनाथो मातुर्मरणमादिशेत्॥ ६॥

यदि सूर्य शनैश्चर और मङ्गल के बीच में पड़े याने सूर्य से दूसरे-बारहवें शनैश्चर मङ्गल व्यवस्थित देखे जायँ तो जातक का पिता एवं इसी तरह चन्द्रमा पड़े तो माता का मरण शीघ्र होगा यह कहना चाहिये॥ ६॥

चन्द्रादष्टमगे पापे चन्द्रे पापसमन्विते।
[3]पापैर्बलिष्ठैः संदृष्टे सद्यो भवति मातृहा॥ ७॥

जिसके जन्मकालिक चन्द्रमा से आठवीं जगह पर पाप ग्रह हो, और चन्द्रमा भी किसी पाप ग्रह के साथ रहे, एवं बली अन्यान्य पाप ग्रहों से देखे जाते हों तो भी जातक की माता का मरण बहुत शीघ्र होगा यह निश्चय करके कहना चाहिये॥ ७॥

लग्नस्थाने यदा जीवो धनस्थाने शनैश्चरः।
राहुश्च सहजस्थाने माता तस्य न जीवति॥ ८॥

यदि बृहस्पति जन्म लग्न में, शनैश्चर दूसरे में, राहु सहज में वर्त्तमान हो तो ऐसे योग में उत्पन्न बालक की माता शीघ्र ही मर जाती है॥ ८॥

पूर्वपाठः—१ यदा पापो व्यपोहति। २ सौम्येन धनगे पापे। ३ पापैर्बलिष्ठः संदृष्टः।

सिंहे भौमस्तुले सौरिः कन्यायां वा सितोभवेत्।
मिथुने च यदा राहुर्जननी तस्य नश्यति ॥ ९ ॥

जिस जातक के जन्मकालीन मङ्गल, सिंह राशि में, शनैश्चर तुला में या शुक्र कन्या राशि में तथा राहु मिथुन में दीख पड़े तो उसकी माता शीघ्र मर जायगी, यह जानना चांहिये ॥ ९ ॥

चन्द्रः पापग्रहैर्युक्तश्चन्द्रो वा पापमध्यगः।
चन्द्रात्सप्तमगः पापस्तदा मातृवधो भवेत् ॥ १० ॥

जिसके चन्द्रमा पाप ग्रहों के साथ रहे या दो पाप ग्रहों के बीच में (पूर्वनियमानुसार) पड़े तथा चन्द्रमा से सातवीं जगह पर भी कोई पाप ग्रह सवार रहे तो जानना कि इसकी माता असमय में ही मर जायगी ॥ १० ॥

एकादशे यदा क्रूरः पंञ्चमे शुक्रशीतगू।
प्रथमं कन्यका जाता माता तस्यास्तु कष्टगा ॥ ११ ॥

यदि एकादश भाव में पाप ग्रह, पञ्चम में शुक्र और चन्द्रमा आ जायँ तो जानना कि इस जातक की माता को पहली सन्तति कन्या हुई होगी तथा उसे बहुत कष्ट भोगना पड़ेगा (यदि प्रथम हो तो यह कन्या की कुण्डली है यह उसीसे सिद्ध है) जैसा कि ग्रन्थ में लिखा है ॥ ११ ॥

धने राहुर्बुधः शुक्रः सौरिः सूर्यो यदा ग्रहाः।
तदा मातुर्भवेन्मृत्युर्मृतोऽयं परिजायते ॥ १२ ॥

जिसके धन स्थान में राहु, बुध, शुक्र, शनैश्चर एवं सूर्य सभी एक साथ व्यवस्थित देख पड़े तो उसकी माता मर जायगी तथा स्वयं भी (जातक) मृत्यु पावेगा यह जानना चाहिये इसमें संशय नहीं है ॥ १२ ॥

नीचस्थानगते चन्द्रे तिष्ठेद्वै भार्गवात्मजः।
पापसक्तो महाक्रोधी माता तस्य न जीवति ॥ १३ ॥

यदि किसी के जन्मकालिक चन्द्रमा अपने नीच स्थान (वृश्चिक) में रहे तथा शुक्र भी उसी में रहे तो जानना कि वह बालक महा पापी, बड़ा क्रोधी होगा एवं उसकी माता भी बहुत शीघ्र मृत्यु पावेगी ॥ १३ ॥

द्वादशे रिपुभावे च यदा पापग्रहो भवेत्।
तदा मातुर्भयं विन्द्याच्चतुर्थे दशमे पितुः ॥ १४ ॥

बारहवें और छठे भाव में यदि पाप ग्रह पड़े तो माता मरे, एवं चौथे—दशवें में पड़े तो पिता मर जाय, कदाचित् मरे नहीं तो मरण तुल्य कष्ट अवश्य होगा ॥१४॥

पूर्वपाठः—१ पञ्चमे शुक्रशीतगौ।

त्रिसप्तगो दिवानाथो जेन्मस्थश्च महीसुतः ।
तस्य माता न जीवेत वर्षमेकं पलद्वयम् ?[२] ॥ १५ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालीन सूर्य कुण्डली के तीसरे या सातवें घर में वर्त्तमान हो तथा मंगल लग्न ही में आसन जमाया हो तो उसकी माता एक वर्ष के अन्त तक अवश्य मर जाती है ॥ १५ ॥

द्यूनाष्टमगते पापे क्रूरग्रहनिरीक्षिते ।
जनन्या सह मृत्युः स्याद्बालकस्य न संशयः ॥ १६ ॥

जिसके सप्तम और अष्टम इन दोनों स्थानों में पार ग्रह हों तथा अन्य पाप ग्रह की दृष्टि भी इनके ऊपर आती हो तो निश्चय करके जातक तथा उसकी माता दोनों बहुधा साथ ही मर जायँ ऐसा जानना चाहिये ॥ १६ ॥

सुतभावविचार :—

पञ्चमस्थाः शुभाः सर्वे पुत्रसन्तानकारकाः ।
क्रूराः सन्ततिमृत्युं च कुपुत्रं च धरासुतः ॥ १ ॥

पञ्चम भाव में स्थित सभी शुभ ग्रह सन्तान—कारक होते हैं। यदि पाप ग्रह हों तो सन्तान होकर मर जाय, यदि मङ्गल पञ्चम में पड़ें तो उस जातक को पुत्र नहीं होता है ॥ १ ॥

बालस्य जन्मकाले तु पञ्चमो धरणीसुतः ।
अपुत्रश्च भवेद्बालो नारी चैव विशेषतः ॥ २ ॥

जिसके पञ्चम भाव में मङ्गल रहे वह आदमी पुत्रहीन होता है, यदि कन्या की कुण्डली रहे तो निश्चय करके उसे अपुत्रा कहना चाहिये, कभी पुत्र न हो ॥२॥

अपुत्रं कुरुते भानुः पुत्रमेकं[३] निशाकरः ।
सशोकं पुत्रहीनं च पञ्चमो धरणीसुतः ॥ ३ ॥

यदि किसी के पुत्र भाव (पञ्चम स्थान) में सूर्य पड़े तो वह जातक पुत्रहीन हो, चन्द्रमा (खास कर क्षीण बली) रहे तो सिर्फ एक पुत्र हो, किन्तु यदि मङ्गल बैठा हो तो जानना कि यह जातक अवश्य पुत्रहीन होकर अनेक प्रकार के शोक से सदैव पीड़ित रहेगा, इसमें जरा भी सन्देह नहीं है ॥ ३ ॥

उँचे वा यदि वा नीचे पञ्चमः शिखिखेचरः ।
हाहाकारं च कुरुते पुत्रशोकेन पीडितः ॥ ४ ॥

पूर्वपाठः—१ त्रिः—सप्तगो दिवानाथो—२ अत्रासम्बद्धोऽयमपि श्लोक उपलभ्यते

यथा लग्ने च द्वादशे यदि पापग्रहो भवेत् ।
तस्य माता भवेद्वन्ध्या पिता तस्य न जीवति ॥

३ पुत्रमेको निशाकरः । ४ उच्चो वा यदि नीचः पञ्चमःशिखिना स्थितः ।

यदि किसी जातक के जन्मकालिक केतु उच्च या नीच जहाँ—कहीं रहते पञ्चम भाव में पड़े तो उसको कभी पुत्र नहीं हो सकता है, जीवन-भर पुत्र न होने के शोक से पीड़ित रहेगा ॥ ४ ॥

ऋतुरेतोऽप्यदृष्टं स्याद् यदि चैको न पश्यति ।
अप्रसूतो भवेन्नापि बहुस्त्रीपरिणेतृकः ॥ ५ ॥

यदि उसी पञ्चमस्थ केतु के ऊपर किसी ग्रह की दृष्टि न रहे तो पुत्र की उत्पत्ति कौन कहे उस जातक की स्त्री को मासिकधर्म भी बन्द हो जाता है, बाद उसके विवश होकर जातक पुत्र की कामना से दूसरी, तीसरी एवं चौथी स्त्री भी करले परन्तु किसी में पुत्र की पैदाइश न हो याने हमेशा सन्तान हीन रहे उसे कन्या भी न हो यह समझना चाहिये ॥ ५ ॥

पापः पञ्चमराशौ जातं जातं शिशुं विनाशयति ।
सप्तमराशौ पापा द्वे भार्ये बादरायणेनोक्तम् ॥ ६ ॥

जिसके लग्न से पाँचवीं जगह पर पापग्रह दीख पड़े तो जानना कि उस जातक को पुत्र तो होगा पर जल्दी मर जायगा, एवं सप्तम भाव में पाप ग्रह के रहने से उसको दो स्त्रियाँ होंगी यह बादरायण का कथन है ॥ ६ ॥

एकः पुत्रो रवौ वाच्यश्चन्द्रे चैव सुताद्वयम् ।
भौमे पुत्रास्त्रयो वाच्या बुधे पुत्रीचतुष्टयम् ॥ ७ ॥

यदि पञ्चम स्थान में सूर्य रहे तो एक पुत्र, चन्द्रमा (क्षीण) रहे तो सिर्फ दो कन्यायें, मङ्गल रहे तो तीन पुत्र एवं बुध रहे तो चार कन्यायें होंगी यह कहना चाहिये ॥७॥

गुरौ गर्भे सुताः पञ्च षट् पुत्र्यो भृगुनन्दने ।
शनौ च गर्भपातः स्याद्राहौ गर्भो भवेन्न हि ॥ ८ ॥

यदि बृहस्पति रहे तो उसको पाँच पुत्र, शुक्र हो तो छः कन्यायें तथा शनैश्चर पड़े तो गर्भ हो तो पर सन्तान न हो, अर्थात् गर्भपात हो जाय इसी तरह राहु दीख पड़े तो जानना कि गर्भ हीन होगा, एक दम उसकी स्त्री बन्ध्या हो जायगी ॥८॥

सुतस्थाने द्विपापौ वा त्रिपापाश्चात्र संस्थिताः ।
तदा स्त्री पुरुषौ वन्ध्यौ विज्ञेयौ सुतवीक्षिते ॥ ९ ॥

जिसके पुत्रभाव (लग्न से पाँचवीं जगह) में दो पाप ग्रह या तीन पाप ग्रह पड़े रहें तथा और भी किसी वैसे ग्रह की दृष्टि पाँचवें घर पर पड़ती हो तो स्त्री पुरुष दोनों

---

१ ऋतुरेतो अदृष्टो वा यदि चैको न पश्यति ।
अप्रसूतो भवेत्पुरुषः परिणयेद्द्वित्रिचतुःस्त्रियः ॥

पूर्वपाठः—२ इतः पूर्वमयमपि श्लोको भ्रष्टप्रायः पूर्वोक्त एवासीत्—एकत्रिपञ्चः—
पुत्राणि सूर्ये धीस्थे कुजे गुरौ । द्वित्रिपञ्च च सप्तैव पुत्रीन्दौ ज्ञासिते शनिः ॥

बन्ध्या हों। एक को बन्ध्या होने से दूसरी शादी करने पर पुत्र की सम्भावना रहती है परन्तु इस हालत में किसी को पुत्रोत्पत्ति-जननी शक्ति नहीं रहती है ॥९॥

[1]पुंराशौ लग्नपतिः सुताधिपं वीक्षते वापि[2]।
सन्ततिबाधां कुरुते केन्द्रे पापान्विते चन्द्रे ॥ १० ॥

जिस जातक का जन्मलग्नेश पुरुष संज्ञक राशि (मेष, मिथुन, सिंह, तुला, धनु कुम्भ) में रहे तथा पुत्रभावाधिपति को देखता हो एवं पाप ग्रह के साथ चन्द्रमा केन्द्र (१, ४, ७, १०) में वर्त्तमान हो तो उसको सन्तान नहीं यह कहना चाहिये ॥१०॥

[3]लग्नात्पुत्रकलत्रभे शुभपतिप्राप्तेऽथ वाऽलोकिते
चन्द्राद्वा यदि संपदस्ति हि तयोर्ज्ञेयोऽन्यथा सम्भवः।

पूर्वपाठः—१ इतः पूर्वमिमावापि श्लोकौ—ऋतुश्चकथितः शुक्रो रेतो भौमः प्रकीर्त्तितः भौमः पश्यति यद्वर्षे तद्वर्षे गर्भसंस्थितिः ॥ १ ॥ ऋतुरेतश्च संपर्कों जायते विषमा गतिः। करसम्पुटमादाय बन्ध्या भवति निश्चितम् ॥ २ ॥

२ सुताधिपं वीक्षते नापि।

३ लग्नात्पुत्रकलत्रभे शुभपतिः प्राप्तेऽथवालोकिते,
चन्द्राद्वा यदि सम्पदस्तु हि तयोर्ज्ञेयो यथासम्भवः।
पापेनोदयगे रवौ रविसुते मीनस्थिते दारहा,
पुत्रस्थानगतश्च पुत्रमरणं पुत्रो वने यच्छति ॥
अत्र प्रसङ्गादौरसादिद्वादशविधपुत्रप्राप्तियोगाः सारावलीलिखिताः प्रदर्श्यन्ते—
शुभभवनमथ शुभयुतं शुभदृष्टं वा सुतर्क्षमिह येषाम्।
तेषां प्रभवः पुंसां भवत्यवश्यं न विपरीतम् ॥ १ ॥
एकतमे गुरुवर्गे शुभराशावौरसो भवेत्पुत्रः।
लग्नाच्चन्द्रादथवा बलयुक्ताद्वीक्षितोऽपि वा सौम्यैः ॥ २ ॥
संख्यास्वांशतुल्या सौम्यांशे तावती सदा दृष्टा।
सौरर्क्षे सौरगुणो बुधदृष्टो गुरुकुजार्कदृग्घीनः।
क्षेत्रजपुत्रं जनयति बोधोऽपि गुणो रविजदृष्टः ॥ ४ ॥
मान्दं सुतर्क्षमिन्दुं निरीक्षते यदि शनैश्चरेण युतम्।
दत्तकपुत्रोत्पत्तिः क्रीतश्च बुधस्य चैवं स्यात् ॥ ५ ॥
सप्तमभावे कौजे सौरयुते पञ्चमे सदा भवने।
कृत्रिमपुत्रं विद्याच्छेषग्रहदर्शनान्मुक्ते ॥ ६ ॥
वर्गे पञ्चमराशौ सौरे सूर्ये च तत्र संयुक्ते।
लोहितदृष्टे वाच्यो जातश्च सुतोऽधमप्रभवः ॥ ७ ॥
चन्द्रे भौमांशगते धीस्थे मन्दावलोकिते भवति।
गूढोत्पत्तिः पुत्रः शेषग्रहदर्शनायाते ॥ ८ ॥

पाथोनोदयगे रवौ रविसुते मीनस्थिते दारहा
पुत्रस्थानगतश्च पुत्रमरणं पुत्रोऽवनेर्यच्छति ॥ ११ ॥

यदि लग्न से या जन्मकालिक चन्द्रमा से पाँचवाँ स्थान (पुत्रभाव) शुभ ग्रह से या अपने स्वामी से सहित हो या उनसे देखा जाता हो तो पुत्र अवश्य होगा, एवं लग्न या चन्द्रमा से सप्तम स्थान (जाया भाव) शुभ ग्रह से या जायाधीश से सहित अथवा देखा जाता हो तो स्त्री होगी यह कहना चाहिये। यदि उक्त लक्षण न रहे तो पञ्चम भाव के विचार से पुत्रहीन एवं सप्तम भाव से स्त्री हीन (अविवाहित) रहना समझना चाहिये। यदि सूर्य जन्मराशिगत होते हुए लग्न में पड़ जायँ याने जन्म लग्न कन्या हो और उसी में सूर्य रहे तथा शनैश्चर मीन राशि में पड़ा रहे तो अपनी स्त्री को नाश करनेवाला जातक होगा और इसी स्थिति में यदि मङ्गल पञ्चम-भाव गत हो अर्थात् मकर राशि में पड़ जाय तो उसके पुत्र का मरण कहना चाहिये ॥ ११ ॥

लग्ने द्वितीये यदि वा तृतीये विलग्ननाथे प्रथमः सुतः स्यात्।
तुर्यस्थितेऽस्मिंश्च सुतो द्वितीयः पुत्री सुतो वेति पुरःप्रकल्प्यम् ॥

यदि जन्मलग्नेश किसी आदमी के लग्न ही में या दूसरे में या तीसरे में रहे तो पहली सन्तति बालक, दूसरी कन्या होती है। यदि चतुर्थ में रहे तो पहले कन्या, बाद में पुत्र, इसी तरह आगे भी एकान्तरक्रम से पहली सन्तान कन्या या पुत्र कहना शास्त्र में लिखा है ॥ १२ ॥

धनस्थाने यदा क्रूरः क्रूरग्रहसमन्वितः।
न पश्यति निजक्षेत्रमल्पपुत्रस्तदा भवेत् ॥ १३ ॥

तस्मिन्नेव च भौमे शनिवर्गस्थे निरीक्षिते रविणा।
पुरुषस्य भवति पुत्रोऽपविद्ध इति चरकमुनिवचनात् ॥ ९ ॥
शनिवर्गस्थे चन्द्रे शनियुक्ते पञ्चमे सदा सौरे।
शुक्ररविभ्यां दृष्टे पुत्रः पौनर्भवो भवति ॥ १० ॥
चूड़ा यदार्कसत्वात्कलाद्दतस्यैव पञ्चमे भवने।
रविदृष्टेऽप्यथ सहिते कानीनः सम्भवति पुत्रः ॥ ११ ॥
वर्गे रविचन्द्रमसोः सुतगेहे चन्द्रसूर्यसंयुक्ते।
शुक्रेण दृष्टमात्रे पुत्रः कथितः सहोढश्च ॥ १२ ॥
पापैर्बलिभिर्युक्ते पापर्क्षे पञ्चमे सदा राशौ।
जातः पुत्रः पुरुषः सौम्यग्रहदर्शनातीते ॥ १३ ॥
शुक्रनवांशे तस्मिन् शुक्रेण निरीक्षिते स्वपत्यानि।
दासीप्रभवानि वदेच्चन्द्रोऽपि केचिदाचार्याः ॥ १४ ॥
सितशशिवर्गे धीस्थे ताभ्यां दृष्टेऽथवापि संयुक्ते।
प्रायेण दारिकाः स्युस्तद्राशिगणोऽपि वान्यथा पुत्राः ॥ १५ ॥

यदि धन भाव में दो पाप ग्रह पड़े हों और वे अपने स्थान को नहीं देखते रहें तो जानना कि यह कुण्डली वाला जातक को पुत्र बहुत कम (एक या दो) होंगे ॥१३॥

सहजे सहजाधीशो लग्ने वाथ धने भवेत्।
जायते न तदा बालो यदि जातो न जीवति ॥ १४ ॥

जिसके सहज भाव (तृतीय स्थान) का मालिक तृतीय में, या दूसरे स्थान में वर्त्तमान रहे तो उसको पुत्र नहीं होता है। कदाचित् अनुष्ठानादि से जन्म भी ले तो जल्दी मर जाय ऐसा समझना चाहिये ॥ १४ ॥

झषधनुर्धरपञ्चमभावगे प्रसवसौख्यफलं न च दृश्यते।
मृतप्रजः खलु पञ्चमगे गुरौ तदिह दृष्टिफलं शुभमश्नुते ॥१५॥

यदि पञ्चम भाव में किसी जातक को मीन या धनु राशि पड़ जाय तो उसकी स्त्री कभी गर्भवती नहीं होती, शायद गर्भ रहे भी तो नष्ट हो जाय। इसी तरह पञ्चम भाव में बृहस्पति के रहने से उसके बच्चे सब मर जायँ किन्तु शुभ ग्रह की दृष्टि रहे तो दो एक जीवित भी रहेगा जिसके द्वारा कुछ सुख इसे प्राप्त होगा ॥ १५ ॥

लाभे सुते वा शुक्रेन्दुसुते भौमोऽथवा क्रमात्।
शुक्रेन्दू पश्यतः पुत्रं वर्षेऽस्मिन् सन्ततिस्तदा ॥ १६ ॥

शुक्र, बुध, या मङ्गल जिस जातक के जन्मकालिक एकादश या पञ्चम भाव में दिखाई दे तो गति के वश जब कभी शुक्र और चन्द्रमा की दृष्टि पञ्चम भाव पर पड़ेगी उसी साल में इसे पुत्ररत्न का लाभ होगा यह कहना चाहिये ॥ १६ ॥

यत्र चैकादशे राहुः पञ्चमे च शिखी स्थितः।
सुताननं न दृश्येत यदीन्द्रोऽपि च सेव्यते ॥ १७ ॥

यदि ग्यारहवें स्थान में राहु और पञ्चम में केतु दोनों वर्त्तमान देखे जायँ तो इस कुण्डली वाले आदमी को पुत्र कभी न हो, उसके लिए साक्षात् इन्द्रही की पूजा क्यों न करे तथापि निज पुत्र का मुख देखना इस जन्म में उसे असम्भव है ॥ १७ ॥

रिपुभावविचारः—

षष्ठे क्रूरा नरं कुर्युः शत्रुपक्षविवर्जितम्।
सौम्याः षष्ठे महारोगान् षष्ठश्चन्द्रश्च मृत्युदः ॥ १ ॥

किसी भी कुण्डली के छठे घर में पाप ग्रह शुभ–कारक होते हैं, उस जातक की किसी व्यक्ति से शत्रुता नहीं रहती अजातशत्रु बनकर रहता है, परन्तु शुभ ग्रह उसी छठे स्थान में पड़े तो जातक को बड़ा कष्ट करने वाले होते हैं। यदि छठे चन्द्रमा हो तो मृत्यु कारक हैं यह समझना चाहिये ॥ १ ॥

जायाभावफलम्:—

कुभार्यां सप्तमे पापाः सौम्याः सर्वजनप्रियाम्।
गुरुशुक्रौ शचीतुल्यां रूपलावण्यशालिनीम्॥ १॥

जिसके सप्तम भाव में पाप ग्रह हों उसकी स्त्री भद्दी कुकर्म करनेवाली होती है, यदि शुभ ग्रह हों तो सब जनों के अनुकूल आचार-विचार रखनेवाली जाने। यदि उनमें से केवल बृहस्पति और शुक्र सप्तम भाव में रहें तो इन्द्राणी के समान कान्ति-गुणवाली भाग्यवती होती है, इसमें सन्देह नहीं है॥ १॥

षष्ठे च भवने भौमः सप्तमे सिंहिकासुतः।
अष्टमे च यदा सौरिर्भार्या तस्य न जीवति॥ २॥

जिसके लग्न के छठे मङ्गल, सातवें राहु तथा आठवें शनैश्चर पड़े उस जातक की स्त्री अधिक दिन तक नहीं जीवित रहती है॥ २॥

जायागृहे[1] सौरिशशी च राहुर्जायापतिः पश्यति नैजभावम्।
तस्यालये सम्भवतीह नारी श्यामा च गौरी बहुपुत्रिणी च॥३॥

यदि किसी आदमी के जायाभाव (सप्तम स्थान) में शनैश्चर और चन्द्रमा रहें तथा जायाभाव का मालिक जहाँ कहीं पर रहते अपने भाव को देखते हों तो जानना कि उसकी स्त्री पूर्ण गौराङ्गी सुन्दरी तथा अनेक पुत्रों को पैदा करनेवाली होती है॥३॥

लग्ने व्यये च पाताले यामित्रे चाष्टमे कुजे।
[2]कन्या भर्तुर्विनाशाय भर्ता कन्यां विनाशयेत्॥ ४॥

जिस पुरुष के जन्मसमय के लग्न, व्यय स्थान, चतुर्थ, सप्तम तथा अष्टम इनमें से किसी भी एक स्थान में मङ्गल रहे तो उसकी स्त्री जल्दी मर जाय, यदि स्त्री की कुण्डली में यह योग लगे तो उसका स्वामी शीघ्र मरे याने स्वयं विधवा हो जाय यह योग परम प्रबल है, इसका विचार करना आवश्यक समझना चाहिये (इसे मङ्गली योग कहते हैं)।

लग्ने पापग्रहे गौरो दुर्बलः शत्रुपीडितः।
भवेद्दुर्वाच्यतायुक्तस्तथा परवधूरतः॥ ५॥

जिस पुरुष के जन्मलग्न में पाप ग्रह बैठा हो वह गौर वर्ण शरीर वाला, बलहीन, शत्रुओं से पीड़ित लोगों के द्वारा बड़ी निन्दा पाने वाला तथा पर स्त्री के साथ सम्भोग करने वाला आदमी होता है॥ ५॥

लग्नाद्व्यये वा रिपुमन्दिरे वा दिवाकरेन्दू भवतस्तदानीम्।
स्यान्मानवस्यात्मज एक एव भार्यापि चैकेति वदन्ति सन्तः॥६॥

पूर्वपाठः—१ जायाभावे सौरिशशी च राहुर्जायापतिः पश्यति सौख्यबाल्यम्।
२ कन्यामर्त्ताविनाशाय भर्तुः कन्या विनश्यति।

यदि किसी मनुष्य के जन्मकालिक सूर्य और चन्द्रमा छठे या बारहवें स्थान में वर्त्तमान हों तो इस योग में उसे सिर्फ एक पुत्र तथा एक ही स्त्री होती है, यह बहुत आचार्यों का कथन है ॥ ६ ॥

गण्डान्तकाले च कलत्रभावे भृगोः[1] सुते लग्नगतेऽर्कजाते ।
बन्ध्यापतिः स्यान्मनुजस्तदानीं शुभेक्षिते[2] नो भवनं खलस्य ॥७॥

यदि किसी आदमी का जन्म गण्डान्त (तिथि-नक्षत्र-लग्न के भेद से तीन प्रकार के गण्डान्त हैं) में पड़े तथा सप्तम भाव में शुक्र, लग्न में शनैश्चर बैठे रहें, पापग्रह की राशि हो जिस पर शुभ ग्रहों की दृष्टि तक नहीं पड़ती है तो इस योग में उसकी स्त्री बन्ध्या होती है ॥ ७ ॥

व्ययालये वा मदनालये वा खलेषु बुद्ध्यालयगे हिमांशौ ।
कलत्रहीनो मनुजस्तनूजैर्विवर्जितः स्यादिति वेदितव्यम् ॥ ८ ॥

जिसके जन्मकालीन पाप ग्रह व्यय भाव में या जायाभाव में पड़ें, चन्द्रमा पञ्चम घर में रहे तो जानना कि इस स्थिति में वह जातक स्त्री एवं पुत्र कन्या से हीन रहेगा अर्थात् बहुधा अविवाहित रह कर काल व्यतीत करनेवाला होगा ॥ ८ ॥

प्रसूतिकाले[3] च कलत्रभावे यमे च भूमेस्तनयस्य वर्गे ।
ताभ्यां प्रदृष्टे व्यभिचारिणी स्याद्भार्या स्वयं च व्यभिचारकर्ता ९

यदि शनैश्चर किसी आदमी के जन्मकालीन सप्तम भाव में रहे तथा मङ्गल का षड्वर्ग हो एवं उन्हीं दोनों (मङ्गल, शनैश्चर) की दृष्टि भी पहुंचती हो तो उस पुरुष की स्त्री व्यभिचार करनेवाली होती है, तथा स्वयं पर-स्त्री में अनुरक्त रहे यह समझना चाहिये जैसा कि आचार्यों का कथन है ॥ ९ ॥

शुक्रेन्दुपुत्रौ च कलत्रसंस्थौ कलत्रहीनं कुरुतो नरं तौ ।
शुभेक्षितौ वा वयसो विरामेऽकामां च रामां लभते मनुष्यः ॥१०॥

जिसके जन्मकालीन सप्तम भाव में शुक्र और बुध दीख पड़ें वह सदैव स्त्री से रहित रहता है। यदि उक्त दोनों ग्रह शुभ ग्रह से देखे जाते हों ता किसी प्रकार सारी सम्पत्ति का करीब करीब अन्त कर वैवाहिक रीति से स्त्री पाता है जो स्त्री उतनी मनोरमा और अनुकूला न हो ॥ १० ॥

चन्द्राद्विलग्नाच्च खलाः कलत्रे हन्युः कलत्रं च लयं गतौ तौ ।
चन्द्रार्कपुत्रौ च कलत्रसंस्थौ पुनर्भवास्त्रीपरिलब्धिदौ स्तः ॥११॥

यदि चन्द्रमा से या लग्न से सप्तम स्थान में पाप ग्रह हों या अष्टम स्थानगत हों तो

पूर्वपाठः—१ भृगोः सुते लग्नगतेऽर्कजातः । २ शुभेक्षितं नो भवनं खलेन । ३ सम्भूतिकाले च कलत्रभावे यमस्य भूतिं तनयस्य वर्गे ।

उस जातक की स्त्री विवाह के बाद थोड़े ही दिनों में मर जाय, यदि चन्द्रमा और शनैश्चर सप्तमभावगत रहें तो विधवा स्त्री के साथ विवाह कहे ॥ ११ ॥

महीसुते सप्तमभावयाते कान्ताविमुक्तः पुरुषस्तदा स्यात् ।
मन्देन दृष्टे म्रियतेऽचिरात्तदा सूर्येण दृष्टे बहुदुःखपीडितः ॥१२॥

जिसके सप्तम भाव में सिर्फ मङ्गल देख पड़ें उसे स्त्री से रहित कहना चाहिये, यदि वही मङ्गल शनैश्चर से देखा जाता हो तो बहुत जल्दी स्वयं भी मर जाय एवं सूर्य की दृष्टि मंगल पर पड़ती हो तो बहुत बिमारी से पीड़ित होकर अनेक तकलीफ के साथ मृत्यु पावे यह निश्चय करके आचार्यों का कथन है ॥ १२ ॥

षष्ठे च भवने भौमः सप्तमे राहुसम्भवः ।
अष्टमे च यदा सौरिस्तस्य भार्या न जीवति ॥ १३ ॥

यदि किसी पुरुष के छठें घर में मंगल, सातवें में राहु, एवं आठवें में शनैश्चर पड़े तो जानना कि उसकी स्त्री विवाह के बाद शीघ्र ही मर जायगी ॥ १३ ॥

आयुर्भावविचारः, तत्रादावरिष्टभङ्गयोगकथनम्—

पूर्वमायुः परीक्षेत पश्चाल्लक्षणमादिशेत् ।
आयुर्हीननराणां हि लक्षणैः किं प्रयोजनम् ॥ १ ॥

कुण्डली मात्र में पहले जातक की आयु कितनी है इस बात का भली भाँति विचार करके तब और शुभाशुभ लक्षणों का उल्लेख करें, क्योंकि अगर आयु कम है तो शुभाशुभ किसका होगा, इसलिये सर्वप्रथम उसीका विचार करना चाहिए ॥ १ ॥

खेटाः सर्वे महा दुष्टा अष्टमस्थान माश्रिताः ।
शशाङ्कस्तु विशेषेण जन्मकाले च मृत्युदः ॥ २ ॥

किसी भी आदमी को जन्मकालिक अष्टम भाव में जो ग्रह बैठा रहे सब अनिष्ट कारक समझे जाते हैं, खासकर यदि चन्द्रमा रहें तो जातक का मरण हो जाय (इसमें और भी निवारक योग देखें जो कि आगे लिखे जाते हैं) ॥ २ ॥

कृष्णपक्षे दिवा जातः शुक्लपक्षे यदा निशि ।
तदा षष्ठाष्टमश्चन्द्रो मातृवत्परिपालकः ॥ ३ ॥

यदि किसी आदमी का जन्म कृष्णपक्ष के दिन समय में, एवं शुक्लपक्ष के रात्रि-समय में हों तो जानना कि छठे-आठवें घर में उपस्थित चन्द्रमा कुछ भी खराबी नहीं कर सकते, प्रत्युत माता की तरह स्नेह के साथ उसकी रक्षा करते (यह उचित एवं विशेषतः प्रामाणिक योग समझा जाता है) ॥ ३ ॥

पञ्चमस्थो निशानाथस्त्रिकोणे च बृहस्पतिः ।
दशमे च महीसूनुः शतवर्षं स जीवति ॥ ४ ॥

---

१ अत्रैकवर्णोऽधिकः ।

जिसके जन्मकालिक चन्द्रमा-पञ्चम स्थानापन्न हों बृहस्पति त्रिकोण (लग्न से पाँचवें—नवें) में रहे तथा मङ्गल दशवें में वर्त्तमान प्रतीत हो तो जानना कि यह आदमी सौ वर्ष के बाद मरेगा याने दीर्घायु होगा (यहाँ पर सौ उपलक्षण है) ॥४॥

शनैश्चरस्तुलाकुम्भमकरे यदि वा भवेत् ।
लग्ने षष्ठे तृतीये वा तदारिष्टं न जायते ॥ ५ ॥

यदि शनैश्चर तुला. कुम्भ, मकर इनमें रहते पहले छठें या तीसरे स्थान में पड़ जाय तो उस आदमी को कभी किसी प्रकार का अरिष्ट नहीं लगता, सुख— पूर्वक जीवन विताने वाला भाग्यशाली पुरुष होता है ॥ ५ ॥

केन्द्रे शुभो यदैकोऽपि बली विश्वप्रकाशक ।
सर्वे दोषाः क्षयं यान्ति दीर्घायुश्च भवेन्नरः ॥ ६ ॥

यदि खूब बली पूर्ण तेजस्क) एक भी शुभ ग्रह जातक की कुण्डली में केन्द्रगत हो जाय तो सब दोष नष्ट हो जाते हैं, प्रत्युत वह बहुत दिनों तक जीनेवाला पुरुष होता है यह जानना चाहिये ॥ ६ ॥

एँकोऽपि[2] केन्द्रे ज्ञसितेज्यकानां क्रूराः सहस्राणि विरुद्धयुक्ताः ।
तथापि सर्वाण्यपि यान्ति नाशं यथा मृगाः केसरिदर्शनेन ॥ ७ ॥

जिसके जन्मकालिक बुध, बृहस्पति, शुक्र इनमें से एक भी ग्रह केन्द्र में आ जाय, चाहे उसके साथ कितने ही पाप ग्रह भी क्यों न रहें परन्तु अरिष्टादि दोषा सब बिलकुल नष्ट हो जाते हैं, जैसे सिंह को देखते ही मृगों का समूह दूर भाग जाता है, उसी तरह सब पाप ग्रह कुछ नहीं कर सकते हैं ॥ ७ ॥

पाताले वाम्बरे लग्ने सुते धर्मे तथायगे ।
बृहस्पतिस्तथा शुक्रो नाशयेद्दुरितं बहु ॥ ८ ॥

यदि लग्न में, चतुर्थ में पाँचवें में, दशवें में या ग्यारहवें में बृहस्पति और शुक्र देख पड़े तो उस जातक को हर तरह से भलाई हो तथा और योगों की खराबियों का अन्त हो जाय ॥ ८ ॥

एकोऽपि केन्द्रे यदि तुङ्गसंस्थः[3] सर्वे ग्रहा भावगुणेन तुल्याः ।
सर्वेऽप्यरिष्टं च विनाशयन्ति तमो यथा भास्करदर्शनेन ॥ ९ ॥

जिसके जन्मसमय एक भी ग्रह अपने उच्च में रहते केन्द्र में पड़ जायँ, और ग्रह साधारणतः अपने भाव के गुणों के साथ मध्यम भी रहें तो भी उसके सब अरिष्ट नाश

पूर्वपाठः—१ इतोऽप्येकोऽतात्विकः श्लोकः—राहुर्वृषे त्रिभिर्दृष्टे केतुदृष्टे चतुष्टये ।
वृषे च गुरुशुक्राभ्यां दीर्घकालं स जीवति ॥
२ एकोऽपि केन्द्रे बुधजीवशुक्राः क्रूराः सहस्राणि विरुद्धयुक्ताः ।
३ उच्चसंस्थः ।

को प्राप्त करते हैं, एवं सर्वथा उसे सुखसौभाग्य की उपलब्धि होती है, जैसे सूर्य को उदित होते ही सारा अन्धकार—मण्डल खतम हो जाता और सूर्य के प्रकाश से दुनियाँ शोभित होती है ॥ ९ ॥

शुक्रो दश सहस्राणि बुधो दश शतानि च।
लक्षमेकं तु दोषाणां गुरुर्लग्ने व्यपोहति ॥ १० ॥

यदि शुक्र लग्न में रहे तो दश हजार दोषों का नाश करते हैं, बुध रहे तो एक हजार तथा बृहस्पति रहें तो लाखों दोषों को नाश करनेवाले होते हैं। वस्तुतः एक तो केन्द्री विशेषतः लग्नगत बृहस्पति होने से जातक सिंह की तरह आनन्दमय जीवन बिताता है ॥ १० ॥

केन्द्रत्रिकोणगो जीवः शुक्रो वा चन्द्रनन्दनः।
तस्य पुंसश्च दीर्घायुः स भवेद्राजवल्लभः ॥ ११ ॥

जिसके जन्मकालीन बृहस्पति, शुक्र अथवा बुध केन्द्र (१,४,७,१०) या त्रिकोण (९,५) में व्यवस्थित हों वह बहुत वर्षों तक जीने वाला तथा किसी राजा का परम प्रेमी बना रहता है ॥ ११ ॥

गुरुर्धनुषि मीने वा तथा कर्कटकेऽपि वा।
लग्नात्त्रिकोणे केन्द्रे वा तदारिष्टं न जायते ॥ १२ ॥

यदि किसी के जन्मकालिक बृहस्पति धनु, मीन अथवा कर्क इनमें से किसी भी एक राशि में रहे या लग्न से त्रिकोण अथवा केन्द्र में देखा जाय तो जानना कि इस आदमी को कोई अरिष्ट नहीं लगेगा ॥ १२ ॥

अजवृषकर्कटलग्ने रक्षति राहुः समग्रपीडाभ्यः।
पृथ्वीपतिः प्रसन्नः कृतापराधं यथा पुरुषम् ॥ १३ ॥

जिस जातक का जन्म मेष, वृष वा कर्क इनमें से किसी लग्न में सिद्ध हो तथा उसी में राहु भी रहे तो जातक को हर तरह की पीड़ाओं से वही राहु बचा लेता है जैसे कोई राजा अपराधी के ऊपर कभी प्रसन्न होकर उसे फाँसी पर चढ़ाने के बदले उसकी रक्षा करता है ॥ १३ ॥

राहुस्त्रिषष्ठलाभे लग्नात्सोम्यैर्निरीक्षितः सद्यः।
नाशयति सर्वदुरितं मारुत इव तूलसङ्घातम् ॥ १४ ॥

जिसके तीसरे, छठे, ग्यारहवें स्थान में राहु पड़े और उसके ऊपर किसी शुभ ग्रह की दृष्टि पड़ती हो तो बहुत जल्दी सब अरिष्टों का नाश कर बैठता है, जैसे रूई की ढेर को वायु का झोंका सेकेण्ड भर में उड़ा ले जाता है, जैसा कि बड़े २ ऋषियों का कथन है ॥ १४ ॥

विलग्नपो यत्र बलेन युक्तो लाभे तृतीये यदि कण्टके वा।
सर्वाण्यरिष्टानि प्रयान्ति दूरं दीर्घायुरारोग्यतनुं करोति ॥१५॥

जहाँ पर किसी आदमी के जन्मकालिक लग्न का अधिपति बली होकर केन्द्र में तृतीय एकादश स्थान में दिखाई दे वहाँ जानना कि उसके सब अरिष्ट नष्ट हो जायगें और बड़ी लम्बी आयु एवं हृष्ट पुष्ट शरीर प्राप्त होगा, इसमें संशय नहीं है ॥ १५ ॥

एकोऽपि यदि केन्द्रस्थो भार्गवोऽथ गिरां पतिः।
नवमे वा सुतस्थाने सर्वारिष्टं निवारयेत् ॥ १६ ॥

यदि शुक्र अथवा बृहस्पति अकेला भी किसी जातक के केन्द्र में अथवा नौवें पाँचवें में पड़े तो अन्यान्य योगों से आए हुए अरिष्टों का तुरन्त निवारण कर देता है।

बुधभार्गवजीवानामेकतमः केन्द्रमाश्रितो बलवान्।
क्रूरसहायो यद्यपि सद्योऽरिष्ट प्रशमनाय ॥ १७ ॥

बुध, शुक्र एवं बृहस्पति इनमें से एक भी बली होकर केन्द्र में सम्प्राप्त देखा जाय चाहे वह पापग्रहों के ही साथ क्यों न हो तथापि सब अरिष्टों को नष्ट कर सुख को प्राप्त कराता है ॥ १७ ॥

स्वस्थानगोऽधिकबलः सुरराजमन्त्री
केन्द्रोपगः प्रशमयेत्स्फुरदंशुजालः।
एकौ बहूनि दूरितानि सुदुस्तराणि
भक्त्या प्रयुक्त इव शूलधरप्रणामः ॥ १८ ॥

जिसके जन्मकालीन बृहस्पति अपनी राशि (धनु, मीन) में रहते पूर्ण बली होकर केन्द्रगत हो तो अकेला भी बहुत कठिन खराबियों का नाश करने में पर्याप्त होता है याने असाध्य एवं अनिवार्य दोषों को भी नष्ट कर देता है। जैसै भक्ति पुरस्सर किया हुआ आदिदेव महादेव के निकट प्रणाम सारे पापों को विनाशित कर पुण्य दिखाता है।

लग्नाधिपोऽतिबलवानशुभैरदृष्टः
केन्द्रस्थितैःशुभखगैरथ वीक्ष्यमाणः।
मृत्युं विहाय विदधाति सुदीर्घमायुः
सम्पूर्यते निजगृहं परया च लक्ष्म्या ॥ १९ ॥

जिसके जन्मलग्नेश पूर्ण बली हो, पाप ग्रहों से नहीं देखा जाता हो, तथा केन्द्रगत शुभग्रहों की दृष्टि उसके ऊपर पड़ती हों तो उसे अल्पायु–योग से बचाकर दीर्घायु बना देता है, याने अन्य योगों के द्वारा यदि उसकी मृत्यु करीब ही में निश्चित हो तो भी

पूर्वपाठः—१ लग्नाधिपोऽतिबलवान्किल सौम्यदृष्टः।

उसे मृत्यु से उबार कर बहुत दिनों तक जीने वाला कर देता है और उसके घर में हमेशः पर्याप्त लक्ष्मी भी रहा करती है ॥ १६ ॥

लग्नादष्टमसंस्थो गुरुबुधशुक्रद्रेष्काणगश्चन्द्रः।
मृत्युं प्राप्तमपि नरं [1]परिरक्षत्येव निर्व्याजम् ॥ २० ॥

जिसके जन्मसमय चन्द्रमा अष्टम स्थान में रहे, परन्तु बुध बृहस्पति या शुक्र इनके द्रेष्काण में सम्प्राप्त हो तो इस स्थिति में उस जातक को अष्टम चन्द्रकृत दोष नहीं लगता अर्थात् वही चन्द्रमा मृत्युको हटाकर इसे निष्कपट सुरक्षित रहता है, इसमें सन्देह जरा भी न मानना चाहिए ॥ २० ॥

चन्द्रः सम्पूर्णतनुः सौम्यर्क्षगतोऽथवा शुभस्यान्तः।
प्रकरोत्यरिष्टभङ्गं विशेषतः शुक्र संदृष्टः ॥ २१ ॥

यदि पूर्णबली चन्द्रमा शुभ ग्रह की राशि में रहते (अष्टमस्थ) हो अथवा दो शुभ ग्रहों के बीच में पड़े रहें तो सब अरिष्टों के नाश कारक होते हैं, यदि वैसे चन्द्रमा के ऊपर शुक्र की दृष्टि पड़ती हो तो खास कर अरिष्टों को नष्ट कर जातक को कल्याण भाजन बनाते हैं (यह भी प्रबल अरिष्ट-निवारक योग है ॥ २१ ॥

[2]रिपुगः शुभद्रेष्काणे स्थितः शशी सौम्यखेचराः सबलाः।
कुर्वन्त्यरिष्टभङ्गं संवितरन्तः शिवं सकलम् ॥ २२ ॥

जिसके छठे भाव में चन्द्रमा रहे भी, परन्तु शुभ ग्रह के द्रेष्काण में पड़े तथा सब शुभ ग्रह अपने २· स्थान आदि के बल से सबल समझे जायँ तो निश्चय करके षष्ठ चन्द्रमा का दोष लुप्त हो जाय, और भी हर तरह से जातक को कल्याण-कारक होता है सो जानना चाहिये ॥ २२ ॥

[3]सौम्यद्वयान्तरगतः सम्पूर्णः स्निग्धमण्डलश्चन्द्रः।
भुनक्त्यशेषारिष्टान् भुजगारिर्भुजगलोकमिव ॥ २३ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकाल में छठे आठवें ही चन्द्रमा क्यों न हो, पर पूर्ण बली होकर दो शुभ ग्रहों के मध्य में बैठा हो, तब जानना कि सारे दोषों को चबा बैठता है। जैसे कि गरुड़ को देखते ही सर्प भाग जाते हैं, उसी तरह उपरोक्त लक्षण-विशिष्ट चन्द्रमा को देखते ही उस कुण्डली में दोष नहीं रहते हैं ॥ २३ ॥

प्रस्फुरितकिरणजाले स्निग्धामलमण्डले बलोपेते।
सुरमन्त्रिणि केन्द्रगते सर्वारिष्टं क्षयं याति ॥ २४ ॥

पूर्वपाठः—१ परिरक्षत्ययुत बालम्।
२ 'रिपुगः शुभद्रेष्काणे स्थितः शशी सौम्याः खेचराः सबलाः।
कुर्वन्त्यरिष्टभङ्गं विशेषं यथा वसुधांचलुक् ॥
३ सौम्ये द्वयान्तर्गतः सम्पूर्णः—

जिसके जन्मकालिक बृहस्पति स्वच्छमण्डल होते पूर्ण बली बनकर केन्द्र में बैठे हों तो उस जातक के कुण्डली-गत सभी अरिष्ट नष्ट हो जाते हैं, और हर तरह से उसे सौभाग्य प्राप्त होता है ऐसा समझना चाहिये ॥ २४ ॥

सौम्यभवनोपयाताः [1]सौम्यांशकसौम्यदृक्कोणस्थाः ।
गुरुचन्द्रकाव्यशशिजाः सर्वेऽरिष्टस्य हन्तारः[2] ॥ २५ ॥

जिस कुण्डली में बृहस्पति, चन्द्रमा, शुक्र और बुध इन ग्रहों के स्थानों में या नवांश में या द्रेष्काण में रहें तो इनमें हर एक सब अरिष्टों का नाश करने में समर्थ होता है ॥ २५ ॥

[3]चन्द्रोपाश्रितराशेरधिपः केन्द्रे शुभग्रहो वापि ।
प्रकरोत्यरिष्टभङ्गं पापानि यथा शिवस्मरणम् ॥ २६ ॥

जिस राशि में चन्द्रमा रहे उसका स्वामी (शुभ ग्रह) केन्द्र—गत हो तो जातक के अरिष्टों का नाशक होता है जैसे महादेवजी का स्मरण मात्र सब पापों को भगा देता है, वैसे ही जानना ॥ २६ ॥

पापा यदि शुभवर्गे सौम्यैर्दृष्टाः शुभांशवर्गस्थैः ।
निघ्नन्ति तदारिष्टं [4]पतिं विरक्ता यथा युवतिः ॥ २७ ॥

जिसके जन्मसमय पाप ग्रह सब शुभ ग्रहों के वर्ग में स्थित उन्हीं (शुभ ग्रहों) से देखे जाते हों तो भी सब अरिष्टों के नाश—कारक समझे जाते हैं, जैसे प्रतिकूला एवं कर्कशा स्त्री अपने स्वामी को मारती है ॥ २७ ॥

शीर्षोदयेषु राशिषु सर्वे गगनाधिवासिनोऽधिगताः ।
प्रतिहन्ति सर्वदुरितं यथा घृतं वाग्निसंयोगात् ॥ २८ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालिक शुभ ग्रह तथा पापग्रह सब शीर्षोदय राशि (सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, कुम्भ) में व्यवस्थित हों तो समझना कि ये सब ग्रह खराबियों को नाश करने वाले हैं जैसे घृत अग्नि में जलकर नष्ट हो जाता है। उसी तरह इस कुण्डली के अरिष्ट भी खतम हो जायगें और जातक पूर्ण सुखी रहेगा ॥२८॥

तत्कालयुद्धविजयी शुभः शुभनिरीक्षितश्चापि ।
नाशयति कष्टनिवहं वाता इव पादपं सकलम् ॥ २९ ॥

जिस जातक के जन्मकाल में आकाशीय युद्ध में विजय पाने वाला ग्रह शुभ हो और अन्य शुभ ग्रह की दृष्टि भी ऊपर पड़ती रहे तो उस के सब दोषों को नष्ट करके कल्याण-कारक होता है। जैसे वायु का झोंका वृक्षों को गिराने में प्रबल है वैसे ही यह भी जानना, आचार्यों की सम्मति है ॥ २९ ॥

पूर्वपाठः—१ सौम्यांशक—समवद्द्रेष्काणस्थाः । २ सर्वेरिष्टमस्य हन्तारः ।
३ चन्द्रोपाश्रितराशितपः केन्द्रे । ४ पतिविरक्ता यथा युवतिः ।

गगनविभूषण सौम्यैर्दृष्टो नाशयति सर्वदुरितानि ।
सम्पूर्णमूर्त्तिरुडुपो दुर्नयनः स्वं यथा नाशम् ॥ ३० ॥

यदि पूर्ण बली चन्द्रमा जहाँ-कहीं पर रहे परन्तु उसके ऊपर शुभग्रहों की दृष्टि जाती हो, तो जानना कि सब दोषों का विनाश करने वाला चन्द्रमा है। जैसा दुर्नयन (विचार-शून्य, उन्मत्त) पुरुष अपने धनों का सर्वनाश कर बैठता है ॥३०॥

मूर्त्तेस्तु राहु स्त्रिपडायवर्ती रिष्टं हरत्येव शुभैः प्रदृष्टः ।
शीर्षोदयस्थैर्विकृतिं न याति समस्तखेटैः खलु रिष्टभङ्गः ।।३१॥

जिसके जन्मकालिक राहु लग्न से तीसरे, छठे या ग्यारहवें स्थान में बैठा हो तथा उसके ऊपर शुभग्रहों की दृष्टि पड़ती हो तो सब अरिष्टों के समूह को नाश करता है। यदि शुभ या पाप ग्रह सब शीर्षोदय राशि (सिंह, कन्या तुल, वृश्चिक, तुला) में रहते हुए राहु को देखते रहें तो भी फर्क न होगा, अवश्य अरिष्ट नाशक होंगे ॥३१॥

तत्र व्यये लाभरिपुत्रिसंस्थःकेतुस्तु हेतुर्निधनोपशान्त्यै ।
परस्परं भार्गवजीवसौम्यास्त्रिकोणगास्तेऽपि हरन्त्यरिष्टम् ॥३२॥

यदि किसी कुण्डली में जन्मकालीन केतु व्यय भाव में, एकादश, षष्ठ या सहज में रहे तो जानना कि जातक की मृत्यु से निवारण करने वाला केतु है। यदि शुक्र बृहस्पति और बुध ग्रह भी त्रिकोण, (नवम, पञ्चम) में सम्प्राप्त हों तो सब अरिष्ट के नाशक हैं ॥ ३२ ॥

चतुष्टये श्रेष्ठबलाधिशाली शुभो नभोगोऽष्टमगो न कश्चित् ।
त्रिंशन्मितायुः प्रकरोति नूनं दशान्वितं तच्छुभखेटदृष्टः ॥३३॥

जिसके जन्मसमय स्थानादिवर्गों से पूर्ण बली शुभग्रह केन्द्रगत हो, लग्न से आठवें घर में कोई ग्रह न रहे तथा उस केन्द्री ग्रह के ऊपर ओर भी किसी शुभग्रह की दृष्टि पड़े तो उस आदमी की आयु तीस वर्ष की होती है ॥३३॥

निजत्रिभागे स्वगृहे गुरुश्चेदायुर्गतिः स्यात्खलु विंशविंशत् ।
बृहस्पतिस्तुङ्गगतो विलग्ने भृगोः सुते केन्द्रगते शतायुः ॥३४॥

पूर्वपाठः—१ सम्पूर्णमूर्त्तिरुदयो दुर्नयनः स्व यथा नाशम् । २ इतः पूर्व श्रयं श्लोकद्वयं यथा—"उदये सप्तमुनीनां तथागस्त्यः पुनरपि विलीयते । तदरिष्टं नवशीतिमिवापापैरवीर्यैश्च शुभैः सवीर्यैं ॥ १ ॥ शुभराशौ तनुभावपे निरीक्षिते व्योमचरैः । शुमाख्यैः संक्षीयते रिष्टं सुखागतं ॥ २ ॥" ३ रिष्टं हरत्येव शुभैः प्रदिष्टः । ४ इतोऽग्रेऽप्येकः श्लोको यथा—संध्याभवा वैधतिपातभद्रागण न्तयुक्ता यति जन्मकाले । भवन्त्यरिष्टस्य विनाशनार्थं निरन्तराद्दृश्यदले च सर्वे ॥ १ ॥

यदि बृहस्पति अपने द्रेष्काण एवं अपने गृह (धनु, मीन) में व्यवस्थित देखा जाय तो जातक ४० वर्ष तक जीवित रह कर बाद में मरता है, यदि वही बृहस्पति अपने उच्च स्थान (कर्क राशि) में रहते लग्नगत हो जाय तो सौ वर्ष की आयु जानना ॥ ३४ ॥

लग्ने स्वतुङ्गे बलशालिनीन्दौ सौम्याः स्वभस्थाः खलु षष्ठिरायुः ।
लग्नत्रिकोणेषु शुभेषु तुङ्गे लग्ने गुरावायुरशीतिरेव ॥३५॥

जिसके जन्मकालिक चन्द्रमा पूर्ण बली होकर अपने उच्च (वृष) में रहते लग्नगत हों और शुभग्रह सब (बृहस्पति, शुक्र, बुध पापसंयुक्त ; अपने २ घर में देख पड़े तो ऐसे योग में जन्म लेने वाला आदमी साठ वर्ष तक जीवित रहता है । अथवा सब शुभ ग्रह अपने २ मूलत्रिकोण में रहें तथा उच्चगत बृहस्पति लग्न में पड़े तो उसकी आयु अस्सी वर्ष की होती है, यह समझना चाहिये ॥३५॥

[1]लग्नाष्टमारीन्दुयुतिर्न चेत्स्युः क्रूराःस्वभस्था अपि खेचरौ द्वौ ।
बलान्वितावम्बरगौ भवेतां जातः शतायुः कथितो मुनीन्द्रैः ॥३६॥

यदि चन्द्रमा लग्न, षष्ठ, अष्टम इन स्थानों में न रहे और पापग्रह अपने २ स्थान में रहें तथा और भी कोई दो ग्रह बली होकर दशवें स्थान में व्यवस्थित देखे जायँ तो जानना कि उस मनुष्य का आयुर्दाय सौ वर्ष का होगा यह प्रामाणिक मुनियों की उक्ति है ॥ ३६ ॥

[2]शुद्ध रन्ध्रे केन्द्रगैः सौम्यखेटैर्लग्ने जीवे नैधनेन्दूदयश्चेत् ।
नो संदृष्टाः पापखेटैस्तदा स्यादायुर्मानं सप्ततिर्वत्सराणाम् ॥३७॥

जिसके जन्मकालिक शुभ ग्रह सब केन्द्र में बैठे हों, अष्टम स्थान शुद्ध याने उसमें कोई ग्रह न रहे, बृहस्पति लग्न में तथा चन्द्रमा नौवें घर में पड़े एवं पाप ग्रहों से नहीं देखा जाता हो तो उसकी आयु ७० वर्ष की कहनी चाहिये ॥ ३७ ॥

[3]भानावग्निभयाच्छशाङ्क उदकाद्भौमे मृतिश्चायुधात् ।
सौम्ये कष्टकराज्ज्वराच्च विषगादज्ञातरोगाद्गुरौ ॥
शुक्रे क्षुद्रमनात्तृषाप्रजनितो मृत्युः शनौ लग्नतो ।
मृत्युस्थानगते खगे समुदितो जातस्य सत्पण्डितैः ॥३८॥

पूर्वपाठः—१ लग्नाष्टमारीन्दुयुता न चेत्स्युः क्रूराः स्वभस्था यदि खेचरौ द्वौ ।
२ शून्यरन्ध्रे केन्द्रगैः ।
३ भानोरग्निभयंशशाङ्कमुदके भौमे मृतिश्चायुधैः । सौम्ये कष्टज्वरं महान्त विषमे रामा च हस्ते गुरौ । शुक्रे वान्त्यक्षुधा तृषा रविसुते मृत्युर्भवेत्सर्वदा, सर्वे ते मरणं करोति सततं स्थाने स्थिते चाष्टमे ॥

यदि किसी आदमी के जन्मलग्न से अष्टम स्थान में सूर्य पड़े तो अग्नि में जलकर चन्द्रमा रहे तो जल में डूबने से, मङ्गल पड़े तो बन्दूक तलवार आदि शस्त्र से, बुध हो तो महाकष्टकर विषम ज्वर से, बृहस्पति हो तो अज्ञात किसी रोग से शुक्र हो तो वमन एवं क्षुधा से, तथा शनैश्चर हो तो तृषा से मृत्यु उसकी होती है ॥३८॥

दशमे पञ्चमे जीवो बुधश्चन्द्रश्च भार्गवः ।
शतञ्जीवी भवेज्जातो धनाढ्यो वेदपारगः ॥ ३९ ॥

जिसके दशवें, पाँचवें, बुध, चन्द्रमा और शुक्र हों वह जातक वेद शास्त्र का ज्ञाता, पूर्ण धनी एवं सौ वर्ष तक जीने वाला होता है ॥३९॥

नवमे पञ्चमे जीवो बुधो भवति सप्तमः ।
लग्ने भार्गवचन्द्रौ च शतञ्जीवी भवेन्नरः ॥ ४० ॥

यदि किसी कुण्डली में नवम या पञ्चम स्थान में बृहस्पति वर्त्तमान हो, बुध लग्न से सातवाँ पड़े तथा लग्न में शुक्र और चन्द्रमा दीख पड़े तो जानना कि इस जातक की आयु सौ वर्ष की होगी ॥ ४० ॥

अथ लघुजातकरीत्या गतिविचारः—

[१]सूर्यादिभिर्निधनगैर्हुतवहसलिलायुधज्वरामयजः ।
क्षुत्तृट्कृतश्च मृत्युः परदेशे नैधने चरभे ॥ ४१ ॥

अत्र मृत्यु के कारण कहते हैं—यदि सूर्यादि ग्रह जन्म-लग्न से अष्टम स्थान पर उपस्थित दीख पड़ें तो निम्नलिखित कारण से मृत्यु कहना चाहिये, जैसे आठवें घर में सूर्य पड़े तो अग्नि द्वारा, चन्द्रमा रहे तो जल के द्वारा, मङ्गल रहें तो तलवार-छूरा बर्छी आदि के द्वारा, बुध रहे तो ज्वर से, बृहस्पति रहे तो आमरोग से, शुक्र रहे तो क्षुधा के कारण तथा शनैश्चर के रहने से, तृषा से जातक मृत्यु पाता है। यदि अष्टम भाव में चर राशि पड़े तो परदेश में मृत्यु जाने ॥ ४१ ॥

यो वा बलवान्निधनं पश्यति तद्धातुकोपजो मृत्युः ।
लग्ने त्रिंशांशपतिर्द्वाविंशतिहायने मृत्युः ॥ ४२ ॥

यदि उपरोक्त अवस्था की सत्ता न रहे तो यों ही जो कोई बली ग्रह जहाँ-कहीं रहते अष्टम स्थान को देखे तो उसी के अनुसार नियमित धातु के विकार से मरण कहना चाहिये। यदि लग्न में त्रिंशांश का अधिपति देखा जाय तो बारहवें वर्ष की अवस्था में वह कुण्डली वाला जातक मर जायगा यह समझना चाहिये। ४२ ॥

[२]षष्ठाष्टमकण्टकगो गुरुरुच्चे भवति मीनलग्ने वा ।
शेषैरबलैर्जन्मनि मरणे वा मोक्षगतिमाहुः ॥ ४३ ॥

पूर्वपाठः—१ सूर्यादिभिर्धनगैर्हुतवहसलिलायुधक्षुरामयजः ।

२ इतः पूर्वमप्येकः श्लोको यथा—विबुध-पितृतिरश्चो नरकान्गुरुरिन्दुसुतौ च ।
असृग्रवीज्ञयमौरिपुरन्ध्रत्रिंशपा नयन्ति विस्तारं निधनस्था ॥

जिसके जन्मकालिक बृहस्पति अपनी उच्चराशि (कर्क) में रहते छठे, आठवें या केन्द्र (१, ४, ७, १०) में सम्प्राप्त हो अथवा जन्मलग्न मीन रहे तथा उसी में बृहस्पति पड़ा हो, शेष सभी ग्रह बलहीन रहें तब निश्चय कर उस जातक को मोक्ष प्राप्त होगा यह कहना चाहिये। इसी तरह यदि वही ग्रह उच्च में रहे तो अच्छा, नीच में रहे तो अधम, बीच में रहे तो मध्यम दर्जे का प्राणी कहे ॥ ४३ ॥

गुरुरुडुपतिशुक्रौ सूर्यभौमौ यमज्ञौ
विबुधपितृतिरश्चो नारकीयांश्च कुर्युः ।
दिनकरशशिवीर्याधिष्ठितत्र्यंशनाथात्
प्रवरसमनिकृष्टास्तुङ्गहासादिनूके ॥ ४४ ॥

सूर्य चन्द्रमा इन दोनों में जो सबल हो वह जिस द्रेष्काण में पड़े उसका स्वामी यदि बृहस्पति हो तो देवलोक से, चन्द्रमा या शुक्र हो तो पितृलोक से, सूर्य और मङ्गल हो तो तिर्यक् योनि से. एवं शनि और बुध हो तो नरक से आया हुआ यह जातक है सो जानना चाहिये जैसा कि आचार्यों का कहना है ॥ ४४ ॥

स्थिरश्चरोद्भयङ्ग समाह्वयश्च राशिर्यदा जन्मनि चाष्टमस्थः ।
स्वकीयदेशे विषयान्तरे वा मार्गे[2] प्रकुर्यान्मरणं क्रमेण ॥ ४५ ॥

यदि किसी जातक के जन्मलग्न से आठवीं जगह पर चर राशि पड़े तो विदेश में, स्थिर पड़े तो अपने घर पर, द्विस्वभाव पड़े तो मार्ग में उसकी मृत्यु जाने ॥ ४५ ॥

आयुर्गृहं खेटविवर्जितं चेद्विलोकयेत्तद्बलवान् ग्रहेन्द्रः ।
तद्धेतुजातं प्रवदन्ति मृत्युं बहुप्रकारं बहवो मुनीन्द्राः[3] ॥ ४६ ॥

यदि अष्टम स्थान ग्रह से रहित हो तो जो कोई ग्रह बली होकर उसको देखते रहें उसीके धातु-कोप से जातक की मृत्यु कहना बहुत आचार्यों का आदेश है ॥ ४६ ॥

पित्तं कफः पित्तमथ त्रिदोषं श्लेष्मानिलो वाऽप्यनिलः क्रमेण ।
सूर्यादिकेभ्यो मरणस्य हेतुः प्रकल्पितः प्राक्तनजातकज्ञैः ॥ ४७ ॥

अब सूर्यादि ग्रहों के धातुविकार कहते हैं—यदि सूर्य मृत्यु के कारण हो तो पित्त के प्रकोप से, चन्द्रमा हो तो कफ के प्रकोप से, मङ्गल हो तो पित्त के प्रकोप से, बुध हो तो त्रिदोष (कफ, वात, पित्त) से, बृहस्पति हो तो, कफ से, शुक्र हो तो वात से, एवं शनैश्चर हो तो वात विकार से मृत्यु कहें, यह प्राचीन जातक-शास्त्रकारों का कथन है॥४७॥

अथ भाग्यभवनविचारः—

विहाय सर्वं गणकैर्विचिन्त्यो भाग्यालयः केवलमत्र यत्नात् ।
आयुश्च माता च पिता च बन्धुर्भाग्यान्वितेनैव भवन्ति धन्याः ॥१॥

पूर्वपाठः—१ स्थिरश्चरोद्वेगसमाह्वयश्च । २ आयुः प्रकुर्यान्मरणं क्रमेण ३ बलिष्ठाः ।

ज्यौतिषियों को चाहिये कि सब को छोड़कर पहले केवल भाग्यभवन का विचार यत्न के साथ भली-भाँति करें, क्योंकि आयु, माता, पिता, बन्धुवर्ग सब जातक को भाग्यवान् होने ही से धन्य होते हैं। इसलिए सर्व प्रथम उसीका विचार करना परमावश्यक है ॥ १ ॥

यस्यास्ति भाग्यं स नरः कुलीनः स पण्डितः स श्रुतिमान् गुणज्ञः।
स एव वक्ता स च दर्शनीयो भाग्यान्वितः सर्वगुणैरुपेतः॥ २॥

जिस जातक का भाग्य अच्छा होता है वही लोक में कुलीन, पण्डित, प्रसिद्ध, गुणों का ज्ञाता, वक्ता, देखने में पूर्ण सुन्दर तथा और भी प्रशंस्य गुणों से परिपूर्ण समझा जाता है, अर्थात् और तरह से निन्द्य ही क्यों न हो, पर भाग्यवान् होने से सब आदमियों का माननीय जातक हो जाता है ॥ २ ॥

अथ भाग्योदयलक्षणम्—

द्वाविंशे रविणा च वर्षकथितं चन्द्रे चतुर्विंशति-
र्ह्यष्टाविंशतिभूमिनन्दनमतं दन्तैर्बुधे च स्मृतम्।
जीवे षोडश पञ्चविंशति-भृगोः षट्त्रिंश-सौरी वदेत्
कर्मेशात्खलु कर्म चैव कथितं लग्नाधिपे चेत्स्मृतम्॥ ३॥

यदि किसी जातक के नवम (भाग्य) भाव में सूर्य रहे तो बाइसवें वर्ष की उमर में भाग्योदय जानना, इसी तरह आगे भी—चन्द्रमा रहे तो चौबीसवें वर्ष में, मङ्गल पड़े तो अट्ठाइसवें वर्ष में बुध हो तो बत्तीसवें वर्ष में, बृहस्पति हो तो सोलहवें वर्ष में शुक्र हो तो पचीसवें वर्ष में तथा शनैश्चर हो तो छत्तीसवें वर्ष की अवस्था में भाग्य का उदय होता है। एवं कर्मभाव के अधिपति के विचार से कर्म का अनुमान करे यदि लग्नेश अनुकूल हों ॥ ३ ॥

[२]भाग्ययोगकरे सौरे स्थिते जन्म यदा भवेत्।
लग्नपे तु विशेषेण यावज्जीवं समृद्धिमान्॥ ४॥

यदि किसी के जन्मकालिक शनैश्चर भाग्ययोगकारक प्रतीत हो विशेषतः यदि लग्नेश हो उस हालत में पड़े तो यावज्जीव जातक पूर्ण ऐश्वर्यशाली बना रहता है ॥ ४ ॥

मूर्त्तेश्चापि निशापतेश्च नवमं भाग्यालयं कीर्त्तितं।
तत्स्व स्वामियुतेक्षितं प्रकुरुते भाग्यं स्वदे शोद्भवम्॥
चेदन्यैर्विषयान्तरेऽत्र शुभदाः स्वोच्चादिगाः सर्वदा
कुर्युर्भाग्यमसाधवो नच बलाद्दुःखोलपब्धिं पराम्॥ ५॥

पूर्वपाठः—१ मतं दातुर्बुधे च स्मृतम्। जीवे षोड़श भृगोःपञ्चविंशति तथा....
२ भाग्ययोग्यन्तरे सौरिः स्थितो जन्म यथा भवेत्।

किसी भी कुण्डली के लग्न से या चन्द्रमा के नौंवा घर भाग्यालय कहलाता है, यदि वह स्थान अपने स्वामी से सहित हो या उससे देखा जाता हो तो जानना कि अपने ही देश में व्यापार आदि से जातक को पूर्ण भाग्योदय होगा। यदि भाग्येश के अतिरिक्त और ग्रहों से सहित और देखा जाता हो तो विदेश में जाकर भाग्यवान् होगा, तथा शुभ ग्रह अपने उच्च या नवांश आदि में दीख पड़े तो देश या विदेश कहीं जाय वहीं पर भाग्य का लाभ करे, यदि पाप ग्रह के सम्बन्ध पड़े तो बड़ी तकलीफ पावे, ऐसा जानना चाहिये ॥ ५ ॥

भाग्येश्वरो भाग्यगतोऽस्ति किं वा स्वस्थानगः सारविराजमानः ।
भाग्याश्रितः कोऽस्ति विचार्य सर्वमत्यल्पमल्पं परिकल्पनीयम् ॥६॥

जिस जातक के भाग्यभवनेश उसी स्थान में रहें या जहाँ-कहीं अपनी जगह पर पूर्ण बल के साथ विराजमान हों तो वह महाभाग्यशाली होता है। यहाँ पर अनुमान से कम ज्यादः होना कहें याने भाग्येश के मध्यबल होने से मध्यम, उत्तम बल होने से महाभाग्य वाला होता है; हर प्रकार के सुखों का उपभोग करनेवाला तथा हीन बल से मन्दभाग्य कहना चाहिये ॥ ६ ॥

तनुत्रिसूनूपगतो ग्रहश्चेद्यो वाधि वीर्यो नवमं प्रपश्येत् ।
यस्य प्रसूतौ स तु भाग्यशाली विलासशीलो बहुलार्थयुक्तः ॥७॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालिक कोई भी पूर्ण बली ग्रह लग्न में, तीसरे में, या पाँचवें में रहते भाग्यस्थान को देखते रहें तो वह जातक निश्चय करके अच्छा भाग्य वाला होता है, हर प्रकार के सुखों का उपभोग करनेवाला बड़ी सम्पत्ति का मालिक बना रहता है ॥ ७ ॥

चेद्भाग्यगामी खचरः स्वगेहे सौम्येक्षितो यस्य नरस्य सूतौ ।
भाग्याधिशाली स्वकुलावतंसो हंसो यथा मानसराजमानः ॥ ८ ॥

यदि भाग्यस्थान में रहने वाला ग्रह अपने स्थानगत रहे याने भाग्यस्थान—उसी ग्रह का समझा जाय और शुभ ग्रहों की दृष्टि उस पर पड़ती हो तो जानना कि वह जातक अपने कुल में प्रधान सरोवर में राजहंस की तरह महा भाग्यशाली पुरुष होगा ॥ ८ ॥

पूर्णेन्दुयुक्तौ रविभूमिपुत्रौ भाग्यस्थितौ सत्त्वसमन्वितौ च ।
वंशानुमानात्सचिवं नृपं वा कुर्वन्ति ते सौम्यदृशं विशेषात् ॥ ९ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालीन सूर्य और मङ्गल चन्द्रमा के साथ सबल होकर भाग्यस्थानापन्न हों तो उस वंश के अनुसार राजा या राजमन्त्री जातक होता है, यदि इसी अवसर में किसी शुभ ग्रह की दशा आ जाय तो विशेषतः राजयोग कहना ॥ ९ ॥

स्वोच्चोपगो भाग्यगृहे नभोगो नरस्य योगं कुरुते च लक्ष्म्या ।
सौम्येक्षितोऽसौ यदि भूमिपालं दन्तावलोत्कृष्टविलासशीलम् ॥१०॥

जिसके जन्मकालिक भाग्यस्थान में कोई उच्चगत ग्रह देख पड़े तो उसको लक्ष्मी की प्राप्ति शीघ्र कहना, यदि वैसा ग्रह किसी अन्य शुभ ग्रह से देखा जाता हो तो बड़े २ मत्त हाथियों के सहित महाविलासशील राजा होगा, यह कहना चाहिये जैसा कि शास्त्रों में वर्णित है ॥ १० ॥

दशमभावफलम्—

समुदितमृषिवर्यैर्मानवानां प्रयत्ना-
दिह हि दशमभावे सर्वकर्म प्रकामम् ।
गगनगपरिदृष्ट्या राशिखेटस्वभावैः
सकलमपि विचिन्त्यं सत्त्वयोगात्सुधीभिः ॥ १ ॥

मनुष्यमात्र के कर्मभाव (लग्न से दशम स्थान) में यत्न के साथ प्राचीन ऋषि मुनिओं ने भली—भाँति सब फलों के रहस्य जो छोड़ रक्खा है. इसलिये विद्वानों को चाहिये कि तत्रस्थ ग्रहों के स्वभाव, अन्यान्य ग्रहे दृष्टि, बलाबल आदि से सर्वत्र विचार करते सब का निर्धारण करना आरम्भ करें ताकि फल यथार्थ मिले। इस भाव के विचार में बड़ी सावधानता का काम है ॥ १ ॥

तनोः सकाशाशमे शशाङ्के वृत्तिर्भवेत्तस्यनरस्य नित्यम् ।
नानाकलाकौशलवान्विलासैः सर्वोद्यमैः सोहसकर्मभिश्च ॥ २ ॥

जिस आदमी के जन्मकाल में चन्द्रमा लग्न से दशवाँ दिखाई दे उस जातक की वृत्ति अनेक प्रकार की कलाओं में कुशलता से, वाक्य की चातुरी से; अनेक उद्यम (व्यापार आदि) से तथा कार्य मात्र में साहस करने से होती है अर्थात् किस योग में जातक अपनी बुद्धि के द्वारा अच्छी जीविका प्राप्त कर आनन्दमय जीवन बिताता है ॥ २ ॥

तनोः शशाङ्काद्दशमे बलीयान् स्याज्जीवनं तस्य खगस्य वृत्त्या ।
बलान्विताद्वर्गपतेस्तु यद्वा वृत्तिर्भवेत्तस्य खगस्य पाके ॥ ३ ॥

जिसके लग्न से या चन्द्रमा से दशवें स्थान में जो बलवान् ग्रह बैठा हो उसी ग्रह के अनुसार उसकी जीविका कहना चाहिये, यहाँ पर अर्थान्तर से पक्षियों के व्यापार से भी उसकी जीविका चल सकती है। अथवा खगवर्ग का स्वामी पूर्णबली हो तो उसी की दशा—अन्तर्दशा में किसी प्रकार की जीविका की उपलब्धि होगी यह कहना चाहिये ॥ ३ ॥

द्रिवामणिः कर्मणि चन्द्रतन्वोर्द्रव्याण्यनेकोद्यमवृत्तियोगात् ।
सत्त्वाधिकत्वं च सदा सुरम्यं पुष्टत्वमङ्गे मनसः प्रसादः ॥४॥

---

१ सारसकर्मभिश्चेति पूर्वपाठः ।

यदि किसी आदमी के जन्मकालीन सूर्य लग्न से या चन्द्रमा से दशवां पड़े तो अनेक प्रकार के उद्यम के द्वारा उसको बहुत द्रव्य मिलते हैं, महा बलवान् कहावे, देखने से पूर्ण सुन्दर रहै, उसके अङ्ग—प्रत्यङ्ग सभी परिपुष्ट हों, तथा हमेशः प्रसन्न-मन रहा करे ॥ ४ ॥

लग्नेन्दुतः कर्मणि चेन्महीजः स्यात्साहसाचौर्यनिषादवृत्तिः ।
नूनं नराणां विषयातिशक्तिर्दूरे निवासः सहसा कदाचित् ॥५॥

यदि जन्मलग्न से या जन्मकालिक चन्द्रमा से दशवें घर में मङ्गल उपस्थित देखा जाय तो वह जातक चोरी से अथवा मल्लाह की वृत्ति से गुजर-बसर करने वाला होता है, स्त्रियों के साथ सम्भोगादि में अधिक मन दिया करे, तथापि कभी २ अचानक घर से निकल कर दूर में निवास करना पड़े, जैसा कि आचार्यों का कथन है ॥५॥

लग्नेन्दुभ्यां कर्मगो रौहिणेयः कुर्याद्द्रव्यं नायकत्वं बहूनाम् ।
शिल्पेऽभ्यासः साहसं सर्वकार्ये विद्वद्वृत्त्या जीवनं मानवानाम् ॥६॥

जिसके जन्मकालीन बुध लग्न या चन्द्रमा में कर्मस्थानापन्न हो उस आदमी को बहुत द्रव्य मिले, समाज का नायक (सरपञ्च) बन कर रहे, शिल्पशास्त्र (चित्र खींचना आदि) का अभ्यास खूब रखे, सब कामों से अधिकांशतः साहस से सफलता पाने वाला हो तथा समय २ पर पण्डिताई से भी जीविका चलावे यह जानना चाहिये ॥६॥

[1]विलग्नतः शीतमयूखतो वाऽऽ-
शाख्ये मघोनः सचिवो यदिस्यात् ।
नानाधनान्यागमनानि पुंसां
विचित्रवृत्त्या नृपगौरवं च ॥ ७ ॥

यदि बृहस्पति किसी के जन्मलग्न से या जन्मकालीन चन्द्रमा से दशवीं जगह पर वर्त्तमान दिखाई दे तो जानना कि उसे हर तरह से धनों का आगम होगा, विलक्षण जीविका मिलेगी तथा किसी राज—दरबार से पूरा गौरव प्राप्त होगा, जिसके सहारे जातक पूर्ण सुख का अनुभव करेगा ॥ ७ ॥

होरायाश्च निशाकराद्भृगुसुतो मेषूरणे संस्थितो
नानाशास्त्रकलाकलापविलसद्वृत्त्यादिशेज्जीवनम् ।
[2]दाने साधुजने यथा विनयतां कामं धनाभ्यागमं
नानामानवनायकादिविरलं विस्तीर्णशीलं यशः ॥ ८ ॥

जिस जातक के जन्म समय शुक्र लग्न या चन्द्रमा से दशवें स्थान पर विराजमान प्रतीत हो उसे अनेक शास्त्रों का ज्ञाता, कलाओं में लब्ध प्रतिष्ठ तथा उन्हीं के सहारे

पूर्वपाठः—१ विलग्नतः शीतमयूखरश्मितो माने माघोनः ।
२ दाने साधुनि वै यथा ।

अच्छी जीविका लाभ करने वाला, दान करने में अनुरक्त तथा साधु महात्माओं के समक्ष विनय के साथ पेश आने वाला, बहुत धन कमाने वाला, अधिक लोगों के बीच में प्रधान नायक जिसके समान शायद ही दूसरा हो तथा बहुत दूर तक अपने यश की सचाई को फैलानेवाला समझना चाहिये ॥ ८ ।

होरायाश्च सुधाकराद्रविसुतः शैलूषमध्यस्थितो
वृत्तिं हीनतरां नरस्य कुरुते कार्श्यं शरीरे सदा।
खेदं वादभयं च धान्यधनयोर्हानिं स्वमुच्चैर्मन-
श्चित्तोद्वेगसमुद्भवेन चपलं शीलं च नो निर्मलम् ॥ ९ ॥

यदि लग्न या चन्द्रमा से दशम स्थान में सूर्यसुत (शनैश्चर) वर्त्तमान हो तो कुण्डली वाला जातक नितान्त खराब जीविका का अवलम्बन करे, उसके शरीर में कृषता अधिक हो, मानसिक खेद रहे; लोगों के साथ मुकद्दमा से बहुत भय प्राप्त करे, धन-धान्य की हानि हो, मानसिक चिन्ता एवं महा उद्वेग हो, कार्यमात्र में चञ्चलता दिखावे, जरा भी कभी स्थिर न रहें, उसका शील—स्वभाव भी दुष्टमय हो जाय, निर्मल न रहे ॥ ९ ॥

जीवो द्विजात्माकरदेवधर्मैः शुक्रो महिष्यादिकरौप्यरत्नैः।
शनैश्चरो नीचतरप्रकारैः कुर्यान्नराणां खलु कर्मवृत्तिम् ॥ १० ॥

यदि वृत्तिकारक ग्रह बृहस्पति सिद्ध हो तो ब्राह्मण (या पक्षी), अपनी आत्मा की सचाई, गृहविधान, देव-पूजन तथा अन्यान्य धर्माचरण इनसे जीविका कहें, यदि शुक्र हो तो गौ, महिषी, चान्दी, रत्न आदि के व्यापार से यदि शनैश्चर हो तो महा नीच वृत्ति से जीविका पालने वाला आदमी होता है, यह जानना जाहिये ॥ १० ॥

कर्मस्वामी ग्रहो यस्य नवांशे परिवर्तते।
तत्तुल्यकर्मणा वृत्तिं निर्दिशन्ति मनीषिणः ॥ ११ ॥

किसी भी कुण्डली के कर्मभावाधिपति ग्रह जिसके नवांश में पड़ा मालूम हो साधारणतः उसी ग्रह के अनुकूल वृत्ति विद्वानों का कथन है ॥ ११ ॥

मित्रारिगेहोपगतैर्तभोगैस्ततस्ततोऽर्थः परिकल्पनीयः।
तुङ्गे पतङ्गे स्वगृहे त्रिकोणे स्यादर्थसिद्धिर्निजबाहुवीर्यात् ॥ १२ ॥

जिसके कर्मभावेश मित्र के घर में बैठा हो उसे मित्रों के ही सहारे धन मिले, एवं शत्रुस्थान में रहने से इन्हीं के द्वारा धन का आगम कहना चाहिये, तथैव उदासीन के घर में कर्मभावाधिपति को रहने से वैसेही लोगों से धन मिलेगा यह अर्थात् सिद्ध है, (यदि सूर्य) अपने उच्च में, त्रिकोण (मूल त्रिकोण), अथवा अपने स्थान में रहे तो जानना कि जातक को अपने बाहुबल से धन की प्राप्ति होगी यह निश्चय है ॥ १२ ॥

बुधभार्गवजीवार्कियुक्तो राहुश्चतुष्टये।
कुरुते कमलारोग्यपुत्रमानादिकं फलम् ॥ १३ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालीन राहु, बुध, शुक्र, बृहस्पति एवं शनैश्चर के सहित होकर केन्द्र में पड़े तो उस जातक को लक्ष्मी, नैरुज्य, पुत्र, आदर, तथा सुख सभी अनायास प्राप्त होते हैं जैसे कि आचार्यों का कथन है ॥ १३ ॥

कर्मस्थाने निजक्षेत्रे भौमशुक्रबुधैर्युतः।
यदि राहुर्भवेत्तस्य क्षणे वृद्धिः क्षणे क्षयः ॥ १४ ॥

जिस जातक के कर्मभाव में स्वक्षेत्रस्थ राहु, मङ्गल, शुक्र तथा बुध के साथ होकर उपस्थित देखा जाय उसको "आज उन्नति कल अवनति, आज अवनति कल उन्नति" होती है, याने इस योग में कोई स्थायी नियम नहीं रहता ॥ १४ ॥

पाताले चाम्बरे पापो द्वादशे च यदा स्थितः।
पितरं मातरं हन्ति देशाद्देशान्तरं व्रजेत् ॥ १५ ॥

जिस जातक की कुण्डली के चतुर्थ, दशम तथा द्वादश इन स्थानों में पापग्रह हों तो जानना कि इस योग में उत्पन्न जातक अपने माता-पिता को नाश करके बहुत दूर देशान्तर में जाकर विश्राम लेगा ॥ १५ ॥

चापे सूर्यशनि कुम्भे मेषे भवति चन्द्रमाः।
मकरे च यदा शुक्रो भुंक्ते नाशं पितुर्धनम् ॥ १६ ॥

यदि धनु राशि में सूर्य और शनैश्चर, कुम्भ या मेष में चन्द्रमा तथा मकर में शुक्र रहे तो जानना कि पिता को नाश कर उसके उपार्जित धनों का उपभोग करने वाला जातक होगा, इसमें सन्देह नहीं है ॥ १६ ॥

सप्तमे भवने भानुर्मध्यस्थो भूमिनन्दनः।
राहुश्चान्ते च तस्यैव पिता कष्टेन जीवति ॥ १७ ॥

यदि लग्न से सातवीं जगह पर सूर्य, दशव स्थान में मङ्गल तथा बारहवें में राहु वर्त्तमान हो तो इस योग में जातक का पिता अधिक दिनों तक जीवित नहीं रह सकता, जन्म के बाद जल्द ही मर जाता है, (यह पितृहा योग प्रबल है) ॥ १७ ॥

कन्यायां मिथुने राहुः केन्द्रे षष्ठे व्यये भवेत्।
त्रिकोणे च तदा जातो दाताभोक्ता निरामयः ॥१८॥

जिसके जन्मकालिक राहु, कन्या या मिथुन राशि में रहते भाव के विचार से केन्द्र (१, ४, ७, १०), छठे, बारहवें या त्रिकोण (९, ५) में पड़ जाय तो जानना कि जातक अपने समय में बड़ा दानी, भोगी, एवं रोगरहित होकर जीवित रहेगा ॥ १८ ॥

सूर्यः पापेन संयुक्तः सूर्यश्च पापमध्यगः।
सूर्यात्सप्तमगः पापस्तदा पितृवधो भवेत् ॥ १६ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालिक सूर्य किसी पाप ग्रह के साथ में रहें तथा दो पाप ग्रहों के बीच में भी पड़े अर्थात् सूर्याक्रान्त राशि से दूसरे और बारहवें स्थान में एवं उस राशि में पाप ग्रह दिखाई दे, तथा च सूर्य से सातवां भी कोई पाप ही दृष्टिगोचर हो तो अवश्यमेव उस जातक का पिता अनवसर में मर जाता है ॥ १६ ॥

दशमस्थो यदा भौमः शत्रुक्षेत्रस्थितो यदि।
म्रियते तस्य बालस्य पिता शीघ्रं न संशयः ॥ २० ॥

जिस जातक के दशमस्थ मङ्गल अपने शत्रु के घर में व्यवस्थित हो तो जानना कि उसका पिता शीघ्र ही मर जायगा, इसमें संशय नहीं है ॥ २० ॥

लग्ने जीवो धने मन्दो रविर्भौमस्तथा बुधः।
विवाहसमये तस्य बालस्य म्रियते पिता ॥ २१ ॥

यदि किसी के जन्मकालिक बृहस्पति लग्नही में पड़े, शनैश्चर, सूर्य, मङ्गल और बुध ये सब द्वितीय भाव में वर्त्तमान हों तो जातक के विवाह के समय में उसके पिता का देहान्त हो जांयगा, यह कहना चाहिये ॥ २१ ॥

भ्रातृस्थाने यदा जीवो लाभस्थाने यदा शशी।
स लोके गृहमध्यस्थो जायते कुलदीपकः ॥ २२ ॥

यदि सहज भाव में बृहस्पति, एकादश भाव में चन्द्रमा दिखाई दे तो जानना कि इस योग में उत्पन्न लड़का अपने घर का प्रधान नेता एवं अपने कुल को समुज्ज्वल करनेवाला बड़ा प्रभावशाली पुरुष होगा ॥ २२ ॥

सिंहे लग्ने यदा राहुः पञ्चमे च निशाकरः।
व्ययस्थाने यदा राहुः स जातः कुलदीपकः ॥ २३ ॥

जिस जातक का जन्म सिंह लग्न में हो, और उसीमें मङ्गल बैठा हो, पाँचवें में चन्द्रमा एवं लग्न से बारहवें स्थान में राहु पड़ा हो तो इस अवस्था में वह जातक अपने कुल में दीपक के समान विराजमान रहेगा, इसमें संशय नहीं है ॥ २३ ॥

एकः पापो यदा लग्ने पापश्चैको रसातले।
जायते च द्विनाली स्यात्स जातः कुलदीपकः ॥ २४ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मसमय एक पाप ग्रह लग्न में, तथा एक सप्तम में व्यवस्थित देखा जाय तो उस जातक को जन्म के समय दो नाल दिखाई देंगे और बड़ा होने पर वह अपने कुल में सबसे प्रधान एवं आदरणीय माना जायगा ॥ २४ ॥

लग्ने वा सप्तमे भौमः पञ्चमे च दिवाकरः।
व्ययस्थाने यदा राहुर्विख्यातः स न संशयः॥ २५॥

जिसके जन्मलग्न में या लग्न से सातवीं जगह पर मङ्गल पड़े, पाँचवें घर में सूर्य हो, तथा बारहवें स्थान में राहु पड़े, तो निश्चय कर वह बड़ा विख्यात (मशहूर) पराक्रमी पुरुष होगा, इसमें संशय नहीं है॥ २५॥

केन्द्रे शुभो यदैकोऽपि बली विश्वप्रकाशकः।
सर्वदोषाः क्षयं यान्ति दीर्घायुश्च भवेन्नरः॥ २६॥

यदि एक भी शुभ ग्रह पूर्ण बली होकर किसी जातक के केन्द्र (१,४,७,१०) में आ जायँ तो और ग्रहों की दुरवस्थिति से उत्पन्न सभी दोष नष्ट हो जाते हैं और बहुत दिनों तक सुख के साथ जीवन बिताने वाला पुरुष हो जाता है॥ २६॥

अथैकादशभावविचारः—

लाभस्थाने ग्रहाः सर्वे राज्यलाभफलप्रदाः।
गजाश्वपतिमीप्सां च सौम्याः कुर्वन्ति निश्चितम्॥ १॥

लाभस्थान में सम्प्राप्त प्रायः सभी ग्रह राज्यलाभ—कारक होते हैं, यदि शुभ ग्रह हों तो हाथी घोड़े की भीड़ उसके यहाँ लगी रहेगी और सदैव अच्छे कामों की इच्छा रखेगा॥ १॥

सूर्येण युक्तःस्वविलोकितो वा लाभालये तस्य गणोऽत्र चेत्स्यात्।
भूपालतश्चौरकुलात्कलेर्वा चतुष्पदादेर्बहुधा धनाप्तिः॥ २॥

जिस जातक के जन्मकालीन सूर्य एकादश (लाभ) भाव में सम्प्राप्त देखा जाय, या उस भाव को जहाँ—कहीं रहते देखता हो या सूर्य के षड्वर्ग में पड़ता हो तो राजा से, चौर—गणों से, किसी बड़े आदमी के साथ झगड़ा (मुकद्दमा में डिग्री होने) से अथवा चतुःपदों के व्यापार से अनेक प्रकार के धनों की प्राप्ति होती है॥ २॥

चन्द्रेण युक्तं च विलोकितं वा लाभालयं चन्द्रगणाश्रितं चेत्।
जलाशयं स्त्रीगजवाजिवृद्धिः पूर्णे भवेत्क्षीणतरे विलोमात्॥३॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालिक लाभ भाव में चन्द्रमा की दृष्टि पहुँचती हो या चन्द्रमा के षड्वर्ग में पड़े तो उसके बाहुबल से कोई जलाशय (तालाब कूआँ आदि) खुदवाया जाय, स्त्री, हाथी, घोड़े वगैरह की वृद्धि हो, यह फल चन्द्रमा के पूर्ण बली होने से पर्याप्त जाने, एवं उन्हें क्षीण बली होने पर विलोम अर्थात् कुछ नहीं फल मिलेगा यह कहना चाहिये॥ ३॥

लाभालयं मङ्गलयुक्तदृष्टं प्रकृष्टभूपामणिहेमलब्धिः।
विचित्रयात्रो बहुसाहसी स्यान्नानाकलाकोमलबुद्धियोगैः॥४॥

जिसका लाभ स्थान मङ्गल से सहित हो या उसके ऊपर मङ्गल की दृष्टि पहुँचती हो तो जानना कि इस योग में उत्पन्न जातक को नाना प्रकार के आभूषणों, मणि—सुवर्ण आदि का लाभ होगा, ऐसी २ जगहों के लिये यात्रा करेगा जहाँ जाते ही काफी धन का लाभ हो, कार्यमात्र में बड़ा साहस करनेवाला हो, अनेक कलाओं का ज्ञाता एवं बड़ी कोमल बुद्धि वाला पुरुष होता है ॥ ४ ॥

लाभे सौम्यगणाश्रिते सति युते सौम्ये च सद्वीक्षिते
नानाकाव्यकलाकलापविधिना शिल्पेन लिप्या सुखम् ।
युक्तिर्द्रव्यमया भवेद्धनचयः सत्साहसैरुद्यमैः
सख्यं चापि वणिग्जनैर्बहुतरं क्लीबैर्नृणां कीर्तितम् ॥ ५ ॥

यदि लाभभाव बुध के षड्वर्ग के आश्रित हो या बुध उसमें व्यवस्थित देखा जाय या उसी बुध की दृष्टि उस पर पड़ती हो तो जानना कि यह जातक कविता करने से, कई कलाओं के उपयोग से, चित्रविद्या से या मुहर्रिरी से धन का उपार्जन कर सुख का उपभोग पर्याप्त करेगा । जो ही कुछ उपाय सोचे सत्र में धन की आशा पूरी रहे, बहुधा सर्वत्र साहस से धन मिले, कार्यसिद्धि के लिए भरसक उद्यम खूब करे, कई व्यापारियों के साथ मैत्री कर ले तथा लोक में पूर्ण यशस्वी कहावे ॥ ५ ॥

यज्ञक्रियासाधुजनानुयातो राजाश्रितोत्कृष्टकृपी नरः स्यात् ।
द्रव्येण हेमप्रचुरेण युक्तो लाभो गुरौ वर्गनिरीक्षणं चेत् ॥ ६ ॥

जिसके जन्मकालिक बृहस्पति लाभ-स्थानापन्न हो, या उससे देखा जाता हो अथवा उसके षड्वर्ग में पड़ता हो वह जातक यज्ञक्रिया एवं साधुजनों के आदेशानुसार रहा करता है, किसी राजा के यहाँ आश्रित बन कर धन का लाभ करे, जीव मात्र के ऊपर बड़ी दया करनेवाला दयालु तथा सुवर्ण, द्रव्य आदि से हमेशः परिपूर्ण रहता है ॥६॥

लाभालये भार्गववर्गयाते युक्तेक्षिते वा यदि भार्गवेण ।
वेश्याजनैर्वापि गमागमैर्वा सद्रौप्यमुक्ताप्रचुरस्य लब्धिः ॥ ७ ॥

यदि किसी मनुष्य के ग्यारहवें भाव में शुक्र हो या शुक्र की दृष्टि उस भाव पर पड़ती हो वा शुक्र ही का षड्वर्ग प्रतीत हो तो वेश्याओं के द्वारा या उसके यहाँ आने जाने के व्यापार से सुवर्ण, चाँदी, मोती, वगैरह की काफी उपलब्धि होता है सो जानना चाहिये ॥ ७ ॥

लाभवेश्मनि शनीक्षितयुक्ते तद्गणेन सहिते सति पुंसाम् ।
नीललौहमहिषीगजलाभो ग्रामवृन्दपुरगौरवमिश्रम् ॥ ८ ॥

जिस जातक के लग्न से एकादश स्थान (लाभ भाव) में शनैश्चर रहे या उस पर शनैश्चर की दृष्टि जाती हो वा षड्वर्गगत मालूम हो तो वह आदमी नील, लोह,

पूर्वपाठः—१ लाभवेश्मनि निरीक्षितयुक्ते तद्गुणेन ··· ।

भैंस, हाथी वगैरह का लाभ करता है तथा अपने ग्रामीण लोगों के बीच बड़ा गौरव प्राप्त करे याने ऐश्वर्यवाला होने पर उसका आदर ग्रामवासी लोग खूब करें जैसा कि शास्त्र में लिखा है ॥ ८ ॥

युक्तेक्षिते लाभगृहे शुभाख्ये वर्गे शुभानां समवस्थिते च ।
लाभो नाराणां बहुधाऽथवास्मिन् सर्वग्रहैर्युक्तनिरीक्षमाणे ॥ ९ ॥

यदि लाभस्थान शुभग्रहों से दृष्ट हो या युत हो या शुभग्रहों के वर्ग में सम्प्राप्त हो अथवा सब (शुभ-पाप) ग्रहों से दृष्ट हो तो भी जातक को अनेक तरह से बहुत लाभ करना चाहिये ॥ ९ ॥

अथ व्ययभावविचारः—

कुशीलं च तथा काणं पापिनं दुःखिनं नरम् ।
महाव्ययं महादुष्टं व्ययभावे यदा ग्रहाः ॥ १ ॥

यदि व्ययभाव में सूर्यादि ग्रह देखे जायँ तो जातक को कुशील, कांणा, पापी, दुःखी, महा व्यय करनेवाला एवं बड़ा दुष्ट, बुरा आचरण करनेवाला समझना चाहिये ॥ १ ॥

व्ययालये क्षीणकरः कलानां सूर्योऽथवा द्वावपि तत्र संस्थौ ।
द्रव्यं हरेद्भूमिपतिस्तु तस्य व्ययालये भूमिजदृष्टियुक्ते ॥ २ ॥

जिसके बारहवें भाव में क्षीण बली चन्द्रमा, या सूर्य अथवा दोनों उपस्थित हों तो उसका राजा उसका धन छीन लेता है अगर बारहवें भाव के ऊपर मङ्गल की दृष्टि भी पहुँचती हो, (पूर्व श्लोक में साधारणतः विचार किया गया था, इसमें सूर्य चन्द्र के वश से फल कहा गया है) ॥ २ ॥

पूर्णेन्दुसौम्येज्यसिता व्ययस्थाः कुर्वन्ति संस्थां धनसञ्चयस्य ।
प्रान्त्यस्थिते सूर्यसुते कुजेन युक्तेक्षिते वित्तविनाशनं स्यात् ॥३॥

यदि पूर्ण बली चन्द्रमा, बुध, बृहस्पति एवं शुक्र ये ग्रह किसी आदमी के जन्मकालिक व्यय भाव में वर्त्तमान देखे जायँ तो उसके सञ्चित धन का सदुपयोग हो याने तीर्थयात्रा, यज्ञ, दान आदि में अधिक व्यय हो (परन्तु सर्वनाश नहीं), किन्तु शनैश्चर व्यय भाव में बैठा हो और मङ्गल से युत या देखा जाता हो तो जातक का धन योंही नष्ट हो जाता है ऐसा जानना चाहिये ॥ ३ ॥

अन्ययोगाः—

उच्चाभिलाषिणः खेटा जन्मकाले भवन्ति चेत् ।
स नरो भूपपूज्यः स्याद्वंशस्य नृपतिर्भवेत् ॥ १ ॥

पूर्वपाठः—१ सुखाख्ये वर्गे शुभानां.... । २ व्ययभावादयो ग्रहाः । ३ बाहुजदृष्टियुक्ते ।
४ "उच्चाभिलाषिग्रहयोगा जन्मकाले पतन्ति च ।
स नरो भूपपूज्यः स्याद्वंशस्य नृपतिर्भवेत् ॥ १ ॥

जिस जातक के जन्मसमय सब उच्चाभिलाषी ग्रह देखे जायँ वह राजपूज्य याने कई राजाओं से पूर्ण आदर पाने वाला तथा अपने वंश का सर्वप्रधान पुरुष होता है ॥१॥

[1]रविर्मीने शशी मेषे भौमो धनुषि संस्थितः ।
सिंहे बुधो गुरुर्युग्मे शुक्रः कुम्भे तथैव च ॥ २ ॥
शनिः कन्यागतो ह्युच्चाभिलाषी परिकीर्त्तितः ॥ ३ ॥

अब किस २ राशि पर ग्रह को रहने से उच्चाभिलाषी होता है यह कहते हैं—सभी ग्रह अपने २ उच्च से पूर्वराशि पर रहने से उच्चाभिलाषी कहे जाते हैं । अतः इस नियम के अनुसार सूर्य मीन में, चन्द्रमा मेष में मङ्गल धनु में, बुध सिंह में, बृहस्पति मिथुन में तथा शनैश्चर कन्या में उच्चाभिलाषी परिगणित होता है ॥ २—३ ॥

अथ सबलविबलग्रहभावपरिज्ञानम्—

उदितः स्वगृहस्थश्च मित्रगेहे स्थितोऽपि च ।
मित्रवर्गेण दृष्टश्च स ग्रहः सबलः स्मृतः ॥ ४ ॥

जिस ग्रह का उदय हो, अपने स्थान में रहे, या मित्रों के घर में बैठा हो या अपने मित्रों की दृष्टि उसके ऊपर पड़ती हो ऐसा ग्रह सबल कहा जाता है ॥४॥

स्वामिना बलिना दृष्टः सबलैश्च शुभैर्ग्रहैः ।
न दृष्टो न युतः पापैः स[2] भावः सबलः स्मृतः ॥ ५ ॥

यदि कोई भाव अपने बली स्वामी से या बली शुभग्रहों से देखा जाता हो तथा उसमें एक पाप भी ग्रह न रहें एवं उस पर पाप ग्रहों की दृष्टि न पहुंचती हो तो वैसे भाव को आचार्यों ने सबल कहा है ॥ ५ ॥

अथ सर्वग्रहाणां दृष्टिविचारः—

[3]ज्ञार्केन्दुशुक्रास्त्रिदशं त्रिकोणं तुर्याष्टमद्यूनमथांशवृद्ध्या ।
पश्यन्ति तुर्याष्टमसप्तमस्थं दशं त्रिकोणं च गुरुः क्रमेण ॥६॥

पूर्वपाठः—१ "रवौ मीने शशी मेषे भौमे धनुष्युदाहृतम् ।
सिंहे बुधे गुरौ मिथुने शुक्रः कुम्भे तथैव च ॥ २ ॥
कन्ये शनिः प्रकुर्वीत ह्युच्चामिलाषी प्रकीर्त्तितः॥ ३ ॥

२ सलग्नः सबलः स्मृतः ।

३ इह हि नीत्यनुकूलनियमतः पराक्रमी राज्ये चाधिकारिजनाधीनत्वेन राजानोऽल्यल्पदृष्टिं ददति तेन ग्रहा अपि निजपराक्रमस्थानं (तृतीयं) राज्यस्थानं (दशमं) एकेनैव चरणेनावलोकयन्ति, तदपेक्षया धार्मिकपुरुषा विद्यायां धर्मे च किञ्चिदधिकदृष्टयो भवन्तीती ग्रहा अपि विद्यास्थानं (पञ्चमं) तथा धर्मस्थानं (नवमं) चरणद्वयेन पश्यन्ति, तदपेक्षयापि प्रायः सुखे मृत्यौ चाधिकसावधना इति ग्रहा अपि सुखस्थानं (चतुर्थं) मृत्युस्थानं (अष्टमं)

बुध, सूर्य, चन्द्रमा तथा शुक्र तीसरे-दशवें को एक पाद से नौवां पाचव को दो पाद से, चौथे-आठवें को तीन पाद से एवं सप्तम स्थान चारों पाद से देखते हैं, अर्थात् उत्तरोत्तर अधिक चरण से देखने के नियमानुकूल सप्तम स्थान को और स्थानों की अपेक्षा सर्वांशतः देखते हैं ॥ ६ ॥

त्रिकोणं चतुरस्रं च सप्तमं त्रिदशं शनिः ।
अस्तं त्रिखं त्रिकोणं च चतुरस्रं क्रमात्कुजः ॥ ७ ॥

शनैश्चर नौवें—तीसरे को, चौथे-आठवें को, सप्तम को, तथा तीसरे-दशवें को उत्तरोत्तर पाद-वृद्धि से देखते हैं। तथा मङ्गल सातवें तीसरे–दशवें नौवें–एवं चौथे–आठवें, इन स्थानों को चरण–वृद्धि से देखते हैं ॥ ७ ॥

आये व्यये पश्यन्ति न पश्यन्ति द्वितीयके ।
मूर्तौ ग्रहा न पश्यन्ति कथ्यन्ते तेऽन्धका ग्रहाः ॥ ८ ॥

जिन ग्रहों की दृष्टि ग्यारहवें दूसरे तथा लग्न इन स्थानों के ऊपर न पड़े तो मानों उस जातक के लिए वे ग्रह अन्ध हैं ॥ ८ ॥

अथ जन्मपत्रिकानामानि—

तिथिवारं च नक्षत्रं नामाक्षरसमन्वितम् ।
वेदेन हरते भागं शेषं नाम तदुच्यते ॥ १ ॥
व्योमा घोमा च मूर्द्धा च पद्मा चैव चतुर्थकम् ।
जन्मपत्रीगतं नाम यो जानाति स पण्डितः ॥ २ ॥
व्योमायां पितृहानिः स्याद्घोमा मातृक्षयङ्करी ।
मूर्द्धा ह्यायुःकरी ज्ञेया पद्मा बलप्रदायिनी ॥ ३ ॥

च चरणत्रयेणावलोकयन्ति, तथैव सर्व एव बहुधा सर्वापेक्षया स्वस्वललनायां प्रकृत्यैवाधिकदय इति ग्रहा अपि जायास्थानं (सप्तमं) सम्पूर्णदृशा पश्यन्तीती नो चित्रम् । अथ–"राजानौ रविशीतगू" इत्यादिना परिभाषितराजकुमारादीनां देवगुरोर्गुरोः कार्यं विद्याधर्मरक्षणमेव प्रधानन्तेनान्यस्थानापेक्षया पञ्चम नवमस्थाननिरीक्षणं सर्वांशैर्युक्तमेव । एवं गजराजकुमारस्तु तरां जायशक्ता इति सूर्यचन्द्रबुधाः सप्तमस्थानं पूर्णदृशा पश्यन्ति । एवमन्येषामप्यांशिकदृष्टिरवधेया ।

पूर्वपाठः—१ इतः पूर्वमेव वक्रदृष्टिद्योतकः श्लोकः—

विषमस्तं चतुरस्रं त्रिकोणं तदा पश्यति ।
वक्रदृष्टिं विजानीयाज्ज्योतिःशास्त्रविशारदः ।

२ षष्टिजाप्यन्धको ग्रहः । ३ जन्मपत्री यदा नाम ।

किसी भी जातक के जन्मकालीन तिथि, नक्षत्र, दिन और नामाक्षर इन सबको एक साथ जोड़कर चार से भाग दे, जितने शेष बचे उसके अनुसार जन्मपत्री का नाम जाने यदि एक शेष बचे तो व्योमा दो बचे तो द्योमा, तीन बचे तो मूर्द्धा एवं चार (या शून्य) बचे तो पद्मा नाम की जन्मपत्री होती है, इन नामों को जो जाने वह पण्डित की पदवी पाता है। जिस जातक की जन्मपत्री व्योमा नाम की हो उसके पिता का असमय में मरण, द्योमा हो तो उसकी माता का मरण, मूर्द्धा हो तो दीर्घायु तथा पद्मा हो तो पूरा बल देनेवाली होती है। इन नामों में अन्तिम दो नाम अच्छे हैं। पण्डितों को चाहिए कि इसका भी विचार अवश्य करें ॥ १–३ ॥

जन्मसमये शब्दज्ञानम्—

शब्दो मेषे वृष सिंहे मकरे च तथा तुले।
अर्द्धशब्दो घटे कन्ये शेषाः शब्दविवर्जिताः ॥ १ ॥

जिस जातक का जन्म मेष, वृष, सिंह, मकर तथा तुल इन लग्नों में हो वह जन्म लेते ही रोदन करता है, कुम्भ, कन्या लग्न हो तो अर्द्धशब्द याने बहुत धीमी आवाज निकले, इसके अतिरिक्त मिथुन, कर्क, धनु, मीन, वृश्चिक इन लग्नों में जन्म होने से लड़का एकदम निःशब्द रहता है ॥ १ ॥

नालज्ञानम्—

छागे सिंहे वृषे लग्ने वृश्चिके नालवेष्टितः।
नृलग्ने दक्षिणे पार्श्वे स्त्रीलग्ने वामपार्श्वगः ॥ २ ॥

जिस जातक का जन्मलग्न मेष, सिंह, वृष एवं वृश्चिक इनमें से कोई एक हो वह नाल से वेष्टित गर्भ ही से आता है। यदि पुरुषराशि के लग्न हो तो दक्षिण पार्श्व में, तथा स्त्री-संज्ञक हो तो वाम पार्श्व में नाल कहना चाहिए ॥ २ ॥

अथ लग्नतो जन्मादिज्ञानम्—

शीर्षोदये विलग्ने मूर्द्धाप्रसवऽन्यथोदये चरणौ।
उभयोदये च हस्तौ शुभदृष्टः शोभनोऽन्यथा कष्टम् ॥ ३ ॥

यदि किसी जातक का जन्मलग्न शीर्षोदय राशियों (मिथुन, सिंह, कन्या, तुल, वृश्चिक और कुम्भ) में से कोई हो तो मूर्द्धा (शिर) की ओर से उसकी पैदाइश जाने, इनसे अतिरिक्त लग्नों में चरण से कहें, इसी तरह उभयोदय (मीन) लग्न पड़े तो पहले हाथ की तरफ से जन्म कहें। यदि शुभग्रहों से दृष्ट या युत जन्मलग्न दीख पड़े तो सहजही में (विना कष्ट) जातक का जन्म हो, तथा च यदि वैसा न हो तो बड़ी तकलीफ के साथ जन्म कहना चाहिए ॥ ३ ॥

पूर्वपाठः—१ वामे सिंहे वृषे लग्ने। लघुजातकस्थः पाठस्तु "छागे सिंहे वृषे लग्ने तत्स्थे सौरेऽथवा कुजे। राश्यंशसदृशे गात्रे जायते नालवेष्टितः ॥"

सूर्यश्चतुष्पदस्थः शेषा द्विशरीरसंस्थिता बलिनः ।
केशैर्वेष्टितदेहौ यमलौ खलु तौ प्रसूयेते ॥ ४ ॥

जिसके जन्मकालीन सूर्य चतुःपद-संज्ञक राशि में, और शेष सभी ग्रह बली होकर द्विस्वभाव राशियों में सम्प्राप्त देखे जायँ तो यमल के रूप में केश से आवेष्टित शरीर वाले दो बच्चे पैदा लेते हैं, यह यमल-योग प्रबल है ॥ ४ ॥

क्रूरग्रहसन्धिगते शशिनि वृषे भौमसौरिसंदृष्टे
मूकः सौम्यैर्दृष्टो वाचं कालान्तरे वदति ॥

यदि कोई भी पाप ग्रह किसी भी राशि में रहते अन्तिम नवांश में पड़ जाय और चन्द्रमा वृष में रहते मङ्गल शनि से देखे जाते हों तो जातक एकदम मूक (गूंगा) होता है परन्तु वही चन्द्रमा शुभ ग्रह से देखे जाते हों तो बिलकुल मूक नहीं, किन्तु कुछ दिनों के बाद उसके मुँह से बातें निकलती हैं, नियमित समय तक मूकता ही की शङ्का बनी रहेगी ऐसा जानना चाहिये ॥ ५ ॥

दक्षिणांशे ग्रहाः सर्वे दीप्तानस्तमितेक्षणाः ।
तस्य त्रिंशत्तमे वर्षे गजो द्वारेऽवतिष्ठति ॥ ६ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मचक्र के उत्तरार्ध याने सप्तम से बारहवें घर के भीतर ही सब पूर्ण बली ग्रह बैठे हुये दीख पड़े तो उसकी तीस वर्ष की उमर में उसके द्वार पर हाथी भी रहा करता है याने तब पूर्ण धनी हो जाता है ॥ ६ ॥

चतुः सागरगे चन्द्रे कोणे चैव दिवाकरे ।
अपि दासकुले जातः सोऽपि राजा भविष्यति ॥ ७ ॥

यदि किसी आदमी के जन्मकालीन चन्द्रमा केन्द्रगत हो तथा सूर्य कोण (नवम पञ्चम) में पड़े तो दासवंश का भी जातक राजपद को पाता है, यदि राजवंश का हो तो अवश्य राजा हो इसमें जरा भी सन्देह नहीं है ॥ ७ ॥

त्रिभिः स्वस्थैर्भवेन्मन्त्री त्रिभिरुच्चैर्नराधिपः ।
त्रिभिर्नीचैर्भवेद्दासस्त्रिभिरस्तङ्गतैर्जडः ॥ ८ ॥

जिसके जन्मसमय कोई भी तीन ग्रह अपनी २ राशि में रहे वह किसी राजदरबार में जाकर मन्त्री (सेक्रेटरी) का पद पाता है, एवं तीन ग्रहों के उच्च में रहने से स्वयं राजा बन जाय उसी तरह यदि तीन ग्रह बीच में पड़े रहें तो दास्यवृत्ति से जीविका चलाने वाला हो, तथा तीन ग्रहों को अस्तंगत होने पर महाभारी जड़ (बेवकूफ) हो जाता है, यह जानना चाहिये ॥ ८ ॥

पूर्वपाठः—१ यमलौ खलु स प्रसूयेते ।
(पूर्वप २) दक्षिणाङ्गे ग्रहाः सर्वे ।

अथ नवग्रहाणां पुरुषाकारचक्रम्—

(तत्रादौ सूर्यचक्रम्—)

लिखित्वा नरचक्रं च यत्र सूर्यो व्यवस्थितः।
तन्नक्षत्रादि त्रयं तत्र दद्याच्च नरमस्तके॥ १॥
वदने च त्रयं दद्यादेकैकं स्कन्धयोर्द्वयोः।
बाहुद्वये तथैकैकं पाण्योश्चैकैक मेव च॥ २॥
ऋक्षाणि हृदये पञ्च नाभौ स्यादेकमेव हि।
ऋक्षं गुह्ये भवेदेकमेकैकं जानुकद्वये॥ ३॥
नक्षत्राणि षडन्यानि दद्यात्पादद्वये बुधः।
पादस्थिते च नक्षत्र निर्द्धनोऽल्पायुरेव च॥ ४॥
विदेशगमनो जातो गुह्येस्यात्पारदारिकः।
अल्पतोषी भवेन्नाभौ हृदये केश्वरस्थता॥ ५॥
तस्करः पाणियुग्मे च बाहौ स्थानच्युतो भवेत्।
स्कन्धे गजस्कन्धगामी मुखे मिष्टान्नभोजनः॥ ६॥
मस्तकस्थे च नक्षत्रे पट्टबन्धो भवेन्नरः।
सूर्यनक्षत्रो जन्मनक्षत्रमिति गण्यते॥ ७॥

पहले सूर्यचक्र दिखाने के लिए एक नरचक्र (मनुष्याकृति) बनावे और जन्म के समय जिस नक्षत्र में सूर्य भोग करता हो वहाँ से क्रमानुसार गिन कर तीन नक्षत्र उस आकृति के शिर में रखे, बाद तीन मुख में, दोनों कन्धाओं पर एक २, दोनों बाँह पर दो, दोनों हाथ पर एक २, पाँच हृदय में, एक नाभिस्थान में, एक गुह्यस्थान में, एक २ दोनों जानु पर तथा दोनों पाँव पर छः नक्षत्र धरे। इस तरह २७ सत्ताइसों नक्षत्र का समावेश हो जायगा (इसमें अभिजित् की गणना नहीं की गई है। अब इसमें विचार कर देखे कि इस आकृति के किस अङ्ग पर जातक का जन्मनक्षत्र पड़ता है, यदि पाँव पर पड़े तो जातक दरिद्र एवं अल्पायु (थोड़े ही दिनों तक जीने वाला) तथा उसमें विदेशगामी हो, गुह्यस्थान में पड़े तो पराये पुरुष से (अपने पिता से नहीं) उत्पन्न समझा जाय, नाभि में पड़े तो थोड़े ही से सन्तोष करने वाला हो, हृदय में पड़े तो पूरा धनी हो, दोनों हाथ में पड़े तो चोर हो, बहाँ पर पड़े तो नियत स्थान से हटा दिया जाय कन्धा पर पड़े तो हाथी पर चढ़ने वाला, मुख में पड़े तो मिठाई वगैरह अच्छे पदार्थों को प्राप्त करने वाला भोगशील हो तथा च शिर में पड़े तो राज्याभिषेक

पूर्वपाठः—१ पाणौ चैकैकमेव च। २ जानुनेर्द्वये।

पानेवाला होगा यह कहना चाहिये। इस सूर्य चक्र में सूर्यनक्षत्र से जन्मनक्षत्र तक गणना मानी गई है ॥ १–७ ॥

शतवर्षाणि जीवेत शिरोजातो न संशयः।
मुखेनाशीतिवर्षाणि स्कन्धाभ्यां च तथैव च ॥ ८ ॥

इसी चक्र पर से आयु का भी निर्णय करते हैं, यथा–शिर पर जन्मनक्षत्र पड़े तो उस जातक की आयु सौ वर्ष की हो, मुख में तथा दोंनों कन्धा पर पड़ने से अस्सी वर्ष की आयु होती है ॥ ८ ॥

हस्ताभ्यां बाहुयुग्मेन जीवेत सप्तसप्ततिः।
अष्टषष्टिर्हृदि[1] प्रोक्ता नाभावपि तथैव च ॥ ९ ॥

दोनों हाथ या बाँह पर पड़ने से सतहत्तर ७७ वर्ष की तथा हृदय एवं नाभि स्थान पर पड़े तो ६८ वर्ष की उमर कही गई है, उसके अन्त में मर जाय ॥ ९ ॥

गुह्ये च षष्टिवर्षाणि चाष्टौ वर्षाणि जानुनि।
पादयोः षट् च वर्षाणि रविचक्रे क्रमेण हि ॥ १०॥

यदि गुह्य स्थान में जन्मनक्षत्र आजाय तो साठ वर्ष, जानु पर आवे तो केवल आठ वर्ष, इसी तरह दोनों पाँव पर पड़ने से सिर्फ छः वर्ष की आयु होती है सो जानना चाहिये जैसा कि ऋषि-मुनियों ने कहा है ॥ १० ॥

अथ चन्द्रचक्रम्—

यद्दक्षं पूर्णिमायां तु तदादित्रीणि मस्तके।
मुखे त्रीणि भुजे षट्कं हृदि त्रीण्युदरे त्रयम् ॥ १ ॥
गुह्ये[2] त्रीणि पदे षट्कं न्यसेच्चन्द्रस्य सर्वदा।
यावत्स्वजन्मनक्षत्रं गणनीयमिति क्रमात् ॥ २ ॥
अर्थसिद्धिर्नु[3] वृत्तश्रीः कुशलं चाद्भुतं शुभम्।
मार्गमृत्युं श्रियं क्षेममिति चन्द्रफलं वदेत् ॥ ३ ॥

जन्मसमय से आगे या पीछे जो पूर्णिमा करीब में पड़े उस दिन जो नक्षत्र हो उसी से आरम्भ कर तीन नक्षत्र शिर में तीन मुख पर, छः हाथ पर, तीन हृदय पर, तीन पेट के स्थान पर, तीन गुह्यस्थान पर, तथा छः पांव पर (मनुष्याकृति के अङ्गों पर) न्यास करे। अब उसी पूर्णिमा–नक्षत्र से जन्मनक्षत्र की गणना करे, उसके अनुसार फल जाने, जैसे–शिर पर पड़े तो धन का लाभ, मुख पर पड़े तो पूर्ण लक्ष्मीप्राप्ति, हाथ

पूर्वपाठः—१ 'हृदये' अष्टषष्टी च नाभौ चापि तथैव च इति।
२ गुह्ये त्रीणि पदे षट्कं।
३ अर्थसिद्धिर्त वृत्तश्रीः कुशलमद्भुतं शुभम्।

पर पड़े तो कुशल, हृदय पर पड़े तो सर्वथा शुभ, पेट पर पड़े तो चलते समय रास्ते में मृत्यु, गुह्यस्थान पर पड़े तो लक्ष्मी—प्राप्ति, इसी तरह पांव पर जन्मनक्षत्र पड़े तो कल्याण। यह फल जातक के लिए कहें॥ १-३॥

अथ भौमचक्रम्—

यस्मिन्नृक्षे भवेद्भौमस्तदादित्रीणि मस्तके।
मुखे त्रीणि त्रयं नेत्रे कण्ठे द्वे च चतुष्करे॥ १॥
पञ्चोदरे त्रीणि गुह्ये पादे चत्वारि दापयेत्।
जन्म-ऋक्षं स्थितं यत्र फलं तत्र वदेत्पुमान्॥ २॥
मुखे रोगं सुखं नेत्रे शिरोराज्यं रुजा करे।
कण्ठे रोगी धनी वक्षे(?) गुह्ये भागेऽपिवि[1] भ्रमः॥ ३॥

जातक के जन्मकालिक मंगल जिस नक्षत्र पर रहे वहाँ से गणना होनी चाहिये, तदनुसार उस मनुष्याकृति के अङ्गों पर इस तरह न्यास करें–जैसे पहले तीन नक्षत्र शिर में, तीन मुख में तीन आँखों में, कण्ठस्थान में दो, चार नक्षत्र हाथ में, पाँच पेट पर तीन गुह्यस्थान पर, एवं चार नक्षत्र चरणों पर धरे, तब विचार करे कि किस अङ्ग पर जन्मनक्षत्र पड़ा है, उसके अनुसन्धान से- मुख पर पड़े तो जातक को कोई रोग हो, आंखों पर पड़े तो सुख हो, शिर पर पड़े तो राज्य का लाभ हो, हाथ पर पड़े तो रोग कहें, कण्ठ में पड़े तो भी रोग हो, हृदय पर पड़े तो धनवान् हो तथा च गुह्यस्थान पर जन्मनक्षत्र के पड़ने से जातक को विभ्रम हो जाय, याने पागल की तरह बुद्धि खराब होगी, यह जाने॥ १-३॥

अथ बुधचक्रम्—

यस्मिन्नृक्षे भवेत्सौम्यस्तदाद्यं मस्तके चतुः।
मुखे त्रीणि चतुर्वामे करे दक्षिणके चतुः॥ १॥
हृदये[2] षट् तथा गुह्ये चत्वारि द्वे पदे न्यसेत्।
जन्म–ऋक्षं स्थितं यत्र फलंतत्रवदेत्पुमान्॥ २॥
मुखेष्टभुक्छिरोराज्यं कष्टं वामकरे तथा।
वक्षस्यन्यकरे[3] सौख्यं गुह्ये रोगी पदे भ्रमः॥ ३॥

जिस नक्षत्र में जातक का जन्मकालिक बुध सिद्ध हो वहाँ से आरम्भ करके चार नक्षत्र नराकार के मस्तक पर धरें, मुख पर तीन नक्षत्र, वायें हाथ पर चार, दक्षिण

पूर्वपाठः—१ गुह्ये भागेऽपि बभ्रमः।
२ हृदि पञ्चैकं गुह्यैकं त्रीणि द्वे पादे विन्यसेत्।
३ वक्षे याम्यकटे सौख्यं।

हाथ पर भी चार, हृदय में छः, गुह्यस्थान पर चार, एवं पाँव पर दो नक्षत्र रखें, तब विचार कर देखें कि किस अङ्ग पर जातक का जन्मनक्षत्र पड़ा है तदनुसार फल जानें, जैसा कि–मुख पर पड़ने से इच्छानुकूल पदार्थों का भोजन करनेवाला जातक होता है, शिर पर पड़े तो राज्यलब्धि हो, बायें हाथ पर पड़े तो कष्ट हो, हृदय पर तथा दक्षिण हाथ पर पड़े तो सौख्य हो, गुह्य पर पड़े तो रोगी हो, इसी तरह पाँव पर जन्मनक्षत्र पड़ने से जातक बेकार इधर-उधर घूमनेवाला पुरुष होता है सो जानना चाहिए ॥१-३॥

अथ गुरुचक्रम्—

शीर्षे चत्वारि राज्यं युगपरिगणितं स्कन्धयुग्मे च लक्ष्मी-
रेकं कण्ठे विभूतिर्मदनपरिमितं वक्षसि प्रीतिलाभम् ।
षड्भिः पीडाङ्घ्रियुग्मे जलधिपरिमितं वामहस्ते च मृत्यु-
र्दृग्युग्मे त्रीणि कुर्यान्नृपतिसमसुखं वाक्पतेश्चक्रमेतत् ॥ १ ॥

जन्मकालिक बृहस्पति के नक्षत्र से गिन कर चार नक्षत्र (क्रमानुसार) नराकार के शिर पर धरे जिसका फल जातक को राज्य मिलता है, चार नक्षत्र कन्धाओं पर रखे फल–लक्ष्मीप्राप्ति हो, कण्ठ पर एक जिसका फल ऐश्वर्य या पराक्रम बढ़े, हृदय पर सात धरें उसका फल किसी व्यक्ति विशेष के साथ प्रीति हो, दोनों चरण के ऊपर छः नक्षत्र स्थापित करें जिसका फल पीड़ा हो, चार बायें हाथ पर, फल मृत्यु जाने, इसी तरह तीन नक्षत्र दोनों आँख पर धरें इसका फलस्वरूप राजा के समान सुख प्राप्त हो, (यह गुरुचक्र है) जैसा कि आचार्यों ने कहा है ॥ १ ॥

अथ भृगुचक्रम्—

यस्मिन्नृक्षे भवेच्छुक्रस्तदाद्यं च चतुः शिरे (?) ।
कण्ठे[1] च हृदये पञ्च त्रिगुह्ये पञ्च जङ्घयोः ॥ १ ॥
त्रीणि[2] द्वे पादयोर्दद्यात्फलं जन्मर्क्षमानतः ।
शिरोराज्यं धनं कण्ठे हृदये सौख्यमेव च ॥ २ ॥
शत्रु भीतिर्भवेद्गुह्य जङ्घायामिष्टभोजनम् ।
पादे च सुखसंप्राप्तिः शुक्रचक्रे क्रमेणवै ॥ ३ ॥

किसी आदमी के जन्मकालिक शुक्र जिस नक्षत्र पर व्यवस्थित सिद्ध हो वहाँ से गिनकर चार नक्षत्र नराकृति के शिर पर, पांच हृदय पर तीन गुह्यस्थान में पाँच जङ्घाओं पर तीन और दो क्रम से दोनों पांव पर रखें कि जन्य नक्षत्र जिस अङ्ग पर पड़ा है उसका लिखित फल कहें–यथा–शिर पर वह नक्षत्र आवे तो राज्य मिले, कण्ठ पर धन का लाभ, हृदय पर सौख्य, गुह्यस्थान पर शत्रुओं की तरफ से भय जङ्घा में अभीष्ट वस्तुओं का भोजन तथा पाव पर पड़ने से सुखों की प्राप्ति होगी सो जानना चाहिए ॥३॥

पूर्वपाठः—१ कण्ठे च उरके पञ्च । २ त्रीणि द्वे च पदे दद्यात् ।

अथ मार्गिशनिचक्रम्—

शनिचक्रं नराकारं लिखित्वा सौरिभादितः।
नाम-ऋक्षं भवेद्यत्र ज्ञेयं तत्र शुभाशुभम्॥ १॥
नक्षत्र मेकं च शिरोविभागे मुखे त्रीणि युगं च गुह्ये।
नेत्रे च नक्षत्रयुगं हृदिस्थं त्रेयं तथा वामकरे चतुष्कम्॥ २॥
वामे च पादे त्रितयं च भानां भानां त्रयं दक्षिणपादसंस्थम्।
ऋक्षाणि चत्वारि च दक्षिणेतरे पाणौ प्रणीतं मुनिनारदेन॥ ३॥
रोगो लाभो हानिराप्तिश्च सौख्यं बन्धः पीडा सत्प्रयाणंचलाभः।
मान्दे चक्रे मार्गगे कल्पनीयं तद्वैलोम्याद्वक्रगेस्युः फलानि॥४॥

अत्र शनिचक्र कहते हैं–पहले की तरह यहाँ भी एक नराकृति बनाकर जन्मकालीन शनि के-नक्षत्र से आरम्भ कर लिखितानुसार सब अङ्गों पर स्थापित करे तब शुभाशुभ फल देखे। सर्वप्रथम एक नक्षत्र शिर पर तीन मुख पर, चार गुह्य में, दो आखों के ऊपर, तीन हृदय पर, चार बायें हाथ पर, तीन वाम पाद पर, तीन दक्षिण पाद पर, तथा चार नक्षत्र दक्षिण हाथ में न्यस्त करे। फल क्रम से रोग, लाभ हानि प्राप्ति, सौख्य, बन्धन, पीड़ा, अच्छी यात्रा, लाभ जानना चाहिये। फल विचार शनैश्चर के मार्गी रहने पर लिखा गया है, यदि विक्री हो तो अग्रिमश्लोकोक्त फल का निर्धारण करें॥ १–४॥

वक्रिशनिचक्रम्—

यस्मिञ्छनिश्चरति वक्रगतिस्तदादि-
चत्वारि दक्षिणकरेऽङ्घ्रियुगे च षट् कम्।
चत्वारि वामकरकेऽप्युदरे च पञ्च-
मूर्ध्नि त्रयं नयनयोर्द्वितयं त्रिगुह्ये॥ १॥
रोगो लाभस्तथा द्रव्यलाभो बन्धनमेव च।
पूजा च जनसौभाग्यमल्पमृत्युः क्रमात्फलम्॥ २॥

जिस नक्षत्र में वक्री शनि वर्त्तमान हों वहाँ से विलोमक्रमानुसार चार नक्षत्र दक्षिण हाथ में, दोनों चरण में छः नक्षत्र, वाम हाथ पर चार, पेट पर पाँच, शिर पर तीन, आँखों पर दो, एवं गुह्यस्थान पर तीन नक्षत्र धरें। जिसका फल क्रम से रोग, लाभ, धन; लाभ, बन्धन, पूजा (आदर), सौभाग्य तथा थोड़ी ही अवस्था में मृत्यु होना

पूर्वपाठः—१ भूपपञ्चकं वामकरे। २ तद्वैलोम्याच्छीघ्रगे स्यात्फलानि।
३ वक्रगतं तदृक्षं। ४ चत्वारि वामकरणे।

यह जाने अर्थात् दक्षिण हाथ में जन्मनक्षत्र पड़े तो जातक को कोई रोग हो, चरण में पड़े तो आर्थिक लाभ कहें, बायें हाथ पर पड़े तो भी द्रव्य का लाभ हो, पेट पर पड़े तो किसी मुकद्दमें के प्रपञ्च से जेल जाना पड़े, शिर पर पड़ने से लोगों के बीच में पूरा आदर पाने वाला हो, आँखों के ऊपर पड़े तो पर्याप्त सौभाग्य प्राप्त हो, इसी तरह गुह्य स्थान पर जन्म नक्षत्र पड़ने से उसकी अल्पमृत्यु होगी, यह कहना चाहिये ॥ १—२॥

अथ राहुचक्रम्

यस्मिन्नृक्षे भवेद्राहुस्तदादौ सप्त पादयोः।
दक्षिणे च भुजे पञ्च शिरसि त्रीणि दापयेत् ॥ १ ॥
ऋक्षे द्वे हृदये न्यस्य मुखे चैकं नियोजयेत्।
[1]पञ्चकं करे ज्ञेयमृक्षमेकं च नाभिगम् ॥ २ ॥
तत्रैव त्रीणि गुह्ये च राहुचक्रं विधीयते।
धनहानिर्भवेत्पादे सन्तापो दक्षिणे करे।
शीर्षे शत्रुभयं विद्याद्धृदये दुर्जनप्रियम् ॥ ३ ॥
मुखे दुर्जनसंहारो मृत्युर्वामे करे भवेत्।
नाभिस्थं सर्वनाशाय गुह्ये प्राणविनाशनम् ॥ ४ ॥

जन्मसमय के राहु जिस नक्षत्र पर रहे उससे आरम्भ कर सात नक्षत्र नराकार के चरणों पर धरे, दक्षिण हाथ पर पाँच, शिर पर तीन, हृदय पर दो, मुख पर एक, वाम हाथ पर पांच, तथा एक नाभि-स्थान पर रक्खे, एवं तीन गुह्यस्थान पर धरे, इस तरह न्यास करने पर जिस अंग में जन्मनक्षत्र पड़े उसके अनुसार शुभाशुभ जानना चाहिये, जैसे चरण पर पड़े तो धन की हानि हो, दक्षिण हाथ पर पड़े तो सन्ताप हो, शीर्ष स्थान (मस्तक) में पड़ने से शत्रुओं की तरफ से भय प्राप्त हो, हृदय पर पड़े तो दुर्जनों के साथ प्रीति बढ़े, मुख पर पड़े तो दुर्जनों करके संहार हो, वाम हाथ में पड़ने से मृत्यु हो, नाभि—स्थान पर पड़े तो सर्वनाश हो तथा च गुह्यस्थान पर पड़ने से प्राणनाश कहना चाहिये ॥ १–४ ॥

अथ केतुचक्रम्—

शीर्षे पञ्च द्वे मुखे कर्णे [2]द्वे वै वक्षस्यर्णवर्क्षाणि हस्ते।
अंघ्रौ बाणा वेदतुल्याश्च वस्त्यां केतोश्चक्रं प्रोदितं बुद्धिमद्भिः ॥१॥
मुखे भयं मूर्ध्नि जयं करोति कर्णे भयं पाणियुगे च सौख्यम्।
पादे सुखं वक्षसि शोकमेव गुह्ये भ्रमं [3]दुःखविकारहेतुम् ॥ २ ॥

पूर्वपाठः—१ पञ्चऋक्षमरे ज्ञेयमृक्षमेकं च नाभिगम्। २ वक्षे च द्वौ वेद–ऋक्षं च हस्ते। अंघ्रौ पञ्च वस्ति चत्वारि ज्ञेयं। ३ दुःखविकारहेतुः।

किसी भी जातक के जन्मसमय केतु जिस नक्षत्र पर पड़ता हो वहाँ से आरम्भ कर क्रमानुसार नराकृति के शिर पर पाँच नक्षत्र धरे, एवं आगे भी मुख पर दो नक्षत्र, कानों पर पांच, दो हृदय पर, हाथ पर चार, चरणों पर पांच तथा वस्तिस्थान पर चार नक्षत्र रखे, बाद उक्त आकृति के जिस अङ्ग पर जन्मनक्षत्र पड़े तदनुसार लिखित फल जाने अर्थात् मुख पर पड़े तो भय प्राप्त हो, शिर पर पड़े तो लड़ाई में बहुधा हमेशः विजय हो, कान पर पड़े तो भय हो, दोनों हाथ पर पड़े तो सौख्य मिले, चरण पर पड़े तो भी सुख हो, वक्षःस्थल (हृदय) पर पड़े तो शोक कहें एवं गुह्य स्थान पर पड़ने से जहां-तहां व्यर्थ जातक घूमने वाला हो जहां कि उसे अनेक प्रकार की तकलीफ उठानी पड़े ॥ १–२ ॥

अथ ग्रहाणां दीप्ताधवस्थाः––

दीप्तः स्वस्थो मुदितः शान्तः शक्त प्रपीडितोदीनः ।
विकलः खलश्च कथितो नवप्रकारो ग्रहो हरिणा ॥ १ ॥

दीप्त, स्वस्थ, मुदित, शान्त, शक्त, प्रपीडित, दीन, विकल एवं खल इस तरह अवस्था के भेद से सभी ग्रह नौ प्रकार के कहे गये हैं ॥ १ ॥

दीप्तस्तुङ्गतः खगो निजगृहे स्वस्थो हिते हर्षितः
शान्तः शोभनवर्गश्च खचरः शक्तः स्फुरद्रश्मिभाक् ।
लुप्तः स्याद्विकलः स्वनीचगृहगो दीनः खलः पापयुक्
खेटो यः परिपीडितश्च खचरैः स प्रोच्यते पीडितः ॥ २ ॥

अब सभी के लक्षण कहते हैं–जो ग्रह अपने उच्चस्थान पर रहे वह दीप्त, जो अपने स्थान पर रहे वह स्वस्थ, जो हित (मित्र) की जगहों पर रहे वह हर्षित (मुदित) जो शुभग्रहों के वर्ग में रहे वह शान्त, जो उदित होकर देदीप्यमान है वह शक्त, जो सुप्त याने अस्त है वह विकल, जो अपने नीचस्थान में है वह दीन, जो पापग्रहों के साथ में रहे वह खल तथा जो ग्रह और ग्रहों से पीड़ित रहें वह पीडित कहलाता है ॥२॥

अथावस्थाफलम्––

दीप्ते प्रतापादतितापितारिर्गलन्मदालङ्कृतकुञ्जरेशः ।
नरो भवेत्तन्निलये सलीलं पद्मालयालंकुरुते विलासम् ॥ ३ ॥

यदि किसी जातक के जन्मसमय दीप्त–संज्ञक ग्रह अनुकूल दिखाई पड़े तो वह महा प्रतापी होकर अपने शत्रुमण्डल को नष्ट कर दे, बड़े २ मत्त हाथियों से सदैव भूषित रहे, और उसके यहां परिपूर्ण लक्ष्मी के रहने से खूब आनन्द विलास के साथ जीवन बिताने वाला बड़ा भाग्य शाली पुरुष हो ॥ ३ ॥

पूर्वपाठः—१ शक्तस्फुरद्रश्मिभाक् ।

स्वस्थे महद्वाहनधान्यरत्नविशालशालाबहुलेन युक्तः।
सेनापतिः स्यान्मनुजो महौजा वैरिव्रजावाप्तजयाधिशाली ॥४॥

यदि स्वस्थ—संज्ञक ग्रह दीख पड़े तो बहुत वाहन (हाथी, घोड़े, मोटर आदि), बड़ी २ आलीशान इमारत आदि का आधिपति हो, सम्भवतः किसी फौज में सेनापति का पद पावे या सामाजिक संस्था का सभापति हो, समस्त शत्रुमण्डल को हराकर पूरी विजय प्राप्त करने वाला हो ॥ ४ ॥

हर्षिते भवति कामिनीजनोऽत्यन्तभूषणमणिव्रजवित्तः।
धर्मकर्मकरणैकमानसो मानसोद्भवचयो हतशत्रुः ॥ ५ ॥

यदि उक्त नवो प्रकार के ग्रहों में से हर्षित नाम का ग्रह पड़े तो अपनी या पराई स्त्रियों का परम प्यारा हो, अनेक तरह के आभुषण—मणि आदि बहुमूल्य वस्तुओं के रहने से महा धनी, प्रतिक्षण धर्म के सम्बन्ध में सब कामों को करने में निरत, उत्तरोत्तर उदारचित्त रखनेवाला, एवं शत्रुओं को नष्ट करनेवाला प्रभावशाली पुरुष होता है सो जानना चाहिये ॥ ५ ॥

शान्तेऽतिशान्तो हि महीपतिनां मन्त्री स्वतन्त्रो बहु मित्रपुत्रः।
शास्त्राधिकारि सुतरां नरः स्यात्परोपकारी सुकृतैक चित्तः ॥ ६ ॥

शान्त–संज्ञक ग्रह को रहने से जातक महा शान्त प्रकृति वा, कई राजाओं का मन्त्री के पद पर नियुक्त, कार्य मात्र करने में किसी की अनुमति न लेकर स्वतन्त्रता दिखाने वाला, शास्त्रों का ज्ञाता, पराये का उपकार करने वाला तथा सदैव धर्म की बातों में मन लगाने वाला परम पवित्र शीलवान् आदमी होता है ॥ ६ ॥

शक्तेऽतिशक्तः पुरुषो विशेषात् सुगन्धमाल्याभिरुचिः शुचिश्च।
विख्यातकीर्तिः सुजनः प्रसन्नो जनोपकर्त्तारिजनप्रहर्ता ॥ ७ ॥

यदि जातक के जन्मसमय शक्त नाम का ग्रह अनुकूल प्रतीत हो तो हर तरह से सभी कामों में प्रवीण, विशेषतः सुगन्धित पदार्थों में अभिरुचि रखने वाला, पवित्र आत्मा वाला, कई अपूर्व कीर्तिओं के द्वारा समाज या प्रान्त में बड़ा मशहूर, सज्जन, परम प्रसन्न, साधारण जनता का उपकार करनेवाला तथा शत्रुओं के लिए महाप्रहारकर्त्ता याने उनको मारने वाला पराक्रमशाली पुरुष होता है ॥ ७ ॥

हतबलो विकलो मलिनः सदा रिपुकुलप्रबलत्वगलन्मतिः।
खलसखः स्थलसञ्चरणो नरः कृशतरः परकार्यरतादरः ॥ ८ ॥

यदि विकल नाम का ग्रह हो तो जानना कि कुण्डली वाला जातक का सारा बल नष्ट हो जाय, देखने में मलिन होय, प्रायः सदैव शत्रुजनों के द्वारा सताये जाने के

पूर्वपाठः—१ हर्षितो भवति कामिनीजनो। २ खलसखः स्थलसञ्चरतो नरः।

कारण उसकी बुद्धि मन्द पड़ जाय, पापी-दुष्टों के साथ मैत्री हो, व्यर्थ इधर-उधर भ्रमण करे, उसका शरीर भी कृश हो जाय, तथा अधिक समय उस हालत पर भी पराये कामों को करने में अपना आदर समझने वाला मन्दभाग्य पुरुष होता है ॥ ८ ॥

दीनेऽतिदीनोऽपचयेन तप्तः संप्राप्तभूमीपतिशत्रुभीतिः।
संत्यक्तनीतिः खलु हीनकान्तिः स्वजातिवैरं हि नरः प्रयाति ॥९॥

अगर दीन–संज्ञक ग्रह पड़े तो जातक महा दीन हो, आर्थिक अवनति से पीड़ित रहे, राजाओं एवं शत्रुओं की तरफ से पूरा भय प्राप्त हो, नीति—मार्ग का अवलम्बन न न करके विरुद्धाचरण करे जिसके कारण बड़ी हानि हो, देखने में भी उसकी आकृति बुरी मालूम पड़े, एवं अपने जातीय लोगों के साथ भी शत्रुता हो जाय, यह पूर्वाचार्यों का कथन है ॥ ९ ॥

खलाभिधाने हि खलैः कलिः स्यात् कान्तातिचिन्तापरितप्तचित्तः।
विदेशयानं धनहीनतान्तःकोपी भवेल्लुब्धमतिप्रकाशः ॥१०॥

जिसके चक्र में ग्रह खल–संज्ञक देखा जाय उसको दुष्टों के साथ झगड़ा (मुकदमा) हो स्त्री के सम्बन्ध की बातों की चिन्ता से अधिक व्याकुल सा रहे यहाँ तक कि अपने देश को छोड़ कर विदेश में जाकर रहे, धन घट जाने के कारण भीतरी क्रोधी बना रहे, तथा किसी अन्य की चीजों पर लोभ अधिक हो ऐसा जानना चाहिये ॥ १० ॥

पीडिते भवति पीडितः सदा व्याधिभिर्व्यसनतोऽपि नितान्तम्।
याति सञ्चलनतां निजस्थलाद्व्याकुलत्वमपि बन्धुचिन्तया ॥११॥

यदि पीडतावस्था में सम्प्राप्त ग्रह पड़े तो जातक विविध प्रकार की व्याधियों से तथा व्यसन (नशाबाजी) से बहुत पीड़ित रहे, अपने स्थान को छोड़ कर अन्यान्य प्रान्तों में भ्रमण करे, एवं अपने परिवारों के सम्बन्ध की चिन्ता से मन में बड़ी तीव्र व्याकुलता आ जाय जैसा कि आचार्यों ने कहा है ॥११॥

अथ गजचक्रम्—

[1]'मातङ्गनायकं चक्रं कथयामि समासतः।
यस्य विज्ञानमात्रेण यात्रायुद्धे जयो भवेत्' ॥ १ ॥
गजाकारं लिखेच्चक्रं सर्वावयवसंयुतम्।
अष्टाविंशति-ऋक्षाणि देयानि सृष्टिमार्गतः ॥ २ ॥
[2]मुखशुण्डाग्रनेत्रे च कर्णशीर्षाङ्घ्रिपुच्छके।
द्विकं द्विकं च दातव्यं [3]चतुः पृष्ठे तथोदरे ॥ ३ ॥

पूर्वपाठः—१ येन विज्ञानमात्रेण यात्रायुद्धे जयो भवेदित्युत्तरार्द्धमेव। २ मुखे शुण्डाग्रे नेत्रे च। ३ पृष्ठोदरे चतुश्चतुः।

द्विरदव्ययभान्यादौ [?] वदनाद्गण्यते बुधैः।
ऋक्षे यत्र स्थितः सौरिर्ज्ञेयं तत्र शुभाशुभम् ॥ ४ ॥
[१]मुखशुण्डाग्रनेत्रेषु सौरिभं मस्तकोदरे।
युद्धकाले गते यस्य जयस्तस्य न संशयः ॥ ५ ॥
पृष्ठे पादे च पुच्छे च कर्णसंस्थे शनैश्चरे।
मृत्युर्भङ्गो रणे तस्य—ऐरावतसमो यदि ॥ ६ ॥
एतेषां दुष्टभङ्गानां तत्काले संस्थितः शनिः।
तत्काले पट्टबन्धोऽपि वर्जनीयः प्रयत्नतः ॥ ७ ॥
पृथिव्या भूषणं मेरुः शर्वर्या भूषणं शशी।
नराणां भूषणं विद्या सैन्यानां भूषणं गजः ॥ ८ ॥

इसके बाद संक्षेप से मातङ्गनायक-(गज)-चक्र दिखाते हैं, जिसके विज्ञान से यात्रायुद्ध में विजय मिलता है। पहले पूरे सब अङ्गों के साथ एक हाथी की आकृति बनावे और क्रमानुसार अभिजित् के समेत अठाइशों नक्षत्र का निवेश करे। मुख, शुण्डाग्र (नासिका), आँख, नाक, मस्तक, चरण तथा पुच्छ इनमें दो २ नक्षत्र, पृष्ठ तथा पेट पर चार २ नक्षत्र स्थापित करें, तब विचार कर देखना चाहिये कि शनैश्चर का वर्त्तमान नक्षत्र गजाकार के किस अङ्ग पर पड़ा है, तदनुसार शुभाशुभ फल कहें, यथा—यदि युद्ध समय शनैश्चर का नक्षत्र मुख, नासिका, नेत्र, मस्तक तथा पेट पर पड़े तो सर्वतः उस लड़ाई में विजय प्राप्त हो इसमें संशय बिलकुल नहीं है। कदाचित् पृष्ठ, चरण, पुच्छ तथा कान इन अङ्गों पर शनैश्चर-नक्षत्र पड़े तो मृत्यु एवं हार होगी चाहे कितनी हीं बड़ी सेना उसके पास क्यों न हो तथापि सफलता नहीं मिलेगी यह निश्चय है। इसलिए यदि खराब स्थान में शनि-नक्षत्र पड़े तो कभी लड़ाई वगैरह के लिए तैयार न हों अवश्य छोड़ देना चाहिये। जैसे पृथ्वी का आभूषण पर्वत है, रात्रि का चन्द्रमा है, मनुष्यों में विद्या है। उसी तरह सेनाओं का भूषण हाथी है, अतः इस चक्र का परिणाम यात्रा-युद्ध में अधिक घटेगा। इसके प्रतिकूल कभी युद्ध के लिये तैयार न होना चाहिये ॥ १-८ ॥

अथाश्वचक्रम्—

अश्वाकारं लिखेच्चक्रमश्वधिष्ण्यादितारकाः।
वदनात्सृष्टिगा देया अष्टाविंशतिसंख्यया ॥ १ ॥

पूर्वपाठः—१ मुखे शुण्डाग्रे नेत्रे च।

मुखाक्षिकर्णशीर्षेषु पृच्छाङ्घ्रयोर्युग्मसंख्यया।
पञ्च पञ्चोदरे पृष्ठे सौरिर्यत्र फलं ततः॥ २॥
मुखाक्षिकर्णशीर्षस्थो यदा सौरिस्तुरङ्गमे।
तदारिर्भङ्गमायाति रणे शत्रुवशं गतः॥ ३॥
कर्णाङ्घ्रिपृष्ठे पुच्छस्थे अश्वाङ्गेष्वर्कनन्दने।
विभ्रमं भङ्गहानिं च कुरुतेऽसौ महाहवे॥ ४॥
एतत्स्थानस्थितः सौरिः सदा काले हयस्य च।
पट्टबन्धे गमे युद्धे वर्जयेत्तं हयं नृपः॥ ५॥
देशान्तरस्थितः सौरि रिपवः सन्ति शङ्किताः।
तुरङ्गा यस्य भूपस्य विचरन्ति महीतले॥ ६॥

अब अश्वचक्र कहते हैं–प्रथमतः एक अश्व (घोड़े) की आकृति बनावें उसके अङ्गों पर अभिजित् सहित अश्विन्यादि २८ नक्षत्रों का क्रम से न्यास करें–मुख में, आँख में, कान में, मस्तक में, पुच्छ में तथा चरण में दो दो नक्षत्र स्थापित करें। एवं उदर और पृष्ठ में पाँच-पाँच नक्षत्र रक्खें, इस तरह न्यास करके देखें कि किस अङ्ग पर शनि का नक्षत्र पड़ता है, तो उसके अनुसार फल जानें—मुख, नेत्र, कान, एवं मस्तक इनमें शनि नक्षत्र पड़े तो शत्रु रणक्षेत्र में नाश को प्राप्त हो अर्थात् अपनी जीत हो। तथैव चरण, पृष्ठ और पुच्छ इनमें शनि–नक्षत्र पड़े तो स्वयं विभ्रम, भङ्ग तथा पूरी हानि उठा कर उस युद्ध में हार जाता है। यदि उक्त अङ्गों पर शनि-नक्षत्र पड़े तो पट्टबन्ध, यात्रा, युद्ध इनके लिए कभी उद्यत नहीं हों अन्य अङ्गों पर रहने से शत्रु लोग शङ्कित रहें और इसी की विजय प्राप्त हों इस प्रकार अश्वचक्र का विचार करना चाहिये॥ १–६॥

अथ शतपदचक्रम्—

चक्रं शतपदं वक्ष्ये ऋक्षांशाक्षरसम्भवम्।
नामादिवर्णतो ज्ञेयमृक्षराश्यंशकं तथा॥ १॥
तिर्यगूर्ध्वगता रेखा रुद्रसंख्या लिखेद्बुधः।
जायते कोष्ठकं तत्र शतमेकं न संशयः॥ २॥

पूर्वपाठः—१ एतच्छतपदचक्रोद्धारः संयुक्तिको मत्कृतमुहूर्तचिन्तामणिटिप्पण्यां सुविशदमवलोक्यः।

न्यास्यावकहडादीनि रुद्रादिविदिशः क्रमात्।
पञ्च पञ्च क्रमेणैव विंशद्वर्णान् प्रयोजयेत् ॥ ३ ॥
पञ्चस्वरसमायोग एकैकं पञ्चधा कुरु।
कुर्यात्कुपुभुदुस्थानि[1] त्रीणि त्रीण्यक्षराणि च ॥ ४ ॥
कुघाङाछा[2] भवेत्स्तम्भो रौद्र ईशानगोचरे।
पुषाणाठा भवेत्स्तम्भो हस्तमाग्नेयसंज्ञके[3] ॥ ५ ॥
भूधाफाढ़ा भवेत्पूर्वे दूथाझाञास्तथोत्तरे[4]।
एवं स्तम्भचतुष्कं च ज्ञातव्यं स्वरवेदिभिः ॥ ६ ॥
धिष्ण्यानि कृत्तिकादीनि प्रत्येकं चतुरक्षरैः।
साभिजित्यंशकास्तस्य[5] शतकं द्वादशाधिकम् ॥ ७ ॥
यद्दक्षांशककोष्ठस्थः क्रूरः सौम्योऽपि वा ग्रहः (?)।
ततस्तद्वर्जयेन्नित्यं पुंसो नामाद्यमक्षरम् ॥ ८ ॥

अब शतपद-चक्र लिखते हैं—जिसके द्वारा किसी भी व्यक्ति के नाम के पहले अक्षर से नक्षत्र, चरण एवं राशि का पता चलता है। पहले ग्यारह रेखायें ऊर्द्ध्वाधर तथा ग्यारह तिर्छी स्थापित करें ऐसा करने से १०० कोष्ठक बन जायँगे, बाद उसके ईशान कोण से अ, ब, क, ह, ड न्यास कर मात्रा के अनुसार इसके नीचे इ, वि, कि, हि, डि इत्यादि धरे तब ईशान कोणीय क्षेत्र २५ कोष्ठात्मक भर जायगा, एवं क्रम से अन्य कोणक्षेत्र को भी भर दें। परन्तु कु, पु, भु, दु इन अक्षरों के स्थान में क्रम से तीन २ अक्षर (घङछ, षणठ, थझञ) और रखें इस तरह ११२ अक्षरों का समावेश उस चक्र में हो जायगा। जिनमें चतुरक्षरात्मक चारों कोष्ठक स्तम्भ-संज्ञक कहे गये हैं। फिर नक्षत्रों का चरण जानने के लिए ईशान से उर्ध्वाधःक्रम—पाठ से अइउए कृत्तिका, ओवविवु रोहिणी, वेवोककि मृगाशिरा इत्यादि अश्विनी-सहित सभी (अट्ठाइसों) नक्षत्रों के चार २ चरण निकल जायँगे। इस चक्र में अश्विनी का निवेश पहले न होकर कृत्तिका ही से हुआ है इसलिए ज्यौतिष सम्बन्ध के विचारों में बहुत जगह कृत्तिका ही से गणना आरम्भ हुई है, उसका यही कारण है। जिस नक्षत्र चरण में पाप ग्रह पड़े वह नाम के प्रथम वर्ण में वर्जित करना चाहिए जैसा कि कहा गया है ॥ १-८ ॥

पूर्वपाठः—१ कुर्यात्कुपुम्दुस्थानि''''कुघङव भवेत्स्तम्भो''''।
२ अत्र ह्रस्वदीर्घयोस्तालव्यदन्त्ययोर्वकारबकारयोश्चाभेदः स्वीकृतोऽस्ति प्राचीनैः।
३ हस्तमाग्नेयसंज्ञके। ४ मधफढ़ भवेत्पूर्वे दुथझञ उत्तरादले।
५ सामिजित्पञ्चशस्तस्य।

स्पष्टार्थं चक्रम्—

अ	व	क	ह	ड	म	ट	प	र	त
इ	वि	कि	हि	डि	मि	टि	पि	रि	ति
उ	वु	कुघङछ	हु	डु	मु	टु	पुषणठ	रु	तु
ए	वे	के	हे	डे	मे	टे	पे	रे	ते
ओ	वो	को	हो	डो	मो	टो	पो	रो	तो
न	य	भ	ज	ख	ग	स	द	च	ल
नि	यि	भि	जि	खि	गि	सि	दि	चि	लि
नु	यु	भुधफड़	जु	खु	गु	सु	दुथझञ	चु	लु
ने	ये	भे	जे	खे	गे	से	दे	चे	ले
नो	यो	भो	जो	खो	गो	सो	दो	चो	लो

[1]सौम्यैर्विद्धे शुभं ज्ञेयमशुभं पापखेचरैः ।
मिश्रैर्मिश्रफलं तत्र निर्वेधेन शुभाशुभम् ॥ ९ ॥

यदि शुभ ग्रहों से विद्ध हो तो शुभ जाने, पाप ग्रहों से विद्ध हो तो अशुभ जाने एवं दोनों प्रकार के ग्रहों का वेध होता हो तो सामान्य, किन्तु निर्वेध होने पर बहुत शुभ माना गया है ॥ ९ ॥

यदुक्तं सर्वतोभद्रे ग्रहोपग्रहवेधतः ।
शुभाशुभफलं सर्वं तदिहापि विचिन्तयेत् ॥ १० ॥

जैसे सर्वतो भद्रचक्र में ग्रहों के वेध से शुभाशुभ फल का कथन है वैसे ही यहाँ पर भी सब विचार करें ॥ १० ॥

अथ सूर्यकालानलचक्रम्—

सूर्यकालानलं चक्रं स्वरशास्त्रोदितं महत् ।
तदहं विशदं वक्ष्ये चमत्कृतिकरं परम् ॥ १ ॥

पूर्वपाठः—१ सौम्ये विद्धे तदुक्तं सर्वतोभ०, ।

इसके बाद सूर्यकालानल चक्र का भली-भाँति वर्णन करता हूँ जो कि स्वरशास्त्र में वर्णित है और महा चमत्कार दिखाने वाला है ॥ १ ॥

त्रिशूलकाग्राः सरलाश्च तिस्रः
किलोर्ध्वरेखाः परिकल्पनीयाः ।
रेखात्रयं मधगतं च तत्र
द्वे द्वे च कोणोपरिगे विधेये ॥ २ ॥
त्रिशूलकोणान्तरगान्यरेखा
तदग्रयोः शृङ्गयुगं विधेयम् ।
मध्यत्रिशूलाह्वयदण्डमूलान्
सव्येन भान्यर्कभतोऽभिजिच्च ॥ ३ ॥

चक्र बनाने का प्रकार इस तरह है कि पहले त्रिशूल वाली तीन सरल रेखायें उर्ध्वाधर–रूप रख कर तीन रेखायें तिर्छी धरें, इनके बीच वाली रेखा के दोनों प्रान्त में शृङ्गाकार बनावें और चक्र के चारों कोण में दो दो रेखायें और रखें। इनमें नक्षत्रों का न्यास करने के लिये जिस नक्षत्र में सूर्य उस समय पड़ता हो उसको सर्व–प्रथम मध्य त्रिशूल वाली रेखा के मूल में करें, बाद उसके आगे सव्य–क्रम से अभिजित् सहित सभी नक्षत्रों का न्यास कर शुभाशुभ फल देखें ॥ २–३ ॥

स्वनामभं यत्र गतं च तत्र प्रकल्पनीयं सदसत्फलं हि ।
तत्तस्य–ऋक्षत्रितये क्रमेण चिन्ता वधश्च प्रतिबन्धनानि ॥४॥

अब अपना जन्मनक्षत्र उस चक्र के जिस प्रदेश में पड़े उसका फल शुभ या अशुभ जो कुछ है, इस प्रकार कहा गया है कि त्रिशूल वाली रेखाओं के मूल में पड़े तो क्रम से चिन्ता, वध, तथा सभी कामों में प्रतिबन्ध जानो ॥ ४ ॥

शृङ्गद्वये रुक् च भवेच्च भङ्गं शूलेषु मृत्युं परिकल्पयन्ति ।
शेषेषु धिष्ण्येषु जयश्च लाभोऽभीष्टार्थसिद्धिर्विविधा नराणाम् ॥५॥

दोनों शृङ्ग में रोग एवं भय हो, त्रिशूल में पड़े तो मृत्यु हो, इनसे अतिरिक्त स्थान में नामनक्षत्र पड़ने से जय, लाभ तथा अनेक अभिप्रायों की सिद्धि प्राप्त होती है ॥५॥

श्रीसूर्यकालानलचक्रमेतद्गदे च वादे च रणे प्रयाणे ।
प्रयत्नपूर्वं परिचिन्तनीयं पुरातनानां वचनं प्रमाणम् ॥ ६ ॥

इस सूर्यकालानल चक्र का विचार यत्न के साथ रोग में विवाद (मुकदमा) में, युद्ध-क्षेत्र तथा यात्रा में करना चाहिये जैसा कि प्राचीन आचार्यों का वचन प्रमाण है ॥६॥

पूर्वपाठः—१ कीलोर्ध्वरेखाः । २ मध्यं त्रिशूलस्य च दण्डमूलात् ।

रवेर्वेधे मनस्तापो द्रव्यहानिश्च भूसुते ।
रोगपीडाकरो मन्दो राहु केतुश्च मृत्युदः ॥ ७ ॥
गुरोर्वधे भवेल्लाभो रत्नलाभश्च भार्गवे ।

स्पष्टार्थं सूर्यकालानलचक्रम्—



(उर्ध्वाधर रेखाओं में कुछ दूरान्तर हो गया, भीतर चारों चतुर्भुज वर्गक्षेत्र के समान होना चाहिये । पाठक गण उन्हें सुधार लेवें)

स्त्रीलाभश्चन्द्रवेधे च सुखं स्याद्बुधवेधतः ।
जन्मराशेश्च वेधस्य फलमेतत्प्रकीर्तितम् ॥ ८ ॥

सूर्य का वेध हो तो मानसिक तार, मङ्गल का वेध रहे तो द्रव्य की हानि, शनैश्चर के वेध से रोग और पीड़ा तथा राहु एवं केतु के वेध से मृत्यु होती है, बृहस्पति के वेध से धनका लाभ, शुक्र के वेध से रत्नों का लाभ, चन्द्रमा के वेध से स्त्री का लाभ, तथैव बुध के वेध से सुख इतने फल कहे, यह जन्मराशि का वेध-विचार कहा गया है ॥७—८॥

अथ चन्द्रकालानलचक्रम्

चन्द्रकालानलं चक्रं व्योमाकारं लिखेद्बुधः ।
चतुर्दिक्षु त्रिशूलानि मध्यत्र्यस्राणि कारयेत् ॥ १ ॥

पूर्वपाठः—१जन्मराशेः स्ववेधेन ।

पूर्वं त्रिशूलमध्यस्थं दिवसर्क्षं समालिखेत् ।
त्रिशूले च बहिर्मध्ये बहिर्मध्ये त्रिशूलके ॥ २ ॥
नामर्क्षं च स्थितं यत्र ज्ञेयं तत्र शुभाशुभम् ॥ ३ ॥
त्रिशूले च भवेन्मृत्युर्मध्यमं बहिरष्टके ।
आयुः प्रजा जयो लाभश्चन्द्रगर्भे न संशयः ॥ ४ ॥

इसके बाद चन्द्रकालानल—चक्र कहते हैं। सर्व-प्रथम एक व्योमाकार (वृत्त के सदृश) चक्र लिखकर चारों दिशा में त्रिशूल तथा प्रत्येक त्रिशूलों के मध्य में त्रिकोण बनावें तब चन्द्र—नक्षत्र (जिस दिन विचार करना हो उस दिन का नक्षत्र) त्रिशूल के ऊपर लिखें, अनन्तर क्रम से त्रिशूल, बाहर, तब मध्य एवं मध्य, बाहर तथा त्रिशूल इस प्रकार अभिजित् सहित २८ नक्षत्रों का न्यास करें। तब देखें कि-नाम नक्षत्र इस चक्र के किस हिस्से में पड़ा है तदनुसार फल कहें अर्थात् त्रिशूल में नक्षत्र पड़े तो मृत्यु, बाहर पड़े तो मध्यम, चन्द्रगर्भ में पड़े तो आयुवृद्धि, प्रजावृद्धि, धन, लाभ, यह फल जाने, इसमें संशय नहीं करना चाहिये ॥ १—४ ॥

स्पष्टार्थं चन्द्रकालानलचक्रम्



पूर्वपाठः—१ मध्ये बहिस्त्रिशूलके ।

अथ यमदंष्ट्राजक्रम्—

नवोर्ध्वगानि धिष्ण्यानि नव तिर्यग्गतानि च ।
अधोगतानि धिष्ण्यानि नव चैव विनिर्दिशेत् ॥ १ ॥
चतुर्नाडीकृतो वेधो जन्मनक्षत्रयोगतः ।
सर्पाकारमिदं चक्रं कालचक्रं प्रजायते ॥ २ ॥
त्रीणि मध्यगतर्क्षाणि तानि कालमुखानि च ।
कोणस्थिते चन्द्रधिष्ण्ये तच्च दंष्ट्राद्वयं मतम् ॥ ३ ॥
दिनर्क्षमादिमं कृत्वा नामर्क्षं यत्र संस्थितम् ।
मुखदंष्ट्रागते मृत्युः शुभमन्यत्र संस्थिते ॥ ४ ॥
ज्वरे च नष्टदंष्ट्रे च विवादे विग्रहे रणे ।
कालदंष्ट्रास्यगं नाम यस्य तस्य महद्भयम् ॥ ५ ॥

अब यमदंष्ट्रा–चक्र कहते हैं—पहले नव नक्षत्र ऊर्ध्व प्रदेश में, नौ नक्षत्र तियक् प्रदेश में, तथा नौ नीचे निवेशित करें इस प्रकार २७ नक्षत्र का एक सर्पाकार चक्र काल चक्र बन जायगा। मध्य के तीन नक्षत्र कालमुख, कोणस्थित चन्द्र नक्षत्र दोनों दंष्ट्रा होंगी। दिन-नक्षत्र से आरम्भ कर क्रमानुसार न्यास करके जिस विभाग में, नाम नक्षत्र पड़े उसका फल इस तरह है कि मुख एवं दंष्ट्रा में नाम–नक्षत्र पड़े तो मरण जानना, परन्तु अन्यत्र रहे तो शुभ होता है, इस चक्र का विचार ज्वर के अवसर पर सर्पादिकों का विष लगने में, मुकद्दमा में साधारण विवाद में तथा युद्ध क्षेत्र में अवश्य करे, जिसका नाम–नक्षत्र मुख अथवा दंष्ट्रा में पड़ेगा उसे महाभय प्राप्त होगा यह निश्चय है। अतः ऐसी स्थिति को छोड़ देनी चाहिये ॥ १–५ ॥

अथ त्रिनाडीचक्रम्–

आर्द्राद्यं विलिखेच्चक्रं मृगान्तं च त्रिनाडिकम् ।
भुजङ्गसदृशाकारं मध्ये मूलं प्रतिष्ठितम् ॥ १ ॥
यद्दिने एकनाडिस्थाश्चन्द्रनामर्क्षभास्कराः ।
तद्दिनं वर्जयेत्तस्य विवादे विग्रहे रणे ॥ २ ॥
रोगिणो जन्म-ऋक्षस्य एकनाड्यां यदा शशी ।
तदा पीड़ा विजानीयादष्टप्राहरकीं ध्रुवम् ॥ ३ ॥
रोगिणो जन्म-ऋक्षस्य एकनाड्यां यदा रविः ।
यावदृक्षं भवेद्भोग्यं तावत्पीडा विनिर्दिशेत् ॥ ४ ॥

रोगिणो जन्म-ऋक्षस्य एकनाड्यां यदा भवेत् ।
जन्म ऋक्षं रविश्चन्द्रस्तदा मृत्युं समादिशेत् ॥ ५ ॥
जन्म-ऋक्षं रविश्चन्द्रो भवेद्यदि कथञ्चन ।
अन्यास्त्वन्यासु नाडीषु तदा नीरोगता भवेत् ॥ ६ ॥

आर्द्रा से आरम्भ करके मृगशिरा नक्षत्र तक सर्पाकार चक्र में रखे ऐसा करने से मूल नक्षत्र बीच में पड़ेगा (इसमें अभिजित् का ग्रहण नहीं है) अब जिस दिन किसी आदमी का नाम–नक्षत्र दिन–नक्षत्र तथा सूर्य–नक्षत्र ये एक नाड़ी में पड़ जायँ उस दिन विवाद, विग्रह (झगड़ा) तथा संग्राम नहीं करना चाहिये, अगर किसी रोगी का जन्म–नक्षत्र और चन्द्रमा एक नाड़ी पर पड़े तो उसे दिन–रात (आठों पहर) बहुत पीड़ा होगी यह जाने, तथा रोगी का जन्म नक्षत्र और सूर्य एक नाड़ी में पड़े तो जब तक सूर्य उसका भोग करे तब तक (करीब दो सप्ताह तक) उसे पीड़ा जाननी चाहिये, इसी तरह यदि जन्म-नक्षत्र चन्द्रमा और सूर्य ये तीनों एक नाड़ी-गत हो जायँ तो निश्चय करके उस रोगी की मृत्यु हो जाय, परन्तु जब कभी जन्म-नक्षत्र, चन्द्रमा एवं सूर्य पृथक् २ हो जायँ तब वह रोग से मुक्त होगा यह कहें ॥ १–६ ॥

अथ सर्वतोभद्रचक्रम्––

अथातः संप्रवक्ष्यामि चक्रं त्रैलोक्यदीपकम् ।
विख्यातं सर्वतोभद्रं सद्यः प्रत्ययकारकम् ॥ १ ॥
एकवेधे भवेद्युद्धं युग्मवेधे धनक्षयः ।
त्रिवेधेन भवेद्भङ्गो मृत्युश्चैव चतुर्ग्रहैः ॥ २ ॥
एकादिक्रूरवेधेन फलं पुंसां प्रजायते ।
उद्वेगश्च तथा हानी रोगो मृत्युः क्रमेण च ॥ ३ ॥
भ्रमो (?) ऋत्तेऽक्षरे हानिः स्वरे व्याधिर्भयं तिथौ ।
राशिवेधे महाविघ्नं पञ्चवेधे न जीवति ॥ ४ ॥
अर्कवेधे मनस्तापो द्रव्यहानिस्तु भूसुते ।
रोगपीडाकरः सौरी राहुः केतुश्च विघ्नदौ ॥ ५ ॥
चन्द्रो मिश्रफलं पुंसां रिपुश्चैव तु भार्गवे ।
बुधवेधे भवेत्प्रज्ञा जीवः सर्वफलप्रदः ॥ ६ ॥

अब इसके बाद त्रैलोक्य-दीपक सर्वतोभद्र नाम का चक्र कहता हूँ जो कि परम प्रख्यात एवं श्रेयस्कर है और प्रत्यक्ष विश्वसनीय फल को देने वाला है। इस चक्र में यदि एक ग्रह का वेध हो तो युद्ध, दो ग्रह के वेध हों तो धन का नाश, तीन ग्रहों के

वेध हों तो सर्वत्र भङ्ग तथा चार ग्रहों के वेध हों तो मृत्यु कहें, तत्रापि यदि एक पाप ग्रह के वेध से उद्वेग, दो पापग्रहों के वेध से हानि, तीन पापग्रह के वेध से रोग हो, किन्तु चारों पापग्रह हों तो अवश्य करके मृत्यु जाने। इसी तरह यदि जन्म-नक्षत्र विद्ध हो तो भ्रम, नाम के प्रथमाक्षर विद्ध हो तो हानि, स्वर-विद्ध हो तो व्याधि, तिथि विद्ध हो तो भय, राशि विद्ध हो तो महा भयानक विघ्न, तथा उक्त नक्षत्रादि पाँचों के विरुद्ध होने से निश्चय वह आदमी जीवित नहीं रहे। एवं सूर्य का वेध हो तो मानसिक ताप, मंगल का वेध रहे तो द्रव्य में हानि, शनैश्चर के वेध से रोग एवं पीड़ा तथा राहु और केतु के वेध से भी विघ्न, इस प्रकार फल जाने। तथा च चन्द्रमा का वेध से मिश्र (अच्छा बुरा दोनों) फल, शुक्र का वेध हो तो शत्रु-वृद्धि, बुध के वेध से प्रज्ञा (बुद्धि) की वृद्धि तथा बृहस्पति का वेध दीख पड़े तो हर हालत में अच्छे शुभफल को देने वाला होता है ॥ १-६ ॥

अथ पञ्चस्वरचक्रम्—

अथादावुदयो यस्यास्तिथेस्तद्भुक्तमानतः ।
बालस्वरादिकप्रश्ने फलं तस्य वदाम्यहम् ॥ १ ॥

अथ पञ्चस्वर के ऊपर विचार करते हैं-प्रश्न के समय में जिस तिथि का उदय हो उसी के गत घटी-पल द्वारा बाल, तरुण आदि स्वरों के प्रश्न में शुभाशुभ फल कहे ॥१॥

मृत्युर्बालस्तथा वृद्धः कुमारस्तरुणः स्वरः ।
यो यस्य पञ्चमस्थाने स स्वरो मृत्युदायकः ॥ २ ॥

मृत्यु, बाल, वृद्धि, कुमार तथा तरुण ये पाँच प्रकार के स्वर हैं, जिसके पांचवें जो स्वर हो वह उसके लिए मृत्यु दायक सिद्ध होता है ॥ २ ॥

किञ्चिल्लाभकरो बालः कुमारस्त्वर्द्धलाभदः ।
सर्वसिद्धिं युवा दत्ते वृद्धे हानिर्मृते क्षयः ॥ ३ ॥

बाल स्वर कुछ (ज्यादा नहीं) लाभ दिखाने वाला, कुमार स्वर आधा लाभ कराने वाला, युवा (तरुण) स्वर सब कामों की सिद्धि देने वाला, वृद्ध स्वर हानि कराने वाला तथा मृत्यु स्वर सर्व-नाश करने वाला होता है यह जानना चाहिये ॥३॥

तिथिभुक्तघटीसंख्यां कृत्वा पलमयीं[2] ततः ।
एवं बाणहृते शेषः स्वरस्तत्कालसम्भवः ॥ ४ ॥

वर्त्तमान तिथि की गत घटी जितनी हों उसके पल बनाकर उसमें पाँच से भाग दे तब जो शेष रहे उसके अनुसार मृत्यु आदिक स्वर जाने, याने एक शेष रहने से मृत्यु,

पूर्वपाठः—१ अथादावुदयं यान्ति तिथिस्वराद्घटीस्वराः ।
२ कृत्वा फलमयीं ततः ।

दो शेष से बाल, तीन शेष से वृद्ध, चार शेष से कुमार एवं पाँच (या शून्य) शेष बचे तो तरुण ये पाँचों स्वर क्रम से होते हैं ॥ ४ ॥

यमुद्दिश्य कृतः प्रश्नः फलं तस्य वदाम्यहम् ।
यत्र नो दृश्यते किञ्चित्तत्र प्रश्नं शुभाशुभम् ॥ ५ ॥

जिस प्रश्न में कोई भी आधार पदार्थ नहीं रहे उसका भी शुभाशुभ फल जिस उद्देश्य से पूछा हो तदनुसार फल को बताता हूँ ॥ ५ ॥

बालोदये यदा पृच्छा लाभार्थे स्वल्पलाभदा ।
रुजार्तौ चिररोगं च गमे हानिं क्षयं रणे ॥ ६ ॥

यदि बाल स्वर के समय कोई लाभ के सम्बन्ध में पूछे तो थोड़ा लाभ होगा यह कहना चाहिये, रोग के सम्बन्ध में पूछे तो बहुत दिनों तक रोग रहेगा यह कहें, यात्रा के लिए हानि तथा रणक्षेत्र में नाश होगा यह जानना चाहिये ॥ ६ ॥

कुमारोदयवेलायां लाभो भवति पुष्कलः ।
राज्ये नाशं जयं युद्धे यात्रा सर्वार्थसिद्धिदा ॥ ७ ॥

जिस समय कुमार स्वर की सत्ता रहे तब यदि पूछे तो उसे लाभ तो पर्याप्त हो परन्तु राज्य के सम्बन्ध में नाश, युद्ध में विजय तथा यात्रा सदैव सब प्रकार के अभीष्ट कामों की सिद्धि देने वाली होती है जैसा कि आचार्यों ने कहा है ॥ ७ ॥

युवोदये लभेद्राज्यं क्लेशच्छेदं च तत्क्षणात् ।
संग्रामे शत्रुहन्ता च यात्रायां सफलं भवेत् ॥ ८ ॥

यदि प्रश्नकाल में युवा स्वर प्रतीत हो तो उसे राज्य का लाभ, एवं बहुत शीघ्र क्लेशों का नाश हो, संग्राम में शत्रुओं से विजय प्राप्त हो, तथा यात्रा में कार्यसिद्धि होगी यह कहें ॥ ८ ॥

वृद्धोदये न लाभः स्यात्क्लेशात्क्लेशप्रवर्द्धनम् ।
संग्रामे भङ्गमायाति यत्रायां न निवर्तते ॥ ९ ॥

अगर वृद्ध स्वर वर्त्तमान मालूम पड़े तो लाभ न हो, प्रत्युत क्लेशों की परम्परा बढ़ती जाय, संग्राम (युद्ध) में भङ्ग हो, तदर्थ यात्रा करने पर फिर अपने यहां न लौट सके याने वहीं पर मर जाय, ऐसा जानना चाहिये ॥ ९ ॥

मृत्यूदये यदा प्रष्टा पृच्छति स्वप्रयोजनम् ।
तत्सर्वं मृत्युदं ज्ञेयं युद्धे मृत्युः सभङ्गदः ॥ १० ॥

जिसके प्रश्नसमय में मृत्यु स्वर सिद्ध हो वह जिस प्रयोजन से प्रश्न करे उसी के कारण वह मर जाय, या युद्ध में जाकर मृत्यु पावे ॥ १० ॥

नरनामादिमो[1] वर्णः [2]स्वराद्यस्मादधः स्थितः।
स स्वरस्तस्य वर्णस्य वर्णस्वर इहोच्यते॥ ११॥

मनुष्य के नाम के प्रथम अक्षर में जो स्वर लगा हो वही स्वर उस वर्ण का वर्ण-स्वर कहलाता है॥ ११॥

अथ नक्षत्रविचारः—

जन्मभं जन्मनक्षत्रं दशमं कर्मसंज्ञकम्।
[3]एकोनविंशमाधानं त्रयोविंशं विनाशकम्॥ १॥
अष्टादशं च नक्षत्रं सामुदायिकसंज्ञितम्।
सांघातिकं च विज्ञेयमृक्षं षोडशसंख्यकम्[4]॥ २॥
मृत्युः स्याज्जन्मभे विद्धे कर्मभे क्लेशमेव च।
आधानर्क्षे प्रकाशः स्याद्विनाशे बन्धुविग्रहः॥ ३॥
सामुदायिकभे विद्धे कष्टं हानिः सुघातिके[5]।

किसी आदमी का जन्म जिस नक्षत्र में हो वह जन्मनक्षत्र, वहाँ से गिनने से दशवाँ कर्म-संज्ञक, जन्म-नक्षत्र से उन्नीसवां नक्षत्र आधान, तेइसवाँ विनाशक, अठारहवाँ सामुदायिक तथा सोलहवाँ नक्षत्र सांघातिक कहा जाता है, यदि जन्मनक्षत्र विद्ध हो तो मृत्यु, कर्म-संज्ञक नक्षत्र विद्ध हो तो क्लेश, आधान-नक्षत्र विद्ध हो तो सर्वतः बुद्धि का प्रकाश हो, विनाश नक्षत्र को वेधित होने से अपने परिवारों में मत-भेद, सामुदायिक नक्षत्र के विद्ध होने पर कष्ट तथा साघातिक नक्षत्र में हानि होती है जैसा कि शास्त्र में लिखा गया है, इसलिये विवाहादि मङ्गल कामों में इसका विचार करना परमावश्यक है॥ १-४॥

---

१ इतः पूर्वमेकः श्लोकः पूर्वपाठे—
'अस्वरः कृष्णपक्षे स शुक्लपक्षे स ईश्वरः।
पक्षांशके स्वरे भुक्तिर्मासभुक्त्यर्थमानकम्'॥

पूर्वपाठः—२ यस्मात्स्वरादधः स्थितः।
३ एकोनविंश आधानं त्रयोविंशविनायकम्। ४ षोडशसंख्या।
५ सङ्घातिके। इतोऽग्रेऽपि पूर्वपाठे—
'जातिभे कुलनाशं च बन्धनं चाभिषाङ्कभे।
एतेषु नक्षत्रेषु यात्राविवाहादिमाङ्गल्यकार्यं वर्ज्यम्।'

अथ रश्मिकरणविधिः—

[1]नीचोनखेटेऽभ्यधिके च षट्काच्चक्राच्च्युते सप्तहते विभक्तम् ।
तर्कैस्तु राश्यादिकमेव लब्धं सूर्यादिकानामिह रश्मिजं च ॥१॥

सूर्यादि ग्रहों के जो परम नीच-मान पठित किये गये हैं उनमें ये पहले स्पष्ट सूर्य (गणितागत) घटा दें (यदि छः राशि के भीतर यह अन्तर हो तो इसी को, अधिक हो तो बारह राशियों में घटा कर शेष को) सात से गुण दें तब उसमें ६ से भाग। इस तरह भाग-लब्धि सूर्य की रश्मि होगी, एवं क्रम से चन्द्रादि ग्रहों की भी गणित से ले आना चाहिये ॥ १ ॥

उदाहरण—जैसे स्पष्ट सूर्य तत्कालीन १।५।४।३ है, और सूर्य का परम नीच ६।१०।०० है, इन दोनों का अन्तर १।५।६।२-६।१०।००=६।२५।४।३ यह अन्तर छः राशि से अधिक है इसलिए बारह में घटाने पर बाकी १२-६।२५।४।३=५।४।५५।५७ रहा, इसको सात से गुणा किया तो ३६।४।३१।३९ हुआ इसमें छः का भाग देने के लिये न्यास—

६) ३६।४।३१।३९ (६।०।४५।१६ = लब्धि ।
    ३६
६) ४ (०
    ०
    ४
४ × ६० + ३१ = २७१
६) २७१ (४५
    २७०
    १
× ६० = ६०
६० + ३९ = ९९
६) ९९ (१६
    ९६

३ = शेष छोड़ दिया तो क्रम से—

सूर्य का रश्मिमान = ६।०।४५।१६ आया। इसी तरह और ग्रहों के लिए भी गणित करके दिखलाना चाहिये, जैसे स्पष्ट चन्द्रमा १।७।२२।१३, एवं चन्द्रमा का परम नीच ७।३।०।० इनका अन्तर ६।४।२२।१३ इसे छः से अधिक होने के कारण १२ में घटा दिया तो ५।२५।३७।४३ रहा, अब इसे सात से गुण दिया ४०।२९।१।२४।१ इसमें छः

१ ग्रहोच्चनीचोभ्यधिके च षट्काच्चक्राच्च्युतो संमहतो विभक्तम् ।
तर्कैस्तु राश्यादिकमप्यलब्धं सूर्यादिकानामिह रश्मिजश्च ॥

का भाग देने से पूर्ववत् लब्धि ६।२४।२५।७ आई, यह चन्द्रमा की रश्मि हुई इसी तरह आगे भी करना चाहिये ॥ १ ॥

अथ रश्मिसंस्कारमाह—

स्वोच्चस्थितस्य द्विगुणं निरुक्तं स्वे द्वादशे मित्रगृहे स्वराशौ ।
नृपांशकोनाः कथितास्तु नीचे शत्रोः पुनश्चेद्[1]द्विदशांशके च ।
वक्री पुनस्तद्द्विगुणं ददाति तत्त्यागकालेऽष्टमभागहीनः ॥ २ ॥

यदि उक्त ग्रह अपने उच्च स्थान में, अपने द्वादशांश में, मित्र के घर में या अपनी राशि में वर्त्तमान हो तो गणितागत रश्मिमान को द्विगुणित करके स्पष्ट रश्मिमान समझना चाहिये। यदि शत्रु के द्वादशांश में या अपने नीच स्थान में ग्रह हो तो यथागत रश्मि के सोलहवां हिस्सा हीन कर दें। एवं ग्रह के वक्रारम्भकाल में पड़े तो रश्मिमान द्विगुणित करें तथैव रश्मिपति के वक्रत्याग—समय में अष्टमांश हीन समझना चाहिये ॥ २ ॥

(अथ रश्मिफलं (सारावल्याम्)—

[2]एकादिपञ्च यावद्रश्मिभिरतिदुःखिताः कुलविहीनाः ।
पतिता दुष्टदरिद्रा नीचरता सम्भवन्ति नराः ॥ १ ॥

जिसके जन्मकालिक सब ग्रहों के रश्मियोग एक से पाँच के भीतर हो वह महादुःखी कुल—परिवार से हीन, जातिच्युत, दुष्ट, दरिद्र तथा नीच लोगों के साथ सहानुभूत रखने वाला अधम पुरुष होता है ॥ १ ॥

रपतो दशकं यावद्भूतकहीना विदेशगमनरताः ।
जायन्ते तत्र परा[3]ः सौभाग्यपरिच्युता मलिनाः ॥ २ ॥

यदि कुण्डलीस्थ ग्रहों का रश्मियोग पाँच से दश तक गणित के द्वारा आवे तो प्राणिओं से हीन, सदैव विदेश में रहने वाला, परम सौभाग्य से वञ्चित, एवं मलिन आकृति वाला दीन पुरुष हो, ऐसा पण्डितों ने कहा है ॥ २ ॥

पञ्चदशभ्यो जातास्तत्र प्रधानपूज्ययुताः ।
धर्मारम्भाः सुसुखा[4]ः कुलतुल्यजनाः प्रजायन्ते ॥ ३ ॥

यदि किसी के जन्मकालिक-ग्रह-रश्मिमान १०—१५ तक हो तो उसे प्रधान एवं आदरणीय लोगों के साथ सहानुभूति रखने वाला, धर्म के सम्बन्ध की बातों का आरम्भ-

पूर्वपाठः—१ पुनश्चेद्विदशांशके च ।
२ एकादिपञ्चयावच्चन्द्ररश्मिभिरति दुःखिताः । कुलविहीनाः पतिता दुष्टा दरिद्रा नीचरताः सम्भवन्ति नराः । ३ जायन्ते तत्र वराः ।
४ कुलतुल्याः प्रजायन्ते ।

कर्त्ता, तथा पूर्ण सुखी (अपने कुल के अनुसार) कहना चाहिये, जैसा कि आचर्यों ने कहा है ॥ ३ ॥

आविंशतेः कुलश्रेष्ठो धनवाञ्जनविच्युतः ।
भवेत्कीर्तिकरः शश्वत्स्वजनैः परिपूरितः ॥ ४ ॥

बीस तक रश्मिमान सिद्ध हो तो कुण्डली वाला जातक अपने कौलिक लोगों के बीच में सर्व—श्रेष्ठ, धनी, परन्तु वैसे अन्य जनों से विच्युत (पृथग्भूत), कई कीर्ति करने वाला, तथा सदैव अपने परिवारों से वेष्टित रहेगा यह समझना चाहिये ॥ ४ ॥

पूज्याः सुभगाः धीरा कृतिनो[1] वीराश्च शरतिं यावत् ।
परतो भवन्ति मनुजाः[2] संसाराधत्तसकलकरणीयाः ॥ ५ ॥

यदि २०–२५ के भीतर में रश्मियोग आजाय तो जातक समाज में पूज्य, देखने में पूर्ण सुन्दर, धीर-वीर विद्वान् तथा सांसारिक सभी विभाग के कामों को भली-भाँति जानने वाला लोक—चतुर पुरुष माना जाता है ॥ ५ ॥

अथ उत्तरेण चण्डा (?) नृपाश्रिता नृनतिलब्धधनसौख्याः ।
त्रिंश द्यावत्सचिवाः पूज्याश्च भवन्ति भूतानाम् ॥ ६ ॥

इसी तरह ग्रह–रश्मिमान पचीस–तीस के भीतर सिद्ध हो तो जातक तीव्र स्वभाव वाला, किसी राजा के आश्रित, राजाओं से धन सौख्य प्राप्त करने वाला, राजमन्त्री तथा बहुत लोगों का पूज्य एवं महा आदरणीय पुरुष भाग्यशाली बना रहता है ॥६॥

कएत्रिंशद्भिरथ प्रचुराः ख्याता ख्याता[3] महीभुजो निपुणाः ।
द्वात्रिंशद्भिः पुरुषाः पञ्चशतग्रामपतयः स्युः ॥ ७ ॥

जिसके जन्मसमय उपस्थित (कुण्डलीस्थ) ग्रहों का रश्मियोग एकतीस गणित से आवे वह महा विख्यात, कार्य–मात्र में निपुण, राजा होता है आर्थात् राज्य के साथ पूरी चतुरता भी उसे मिलेगी यह कहना चाहिए, परन्तु यदि बत्तीस हो तो निपुण नहीं किन्तु पाँच सौ ग्रामों का मालिक हो जाता है ॥ ७ ॥

ग्रामसहस्राधिपतिमथित्त्किरोति रश्मीनाम् ।
त्रिसहस्रग्रामाणां पुरुषं सूते चतुस्त्रिंशत् ॥ ८ ॥

यदि तैंतीस रश्मियोग आवे तो जातक हजार ग्रामों का अधिपति होता है, एवं चौंतीस रश्मिमान होने से तीन हजार ग्रामोंका मालिक उसे जानना चाहिये ॥ ८ ॥

परतो मण्डलभाजो बहुकोशपरिग्रहा महत्सत्त्वाः ।
प्रख्यातकीर्त्तियशसो भवन्ति सुभगाश्च लोकानाम् ॥ ९ ॥

पूर्वपाठः—१ धीराश्च शरकृतिं यावत् । २ संसाराधत्तसकरकरणीयाः ।
३ महीभुजा निष्ठुराः ।

इसी तरह यदि किसी के जन्मकालिक रश्मियोग पैंतीस गणित के द्वारा आवे तो जातक पूरा एक जिला का अफसर हो, खजाना तथा अन्यान्य उपकरण बहुत रहें, उसके आश्रय में कई प्राणि-लोग रहा करें या महा वीर-आत्मा का हो, कई कीर्त्ति का यश पर्याप्त मिले तथा और लोगों की अपेक्षा जातक देखने में पूर्ण सुभग हो ॥ ९ ॥

त्रिंशत्षड्भिः सहिता रश्मीनां यस्य जन्मसमये स्यात् ।
सार्द्धं भुनक्ति लक्ष्मीं[1] ग्रामाणां स तु पुमान्नियतम् ॥१०॥

जिसके जन्मकाल में ग्रहों के रश्मिमान ३६ दिखाई दे तो जानना कि यह जातक निश्चय करके लाखों गाँव का मालिक बन कर लक्ष्मी का भोग करेगा जैसा कि आचार्यों का कथन है ॥ १० ॥

त्रिंशत्[2]सप्तकसहिता रश्मीनां सञ्चयो भवेदेवम् ।
लक्षत्रितयपतित्वं ग्रामाणां जायते पुंसाम् ॥ ११ ॥

यदि किसीके जन्मसमय ग्रहों के रश्मि का मान ३७ सैंतीस गणित से सिद्ध हो तो वह आदमी तीन लाख ग्रामों का मालिक बनकर आनन्दमय जीवन बिताता है ॥ ११ ॥

त्रिंशद्वसुभिः सहिता रश्मिर्येषां भवेद्धि पुं[3]रुषाणाम् ।
मुनिसंमतलक्षाणां ग्रामाणां तेऽधिपा ज्ञेयाः[4] ॥ १२ ॥

यदि किसी जातक के जन्मकालीन सभी ग्रहों के पृथक् २ गणितानीत रश्मियों का योग अड़तीस आवें तो वह लाखों गाँव का मालिक होगा यह जाने जैसा कि मुनियों का आदेश है ॥ १२ ॥

त्रिंशत्सनवकसंख्या जन्मनि येषां गृहे स्थिताः सन्ति ।
ते तोषितसकलजना[5] भवन्ति पृथिवीश्वराः पुरुषाः ॥१३॥

जिसके जन्मकालिक ग्रह का रश्मिमान गणितागत ३९ आवें उससे प्रायः सभी सन्तुष्ट रहें, तथा उच्च राजगद्दी पर विराजमान होकर पृथ्वीपति होता है अर्थात् इस हालत में प्रजा को सन्तुष्ट रखते राज्य का उपभोग करने वाला पुरुष-विशेष होता है ॥ १३ ॥

खाब्धिप्रमाणैः किरणैः प्रसूतः क्षोणीपतिस्तद्विजयप्रयाणे ।
भवन्ति सेनागजगर्जितानां प्रतिस्वनाः खे घनगर्जितानि ॥१४॥

कुण्डलीस्थ ग्रहों के रश्मियोग चालीस होते जिसका जन्म माना जाय वह इतना बड़ा राजा होता है कि उसकी विजय यात्रा में सम्मिलित हाथी-घोड़े वगैरह की गर्जना एवं प्रतिध्वनि मानो आकाश में बादलों की आवाज गूँज रही है, अर्थात् इस योग में उत्पन्न आदमी महा शानदार राजा होता है ॥ १४ ॥

पूर्वपाठः—१ लक्षं ग्रामणीः स तु पुमान्नियतम् ।
२ त्रिंशकसप्तकसहिता लक्षत्रितयपतित्वग्रामाणां । ३ रश्मीर्येषां भवन्ति ।
४ ग्रामाणामन्तेधिपाः ज्ञेयाः । ५ ते तोषिताः सकलजनाः ।

शशिजलनिधिसंख्यै[1] रश्मिभिः सूर्यतेजा
जलनिधिसहितायाः पार्थिवः स्यात्सुभूमेः ।
द्विजलधिरसनायाः पक्षवेदाख्यसंख्यै-[2]
स्त्रिजलधिरसनाया रामवेदैस्तथैव ॥ १५ ॥

जिस जातक के जन्मकालीन ग्रहों के रश्मियों का योग एकतालीस आवे वह सूय के समान प्रभावशाली समुद्रान्त पृथिवी का राजा होता है, यदि ४२ रश्मि आवे तो समुद्रों तक जमीन का मालिक हो, इसी तरह ४३ रश्मि के योग होने से तीन समुद्र के बीच पृथ्वी का राजा हो यह जानना चाहिये ॥ १५ ॥

वेदाब्धितुल्यश्च मयूखजालैर्जाता नरेन्द्राः खलु सार्वभौमाः ।
सौम्याः सुरब्राह्मणभक्तियुक्ता दीर्घायुषः सत्त्वयुता भवन्ति ॥१६॥

यदि उक्त रश्मियों की योगसंख्या ४४ चौआलीस (गणितागत) सिद्ध हो तो जानना कि यह जातक निश्चय करके सार्वभौम राजा होगा, परन्तु कार्यतः परम सौम्य, ब्राह्मण-देवता में भक्ति रखने वाला, बलशाली एवं बहुत दिनों तक इस दुनियाँ में रह कर आनन्दमय जीवन विताने वाला होता है ॥१६॥

परतः[3] किरणैर्द्वीपान्तरपालकाः पुरुषसर्वगुणसत्त्वाः ।
सर्वनमस्याः सुभगा महेन्द्रतुल्यप्रतापाश्च ॥ १७ ॥

यदि उससे भी अधिक पैंतालीस रश्मियोग हो तो अपने द्वीप के अतिरिक्त अन्यान्य द्वीपों के ऊपर भी शासन जमाने वाला, उच्च पुरुषों के सभी सुलक्षणों से परिपूर्ण, महा बलशाली, सभी का प्रणम्य, देखने में पूर्ण सुन्दर तथा इन्द्र के समान प्रताप रखने वाला पुरुषसिंह होगा यह समझना चाहिये ॥१७॥

चत्वारिंशद्युक्ताः[4] षड्भिश्चैवं प्रसूतिजाः किरणाः ।
तस्य स्यात्संदिष्टं सर्वक्षितिपालकं मुक्त्वा ॥ १८ ॥

जिस आदमी के जन्मसमय सभी ग्रहों के रश्मियोग ४६ गणित से सिद्ध हो तो अन्य राजाओं को छोड़कर बहुधा केवल उसी जातक का आदेश सर्वमान्य होता है, आशय यह कि यह ऐसा राजा हो कि सर्वोच्च एवं सर्वमान्य समझा जाय ॥१८॥

भुवनभरसहिष्णोः[5] सर्वतः क्षीणशत्रो-
स्त्रिदशपतिसमस्यं[6] सर्वलोकस्तु तस्य ।

पूर्वपाठः—१ शशिजलनिधिसंस्थै । २ पक्षवेदाख्यसंख्ये त्रिजलधि... ।
३ परतः परतः किरणैर्द्वीपान्तरपालकातिपुरुषः सर्वगुणः ।
सत्त्वाः सर्वनमस्याः सुभगा महेन्द्रतुल्यप्रतापाश्च ॥
४ चत्वारिंशद्युक्ताः पञ्चादिभिरेव यस्य सूतौ ज्ञेयम् ।....मुक्त्वा ।
५ भवनभरसहिष्णोः । ६ त्रिदशपतिसहस्तः ।

विदधति विहगानां रश्मयो यस्य सूतौ
तुरगकृतिसमानाश्चक्रवर्तित्वमेवम् ॥ १९ ॥

जिसके जन्मकाल में पूर्वोक्त रश्मिकिरण के अनुसार गणित करने पर ४७ रश्मियोग आने से जातक सारी पृथ्वी का भार सहने वाला, शत्रुहीन, इन्द्र के समान प्रभावशाली सारी जनता को अपने वश में करने वाला, एवं चक्रवर्ती राजा होकर विख्यात होता है जैसा कि मुनियों का कथन है ॥१९॥

अभिमुखकरप्रवाहैः फलं प्रयच्छन्ति पुष्टतरमाशु।
तद्विपरीतं पुंसां पराङ्मुखस्थग्रहेन्द्राणाम् ॥ २० ॥

जन्मकालिक-ग्रह-किरणों के वर्द्धिष्णु होने से लिखित परम फल शीघ्र मिलते हैं (सर्वांशतः), इसी तरह इसके प्रतिकूल किरणों से विरुद्ध फल जानना चाहिये, अभिप्राय यह कि कुछ तारतम्य अवश्य करें ॥ २० ॥

जन्मसमये ग्रहाणां रश्मीनां संक्षयो भवति।
वृद्धे वृद्धिर्नृणामेवं मोक्षेऽपि तत्क्रमेणैव ॥ २१ ॥

यदि किसी जातक के जन्मसमय में यह सब ग्रह अवस्था भेद से अन्तिम अवस्था में देख पड़ें तो उनकी रश्मियों का क्षय हो जायगा, एवं प्रथमावस्था में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी, इसका भी अनुसन्धान करना परमावश्यक है (इस प्रकरण के विस्तृत विचार सारावली में देखो, यहाँ पर संक्षेप से कहा गया है) ॥२१॥

अथ स्थानादिबलकथनम्—

बलावबोधेन विना दशादिक्रमावबोधो न भवेद्यतोऽतः।
तत्स्थानदिक्कालनिसर्गचेष्टादृग्भेदभिन्नं कथयाम्यशेषम् ॥१॥

बिना बल के ज्ञान से दशा आदि का क्रम भली भांति नहीं जाना जा सकता, इसलिये स्थानबल, दिग्बल, कालबल, निसर्गबल तथा चेष्टाबल आदि के प्रकारों को पृथक् २ कहता हूँ, ता कि इस प्रसङ्ग की सारी बातें विदित हो जायँ ॥१॥

तेषां तावत्स्थानबलम्—

स्वोच्चे सुहृद्भे स्वनवांशकेऽपि स्वर्क्षे दृकाणे द्विरसांशकेऽपि।
कलांशकाद्यंशयुतेऽपि चैवमुपैति तत्स्थानबलं ग्रहेन्द्रः ॥ २ ॥

अत्र स्थानबल कहते हैं—कोई भी ग्रह अपने उच्च घर में, मित्रों के घर में, अपने नवांश में, अपनी राशि में अपने द्रेष्काण में, एवं अपने द्वादशांश में रहते स्थानबल

---

१ रश्मयो नीचदीनास्तुरगकृतिसमाना, चक्रवर्तित्वमेव।
पूर्वपाठः—२ अभिमुखकरप्रवाह....पराङ्मुखस्था ग्रहेन्द्राणाम्।
३ वृद्धेर्वृद्धिर्नृणाममोक्षमतः क्रमेणैव। ४ दशादिक्रमावबोधेन।

को प्राप्त करता है, इसी तरह अपने अंश—कला–विकला आदि में भी स्थित रहने से उसी स्थिति को पाता है ॥ २ ॥

उच्चबलानयनप्रकारो (मदीयः)—

[1]नीचोनखेटो रसभाधिकश्चेच्चक्राद्विशोध्योऽथ कलीकृतश्च ।
खखाष्टदिग्भिर्विहृतस्तदुच्चबलं भवेत्स्थानबलप्रसङ्गे ॥ ३ ॥

स्पष्टीकरण के अनुसार इष्टकालीन स्पष्ट ग्रह में उसका नीच राश्यादि हीन करें (यदि यह छः राशि से अधिक हो तो उसे बारह राशि में घटाकर शेष लें) बाद राश्यादि की कला बनाकर १०८०० से भाग दें तब जो लब्धि कलादिक आवे वही उस ग्रह का उच्चबल होगा ।

उदाहरण—

जैसे पूर्वकल्पित स्पष्ट सूर्य १।५।४।३ और उसका नीच ६।१०।०।० इनका अन्तर (१।५।४।३)-(६।१०।०।०)=६।२५।४।३ इसको छः राशि से अधिक होने के कारण नियमानुसार १२ में घटाने पर ५।४।५५।५७ अन्तर रहा अब इसकी कला (५+३०+४) ६०+५५। ५७=(१५०+४) ६०+५५। ५७=१५४×-६०+५५।५७=९२४०-।-५५।५७=९२९५।५७ बनाई, इसमें १०८०० से भाग देने पर कलादि लब्धि ०।५१।३८ आई, यही सूर्य का उच्चबल हुआ, इस तरह और ग्रहों का भी गणित से लाना चाहिये। इस गणित का एक प्रकार नीचे दी हुई तीनों सारणी से भी बन सकता है, जैसे कि पूरा छः राशि अन्तर रहने से प्रथम

पूर्वपाठः—१ अत्र युक्तिः–ग्रहाणां निजोच्चस्थाने पुर्णं बलं रूपमितमिह स्वीकृतम्, ततोऽनन्तरमुत्तरोत्तरमपचयक्रमतो नीचे परमाल्पं शून्यसममेव ततोऽप्युपचयगत्योच्चस्थाने पुनः पूर्णं बलं रूपसममतो भार्द्धान्तर एव परमाल्प–परमाधिकभावः परिदृश्यते। अथेष्टकाले नीचग्रहान्तरं कार्यं तच्चेत् षड्भाश्यधिकं तदा भादूर्धांशविशोधनतः षड्भाश्यल्पं विधायेष्टबलानयनार्थं त्रैराशिकानुपातो यदि षड्भाशितुल्ये नीचग्रहान्तरे रूपमितं पूर्णं बलन्तदेष्टनीचग्रहान्तरे किमिति स्वरूपम् =

$$\frac{१ \times (\text{खेट–नीच})}{६ \text{ रा}} = \text{इ. उ. बल} = \frac{(\text{खे–नी})\ ३०}{६ \times ३०} = \frac{(\text{खे–नी}\ ३० \times ६०}{६ \times ३० \times ६०}$$

$$= \frac{\text{नीचग्रहान्तरं (कलात्मकम्)}}{१८० \times ६०} = \frac{\text{नीचग्रहान्तरकलाः}}{१०८००} = \text{उच्चबलकलाः।}$$

एतेन 'नीचोनखेट'–इत्यादिमत्पद्यमुपपद्यते।

(एतदुच्चबलानयनप्रकारसूत्रं पूर्वपुस्तके नासीदतो विधाय रक्षितं मयाबालावबोधार्थमिति)।

सारिणी के अनुसार पूरा एक बल लेना चाहिये एवं अंश, कला का भी अग्रिम दोनों (२)(३) सारिणी से काम लें, इस तरह कुछ सौगम्य होगा ॥ ३ ॥

(१) राशिसारिणी—

१	२	३	४	५	६	रा०
०० १०	०० २०	०० ३०	०० ४०	०० ५०	१ ००	फ०

(२) अंशसारिणी—

अं.	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५
फ.	० २०	० ४०	१ ०	१ २०	१ ४०	२ ०	२ २०	२ ४०	३ ०	३ २०	३ ४०	४ ०	४ २०	४ ४०	५ ०
अं.	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
फ.	५ २०	५ ४०	६ ०	६ २०	६ ४०	७ ०	७ २०	७ ४०	८ ०	८ २०	८ ४०	९ ०	९ २०	९ ४०	१० ०

(३) कलासारिणी—

क०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०
फ०	० २०	० ४०	१ ०	१ २०	१ ४०	२ ०	२ २०	२ ४०	३ ०	३ २०	३ ४०	४ ०	४ २०	४ ४०	५ ०	५ २०	५ ४०	६ ०	६ २०	६ ४०
क०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०
फ०	७ ०	७ २०	७ ४०	८ ०	८ २०	८ ४०	९ ०	९ २०	९ ४०	१० ०	१० २०	१० ४०	११ ०	११ २०	११ ४०	१२ ०	१२ २०	१२ ४०	१३ ०	१३ २०
क०	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०
फ०	१३ ४०	१४ ०	१४ २०	१४ ४०	१५ ०	१५ २०	१५ ४०	१६ ०	१६ २०	१६ ४०	१७ ०	१७ २०	१७ ४०	१८ ०	१८ २०	१८ ४०	१९ ०	१९ २०	१९ ४०	२० ०

अथ सप्तवर्गबलकथनं (मदीयम्)—

मूलत्रिकोणे शरवेदसंख्याः क्षेत्रे रदाः सार्द्धकरद्वितुल्याः ।
निजेऽधिमित्रे तिथयश्च मित्रे समे सखण्डा नगलिप्तिकाश्च ॥ ४ ॥
पादोनवेदाश्च रिपौ तथाधिशत्रौ कलैका द्विशरा विलिप्ताः ।
बलं परं जातकशास्त्रतत्त्वविद्भिर्निरुक्तं गणितप्रवीणैः ॥ ५ ॥

जो ग्रह अपने मूल त्रिकोण में पड़े उसको ४५ कला, जो अपनी राशि में रहे उसको ३२ कला, एवं अपने अधिमित्र के घर में साढ़े बाईस २२।३० कला याने २२ कला ३० विकला, मित्र के घर में १५ कला, सम (उदासीन) के घर में साढ़े सात कला

(१) अत्रापि सप्तवर्गबलमानद्योतकं पद्यं पूर्वपुस्तके नासीदिति निजकृतमेव सूत्रमरक्षि ।

७।३०, शत्रु के स्थान में पौने चार कला याने ३ कला ४५ विकला तथा अधिशत्रु के घर में रहने से केवल १ कला ५२ विकला बल होता है, जैसा कि प्राचीन जातक-शास्त्रकारों का कथन है। अतः पहले सप्तवर्गबल देखने के लिए कौन ग्रह किस घर में (मित्र, अधिमित्र आदि के घर में) वर्त्तमान है इसका गम्भीर विचार अवश्य कर लें बाद तदनुसार फल का अङ्कन करें ॥ ४–५ ॥

स्पष्टार्थं मूलत्रिकोणादिसप्तवर्गबलचक्रम्—

मूलत्रि.	स्वक्षेत्र	अधिमित्र	मित्र	सम	शत्रु	अधिशत्रु	स्थान
४५	३२	२२	१५	७	३	१	बल (क.)
००	००	३०	००	३०	४५	५२	(वि.)

केन्द्रपणफरापोक्लिमबलम्—

कण्टकाद्युपगतेषु निधेया रूपकार्द्धचरणा निजवीय ॥ ६ ॥

जो ग्रह केन्द्र (१, ४, ७, १०) में सम्प्राप्त देखा जाय उसको पूरा एक जो पणफर (२, ५, ८, ११) में पड़े उसको आधा ०।३०, तथा जो ग्रह आपोक्लिम (३, ६, ९, १२) में दिखाई दें उसे चतुर्थांश याने ०।१५ बल जानना चाहिये, यहाँ केन्द्रादि–स्थान–वश से बलानयन हैं ॥ ६ ॥

द्रेष्काणबलम्—

भान्तमध्यमुखगेषु च पादः स्त्रीनपुंसकनरेषु निधेयः ॥ ७ ॥

यदि स्त्रीग्रह (चन्द्रमा और शुक्र) किसी भी राशि के अन्तिम द्रेष्काण में रहे, नपुंसक ग्रह (सूर्य, गुरु, मङ्गल) प्रथम द्रेष्काण में रहे तो इन अवस्थाओं में द्रेष्काणबल चतुर्थांश अर्थात् ०।१५ होता है, यदि ऐसा न हो तो शून्य बल जानना चाहिये ॥७॥

अथ दिग्बलम्—

स्थानवीर्यमिदमेवमिहोक्तं दिग्बलं शृणु पूर्वदिशातः ।
विद्गुरू रविकुजौ रविसूनुः शुक्रशीत किरणौ बलिनौ स्तः ॥१॥

इसके अव्यवहित पूर्व कई प्रकार के स्थानबल कहे गए हैं, अब दिग्बल कहते हैं—जिसमें पूर्व दिशा में बुध–बृहस्पति, दक्षिण दिशा में सूर्य—मङ्गल पश्चिम दिशा में शनैश्चर, तथा उत्तर दिशा में शुक्र और चन्द्रमा बली होते हैं। यह कुण्डली में विचार करने लायक है जैसे कि चारों केन्द्र का प्रथम स्थान पूर्व दिशा, चतुर्थ उत्तर, सप्तम पश्चिम, एवं दशम दक्षिण जैसी कि स्थिति है। अतः तदनुसार लग्न में बुध, बृहस्पति, चतुर्थ में शुक्र, चन्द्रमा, सप्तम में शनैश्चर तथा दशम स्थान में सूर्य मङ्गल बली माने गये हैं ॥ १ ॥

पूर्वपाठः—१ भान्तमध्ये मुखगेषु पादः स्त्रीनपुंसकनरेषु निधेयः ।

अर्कात्कुजात्स्वाम्बुगृहं विशोध्य जीवाद्बुधाच्चापि[1] कलत्रभावम्।
मेषूरणं भार्गवचन्द्रमोभ्यां प्राग्लग्नमुष्णांशुजतोऽवशेषम्॥ २॥
षड्भाधिकश्चेद्भगणाद्विशोध्यं[3] लिप्तीकृतं खाभ्रगजाभ्रभूमिः[4]।
भजेत्तदाप्तं हि ककुब्बलं स्यादतः परं कालबलं वदामि[5]॥ ३॥

अब दिग्बल लाने का प्रकार कहते हैं—स्पष्ट सूर्य, और मङ्गल में चतुर्थ भाव को बुध और बृहस्पति में कलत्र (सप्तम) भाव को, शुक्र और चन्द्रमा में दशम भाव को तथा शनैश्चर में प्रथम भाव को घटाकर शेष जो बचे (उसे छः राशि से अधिक होने पर भगण (१२ राशि में हीन कर दें) उसकी कला बनावें तब जो हो उसमें १०८०० से भाग देने पर लब्ध दिग्बल होगा॥ २–३॥

उदाहरण—

यथा स्पष्ट सूर्य १।५।४।३ और चतुर्थ भाव ०।३।२।१ हैं दोनों का अन्तर किया तो १।२।२।२ हुआ। (इसे छः राशि से स्वतः कम होने के कारण बारह राशि में घटाने की आवश्यकता नहीं), इसकी कला १९२२'।२" हुई, अब इसमें १०८०० से भाग देने पर लब्धि ०।१०।४० आई, यही सूर्य का दिग्बल हुआ, इसी तरह और ग्रहों का भी दिग्बल लाना चाहिये। वहां पर भी पूर्वोक्त सारिणी के आधार पर शीघ्रतयैव दिग्बल का पता चल जाता है, अर्थात् अन्तर की राशि से जायमान राशि—सारिणी से, अंश के लिये अंश-सारिणी से एवं कला लिए कला-सारिणी से बल लेकर सभी का योग यथार्थ दिग्बल आ जायगा। फिर २ उन्हीं सारिणियों को रखना उचित न जानकर यहाँ उनका समावेश नहीं किया, स्वयं उसी से सब जगह काम लें॥ २–३॥

अथ नतोन्नतबलविवरणम्—

नक्तंबला भौमशशाङ्कमन्दा गुर्वर्कशुक्रा[6] द्युबलाः खगाः स्युः।
सौम्याः सदा वासरनक्तभाजो ग्राह्यो बुधैरुन्नतसंज्ञकालः॥ १॥
नतश्च[7] तत्कालभवः पलीकृतः खखाष्टचन्द्रैर्विहृतो बलं भवेत्।
बुधस्य[8] रात्रिन्दिवमेकमेव विधेयमेतत्समयोद्भवं बलम्॥ २॥

मङ्गल, शनैश्चर तथा चन्द्रमा ये तीनों रात्रि में, बृहस्पति, सूर्य एवं शुक्र ये तीनों ग्रह दिन में बली होते हैं, बुध दिन रात (हमेशः) बली रहते हैं। अब नतबल लाने के लिये इष्टकाल में जितनी नत घटी हो उसके पल बनावें और उसमें १८०० से भाग

पूर्वपाठः—१ कलत्रभावे। २ भार्गवचन्द्रसौम्याः प्राग्लग्नमुष्णांशुमभावशेषम्।
३ षड्भाधिकश्चेद्गुरुणा विशोध्यं। अत्रोपपत्तिरुच्चबलानयनसूत्रोपपत्तिवदेव।
४ खाभ्रगजाभ्रभूमिम्। ५ कालबलं प्रथामि। ६ दिननक्तपाः स्युः।
७ नतस्त्वस्व वीर्यवतां पलीकृताः। खखाष्टचन्द्रैर्विहृतौ बलं भवेत्।
८ बुधस्य रात्रौ च दिवा च रूप।

दें तब जो लब्धि हो वही नतबल होगा । इसी तरह उन्नत पर से क्रिया करने पर उन्नत-बल होता है । यहाँ पर यह जानना जरूरी है कि रात्रिबली ग्रहों का बल नत से तथा दिवाबली का उन्नत पर से बल लावें, बुध का सदैव एक बल माना गया है ।

उदाहरण—

जैसे इष्ट कालीन कल्पित नतघटी ५।४ है, इसके पल = ५ × ६० × ४ = ३०४ हुये, अब इसमें १८०० से भाग दिया तो पहली जगह शून्य आया, शेष ३०४ को ६० से गुणा किया तो १८२४० हुए, फिर इसमें १८०० से भाग देने पर लब्धि दूसरी खाढ़ी १०, फिर शेष २४० रहा, इसे ६० गुण कर १४४०० उसी हार से भाग दिया तो ८ लब्धि तीसरी खाढ़ी में आई, इस तरह क्रम से लब्धि ०।१०।८ हुई, यही नतबल है। ऐसे ही उन्नत पर से भी गणित करना चाहिये ॥ १–२ ॥

अथ पक्षबलम्

व्यर्कः शशी षड्भवनाधिकश्चेच्चक्राद्विशोध्योऽथ कलीकृतोऽसौ ।
चक्रार्द्धलिप्ताविहृतो बलक्षपक्षे बलं स्यादथ कृष्णपक्षे ॥ १ ॥
तदेव रूपाच्च्युतमेव कृत्वा जगुर्बुधाः पक्षबलं ग्रहाणाम् ।
बलक्षपक्षे शुभखेचराणां पापग्रहाणामसिते च पक्षे ॥ २ ॥

इस प्रकार से पक्षबल का आनयन कहते हैं—इष्टकालिक स्पष्ट चन्द्रमा में स्पष्ट सूर्य को घटा दें यदि यह अन्तर छः राशि से अधिक हो तो बारह राशि में हीन कर शेष को षड्भाल्प बनावें, बाद उसकी कला बना कर उसमें १८०० से भाग दें, इस तरह भजन फल जो आवे वही शुक्लपक्ष में पक्षबल होगा । यदि कृष्णपक्ष में अभिमत हो तो उसी को एक में घटाने से शेषमित कृष्णपक्ष का पक्षबल जानें । साधारणतः शुक्लपक्ष में शुभ ग्रहों का कृष्णपक्ष में पापग्रहों का पक्षबल होता है यही पण्डितों की सम्मति है ।

उदाहरण—

जैसे स्पष्ट सूर्य १ । ५ । ४ । ३ और स्पष्ट चन्द्रमा २ । १ । ३ । ८ (शुक्लपक्ष होने के कारण सूर्य-राश्यादि से चन्द्र-राश्यादि अधिक माना गया है) दोनों का अन्तर ०।२५।५६।५ हुआ (यह स्वयं छः राशि से कम है, इसलिए १२ में हीन करने की आवश्यकता नहीं) इसकी कलाएँ बनाने से १५।५६।५ हुए, अब इसमें १८०० से

१ अत्रोपपत्त्यर्थं—अमान्ते रविचन्द्रयोरन्तरं शून्यं सहैव स्थित्या, पूर्णान्ते च षड्राशयः, अमानन्तरं प्रतिद्वादशांशान्तरे प्रत्येकतिथेरुत्पत्तिः । अथैवं शुक्लपक्षे सदैव चन्द्रः सूर्याद्धिकः, षड्भान्तरे च पूर्णं बलं रूपसममत इष्टकाले सूर्याचन्द्रमसोरन्तरं यत्तद्वशतोऽनुपातो यदि राशिषट्कान्तरे रूपमितं बलं तदेष्टान्तरे किमिति । कलाकरणतो भाज्यः कलात्मिकः। हरे च तत्साजात्यात् द्विवारं षष्टिगुणनतः १०८०० मिता अङ्काः समायान्ति, इदमेव शुक्लपक्षे पक्षबलं तदेव रूपोनं कृष्णपक्षीयं भविष्यतीति स्फुटमेव ।

भाग दिया तो लब्धि ०।५१।५४ आई, यही शुक्लपक्ष में पक्षबल हुआ (यही शुभग्रहों का समझना चाहिये), तथा इसी को एक में घटाने पर १–०।५१।५४ = ०।८।६ अन्तरूप कृष्णपक्ष में पापग्रहों का पक्षबल हुआ। पूर्वदर्शित सारिणीओं के अधार पर भी यह बल लाया जा सकता है, विस्तार के भय से नहीं दिखलाया ॥ १–२ ॥

दिनरात्रिबलम्—

अह्नि त्रिभागेषु बलं क्रमेण सौम्यार्कितिग्मांशुनभश्चराणाम्।
रात्रौ तुषारांशुसितासृजाञ्च रूपं सदैवामरपूजितस्य ॥ १ ॥

यदि दिन में किसी का जन्म हो तो दिनमान में तीन से भाग देकर लब्धि के समान तीन खण्ड करें, यदि प्रथम तृतीयांश में पड़े (इष्टकाल) तो बुध का एक बल दें, यदि दूसरे में पड़े तो शनैश्चर का, तृतीय में पड़े तो सूर्य का बल लेना चाहिये। अथवा रात्रिगत इष्ट हो तो रात्रि के समान तीन टुकड़े करके उसी तरह तीनों खण्डों में क्रम से चन्द्रमा, शुक्र तथा मङ्गल का एक २ बल ग्रहण करें, परन्तु बृहस्पति के दिन राशि में पार्थक्य नहीं, जब हो तभी पूर्ण एक बल लेना चाहिये, इसके अतिरिक्त अवस्था में सदैव शून्य बल समझना चाहिये।

उदाहरण—

किसी के जन्म दिन में दिनमान २७–२५ और इष्टकाल २०।१२ है, अब दिनमान की तिहाई ९।८ है, इससे साफ है कि इष्टकाल दिनमान के तृतीय भाग में पड़ता है। अतः उपरोक्त नियमानुसार सूर्य का पूरा एक बल हुआ, एवं बृहस्पति का भी एक हुआ, शेष सभी ग्रहों का शून्य होना अर्थतः सिद्ध है।

अथ वर्षपतिबलानयनार्थं तावद्वर्षाधिपत्यानयनम्—

[2] शैश्यश्विभवविहीनो द्युगणः खरसाग्निभाजितस्त्रिघ्नः।
सैकः सप्त-सुतष्टः सावनवर्षाधिपोऽर्कादिः ॥ १ ॥

जन्मदिन के अहर्गण में ११२१ घटाकर जो शेष बचे उसको त्रिगुणित करके उसमें ३६० से भाग दें तब जो लब्धि आवे उसमें एक जोड़ दें फिर सात से भाग दें (यदि सात से अधिक हो) तब शेष के अनुसार सूर्य आदि वर्षेश होंगे।

उदाहरण—

यथा अहर्गण १५३० है, इसमें ११२१ घटाने पर १५३०–११२१ = ४०९ शेष रहा, इसको तीन से गुणा किया १२२७, इसमें ३६० का भाग दिया तो लब्धि ३ (अनपेक्षित) और शेष १४७ बचे, एक और मिलाया तो १४८ हुआ, फिर इसमें

पूर्वपाठः—१ अह्नि त्रिभागेषु बलं स्वरूपं सौम्यार्कितिग्मांशु शुभं क्रमेण। कार्यं तुषारांशु सितासृजाम्बु रात्रौ सदैवामरपूजितस्य ॥ १ ॥
२ शश्यश्विभवविहीना द्युगुणात्परितु अग्निविभाजिता।
द्वयाप्तं त्रिघ्नं सैकं सप्तविभक्तं सावनवर्षाधिपोर्कादिः ॥ १ ॥

सात का भाग दिया तो शेष केवल १ रहा, अतः सूर्य ही वर्षेश ठहरा (वर्षेश का बल एक चतुर्थांश, और ग्रहों का शून्य माना गया है) ॥ १ ॥

अथ मासपतिबलम्—

शशिमुनिहीनो द्युगणस्त्रिंशद्भक्तः फलं द्विगुणम् ।
सैकं सप्त-सुतष्टं सावनमासाधिपोऽर्कादिः ॥ १ ॥

अब मासेश्वर जानने के लिये अहर्गण में ७१ घटाकर शेष का दूना करें बाद ३० से भाग दें तब जो शेष हो उसमें एक और जोड़ कर फिर सात से भाग दें तब जो लब्धि हो उसे छोड़कर शेष के अनुसार सूर्य, चन्द्र आदि मासेश्वर होंगे।

उदाहरण—

जैसे अहर्गण १५४२ में ७१ घटाने से शेष १५४२–७१ = १४७१ को दूना किया २९४२ तीस से भाग दिया तो लब्धि ९८ (अनपेक्षित) और शेष २ रहे, इसमें एक जोड़ने से ३ हुआ (यहां सात से भाग देने की आवश्यकता नहीं) अतः रवि से गिनने पर मंगल मासपति हुआ और इसका बल आधा कहा गया है, अन्य ग्रहों का बल पूर्ववत् शून्य समझना चाहिये ॥ १ ॥

अयनादिबलसाधनार्थमादौ ज्याखण्डान्याह—

तत्त्वाश्विनो[२]-२२५ऽक्काब्धिकृता ४४९ रूपभूमिधरर्त्तवः ६७१
खाङ्काष्टौ ८९० पञ्चशून्येशा ११०५ बाणरूपगुणेन्दवः १३१५ ॥१॥
शून्यलोचनपञ्चैका-१५२० श्छिद्ररूपमुनीन्दवः १७१९ ।
वियचन्द्रातिधृतयो १९१० गुणरन्ध्रखलोचनः २०९३ ॥ २ ॥
मुनिषड्यमनेत्राणि २२६७ चन्द्रत्रियुगलोचनाः २४३१ ।
पञ्चाष्टविषयाक्षीणि २५८५ कुञ्जराश्विनगाश्विनः २७२८ ॥३॥

पूर्वपाठः—१ शशिमुनीहीना त्रिंशद्विभाजिता फलमहर्गणाय ।
द्विगुणं सैकं सप्तविभक्तं सावनमासाधिपोऽर्कादि ॥ १ ॥

२ इह हि 'वृत्तस्य षण्णवत्यंशो दण्डवद्दृश्यते बुधैः,–रित्यनुसारि वृत्ते भागाः ३६०, वा २१६० कलाः सन्ति तेन $\frac{२१६००}{९६}$ = २२५ कलाः षड्नवत्यंशः, एतदवधि ज्याचापयोरभेदः स्वीकृतः प्राचीनैः । अर्थात् २२५ समचापस्य जीवापि तत्समैवेति । अथ वृत्ते ९६ विभागाः, वृत्तपादे तु चतुर्विंशतिः । तेषां प्रथमद्वितीयखण्डयोगरूपचापस्य ४५० समस्य जीवा 'तत्त्वाश्विभक्ता असवः कला वेत्यादिग्रहगणितयुक्त्या यदि साध्यते तदा ४४९ समैवायाति, एवमग्रेऽपि सर्वखण्डान्युत्पद्यन्ते, अलमिह विस्तृतलेखेन । इह पठितखण्डानां कतमेषु खण्डेषु 'तत्त्वाश्विनो नन्दसमुद्रवेदा ।' इत्यादिनिर्दिष्टखण्डैर्यथाकथञ्चिद् भेदो ज्ञातव्यः विस्तरतो गोलाध्यायेऽवलोक्यः ।

रन्ध्रपञ्चाष्टकयमा २८५० वस्वद्र्यङ्कयमास्ततः २६७८ ।
कृताष्टशून्यज्वलना ३०८४ नागाद्रिशशिवह्नयः ३१७८ ॥४॥
षट्पञ्चलोचनगुणा-३२५६ श्चन्द्रनेत्राग्निवह्नयः ३३२१ ।
यमाद्रिवह्निज्वलना ३३७२ रन्ध्रशून्यार्णवाग्नयः ३४०८ ॥५॥
रूपाग्निसागरगुणा ३४३१ वसुत्रिकृतवह्नयः ३४३८ ।
[1]प्रोज्झ्योत्क्रमेण व्यासार्द्धादुत्क्रमज्यार्द्धपिण्डकाः ॥६॥

उपरोक्त छवों श्लोक से २४ ज्याखण्ड पठित किये गए हैं, सम्पूर्ण वृत्त (३६० अंशों) ९६ खण्ड अतः ९० अंश (त्रिराश्यात्मक) में २४ खण्ड मानना उचित ही है इसीको त्रिज्या में उत्क्रम घटाने से उत्क्रमज्याएं भी बनेंगी और उस पर से भी गणित आ सकता है। प्रथम खण्ड २२५, दूसरा ४४९ इत्यादि २४ पर्यन्त मूल ही से साफ है तथापि पूरी स्पष्टता के लिये ज्यापिण्डसारिणी देखें। अब इन ज्याखण्डों पर से इष्ट दोर्ज्या लाने का प्रकार यों होगा—

सायन ग्रह के राश्यादि तीन राशि से कम हो तो वही भुज जानना, और भुज राश्यादि की कला बनाकर २२५ से भाग देने पर जो पूरी लब्धि हो तत्तुल्य खण्ड गत खण्ड एवं तदग्रिम ऐष्य खण्ड होता है, २२५ से भाग देने पर जो शेष रहा हो उसे गत और ऐष्य खण्डों के अन्तर से गुणा करें फिर इसमें भी २२५ का भाग दें तब जो लब्धि आवे वह गत खण्ड में जोड़ने से तत्कालीन स्पष्ट ग्रह की स्पष्ट दोर्ज्या होगी। इसी तरह सायन रवि के राश्यादि तीन से अधिक हो तो छः राशि में घटाने से भुज होगा, ऐसे ही आगे भी उपपत्ति की दृष्टि से विचार-पुरस्सर भुज बनावें बाद लिखित नियम से स्पष्ट भुजज्या (दोर्ज्या) हो जायगी।

उदाहरण—

जैसे स्पष्ट सूर्य १।५°।४'।३" और अयनांश २३°।२८' है। अतः सायन रवि १।२८।३२।३ हुआ, इसकी कलाएं (१ × ३० + २८) × ६० + ३२'।३" = ३५१२।३ अब इसमें २२५ का भाग के लिये न्यास—

भाजक　भाज्य　लब्धि
२२५) ३५१२ (१५=गतखण्डसंख्या=२८५०
　　　२२५　　∴ १६=ऐष्यखण्डसंख्या=२६७८
　　　१२६२　　(सारिणी के अनुसार)
　　　११२५
　　　१३७=शेष

अब इस शेष १३७ को गतैष्यखण्डान्तर (२६७८−२८५० = १२८) से गुणा किया १७५३६ फिर २२५ से भाग दिया तो अपेक्षित लब्धि ७७ आई, (शेष का काम

1 प्रोक्ताः क्रमेण वावार्धादुत्क्रमज्यार्धपिन्डकाः । इति पूर्वपाठः ।

नहीं) इसे गतखण्ड २८५० में जोड़ा तो २९२७ योगफल हुआ, यही स्पष्ट दोर्ज्या हुई, इसी तरह अन्यान्य उदाहरण मान कर दोर्ज्या ले आना चाहिये ॥ १–६ ॥

स्पष्टार्थं ज्यार्द्धपिण्डसारिणी—

संख्या	१	२	३	४	५	६	७	८
खण्डाः	२२५	४४९	६७१	८९०	११०५	१३१५	१५२९	१७१९
अन्तरं	२२४	२२२	२१९	२१५	२१०	२०५	१९१	१९१
संख्या	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६
खण्डाः	१९१०	१०९३	२२६७	२४३१	२५८५	२७२८	२८५०	२९७८
अन्तरं	१८३	१७४	१६४	१५४	१४३	१३१	२२	१०६
संख्या	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४
खण्डाः	३०८४	३१७८	३२५६	३३२१	३३७२	३४०९	३४३१	३४३८
अन्तरं	९३	७९	६५	५१	३६	२३	७	००

अथेष्टक्रान्त्यानयम्—

परमापक्रमज्या तु सप्तरन्ध्रगुणेन्दवः १३९७ ।
तद्गुणा ज्या त्रिजीवाप्ता तच्चापं क्रान्तिरुच्यते ॥ ७ ॥

अब इष्ट काल में क्रान्ति लाने का प्रकार कहते हैं—अव्यवहित पूर्व गणित के अनुसार उस ग्रह की स्पष्ट दोर्ज्या बनावें, बाद त्रैराशिकानुपात के अनुसार परम क्रान्तिज्या (१३९७) से स्पष्ट दोर्ज्या को गुण कर त्रिज्या (३४३८) का भाग दें तब जो फल आवे वह क्रान्तिज्या होती है, उस जीवा पर से विलोम क्रिया के द्वारा चाप करें वही क्रान्ति होगी ।

उदाहरण—

जैसे स्पष्ट दोर्ज्या=२९२७ है तो इसको परम क्रान्तिज्या १३९७ से गुणा किया तो ४०८९०१९ हुआ, बाद इसमें त्रिज्या ३४३८ का भाग दिया तो लब्धि ११८९ आई यही क्रान्तिज्या है । अब इस पर चाप का ज्ञान इस प्रकार होगा कि इसमें पांचवां खण्ड ११०५ घट सकता है अतः उसे घटा दिया तो शेष ११८९ = ११०५–८४ रहा (छठा १३१५ ऐष्य हुआ) शेष को २२५ से गुणा किया तो १८९०० हुआ, इसमें गतैष्यान्तर

---

१ अत्रोपपत्तिः क्रान्तिक्षेत्रजैव यथा–इष्टदोर्ज्या कर्णः, इष्टक्रान्तिज्या भुजः, इष्टकालीन-व्यक्षोदयलवज्या कोटिरित्येकं त्रिभुज तथा त्रिज्या कर्णः, परमाल्पद्युज्या कोटिः परम-क्रान्तिज्या भुजः इत्यपरं त्रिभुजम्, एतयोः साजात्यादनुपातो यदि परमदोर्ज्यया (त्रिज्यया) परमक्रान्तिज्या भुजस्तदेष्टदोर्ज्यया केल्यागता भुजरूपेष्टक्रान्तिज्या, स्वरूपेण च ज्याक्रां = $\frac{\text{ज्यापक्रां} \times \text{दोर्ज्या}}{\text{भुज्या}}$, अस्याश्चापं क्रान्तिभागा इत्युपपन्नम् ।

अत्र पूर्वपाठः—"परमापक्रमज्यात्स सप्तरन्ध्रगुणेन्दवः ।
तद्गुणाज्यानुजीवाप्ता तत्त्वापसंक्रान्तिरुच्यते ॥"

(१३१५–११०५=२१०) से भाग दिया तो लब्धि ९० आई, इसको गतखण्ड ११०५ में जोड़ा तो ११९५ हुआ, यही क्रान्ति हुई। उदाहरण में सूर्य उत्तर गोल का है अतः यह क्रान्ति भी उत्तर आई। ग्रह को दक्षिण गोल में रहने से क्रान्ति भी दक्षिण होती है। यह बृहज्ज्या–प्रकार से सूक्ष्म क्रान्ति–साधन दिखलाया है, सुभीता के लिए लघुज्या प्रकार से भी आसकता है, परन्तु स्थूल होगा। उस प्रकार में त्रिज्या का मान १२० माना गया है, विस्तार के भय से उसे भी भली–भाँति नहीं दिखलाया, स्वयं उस प्रकार से भी गणित कर क्रान्ति ले आवें ॥ ७ ॥

अथायनबलं सूर्यचन्द्रचेष्टाबलं चाह—

क्रान्तिः सौम्या स्वमिह परमापक्रमे दक्षिणार्णं
शुक्रादित्यार्क्षितिसुतमरुत्पूजितानां विधेया।
व्यस्ता शीतद्युतिरविजयोस्तस्य नित्यं विधेया
चान्द्रेश्चैवं तदनु परमापक्रमेणाभ्युपेता ॥ १ ॥
ग्राह्यं राशिप्रभृति च फलं तत्कलीभूतमेत-
द्व्योमाकाशद्विरदखकुभिर्भाजयेदायनं स्यात्।
द्विघ्नं भानोरयनजबलं पक्षवीर्यं तथेन्दो-
र्युद्धे बाणान्तरसुविहितं खेटवीर्यान्तरं हि ॥ २ ॥

इस श्लोक से क्रान्ति के द्वारा प्रथमतः आयनबल का आनयन किया है–यदि शुक्र, रवि, मङ्गल और बृहस्पति इन चारों ग्रहों की क्रान्ति उत्तरा हो तो परमक्रान्तिकला में धन करना, दक्षिणा हो तो ऋण करना चाहिए। परन्तु बुध, चन्द्रमा का संस्कार इसके विलोम याने उत्तरा क्रान्ति होने से ऋण, दक्षिणा क्रान्ति होने से धन करना और बुध के लिए सदैव (दोनों अवस्था में) धन होना चाहिए। उसके बाद संस्कृत क्रान्ति के राश्यादि की कला बनाकर १०८०० से भाग दे तो आयनबल होगा। सूर्य का आयन-बल और चेष्टाबल दोनों बराबर होता है इसलिए इसी को दूना कर दोनों का संस्कृत स्पष्ट आयन बल मान लिया है। इसी कारण चेष्टाबल के प्रसङ्ग में सूर्य चन्द्रमा का चेष्टाबल नहीं कहा है, क्योंकि चन्द्रमा का भी पक्षबल के समान ही चेष्टाबल है। अतः द्विगुणित पक्षबल चन्द्रमा का स्पष्टबल होता है। यदि कुजादि ग्रहों का युद्ध हो तो दोनों ग्रहों के बलान्तर करके उसमें दोनों के शरान्तर से भाग देने पर युद्धबल होगा। इसका संस्कार इस प्रकार होगा कि जो ग्रह उत्तर दिशा में पड़े उसके

पूर्वपाठः—१ दक्षिणार्थं शुक्रादित्याकृतसुतमरुत्पूजितानां विधेयः।
पूर्वपाठः—२ रामभ्यस्ता तदनु परमापक्रमेणोप्यपेताम्।
३ पलं मोरकीभूतमेतद्व्योमाकाशं।
४ पक्षवीर्यस्तथेन्दोर्युद्धे चेष्टाविवरविहितं।

बल्योग में धन और दक्षिण दिकस्थ ग्रह के बलैक्य में हीन करें तो स्पष्टबल होगा, कारण यह है कि उत्तर-दिक्स्थ सदैव विजयी होता है, फलतः उसका बल भी अधिक होना अनिवार्य है ॥ १-२ ॥

कुजादिचेष्टाबलकथनम्—

मध्यस्पष्टद्युचरविवरार्धेन युक्तं चलोच्चं
चेष्टाकेन्द्रं भगणपतितं शड्गृहेभ्योऽधिकं चेत् ।
लिप्तीकृत्वा खखगजखभूभिर्भजेल्लब्धिमानं
चेष्टावीर्यं तदिह गदितं हौरिकैर्बुद्धिमद्भिः ॥ १ ॥

इससे कुजादि ग्रहों का चेष्टाबल लाया जाता है। पहले जिसका चेष्टाबल लाना है वह इष्टकाल में मध्यम एवं फलादि संस्कार से स्पष्ट बना लें, बाद दोनों का अन्तर करके उसका आधा निज शीघ्रोच्च (पठित) में घटा दें शेष चेष्टाकेन्द्र-होगा, यदि

१ अत्र युक्तिः-मध्यस्पष्टेत्यादिना कुजादिपञ्चग्रहाणां चेष्टाबलमानीयते, यथा ते वक्रतामुपगताः सन्तस्तरां बलिनो भवन्तीति—

"उदगयने रविशीतमयूखौ वक्रसमागमगाः परिशेषाः ।
विपुलकरा युधि चोत्तरसंस्थाश्चेष्टितवीर्ययुताः परिकल्प्याः ॥

इति बृहज्जातकीयपद्याश्रयतः स्फुटीभवति । तच्च वक्रत्वं नीचासन्ने, परमं वक्रत्वं च परमनीचे यत्र शीघ्रकेन्द्रं षड्राशिसमं, तदैव बिम्बस्यातिवैपुल्यात्परमं चेष्टाबलं रूपमितमाचार्यानुकूलं यथार्थमेवमग्रतो बिम्बस्योत्तरोत्तरमल्पत्वसंभवात्परमोच्चस्थाने तत्सूक्ष्मत्वेन चेष्टाबलस्यापि शून्यत्वं युक्तं शीघ्रकेन्द्राभावश्चेति शीघ्रोच्चग्रहान्तरवशेनैव चेष्टाबलानयनमावश्यकम् । तदेवान्तरमत्र चेष्टाकेन्द्रत्वेन स्वीकृत्य षड्राश्यधिकत्वे द्वादशराशिभ्यो हीनं कृत्वाऽपि षड्भाल्पमन्तरमानीतम् । ततोऽनुपातो यदि षड्भतुल्येन शीघ्रोच्चखेटान्तरेण (परमनीचस्थानीयेन) रूपमितं परमं चेष्टाबलं लभ्यते तदेष्टकालीन-शीघ्रोच्चखेटान्तरेण किमिति फलमिष्टं चेष्टाबलम् = $\frac{(\text{शीउ}-\text{खे॰})\times १}{६}$ अत्राचार्यैणान्तरस्य कला एव गृहीतास्तेन हरस्थानेऽपि कलाः करणीया इति $६ \times ३०^{०} \times ६०' = १८०^{०} \times ६०' = १०८०० =$ हरः, इचेव॰ = $\frac{\text{शीउ}-\text{खे॰}}{१०८००}$ अतः उपपन्नं समस्तपद्यम् ।

अत्र पूर्वपाठः—"याम्योदक्स्थद्युचरविवरार्धेन युक्ता
चलोच्चा-न्मध्ये स्पष्टादधिकवपुषि न्यूनको वर्जिताश्च ।
उच्चात्स्पष्टग्रहमति भवेतच्च चेष्टाप्यकेन्द्र-
षड्राशिभ्योऽधिकमपनयो मण्डलाद्रूपकास्यम् ॥
कृत्वालिप्ता सतहतगजाभिः रामं फलं
प्रचेष्टावीर्यं तदिह गदितं होरिकैर्बुद्धिवृद्ध्यै ॥ १ ॥"

यह केन्द्र ६ राशि से अधिक हो तो १२ राशि में हीन कर षड्भाल्प कर लें फिर उस राश्यादि की कला बना कर १०८०० से भाग दें तब जो लब्धि आवे वही उस ग्रह का चेष्टाबल होता है ॥ १ ॥

अथवा सरल प्रकार से चेष्टाबल लाने के लिए अधोलिखित सारिणी का सहारा लेना चाहिये। चेष्टाकेन्द्र में राशिस्थानीय अङ्क का फल राशि सारिणी से अंशस्थानीय का अंशसारिणी से, तथा कलास्थानीय का कला-सारिणी से फल लेकर सभी का यथा-स्थान योग करें वही चेष्टाबल होगा (इसमें सूक्ष्मान्तर तथा विकला का ग्रहण नहीं किया है) ॥ १ ॥

चेष्टाबलराशिफलम्— अंशफलम्—

१	२	३	४	५	६	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	अ.
०	०	०	०	०	१	० २०	० ४०	१ ०	१ २०	१ ४०	२ ०	२ २०	२ ४०	३ ०	३ २०	३ ४०	४ ०	४ २०	४ ४०	५ ०	ब.
१०	२०	३०	४०	५०	०	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	:
०	०	०	०	०	०	५ २०	५ ४०	६ ०	६ २०	६ ४०	७ ०	७ २०	७ ४०	८ ०	८ २०	८ ४०	९ ०	९ २०	९ ४०	१० ०	ब.

चेष्टाबलकलासारिणी—

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	क०
० २०	० ४०	१ ०	१ २०	१ ४०	२ ०	२ २०	२ ४०	३ ०	३ २०	३ ४०	४ ०	४ २०	४ ४०	५ ०	५ २०	५ ४०	६ ०	६ २०	६ ४०	ब०
२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	क०
७ ०	७ २०	७ ४०	८ ०	८ २०	८ ४०	९ ०	९ २०	९ ४०	१० ०	१० २०	१० ४०	११ ०	११ २०	११ ४०	१२ ०	१२ २०	१२ ४०	१३ ०	१३ २०	ब०
४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०	क०
१३ ४०	१४ ०	१४ २०	१४ ४०	१५ ०	१५ २०	१५ ४०	१६ ०	१६ २०	१६ ४०	१७ ०	१७ २०	१७ ४०	१८ ०	१८ २०	१८ ४०	१९ ०	१९ २०	१९ ४०	२० ०	ब०

अथ नैसर्गिकबलमाह—

मन्दावनीसूनुशशाङ्कपुत्रवागीशशुक्रेन्दुदिवाकराणाम् ।
एकोत्तरं रूपनगैर्विभक्तं नैसर्गिकं वीर्यमुदाहरन्ति ॥ १ ॥

१ अत्रोपपत्त्यर्थं बृहज्जातकस्थेन 'शकुबुगुशुचराद्या वृद्धितो वीर्यवन्तः' इति वराहमिहिरवचनानुसारेण शनैश्चरादयो ग्रहा वृद्धितो भवन्ति बलिनो यथाक्रमम्, यत्राति बृहद्बिम्बत्वेन सूर्यस्य सर्वाधिकं परमं रूपमितं बलम्, शनैश्चरस्य तु सर्वापेक्षयाऽल्पबिम्बत्वेन तत्सप्तमांशसमं, भौमस्य द्विगुणसप्तमांशसममेवमग्रेऽप्येकाधिकगुणवृद्ध्या शेषग्रहाणां बोध्यम्, शेषं स्पष्टमेवेति नैसर्गिकबलकथनरीतिः सिद्धा ।

शनैश्चर, मङ्गल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, चन्द्रमा तथा सूर्य इन ग्रहों का नैसर्गिकबल लाने के लिए सात जगह एक, दो तीन, चार, पाँच, छः तथा सात इन अङ्कों को रख कर सभी जगह सात से भाग देने पर फल–स्वरूप सभी का बल होगा अर्थात् शनैश्चर का $\frac{१}{७}$, मङ्गल का $\frac{२}{७}$, बुध का $\frac{३}{७}$ बृहस्पति का $\frac{४}{७}$, शुक्र का $\frac{५}{७}$, चन्द्रमा का $\frac{६}{७}$, एवं सूर्य का $\frac{७}{७}$ = १ (पूरा एक) बल होगा, इससे साफ है कि शनैश्चर के बल को एकादि (सप्तावधि) अङ्कों से गुणते जाओ तो क्रमशः कुजादि ग्रहों का नैसर्गिक बर्ग होता है जैसा कि आचार्यों ने कहा है ॥ १ ॥

अथ दृष्टिबलमाह—

उक्तानि यस्माद्बहुधा फलानि व्योमौकसां दृष्टिसमुद्भवानि ।
तस्मात् प्रवच्म्यानयनं हि दृष्टेर्होराविदां दृक्फलनिर्णयार्थम् ॥१॥

जातक-शास्त्रकारों ने दृष्टि के वश से बहुत फलों का आदेश किया है इसलिए ज्यौतिषिओं के विनोदार्थ दृष्टिफल लाने का प्रकार कहता हूँ जिसके द्वारा फलादेश करने में बहुत सहारा मिलेगा ॥ १ ॥

[२]खैकाग्निद्विखवेदरामयमभूखाभ्राभ्रमेजादिभे
द्रष्ट्रा वर्जितदृश्यकस्य गुरुणा चेदष्टवेदे कृताः ।
मन्देनाङ्कयमेऽसृजा नगगुणेऽङ्का भादिजाः संस्कृता ।
भागघ्नक्षयवृद्धिखानललवेनाब्ध्युद्धृता दृग् भवेत् ॥ २ ॥

जो ग्रह देखे वह द्रष्टा तथा जिस ग्रह को देखे वह दृश्य ग्रह कहा जाता है, अतः जिस ग्रह की दृष्टि लानी है वह द्रष्टा और जिस ग्रह के ऊपर दृष्टि विचारनी है वह दृश्य है। दृश्य ग्रह में द्रष्टा को हीन करने पर राश्यादि लावें यदि राशि की जगह पर एक रहे तो०, दो रहे तो १, तीन रहे तो ३, चार रहे तो २, पाँच रहे तो०, छः रहे तो ४, सात रहे तो ३, आठ रहे तो २, नौ रहे तो १, एवं दश–ग्यारह–बारह रहे तो शून्य राश्यङ्क होते हैं, बाद अंशादि जो शेष रहे उसको गतैष्यान्तर से गुणाकर तीस से भाग दें तब जो लब्धि आवे वह गत से ऐष्य के अधिक रहने पर गत (राश्यङ्क) में

पूर्वपाठः—१ दृक्फलानिर्णयोयम् ।

२ 'दृश्यो द्रष्टा चरहिततनुः षड्ग्रहेभ्योऽधिकश्चे-
द्विस्त्यः शोध्यो विहितकलिकः स्वाभ्रपक्षद्रिभक्तः ।
दृष्टिः सा स्याद्यदि रसग्रहेभ्योऽधिकः पञ्चहीनो
लिप्तीभूतो धृतिशतहतः स्याच्चतुर्भाधिकश्चेत् ॥''

द्वितीयश्लोक एवमुपलभ्यते यत्र चोपपत्तिसम्बन्धः सर्वथा दूरीभवतीति जातकपद्धतिस्थस्यैव पद्यस्य समावेशः कृतः। एतावानेव भेदो यदिह कलाभ्योऽनुपातस्तत्रांशेभ्यस्तेनावश्यकतायामंशस्य कलाकरणतो दृष्टिरानेया तदनुकूलैवेति दिक् ।

धन करें, तथा गत से ऐष्य के अल्प रहने से आनीत लब्धि राश्यङ्क में घटा दें तो दृष्टिबल होगा, परन्तु चरण-बल लाने के अभिप्राय से इसमें चार से भाग देना परमावश्यक समझें, ऐसा करने पर दृष्टि बल वास्तविक होता है ॥ २ ॥

अथ दृष्टिराश्यङ्कचक्रम्—

राशि	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
चरणाङ्क	०	१	३	२	०	४	४	२	१	०	०	०

अथ भावबलम्—

भावानां बलमीशजं च नृचतुःपादाख्यकीटाम्बुजा
जायास्व्याद्यखभोनिताः खलु ततो दिग्वीर्यवत्तद्युतम् ।
तद्दृष्टचङ्घ्रियुगुग्रदृष्टिचरणोनं ज्ञेज्यदृग्युक्पुनः-॥ १ ॥

२८/५३	८/५३	५९/६	३४/६	७३/५८	५३/२०	६/४०	४६/४०
२०	२०	४०	४०	०	०	०	०

शुक्रमध्येसूर्यान्तर्दशायामुपदशा

र.	चं.	मं.	बु.	श	गु.	रा.	शु.
०	१	११	२	१	२	१	२
२३	२८	६	६	८	१३	१६	२१
२०	०	४०	६	५३	५३	४०	२०
			४०	२०	२०	०	०

शुक्रमध्येशनेरन्तर्दशायामुपदशा

श.	गु.	रा.	शु.	र.	चं.	मं.	बु.
३/४	४/३	२/४७	४/५६	७/८	३/७	५/८८	३/२०
४८	८	४६	६	५३	१३	५१	११
५३	५३	४०	४०	२०	२०	६	६
२०	२०	०	०	०	०	४०	४०

राहोरन्तर्दशायामुपदशा—

रा.	शु.	र.	चं.	मं.	बु.	श.	गु.
३	५	१	३	२	४	२	४
३	१३	१६	१६	२	१२	१७	२८
२० ०	२०	४०	४०	१३ २०	१३ २०	४६ ४०	४६ ४०

अथ दशाफलम्—

तत्रादौ दशावाहनविचारः—

स्वकीयजन्मनक्षत्राद्गणयेत्पाकभावधि ।
नवभिस्तु हरेद्भागं शेषं तु पाकवाहनः ॥ १ ॥
गर्दभो घोटको हस्ती महिषो जम्बुसिंहकौ ।
काको हंसो मयूरश्च नवैते नरवाहना ॥ २ ॥

जातक के जन्मनक्षत्र से ग्रहदशाप्रवेशकालिक नक्षत्र तक गिनने से जितनी संख्या हो उसमें ९ से भाग देने पर (लब्धि को छोड़ कर) शेषमित दशावाहन होता है, अर्थात् एक शेष बचे तो गर्दभ वाहन, दो शेष रहे तो घोटक वाहन, तीन शेष रहे तो हस्ति वाहन, चार शेष से महिष वाहन, पाँच शेष से जम्बुक वाहन, छः शेष रहे तो सिंह वाहन, सात शेष बचे तो काक वाहन आठ बचे तो हंस, तथा नव या शून्य शेष बचे तो मयूर वाहन होता है। इस प्रकार नक्षत्र संख्या के अनुसार नव वाहन कहे गये है ॥ १-२ ॥

पूर्वपाठः—१ स्वकीयजन्मनक्षत्राद्गणयेज्जन्मभावधि । २ शेषं तु शशिवाहनः ।

अथ दशावाहनफलम्—

दशाप्रवेशे नरवाहनस्य उत्पन्नभोगी जडतासमेतः।
लज्जाविहीनो धनधान्यहीनः स्यान्मानवो वस्त्रविवर्जितश्च ॥३॥

जिसके ग्रहदशा प्रारम्भ काल में नर वाहन आवे वह संसार में उत्पन्न सभी चीजों को भोग करने वाला, बेवकूफ, लज्जा से हीन, धन-धान्य से वञ्चित, एवं वस्त्रादि का भी वैकल्य रखने वाला पुरुष होता है ॥ ३ ॥

चपलचञ्चलताबहुभक्षकः प्रकटबुद्धिसघोषचमूपतिः।
दृढतनुर्बहुकार्यकरो नरौ तुरगयोर्यदि वाहनसंस्थित। ॥४॥

जिसको दशा प्रवेशकालिक अश्ववाहन की सत्ता देखी जाय, तो वह नितान्त चञ्चल (कोई भी काम बिना विचार करने वाला), बहुत अन्न खाने वाला, तथा बड़ी तेज बुद्धि रखने वाला होता है एवं किसी सेना का अधिपति हो, उसका शरीर बड़ा मजबूत हो, अनेक कामों को करने वाला हो, यह जानना चाहिये ॥ ४ ॥

नानाकार्यकृते हि सौख्यजननो देवाधिपो वाहनः।
संतप्तौ बहुमानता शुभगतिः सेनापतिः शोभनः।
सर्वः सौख्यकरः सुभूषणधरः स्याच्चञ्चलो दुष्टता
पाकोऽयं यदि वाहनो गजपतेर्नानाकलाकौशलः ॥ ५ ॥

यदि गजवाहन दशाप्रवेश काल में आवे तो जानना कि वह सभी कामों को करने के लिए सौख्य का अनुभव करने वाला हो, अधिक आदर पावे, उसकी चाल-चलन अच्छी हो, किसी स्टेट् में फौज-विभाग का अधिपति हो जिसमें बड़ी प्रशंसा मिले, प्राणीमात्र को सुख देने वाला, अच्छे-अच्छे आभूषणों से सुसज्जित, कई कामों में चंचलता भी दिखाने वाला तथा अनेक कलाओं में निपुण हो ॥ ५ ॥

महिषयोर्बलबुद्धिविहीनता जयमलं प्रबलाग्निभयातुरम्।
शकटयोः प्रबले बलसंयुतो महिषयोर्यदि वाहनता भवेत् ॥६॥

किसी ग्रह के दशा-प्रवेश में अगर महिष वाहन प्रतीत हो तो उतने समय तक जातक बल बुद्धि से हीन रहे, शत्रु से हार मान ले, प्रबल आदमी एवं अग्नि इसके भय से आतुर रहे, तथा अन्यान्य उपद्रव भी कई तरह के प्राप्त हों, यह जाने ॥ ६ ॥

जम्बुके बहुतरैव चञ्चला व्याधिदुःखपरिपीडिताङ्गना।
क्लेशता रिपुजनाच्च पीडिता धान्यनाशमतिसंक्षयो भवेत् ॥७॥
जम्बुकोत्पन्नभोगी च लाभभक्ष-(?)स्तथैव च।
श्वेताङ्गं श्वेतवस्त्रं च हानिः स्यात्क्रयविक्रयोः ॥ ८ ॥

यदि जम्बुक वाहन की प्रवृत्ति दशाप्रवेश काल में मानी जाय तो उसकी स्त्री बड़ी

चञ्चला (खराब प्रकृति वाली) एवं व्याधि दुःख से परिपीड़ित रहा करती है, शरीर में क्लेश अधिक रहे, शत्रुओं की तरफ से पीड़ा प्राप्त हो, तथैव हर प्रकार के धन-धान्यों का नाश हो, भोग करने वाला तो हो परन्तु लाभ-व्यय बराबर होने के कारण श्वेत पदार्थ या श्वेत वस्त्र का प्रेमी हो एवं खरीद विक्री में उसे हानि उठानी पड़े जैसा कि आचर्यों ने कहा है ॥ ७-८ ॥

दशाप्रवेशे यदि वाहनश्च सिंहो बलिष्ठो विविधैः प्रकारैः।
उत्पन्नभोगी रिपुनाशकारी स्याद्वाहने केसरिणो विशेषः ॥९॥

यदि किसी ग्रह के दशारम्भ काल में सिंह वाहन उपस्थित हो तो हर प्रकार से जातक बलिष्ठ समझा जाता है, संसार में उत्पन्न सभी चीजों का उपभोग करने वाला हो, शत्रुओं का नाश करने वाला हो, ऐसा जानना चाहिये ॥ ९ ॥

काके वाहनसंस्थिते यदि दशा स्याचञ्चलो निर्भयो
वत्सारो मलिनः कुवेषधरितो नीचैर्जनैः पूजितः।
स्थाने राजभयं तथा रिपुभयं मानापमानं नराद्-
दुष्टार्तिः कलहं कुचेष्टिततरः स्त्रीद्वेषकारी भवेत् ॥१०॥

जिसको काक वाहन परिसिद्ध हो उस ग्रह के दशाकाल में जातक चञ्चलता से वर्तने वाला हो, भय से रहित हो, मलिन आकृति हो, वस्त्रादिक भी महानिन्द्य धारण करे, हमेशा छोटी जाति के लोगों से पूजित रहे, कभी २ राजा से मामले-मुकदमे में दण्ड पावे, शत्रुओं की तरफ से भी भय प्राप्त हो, और मनुष्यों के द्वारा मान-अपमान काल पाकर दोनों हों, दुष्ट लोगों से पीड़ा पावे, लोगों के साथ झगड़ा करने में अभिरुचि रक्खे, खराब आकृति वाला हो, अपनी स्त्री के साथ भी विरोध हो जाय, हर एक के दूसरा विद्वेष करे ॥ १० ॥

जनकलानिधिकेलिसमन्वितो द्विजपतेर्बहुजात्यसुखान्वितः (?)।
सदशने(?)मतिनां प्रबलायतासुगतिताचतुराननवाहनः (?) ॥ ११ ॥

यदि दशा-प्रवेश-काल में हंस वाहन प्रतीत हो तो जातक उतने समय के लिए बड़े २ कलाकुशल (कारीगर) लोगों के साथ सहानुभूति के द्वारा पूर्ण सुख का अनुभव करने वाला हो, ब्राह्मणों के द्वारा सुख प्राप्त हो, समाज में अधिकार बढ़े, तथा उसकी चाल-चलन अनुकरणीय हो ॥ ११ ॥

मयुरवाहनतो बहुलं सुखं धृतिकलाकुशलो मखकेलिकृत्।
मधुरवाक्ययुतो मधुरप्रियः सदशमेन नरस्य समन्वितः ॥ १२ ॥

किसी ग्रह के दशा-प्रवेश-काल में मयूर वाहन का अस्तित्व आवे तो जानना कि

पूर्वपाठः—१ मयूरवाहतो बहुलमिति, यत्र द्वितीयाक्षरस्य दीर्घत्वं छन्दोवैषम्यमुत्पादयति।

जातक को तब तक बड़ा सुख मिलेगा, कार्यमात्र में धीरता एवं कला के सहारे कामयाब होने वाला हो, यज्ञ-सम्बन्धी क्रियाओं में प्रेम रक्खे, व्यक्तिमात्र से मीठी बातें करने वाला हो, मधुर पदार्थों को खाने के लिए तीव्र अभिरुचि रहे (यदि दशाधीश दशम में रहे तब) जैसा कि शास्त्रकारों का कथन है ॥ १२ ॥

अथ सूर्यमहादशाफलम्—

उद्विग्नचित्तपरिखेदितवित्त नाशं
क्लेशप्रवासगदपीडमहाभिघातम् ।
संक्षोभितः स्वजनबन्धुवियोगमेति
[1]सौरी दशा भवति राजकुलाभिघातः ॥ १ ॥

सूर्य की महादशा में जातक के चित्त में बड़ा उद्वेग हो, महाखेद प्राप्त करे, धन का नाश हो, क्लेश हो, प्रवास (विदेश) में पीड़ा के कारण किसी प्रकार का अभिघात लगे, मन में अधिक क्षोभ हो, अपने बन्धुवर्गों से वियोग हो तथा राजदरबार से भी भय अचानक आजाय, ऐसा जानना चाहिये ॥ १ ॥

सूर्यमध्ये सूर्यान्तर्दशाफलम्—

सूर्ये राजकुलाल्लाभः पीडा स्यात्पित्तसम्भवा ।
विपत्तथा बान्धवानां व्ययमेव हि सर्वतः ॥ २ ॥

सूर्य की महादशा में यदि सूर्य ही की अन्तर्दशा आवे तो किसी राजा के यहाँ से आर्थिक लाभ हो, पित्त बिगड़ जाने के कारण शरीर में पीड़ा हो, उसके परिवारों को भी कई आपत्तियां आकर घेरे रहें, तथा चारों तरफ केवल खर्च ही दीखे कहीं से आय की आशा नहीं रहे ॥ २ ॥

सूर्यमध्ये सोमान्तर्दशाफलम्—

शत्रुसन्ध्यादिगमनं वित्तलाभं सुखावहम् ।
भवेदन्तर्दशायां हि सूर्यस्यैव यदा शशी ॥ ३ ॥

यदि सूर्य की महादशा में चन्द्रमा का अन्तर पड़े तो जानना कि जातक को किसी भयानक मुकद्दमे में विरुद्ध पार्टी से सन्धि होगी. विदेशयात्रा होगी, धनों का लाभ होगा, सुख की वृद्धि हो, एवं और तरह से भी उन्नति--कारक अन्तर्दशाकाल होगा, इसमें सन्देह नहीं है ॥ ३ ॥

सूर्यमध्ये भौमान्तर्दशाफलम्--

नृपाल्लाभः सुवर्णानि मणिरत्नप्रवालकम् ।
प्राप्यते यानमानं तु सूर्यस्यान्तर्दशां कुजे ॥ ४ ॥

---

१ सूर्या दशा भवति ।

यदि सूर्य की महादशा में मङ्गल का अन्तर आवे तो किसी राजा के यहाँ से सुवर्ण, मोती, बहुमूल्य मूंगा आदि का लाभ होगा, जहाँ—कहीं जाय वहीं पर पूरा आदर प्राप्त करे जैसा कि आचार्यों का कथन है ॥ ४ ॥

सूर्यमध्ये राह्वन्तर्दशाफलम्—

शङ्कामानं व्याधिकोपं वित्तनाशं जनक्षयम् ।
सर्वमत्राशुभं विद्यात्सूर्यस्यान्तर्गते तमे ॥ ५ ॥

सूर्य की महादशा में यदि राहु की अन्तर्दशा आ जाय तो जानना कि हर काम करने के समय मन में एक प्रकार की शङ्का उपस्थित हो जाय, प्रायः व्याधित रहने के कारण कार्यमात्र में अनवसर पर भी क्रोध आ जाय (यह दौर्भाग्य का लक्षण है) धन एवं आत्मीय परिजनों का नाश हो, इस दशा में बहुधा हर-तरह से अशुभ ही हुआ करे, कभी शुभ वार्त्ता की झलक तक नहीं दीख पड़े ॥ ५ ॥

सूर्यमध्ये गुरोरन्तर्दशाफलम्—

गतव्याधिशरीरश्च अलक्ष्म्या त्यज्यते नरः ।
प्राप्नोति धर्मपदवीं भानोरन्तर्गते गुरौ ॥ ६ ॥

जिसको सूर्य की महादशा में बृहस्पति का अन्तर आवे तो जानना कि जातक के शरीर में जितनी व्याधियाँ रहें सब बहुत जल्द दूर हो जायँ उसका दारिद्रय हट कर लक्ष्मी का शुभागमन हो, धर्म-सम्बन्ध की बातों में दत्तचित्त होने से किसी धार्मिक संस्था की तरफ से कोई उच्च पदवी मिले जैसा कि आचार्यों का कथन है ॥ ६ ॥

सूर्यमध्ये शनेरन्तर्दशाफलम्—

राज्यभङ्गः शक्तिहानिः सुहृद्बन्धुविवर्जितः ।
जायते तत्र वैकल्यं सूर्यस्यान्तर्गते शनौ ॥ ७ ॥

सूर्य की महादशा में शनैश्चर की अन्तर्दशा आने से जातक को राज्यभङ्ग हो, सारी शक्तियों का नाश हो, मित्रमण्डल एवं अपने परिवारों से वर्जित हो जाय, तथा हर तरह से विफलता आजाय ॥ ७ ॥

सूर्यमध्ये बुधान्तर्दशाफलम्—

क्लेशः कष्टं च दारिद्रयं (?) पामाविचर्चिकादिभिः ।
शरद्धान्यस्य निक्षिप्तं (?) सूर्यस्यान्तर्गते बुधे ॥ ८ ॥

यदि सूर्य की महादशा में बुध का अन्तर आवे तो जानना कि उस आदमी को विषूचिका आदि महा सांक्रामिक रोगों के द्वारा क्लेश, कष्ट एवं दारिद्रय भी आजाय याने दवाई-पथ्य करते २ धन का भी अन्त हो जाय, तथा शरत्कालीन धान्य (धान) की उपज एकदम कम हो ॥ ८ ॥

सूर्यमध्ये केत्वन्तर्दशाफलम्—

देशत्यागं बन्धुनाशमर्थनाशं धनक्षयम् ।
केत्वेन्तरे सूर्यगते सर्वं चैवाशुभं वदेत् ॥ ९ ॥

जिस जातक को सूर्य की महादशा में केतु की अन्तर्दशा परिसिद्ध हो वह अपना देश छोड़कर विदेश के लिए भाग जाता है, परिवार के अधिक लोग मर जायँ, धन-सम्पत्ति नष्ट हो जाय तथा हर हालत में चारों तरफ से अशुभ ही होता है ॥ ९ ॥

सूर्यमध्ये शुक्रान्तर्दशाफलम्—

शिरोरोगप्रवालेभ्यो ज्वरातीसारशूलतः ।
शरीरे क्लेशमाप्नोति सूर्यस्यान्तर्गते भृगौ ॥ १० ॥

यदि सूर्य की महादशा में शुक्र का अन्तर प्रतीत हो तो जानना कि उसको शिर में पीड़ा, नेत्ररोग, ज्वर, अतीसार, शूल एवं इन बीमारियों के कारण शरीर में बड़ा क्लेश होगा ॥ १० ॥

अथ चन्द्रमहादशाफलम्—

सम्यग्विभूतिवरवाहनछत्रयानं
क्षेमप्रतापबलवीर्यसुखानि तस्य ।
मिष्टान्नपानशयनासनभोजनानि
चन्द्रो ददाति धनकाञ्चनभूमिलाभम् ॥ १ ॥

किसी जातक को जब चन्द्रमा की महादशा आवे तब अधोलिखित फल जाने—उस दशाकाल में पूरा ऐश्वर्य, सुन्दर सवारी (हाथी, मोटर, साइकिल वगैरह) छत्र, अच्छे स्थान की यात्रा, कल्याण, प्रतापवृद्धि, बलवृद्धि एवं सुख, खाने के पदार्थ (अच्छी मिठाई) अन्न, पान, शयन, आसन, भोजन तथा धन, सुवर्ण, जमीन इन चीजों की प्राप्ति होती है अर्थात् चन्द्रमा की महादशा में जातक खूब शानदारी के साथ जीवनसुख का उपभोग करता है ॥ १ ॥

चन्द्रमध्ये चन्द्रान्तर्दशाफलम्—

चन्द्रान्तः स्त्रीपुत्रलाभं वस्त्राभरणसंयुतम् ।
स्वपक्षगैश्च कल्याणमात्मनिद्रारतिर्भवेत् ॥ २ ॥

यदि चन्द्रमा की महादशा में चन्द्रमा ही की अन्तर्दशा लगे तो स्त्री-पुत्र का लाभ, वस्त्र—आभूषण (जेवरात) आदि की भी प्राप्ति होती है । अपने पक्षपातियों के द्वारा

---

१ केतावन्तर्गते सूर्ये सर्वं चैवाशुभं भवेत् । इति पूर्वपाठः ।

२ प्रवालो नाम नेत्रविकारसम्बन्धिरोगविशेषः । अत्रत्यः पूर्वपाठश्च—'शिरोरोग-प्रवालेभ्यो ज्वरातीसारशूलयोः' ।

कल्याण की वृद्धि हो परन्तु अनवसर में भी सोने की इच्छा अधिक रखे, ऐसा जानना चाहिये ॥ २ ॥

चन्द्रमध्ये भौमांतर्दशाफलम्—

[1]अग्निपित्तकृता पीडा वह्निचौरभवा तथा ।
पदच्युतिश्च नियता भौमे चन्द्रगते नृणाम् ॥ ३ ॥

जिसको चन्द्रमा की महादशा में मंगल का अन्तर आवे उसे मन्दाग्नि तथा पित्त के विकारों से शरीर में पीड़ा होती है, अग्नि-चोर से हमेशा भय आया करे, स्थानच्युति भी हो जाय ॥ ३ ॥

चन्द्रमध्ये राहोरन्तर्दशाफलम्—

[2]रिपुरोगाग्निभिः पीडा बन्धुनाशो धनक्षयः ।
न किञ्चित्सुखमाप्नोति चन्द्रे राहुर्यदानुगः ॥ ४ ॥

यदि चन्द्रमा की महादशा में राहु का अन्तर पड़े तो जानना कि शत्रु, रोग तथा अग्नि इनके द्वारा जातक को बड़ा भय प्राप्त होगा, उसके मन में उद्वेग आजाय, परिवार भी कई मर जायँ, धन बिलकुल घट जाय, तथा कभी उसको किसी प्रकार का सुख न मिले ॥ ४ ॥

चन्द्रमध्ये गुरोरन्तर्दशाफलम्—

धर्माधर्माप्तिसौख्यानि वस्त्रालङ्करणैर्जयः ।
प्राप्नोत्यन्तर्दशायां हि [3]गुरोश्चन्द्रगतस्य च ॥ ५ ॥

चन्द्रमा की महादशा में बृहस्पति का अन्तर आने से जातक को धर्म अधर्म की विवेचना से पूरा सुख मिले, वस्त्र, आभूषणों के सौन्दर्य से ही प्रायः लोगों के बीच में जय का लाभ करे ॥ ५ ॥

चन्द्रमध्ये शन्यन्तर्दशाफलम्—

बन्धूद्वेगं शोकभयं हानिव्यसनदोषगम् ।
भवन्ति तत्र सन्देहाश्चन्द्रस्यान्तर्गते शनौ ॥ ६ ॥

यदि चन्द्रमा की महादशा में शनि की अन्तर्दशा की प्रवृत्ति हो तो जातक का अपने परिवारों के सम्बन्ध में उद्वेग लगा रहे, शोक एवं भय प्राप्त हो, हानि, व्यसन (नशावाजी) तथा अन्यान्य भी कई दोष आकर उसे घिरे रहें, और जो ही कुछ काम करे सब में महा २ सन्देह उपस्थित हो जायँ, यह जाने ॥ ६ ॥

पूर्वपाठः—१ "…………वह्नि चौरपदच्युतिः ।
भवत्यन्तर्दशायां च चन्द्रो भौमो गतो भवेत् ॥"
२ रिपुरोगाग्निरुद्वेगो । ३ चन्द्रस्यैव गुरुर्यदा ।

चन्द्रमध्ये बुधान्तर्दशाफलम्—

सर्वत्र लभते सौख्यं गजाश्वैर्गोधनादिकैः ।
फलं चन्द्रगतस्यान्तर्दशायां शशिजस्य हि ॥ ७ ॥

यदि चन्द्रमा की महादशा में बुध का अन्तर आवे तो जातक को उतने समय किसी काम में प्रवृत्ति हो, सभी में आर्थिक लाभ पूरा हो, हाथी, घोड़े, गाय, भैंस आदि की भी प्राप्ति हो सो जानना चाहिये ॥ ७ ॥

चन्द्रमध्ये केत्वन्तर्दशाफलम्—

चौपल्यं[2] चोद्वेगसत्ता बन्धुहानिर्धनक्षयः ।
जायतेऽन्तर्गते केतौ चन्द्रस्यैव नरस्य हि ॥ ८ ॥

चन्द्रमा की महादशा में केतु की अन्तर्दशा रहने से मनुष्य को चञ्चलता अधिक होती है, मन में उद्वेग हो परिवार में कई आदमियों की अचानक मृत्यु आजाय तथा धन का भी नाश होना अनिवार्य समझे ॥ ८ ॥

चन्द्रमध्ये शुक्रान्तर्दशाफलम्—

बहुस्त्रीसंगमं चाथ कन्यकाजन्म[3] निश्चितम् ।
मुक्ताहीरमणिप्राप्तिश्चन्द्रस्यान्तर्गते सिते ॥ ९ ॥

जब चन्द्रमा की महादशा में शुक्र का अन्तर रहे तब उतने समय तक जातक को बहुत स्त्रियों के साथ सम्भोग, कन्या का जन्म, तथा मोती, हीरा, मणि की प्राप्ति हो यह जाने ॥ ३ ॥

चन्द्रमध्ये सूर्यान्तर्दशाफलम्—

जनप्रभावसौख्यं च व्याधिनाशं रिपुक्षयम् ।
ऐश्वर्यं सौख्यमतुलमर्के चन्द्रगते[4] यदि ॥ १० ॥

यदि सूर्य की अन्तर्दशा चन्द्रमा की महादशा में पड़े तो समाज के लोगों के ऊपर जातक का प्रभाव अधिक हो एवं उससे पूर्ण सौख्य मिले, व्याधि (अगर शरीर में रहे) का नाश हो जाय, शत्रु का तो नामनिशान भी न रहे, अन्यान्य ऐश्वर्य तथा स्वर्गीय सुख का अनुभव करने वाला जातक हो, यह जानना चाहिए, वस्तुतः यह अन्तर काल बड़ा सौख्यदायक है ॥ १० ॥

अथ मङ्गलमहादशान्तर्दशाफलम्—

शस्त्राभिघातो नृपतेश्च पीडा चौर्याग्निरोगाश्च धनस्य हानिः ।
कार्याभिघातश्च नरस्य दैन्यं भवेद्दशायां धरणीसुतस्य ॥ १ ॥

मङ्गल की महादशा के समय में जातक को शस्त्र का आघात, राजा की तरफ से

पूर्वपाठः—१ भवत्यन्तर्दशायां हि चन्द्रस्यान्तर्गते बुधे ।
२ चापल्यं चोद्वेगहीनं बन्धुहानिर्धनक्षयम् ।
३ कन्यकाजन्म एव च । ४ चन्द्रमर्कोऽनुगो यदि ।

पीड़ा तथा चोर–अग्नि से उपद्रव हो याने घर का सामान चोरी हो जाय एवं अग्नि से घर जले, रोग हो, धन की हानि हर तरह से उठानी पड़े, कई अभिलषित कार्य भी सिद्ध न हों तथा हो और प्रकार से भी मनुष्य को दीनता घिरे रहे ॥ १ ॥

मङ्गलमध्ये मङ्गलफलम्—

कौज्यां शत्रु विमर्दश्च विग्रहो[1] बन्धुभिः कुंजे ।
रक्तपित्तकृता पीडा परस्त्रीसङ्गमो भवेत् ॥ २ ॥

यदि मङ्गल की महादशा में उन्हीं का अन्तर आवे तो जातक को शत्रुओं की तरफ से उपद्रव हो, अपने पारिवारिक लोगों के बीच में झगड़ा हो, रक्त-पित्त के विकारों से पीड़ित रहे तथा परस्त्रियों के साथ सम्भोग का सुख मिले ॥ २ ॥

मङ्गलमध्ये राहुफलम्—

शस्त्राग्निचौरशत्रूणा[2]मापदां च भयं भवेत् ।
अर्थनाशो[3] रुजापीडा राहौ मङ्गलवर्तिनि ॥ ३ ॥

यदि राहु का अन्तर मङ्गल की महादशा में पड़े तो जानना कि शस्त्र, अग्नि, तथा चोर इनसे भय प्राप्त हो, धन का नाश हो, किसी प्रबल रोग के रहने से उसके शरीर में कठिन पीड़ा हुआ करे ॥ ३ ॥

भौममध्ये गुरुफलम्—

पुण्यतीर्थाभिगमनं देवब्राह्मणपूजनम् ।
जीवे कुजान्तरं प्राप्ते नृपात्किञ्चिद्भयं भवेत् ॥ ४ ॥

यदि मङ्गल की महादशा में बृहस्पति की अन्तर्दशा आवे तो वह जातक उसकी अवधि तक तीर्थयात्रा अधिक करे, देवता-ब्राह्मण की पूजा—अर्चना में दत्तचित्त रहे, तथा किसी राजा की तरफ से भी कुछ भय आजाय ॥ ४ ॥

भौममध्ये शनिफलम्—

उपर्युपरि जायन्ते दुःखान्यपि सहस्रशः ।
जनक्षयः[4] कुजस्यान्तर्गते जीवे फलं वदेत् ॥ ५ ॥

जिसको मङ्गल की महादशा में शनैश्चर का अन्तरकाल प्रतीत हो उस जातक का एक के बाद दूसरे के बाद तीसरा इस तरह लगातार हजारों दुःख आकर तङ्ग करते रहें एवं उसके परिवार का भी नाश हो जाय सो जाने ॥ ५ ॥

भौममध्ये बुधफलम्—

रिपुशस्त्राग्निचौरेभ्यो[5] नाशं प्राप्नोति मानवः ।
महाक्रूरकृता पीडा कुजस्यानुगते बुधे ॥ ६ ॥

पूर्वपाठः—१ विग्रहो बन्धुभिः सह । २ शस्त्राणि चोरशत्रूणामापदां च भयं भवेत् ।
३ अर्थनाशं रुजा पीडा । ४ जनक्षयं कुजस्यार्कीयां प्राप्तान्तर्दशा यदा ।
५ रिपुचौरशस्त्राग्निभ्यः ।

यदि मङ्गल की महादशा में बुध की अन्तर्दशा लगे तो शस्त्र (तलवार आदि) चौर, अग्नि इन बातों से जातक की सारी सम्पत्ति नष्ट हो जाए तथा किसी महाक्रूर (पूरा दुष्ट) आदमी के द्वारा बड़ी पीड़ा हो ॥ ६ ॥

भौममध्ये केतुफलम्—

मेघाशनिभयं घोरं शस्त्राग्नितस्करैस्तथा ।
क्लेशमाप्नोति भौमस्य केतुरन्तर्गतो यदा ॥ ७ ॥

मंगल की महादशा में यदि केतु का अन्तर लगे तब जानना कि जातक को बादल बिजली आदि का बड़ा घोर भय हो, शस्त्र का आघात लगे, अग्नि से घर जल जाय, सम्पत्ति भी चोर ले जाय एवं अन्यान्य कई प्रकार के क्लेशों का सामना करना पड़े जैसा कि प्राचीन आचार्यों का कथन है ॥ ७ ॥

भौममध्ये शुक्रफलम्—

शस्त्रकोपभयं व्याधिर्धनक्षयमुपद्रवम् ।
प्रवासगमनानि स्युः कुजस्यान्तर्गते सिते ॥ ८ ॥

जिसको मङ्गल की महादशा में शुक्र की अन्तर्दशा आवे उसे शस्त्र से या किसी राजा के क्रोध से भय हो, व्याधि हो, धन का नाश हो, और भी कई उपद्रव हो जायँ, तथा अगत्या अन्त में विदेश में जाकर जीवन बितावे, सो जानना चाहिये ॥ ८ ॥

भौममध्ये रविफलम्—

प्रचण्डशासनं याति नृपाद्धयजयान्वितम् ।
(१) ब्रुवतेऽनर्थयुक्तं च भौमास्यान्तर्गते रवौ ॥ ६ ॥

जिसको मङ्गल की महादशा में सूर्य का अन्तर पड़े उसके ऊपर किसी कारण से राजा की शासनपद्धति बड़ी कठिन होती है तथापि समय पाकर राजा से घोड़े एवं जय मिले, तथा अनर्थ से सहित रहता है ॥ ६ ॥

भौममध्ये चन्द्रफलम्—

नानावित्तसुहृत्सौख्ययुक्तं मुक्तामणिः प्रभोः ।
भौमस्यान्तर्दशां प्राप्तश्चन्द्रमाः कुरुते भृशम् ॥ १० ॥

मङ्गल की महादशा में चन्द्रमा का अन्तर आने पर जातक को अनेक प्रकार के धन, मित्र आदि से सौख्य मिले, किसी राजा की तरफ से उपहार-स्वरूप हीरा, मोती की प्राप्ति हो, इसमें संशय नहीं है ॥ १० ॥

अथ राहु महादशान्तर्दशाफलम्—

बुद्ध्या विहीनमतिविभ्रमसर्वशून्यं
विश्वं भयातिविषमापदमृत्युतुल्यम् ।

पूर्वपाठः—१ वाति ।

व्याधिर्वियोगधनहानिविषानि [1]चैवं
राहोर्दशा सृजति जीवितसंशयं च ॥ १ ॥

राहु की महादशा उपस्थित होने से जातक की बुद्धि बिगड़ जाती है, महा विभ्रम याने पागल की तरह इधर-उधर घूमा करे, चारों तरफ शून्य मालूम पड़े अर्थात् कहीं पर उसको कोई सहारा नहीं मिले, डर के मारे बड़ी कठिनता से जीवन नौका पार करे, कष्ट इतना हो कि प्राणान्तिक समझे, बड़ी कठिन व्याधि भी आसन जमा दे, अपने पारिवारिक जनों से वियोग हो, धन-हानि हो, एवं अन्यान्य उपद्रव भी हुआ करे, एक शब्द में राहु की अन्तर्दशा जीवनान्त तक पहुँचा देती है ॥ १ ॥

राहुमध्ये राहुफलम्—

स्वभ्रातृतातमरणं बन्धुनाशात्मकं रुजा।
[2]अर्थनाशो विदेशस्य गमनं गौरवाल्पता ॥ २ ॥

यदि राहु की महादशा में राहु की अन्तर्दशा लगे तो जातक के भाई, पिता का मरण हो, रोग के कारण अन्यान्य परिवार का भी नाश हो जाय, धननाश हो, विदेश की यात्रा करनी पड़े, तथा लोगों के बीच में भी प्रभाव कम पड़े, सो जानना चाहिये ॥२॥

राहुमध्ये गुरुफलम्—

व्याधिदुःखपरित्यक्तो देवब्राह्मणपूजकः[3]।
भवत्यर्थयुतश्चात्र राहोरन्तर्गते गुरौ ॥ ३ ॥

जब राहु की महादशा में गुरु की अन्तर्दशा आवे तब जानना कि जातक व्याधि-दुःख से रहित होकर देवता और ब्राह्मण का आराधना करनेवाला, धनी होगा।

राहुमध्ये शनिफलम्—

रक्तपित्तकृता पीडा कलहः स्वजनैःसह।
[4]देहभङ्गः कृतत्यागो राहोरन्तर्गते शनौ ॥ ४ ॥

जिसको राहु की दशा में शनैश्चर की अन्तर्दशा पड़े उसे रक्त-पित्त के दोष से अनेक प्रकार की पीड़ाएँ होती हैं, अपने बन्धु-वर्ग से झगड़ा हो, देह का भङ्ग हो, तथा समुचित दैनिक क्रिया या निश्चित कर्तव्य से च्युत होकर आलसी वा अधर्मी कहलाता है ॥ ४ ॥

राहुमध्ये बुधफलम्—

[5]सुहृद्बन्धुजनायोगं बुद्धिभोगधनागमम्।
किञ्चित्क्लेशमवाप्नोति स्वर्भान्वन्तर्गते बुधे ॥ ५ ॥

पूर्वपाठः—१ वारराहोर्दशा भवति जीवितसंशयं च। २ अर्थनाशो विदेशश्च।
३ देवब्राह्मणपूजनम्। ४ देहभङ्ग कृतत्यागं।

पूर्वपाठः—५ सुहृद्बन्धुधनायोगं बुद्धिबोधधनागमः।

यदि राहु की महादशा में बुध का अन्तर आवे तो जानना कि जातक को अपने प्रिय मित्र, बन्धुवर्ग आदि के साथ सहानुभूति बढ़ती है, धन का अनेक उपायों से आगम हो तथा अन्यान्य तरीके से शरीर में यथा चित्त में क्लेश होता है, इसमें सन्देह नहीं है ॥ ५ ॥

अथ राहुमध्ये केतुफलम्—

ज्वराग्निरिपुशस्त्रेण मृत्युं प्राप्नोति जातकः ।
राहोरन्तर्गते केतौ नास्त्यत्र संशयः क्वचित् ॥ ६ ॥

जिस जातक को राहु की महादशा में केतु का अन्तर पड़े उसे ज्वर के कारण, अथवा अग्नि के द्वारा, वा शत्रु के शस्त्रों द्वारा मृत्यु आजायगी यह जानना चाहिए ॥६॥

अथ राहुमध्ये शुक्रफलम्—

सुहृत्तापः कामचिन्ता स्त्रीलाभो वित्तसञ्चयः ।
कलहो बान्धवै सार्द्धं राहोरन्तर्गते सिते ॥ ७ ॥

यदि राहु की महादशा में शुक्र का अन्तर आवे तो मित्रों के कारण मन में ताप, काम की अधिक चिन्ता, स्त्री का लाभ, धन का पूरा सञ्चय तथा अपने पारिवारिक लोगों के साथ कलह होगा इसमें संशय नहीं है ॥ ७ ॥

अथ राहुमध्ये रविफलम्--

शस्त्ररोगभयं घोरमर्थनाशं नृपाद्भयम् ।
अग्निचौरभयं चात्रदैत्य स्यान्तर्गते रवौ ॥ ८ ॥

राहु की महादशा में सूर्य का अन्तर पड़ने से जातक को शस्त्र, रोग का भय हो एवं धन की क्षति हो, राजा से भी भय प्राप्त हो, तथा अग्नि और चोर इनसे भी किसी अवसर पर भय की अवस्था आ जाती है ॥ ८ ॥

अथ राहुमध्ये चन्द्रफलम्--

स्त्रीलाभं कलहं चैव वित्तनाशमनिर्वृतिम् ।
बान्धवैः सह संक्लेशो राहोरन्तर्गतः शशी ॥ ९ ॥

राहु की महादशा में चन्द्रमा की अन्तर्दशा आवे तो जानना कि जातक को उतनी अवधि के भीतर स्त्री का लाभ, समाज के साथ मुकद्दमा, धन का नाश, हर तरह से चित्त की विकलता तथा अपने परिवारों के साथ भी विषाद होगा जैसा कि शास्त्र में लिखा है ॥ ९ ॥

अथ राहुमध्ये भौमफलम्—

रिपुशस्त्राग्निचौराणां भयमाप्नोति सर्वदा ।
स्वर्भान्वन्तर्गते भौमे निश्चितं नात्र संशयः ॥१०॥

---

१ ज्वराग्निरिपुशस्त्रं वा मृत्युः प्राप्नोति सर्वदा ।

२ सुहृत्तापोऽजितेन्द्रियः स्त्रीलाभो वित्त.संशयः ।

यदि राहु की महादशा में मंगल का अन्तर पड़े तो जातक शत्रु-मण्डल, शस्त्र, अग्नि तथा चोर इनसे हमेशः त्रस्त रहता है इसमें जरा भी संशय नहीं है ॥ १० ॥

अथ गुरुमहादशान्तर्दशाफलम्—

नृपप्रसादं[1] धनधान्यपुत्रकलत्रमन्त्रादिसुरत्नलाभम्।
नीरोगतां शत्रुजयं च सौख्यं गुरोर्दशा वाञ्छितमातनोति ॥१॥

बृहस्पति की महादशा में जातक को किसी राजा के यहाँ पूर्ण सन्मान, धन-धान्य, पुत्र-स्त्री, मित्र इनकी प्राप्ति तथा अच्छे २ कई रत्नों का लाभ होता है, शरीर में पूर्ण नीरोगता, शत्रुओं के विवाद में विजय, प्रर्याप्त सौख्य तथा मनोभिलषित कामों की सिद्धि प्राप्त होती है, जैसा कि आचार्यों का कथन है ॥ १ ॥

अथ गुरुमध्ये गुरुफलम्—

जैव्यान्तरे[2] सुतोत्पत्तिर्धन धर्मार्थगौरवम्।
हेम्नश्चाम्बरलाभश्च वर्णेभ्यो ह्यतिसञ्चयः ॥ २ ॥

बृहस्पति की महादशा में यदि बृहस्पति ही अन्तर आवे तो जातक को उस समय पुत्र की उत्पत्ति हो, धन-धर्म की उत्तरोत्तर वृद्धि हो, सुवर्ण-वस्त्र का लाभ हो, तथा सब वर्ण के लोगों से जातक को आर्थिक सञ्चय पर्याप्त कहें ॥ २ ॥

अथ गुरुमध्ये शनिफलम्—

वेश्यास्त्रीमद्यपानैश्च[3] भूषितः सुखवर्जितः।
विलुप्तधर्मवस्त्रोऽसौ सौरिर्गुर्वन्तुगो यदा ॥ ३ ॥

यदि गुरु की महादशा में शनैश्चर का अन्तर पड़े तो जानना कि जातक को वेश्याओं के साथ व्यभिचार और मद्यपान अनिवार्य होगा, फलतः हर हालत में सुख से वर्जित रहे यहाँ तक कि वस्त्र भी उसके पास न रहे, सब धर्म-कर्म से रहित होकर काल बिताने वाला पुरुषाधम होगा ॥ ३ ॥

अथ गुरुमध्ये बुधफलम्—

स्वस्थो मित्रयुतो भोगी गुरुदेवाग्निभक्तिकृत्।
सुकृताचरणे शक्तो जीवस्यान्तर्गते बुधे ॥ ४ ॥

यदि बृहस्पति की महादशा में बुध की अन्तर्दशा आवे तो जातक स्वस्थ होकर रहे, मित्रों के साथ सम्मेलन हो, भोग करे, गुरु-देवता विशेषतः अग्नि इनमें भक्ति रखे, सदैव धर्म के आचरण में लगा रहे जैसा कि शास्त्र में वर्णित है ॥ ४ ॥

पूर्वपाठ—१ नृपप्रसादो। २ जीव्यायने सुतो बुद्धि—।
३ वेश्यास्त्रीमद्यशून्यैश्च।

अथ गुरुमध्ये केतुफलम्—

पुत्रबन्धुक्षतो भोगायुक्तः स्वस्थानवर्जितः।
परिभ्रमते सर्वत्र केतावन्तर्गते गुरोः॥ ५॥

यदि बृहस्पति की महादशा में केतु का अन्तर पड़े तो जातक उस समय में पुत्र एवं बन्धुवर्ग के द्वारा तकलीफ पावे, भोग से वर्जित रहे, अपनी जगह से च्युत होकर व्यर्थ जहाँ-तहाँ भ्रमण करे सो जानना चाहिए॥ ५॥

अथ गुरुमध्ये शुक्रफलम्—

कलहं शत्रुवैरं च चित्तमानसनिर्वृतिः।
स्त्रीभ्यो विघातमाप्नोति जीवस्यान्तर्गते सिते॥ ६॥

बृहस्पति की महादशा में शुक्र की अन्तर्दशा आने से जातक को लोगों के साथ झगड़ा हो, शत्रुओं के साथ वैरभाव ज्यादा बढ़े, धन के सम्बन्ध से चित्त अलग हो जाय, तथा अपनी स्त्री से आघात पाकर पीड़ित रहे॥ ६॥

अथ गुरुमध्ये सूर्यफलम्—

शत्रूणां[2] विजयं सौख्यं नृपपूजा च लभ्यते।
प्रचण्डसाहसाङ्गैश्च जीवस्यान्तर्गते रवौ॥ ७॥

जिसको बृहस्पति की महादशा में सूर्य का अन्तर लगे उसे शत्रुओं से विजय प्राप्त हो, सुख हो, कई राजाओं से आदर मिले, एवं सभी कामों में कठिन से कठिन साहस कर सफलता का लाभ करे॥ ७॥

अथ गुरुमध्ये चन्द्रफलम्—

बहुस्त्रीपरिभोगश्च[3] रिपुभोगविवर्जितः।
नृपतुल्यो भवेन्नित्यं चन्द्रे गुर्वन्तरं गते॥ ८॥

यदि किसी जातक को बृहस्पति की महादशा में चन्द्रमा का अन्तर लगे तो जानना कि बहुत स्त्रियों के साथ उपभोग करने वाला जातक होगा, उसके सारे शत्रु लोग भोग से रहित होकर पूरी तकलीफ उठावेंगे। इसके अतिरिक्त अन्यान्य सुखों के उपभोग से वस्तुतः वह राजा के समान हो जाता है॥ ८॥

अथ गुरुमध्ये भौमफलम्—

तीक्ष्णशौर्यरिपुं जित्वा धनं कीर्तिं लभेन्नरः[4]।
सुखसौभाग्यमारोग्यं गुरोरन्तर्गते कुजे॥ ९॥

बृहस्पति की महादशा में मङ्गल का अन्तर आने से जातक महाबली भी शत्रु को

पूर्वपाठः—१ पुत्रबन्धुक्षतो योगो युक्तः। २ शत्रूणां सञ्जयं। ३ बहुस्त्रीरिपुभोगश्च। ४ धनं कीर्तिं च मानुषे।

जीतकर धन एवं कीर्ति का लाभ करता है, तथा सुख, सौभाग्य एवं शरीर में नैरुज्य प्राप्त होता है, जैसा कि शास्त्रकारों का कथन है ॥ ९ ॥

अथ गुरुमध्ये राहुफलम्—

बन्धूद्वेगं रुजश्चैव कलहं मरणाद्भयम् ।
स्वस्थानच्युतिमाप्नोति राहावन्तर्गते गुरोः ॥ १० ॥

यदि राहु का अन्तर बृहस्पति की महादशा में लगे तो जानना कि बन्धुवर्गों को सर्वांशतः क्लेश होगा, लोगों के साथ झगड़ा, मरण का भी भय तथा अपने निश्चित स्थान से भी हट जाने का अवसर उपस्थित हो जाय ॥ १० ॥

अथ शनिमहादशाफलम्—

मिथ्यापवादवधबन्धनिराश्रयं च
मित्रातिवैरधनधान्यकलत्रशोकम् ।
आशानिराशकृतनिष्फलसर्वशून्यं
कुर्याच्छनैश्चरदशा सततं नराणाम् ॥ १ ॥

जातक को जब शनैश्चर की महादशा उपस्थित हो तब जाने कि उसको कोई झूठा अपवाद लगेगा, जेल तक जाना पड़े, मृत्यु का भी भय हो, मित्रों से भी शत्रुता हो जाय, धन-धान्य, स्त्री इनके कारण महाशोक हों, जिस आदमी से किसी चीज की आशा करे, सब निष्फल हो जाय, एक शब्द में चारो ओर शून्य प्रतीत हो याने इसकी खबर लेने वाला उस समय कोई नहीं दीख पड़े, यह शनैश्चर की महादशा का फल है ॥ १ ॥

अथ शनिमध्ये शनिफलम्—

शनैश्चराद्देहपीडा पुत्रदारैश्च विग्रहः ।
स्त्रीकृते बुद्धिनाशश्च विदेशगमनं भवेत् ॥ २ ॥

यदि शनैश्चर की महादशा में शनैश्चर ही की अन्तर्दशा लगे तो जानना कि जातक को उतने समय तक शरीर में पीड़ा होगी, पुत्र एवं स्त्री से झगड़ा होगा, स्त्री के कारण इतनी चिन्ता होगी कि उसकी बुद्धि भ्रष्ट हो जाय तथा अन्त में घर छोड़ कर विदेश चला जाय ॥ २ ॥

अथ शनिमध्ये बुधफलम्—

सौभाग्यं सौख्य-विजयं बोधसंस्थानमानतः ।
सुहृद्वित्तप्रदं सौख्यं सौरस्यान्तर्गते बुधे ॥ ३ ॥

शनैश्चर की महादशा में अगर बुध का अन्तर आवे तो सौभाग्य एवं सुख प्राप्त हो, शत्रु-मण्डल से विजय मिले, स्थान-मान की वृद्धि कहें, मित्र दलों की तरफ से धन का लाभ हो तथा और तरह से भी सुख मिले यह जानना चाहिये ॥ ३ ॥

अथ शनिमध्ये केतुफलम्—

रक्तपित्तकृता पीडा चित्तवित्तानुसंग्रहः।
दुःस्वप्नं बन्धनं चैव केतावन्तर्गते शनेः॥ ४॥

शनैश्चर की महादशा में केतु का अन्तर लगे तो उतने समय के बीच (अन्तर काल) में जातक को शोणित और पित्त बिगड़ जाने के कारण पीड़ा हो, इच्छानुकूल धन का सञ्चय करे, रात्रि के अवसर पर बुरे २ स्वप्न दिखाई दें, सम्भवतः किसी विवाद के आवेश में आकर जेल की भी लहर लेनी पड़े, सो आश्चर्य नहीं॥ ४॥

अथ शनिमध्ये शुक्रफलम्—

सुहृद्बन्धुवशीयुक्तं भार्यावित्तजयान्वितम्।
सुखसौभाग्यवात्सल्यं सौरस्यान्तर्गते सिते॥ ५॥

शनि की महादशा में शुक्र की अन्तर्दशा आने पर जातक को मित्र बन्धुवर्ग एवं अन्यान्य निजाधीन लोगों के साथ बड़ी सहानुभूति होती है, स्त्री खूब प्रसन्न-वदना रहे, धन पर्याप्त बढ़े, विवाद में प्रायः सर्वत्र विजय प्राप्त हो, तथा सुख, सौभाग्य एवं परिचित लोगों के बीच में अपना वात्सल्य का अनुयायी हो॥ ५॥

अथ शनिमध्ये रविफलम्—

पुत्रदारधनैर्नाशं करोति समयं महत्।
सौरस्यान्तर्गते भानौ जीवितस्यापि संशयः॥ ६॥

शनैश्चर की महादशा में सूर्य का अन्तर आवे तब जानना कि इस पर्याय में जातक के पुत्र, स्त्री तथा धन सभी का नाश हो जाय, बाद बड़ी कठिनता से कालयापन करे, यहाँ तक कि सम्भवतः मारे तकलीफ के शरीर का भी अवसान हो जाय इसमें आश्चर्य नहीं मानना चाहिये॥ ६॥

अथ शनिमध्ये चन्द्रफलम्—

मरणं स्त्रीवियोगश्च बन्धूद्वेगोऽसुखं शृणु।
क्रुद्धमारुरुजो रोगं विधावन्तर्गते शनेः॥ ७॥

शनि की महादशा में जब चन्द्रमा का अन्तर लगे तो उस पर्याय में जातक को बड़ा भारी कष्ट हो, कदाचित् बच जाय तो पुनर्जन्मही समझे तिस पर भी स्त्री का वियोग तो अनिवार्य ही है, अपने बन्धुवर्गों के बीच उद्वेग हो, बराबर तकलीफ उठानी पड़े, अनवसर में भी व्यर्थ क्रोध की मात्रा बढ़ती जाय जो कि वस्तुतः वैसी अवस्था में प्राकृतिक है, कई कठिन रोग भी आकर उसे घिरे रहें॥ ७॥

---

१ अत्र तृतीयान्तोऽयुक्तः।

अथ शनिमध्ये भौमफलम्—

देशभ्रंशं तथा दुखं कुरुते व्याधिभ्रंशताम्।
अन्तर्दशायां सौरस्य [1]कौज्यां प्राणमहद्भयम्॥ ८॥

शनैश्चर की महादशा में यदि मङ्गल की अन्तर्दशा लगे तो उस अन्तर्दशाकाल में जातक को अपने देश को छोड़कर विदेश जाना पड़े, अनेक प्रकार के दुःख हों, कई व्याधियाँ हों, बुद्धि भी बिगड़ जाय, अन्त में मरण की नौबत आजाय जैसा कि कहा गया है॥ ८॥

अथ शनिमध्ये राहुफलम्—

श्वभ्रावाताङ्गभेदश्च ज्वरातीसारपीडनम्।
शत्रुभङ्गोऽर्थनाशश्च राहावन्तर्गते शनेः॥ ९॥

जब शनि की महादशा में राहु की अन्तर्दशा पड़े तो जानना कि उस समय जातक को देह में वात के विकार से कई बीमारियाँ हों, ज्वर तथा अतीसार से शरीर में अधिक पीड़ा हो, शत्रु से भङ्ग प्राप्त करे, एवं धन का भी नाश हो जाय॥ ९॥

अथ शनिमध्ये गुरुफलम्—

[2]द्विजदेवार्चनं सौख्यं बहुभृत्यगुणैर्युतम्।
स्थानप्राप्तिं गुरुः कुर्यात्सौरस्यान्तर्गतो यदि[3]॥ १०॥

जिसको शनैश्चर की महादशा में बृहस्पति का अन्तर वर्त्तमान हो वह ब्राह्मण देवता की पूजा-अर्चा में रत रहे, सौख्यभागी हो, अनेक नौकरों एवं अपने प्रशंस्य गुणों से हमेशः सहित रहें एवं किसी उच्च स्थान की प्राप्ति भी होती है॥ १॥

अथ बुधमहादशाफलम्—

दिव्याङ्गनावदनपङ्कजषट्पदस्य
लीलाविलासवरभोगसमन्वितस्य।
नानाप्रकारविभवागमकोशवृद्धिं[4]
क्षिप्रं पुनर्बुधदशाभिमतार्थसिद्धिम्॥ १॥

अब बुध की दशा का फल लिखते हैं—बुध की महादशा आने से जातक दिव्य (परम रमणीय) कन्याओं के अनेक प्रकार विलासादि से स्वर्गीय सुख का अनुभव करने वाला होता है, कई तरह से उसे धन का आगम होता है, खजाने की वृद्धि होती है तथा इस अवसर पर जितनी कामनायें करें, सब अनायास ही सिद्ध हो जायँ इसमें संदेह नहीं है॥ १॥

पूर्वपाठः—१ कुज इति। २ देवार्चनं द्विजः सौख्यं। ३ सौरस्यन्तर्गता दशा। ४ कोशवृद्धिः।

अथ बुधमध्ये बुधफलम्—

बुद्धिधर्म समायोगोमित्रबन्धुसमागमः।
प्राप्तिर्ज्ञानस्य विपुला देहपीडाप्रकोपनम् ॥ २ ॥

बुध की महादशा में यदि बुध ही अन्तर दीख पड़े तो जानना कि इस प्रकरण में जातक की बुद्धि धर्म–सम्बन्ध की बातों में अवश्य लगेगी अधिक समय इष्टमित्रों का समागमन हो, विशिष्ट ज्ञान की भी प्राप्ति होना चाहिये किन्तु शारीरिक पीडा का प्रकोप कुछ पड़ जाय यही आचार्यों का कथन है ॥ २ ॥

अथ बुधमध्ये केतुफलम्—

दुःखशोकाकुलं नित्यं शरीरं क्लेशसंयुतम्।
भवत्यन्तर्दशायां हि केतोर्बुधगतस्य च ॥ ३ ॥

यदि बुध की महादशा में केतुकी अन्तर्दशा प्रतीत हो तो जातक के लिए यह पर्याय हानिकारक है अर्थात् सदैव दुःख-शोक की अधिकता के कारण मन व्याकुल रहे, शारीरिक अनेकों क्लेश हों सो जाने ॥ ३ ॥

अथ बुधमध्ये शुक्रफलम्—

गुरुवस्त्राणि लभ्यन्ते धनं धर्मप्रियं तथा।
वस्त्रालङ्करणैर्युक्तंबुधस्यान्तर्गते सिते ॥ ४ ॥

जब बुध की महादशा में शुक्र का अन्तर लगे तो जानना कि जातक को किसी बड़े दरबार से आदर के साथ उत्तम २ वस्त्र, आभूषण तथा धर्म के सम्बन्ध में धन भी पर्याप्त मिलेगा अर्थतः यह धन न्यायसंगत हो ॥ ४ ॥

अथ बुधमध्ये सूर्यफलम्—

स्वर्णादिकं भवेत्प्राप्तं यशः प्राप्नोति सर्वतः।
जायास्वस्त्रीभवोद्वेगो बुधस्यान्तर्गते रवौ ॥ ५ ॥

बुध की महादशा में अगर सूर्य का अन्तर प्रतीत हो तो उसे सोना चाँदी एवं अपने प्रान्त में चारों तरफ निर्मल यश प्राप्त हो, एवं अपनी स्त्री के द्वारा किसी बात की फिक्र में आकर बड़ा उद्वेग लग जाय ॥ ५ ॥

अथ बुधमध्ये चन्द्रफलम्—

कुष्ठगण्डविकारैश्च क्षयरोगभगन्दरैः।
गजादिवाहनैर्भीतिर्बुधस्यान्तर्गते विधौ ॥ ६ ॥

यदि बुध की महादशा में चन्द्रमा की अन्तर्दशा आवे तो जानना कि इस दशा-काल में जातक को कुष्ठ, गण्डमाला (घेघा), क्षयरोग, भगन्दर आदि महाभयानक

पूर्वपाठः—१ बुद्धिर्धर्मसमायोगो। २ देहपीडाप्रकोपनाम्। ३ केतुर्यदि बुधस्य च।

रोगों से तकलीफ होगी। हाथी, घोड़े, मोटर वगैरह पर से भी गिरने का भय अधिक होगा॥ ६॥

अथ बुधमध्ये भौमफलम्—

शिरोगेलगतै रोगैर्नानाक्लेशविमर्दनम्।
चौरभङ्ग भयं चाथ बुधस्यान्तर्गते कुजे॥ ७॥

बुध के अन्तर्गत मङ्गल पड़े याने बुध की महादशा में मङ्गल की अन्तर्दशा लगे तो शिर में कई रोग हों, गले में भी ऐसी २ बीमारियाँ हों जिनसे अनेक प्रकार के कष्ट भोगने पड़े, चोरों के द्वारा धन नाश की आशङ्का तो सदैव बनी रहे अपितु कभी २ अपनी जान का भी भय उपस्थित हो जाय सो जानना चाहिये॥ ७॥

अथ बुधमध्ये राहुफल—

अकस्माच्छत्रुनिर्घातमकस्मादर्थनाशनम्।
सम्पर्कादग्निदाहं च राहोरन्तर्गते बुधे॥ ८॥

बुध की महादशा में राहु का अन्तर आने से जातक को कभी तो शत्रुओं के द्वारा डर उपस्थित हो, कभी धन की क्षति हो, एवं कभी घर भी अग्नि में जलकर भस्म हो जाय, ये उपाधियां अक्सर चोरों ही के द्वारा हों॥ ८॥

अथ बुधमध्ये गुरुफलम्—

व्याधिशत्रुभयैर्युक्तो ब्रह्मिष्ठो नृपवल्लभः।
पूतात्मा धर्मकश्चैव बुधस्यान्तर्गते गुरौ॥ ९॥

यदि बुध की महादशा में बृहस्पति का अन्तर वर्त्तमान देखा तो जानना कि जातक व्याधि, शत्रु इनके भय से एकदम मुक्त रहेगा याने कभी वे इसके करीब में न जायँ, ब्रह्मज्ञानी हो, किसी राजा का परम प्रेम-पात्र बना रहे, पवित्र आत्मा रखे जिससे कि कभी किसी की बुराई करने की दुर्भावना न आवे एवं परम धर्म करने वाला श्लाघ्य हो॥ ९॥

अथ बुधमध्ये शनिफलम्—

धर्मार्थभोगी गम्भीरः क्लीवो मित्रार्थलुब्धकः।
सर्वकार्येष्वनुत्साही बुधे सौरो यदानुगः॥ १०॥

बुध की महादशा में शनैश्चर का अन्तर पड़ने से आदमी धर्म एवं धन का उपभोग करने वाला होता है, गम्भीरता—पूर्ण विचार करे, नपुंसकता आ जाय, अपने मित्रों की तरफ से धन प्राप्त करने की कोशिश में लगा रहे, तथा सभी कामोंमें अनुत्साह दिखाने वाला होगा यह मानना चाहिये॥ १०॥

पूर्वपाठः—१ शिरोरोगगले रोगो-।

अथ केतुमहादशान्तर्दशाफलम्—

विषादकर्त्रीं धनधान्यहर्त्रीं सर्वापदां मूलमनर्थदात्री।
भयङ्करी रोगविपद्विधात्री केतोर्दशा स्यात्किल जीवहन्त्री ॥१॥

जब किसी आदमी को केतु की महादशा आती है तो उसे अनेक प्रकार के विषाद, धन—धान्य का नाश, करीब २ सब विपत्तियों का आगमन, कई अनर्थों की प्रवृत्ति, चारों तरफ से भय, रोग—विपत्ति की वृद्धि तथा अन्ततः शरीर का भी अवसान हो जाता है, यथार्थ में केतु की महादशा बड़ी खराब है ॥ १ ॥

अथ केतुमध्ये केतुफलम्—

केतौ कन्यापुत्रनाशधनरोगाग्निविग्रहाः।
भयं राजकुलाद्दुष्टस्त्रीभिः सह कलिर्भवेत् ॥ २ ॥

केतु की महादशा और केतु ही का अन्तर यदि ऐसी स्थिति हो तो जानना कि उसके कन्या—पुत्र का नाश हो, रोग हो, अग्नि का भय हो, लोगों के साथ विवाद बढ़े, शासन—विभाग से दण्ड भी हो तथा कई दुष्टस्वभावा स्त्रियों के साथ झगड़ा भी होना चाहिये ॥ २ ॥

अथ केतुमध्ये शुक्रफलम्—

केतोरन्तर्गते शुक्रे प्रियया च कलिर्भवेत्।
अग्निदाहं ज्वरं तीव्रं स्त्रीत्यागं कन्यकाजनिः ॥ ३ ॥

यदि केतु की महादशा में शुक्र का अन्तर लगे तो उस आदमी को उस दशा—काल के बीच में अपनी स्त्री के साथ भी झगड़ा हो जाय, अग्नि से दाह, याने घर जल जाय, बड़ा कठिन ज्वर हो, संयोगतः कुछ दिनों तक स्त्री से भी अलग रहे, तथा उसी प्रकरण में एक कन्या की पैदाइश होगी जैसा ग्रन्थकारों ने कहा है ॥ ३ ॥

अथ केतुमध्ये रविफलम्—

केतोरन्तर्गते सूर्ये राजभङ्गोऽरिविग्रहः।
अग्निदाहो ज्वरस्तीव्रो विदेशगमनं भवेत् ॥ ४ ॥

जब केतु की महादशा और सूर्य की अन्तर्दशा ऐसी अवस्था हो तो जानना कि किसी राजा की तरफ से इसे बड़ी तकलीफ पहुँचेगी और शत्रुओं से विवाद बढ़ेगा, अग्निदाह होगा, अवसर पाकर-ज्वर भी पूरा प्रकोप के साथ इसे विवश करेगा तथा इससे बच जाने पर घर छोड़कर विदेश जाना तो अनिवार्य है ॥ ४ ॥

अथ केतुमध्ये चन्द्रफलम्—

अर्थलाभोऽर्थहानिश्च सुखं दुःखं तथैव च।
स्त्रीलाभो धनहानिश्च केतोरन्तर्गते विधौ ॥ ५ ॥

केतु की महादशा में चन्द्रमा का अन्तर पड़ने से साधारणतः अच्छा-बुरा दोनों

तरह के फल होते हैं जैसे कि–कभी धन का लाभ, कभी धन की क्षति, कभी सुख, कभी दुःख, स्त्री का लाभ, परम आर्थिक हानि, इस प्रकार मिश्रित फल का भागी होता है एक सा नहीं रहता ॥ ५ ॥

अथ केतुमध्ये भौमफलम्—

गोत्रजैः सह संवादश्चौराणां च भयं तथा।
शरीरपीडां प्राप्नोति केतोरन्तर्गते कुजे ॥ ६ ॥

यदि केतु की महादशा में मंगल का अन्तर लगे तो जानना कि अपने कौलिक (बन्धु) के साथ विवाद हो, चोरों का भय हो, तथा शरीर में भी किसी प्रकार की कठिन पीड़ा होगी ॥ ६ ॥

अथ केतुमध्ये राहुफलम्—

चोरैश्च शत्रुभिर्वापि देहभङ्गः प्रजायते।
दुर्जनैः सह संवादो राहुः केतोर्यदानुगः ॥ ७ ॥

केतु की महादशा और राहु की अन्तर्दशा इस अवस्था में जातक को चोरों के द्वारा तथा शत्रुओं के द्वारा शरीर में बड़ा आघात लगे (जान किसी तरह बच जाय) तथा कई दुर्जनों के साथ विवाद भी हो सो जाने ॥ ७ ॥

अथ केतुमध्ये गुरुफलम्—

दुर्जनैः सह संयोगो राजमान्यैः सहाऽथवा।
भूलाभो जन्म पुत्रस्यकेतोरन्तर्गते गुरौ ॥ ८ ॥

यदि केतु की महादशा में बृहस्पति का अन्तर आवे तो जानना कि उस आदमी को कुछ दुर्जन लोगों के साथ सहानुभूति होगी या ऐसे लोगों के साथ मैत्री होगी जो कि राज–दरबार के मान्य पुरुष कहें जाते हों, कुछ जमीन का लाभ हो तथा इसी अवसर पर पुत्ररत्न का भी अवतार होगा ॥ ८ ॥

अथ केतुमध्ये शनिफलम्—

वातपित्तभवा पीडा स्वजनैः सह विग्रहः।
विदेशगमनं चापि केतोरन्तर्गते शनौ ॥ ९ ॥

यदि केतु की महादशा में शनैश्चर की अन्तर्दशा आवे तो उस दशाकाल में आदमी को वात–पित्त बिगड़ने के कारण बड़ी पीड़ा हो, अपने बन्धुवर्गों के साथ मुकदमा हो, तथा अन्त में घर छोड़ कर विदेश चला जाय ॥ ९ ॥

अथ केतुमध्ये बुधफलम्—

सुहृद्बन्धुसमायोगो बुद्धिवृद्धिर्धनागमः।
न किञ्चित्क्लेशमाप्नोति केतोरन्तर्गते बुधे ॥ १० ॥

पूर्वपाठः—१ बुद्धिबोधं धनागमम्।

केतु के अन्तर्गत बुध के रहने से उस आदमी के मित्र–मण्डल तथा बन्धुवर्ग इनका शुभागमन होता है, बुद्धि की वृद्धि होती है, धन का भी आगमन होता है, तथा किसी प्रकार के कष्टों का भोग नहीं करना पड़ता, सर्वतः सुखी रहता है ॥१०॥

अथ शुक्रमहादशान्तर्दशाफलम्—

[1]मित्रोपचारमतुलं प्रमदाविलासं
श्वेतातपत्रनृपपूजितदेशलाभम् ।
हस्त्यश्वयानपरिपूर्णमनोरथश्च
[2]शौक्री दशा सृजति निश्चलराज्यलक्ष्मीम् ॥१॥

शुक्र की महादशा आने पर आदमी को मित्रों के द्वारा बहुत आनन्ददायक पदार्थों का उपचार हो, महा सुन्दरी स्त्रियों के साथ संभोगादि विलास प्राप्त हो, देशभर का परम यशस्वी राजा बने, जिनमें सारी प्रजाओं की राजभक्ति अटल रहे, कई अन्यदेशों का भी लाभ हो, हाथी, घोड़े, मोटर वगैरह से हमेशः उसके मनोरथ परिपूर्ण रहै, और बहुत दिनों तक उसकी राज्यलक्ष्मी खूब देदीप्यमान होकर विराजमान रहे, यह शुक्र की महादशा का फल है ॥ १ ॥

अथ शुक्रमध्ये शुक्रफलम्—

शौक्रे स्त्रीसङ्गमो लाभो धर्मकामार्थसंयुतः ।
कौशल्यं च महाकीर्तिर्निधिलाभश्च जायते ॥ २ ॥

शुक्र की महादशा में यदि शुक्र ही की अन्तर्दशा आवे तो अधोलिखित फल कहे– अर्थात् स्त्री–सम्भोग पर्याप्त एवं पूर्ण सुखप्रद इस दशाकाल में प्रतीत हो, कई वस्तुओं का लाभ हो, धर्म, अर्थ एवं काम की पूर्ति हो, कार्यमात्र में कुशलता दिखावे, कोई बड़ी कीर्त्ति भी उसके हाथों से की जावे तथा कहीं पर निधि (गड़े हुए धन) का भी मिलना जरूरी है ॥ २ ॥

अथ शुक्रमध्ये रविफलम्—

[3]गण्डोदरक्षयै रोगैर्नृपबन्धादिकैतवैः ।
उपपातो भवेन्नूनं शुक्रस्यान्तर्गते रवौ ॥ ३ ॥

यदि शुक्र की महादशा में सूर्य का अन्तर आवे तो जानना कि जातक को गण्डरोग उदर-रोग तथा क्षयरोग (तपेदिक) हो और राजदण्ड में कहीं पर जेल जाने क कारण उसके यश का अधःपतन हो जाय, जैसा कि ग्रन्थों में प्रथित है ॥ ३ ॥

पूर्वपाठः––१ मित्रोपचारमशुभप्रमदाविलासं । २ शुक्रे दशा सृजति ।
३ गण्डोदरक्षयं रोगैर्नृपबन्ध्वादिकैतवैः ।

अथ शुक्रमध्ये चन्द्रफलम्—

नखास्थिजशिरोरोगैः कामलाद्यामयैर्दशाम् ।
शरीरे क्लेशमाप्नोति शुक्रस्यान्तर्गते विधौ ॥ ४ ॥

शुक्र की महादशा और चन्द्रमा के अन्तर्दशा यदि ये दोनों स्थित उपस्थित रहे तो जातक को उस प्रकरण में नाखून, हड्डी और शिर इनमें कोई न कोई रोग अवश्य हो, इसके अतिरिक्त कामला रोग भी आक्रमण करे जिससे उसके शरीर में महा क्लेश पैदा हो और रोगी परम तकलीफ से मुक्त हो ॥ ४ ॥

अथ शुक्रमध्ये भौमफलम्—

वातपित्तक्षयो रोगो मदोत्साहो न [1]संशयः ।
भूयः स्याद्भूमिलाभश्च शुक्रस्यान्तर्गते कुजे ॥ ५ ॥

यदि शुक्र की महादशा के अन्तर्गत मङ्गल ग्रह रहे तो उस अन्तर्दशा-काल के भीतर वात-रोग, पित्त के दोष एवं क्षयरोग (तपेदिक) से पीड़ित रहे, मद के आवेश में आकर किसी काम को करने में उत्साह लावे, तथा कहीं से जमीन की भी प्राप्ति हो, इसमें संशय नहीं है ॥ ५ ॥

अथ शुक्रमध्ये राहुफलम्—

अन्त्यजैः सह संक्लेशो बन्धूद्वेगः सुहृद्वधः ।
अकस्माद्भयमाप्नोति [2]राहौ शुक्रदशां गते ॥ ६ ॥

यदि शुक्र की महादशा में राहु का आन्तर आवे तो जानना चाहिये कि उसे मुसल्मानों के साथ विवाद बढ़ने के कारण महा तकलीफ उठानी पड़े, बन्धुवर्गों में उद्वेग हो, कई मित्रों को फाँसी या और तरीके से मृत्यु हो जाय, तथा अचानक कहीं से बड़ा भय उपस्थित हो ॥ ६ ॥

अथ शुक्रमध्ये गुरुफलम्—

धान्यरत्नसमृद्धिं च भूमिपुत्रसुखावहम् ।
श्रियं प्रभुत्वमाप्नोति जीवे शुक्रदशां गते ॥ ७ ॥

शुक्र की दशा में बृहस्पति की अन्तर्दशा लगने से धन-धान्य एवं रत्न-सुवर्ण आदि की पर्याप्त आमदनी हो, भूमि (जमीन) और पुत्र इनके सहारे बहुत सुख मिले, लक्ष्मी का शान के साथ आगमन हो, एवं समाज के बीच बड़ा प्रभाव फैल जाय ॥ ७ ॥

अथ शुक्रमध्ये शनिफलम्—

वृद्धस्त्रीभिः सह क्रीडा पुत्रनाशो विपत्पदम् ।
शत्रुनाशः सुखप्राप्तिः सौरे शुक्रदशां गते ॥ ८ ॥

---

१ मदोत्साहोन्यसंशयः । २ राहोन्तर्गते सिते ।

यदि शनैश्चर का अन्तर शुक्र की महादशा में वर्त्तमान हो तो उतने समय के भीतर जातक वृद्धा स्त्रियों के साथ सम्भोग करे, पुत्र का मरण हो जाय, पद-पद में विपत्तियाँ आती रहें, शत्रुओं का नाश हो एवं अन्त में कुछ सुखी हो ॥ ८ ॥

अथ शुक्रमध्ये बुधफलम्—

धनागमश्च सौख्यं च मनोरथयशःश्रियः।
नृपवल्लभतां शौर्यं शुक्रस्यान्तर्गते बुधे ॥ ९ ॥

शुक्र की महादशा के बीच बुध के अन्तर उपस्थित होने पर धन का आगम सुख की प्राप्ति मनोरथों की पूर्त्ति, यश की वृद्धि, लक्ष्मी या देहकान्ति का विकाश, किसी राजा के साथ परम अन्तरङ्ग बनकर रहना तथा शारीरिक बल-वृद्धि ये फल होते हैं ॥९॥

अथ शुक्रमध्ये केतुफलम्—

कलहो बान्धवैः सार्द्धं रिपुनाशोऽरिविग्रहः।
चलाचलं समग्रं च केतावन्तर्गते भृगोः ॥ १० ॥

यदि शुक्र की महादशा में केतु का अन्तर पड़े तो जानना कि जातक का उस दशाकाल में अपने बन्धुवर्गों के साथ मुकदमा, पुराने शत्रुओं का नाश, एवं नये बने हुए शत्रुओं के साथ बड़ा कड़ा झगड़ा होगा तथा उसके सम्बन्ध की सारी बातें उलट-पुलट हो जायंगी, कभी स्थिर होकर सुख निद्रा में रहने का अवसर नहीं मिले ॥ १० ॥

(अथाष्टोत्तरीदशान्तर्दशाफलम्)

तत्रादौ सूर्यदशाफलम्—

रवेर्दशायामतितीक्ष्णभोज्यं प्राप्नोति मानोपचयं महान्तम्।
धनानि चामीकरसंप्रशान्तं संजायते बन्धुसुखं शुभं च ॥१॥

इसके बाद अष्टोत्तरी-विचार से सभी ग्रहों का दशाफल लिखते हैं जिनमें पहले सूर्य-महादशा-फल यह है रवि की महादशा में आदमी को कडुए, रुचिकर पदार्थों का भोजन, मान-प्रतिष्ठा की बड़ी वृद्धि, धनों का लाभ, सुवर्णों के आगमन से और प्रसन्न तथा अपने बन्धुवर्गों की तरफ से भी परम सुख मिले ॥ १ ॥

अथ सूर्यमध्ये सूर्यफलम्—

बन्धूनां स्वान्तरे मानो बन्धूनां मरणं भवेत्।
प्रत्यन्तरे चान्तरादौ सर्वमेव फलं वदेत् ॥ २ ॥

यदि सूर्य की महादशा में उन्हीं का अन्तर रहे तो जानना कि बन्धुवर्गों के बीच में इस जातक का मान-आदर बढ़ेगा, परन्तु उनमें से कई जल्दी मर जायँगे यह फल प्रत्यन्तर्दशा हो, या अन्तर्दशा हो सभी में घटता है ॥ २ ॥

पूर्वपाठः—१ सिते।

अथ सूर्यमध्ये चन्द्रफलम्—

शत्रुनाशोऽर्थलाभश्च चिन्तानाशः सुखागमः।
सूर्यस्यान्तर्गते चन्द्रे व्याधिनाशश्च जायते ॥ ३ ॥

जब सूर्य की महादशा में चन्द्रमा की अन्तर्दशा उपस्थित प्रतीत हो तो आदमी के शत्रुओं का नाश हो, धन का लाभ हो, चिन्ताएं सब दूर चली जायँ, सुख की प्राप्ति हो अगर कोई व्याधि उसके शरीर में रहे तो वह भी नष्ट होकर शरीर की छटा खूब रमणीय बना दे ॥ ३ ॥

अथ सूर्यमध्ये भौमफलम्—

प्रवालमुक्ताहेमादिधनं प्राप्नोति भूपतेः।
रवेरन्तर्गते भौमे विभूतिः सुखमद्भुतम् ॥ ४ ॥

सूर्य की महादशा मंगल का अन्तर यदि ऐसी स्थिति हो तो इस अन्तर्दशाकाल में किसी बड़े राजा के यहाँ से उपहार–स्वरूप में मूँगा, मुक्ता, सुवर्ण, चांदी आदि धनों की उपलब्धि होती है, फलतः ऐश्वर्य की वृद्धि एवं परम सुख का उपभोग होता है इसमें सन्देह नहीं मानना चाहिये ॥ ४ ॥

अथ सूर्यमध्ये बुधफलम्—

ग्रहवातव्याधिहानिद्रव्यनाशः कुलक्षयः।
अविश्वासी भवेल्लोके रवेरन्तर्गते बुधे ॥ ५ ॥

सूर्य की महादशा में बुध का अन्तर पड़ने से आदमी कुण्डलीस्थ अशुभ-कारक ग्रहों के दोष से पीड़ा, बात के बिगड़ने की शिकायत इसके अतिरिक्त और भी व्याधि तथा धन की हानि तथा अपने कुल में कई आदमियों का आकस्मिक मरण भी हो जाय यहाँ तक कि प्रायः कुलभर में एक भी उत्तराधिकारी न बचे। लोक में भी उसकी बातों का विश्वास कोई न करे अर्थात् पक्का एक अवारा होकर पड़ा रहे ॥ ५ ॥

अथ सूर्यमध्ये शनिफलम्—

महादुःखानि जायन्ते पुत्रमित्रविनाशनम्।
रवेरन्तर्गते मन्दे शत्रुतश्च भयं भवेत् ॥ ६ ॥

सूर्य के अन्तर्गत शनैश्चर के रहने से आदमी को बड़े २ दुःख झेलने पड़ते हैं, पुत्र एवं अन्तरङ्ग मित्रों का नाश हो, तथा कई प्रगल्भ शत्रुओं की तरफ से पूरा भय प्राप्त होने के कारण बड़ी तकलीफ उठावै ॥ ६ ॥

अथ रविमध्ये गुरुफलम्—

विपद्रोगविनाशश्च लक्ष्मीमेधे सुखानि च।
रवेरन्तर्गते जीवे शत्त्रमङ्गलमुत्सवः ॥ ७ ॥

सूर्य के अन्तर्गत वृहस्पति के पड़ने से बहुत अच्छा फल होता है जैसे कि विपत्ति

तथा रोग (अगर पहले से हो) का नाश जल्दी हो जाय, लक्ष्मी का शुभागम, मेधा की वृद्धि, सुख की उपलब्धि हो, शत्रुओं के पक्ष में बहुत अमङ्गल हो एवं अपने यहां नित्यप्रति एक न एक उत्सव अवश्य हुआ करे ॥ ७ ॥

अथ रविमध्ये राहु फलम्—

शोको भङ्गो महाभीतिर्विपत्तिरशुभं नृणाम् ।
रवेरन्तर्गते राहौ सर्वत्रामङ्गलक्रिया ॥ ८ ॥

रवि के महादशा-काल में जब राहु की अन्तर्दशा आवे तब जानना कि उस आदमी को उतनी अवधि के भीतर किसी आत्मीय परिजनों की क्षति से शोक, भङ्ग, बड़ा डर एवं विपत्ति की भी अनेकों शङ्काएँ उपस्थित हो जायँ प्रायः करके हर एक दिन अमङ्गल दृष्टिगोचर होता रहे ॥ ८ ॥

अथ रविमध्ये शुक्रफलम्—

गात्रपीडा भयं त्रासो ज्वरातीसारशूलके ।
द्रव्यादिहानिं प्राप्नोति रवेरन्तर्गते सिते ॥ ६ ॥

रवि की महादशा में शुक्र का अन्तर लगे तो शरीर में पीड़ा, भय और भयानक जीवों का भी त्रास तथा ज्वर एवं अतीसार बीमारी हो, हृदय में शूल रोग हो, धन-धान्य की हानि हो, जैसा कि आचार्यों ने कहा है ॥ ६ ॥

अथ चन्द्रदशान्तर्दशाफलम्—

नित्यं विभूषामणिवस्त्रलाभं मिष्टान्नपानं प्रमदानुरागम् ।
चान्द्री दशा साधुफलं नराणां ददाति पूजां नृपतेः सदैव ॥१॥

चन्द्रमा की महादशा आने पर आदमी को हरेक दिन आभूषण, मणि राजवस्त्र आदि भी प्राप्ति हो, उत्तम २ पदार्थ भक्ष्य हो, अपनी स्त्री में परम अनुराग हो और किसी राजदरबार से भी पूरा आदर मिले, एक शब्द में वस्तुतः चन्द्रमा की महादशा अच्छे फलों को देनेवाली है, इसमें कुछ भी संदेह नहीं करना चाहिये ॥ १ ॥

अथ चन्द्रमध्ये चन्द्रफलम्—

चन्द्रे स्वान्तर्गते सौख्यं सर्वत्र विजयो भवेत् ।
स्वपक्षवैरं कन्यानां जन्म निद्रारतिर्भवेत् ॥ २ ॥

चन्द्रमा की महादशा में यदि चन्द्रमा का ही अन्तर लगे तो जानना कि आदमी को सौख्य प्राप्त होगा, जहां जहां जाय वहीं विजय का लाभ करे, किन्तु अपने पक्षवालों में फूट हो जाय, उसके घर में कन्याओं की पैदाइश अधिक हो तथा सोने में अधिक समय उसका नष्ट हो जाय ॥ २ ॥

पूर्वपाठः—१ लभेत पूजां नृपतेः सदैव ।

अथ चन्द्रमध्ये भौमफलम्—

वस्त्ररोगभयैर्युक्तो वह्निचौरधनक्षयः।
विधोरन्तर्गते भौमे मनोदुःखं भवेन्नृणाम् ॥ ३ ॥

चन्द्रमा के अन्तर्गत मङ्गल रहे याने चन्द्रमा की महादशा में मंगल का अन्तर पड़े तो शस्त्रों के द्वारा और चोरों के कारण भय प्राप्त हो, अग्नि के उपद्रव से तथा चोरी होने के कारण सारा धन खतम हो जाय, तथा हमेशः मन में आत्यन्तिक दुःख हुआ करे, कभी उसके चित्त में शान्ति नहीं आवे ॥ ३ ॥

अथ चन्द्रमध्ये बुधफलम्—

सर्वत्र लभते लाभं गजाश्वैर्गोधनादिकम्।
जायते कन्यकालाभश्चन्द्रस्यान्तर्गते बुधे ॥ ४ ॥

चन्द्रमा की महादशा और बुध का अन्तर इस हालत में जातक को हाथी, घोड़े, गाय, भैंस आदि से सर्वत्र लाभ हुआ करे तथा उसके घर में अधिकांशतः कन्याओं की पैदाइस होना सम्भव कहना चाहिए ॥ ४ ॥

अथ चन्द्रमध्ये शनिफलम्—

बन्धुवैरं स्थानहानिः शोको वा कलहो विपत्।
विधोरन्तर्गते मन्दे सन्दिग्धो भवति ध्रुवम् ॥ ५ ॥

चन्द्रमा के अन्तर्गत शनैश्चर रहे तो अपने बन्धुवर्गों के बीच परस्पर विरोध स्थान की हानि याने जिस पद पर नियुक्त होकर काम करता हो उससे हटा दिया जाय, शोक हो और लोगों के साथ भी झगड़ा हुआ करे, कई विपत्तियाँ आजायँ एवं उसके कोई काम ऐसे न हों जिनमें कि सन्देह न हुआ करे ॥ ५ ॥

अथ चन्द्रमध्ये गुरुफलम्—

धर्मवित्तसुखानि स्युर्वसनाभरणादिकम्।
विजयो राजसन्मानो विधोरन्तर्गते गुरौ ॥ ६ ॥

चन्द्रमा की महादशा में बृहस्पति की अन्तर्दशा के उपस्थित होने पर धर्म की बातों में मन लगे, धन का आगम हो, सुखों का अनुगम हो, वसन भूषण पर्याप्त मिले, शत्रुओं से विजय का लाभ हो तथा किसी राजा के यहां से पूरा आदर मिले ॥ ६ ॥

अथ चन्द्रमध्ये राहुफलम्—

बन्धुनाशः स्थानहानिः शत्रोर्बहुभयं तथा।
न कुत्रापि सुखं राहौ विधोरन्तर्गते सति ॥ ७ ॥

चन्द्रमा की महादशा और राहु की अन्तर्दशा वर्तमान हों तो इस स्थिति में आदमी को अपने बन्धुवर्गों का नाश, स्थान की हानि तथा शत्रुओं की तरफ से आने-

वाला भय हो, इसके अतिरिक्त उसे कहीं पर किसी प्रकार के सुखों का उपभोग नहीं हो, सर्वतः कष्टमय जीवन भोगना पड़ता है ॥ ७ ॥

अथ चन्द्रमध्ये शुक्रफलम्—

कन्याजन्म सुखप्राप्तिः स्त्रीसङ्गो विजयः सुखम् ।
मुक्ताहेममणिप्राप्तिश्चन्द्रस्यान्तर्गते सिते ॥ ८ ॥

जब चन्द्रमा की महादशा में शुक्र की अन्तर्दशा वर्तमान प्रतीत हो तो जानना चाहिए कि उस आदमी के घर में इस अन्तर्दशा-काल के भीतर कन्याओं का जन्म, सुख की प्राप्ति, सुन्दरी रमणियों के साथ विलास, शत्रुओं से विजय, सौख्य-लाभ, मोती, सुवर्ण एवं हीरा आदि की भी उपलब्धि होगी, जैसा कि ऋषि मुनियों का कथन है॥८॥

अथ चन्द्रमध्ये रविफलम्—

भूपाश्रयसुखं राज्यं रिपुरोगक्षयाभवत् ।
ऐश्वर्यसौख्यमतुलं चन्द्रस्यान्तर्गते रवौ ॥ ९ ॥

चन्द्रमा की महादशा में सूर्य का अन्तर लगे तो किसी राज-दरबार में आश्रय पाकर सुखी रहे, राज्य-लाभ हो, शत्रु का या यदि शरीर में कोई रोग हो तो उसका भी नाश हो जाय, पूरा ऐश्वर्य एवं परम सुख का भागी बना रहे ॥ ९ ॥

अथ भौममहादशान्तर्दशाफलम्—

शस्त्राभिघातवधबन्धनरेन्द्रपीडा-
चिन्ताग्रहो विकलरुक्च गृहाश्रमेषु ।
चौराग्निभीतिधननाशयशः प्रणाशं
कुर्याद्विघातभयमत्र दशा कुजस्य ॥ १ ॥

मङ्गल की महादशा में शस्त्रों के द्वारा अभिघात लगे, मृत्यु एवं जेलखाने जाने का भय हो, राजा की तरफ से पीड़ायें प्राप्त हों, चिन्ताओं से उसका हृदय एकदम घिरा रहे, विकलता तथा व्याधि भी उसके घर में आसन जमाये रहें, चोरी हो जाय, अग्नि का भी उपद्रव हो, धन एवं उसके पूर्वकाल के यश सब एक साथ चौपट हो जायँ, कहीं न कहीं से शरीर पर आघात तथा भय आने की शङ्का हमेशः बनी रहे, यह मङ्गल की महादशा यथार्थ कष्ट देने वाली है ॥ १ ॥

अथ भौममध्ये भौमफलम्—

भौमे शत्रुविमर्दः स्यात्कलहो बन्धुभिर्नृणाम् ।
स्वान्तरे बहुपीडा स्याद्वृद्धस्त्रीगणिकारतिः ॥ २ ॥

मङ्गल की महादशा में यदि मङ्गल ही का अन्तर रहे तो शत्रुओं की तरफ से कष्ट, अपने परिजनों के साथ झगड़ा, शरीर में बड़ी पीड़ा तथा वृद्धा स्त्रियों और वेश्याओं के साथ व्यभिचार ये फल कहना चाहिये, जो कि अवश्य भावी हैं ॥ २ ॥

अथ भौममध्ये बुधफलम्—

भूपाग्निनृपचौरेभ्यो भयं पीडा ज्वरादिभिः।
भूमिजान्तर्गते सौम्ये कलहो दुर्जनादिभिः॥ ३॥

यदि मङ्गल की महादशा और बुध की अन्तर्दशा इन दोनों की प्राप्ति रहे तो जानना कि उसके घर पर जमीन्दार, अग्नि, राजा एवं चोर इनके द्वारा अधिक उपद्रव होगा और हमेशः भय बना रहेगा, ज्वर–अतीसार आदि बीमारियों से पीड़ा बढ़ती जायगी तथा दुर्जन, चोर, लम्पट आदि फजूल लोगों के साथ झगड़ा होगा॥ ३॥

अथ भौममध्ये शनिफलम्—

महादुःखादि जायन्ते जलभीतिमतिर्नृणाम्।
भौमस्यान्तर्गते मन्दे राजपीडा भयंनृणाम्॥ ४॥

मङ्गल की महादशा में शनैश्चर का अन्तर आवे तो आदमी को बड़े २ दुःख भोगने पड़ें, जल में बुड़ने की बुद्धि अचानक उसे आजाय जिसके सम्बन्ध में कभी २ चिन्ता हो, राजा की तरफ से पीड़ा प्राप्त हो एवं अन्यान्य लोगों का भी भय बना रहेगा॥ ४॥

अथ भौममध्ये गुरुफलम्—

पुण्यतीर्थादिगमनं देवब्राह्मणपूजनम्।
भौमस्यान्तर्गते जीवे लभते वित्तमुत्कटम्॥ ५॥

मङ्गल की महादशा में बृहस्पति की अन्तर्दशा लगने पर जातक को प्रसिद्ध उत्तम उत्तम तीर्थों (काशी, प्रयाग, मिथिला, पुरी, आदि) के लिए यात्रा करनी पड़े, देवता–ब्राह्मण की पूजा–अर्चना में मन लगावे, फलतः पूर्ण सम्पत्ति का लाभ करेगा ऐसा जाने॥ ५॥

अथ भौममध्ये राहुफलम्—

शस्त्राग्निनृपचौराणां भीतिर्मृत्युर्नृपाद्भयम्।
भौमस्यान्तर्गते राहौ मनोदुःखं प्रवर्तते॥ ६॥

मङ्गल की महादशा में राहु का अन्तर आने से शस्त्र (तलवार, आदि) अग्नि, राजा तथा चोर इनसे भय आने की संभावना हो, मृत्यु का भी भय पूरा रहे, राजा की तरफ से खास कर उपद्रव आवे, तथा मन में अत्यन्त दुःख हुआ करे, कभी शान्तिमय जीवन की आशा–लता हरी-भरी नहीं रहे, ऐसा जानना चाहिये॥ ६॥

अथ भौममध्ये शुक्रफलम्—

शत्रुभीतिर्महाक्लेशो धर्महानिः सुखव्ययः।
भौमस्यान्तर्गते शुक्रे भयं भूपात्स्वबन्धनम्॥ ७॥

यदि मङ्गल की महादशा में शुक्र की अन्तर्दशा शुरू हो तो शत्रुओं से भय, बड़ा

क्लेश, सुख का अन्त, राजा से भी भय हो तथा अवसर पाकर स्वयं भी जेलखाने जाना पड़े ॥ ७ ॥

अथ भौममध्ये सूर्यफलम्—

सम्मतो नृपतेर्भूरिप्रचण्डैः सह सङ्गतिः ।
मङ्गलान्तर्गते भानौ भवेत्कुस्त्रीसमागमः ॥ ८ ॥

जब मङ्गल की महादशा में सूर्य का अन्तर प्रारम्भ हो तो जानना कि इस अन्तर-काल के भीतर आदमी किसी राजा के यहाँ विश्वासपात्र हो प्रचण्ड लोगों के साथ उसकी सहानुभूति हो जाय, तथा खराब स्त्रियों के साथ व्यभिचार करने के कारण कुछ तकलीफें उठानी पड़े ॥ ८ ॥

अथ भौममध्ये चन्द्रफलम् —

बहुपित्तं सुहृत्सौख्यं मुक्ताहेममणिश्रियम् ।
भौमस्यान्तर्गते चन्द्रे प्राप्नोति परमं पदम् ॥ ९ ॥

मङ्गल की महादशा और चन्द्रमा का अन्तर उपस्थित हो तो इस अवस्था में आदमी को बहुत धन मिले, मित्रों के द्वारा सुख प्राप्त हो, मोती-सुवर्ण-मणि तथा शोभा की वृद्धि हो, दान पुण्य-प्रभाव से परमपद (मोक्ष) को भी प्राप्त करले ॥९॥

अथ बुधमहादशान्तर्दशाफल—

प्राप्नोति सौम्यस्य दशाविपाके शुभे शुभानि प्रियमित्रसङ्गम् ।
सुवर्णहेमाम्बरपूर्णलाभं विद्यार्थलाभं मनसः प्रमोदम् ॥ १ ॥

अब बुध की महादशा का फल लिखते हैं—इस दशा के प्रारम्भ होते ही प्रायः करके सब शुभ ही होते हैं, प्रिय मित्रों का समागम हो, सुवर्ण, मोती-वस्त्र, आभूषण आदि की पूरी प्राप्ति हो, धन का भी लाभ हो तथा मानसिक प्रसन्नता भी बहुत अच्छी मालूम पड़े ॥ १ ॥

अथ बुधमध्ये बुधफलम्—

स्वदशान्तर्गते सौम्ये बुद्धिवृद्धिः समागमः ।
शरीरे युवतेः सौख्यं नानावित्तं सुखं यशः ॥ २ ॥

बुध की महादशा में जब बुध ही का अन्तर आता है तो आदमी की बुद्धि की वृद्धि होती है, अच्छे २ लोगों का समागम होता है, स्त्री का सुख भी मिलता है, अनेकों प्रकार के धन—सञ्चय होने से सौख्य एवं यश भी प्राप्त होगा यह कहें ॥ २ ॥

अथ बुधमध्ये शनिफलम्—

मित्रार्थसाधकः सिद्धो गुणधर्मार्थसाधकः ।
सर्वकार्योद्यमी भास्वान् बुधस्यान्तर्गते शनौ ॥ ३ ॥

यदि बुध की महादशा और शनैश्चर का अन्तर इस प्रकार समावेश हो तो जानना कि आदमी मित्रों के अभिप्रायों का साधन करने वाला, सिद्ध (महात्मा), गुण, धर्म,

अर्थ इनका भी साधक, सभी कामों में सिद्धि के लिए पूरा उद्यम करने वाला, तथा प्रभावशाली महापुरुष होता है ॥ ३ ॥

अथ बुधमध्ये गुरुफलम्—

रिपुरोगभयैस्त्यक्तो धर्मज्ञो नृपवल्लभः ।
हेमादिजनशोभाढ्यो बुधस्यान्तर्गते गुरौ ॥ ४ ॥

जब बुध की महादशा में बृहस्पति का अन्तर लगे तो जानना कि उस दशाकाल में कभी शत्रु, कोई रोग या किसी का भय उसके पास नहीं आ सकते, एकदम दूर रहे, अपने या पराये धर्म के मर्मों को अच्छी तरह जानने वाला हो, किसी राजा के यहाँ प्रेमपात्र बन जाय एवं सुवर्ण, मोती-हीरा आदि आभूषणों से उसकी आकृति शोभायमान प्रतीत हो, ऐसा जानना चाहिये ॥ ४ ॥

अथ बुधमध्ये राहुफलम्—

अकस्माद्बन्धुभेदो वा ह्यकस्माद्व्रजतो नृपात् ।
भयं वा ह्यर्थनाशो वा राहौ सौम्यान्तरे सति ॥ ५ ॥

बुध की महादशा में राहु का अन्तर पड़ने से कभी अचानक एकाएक अपने बन्धुवर्गों में विरोध हो जाय, कभी इसके ऊपर राजा हृदय से अप्रसन्न हो जाय, धन का भी संयोगतः अन्त होना आश्चर्य नहीं है ॥ ५ ॥

अथ बुधमध्ये शुक्रफलम्—

गुरुदेवद्विजार्चासु दानधर्मपरो भवेत् ।
वस्त्रालङ्काररक्तस्य लाभो ज्ञस्यान्तरे सिते ॥ ६ ॥

यदि बुध की महादशा में शुक्र का अन्तर पड़े तो जानना कि इस अन्तर्दशा-काल में जातक गुरु, देवता और ब्राह्मण इनकी पूजा-अर्चा में मन लगावे, दान देने में व धर्म की बातों में प्रवृत्ति रक्खे, वस्त्र अलङ्कार (आभूषणों) से सुसज्जित रहे तथा लाभ भी पूरा करे ॥ ६ ॥

अथ बुधमध्ये रविफलम्—

सुवर्णहयमाणिक्यं विजयं लभते सुखम् ।
राज्यं श्रियं बलं तेजो बुधस्यान्तर्गते रवौ ॥ ७ ॥

बुध की महादशा और सूर्य का अन्तर यदि इन दोनों की उपस्थित हो तो इन अन्तर काल के भीतर सुवर्ण, घोड़ा, मणि आदि का लाभ, प्रचलित मुकदमों में डिग्री, सुख, राज्य, लक्ष्मी, बल एवं तेज (लोक में प्रभाव) बढ़ता है, इसमें सन्देह नहीं है ॥ ७ ॥

अथ बुधमध्ये चन्द्रफलम्—

आचारवान् बहुधनो गजाश्वादिसुखाप्तयः ।
बुधस्यान्तर्गते चन्द्रे पर्यङ्कच्छत्रसम्पदः ॥ ८ ॥

जब बुध की महादशा में चन्द्रमा का अन्तर लगे तब आदमी आचार-विचार के साथ रहता है, बहुत धन मिले, हाथी, घोड़े, मोटर वगैरह एवं उनसे पर्याप्त सुख की उपलब्धि हो तथा पलंग, छत्र चामर आदि का लाभ होना चाहिये ॥ ८ ॥

अथ बुधमध्ये भौमफलम्––

शिरोगुदरुजा पीडा वह्निचौरनृपाद्भयम् ।
बुधस्यान्तर्गते भौमे बन्धुपुत्रादिपीडनम् ॥ ९ ॥

बुध की महादशा में मंगल का अन्तर आने से शिर में व गुदा में रोग होने के कारण पीड़ा हो, अग्नि, चोर एवं राजा इनके द्वारा बहुत भय उपस्थित हो तथा बन्धुवर्ग खासकर पुत्र-स्त्री प्रभृति को अधिक पीड़ा उठानी पड़े ॥ ९ ॥

अथ शनिमहादशान्तर्दशाफलम्—

प्राप्नोति सौरस्य दशाविपाके दुर्गादिसीमागिरिनिर्झरेण ।
सुधान्यजीर्णाम्बरभूमिलाभं संयुज्यतेऽश्वैर्महिषादिभिश्च ॥१॥

शनैश्चर की महादशा उपस्थित होने पर आदमी दुर्ग (गुप्त किला), सीमा (राज्य की) आदि की रक्षा के निमित्त नियुक्त रहे, अच्छे धान्य, पुराने बहुमूल्य वस्त्र, आभूषण, जमीन आदि की प्राप्ति हो, उसके द्वारपर हमेशः हाथी, घोड़े वगैरह रहा करे ॥ १ ॥

अथ शनिमध्ये शनिफलम्—

बन्धुदारसुतार्थानां नाशो वा पीडनं भवेत् ।
विदेगमनं दुःखं [1]सौरे स्वान्तरसंस्थिते ॥ २ ॥

अगर शनैश्चर की महादशा में उसीकी अन्तर्दशा देखी जाय तो जानना कि आदमी के बन्धुर्ग, पुत्र तथा धन इनका एकाएक नाश हो जाय अथवा सब दुःख से पीड़ित रहें, अपना घर छोड़कर अगत्या विदेश ही में रहना अच्छा समझे तथापि दुःख-क्लेश के सिवाय और कोई उसका साथी न बने अर्थात् यह अन्तर्दशा उसके लिये बड़ी पीड़ा देनेवाली होती है ॥ २ ॥

अथ शनिमध्ये गुरुफलम्––

देवद्विजार्चनं सौख्यं धनवृद्धिगुणोदयः ।
स्थानाप्तिः कामनाप्तिश्च शनेरन्तर्गते गुरौ ॥ ३ ॥

जब शनैश्चर की महादशा में बृहस्पति की अन्तर्दशा आवे तो आदमी देवता-ब्राह्मण की पूजा-अर्चना करने में तत्पर रहता है, सुखी हो, धन की वृद्धि एवं गुणों का उदय हो, किसी राज-सम्बन्ध के पद की उपलब्धि होती है, तथा जितनी कामनायें हों सब पूरी हो जाती हैं ॥ ३ ॥

पूर्वपाठः— १ सौरस्यान्तरसंस्थिते ।

अथ शनिमध्ये राहुफलम्—

वातरोगः कुक्षिपीडा देशान्तरगतिर्भवेत् ।
बुधद्वेषः सुखाभावो राहौ शनिदशां गते ॥ ४ ॥

यदि शनि की महादशा में राहु का अन्तर पड़े तो जानना कि जातक को वात के विकार से कोई रोग हो, कुक्षि में तीव्र पीड़ा हो, इसी के कारण बहुधा चिकित्सा के उद्देश्य से देशान्तर में जाकर रहे, पण्डित मण्डली से सदैव द्वेष-भाव रहे, एवं कभी कभी सुख का नाम-निशान भी उसके लिए नहीं दिखाई दे, इसमें संशय नहीं है ॥४॥

अथ शनिमध्ये शुक्रफलम्—

बन्धुमित्रकलत्रार्थसुखसम्पत्समागमः ।
सौहार्दं नृपतेर्लक्ष्मीः शनेरन्तर्गते सिते ॥ ५ ॥

शनैश्चर की महादशा में शुक्रान्तर आने से जातक को बन्धुवर्ग, मित्र-मण्डल, स्त्री, धन, सुख—सम्पति इनका शुभागमन होता है। किसी राजा को परम स्नेह द्वारा अपना अनुयायी बना ले, तथा उसीके सहारे पूरी लक्ष्मी की प्राप्ति हो ॥ ५ ॥

अथ शनिमध्ये रविफलम्—

दारासुतधनार्थानां भीतिर्जीवितसंशयः[1] ।
शनेरन्तर्गते भानौ सर्वत्राशुभदर्शनम् ॥ ६ ॥

यदि शनि की महादशा में सूर्य की अन्तर्दशा लगे तो स्त्री, पुत्र, धन-धान्य इनके अस्तित्व में शङ्का बनी रहे, स्वयं भी अपने जीवन-काल की अवधि निकट मानकर उदास रहे, एवं जो ही कुछ काम करे सभी में अमङ्गल ही परिसिद्धि हो अर्थात् यह अन्तर-काल जातक के लिए अनिष्ट-कारक है ॥ ६ ॥

अथ शनिमध्ये चन्द्रफलम्—

स्त्रीलाभं विजयं सौख्यं महिषीगोधनादिकम् ।
लभते कन्यकाजन्म शनेरन्तर्गते विधौ ॥ ७ ॥

शनैश्चर की महादशा में चन्द्रमा के अन्तर पड़ने से स्त्री लाभ, मुकद्दमा में जीत, सुख का उपभोग, भैंस, गाय आदि की भी प्राप्ति होती है तथा इसी प्रकरण में एक कन्या का जन्म उसके यहां आवश्यक है ॥ ७ ॥

अथ शनिमध्ये भौमफलम्—

बन्धुस्त्रीसुतनाशो वा विद्युत्पातभवं भयम् ।
महाव्याधिररिष्टं वा शनेरन्तर्गते कुजे ॥ ८ ॥

जिसको शनि की महादशा में मङ्गल की अन्तर्दशा उपस्थित हो उसके बन्धुवर्ग में से दो एक आदमी मर जाय, स्त्री—पुत्र आदि का नाश हो, अचानक कभी बिजली

पूर्वपाठः—१ जीवितसंक्षयः ।

गिरने का आघात कुछ लग जाय, कोई एक भारी व्याधि भी उसके शरीर में घुस जाय अथवा अन्यान्य कई अरिष्ट भी उपस्थित हो ॥ ८ ॥

अथ शनिमध्ये बुधफलम्—

सौख्यं सौभाग्यमारोग्यं यशःसन्तोषवृद्धयः ।
सुहृत्स्थानादिलाभः स्याच्छनेरन्तर्गते बुधे ॥ ९ ॥

जब शनैश्चर की महादशा में बुध का अन्तर आवे तो जानना कि आदमी इस पर्यय में सुख, सौभाग्य, शरीर में नैरुज्य, यश एवं सन्तोष इसकी वृद्धि से परम आनन्दित रहेगा, मित्र तथा किसी वाञ्छित स्थान का लाभ करेगा ॥ ९ ॥

अथ गुरुमहादशान्तर्दशाफलम्—

गुरोर्दशायां लभतेऽतिसौख्यं गुणोदयं बुद्ध्ययबोधनाग्र्यम्[1] ।
स्त्रीवित्तलाभं गतिकान्तिभोगान् महात्मचेष्टाफलमुत्तमंच[2] ॥१॥

बृहस्पति की महादशा उपस्थित होने से जातक महासुख का अनुभव करे, हर तरह के गुणों का उदय हो, स्मरण-शक्ति, ज्ञानशक्ति आदि बड़ी तीव्र हो, धन एवं स्त्री का लाभ हो याने इसी दशा में बहुधा विवाह हो, चाल-चलन शरीर की सुन्दरता ऐश्वर्य–भोग ये सब उपस्थित हो, बड़े उदार लोगों की तरह आचरण करे, तथा सर्वांशतः उत्तम फल का भागी बने अर्थात् यह दशाकाल अच्छा है ॥ १ ॥

अथ गुरुमध्ये गुरुफलम्—

स्वदशान्तर्गते जीवे धर्मार्थहयलब्धयः ।
लाभो हेमस्थावराणां राजपूता गुणोदयम् ॥ २ ॥

यदि बृहस्पति की महादशा में उन्हीं का अन्तर प्रतीत हो तो धन, धर्म, घोड़े, सुवर्ण तथा स्थावर पदार्थों का लाभ होता है, किसी राज-दरबार से पूरा आदरमान पावे तथा कई वाञ्छनीय गुणों का उदय हो, लोक में प्रभावशाली बने ॥ २ ॥

अथ गुरुमध्ये राहुफलम्—

अन्त्यजैः सह संप्रीतिर्वातपित्तभयावहम्[3] ।
गुरोरन्तर्गते राहौ सर्वकार्यविनाशनम् ॥ ३ ॥

यदि बृहस्पति की महादशा में राहु का अन्तर पड़े तो मुसल्मानों के साथ प्रीति बढ़े, वात एवं पित्त के बिगड़ने से शरीर की छटा में खराबी आ जाय, तथा सभी कामों में असफलता मिले सो जानना चाहिए ॥ ३ ॥

अथ गुरुमध्ये शुक्रफलम्—

रिपुभीतिर्वित्तनाशो बन्धनं कलहो गदः ।
स्त्रीवियोगमवाप्नोति जीवस्यान्तर्गते सिते ॥ ४ ॥

पूर्वपाठः—१ बुद्ध्यवबोधनाग्रम् । २ चेष्टाफलमुत्तमायाम् । ३ वातपित्तभयापहम् ।

बृहस्पति की महादशा में शुक्र का अन्तर आने से शत्रुओं का भय, धन का नाश, बन्धन (जेल में जाना), समाज के लोगों के साथ झगड़ा, शरीर में रोग तथा परम शक्त होने पर भी कुछ दिनों के लिए स्त्री से अलग रहना ये फल हों ॥ ४ ॥

अथ गुरुमध्ये रविफलम्--

नृपतुल्यक्रियायुक्तो व्याधिरोगविवर्जितः ।
बहुस्त्रीसुखसन्तोषी गुरोरन्तर्गते रवौ ॥ ५ ॥

यदि बृहस्पति की महादशा में सूर्य का अन्तर पड़े तो जातक राजा के समान सब क्रियाओं से सहित रहे, व्याधि रोग से एकदम अलग रह कर पूर्ण हृष्ट-पुष्ट रहे, बहुत स्त्रियों के साथ विलासिता में मग्न हो, तथा सभी अवस्थाओं में सन्तोष को प्रधान मान कर काम करे जैसा कि आचार्यों का कथन है ॥ ५ ॥

अथ गुरुमध्ये चन्द्रफलम्--

शत्रुहानिः सुखं पुण्यं शरीरे पुष्टिरुत्तमा ।
स्वजनैः सह संवासो गुरोरन्तर्गते विधौ ॥ ६ ॥

बृहस्पति के अन्तर्गत चन्द्रमा के रहने से शत्रुओं को पूरी हानि उठानी पड़े, जातक को सुख एवं पुण्य की वृद्धि हो, शरीर पूर्ण पुष्ट हो तथा अपने परिवारों के बीच में पूरी सहानुभूति के साथ काल बितावे ॥ ६ ॥

अथ गुरुमध्ये भौमफलम्--

धनं कीर्तिः शत्रुहानिर्बन्धुकीर्तिः सुखान्वितः ।
नीरोगो सुभगः श्रीमान् गुरोरन्तर्गते कुजे ॥ ७ ॥

अगर मंगल की अन्तर दशा बृहस्पति की महादशा में पड़े तो जानना कि आदमी को धन, कीर्ति बढ़ेगी, उसके शत्रुओं को बड़ी आर्थिक क्षति हो, अपने परिजनों के पालन से कीर्ति का लाभ करे, सुखी हो, शरीर में किसी प्रकार की बीमारी न रहे एवं पूर्ण सुन्दर श्रीमान् के समान प्रतीत हो ॥ ७ ॥

अथ गुरुमध्ये बुधफलम्—

समदुःखसुखः¹ श्रीमान् गुरुदेवाग्निपूजकः ।
गुरोरन्तर्गते सौम्ये शत्रुर्मित्र समो भवेत् ॥ ८ ॥

बृहस्पति की महादशा में बुध का अन्तर आवे तो पुरुष को दुःख सुख समान परिगणित हो याने कभी सुख, कभी दुख इस प्रकार आया करे, उदारचित्त हो गुरु, देवता और अग्नि इनकी पूजा में सदैव लगा रहे, फलतः पहले के शत्रु लोग भी मित्र के समान प्रतीत हों यह जानना चाहिए ॥ ८ ॥

पूर्वपाठः—१ सुखदुःखसमः ।

अथ गुरुमध्ये शनिफलम्—

वारस्त्रीसङ्गमं दुःखं कुवृत्तिर्धर्मनाशनम् ।
कामलोभौ नीचसख्यं गुरोरन्तर्गते शनौ ॥ ९ ॥

यदि गुरु की महादशा में शनि की अन्तर्दशा वर्तमान हो तो इस प्रकरण में जातक को वेश्यागमन, दुःख खराब काम करने में प्रवृत्ति अधिक, धर्म का नाश, काम और लोभ की बढ़ती तथा नीच जनों के साथ बैठना उठना आदि अनर्थकारक फल होता है जो कि शास्त्र में निर्णीत है ॥ ९ ॥

अथ राहुमहादशान्तर्दशाफलम्—

धर्मव्ययः कामरतेर्विनाशः स्त्रीपुत्रमित्रादिविदेशयानम् ।
मतिभ्रमं स्यात्कलिकुष्ठरोगभयं भवेद्राहुमहादशायाम् ॥१॥

मनुष्य को जब राहु की महादशा प्रारम्भ होती है तब धर्म का नाश, काम एवं रति का विनाश, स्त्री-पुत्र तथा मित्रवर्ग इनमें से कई आदमियों को विदेश यात्रा, बुद्धि का विभ्रम, लोगों के साथ झगड़ा, कुष्ठादि महाभयानक रोगों के आजाने का भय इत्यादि होने की बहुत सम्भावना रहती है ॥ १ ॥

अथ राहुमध्ये राहुफलम्—

भयं स्वान्तर्गते राहौ रोगार्तः पापपीडितः ।
स्त्रीपुत्रमित्रनाशो वा कलहो वा स्वबन्धुभिः ॥ २ ॥

यदि राहु की महादशा में उन्हीं का अन्तर दीख पड़े तो जानना कि जातक उस अन्तर–काल में रोग से पीडित रहे, पाप–सम्बन्ध की बातों से लिप्त रहे, स्त्री, पुत्र, मित्र, इनमें से कई का नाश हो, अथवा अपने परिवार के लोगों से झगड़ा रहा करे ॥ २ ॥

अथ राहुमध्ये शुक्रफलम्—

सौहार्दं विप्रभूपाभ्यां सङ्गः स्त्रीवित्तसञ्चयः ।
कलहे विजयः ख्यातो राहोरन्तर्गते सिते ॥ ३ ॥

राहु की महादशा में शुक्र की अन्तर्दशा लगे तो सुहृद्भाव की वृद्धि हो, ब्राह्मण तथा किसी प्रतिष्ठित राज––दरबार से सहानुभूति लग जाय, स्त्री द्वारा धन का आगमन हो, जब किसी से विवाद उपस्थित हो सब में इसी की विजय निश्चित रहे तथा अपने प्रान्त में पूरा मशहूर बना रहे ॥ ३ ॥

अथ राहुमध्ये रविफलम्––

रिपुरोगभयं घोरं द्रव्यनाशो महद्भयम् ।
अग्निचोरभयं चैव राहोरन्तर्गते रवौ ॥ ४ ॥

पूर्वपाठः––१ भयं भवेद्राहुदशागमे सति ।

यदि राहु के अन्तर्गत सूर्य पड़े तो जातक को शत्रुओं एवं रोगों का भय बना रहे, धन की घटती, अग्नि से घर जलने का भय एवं घर के सामान की चोरी होने का भी भय उपस्थित हो जाय जैसा की आचार्यों का कथन है ॥ ४ ॥

अथ राहुमध्ये चन्द्रफलम्--

रिपुव्याधिर्महाभीतिर्बन्धुवित्तविनाशनम् ।
कलहो बन्धुविद्वेषो राहोरन्तर्गते विधौ ॥ ५ ॥

अगर राहु की महादशा में चन्द्रमा का अन्तर व्यवस्थित देखा जाय तो उसको शत्रुओं की आकस्मिक वृद्धि, व्याधि का आजाना, हर तरह से भयभीत होना, बन्धुवर्ग तथा धन का नाश याने आश्रमस्थ लोगों का मरण, एवं धन की हानि हो, समाज से झगड़ा हो तथा अपने परिवारों में भी परस्पर मनोमालिन्य रहे ॥ ५ ॥

अथ राहुमध्ये भौमफलम्--

विषशस्त्राग्निचौरेभ्यो महाभीतिः पुनः पुनः ।
राहोरन्तर्गते भौमे वित्तस्त्रीबन्धुनाशनम् ॥ ६ ॥

राहु की महादशा में मंगल का अन्तर पड़ने से आदमी को विष, शस्त्र, अग्नि तथा चोर इन को बार २ सर्वतः भय उपस्थित रहे, स्त्री, धन तथा बन्धुवर्गों का भी नाश होना सम्भव जाने ॥ ६ ॥

अथ राहुमध्ये बुधफलम्—

बन्धुमित्रकलत्रादिवित्तभृत्यसुखान्वितः ।
न कुत्रापि भयं तस्य राहोरन्तर्गते बुधे ॥ ७ ॥

राहु की महादशा और बुध का अन्तर यदि इस प्रकार वर्त्तमान हो तो जानना कि आदमी को बन्धुवर्ग, मित्र, स्त्री, पुत्र, नौकर तथा धन इनके द्वारा पर्याप्त सुख मिले, कहीं पर उसको भय नहीं मालूम हो, आशय यह कि निर्भीक होकर सब कामों में प्रवृत्त हो जो कि पूर्ण साहसी का लक्षण है ॥ ७ ॥

अथ राहुमध्ये शनिफलम्—

वातपित्तभवा रोगाः कलहो बान्धवैः सह ।
देशत्यागो धनभ्रंशो राहोरन्तर्ग शनौ ॥ ८ ॥

यदि शनैश्चर की अन्तर्दशा राहु की महादशा में पड़े तो जातक को वातपित्त के विकारों से कई रोग हों, अपने परिवार के लोगों से झगड़ा, घर छोड़ कर दूर देश जाना तथा धन की हानि इत्यादि फल होते हैं ॥ ८ ॥

अथ राहुमध्ये गुरुफलम्—

नीरोगैः स्वगणैर्युक्तो देवद्विजगतो भवेत्[१] ।
राहोरन्तर्गते जीवे धर्मतीर्थरतो भवेत् ॥ ९ ॥

पूर्वपाठः—१ देवद्विजमतो भवेत् ।

जब राहु की महादशा में बृहस्पति का अन्तर दिखाई दे तब जानना चाहिए कि आदमी खूब स्वस्थ अपने आत्मीय लोगों के साथ हमेशः विराजमान रहे, देवता-ब्राह्मण में भक्ति-पुरस्सर लगा रहे, तथा धर्ममात्र करने में तथा तीर्थ-यात्रा में बड़ा तीव्र उत्साह रक्खे, जैसा कि आचार्यों का आदेश है ॥ ९ ॥

अथ शुक्रमहादशान्तर्दशाफलम्—

शौर्यं गीतरतिप्रमोदविभवो द्रव्यान्नपानाम्बर-
स्त्रीरत्नं मतिमन्महोपकरणैरर्थाश्च नानाविधाः ।
स्वाध्यायौषधमन्त्रशिल्पकरणैरर्थस्य सिद्धिर्भवेत्
सौख्यं चेक्षुविकारभोजनरुचिः ख्यातिः प्रतापोन्नतिः ॥१॥

जब मनुष्य को शुक्र की महादशा आती है तब अधोलिखित फल होते हैं—शरीर में बल–वृद्धि, गाने बजाने में अभिरुचि, हमेशः आनन्द-सागर में मग्न, द्रव्य, भक्ष्य पदार्थ, उत्तम २ वस्त्र इनसे प्रसन्न, रत्न के समान सर्वगुण-सम्पन्न आज्ञाकारिणी स्त्री, बुद्धिमानों के सभी आवश्यक लक्षणों से सुशोभित रहता है। बहुधा निज कल्याणार्थ अनुष्ठानादि, औषधि-निर्माण, मन्त्र-प्रचार, शिल्प विद्या (चित्रादि खींचना) इनके द्वारा धन का आगमन हो, गुड़-चीनी-मिठाई वगैरह चीजें खाने की रुचि अधिक हो, लोगों के बीच में बड़ी ख्याति एवं प्रताप की वृद्धि होती है, शब्दान्तर में यह दशाकाल महा सुखप्रद है ॥ १ ॥

अथ शुक्रमध्ये शुक्रफलम्—

लाभः स्वान्तरगे शुक्रे स्त्रीसङ्गा धर्मजं सुखम् ।
अभिलाषार्थयुक्तश्च कीर्तिकौशल्ययुग्भवेत् ॥ २ ॥

शुक्र की महादशा और शुक्र ही का अन्तर यदि प्रतीत हो तो आदमी को स्त्री-सङ्गादि प्राप्त हो, धर्म की बातों को करने से सुख मिले, उसकी जितनी अभिलाषाएँ हों करीब २ सब सिद्धप्राय हो जायँ, तथा कई कीर्ति एवं कार्यमात्र की कुशलता से सहित रहे जैसा कि ग्रन्थ में लिखा है ॥ २ ॥

अथ शुक्रमध्ये रविफलम्—

नेत्रगण्डभवै रोगैः पीड्यते नृपबान्धवैः ।
उत्पातश्च महद्दुखं शुक्रस्यान्तर्गते रवौ ॥ ३ ॥

शुक्र की महादशा में सूर्य का अन्तर आने पर आदमी को आँख एवं गण्ड (गाल) पर व्रणादिक रोग हो, राजा तथा अपने परिवारों के दबाव से अधिक समय पीड़ित रहे, कोई उत्पात भी उसके माथे आजाय, तथा बड़ी तकलीफ उसे उठानी पड़े यही ग्रन्थों में लिखित है ॥ ३ ॥

---

१ द्रव्यान्नपानांबुदः । २ चक्षुविकारभोजनरुचिः ।

अथ शुक्रमध्ये चन्द्रफलम्—

उद्वेगोऽकुशलं हानिरश्वादीनां धनक्षयः।
बहुक्लेशमनोदुःखं शुक्रस्यान्तर्गते विधौ॥ ४॥

यदि शुक्र की महादशा में चन्द्रमा का अन्तर आवे तो जानना चाहिये कि इस अन्तर-काल में जातक को मन में उद्वेग हो, कई तरह के अमङ्गल समाचार आजायँ, घोड़े, हाथी वगैरह में कई जानवर मर जायँ, धन की घटती हो, चारों तरफ से दुःख ही दुःख दिखाई दे, फलतः उसके मन में बड़ी शोचनीय अवस्था हो जाय जैसा कि आचार्यों का कथन है॥ ४॥

अथ शुक्रमध्ये भौमफलम्—

नखोदरशिरोव्याधिः कलहो बन्धुसंक्षयः।
दौर्बल्यं च शरीरस्य कुजे शुक्रदशां गते॥ ५॥

शुक्र की महादशा में मंगल की अन्तर्दशा का प्रारम्भ होने से आदमी नाखून, पेट और शिर में व्याधियों से पीड़ित रहे, हमेशा बहुत लोगों से झगड़ा हुआ करे, परिवार का नाश हो, तथा शरीर में भी बड़ी दुर्बलता होती है॥ ५॥

अथ शुक्रमध्ये बुधफलम्—

धनंधान्यं सुखं लाभो मानो धर्मो यशो बलम्।
महाजनेन सौहार्दं शुक्रस्यान्तर्गते बुधे॥ ६॥

शुक्र की महादशा और बुध की अन्तर्दशा यदि ऐसी स्थिति हो तो जातक को उस अवधि की समाप्ति के भीतर धन, धान्य, सुख, आर्थिक लाभ, मान (आदर) यश, बल तथा किसी बड़े आदमी से आन्तरिक प्रेमभाव का लाभ हो॥ ६॥

अथ शुक्रमध्ये शनिफलम्—

वृद्धस्त्रीगमनं पीडा पुत्रनाशो विपत्पदम्।
शत्रुनाशः सुहृत्प्राप्तिः सौरे शुक्रदशां गते॥ ७॥

शनैश्चर यदि शुक्र के अन्तर्गत पड़े तब वृद्धा स्त्रियों के साथ गमन, पीड़ा, पुत्र का भी नाश, पद-पद में विपत्तियाँ, शत्रुओं का भी नाश एवं मित्रों की उपलब्धि अवश्य होती है॥ ७॥

अथ शुक्रमध्ये गुरुफलम्—

धनधान्यसमृद्धिश्च धर्मशीलसुखानि च।
स्त्रीसुखं कीर्तिमाप्नोति गुरौ शुक्रदशां गते॥ ८॥

जिसको बृहस्पति शुक्र के अन्तर्गत पड़े वह आदमी धन-धान्य से परिपूर्ण रहे, धर्म करे, शील-स्वभाव अच्छा हो, सुखी रहे, स्त्री-सुख पर्याप्त मिले, एवं कोई स्थिर कीर्ति भी उसके हाथ से की जावे॥ ८॥

अथ शुक्रमध्ये राहुफलम्—

विदेशगमनं बन्धुद्वेषः सङ्गमशुद्धयः (!) ।
स्ववंशनाशमाप्नोति राहौ शुक्रदशां गते ॥ ६ ॥

यदि राहु की अन्तर्दशा शुक्र की महादशा में पड़े तो जानना चाहिये कि जातक उस अन्तर्दशा-काल में विदेश-यात्रा करेगा, अपने परिवारों से द्वेषभाव रक्खे, प्रायः करके हीन जनों के साथ संग से अशुचि रहे, एवं अन्ततः उसके वंश में कोई भी ऐसा पुरुष न बचे जिसके द्वारा वंशोत्पत्ति की आशा की जावे ॥ ९ ॥

अथ सर्वग्रहदशाफलविचारः—

क्रूरग्रहदशायां च क्रूरस्यान्तर्दशा यदि ।
शत्रुयोगे भवेन्मृत्युर्मित्रयोगे न संशयः ॥ १ ॥

यदि पापग्रह की महादशा में उन्हीं पापग्रहों में से किसी की अन्तर्दशा भी आजाय चाहे शत्रुग्रहों के साथ योग हो या मित्रग्रहों के साथ, परन्तु उस अवस्था में जातक मृत्यु को प्राप्त करेगा ॥ १ ॥

मङ्गलस्य दशायां च शनेरन्तर्दशा यदि ।
म्रियते च चिरञ्जीवी का कथा स्वल्पजीविनः ॥ २ ॥

यदि मंगल की महादशा में शनैश्चर की अन्तर्दशा पड़े तो चिरञ्जीवी जातक भी मर जाता है, अल्पजीवियों की बात ही क्या ? आशय यह कि इस स्थिति में जातक को मरण सम कष्ट होता है ॥ २ ॥

क्रूरराशिस्थितः पापः षष्ठेवा निधनेऽपि वा ।
सितेन रविणा दृष्टः स्वपाके मृत्युदो ग्रहः ॥ ३ ॥

किसी की जन्मकुण्डली में क्रूर राशि में स्थित पापग्रह यदि छठे या आठवें भाव में पड़ जाय और शुक्र से या सूर्य से देखा जाय तो वह पापग्रह अपनी दशा अन्तर्दशा में अवश्य मारक हो जाता है ॥ ३ ॥

लग्नस्याधिपतेः शत्रुर्लग्नेशान्तर्दशां गतः ।
करोत्यकस्मान्मरणं सत्याचार्येण भाषितम् ॥ ४ ॥

किसी आदमी के जन्मलग्नेश का कोई भी शत्रुग्रह की अन्तर्दशा लग्नेश की महादशा में आवे उसका आकस्मिक मरण हो जाता है, यह सत्याचार्य का कथन है ॥४॥

प्रवेशे बलवान् खेटः शुभैर्वा स निरीक्षितः ।
सौम्याधिमित्रवर्गस्थो रिष्टभङ्गो भवेत्तदा ॥ ५ ॥

किसी भी राशि में प्रवेश करते समय ग्रह बली हो, शुभग्रहों की दृष्टि उस पर पड़ती हो, शुभग्रह के वर्ग या शुभग्रह के अधिमित्र के वर्ग में विराजमान रहे तो जानना कि इसका अरिष्टभङ्ग होगा याने प्रतिकूल ग्रहों का कर्त्तव्य कुछ नहीं चलेगा ॥ ५ ॥

अथोपदशाफलं लिख्यते—

अथातः संप्रवक्ष्यामि ग्रहस्योपदशाफलम्।
सौम्यक्रूरविभिन्नस्य पूर्वाचार्यादिसम्मतम्॥ १॥

इसके बाद उपदशा का फल लिखते हैं—पूर्वाचार्यों के आदेशानुसार शुभग्रह एवं पापग्रह के वश से पृथक् २ सभी ग्रहों की उपदशा का फल कहा जाता है॥१॥

अथादौ रव्युपदशाफलम्—

ज्वरः शिरोऽर्तिः पीडा च कलिरुद्वेगकारकः।
विग्रहश्च विवादश्च सूर्ये स्वोपदशां गते॥ १॥

यदि सूर्य की दशा एवं अन्तर्दशा में सूर्य ही की उपदशा वर्त्तमान रहे तो जातक के शिर में पीड़ा हो, लोगों के साथ झगड़ा हो, मन में एक प्रकार का उद्वेग लगा रहे, समाज में परस्पर विरोध होने के कारण विवाद अधिक बढ़े॥ १॥

धननाशोदरे रोगं कुर्यात् पामां[2] चतुष्पदात्।
क्षीरं स्नेहं विना भुङ्क्ते चन्द्रः स्वोपदशां गतः॥ २॥

चन्द्रमा यदि अपनी उपदशा में देखा जाय तो धन का नाश, पेट में कोई रोग एवं चौपायों के द्वारा बीमारी हो, भोजन में भी पूरी तकलीफ उठानी पड़े, दूध-दही, घी का दर्शन भी अलभ्य हो जाय, केवल किसी तरह सूखा रूखा खाना मिले और उससे और मानसिक कष्ट हो॥ २॥

राज्ञो भयं विकारश्चोपद्रवो रिपुविग्रहः।
कुभान्यभोजनं सूर्ये भौमस्योपदशाफलम्॥ ३॥

यदि मंगल की उपदशा सूर्यान्तर में पड़े तो जानना चाहिये कि आदमी को किसी राजा से भय प्राप्त हो, मन में या शरीर में किसी प्रकार का विकार उत्पन्न हो, उपद्रव हो, शत्रुओं का आक्रमण बढ़ जाय, तथा खराब पदार्थ भोजन में मिले यह निश्चय है॥३॥

वातश्लेष्मं शत्रुभयं तीक्ष्णं क्षीरं कुभोजनम्।
राजपीडा धने हानी राहावुपदशां गते॥ ४॥

जब सूर्य के अन्तर में राहु की उपदशा आवे तो आदमी को वात के प्रकोप से वात-श्लेष्मा बीमारी हो, शत्रुओं की तरफ से भय, तीखा, कडुवा भोजन-पदार्थ मिले, राज-दरबार से भी तकलीफ आ जाय तथा धन-विभाग में भी पूरी हानि उठानी पड़े जैसा कि आचार्यों का कथन है॥ ४॥

हेमाम्बरजयैर्वृद्धिः शत्रुनाशं महासुखम्।
मिष्टान्नभोजनं सूर्ये शनेरुपदशा यदि॥ ५॥

पूर्वपाठः—१ दिनचर्यादिसंमतम्। २ 'पामा' नाम रक्तविकारसम्बन्धिरोगविशेषः।

सूर्य में शनैश्चर की उपदशा रहने से सुवर्ण, वस्त्र तथा जय इनकी वृद्धि हो, शत्रुओं का यों ही नाश हो जाय, पूर्ण सुख हो, मिठाई वगैरह खाने को काफी प्राप्त हो ॥५॥

नृपपूजा धनं कीर्तिर्विद्याबन्धुसमागमः ।
भोजनं मधुरान्नस्य रवौ ज्ञोपदशां गते ॥ ६ ॥

सूर्य की दशान्तर्दशा में बुध की उपदशा वर्त्तमान देखी जाय तो जातक को राजा की ओर से आदर-सत्कार हो, धन एवं कीर्ति बढ़े, विद्वान् हो, कई बन्धुवर्ग उसके साथ हो जायँ, तथा भोजन में भी उसे अच्छी २ चीजें मिले ॥ ६ ॥

दैन्यं परान्नभोजी स्याद्राजपीडा महद्भयम् ।
शत्रुद्वेषश्चरेत्सूर्योपदशायां यदा शिखी ॥ ७ ॥

केतु की उपदशा सूर्य के अन्तर्गत होने से जातक को दीनता, पराये अन्न का भोजन, राज-दरबार से भी पीड़ा, अन्यान्य भी कई भय तथा शत्रुओं से भी वैराग्य खूब जटिल हो जाय, इसमें सन्देह नहीं करना चाहिये ॥ ७ ॥

सुखवृद्धिसमानानि धनलाभो महोत्सवः ।
स्त्रीविलासः सदा सौख्यं रविः सितदशां गतः ॥ ८ ॥

यदि सूर्य की दशान्तर्दशा में शुक्र की उपदशा आवे तो जानना कि सुख खूब होगा, धन का भी लाभ हो, उसके घर में अधिक उत्सव हुआ करे, स्त्रियों के साथ विलासिता में निमग्न रहे, तथा सर्वतः सुख का अनुभव हो ॥ ८ ॥

अथ चन्द्रोपदशाफलम्—

धनलाभो महासौख्यं स्त्रीलीलापुत्रसम्पदः ।
वस्त्रान्नपानलाभश्चोपदशासु यदा शशी[3] ॥ १ ॥

चन्द्रमा की यदि अपनी दशा-अन्तर्दशा में उपदशा भी आजाय तो धन का लाभ, महासुख, स्त्री के साथ विलासिता में प्रवीण, पुत्र एवं सम्पत्ति वाला, तथा वस्त्र, अन्न पान आदि का लाभ करने वाला होता है ॥ १ ॥

ऋद्धिर्[4]धनागमो बुद्धिर्बन्धुस्वजनसौहृदः ।
रक्तवस्तुकृतो लाभश्चन्द्रस्योपदशां कुजः ॥ २ ॥

यदि चन्द्रमा की अन्तर्दशा में मङ्गल की उपदशा लगी प्रतीत हो तो जानना कि ऐश्वर्य, धन का आगम हो, बुद्धि का विकास हो, अपने बन्धुवर्ग एवं पक्षपातियों के बीच में सौहार्द भाव बढ़े, लाल वस्तु खरीद-विक्री से विशेष लाभ की सम्भावना हो सो जाने जैसा कि ग्रन्थ में लिखा है ॥ २ ॥

पूर्वपाठः—१ शत्रुद्वेषोपदशायां चरेत्केतू रवेर्यदि । २ अत्र सूर्योपदशाप्रसङ्गे गुरोरुपदशाफलं नोपलभ्यते केतोस्त्वनावश्यकत्वेऽपि फलं विद्यते । वस्तुतो लेखकपरम्परादोषत एवेत्थमसामञ्जस्यमभितो वरीवर्त्तीति । ३ यद्वा शशी । ४ वृद्धिर्धनागमो ।

राजमानो महासौख्यं भूतिकल्याणवर्द्धनम् ।
चन्द्रस्योपदशां प्राप्तो राहुः शत्रुभयावहः ॥ ३ ॥

अगर चन्द्रमा की दशा में राहु की उपदशा वर्त्तमान हो तो राजा से आदर, महासुख ऐश्वर्य एवं कल्याण की वृद्धि, तथा शत्रुओं को स्वयं भय हो जाना आदि कहना चाहिये ॥ ३ ॥

धनधर्मौ महत्तेजो मित्रलाभः सुभोजनम् ।
सौख्यं च वस्त्रलाभं च चन्द्रस्योपगते गुरौ ॥ ४ ॥

चन्द्रमा की दशा में बृहस्पति की उपदशा आने से धन-धर्म की बढ़ती हो, समाज में बड़ा प्रभावशाली बने, कई नये मित्र बने, अच्छे २ पदार्थ भोजन के लिए प्राप्त हों, पूर्ण सुख हो, तथा देववस्त्रादि का भी लाभ होना कहना चाहिए ॥ ४ ॥

पुत्रबन्धुकृतोद्वेगयुक्तः[1] स्वस्थानवर्जितः ।
चन्द्रस्योपगते सौरे तुषधान्यादिभोजनम् ॥ ५ ॥

यदि शनैश्चर की उपदशा चन्द्रमा की दशा में पड़े तो पुत्र एवं परिवार के द्वारा कुछ ऐसा उद्वेग उसके मन में लगा रहे कि कभी शान्ति में न रहे, यहाँ तक कि अपना स्थान छोड़कर विदेश चला जाय जहाँ भोजन के लिए भी अपरिस्कृत ही अन्न मिला करे । शब्दान्तर में यह समय बड़ा कष्टकारक होगा सो जाने ॥ ५ ॥

शुक्लवस्त्रस्त्रिया लाभो माङ्गल्यं पुत्रसम्पदः ।
हयभूलाभदश्चैव चन्द्रस्योपगतो बुधः ॥ ६ ॥

चन्द्रमा की अन्तर्दशा में अगर बुध की उपदशा सिद्ध हो तो आदमी को सफेद वस्त्र तथा स्त्री का लाभ होता है, उसके घर में मंगल काम हुआ करे, पुत्र एवं सम्पत्ति काफी रहे, घोड़े तथा जमीन का भी लाभ होना जरूरी है ॥ ६ ॥

विरोधः सर्वधर्माणां जीवितं बहुसंशयम् ।
सर्पाम्बुविषजा भीतिः शिखी चोपदशां गतः ॥ ७ ॥

यदि केतु की उपदशा चन्द्रमा की दशान्तर्दशा के मध्य में पड़े तो इस अवस्था में जातक सब धर्मों से विरोध कर स्वतन्त्र धर्म स्थापित करे, फलतः उसका जीवन सन्देहमय हो जाय, इतना ही नहीं, सर्प, जल, विष इनसे भी भय हमेशः बना रहे अर्थात् इनमें से किसी के कारण मृत्यु होना भी आश्चर्य नहीं है ॥ ७ ॥

जलोदरादिरोगैस्तु रिपुचौरैर्धनक्षयः ।
अक्षीरं भोजनं रूक्षमिन्दोरुपगते सिते ॥ ८ ॥

चन्द्रमा की अन्तर्दशा के मध्य शुक्र की उपदशा आने पर आदमी जलोदर वगैरह

पूर्वपाठः—१ पुत्रबन्धुकृतोद्वेगयुक्तः ।

रोगों के कारण बहुत पीड़ित रहे, शत्रु एवं चोरों के द्वारा धन का नाश हो जाय, तकलीफ ऐसी आ पड़े कि उसके भोजन में बिना घी-दूध-दही के रूखा अन्न मिले जैसा कि प्राचीन ऋषि-मुनियों का आदेश है ॥ ८ ॥

विजयं धनसौख्यं च वस्त्रपानान्नलाभकृत् ।
चन्द्रस्योपदशां भानुः कुरुते नात्र संशयः ॥ ९ ॥

यदि सूर्य की उपदशा चन्द्रमा की दशान्तर्दशा के अन्तर्गत प्रतीत हो तो जानना चाहिए कि मुकद्दमा वगैरह में जय, धन, सुख, वस्त्र, अन्न-पान आदि अच्छी तरह जातक को प्राप्त होते हैं इसमें जरा भी सन्देह नहीं है ॥ ९ ॥

अथ भौमोपदशाफलम्—

पीडा शत्रुनरेन्द्राणां रक्तस्रावो भगन्दरः ।
अकस्माज्जायते भौमोपदशासु स्वयं कुजे ॥ १ ॥

यदि मङ्गल की दशा एवं अन्तर्दशा में मङ्गल ही की उपदशा देखी जाय तो आदमी को शत्रु की तरफ से या राजा की ओर से बड़ी पीड़ा आवे, शरीर से शोणित का गिरना आरम्भ हो जाय, इसी के कारण कुछ दिनों के बाद भगन्दर बिमारी अपना आसन जमा दे, और भी कई उपद्रव हों ॥ १ ॥

कलहं बन्धनं रोगं राजभङ्गं कुभोजनम् ।
अपमृत्युदशां राहुर्जायते शत्रुपीडितः ॥ २ ॥

मङ्गल के अन्तर्गत राहु की उपदशा आने से प्रतिदिन झगड़ा, जेल-यात्रा, रोग, राजा की तरफ से दण्ड, खराब भोजन, अपमृत्यु एवं शत्रु-मण्डल की ओर से पीड़ा प्राप्त होती है ॥ २ ॥

कुबुद्धिर्दूषितो रोगी देशे देशे परिभ्रमः ।
भौमस्योपदशां जीवे स्वर्णं भवति मृत्तिका ॥ ३ ॥

मङ्गल की दशा एवं अन्तर्दशा के बीच में बृहस्पति की उपदशा पड़े तो जातक की बुद्धि खराब हो जाती है, समाज में दूषित समझा जाय, रोगी बन कर रहे, हमेशः देश विदेश में भ्रमण किया करे, उस समय में भाग्यहीन वह इतना रहे कि उसके हाथ का सोना भी मिट्टी के मूल्य में बिके या मिट्टी भी सोना सा उसे प्रतीत हो अर्थात् पूरा दरिद्र बना हुआ व्यर्थ इधर उधर घूमा करे ॥ ३ ॥

रक्तत्रासो महात्रासो बन्धनं धनपीडनम् ।
कोद्रवं च तिलं भोज्यं भौमस्योपदशां शनिः ॥ ४ ॥

यदि मङ्गल के दशाकाल में शनैश्चर की उपदशा प्रतीत हो तो जातक लाल वस्त्र धारण करे, कई तरह के आने वाले भय से त्रस्त रहे, जेलखाना जाना पड़े, धन घटने

से पीड़ा हो, भोजन में भी कोदो, तिल के सिवाय और चीज मिलना असम्भव हो जाय, जैसा कि आचार्यों का आदेश है ॥ ४ ॥

ज्वरार्तिः सुहृदासीनो विलम्बेन धनक्षयः।
भौमस्योपदशां सौम्यस्त्वन्नवस्त्रादिनाशनः ॥ ५ ॥

मङ्गल की दशान्तर्दशा के अन्तर्गत बुध की उपदशा आवे तो जानना चाहिये कि ज्वर से पीड़ा हो. मित्र के यहाँ जाकर रहे, कुछ देर कर [जल्दी नहीं] धन का नाश हो, तथा अन्न वस्त्रादि का भी अभाव हो जाता है जैसा कि वर्णित है ॥५॥

जृम्भणं च शिरःपीडा रोगमृत्युनृपाद्भयम्।
तन्द्रालस्यं कुभोज्यं च केतौ भूसुतमध्यगे ॥ ६ ॥

यदि मङ्गल की अन्तर्दशा में केतु की उपदशा वर्त्तमान प्रतीत हो तो उस समय के भीतर जृम्भण [जिसमें कभी २ मुख की ओर वायु एकाएक निकलती है] शिर में पीड़ा, रोग-मृत्यु एवं राजा की तरफ से भय हो, तन्द्रा [झपकी अनवसर में अर्धनिन्द्रा आना] कार्यमात्र में आलस्य एवं खराब पदार्थ भोजन मिलता है ॥ ६ ॥

राजशत्रुभयं त्रासो वं[१]म्यतीसारतो भयम्।
व्रणो जीर्णभयाद्दुःखं भौमस्योपदशां सिते ॥ ७ ॥

मङ्गल की दशान्तर्दशा में शुक्र की उपदशा प्राप्त होने से राजा एवं शत्रु से भय हो, त्रस्त रहे, वमन और अतिसार रोग के भी हो जाने से बड़ा दुःख हो ॥७॥

भूमेश्च मणिलाभं च धनमित्रसुखावहम्।
तीक्ष्णं वै मधुरं भुङ्क्ते भौमस्योपदशां रवौ ॥ ८ ॥

यदि मङ्गल के अन्तर्गत सूर्य की उपदशा लगे तो भूमि तथा मणि का लाभ हो, धन मित्र इनसे पूरा सुख मिले, एवं तीखा और मधुर पदार्थ भोजन के लिए प्राप्त हों ॥८॥

मौक्तिकं शुक्लवस्त्रं च लभते च सुखं यशः।
क्षीरमिष्टान्नभोज्यं स्यात् कुजस्योपदशां शशी ॥ ९ ॥

यदि मंगल की दशान्तर्दशा में चन्द्रमा की उपदशा वर्त्तमान देखी जाय तो जानना कि आदमी को इस उपदशा काल में मोती, अच्छे सफेद वस्त्र, सुख तथा यश का लाभ हो, एवं दूध-दही मिठाई वगैरह अच्छी २ चीजें खाने को मिले ॥ ९ ॥

अथ राहूपदशाफलम्—

बन्धव्याधिस्तथा रोगः पीडा भवति दारुणा।
स्थानच्युतिः कुभोज्यं च राहुः स्वोपदशां गतः ॥ १ ॥

यदि राहु की अन्तर्दशा में उसी की उपदशा हो तो जातक को जेल जाना पड़े,

पूर्वपाठः—१ वमनातीसारतो भयम्।

व्याधि हो, कई रोग भी हों, जिनके कारण एकाएक बड़ी पीड़ा प्रतीत हो, पहले से प्रचलित पद का नाश हो याने जिस पद पर काम करता हो उससे हटा दिया जाय, एवं भोजन भी खराब पदार्थ का मिला करे ॥ १ ॥

ज्ञानधर्मार्थनाशश्च कलहं व्यसनं भवेत् ।
कटुकं मिष्टभोज्यं च राहोरुपगते गुरौ ॥ २ ॥

यदि राहु के अन्तर्गत बृहस्पति की उपदशा शुरू हो तो जानना चाहिये कि जातक के ज्ञान, धर्म तथा धन का नाश होगा, हमेशः लोगों के साथ झगड़ा हुआ करे, कड़ुवा तथा मीठा पदार्थ भोजन प्राप्त हो जैसा कि आचार्यों का कथन है ॥ २ ॥

लङ्घनं गृहभङ्गश्च हस्तपादाक्षिपीडनम् ।
बन्धनं बहुजीवश्च राहोरुपगते शनौ ॥ ३ ॥

शनैश्चर की उपदशा यदि राहु की अन्तर्दशा में दीख पड़े तो आदमी को किसी समुद्र या बड़ी नदी का लंघन करना पड़े, घर का नाश हो जाय, उसके हाथ, पाँव, आँख इनमें पूरी पीड़ा हो, जेल-खाने जाना पड़े, यद्यपि आयु बड़ी हो किन्तु सुखमय जीवन की आशा हमेशः दूर रहेगी ॥ ३ ॥

धनवस्त्रादिहानिश्च पदबुद्ध्योर्विनाशकृत् ।
भोजनं फलशाकादि राहोरुपगते बुधे ॥ ४ ॥

यदि राहु की अन्तर्दशा में बुध की उपदशा आवे तो धन, वस्त्र, आभूषण आदि का नाश हो, स्थान एवं बुद्धि की भी विकलता कहें, कन्द-मूल, शाक पात भोजन के सिवाय अच्छा पदार्थ का दर्शन भी न हो ॥ ४ ॥

अर्थनाशो विदेशश्च मृत्युचौरनृपाद्भयम् ।
राहोरुपदशां केतुर्बन्धनं विग्रहो भवेत् ॥ ५ ॥

राहु की दशान्तर्दशा में केतु की उपदशा आने से धन का नाश हो, विदेश की यात्रा हो, मृत्यु एवं चोर का भय समय २ पर हुआ करे, जेलखाना जाना पड़े तथा आपस के लोगों के साथ भी वैमनस्य पैदा हो जाय ॥ ५ ॥

स्त्रीनाशः कुलनाशश्च योगिनीभूतमातृभिः ।
पीडनं च कुभोज्यं स्याद्राहोरुपदशां सितः ॥ ६ ॥

यदि राहु की अन्तर्दशा में शुक्र की उपदशा आजाय तो जानना चाहिये कि उसकी स्त्री का नाश होगा, कुल का भी अवसान हो, योगिनी भूत-प्रेत, षोडश माता इनके बिगड़ने से सर्वतः पीड़ायें हुआ करें, तथा खाने के लिये भी कभी अच्छे पदार्थ नहीं मिलें ॥ ६ ॥

सुहृत्पुत्रमहापीडा ज्वररोगान्नहानिकृत् ।
राहोरुपदशां सूर्यः कुरुते नात्र संशयः ॥ ७ ॥

यदि सूर्य की उपदशा राहु के अन्तर्गत वर्तमान देखी जाय तो आदमी को उस अवधि के भीतर मित्र, पुत्रों के द्वारा भी पीड़ा आवे, ज्वर हो, रोग हो तथा अन्न की भी हानि हो ॥ ७ ॥

चित्तभ्रमो मनोभङ्ग उद्वेगोऽथ कलिर्भयम् ।
भोज्यं स्नेहं हविष्यान्नं राहोरुपदशां शशी ॥ ८ ॥

यदि राहु की अन्तर्दशा से चन्द्रमा की उपदशा परिसिद्ध हो तो चित्त का विभ्रम, मानसिक शक्ति का भङ्ग, उद्वेग, झगड़ा तथा भय हुआ करे सो जानना चाहिये ॥८॥

रोगमृत्यू प्रमादश्च रक्तपित्तभगन्दरौ ।
कुभोजनं मानहानी राहोरुपदशां कुजः ॥ ९ ॥

यदि राहु के अन्तर्गत मंगल की उपदशा लगे तो आदमी को रोग हो, मृत्यु के समान कष्ट हो, प्रमाद (पागलपन) आजाय, रक्त-पित्त के साथ बिगड़ने के कारण भगन्दर बिमारी हो, भोजन में खराब अन्न मिले तथा मान की हानि होना अनिवार्य है ॥ ९ ॥

अथ जीवोपदशाफलम्—

[1]यशोदयो महावृद्धिर्धनहेमसमागमः ।
सुखमिष्टान्नभोज्यं च [2]गुरौ स्वोपदशां गते ॥ १ ॥

यदि बृहस्पति की दशा-अन्तर्दशा के बीच उसी की उपदशा भी उपस्थित देखी जाय तो आदमी के यश का उदय, वस्तुमात्र में पूरी वृद्धि, धन-सुवर्ण का आगम, सुख तथा भोजन में मिठाई दिव्य पदार्थ मिलें यह जानना चाहिए ॥ १ ॥

हयभूमिपशुप्राप्तिः सर्वत्र सुखमाप्नुयात् ।
सुभोज्यं बहुधान्यानि जीवस्योपदशां शनिः ॥ २ ॥

बृहस्पति के अन्तर्गत शनैश्चर की उपदशा रहे तो घोड़े, जमीन एवं अन्य पशुओं का भी लाभ हो, जहां कहीं जाय सर्वत्र सुख का अनुभव करे, भोजनीय पदार्थ बहुत अच्छा मिले तथा अनेक प्रकार के धान्यों से उसका घर परिपूर्ण रहे ॥ २ ॥

विद्यामौक्तिकशस्त्राणां लाभो [3]मित्रभयागमः ।
अशनं स्नेहपक्वादि जीवस्योपदशां बुधः ॥ ३ ॥

यदि बुध की उपदशा बृहस्पति की दशान्तर्दशा के अन्तर्गत पड़े तो विद्या, मोती, शस्त्र आदि का लाभ हो, प्रायः करके मित्रों के द्वारा भय की आशङ्का बनी रहे, पक्वान्न वगैरह उत्तम २ चीजें खाने को प्राप्त होती रहें ॥ ३ ॥

पूर्वपाठः—१ अत्र यशशब्दोऽकारान्तः परिगृहीतोऽस्ति ।
२ गुरुश्चोपदशां गतः । ३ सुहृद्भयागमः ।

बन्धूनां तस्करादीनां कलितो मृत्युतो भयम् ।
कुधान्यमशनं जीवे केतोरुपदशां गते ॥ ४ ॥

यदि बृहस्पति की दशान्तर्दशा के अन्तर्गत केतु की उपदशा आवे तो जातक को अपने बन्धुवर्गों से, चोरों से, झगड़ा से हमेशः भय बना रहे एवं खराब चीजों का भोजन करे, यह जानना चाहिए ॥ ४ ॥

हेमवस्त्रधनप्राप्तिः क्षेमवृद्धिर्विभूषणः ।
भोजनं मधुरं क्षीरं जीवस्योपदशां सितः ॥ ५ ॥

गुरु की दशान्तर्दशा के मध्य में शुक्र की उपदशा आने से आदमी को सुवर्ण वस्त्र धन की प्राप्ति होती है, कल्याणों की वृद्धि हो, शरीर में आभूषणों की ढेर लगी रहे, या अच्छे २ गुणों का इस तरह समावेश हो कि समाज में वह वस्तुतः आभूषण के समान बन जाय, तथैव उसको भोजन में बहुत बढ़िया चीज दूध-दही-घृत-मिठाई आदि मिलना जरूरी समझे ॥ ५ ॥

मातृपितृधनं भुङ्क्ते राजपूज्यश्च जायते ।
ध्रुवं[2]मत्यादरप्राप्तिजीवस्योपदशां रवौ ॥ ६ ॥

बृहस्पति के अन्तर्गत सूर्य की उपदशा शुरू होने पर जातक को अपने माता पिता के धन का उपभोग करने के लिए पर्याप्त अवसर मिलता है, राजाओं से पूरा आदर का लाभ करे एवं राजगुरु बनकर रहे, इसमें संशय नहीं है ॥ ६ ॥

दधिमधुघृतक्षीरमणिमुक्ता सुलाभदा[3] ।
जीवस्योपदशां चन्द्रे कुक्षिपादप्रपीडनम् ॥ ७ ॥

चन्द्रमा की उपदशा यदि बृहस्पति के अन्तर्गत व्यवस्थित देखी जाय तो जाने की दही, मधु, घृत, मणि एवं मोती इनकी खरीद—बिक्री से जातक को बड़ा लाभ होगा, किन्तु कुक्षि (कोंख) तथा पाँव में पीड़ा होगी जैसा कि कहा गया है ॥ ७ ॥

शस्त्रशत्रुकृता पीडा गण्डमन्दाग्न्यजीर्णता ।
कुधान्यभोजनं भौमे जीवस्योपदशां गते ॥ ८ ॥

यदि मङ्गल की उपदशा बृहस्पति के अन्तर्गत वर्त्तमान प्रतीत हो तो आदमी शस्त्र एवं शत्रु के द्वार कड़ी पीड़ा पावे, गण्ड रोग हो, पाचनशक्ति कम पड़ जाय (जिसे मन्दाग्नि विमारी कहते हैं) अजीर्णता (अन्न का भली भांति न पचना) अधिक समय हो जाय, तथा खराब से खराब अन्न भोजन के लिए मिले यह जानना चाहिए ॥ ८ ॥

चाण्डालव्याधिशत्रुभ्यः पीडनं वमनं भयम् ।
कटुक्षारं च सम्भोज्यं जीवस्योपदशां तमः ॥ ९ ॥

पूर्वपाठः—१ कुधान्यशमनं । २ भ्रममष्टादशप्राप्तिः । ३ मणिमुक्तेषु लाभदा ।

अगर वृहस्पति की दशान्तर्दशा के मध्य में राहु की उपदशा लगी प्रतीत हो तो चाण्डाल, व्याधि एवं शत्रुओं के कारण अधिक पीड़ायें हों, वमन (कै होना) तथा भय की आशङ्का बनी रहे, इतना ही नहीं, कड़ुवा, खार वस्तु के अतिरिक्त और कोई भी चीज उसे कभी न प्राप्त हो जैसा कि आचार्यों का कथन है ॥ ६ ॥

अथ शनेरुपदशाफलम्—

जलौका देहपीडा च विदेशगमनं भवेत्।
कुधान्यतिलमश्नाति शनौ स्वोपदशां गते ॥ १ ॥

यदि शनैश्चर की अन्तर्दशा में उसी की उपदशा भी रहे तो जानना चाहिये कि उसे जलौका (एक प्रकार की बीमारी) से देह में बड़ी पीड़ा हो, घर छोड़ कर विदेश की यात्रा करनी पड़े, भोजन में खराब सूखा अन्न के सिवाय और कुछ नहीं मिले ॥१॥

धनबुद्धी रिपोः पीडा अन्नपानादिहानिकृत्।
स्नेहं रसं विना भुङ्क्ते सौरस्योपदशां बुधः ॥ २ ॥

यदि शनैश्चर के अन्तर्गत बुध की उपदशा लगी मालूम पड़े तो आदमी को धन एवं कार्यमात्र करने की बुद्धि होती है, शत्रुओं से पीड़ा पावे, अन्नपान की भी हानि पहुँचे, तथा भोजन में भी घी, तेल के बिना ही मामूली चीजें मिलें जैसा कि ऋषि-मुनियों का कथन है ॥ २ ॥

शत्रुचित्त भयं त्रासो दारिद्र्यं च बहुक्षुधा।
नीचसङ्गी कुभक्षी च सौरस्योपदशां शिखी ॥ ३ ॥

यदि केतु की उपदशा शनि के अन्तर्गत प्रतीत हो तो शत्रु से हमेशः चित्त में भय रहे, बड़ा त्रास हो, दरिद्रता की पराकाष्ठा तक पहुँच जाय, तथापि भूख सदैव लगी रहे, कभी उसकी शान्ति होने का सम्भव नहीं दिखाई दे, नीच श्रेणी के लोगों के साथ सहानुभूति पूरी रक्खे; तथा खराब वस्तु खाना मिले, यह निश्चय मानना चाहिए ॥३॥

[3]द्यूतवेश्याभवं द्रव्यं महिषीकृष्यलाभदः।
कन्याजन्म तदा गर्भे सौरस्योपदशां सितः ॥ ४ ॥

शनि की अन्तर्दशा में शुक्र की उपदशा आने पर उतने समय के बीच में जुआ और वेश्या के द्वारा धन मिले, भैंस और खेती से विशेष लाभ हो, उसकी स्त्री के गर्भ से कन्या का जन्म हो (बालक नहीं), यह समझना चाहिये ॥ ४ ॥

राजाधिकारस्तेजस्वी व्याधिः पीडा ज्वरो व्यथा।
कलत्रकलहं चौर्यं सौरस्योपदशां रविः ॥ ५ ॥

यदि शनि की अन्तर्दशा में सूर्य की उपदशा देखी जाय तो आदमी को राजा से

पूर्वपाठः—१ दरिद्रं च बहुक्षुधा। २ अष्टोत्तरीदशायां केतोर्गणनाभावादुपदशायां तत्फल-कथनं किमिवेति विभावयन्तु सुधियः। ३ द्यूतवेश्या भवेद्द्रव्यं।

कुछ अधिकार प्राप्त हो, परम तेज वाला कहावे तथापि व्याधि, पीड़ा तथा ज्वर की व्यथा से खिन्न रहे, अपनी स्त्री के साथ अधिक समय कलह हुवा करे, तथा घर में चोरी हो जाय ॥ ५ ॥

प्रमाणबुद्धिप्राधान्यं बहुस्त्रीभोगवान् धनी ।
हविर्मधुक्षीरभोक्ता[1] सौरस्योपदशां शशी ॥ ६ ॥

शनैश्चर की दशान्तर्दशा में चन्द्रमा की उपदशा पड़ने से आदमी की बुद्धि बहुत प्रमाणित समझी जाती है, पराई स्त्रियों के साथ–या अपनी ही स्त्री के साथ अधिक सम्भोग करने वाला हो, धनवान् हो, दूध, घी, मधु, आदि दिव्य पदार्थों का उपभोग करनेवाला महा भाग्यशाली पुरुष होता है, वस्तुतः यह समय उसके लिये बहुत अच्छा है ॥ ६ ॥

शस्त्रवह्निरिपोर्भीतिर्वातरक्तार्त्तिमान् नरः[2] ।
भोजनं मधुसर्पिभ्यां सौरस्योपदशां कुजे ॥ ७ ॥

यदि शनैश्चर की दशान्तर्दशा मङ्गल की उपदशा प्राप्त हो तो जाने कि शस्त्र, अग्नि तथा शत्रु इनसे भय प्राप्त होगा, वायु एवं रक्त के विकारों से पीड़ित रहे, किन्तु भोजन में हर दिन घृत, मधु पावे यह निश्चय है ॥ ७ ॥

धनभूमिपशोर्नाशं[3] कटुतीक्ष्णाम्लभोजनम् ।
मृत्युर्विदेशगमनं सौरस्योपदशां तमः ॥ ८ ॥

यदि राहु की उपदशा शनि के अन्तर्गत दीख पड़े तो धन, जमीन एवं पशुओं का नाश हो, कडुवा, तीखा, अम्ल पदार्थ भोजन में मिले, मृत्यु के समान कष्ट हो तथापि घर छोड़कर विदेश जाना आवश्यक समझे ॥ ८ ॥

गृहध्वंसो भवेत्स्त्रीभिः [4]क्लेशपीडानिरुद्यमः ।
किञ्चित्सौख्यमवाप्नोति सौरस्योपदशां गुरुः ॥ ९ ॥

यदि शनैश्चर की अन्तर्दशा में बृहस्पति की उपदशा आवे तो आदमी को स्त्रियों के द्वारा घर का नाश हो, अधिक क्लेशजनित पीड़ा होने से स्वयं उद्यमहीन हो जाय, तथा नाम-मात्र के लिए थोड़ा सुख उसे मिले ॥ ९ ॥

अथ बुधोपदशाफलम्—

विद्याबुद्धिधनप्राप्तिः स्वर्णं रूप्यं च माणिकम् ।
लभते धान्यरत्नानि बुधे स्वोपदशां[5] गते ॥ १ ॥

जिस आदमी का बुध की दशान्तर्दशा में उसी की उपदशा देखी जाय उसे

पूर्वपाठः—१ हवि–क्षीरमधुभोक्ता । २ वातरक्तोपमानवः । ३ धनभूमि पशुनाशं । ४ क्लेशप्रियानिरुद्यमः । ५ बुधस्योपदशास्वयम् ।

विद्या, बुद्धि (अच्छा, बुरा समझने की शक्ति), एवं धन की प्राप्ति होती है, सोना, चांदी और मणि इनका लाभ हो, इसके अतिरिक्त अनेक प्रकार के धान्य और रत्न का भी आगम कहना चाहिये ॥ १ ॥

रक्तपित्तकृता पीडा कुख्यातोदरपीडनम्।
वस्त्रार्थशस्त्रहानिश्च सौम्यस्योपदशां शिखी ॥ २ ॥

यदि बुध की अन्तर्दशा के बीच में केतु की उपदशा का अस्तित्व समझा जाय तो जानना चाहिए कि आदमी को शोणित और पित्त के विकारों से बड़ी पीड़ा हो, लोक में निन्द्य समझा जाय, पेट में भी पीड़ा हो, धन, वस्त्र, शस्त्र की हानि हो, इसके अतिरिक्त और भी कई खराबियाँ हों ॥ २ ॥

सौम्यदिक्षु भवेल्लाभः पदप्राप्तिर्महत्सुखम्।
भुङ्क्ते मिष्टान्नमाहारं सौम्यस्योपदशां सितः ॥ ३ ॥

बुध की दशान्तर्दशा के मध्य में शुक्र की उपदशा वर्त्तमान देखी जाय तो उस आदमी को उत्तर दिशा में जाने-आने से या व्यापार करने से लाभ हो, कहीं पर कोई स्थान मिले, बड़ा सुख हो, तथा मिठाई वगैरह अच्छी २ चीजें भोजन करे वस्तुतः यह समय उसके लिए शुभकारक हो सो जाने ॥ ३ ॥

तेजोहानिः शिरःपीडा चोद्वेगश्चलचित्तकः।
दृष्टिदोषो भवेच्छर्दी सौम्यस्योपदशां रविः ॥ ४ ॥

जिस आदमी को बुध की अन्तर्दशा में सूर्य की उपदशा विद्यमान प्रतीत हो तो उसके तेज की हानि होती है याने लोक में प्रभाव कम पड़ जाय, शिर में पीड़ा हो, मन में किसी बात का उद्वेग सदैव लगा रहे, सभी अवस्थाओं में उसका स्वभाव चञ्चल हो, अर्थात् विचार पुरस्सर काम करने की शक्ति न रहे, आँख में भी कुछ विकार आ जाय जिससे पूरी तौर देख नहीं सके एवं सर्दी हो, इस तरह सर्वतः अनिष्ट ही दीख पड़े ॥४॥

श्रियो लाभस्तथा कन्यासौम्यार्थं (?) पुत्रपौत्रकः।
मिष्टान्नभोज्यवस्त्राणि बुधस्योपदशां विधुः ॥ ५ ॥

बुध के अन्तर्गत चन्द्रमा की उपदशा में लक्ष्मी की प्राप्ति, कन्या की पैदाइश, सत्कर्म में व्यय होने वाले धन का आगम होता है, पुत्र-पौत्र आदि से वेष्टित रहे, तथा अन्न वस्त्र से पूर्ण सुखी कहना चाहिये ॥ ५ ॥

आमसृत्युश्चातिसारं चौराग्निशस्त्रपीडनम्।
ज्ञानधर्मधनप्राप्तिः सौम्यस्योपदशां कुजः ॥ ६ ॥

बुध की अन्तर्दशा के मध्य में मङ्गल की उपदशा आने से आदमी को आमरोग

पूर्वपाठः—१ परंप्राप्तिर्महत्सुखम्।

से मृत्यु के समान कष्ट हो, अतिसार भी हो जाय, चोर, अग्नि तथा शस्त्र से पीड़ा हो धन-धर्म एवं विशेष ज्ञान की प्राप्ति हो ॥ ६ ॥

राजशत्रुभयं त्रासः कलहः स्त्री निरुत्सहा ।
स्नेहक्षीरं विना भुङ्क्ते बुधस्योपदशां तमः ॥ ७ ॥

यदि बुध की अन्तर्दशा में राहु की उपदशा वर्त्तमान प्रतीत हो तो जाने कि उस प्रकरण में आदमी को राजा से व शत्रुओं की तरफ से आने वाला भय होता है, इन्हीं बातों से त्रस्त रहा करे, नित्यप्रति परिवार में झगड़ा हो, उसकी स्त्री सदैव उत्साह से हीन रहे, स्वयं भी घी-दूध के बिना ही भोजन करना अगत्या पसन्द करे ॥७॥

प्रधानपुरुषं राज्ये विद्याबुद्धिविवर्द्धनम् ।
अन्नपानादिसौख्यं च बुधस्योपदशां गुरुः ॥ ८ ॥

किसी आदमी को जब बुध की दशान्तर्दशा के अवसर पर बृहस्पति की उपदशा उपस्थित देखी जाय तो समझे कि वह किसी राज-दरबार में प्रधान पुरुष हो (राज्य भी कुछ मिले), विद्या एवं बुद्धि की बढ़ती हो, तथा खाने-पीने का सुख पर्याप्त प्राप्त हो, जैसा कि ऋष-मुनियों के कथन से निर्णीत है ॥ ८ ॥

विकलं घातपातानां वातपीडामहद्भयम् ।
अन्नपानादिहानिश्च बुधस्योपदशां शनिः ॥ ९ ॥

बुध के अन्तर्गत शनैश्चर की उपदशा आने पर आदमी विकल रहे, कहीं से आघात लगे ऊँचे स्थान से पतन की आशङ्का हो, वात विकार से पीड़ा का अधिक भय बना रहे तथा अन्न-पान की भी तकलीफ उठानी पड़े ॥ ९ ॥

अथ केतोरुपदशाफलम्—

धननाशोपघातश्च विदेशे दुःखपूरितम् ।
सर्वत्र विफलं विन्द्यात्केतोरुपदशां शिखी ॥ १ ॥

यदि केतु की दशान्तर्दशा में उसी की उपदशा भी लगी रहे तो धन का नाश, शरीर में आघात, विदेश में जाकर पूरी तकलीफ के साथ समय बिताना, सब कामों में विफल होना याने जो ही कुछ काम करे, किसी में सफलता नहीं मिले इत्यादि फल कहना चाहिये ॥ १ ॥

अर्थं (?) चतुष्पादहानिर्नेत्ररोगः शिरोव्यथा ।
श्लेष्मभीरर्थहानिश्च केतोरुपदशां भृगुः ॥ २ ॥

अगर केतु की अन्तर्दशा में शुक्र की उपदशा लगे तो धन (?) चतुष्पद (पशुओं) के सम्बन्ध में हानि हो, आँख में रोग हो, शिर में भी दर्द वगैरह से व्यथा आवे, श्लेष्म (कफ) से सदैव डर बना रहे, धन क्षति हो सो जानना चाहिये ॥ २ ॥

पूर्वपाठः—१ श्लेष्मभीत्यर्थहानिश्च ।

मित्रस्वजनजोद्वेगो ह्यल्पमृत्युः पराजयः ।
भोजनं तक्रहीनं च केतोरुपदशां रवौ ॥ ३ ॥

केतु के अन्तर्गत सूर्य की उपदशा आने पर मित्रवर्ग एवं अपने परिजनों के कारण मन में उद्वेग बना रहे, मृत्यु के समान किसी अवसर पर कष्ट हो, शत्रुओं के साथ मुकदमे में हार हो जाय, भोजन भी दही वगैरह से रहित ही मामूली मिले ॥ ३ ॥

अन्नपानादिनाशं च व्याधिस्तस्य च विभ्रमः ।
मिष्टान्नभोजनप्राप्तिः केतोरुपदशां शशी ॥ ४ ॥

जिस आदमी को केतु की अन्तर्दशा में चन्द्रमा की उपदशा आवे उसे अन्न-पान का नाश हो, व्याधि हो, तथा विक्षिप्त (पागल) की तरह घूमा करे, स्मरण शक्ति नष्ट हो जाय, किन्तु भोजन में किसी तरह निर्वाह होता जाय ॥ ४ ॥

वह्नेः शत्रो रणे भीतिर्वातकष्टं भयं नृपात्[2] ।
कुधान्यं मत्स्यमांसानि केतोरुपदशां कुजः ॥ ५ ॥

केतु के अन्तर्गत मङ्गल की उपदशा में जातक को अग्नि से, शत्रु से या रणक्षेत्र में जाने से अधिक भय उपस्थित हो, वात के प्रकोप से भी कष्ट होने की शङ्का हो, राजा की तरफ से भय आवे, भोजन में खराब अन्न मिले, इसीसे मत्स्यमांस खाने की अभिरुचि ज्यादः बढ़े जैसा कि आचार्यों का आदेश है ॥ ५ ॥

शत्रुतो हि भयं स्त्रीणां नीचेभ्योऽधिकपीडनम् ।
बुभुक्षितं पराधीनं केतोरुपदशां तमः ॥ ६ ॥

यदि राहु की उपदशा केतु के अन्तर्गत मालूम पड़े तो शत्रुओं से भय हो, नीच श्रेणी के लोगों के द्वारा स्त्रियों को अधिक पीड़ा पहुंचे, अधिक समय अन्न न मिलने के कारण भूखा रहे तथा सदैव पराये अधीन में अगत्या रहा करे ॥ ६ ॥

विवादो धनहानिश्च वस्त्रमन्त्रादिनाशनम् ।
केतोरुपदशां जीवो रूक्षधान्यादिभोजनम् ॥ ७ ॥

यदि केतु की दशान्तर्दशा के अन्तर्गत बृहस्पति की उपदशा आवे तो समाज के साथ विवाद हो, धन की क्षति हो, वस्त्र एवं विचार-शक्ति नष्ट हो जाय, तथा भोजन में रूखा-सूखा अन्न मिले फलतः बड़ी तकलीफ से जीवन नौका पार लगे जिस तरह ग्रन्थ में निर्दिष्ट है ॥ ७ ॥

वस्त्रान्नपानहानिश्च सुखमाश्रमपीडनम् ।
गोमहिष्यादिनाशं च केतोरुपदशां शनिः ॥ ८ ॥

यदि शनैश्चर की उपदशा केतु की अन्तर्दशा में पड़े तो जानना चाहिए कि उस

पूर्वपाठः—१ भोजनं क्रतुहीनं च । २ वातकष्टभयं नृपः ।

आदमी को उन दिनों में अन्न-वस्त्र की भी हानि हो, पूरी तकलीफ उठानी पड़े, आश्रम के भार से और पीड़ित रहे, तथा गाय, भैंस, बैल वगैरह पशुओं का नाश हो ॥ ८ ॥

शत्रुपीडा महोद्वेगो विद्याबन्धुधनक्षयः।
केतोरुपदशायां हि जन्तोः सौम्ये न संशयः ॥ ९ ॥

जिस आदमी को केतु की दशान्तर्दशा के बीच में बुध की उपदशा लगे उसे शत्रु से पीड़ा हो, मनमें बड़ा उद्वेग मचा रहे, विद्या बन्धुवर्ग तथा धन इनका नाश होता है, इसमें जराभी संशय नहीं मानना चाहिये ॥ ९ ॥

अथ शुक्रोपदशाफलम्—

माणिक्यसुन्दरीप्राप्तिर्मध्वाज्यपयभोजनम् (?)।
श्वेतवस्त्रस्य सम्प्राप्तिर्भृगुः स्वोपदशां गतः ॥ १ ॥

शुक्र की अन्तर्दशा में यदि शुक्र ही की उपदशा लगी रहे तो आदमी को मणि तथा सुन्दरी स्त्री का लाभ हो, मधु, घृत, दूध का भोजन मिले, कहीं से सफेद उत्तम वस्त्र की भी प्राप्ति हो ॥ १ ॥

राजशत्रुज्वरात्पीडा हृदि जङ्घाशिरोव्यथा।
स्वल्पाशनञ्च लाभश्च शुक्रस्योपदशां रविः ॥ २ ॥

यदि शुक्र के अन्तर्दशा-काल में सूर्य की उपदशा वर्त्तमान देखी जाय तो राजा से, शत्रु से तथा ज्वर होने के कारण पीड़ा हो, हृदय में, जङ्घा में तथा शिर में व्यथा हो, भोजन में थोड़ा अन्न पचे या थोड़ा ही मिले, तथा इस अवसर में लाभ भी कम हुआ करे ॥ २ ॥

राज्याधिकप्रदो राज्ये लभते वस्त्रकाञ्चनम्।
कन्याजन्मफलप्राप्तिः शुक्रस्योपदशां शशी ॥ ३ ॥

शुक्र की अन्तर्दशा में चन्द्रमा की उपदशा आने पर आदमी की अपने राज्य में शासन–पद्धति मजबूत हो, वस्त्र, सुवर्ण की प्राप्ति हो इसी प्रकरण में कन्या का जन्म हो ॥ ३ ॥

अलाभं ताड़नं क्लेशो रक्तपित्तप्रपीडनम्।
अन्नपानादिसौख्यं च शुक्रस्योपदशां कुजः ॥४॥

यदि शुक्र की दशान्तर्दशा में मङ्गल की उपदशा लगे तो लाभ की जगह हानि हो, अनवसर में ही मार–पीट से तकलीफ पावे, सर्वतः क्लेश हो, रक्तपित्त के बिगड़ने से बड़ी पीड़ा हो तथा खाने–पीने का भी कष्ट समझना चाहिये ॥ ४ ॥

पूर्वपाठः—१ केतोरुपदशायां हि केतुः सौम्यस्य संशयः।
२ श्वेतवस्त्रस्य संप्राप्तिरुपदशास्थो स्वयं भृगुः।

राजशत्रुभवा पीडा स्त्रीशत्रुकलहो भवेत्।
भोजने कटुकक्षारं सितस्योपदशां तमः ॥ ५ ॥

राहु की उपदशा शुक्र के अन्तर्गत पड़ने से राजा एवं शत्रुओं के द्वारा पीड़ा पहुंचे, स्त्री से विशेषतः शत्रु से कलह जटिल हो जाय, तथा भोजन में कड़वा-रूखा के सिवाय और कुछ नहीं मिले सो जानना चाहिये ॥ ५ ॥

वज्रमुक्तापदप्राप्तिर्गजाश्वादिगवां (?) लभेत्।
कर्पूरमिष्टमाहारं शुक्रस्योपदशां गुरुः ॥ ६ ॥

यदि शुक्र के दशान्तर्दशाकाल में बृहस्पति की उपदशा आवे तो वज्र (मणि-विशेष) मोती तथा कोई स्थान इनकी प्राप्ति हो, हाथी-घोड़े एवं गौ वगैरह का लाभ हो, कर्पूर का उपयोग अधिक समय करे ताकि शरीर सुगन्धिमय रहे तथा इच्छा के अनुकूल पदार्थ का भोजन करे ॥ ६ ॥

गव्युष्ट्रखरलौहादि लभते स्वल्पलाभकृत्।
भोजने तिलमाषाश्च शुक्रस्योपदशां शनिः ॥ ७ ॥

यथा शुक्र की अन्तर्दशा के बीच में शनि की उपदशा वर्त्तमान प्रतीत हो तो जानना चाहिये कि इस प्रकरण में आदमी को गौ, ऊँट, गदहा एवं कुछ लोह वगैरह धातुओं का भी लाभ हो परन्तु रुपये पैसे की आमदनी कम जाने, तथा भोजन में तिल, उर्द के सिवाय और चीजों का मिलना कठिन हो जैसा कि आचार्यों का कथन है ॥७॥

बुद्धिविज्ञानराज्यश्रीर्निध्यधिकारलाभकृत् (?)।
भोजनं हवितक्राख्यां (?) शुक्रस्योपदशां बुधः ॥ ८ ॥

बुध की उपदशा शुक्र के अन्तर्दशा—काल के भीतर पड़े तो बुद्धि, विज्ञान (साइन्स), राज्य, लक्ष्मी, एवं खान इनमें अधिकार का लाभ करे, भोजन में घी, दही पर्याप्त मिले ॥ ८ ॥

भ्रमणं देशग्रामाणं रोगमृत्युमहद्भयम्।
लभते द्रव्यधान्यादि शुक्रस्योपदशां शिखी ॥ ९ ॥

यदि शुक्र की अन्तर्दशा में केतु की उपदशा दृष्टि—गोचर हो तो देश, विदेश, गाँव-घर में खूब भ्रमण करे, रोग तथा मृत्यु का भय ज्यादः रहे तथा द्रव्य, धान्य, मान आदि की भी प्राप्ति आवश्यक समझे जैसा कि कहा गया है ॥ ९ ॥

अथ सन्ध्यादशाफलम्, तत्रादौ रविसन्ध्याफलम्—

सन्ध्या दिनेशस्य विपाककाले धनागमं शौर्यनरेन्द्रसौख्यम्।
धर्मोद्यमं सौख्यमतीवतीक्ष्णं भूपादिसौख्यं विभवादिमानम् ॥१॥

जिस आदमी को सूर्य की सन्ध्यादशा लगे उसे उस दशाकाल में धन का, आगम,

तेज, राजा के समान सुख, धर्म, कार्यमात्र में उद्यम एवं परम सुख हो तथा राजाओं से भी विभव, प्रतिष्ठा तथा सुख मिले जैसा कि आचार्यों का कथन है—॥ १ ॥

प्रचण्डवित्तं स्वकुलाधिकारं सुवर्णताम्राश्वरथादिप्राप्तिः ।
आरोग्यताविद्रुमरत्नलाभं प्राप्नोति कीर्तिं रिपुसंक्षयं च ॥ २ ॥

पूर्ण धन का लाभ करे, अपने परिवार भर में सबसे प्रभावशाली बने, सुवर्ण, ताम्र, घोड़े, मोटर वगैरह की भी प्राप्ति हो, शरीर में नैरुज्य, मूँगा और रत्नों का लाभ हो, कोई स्थिर कीर्ति भी अपने हाथों से करे, तथा उसके शत्रुओं का नाश हो जाय, यह फल सूर्य को उच्च (मेष) में रहने से होता है (जो कि अगले श्लोक में कहा है) ॥२॥

तुङ्गादिसंस्थः फलमेव सन्ध्या नीचारिसंस्थोऽप्यशुभं फलं च ।
तदर्थनाशं पितृबन्धुहानिं हृदक्षिपीडाकरपित्तरोगम् ॥ ३ ॥

यदि वही सूर्य नीचस्थान (तुला) में या शत्रुओं के घर में देखा जाय तो कहे हुए सब फल नहीं हों, प्रत्युत सब अशुभ हो जायँ, जैसे धन का नाश, पिता और बन्धु-वर्ग का मरण, हृदय और आँख में पीड़ा तथा पित्त के प्रकोप से रोग यह होते हैं ॥३॥

अथ चन्द्रसन्ध्याफलम्—

निशेशसन्ध्यापरिपाककाले[1] प्राप्नोति वित्तं द्विजमन्त्रिसौख्यम् ।
स्वविक्रमाच्च स्वगुणैः सुवर्णं सुगन्धिद्रव्यादि सुकार्यलाभम्[2] ॥१॥

चन्द्रमा की सन्ध्या—दशा में धन का लाभ, ब्राह्मण और राजमन्त्री इन लोगों के सहारे सुख मिले, अपने पराक्रम एवं गुणों के द्वारा सुवर्ण, सुगन्धित पदार्थ की प्राप्ति तथा अनेक कार्य की सिद्धि हो ॥ १ ॥

[3]प्रबोधकल्याणधनात्मजाप्तिरभीष्टसिद्धर्धनधर्मलाभम् ।
सत्साधुसम्पर्ककथानुरक्तं कुलाधिमुख्यं नृपपूजितं च ॥ २ ॥

अच्छे ज्ञान, कल्याण, धन एवं पुत्र की उपलब्धि हो, जितने मनोऽभिलषित काम हो प्रायः सभी सिद्ध हो जाय, धन—धर्म का भी लाभ होना चाहिये, अच्छे २ साधु महात्माओं के संसर्ग से ईश्वरगुणानुवाद में अनुरक्त रहे, अपने कुल में अधिनायक बने, तथा किसी राजा के यहाँ पूज्य होकर रहे जैसा कि शास्त्र में वर्णित है ॥ २ ॥

[4]नीचारिसंस्थे कृपकस्वरूपो मित्रारिहर्त्ता दुहितुः प्रसूतिः ।
अर्थक्षयं शोकरुजादिकष्टं क्रोधोद्भवं विद्रवमृत्युकारी ॥ ३ ॥

यदि वही चन्द्रमा कुण्डली में नीच–स्थानगत प्रतीत हो या शत्रु की जगह पर विद्यमान हो तो आदमी खेती के कामों में लीन रहे, मित्रवर्गों के शत्रु का नाशकारक

पूर्वपाठः—१ निशाकरः सन्धिविपाककाले। २ सुगन्धद्रव्यादिषु कार्यलाभम्। ३ प्रबोधकल्याणधनाप्तिः। ४ नीचारिसंस्थं कृषिकस्वरूपं।

हो, उसके घर में कन्या का जन्म हो, धन का नाश हो, शोक-रोग से पूरा कष्ट हो, पूरा क्रोधी हो जाय, उपद्रव करनेवाला हो तथा मृत्युकारी होता है ॥ ३ ॥

अथ भौमसन्ध्यादशाफलम्—

स्वपाककाले धरणीसुतस्य सन्ध्या[1] समाप्नोति महाप्रतापम्।
शौर्यं हविस्तस्करपापकर्मा [2]दोर्दण्डतेजा रणसाहसी च ॥ १ ॥

यदि मङ्गल की सन्ध्यादशा वर्त्तमान हो तो जानना चाहिये कि आदमी को प्रताप बढ़े, शूरता आवे, चोर एवं पापिओं के लिए बड़ा उद्दण्ड तेज हो याने उनका दण्ड देने में बड़ा कठोर हो, तथा रणक्षेत्र में जाने के लिए पूरा साहस के साथ सदैव तैयार रहे ॥ १ ॥

नृपेश्वरः शस्त्रविषाग्निकर्मनेतारसूर्यानृपकूलधर्मैः (?)।
कान्तादिकार्ये सततार्थलाभं हेमाङ्गनाताम्रहिरण्यलाभम्[3] ॥ २ ॥

कुछ राजाओं के बीच में प्रधान समझा जाय, शस्त्र, विष तथा अग्नि के सम्बन्ध की बातों में नेता के समान रहे अर्थात् इन कार्यों को करने वाले आदमियों के ऊपर शासन करे, स्त्री-पुत्र आदि के कामों में भी धन का लाभ करे, सुवर्ण, कन्या, ताम्र एवं हिरण्य मिले (यह उच्चस्थ मङ्गल का फल है, नीचस्थ के लिए वही में देखो) ॥२॥

अथ बुधसन्ध्यादशाफलम्—

बुधस्य सन्ध्या विदधाति शश्वद्धनागमं मित्रकलत्रपुत्रैः।
वणिक्प्रयोगादखिलैःसुकाव्यैर्महेन्द्रजालैः कुहकादिभिश्च ॥ १ ॥

यदि बुध की सन्ध्यादशा वर्त्तमान देखी जाय तो आदमी को हमेशः मित्र, स्त्री एवं पुत्रों के द्वारा धन का आगम हो, कभी व्यापार से या अन्य तरीकों से जैसे काव्य करने से, इन्द्रजाल (नजरबन्द) विद्या से, एवं और प्रपञ्चों से भी धन का लाभ कहें ॥ १ ॥

द्यूतप्रयोगाद् द्विपकर्ममन्त्रैर्दैवज्ञसिद्धान्तरसायनाद्यैः।
भूहेमलोहस्वनृपात्मजेभ्यो लाभो धनानां सुखसौख्यवृद्धिः ॥२॥

द्यूत (जूवा) खेलने से, हाथिओं की खरीद—बिक्री से, मन्त्रों के उपचार से, फलित ज्यौतिष के प्रचार से, सिद्धान्त में प्रवीणता से, वैद्यक शास्त्र के आधार पर चिकित्सा को उठाने से, जमीन द्वारा सुवर्ण—लोह धातु के व्यापार से, अपने राजा की

पूर्वपाठः—१ सन्ध्यामसमाप्नोति। २ दोर्दण्डतेजोरणुसाहसश्च।

३ इतोऽनन्तरं नीचस्थफलद्योतको भ्रष्टः श्लोको यथा—
"मतिं च पूर्वाकटुकैःकषायै रसः कुमन्त्रैः कुजनेषु शक्तिः।
स्वभ्रातृबन्धुस्वजनार्थनाशं दाहानुजः शोणितपित्ततेच्छया ॥"

सहायता से या पुत्रों के बाहुबल से अनेक प्रकार के धनों का लाभ होता है, तथा सुख—सौख्य की उत्तरोत्तर वृद्धि होती है ॥ २ ॥

नीचारिसंस्थोऽस्तमितश्च सौम्यस्त्रिधातुपीडां कुरुतेऽर्थनाशनम् ।
कलत्रहानिं नृपबन्धनाशिं परस्वदुःखं नृपपीडितश्च ॥ ३ ॥

यदि उक्त बुध अपने नीच (मीन) में रहे या शत्रुओं के घर में रहे अथवा अस्त रहे तब आदमी को कफ वात-पित्त तीनों के बिगड़ने के कारण बड़ी पीड़ा प्राप्त होती है, धन की हानि हो, स्त्री को भी मृत्यु के समान कष्ट हो, राजा की तरफ से जेलखाने का दण्ड पावे किसी आत्मीय लोगों को दुःख होने से या स्वयं बीमार पड़ने के कारण मानसिक कष्ट का अधिक अनुभव करे तथा राजा से भी पीड़ा पावे ॥ ३ ॥

अथ गुरुसन्ध्यादशाफलम्—

गुरौ स्वसन्ध्यां प्रगतेऽतिसौख्यं हेमाम्बरं रत्नगजाश्वजातम् ।
धनं लभेत्पुत्रसमुच्चयं च स्वधर्मे सिद्धिं द्विजदेवपूजाम् ॥ १ ॥

बृहस्पति की सन्ध्यादशा में आदमी को महासुख मिले, सुवर्ण, वस्त्र, हाथी, घोड़े वगैरह कहीं से प्राप्त हो जायँ, धन एवं पुत्र इच्छानुकूल पावे अपने परम्परागत धर्म की पराकाष्ठा तक पहुँच कर समाज में बड़ा नाम पैदा करे, तथा ब्राह्मण-देवता की पूजा में सदैव अनुरक्त रहा करे ॥ १ ॥

जनागमं च त्रिदिवेश्वरत्वं वेश्मप्रवेशस्त्वपि चार्थसिद्धिः ।
स्वजातिसन्मानमतिप्रहर्षं भूपालसौख्यं विविधार्थलाभम् ॥२॥

चारों तरफ से उसके यहाँ लोग अधिक संख्या में हमेशः आते रहें, इन्द्र के समान पराक्रम-शाली बन जाय, उसी अवसर में किसी नये मकान में गृहप्रवेश करे, जन की सर्वतः सिद्धि हो याने उसकी कमी जरा भी न रहे, अपने जातिवर्ग से पूरी मान प्रतिष्ठा पावे, सदैव उसके हृदय में हर्ष की लालिमा चमकती रहे, राजाओं से भी सौख्य का लाभ करे तथा अनेक प्रकार के धनों का आगम होना तो आवश्यक हो जैसा कि प्राचीन महर्षियों का कथन है (यह उच्चस्थ बृहस्पति का फल जाने) ॥ २ ॥

विदेशनिम्ने कृतगोविवर्णैर्गुरुः स्वपाके सुहृदर्थनाशम् ।
भूपालभङ्गं सुतकष्टरोगं करोति पाके बहुदुःखकारी ॥ ३ ॥

यदि बृहस्पति अपने नीचस्थान (मकर) में बैठा हो तो जानना कि वह आदमी विदेश में जाकर किसी नीच पद पर काम करे, अपना ही नहीं बल्कि मित्रवर्गों के धन का भी नाश कर डाले, राजाओं से भी सर्वतः कष्ट पावे, पुत्रों को भी रोग एवं कष्ट हो, अन्ततः सदैव दुःख का ही अनुभव करता रहे ॥ ३ ॥

पूर्वपाठः—१ गुरुः स्वसन्ध्यां लभते ।

अथ शुक्रसंध्याफलम्—

दैत्येन्द्रपूज्यस्यकरोतिसन्ध्यामहार्थसम्प्राप्तिमतीवसौख्यम्[1]।
नृपेश्वरत्वं स्वकुलाधिकारं प्राप्नोति वित्तं मणिमौक्तिकानि ॥१॥

जिस आदमी को शुक्र की सन्ध्यादशा लगी प्रतीत हो उसे बड़े धन की प्राप्ति हो, महासुख मिले, राजाओं का अधिपति बने, अपने कुलक्रमागत अधिकार को पावे, तथा मणि, मौक्तिक आदि बहुमूल्य धन की भी उपलब्धि हो सो जानना चाहिये ॥ १ ॥

गजाश्वयानासनमानहर्षैः प्रख्यातकर्मा क्रयविक्रयाणाम्।
धनागमं भूकृषिणा महोक्षैः कलत्रवृद्धिं सुखसौख्यजातम् ॥२॥

हाथी, घोड़े की सवारी से, गर्व से या हर्ष की अधिकता से लोगों के बीच बड़ा मशहूर हो, वस्तु एवं सवारी मात्र की खरीद—विक्री में महा निपुण कहावे, जमीन की पैदावार से या बड़े २ मजबूत वर्दा के द्वारा पूरे धन की आमदनी करे, स्त्रियों की वृद्धि हो, अनेक प्रकार के सुख सौख्य का आगम हो (यह उच्चस्थ शुक्र का फल है) ॥२॥

शुक्रगते[2] निम्नगृहेऽरिगेहे योधैर्जितो वारविलिप्तगुप्तिः।
दुष्टाङ्गनासङ्गमसौख्यहर्त्ता धनक्षयं स्त्रीसुतधर्मनाशम् ॥ ३ ॥

यदि वही शुक्र अपने नीच स्थान (कन्या) में वर्त्तमान हो या शत्रुओं के घर में देखा जाय तो जानना कि उपरोक्त अच्छा फल न होकर अन्यथा ही होगा, अर्थात् बाहरी योधाओं से अवसर पर हार जाय, प्रत्युत उन्हीं लोगों में से किसी के द्वारा किसी रीति से बचे, खराब स्त्रियों के साथ व्यभिचार करने से उसके सारे सुख मिट्टी में मिल जाय, धन का क्षय हो तथा स्त्री-पुत्र भी उसके मृत्यु पावें एवं धर्म न कायम रहे ॥ ३ ॥

अथ शनिसन्ध्याफलम्—

सदैव[3] तीक्ष्णांशुसुतस्य सन्ध्या ददाति लाभं स्वकुलाधिकारम्।
खरोष्ट्रगोपाक्षिकधान्यवस्त्रकुलित्थमापादिककोद्रवाप्तिः ॥ १ ॥

जिसको शनैश्चर की सन्ध्या देखी जाय उस आदमी को सर्वतः लाभ हो, अपने कुल के अनुसार अधिकार मिले, गदहा, ऊँट, गो, पक्षी, धान्य, वस्त्र, कुलथी, उर्द, कोदो इनकी प्राप्ति हो ॥ १ ॥

वृन्देश्वरं ग्रामपदाधिपत्यं कुलोन्नतिं हीनजनप्रमाणम्।
लोहायसीसत्रपुसन्महिष्यैर्धनागमं मर्त्य[4]चतुष्पदाच्च ॥ २ ॥

किसी सामाजिक संस्था का सभापति बने, ग्राम या किसी स्थान का आधिपत्य पावे कुल की उन्नति करे, नीच जनों के बीच में अधिक प्रमाणित समझा जाय,

पूर्वपाठः—१ महच्च सौख्यम्। २ शुक्रेरिते निम्नगृहेल्पचाये।
३ प्राप्नोति तीक्ष्णांशुसुतस्य सन्ध्या। ४ मृत्युचतुः पदश्च।

लोहा, ताँबा, सीसे, महीषी आदि के व्यापार से धन का आगम हो, आदमी और चतुष्पद (गाय, भैंस वगैरह) से भी पूरी आमदनी करे सो जाने ॥ २ ॥

नीचारिसंस्थास्तमितोदितस्य सौरस्य पाके कुरुते च कष्टम् ।
सद्बन्धुभार्यार्थसुपुत्रनाशं देहे रुजा तीव्रज्वरानिलोत्था ॥ ३ ॥

अगर वही शनैश्चर अपने नीचस्थान [मेष] में रहे या शत्रुओं के घर बैठा देखा जाय या अस्तंगत हो तो जानना चाहिए कि उस आदमी को इन दिनों में बड़ा कष्ट हो, बन्धुवर्ग, स्त्री, पुत्र तथा धन का नाश हो, एवं शरीर में वात के बिकार से उत्पन्न रोग आसन जमा दे जिससे उसे बड़ी पीड़ा का सामना करना पड़े जैसा कि आचार्यों का कथन है ॥ ३ ॥

उक्तान्यतो द्वादशभिः प्रकारैर्नैसर्गिकादीनि दशान्तराणि ।
तत्रापि सन्ध्याफलपाक उक्तः स चिन्तनीयः सदृशः फलेन ॥ ४ ॥

इससे पहले बारह प्रकारों के द्वारा नैसर्गिक दशान्तर्दशा का फल कहा गया है और सन्ध्या दशाफल भी उसी तरह जानना चाहिये ॥ ४ ॥

अथ पाचकदशाफलम्—

तत्रादौ रविमध्ये रव्यादिपाचकदशाफलम्—

राजमानं सुखं चैव सन्मानं शत्रुनाशनम् ।
लभते सौख्यजातं च रविमध्ये स्वयं रविः ॥ १ ॥

इसके आगे ग्रहों की पाचकदशा का निरूपण करते हैं—उनमें सूर्य के बीच में सूर्य के रहने से आदमी को राजा से मान (आदर) सुख, अच्छे लोगों से भी आदर शत्रुओं का नाश, एवं अनेक सुखों की प्राप्ति होती है ॥ १ ॥

रोगादिनाशं धनधान्यलाभं शत्रुक्षयं प्रीतिसुखोदयं च ।
सूर्यस्य चन्द्रान्तरसन्धिपाके तत्रास्तभाद्द्वित्रिशुभं करोति ॥ २ ॥

यदि सूर्य के अन्तर्गत चन्द्रमा की दशा प्रतीत हो तो जातक के शरीरस्थ रोगों का नाश, धन, धान्य का लाभ, शत्रुओं का क्षय, प्रेम एवं सुख का उदय इत्यादि फल जाने किन्तु उच्च में रहने से कथित फल द्विगुणित त्रिगुणित कहना चाहिये ॥ २ ॥

दिवाकरस्यान्तरगः कुजश्चेल्लाभो भयं विक्रमहेमताम्रम् ।
सङ्ग्रामधुर्याजयवाहनानि प्रचण्डतां भूपसुखं करोति ॥ ३ ॥

सूर्य के अन्तर्गत मङ्गल दीख पड़े तो लाभ, भय, पराक्रम, सुवर्ण, ताँबा इनकी

पूर्वपाठः—१ नीचारिस्वस्थयो। २ सदबन्धुमार्यात्मजअर्थमाशं।
३ उक्तः पुरा द्वादशभिः······· सदृशः फलानि ॥
४ लभते सौख्यलाभं च। ५ दिवाकरस्यान्तरगो कुजश्च।

उपलब्धि हो, संग्राम भूमि में जय, अच्छे वाहन, लोक में उद्दण्ड प्रभाव तथा राजाओं के समान सुख का लाभ होता है, जैसा कि आचार्यों का कथन है ॥ ३ ॥

देहे च कष्टं ज्वररोगदौःस्थ्यं करोति [1]शोकक्षयशत्रुवैरम् ।
अर्थक्षयं रोगरुजाप्रवालं बुधो विपाके दिवसेश्वरस्य ॥ ४ ॥

यदि बुध सूर्य के अन्तर्गत देखा जाय तो देह में कष्ट, ज्वर एवं रोग स्वास्थ्य की स्थिति बहुत खराब, शोक, क्षयरोग, शत्रुओं से विशेषतः वैरभाव धन की घटती, रोग की प्रवृत्ति, तथा विदेश में रहना ये सब फल जानें ॥ ४ ॥

[2]पापादिरोगव्यसनादिमुक्तीर्धर्मोदयं ज्ञानसुखागमं च ।
[3]सूर्यः सुरेज्यान्तरगो विपाके करोति लक्ष्मीं धनवर्धनं च ॥५॥

जिसको सूर्य के अन्तर्गत बृहस्पति वर्त्तमान देख पड़े उसे पाप वगैरह करने के कारण प्राप्त रोग एवं व्यसन आदि से मुक्ति मिले याने सब आपत्तियाँ उसके यहाँ से हट जायँ, धर्म का उदय हो, ज्ञान तथा सुख का आगम हो, लक्ष्मी एवं धन की सर्वांशतः वृद्धि हो ॥ ५ ॥

दद्रूशिरोगान्(?)गलरोगदोषाच्छूलं ज्वरं वा सुहृदः स्वहर्ता ।
[4]शस्त्राद्भयं मृत्युसमानकष्टं सूर्यान्तरे दैत्यगुरुः करोति ॥ ६ ॥

शुक्र को सूर्य के अन्तर्गत होने से जातक को शिर में दद्रु (खुजली), गले में रोग के दोष, हृदय में शूल, ज्वर हो, अथवा मित्र के धन का हरण करे, शस्त्रों के द्वारा भय एवं मृत्यु के समान कष्ट होना चाहिये ॥ ६ ॥

कार्यार्थनाशं क्षितिपालभङ्गं [5]देहे रुजापित्तसमुद्भवं च ।
विद्युद्भयं बुद्धिविनाशदैन्यं सन्ध्या तु सौरेर्दिवसेश्वरस्य ॥ ७ ॥

यदि शनैश्चर सूर्य के अन्तर्गत वर्त्तमान हो तो जानना चाहिये कि किसी अभिलषित कार्य एवं धन का नाश हो, राजा से भी दण्ड या अपमान पावे, देह में पित्त के बिगड़ने से रोग हो जाय, बिजली का भय हो, बुद्धि भी बिगड़ जाय, तथा हर तरह से दीनता आजाय जैसा कि शास्त्र में लिखा है ॥ ७ ॥

अथ चन्द्रमध्ये चन्द्रान्तरफलानि—

मणिमुक्ताफलं चैव सौख्यानि विविधानि च ।
वस्त्रप्राप्तिः सुखप्राप्तिः [6]स्वपाके तु यदा शशी ॥ १ ॥

पूर्वपाठः—१ शोकः क्षयशत्रुवैरम् । २ पापादिरोगा व्यसनादिमुक्तिधर्मौ स्वयम् ।
३ सूर्यस्तु इज्यान्तरगो विपाके ।
४ शस्त्राद्भयं करस्य संस्थामच्छेयो दैत्यगुरुः करोति ।
५ देहो रुजा पित्तसमुद्भवं च । ६ स्वपाके तु गते शशी ।

जब चन्द्रमा अपनी पाचक दशा के अन्तर्गत आवे तो जानना कि आदमी को मणि, मोती तथा विविध प्रकार के सुखों की उपलब्धि हो, वस्त्र एवं सौख्य का भी आगम हो जो कि आचार्य—सम्मत है ॥ १ ॥

रक्तवस्तुभवो लाभो विदेशगमनं भवेत्।
सुखसन्तानमाप्नोति चन्द्रे भौमस्य पाचके ॥ २ ॥

चन्द्रमा के अन्तर्गत मङ्गल की पाचक दशा में लाल चीजों की प्राप्ति होती है, आदमी को अपना घर छोड़कर विदेश—यात्रा करनी पड़े, सन्तान (कन्या पुत्र) एवं सुख की भी प्राप्ति होती है सो जानना चाहिये ॥ २ ॥

दुःखं सुखं समं चैव लाभहानी तथैव च।
उद्वेगवशगो नित्यं चन्द्रस्यान्तर्गते बुधे ॥ ३ ॥

चन्द्रमा के अन्तर्गत बुध की पाचक दशा में जातक को सुख—दुःख बराबर हुआ करे अर्थात् आज सुख, कल दुःख हो, लाभ-हानि भी समान हो याने सभी व्यवहारों में सदैव दोनों अवस्थायें आवें किन्तु हमेशः किसी न किसी बात के उद्वेग में लगा रहे, शब्दान्तर से यह दशाकाल साधारण समझना चाहिये ॥ ३ ॥

स्वर्णलाभं पुत्रजन्म ह्यानन्दं हर्षसंयुतम्।
मणिर्मुक्ताफलं चैव चन्द्रस्यान्तर्गते गुरौ ॥ ४ ॥

यदि चन्द्रमा के अन्तर्गत बृहस्पति की पाचक दशा दिखाई दे तो जानना चाहिये कि सोने का लाभ हो, पुत्र का जन्म कहें, और भी कई प्रकार के हर्ष की बातों के उपस्थित हो जाने से बड़ा हर्ष हो, तथा मणि-मोती की प्राप्ति हो ॥४॥

उत्तमस्त्रीजनैर्योगो दिव्यकन्यासमुद्भवः।
धर्मयुक्ता धनप्राप्तिश्चन्द्रस्यान्तर्गते सिते ॥ ५ ॥

शुक्र की पाचक दशा चन्द्रमा के अन्तर्गत होने से जातक को परम सुन्दरी, अच्छे गुणवाली स्त्रियों की प्राप्ति होती है, एक रम्य कन्या की पैदाइश हो, धन एवं धर्म की वृद्धि भी होना आवश्यक है ॥ ५ ॥

वेश्यागमं करोत्येव विवादं स्त्रीसमागमः।
अकस्माद्धनलाभश्च चन्द्रमध्ये शनिर्यदा ॥ ६ ॥

यदि चन्द्रमा के अन्तर्गत शनैश्चर की पाचक दशा लगे तो जानना कि आदमी को इस दशाकाल के भीतर वेश्या के साथ सङ्ग हो समाज में परस्पर विवाद बढ़े, अन्त में स्त्रियों का भी आगम हो, तथा विना प्रयास के पर्याप्त धन की प्राप्ति हो ॥६॥

पूर्वपाठः—१ रक्तवस्तु भवेल्लाभो।

मणिविद्रुमलाभं च सर्वसौख्यसुखागमम्।
प्रतापं गन्धसंयुक्तं कर्पूरादि शशी रवेः ॥ ७ ॥

जिस आदमी को चन्द्रमा के अन्तर्गत सूर्य की पाचक दशा वर्तमान रहे उसे मणि एवं बहुमूल्य मूंगा का लाभ हो, सब सुख-सौभाग्य का उपभोग करे, कर्पूर के समान स्वच्छ प्रताप की बढ़ती हो, याने अपने प्रान्त में बड़ा मशहूर प्रतापशाली पुरुष कहावे॥७॥

अथ भौमादिपाचकदशाफलम्—

भौमे शत्रुविमर्दः स्यात्कलहो बन्धुभिर्नृणाम्।
स्वान्तरे बहुपीडा स्याद्वृद्धस्त्रीगणिकारतिः ॥ १ ॥

जिसको मङ्गल के अन्तर्गत उसी की पाचक दशा लगी रहे उसे अपने शत्रुओं को नष्ट कर बन्धु वर्गों के साथ झगड़ा करना पड़े, बड़ी पीड़ा हो तथा बूढ़ी स्त्री एवं वेश्याओं के साथ सङ्ग करने में अभिरुचि बढ़े ॥ १ ॥

बलं मानं सुखं चैव धनलाभसुखागमम्।
लभते मानवो नित्यं भौममध्ये बुधो यदा ॥ २ ॥

जब मङ्गल के बीच में बुध की पाचक दशा आती है तब आदमी को बल, मान (आदर), सुख एवं धन का लाभ होता है, तथा और भी कई तरह से चीजों की प्राप्ति होती है ॥ २ ॥

सौभाग्यसौख्यमतुलं नानाशत्रुविमर्दनम्।
लभते सुखसौभाग्यं भौममध्ये गुरुर्यदा ॥ ३ ॥

यदि बृहस्पति की पाचक दशा मङ्गल के अन्तर्गत पड़े तो जानना चाहिए कि जातक परम सुख-सौभाग्य पावे, कई शत्रुओं को अपने बाहुबल के प्रताप से सर्वतः चौपट करे, एवं और तरीके से भी आनन्द के साथ जीवन बितावे ॥ ३ ॥

स्वदेहपीडां धनमानहानिं महत्प्रतापं सुखवर्जितं च।
ददाति भौमान्तरगो भृगुश्च धर्मार्थसिद्धिं विजयं तथैव ॥४॥

यदि मङ्गल के बीच में शुक्र की वही दशा आवे तो शरीर में पीड़ा हो, धन एवं मान की घटती हो, प्रताप तो बढ़े परन्तु सुख का दर्शन कभी न हो, धर्म-अर्थ की सिद्धि हो तथा वैरियों के साथ विवाद में हमेशः विजय लिया करे ॥ ४ ॥

स्वदेहभंगं कुरुते शनौ कुजो विपाककाले सुखवर्जितं च।
धनागमं ह्यर्थविनाशनं च सेवा भवेन्नीचजनप्रतापे ॥ ५ ॥

मंगल के अन्तर्गत शनैश्चर की दशा देखी जाय तो उस दशाकाल के भीतर

पूर्वपाठः—१ फलं मानं सुखं चैव।

जातक को देह में आघात लगे, सुख से वर्जित रहे, धन का कभी आगम कभी हानि हो, तथा प्रभाव-शाली नीच लोगों का सेवक बने ॥ ५ ॥

सूर्यो रोगविनाशं च श्वेतवस्तुफलप्रदम् ।
[1]सन्मानं चैव भूगलात् सर्वसौख्यं धनागमम् ॥ ६ ॥

जिसको मंगल के अन्तर्गत सूर्य की पाचकदशा वर्त्तमान प्रतीत हो तो जानना चाहिये कि उसके शरीर में पहले से जमे हुए रोगों का विनाश होगा, सफेद वस्तुओं की प्राप्ति होगी, किसी राजदरबार से सन्मान तथा सुख सौख्य एवं धन की उपलब्धि होगी ॥ ६ ॥

ददाति हेमाम्बरसौख्यलाभं धनं तथा भोग सुखं च सन्ततिम् ।
मित्रागमं भ्रातृपितुश्च भक्तिं [2]ददाति चन्द्रोऽन्तरगः कुजस्य ॥७॥

यदि मंगल के अन्तर्गत चन्द्रमा की पाचक दशा व्यवस्थित देखी जाय तो सुवर्ण, वस्त्र, सुख इनका लाभ हो, धन पुत्र-कन्या रहे, तथा अन्यान्य सुखों का भी उपभोग मिले, मित्रवर्गों का शुभागमन हो, तथा माता पिता भाई में भक्ति श्रद्धा उत्तरोत्तर बढ़ा करे ॥ ७ ॥

अथ बुधादिपाचकदशाफलम्—

स्वबोधबुद्धिदं चैव शत्रूणां च क्षयङ्करम् ।
द्रव्यलाभं धनं सौख्यं स्वपाके बुधगे सदा ॥ १ ॥

अगर बुध की पाचकदशा उसी के अन्तर्गत दीख पड़े तो जातक की बुद्धि खूब अच्छी बने, शत्रुओं का नाश हो, द्रव्य धन एवं सुखों का अनुभव इस दशा के आदि से अन्त तक (सदैव) हुआ करे ॥ १ ॥

[3]हेमाम्बरादिलब्धिः स्याद्विदेशगमनं भवेत् ।
बुधस्यान्तर्गते जीवे धनधान्यसुखं भवेत् ॥ २ ॥

यदि बुध के अन्तर्गत बृहस्पति की पाचकदशा लगी प्रतीत हो तो जानना कि आदमी को सुवर्ण, वस्त्र, आभूषण आदि का लाभ होगा, अपने घर को छोड़कर विदेश-यात्रा करनी पड़ेगी, जहाँ धन-धान्य वगैरह से सुख काफी मिलेगा ॥ २ ॥

बुधमध्ये यदा शुक्रो भवत्येव सुखागमः ।
धनधान्यसमृद्धं स्याद्बहुसौख्यं करोति च ॥ ३ ॥

जब बुध के अन्तर्गत शुक्र की पाचक दशा का प्रारम्भ हो तो जानना कि उस आदमी को सुखों का आगम हो, धन धान्य की समृद्धि बहुत बढ़े तथा अन्य तरीके से भी वह पूर्ण सुखी रहे ॥ ३ ॥

पूर्वपाठः—१ सन्मानं चैव भूपालं । २ ददाति चन्द्रान्तरगः कुजश्च ।
३ हेमाम्बरे भवेल्लब्धिः ।

बुधस्यान्तर्गतो यस्य सौरपाको भवेदसौ ।
तदा राजा भवेन्मानसुखसन्तानकारकः ॥ ४ ॥

यदि बुध के अन्तर्गत शनैश्चर की पाचक दशा लगे तो वह आदमी राजा हो और आदर सन्तान वगैरह से भी अपनी मर्यादा के अनुकूल सभी बातें प्राप्त करे जैसा कि आचार्यों का कथन है ॥ ४ ॥

वातपित्तकृता पीडा हानिकारी नरो भवेत् ।
पापकाले बुधस्यापि यदा ह्यन्तरतो रविः ॥ ५ ॥

यदि सूर्य की पाचक दशा बुध के अन्तर्गत दिखाई दे तो जानना चाहिये कि उसे वात-पित्त के बिगड़ने से शरीर में बड़ी पीड़ा हो, प्रायः सभी कामों में हानि उठानी पड़े यह निश्चित है ॥ ५ ॥

देहपीडा तथोद्वेगः कलहश्च गृहे भवेत् ।
अत्यन्तहानिकारी च बुधमध्ये तु चन्द्रमाः ॥ ६ ॥

बुध के अन्तर्गत चन्द्रमा की पाचक दशा आने से आदमी को देह में पीड़ा हो, मन में किसी काम का उद्वेग लगा रहे, घर में अधिक समय झगड़ा हुआ करे, तथा अवसर पाकर पूरी हानि भी उठानी पड़े इसमें सन्देह नहीं करना चाहिए ॥ ६ ॥

अग्निदाहं ज्वरं तीव्रं भवेद्रक्तविकारकम् ।
शत्रुघातरुजं चैव बुधमध्ये कुजे सदा ॥ ७ ॥

यदि बुध के बीच में मङ्गल की पाचक दशा आवे तो शरीर में अग्निदाह, कठिन ज्वर तथा रक्त के बिगड़-जाने से तकलीफ, शत्रुओं की तरफ से आये हुए आघातों के द्वारा कोई रोग भी अवश्य हो जैसा कि आचार्यों का कथन है ॥ ७ ॥

अथ जीवमध्ये जीवादिपाचकदशाफलम्—

पापैश्च रोगैश्च भवेद्विमुक्तो धर्मोदयं प्राप्य समस्तकाले ।
जीवे स्वपाके फलमातनोति धनागमं मित्रकलत्रपुत्रैः ॥ १ ॥

जिस आदमी को बृहस्पति के अन्तर्गत उसी की पाचक दशा लगे तो वह पाप और रोग से छुटकारा पाता है, धर्म का उदय होता है, धन का आगम हो, मित्र स्त्री पुत्र इनके द्वारा सब प्रकार के धन अनायास उसके पास आ जाते हैं ॥ १ ॥

कार्यार्थनाशं च महाविरोधं विशेषमाप्नोति नरोऽतिसौख्यम् ।
शृङ्गारकोशस्य नरैश्च सौख्यं यदा भवेज्जीवगतो भृगुश्च ॥२॥

यदि बृहस्पति के बीच में शुक्र की पाचक दशा वर्त्तमान देखी जाय तो जानना

पूर्वपाठः—१ बुधसन्ध्या तु मध्ये स्यात्सौरपाको यदा भवेत् । २ यदा अन्तरतो रविः । ३ देहपीड़ा च उद्वेगः । ४ धर्मों जयं प्राप्य समस्तकाले ।

कि कार्य एवं धन का नाश हो, लोगों के साथ बड़ा बिरोध खड़ा हो जाय विशेषतः सुख प्राप्त हो, शृङ्गार का प्रेमी हो, खजाना पर्याप्त रहे तथा अन्यान्य मनुष्यों के द्वारा कई तरह के सुखों का उपभोग करे ॥ २ ॥

शनैश्चरे पाकगतेऽथ जीवे दानं करोत्येव हि सर्वसौख्यम् ।
द्रव्यापहारं व्यसनादियुक्तं ज्वराभिघातं व्यसने च सौख्यम् ॥३॥

शनैश्चर की पाचक दशा यदि बृहस्पति के अन्तर्गत दिखाई दे तो आदमी इस दशाकाल में दान करे, सब प्रकार से सुखी रहे, कुछ द्रव्य चोर ले जाय, व्यसन वगैरह में लगा रहे, ज्वर से भी तकलीफ पावे, तथा नशीली चीजों के सेवन में अधिक रुचि रखे ॥ ३ ॥

सन्ध्या गुरोः पाकरविः स्वकाले धनागमं मित्रकलत्रकं च ।
[२]चिरं वसेद्देशविदूर एव लभेत्प्रतापं विजयं च सौख्यम् ॥ ४ ॥

बृहस्पति के अन्तर्गत सूर्य की पाचक दशा वर्त्तमान दिखाई दे तो जानना कि अपने दशाकाल में धन का आगम, मित्र एवं स्त्रियों के साथ सहानुभूति बढ़े, बहुत समय विदेश में रहा करे जहाँ प्रताप विवाद में जय तथा सौख्य का लाभ हो ॥ ४ ॥

तीर्थगमे भवेत्सौख्यं पुत्रमित्रसमागमः ।
धनलाभो भवेच्चैव गुरुपाके यदा शशी ॥ ५ ॥

यदि बृहस्पति की दशा में चन्द्रमा की पाचक दशा लगे तो, आदमी को तीर्थ जाने की इच्छा अधिक हो, सौख्य का लाभ, पुत्र एवं मित्रवर्गों का सङ्गम हो तथा धन की भी प्राप्ति होना आवश्यक जानना चाहिये ॥ ५ ॥

अग्निचौरभयं नास्ति धनप्राप्तिः पदे पदे ।
राजमानं गृहे सौख्यं जीवमध्ये कुजे गतिः ॥ ६ ॥

बृहस्पति के अन्तर्गत मङ्गल की पाचक दशा लगी रहे तो जानना कि इस दशाकाल के भीतर आदमी को अग्नि और चोर का भय कभी न होगा, जहाँ जाय वहीं धन का लाभ पद-पद में हुआ करे, किसी राजा के सहानुभूति हो जाने के कारण पूरा आदर पावे तथा अपने घर में भी सब तरह से सुखों का उपभोग करे ॥ ६ ॥

जीवान्तरगते सौम्ये पुत्रधान्यं गृहे सुखम् ।
माङ्गल्यं च भवेन्नित्यं वस्त्रप्राप्तं सुखं भवेत् ॥ ७ ॥

यदि बुध की दशा बृहस्पति के अन्तर्गत प्रतीत हो तो धन-पुत्र से हमेशः परिपूर्ण रहे, अपने घर में काफी सुख मिले प्रतिदिन कोई न कोई मङ्गल काम जरूर हुआ करे तथा बाहर से वस्त्रादि की भी प्राप्ति हो यह कहना चाहिये ॥ ७ ॥

पूर्वपाठ—२ चिरं वसेद्देशविदेशलाभं महत्प्रतापं ।

अथ शुक्रमध्ये शुक्रादीनामन्तर्दशाफलम्—

स्वपाककाले भृगुनन्दनोऽपि [1]हेमाम्बरं सौख्यचयं ददाति।
वस्त्रादिप्राप्तिं च सुखागमं च धनं लभेत्पुत्रसमन्वितं च ॥ १ ॥

यदि शुक्र की अन्तर्दशा में शुक्र ही की पाचक दशा लगी रहे तो जानना कि आदमी को उस प्रकरण में सुवर्ण, वस्त्र तथा अनेक प्रकार के सुख मिले, देववस्त्र (दुशाला वगैरहः) की भी प्राप्ति हो, धन-पुत्र भी पर्याप्त हों जिनके द्वारा यावज्जीव पूर्ण सुख का अनुभव करता रहे ॥ १ ॥

राज्याभिमानं सुखसम्पदं च [2]परोपकारव्ययमातनोति।
[3]शनैश्चरे शुक्रगते समेति मङ्गल्यकार्यं च सुखावहं च ॥ २ ॥

यदि शुक्र के अन्तर्गत शनैश्चर की पाचक दशा का अस्तित्व देखा जाय तो आदमी को अपने राज्य का अभिमान हो, सुख सम्पत्ति मिले, पराये के उपकार करने में दक्ष रहे, हर तरह से इन कामों में व्यय अधिक हो, मंगल काम कई नित्यप्रति हुआ करे जिनको करने में बड़ा सुख मिले ॥ २ ॥

कार्यनाशं गृहे सौख्यं भुञ्जन्ति प्रभवः सदा।
विपाके सूर्यशुक्रे च मानवो लभते फलम् ॥ ३ ॥

शुक्र के अन्तर में सूर्य की पाचक दशा के आने से कुछ कामों में विघ्न हो, अपने घर में सुख मिले, यही फल उस आदमी को प्राप्त होगा सो जानना चाहिये ॥ ३ ॥

ददाति वित्तं बहुसौख्ययुक्तं वस्त्राम्बरं रत्नसमुच्चयं च।
सौख्यार्थलाभं स्वगृहे च सौख्यं [4]यदा भवेच्छुक्रगतो हिमांशुः ॥४॥

जब शुक्र के अन्तर्गत चन्द्रमा की पाचक दशा वर्त्तमान देखी जाय तो आदमी को कई प्रकार से धन तथा सुख प्राप्त हो, वस्त्र-आभूषण, रत्न मिले, सौख्य एवं अर्थ का लाभ करे, अपने घर में भी पूर्ण सुख पावे, जैसा कि लिखा है ॥ ४ ॥

भृगोर्विपाके धरणीसुतोऽपि कार्यार्थलाभं [5]बहुलार्थयुक्तम्।
महत्प्रतापं सुखसङ्गमं च ददाति प्राप्नोति भयं कुतश्च ॥ ५ ॥

यदि शुक्र के अन्तर्गत मंगल की दशा दिखाई दे तो कार्य की सिद्धि, बहुत धनों का आगम, महा प्रताप की वृद्धि, सुख ये सब मिलें तथा कहीं से (या पृथ्वी-जमीन के कारण) एक ऐसा भय उपस्थित हो जिसमें इसे पूरी घबड़ाहट आजाय ॥५॥

पूर्वपाठः—१ हेमाम्बरं सौख्यददाति नित्यम्। २ परोपकारी व्ययमाप्नुवन्ति।
३ मित्रादितो व्ययव्यसनैः समेतं। ४ यदा भवेच्छत्रुगतो हिमांशुः।
५ कार्यार्थलाभं बहुअर्थयुक्तम्।

ददाति मौक्तिकं चैव सुखसौभाग्यपुत्रकम्।
कन्याजन्म गृहे सौख्यं भृगुमध्यगते बुधे॥ ६॥

जिसको शुक्र के अन्तर्गत बुध की पाचक दशा प्रारम्भ हो उसे मोती, सुख सौभाग्य एवं पुत्र की उपलब्धि होती है, उसके घर में एक कन्या का जन्म भी हो, तथा अन्यान्य सुख भी आदमी को प्राप्त होता है॥ ६॥

सुखं करोति सौभाग्यं व्यवहारे महासुखम्।
लाभः कार्यस्य सिद्धिः स्याच्छुक्रमध्यगते गुरौ॥ ७॥

यदि शुक्र के अन्तर्गत बृहस्पति की पाचक दशा दिखाई दे तो सुख, सौभाग्य मिले किसी भी लौकिक व्यवहार में पदार्पण करने से पूरा मान-सुख प्राप्त करे, आर्थिक लाभ भी हो तथा अपने अभिलषित कामों की सिद्धि भी होती है॥ ७॥

अथ शनिमध्ये पाचकफलम्—

शनेर्विपाके कुरुतेऽभिमानं महत्सुखं लौहगताभिवृद्धिः[1]।
लाभं प्रतापं च शरीरकष्टं प्रान्ते ददात्येव हि सूर्यपुत्रः॥ १॥

यदि शनैश्चर के अन्तर्गत उसी की पाचक दशा वर्त्तमान देखी जाय तो आदमी को किसी बात पर अभिमान हो, बड़ा सुख मिले, लोहा आदि धातुओं की खरीद-बिक्री से आर्थिक लाभ अधिक हो, प्रताप बढ़े तथा अन्त में कुछ शारीरिक कष्ट आजाय॥१॥

धनहानिर्भवेन्नित्यं हानिशोकौ भयं तथा।
विदेशभ्रमणं शीलं शनेः पाके गतो रविः॥ २॥

जिसको शनैश्चर के अन्तर्गत सूर्य की पाचक दशा देखी जाय उसको धन ही हानि प्रतिदिन एक न एक हानि या शोक, तथा भय, विदेश में अधिक समय भ्रमण करना परन्तु अच्छे शील स्वभाव इत्यादि फल होते हैं॥ २॥

सुखदं रोगनिर्मुक्तं लाभदं[2] हानिदं तथा।
करोति शनिपाके [3]चेच्चन्द्रमाः सुव्यवस्थितः॥ ३॥

चन्द्रमा को शनैश्चर के बीच में रहने से याने शनैश्चर के अन्तर में यदि चन्द्रमा की पाचक दशा वर्तमान देखी जाय तो सुख मिले, शरीर में रोग रहे तो उसे दूर कर खूब स्वस्थ बन जाय, लाभ, एवं हानि भी यथासमय हुआ करे, सो जानना चाहिये॥३॥

महीसुतेऽन्तरगते [4]कलहं समुपद्रवः।
अग्निदाहं ज्वरं तीव्र विफलं सुकृतं भवेत्॥ ४॥

यदि शनि के अन्तर्गत मङ्गल की पाचक दशा उपस्थित प्रतीत हो तो जानना

पूर्वपाठः—१ लौहगतादिवृद्धिः। २ लाभदं हानिजं तथा।
३ च चन्द्रमसोऽन्तर्गते रवौ। ४ कलहं च उपद्रवः विकलं विगतं भवेत्।

चाहिये कि समाज में कलह होगा, कई उपद्रव होंगे, अग्नि के द्वारा घर वगैरह जल जाय, अवसर पाकर बड़ा कष्टकारक ज्वर भी हो तथा इस अवस्था में किया हुआ भी धर्म सब विफल हो जाय ॥ ४ ॥

सौरान्तरर्गते सौम्ये राजमानं करोति च।
मध्यसम्पत्तिमद्गेहं कार्यप्राप्तिः सुवस्त्रदम् ॥ ५ ॥

बुध की पाचक दशा को शनि के अन्तर्गत पड़ने से जातक को राज-दरबार से मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि हो, घर में मध्यम तरीके की सम्पत्ति रहे अर्थात् न ज्यादा न कम, सामान्य कहें, अभिलषित कामों की सिद्धि एवं सुन्दर बहु मूल्य वस्त्रों का लाभ हो ॥५॥

करोति जीवो बहुबुद्धिसौख्यं राज्याभिधं देशपुराधिपत्यम्।
परोपकारं सुखसम्पदश्च करोति सौरे च गुरुः सदैव ॥ ६ ॥

यदि बृहस्पति की पाचक दशा शनैश्चर के अन्तर्गत दीख पड़े तो आदमी को अच्छी बुद्धि, पूर्ण सुख एवं राज्य मिले, किसी देश या नगर में पूरा अधिकार इसी का रहे, पराए के उपकार करने में दत्तचित्त रहे तथा स्वयं सुख-सम्पत्तियों से हमेशः परिपूर्ण रहते आनन्द मनावे ॥ ६ ॥

ददाति वित्तं भृगुनन्दनः सुखं सुखार्थविद्यागमनं भवेत्स्वयम्।
सुनिर्मलं बाहुप्रतापयुक्तं [2]विदेशयाने च नरः सुखं लभेत् ॥७॥

जिस आदमी को शनैश्चर की दशान्तर्दशा के मध्य में शुक्र की पाचक दशा लगी रहे उसे धन, सुख, विद्या इनकी प्राप्ति अनायास हो जाती है। बाहु-बल का प्रताप इतना लोक में बढ़े कि इसके समान और कोई न उस प्रान्त में दिखाई पड़े, अधिक समय विदेश आने जाने में उसे अधिक प्रसन्नता का अनुभव हो सो जानना चाहिये ॥७॥

अथ योगिनीदशाविवरणम्—

नत्वा गणेशं गिरमब्जयोनिं विष्णुं शिवं सूर्यमुखान् ग्रहेन्द्रान्।
वक्ष्ये स्फुटं सूर्यकृताद्यशास्त्राद्दशाक्रमं वा किल योगिनीजम् ॥१॥

अब योगिनी दशा का विचार करते हैं—पहले गणेश, सरस्वती, ब्रह्मा, विष्णु, महादेव एवं सूर्य आदि नवग्रहों को साष्टाङ्ग प्रणाम करके सूर्यकृत ग्रन्थों के आधार पर योगिनी का दशाक्रम कहता हूँ जिसको जानने से सब बातों की स्पष्टता हो जायगी ॥१॥

आदौ जनस्य विधिवत् [3]प्रसवं विचार्य
संवत्सरर्त्वयनमासदिनर्क्षकालैः।
[4]यस्मिन् दिने भवति जन्म जनस्य सम्यक्।
तद्भं पिनाकनयनैः सहितं विधेयम् ॥२॥

पूर्वपाठः—१ मध्यसम्पत्यगेहे च। २ विदेशगमने च नरः सुखं लभेत्। ३ अथ जनस्य विधिवत् प्रसवं विचार्य। ४ यस्मिन् भवेद्दिवसभे जननं जनस्य।

[1]गौरीशमूर्त्या विभजेच्च शेषं यत्संख्यकं सैव दशा जनस्य ।
यया जनः कर्मफलस्य पक्तिः शुभाशुभस्य स्फुटतामुपैति ॥३॥

जिस जातक के लिए योगिनी-दशा का विचार करना हो उसके जन्मकालीन वर्ष, मास, अयन, तिथि, नक्षत्र, योग आदि ठीक २ नियत करके उस जन्मनक्षत्र की संख्या में तीन मिलाकर आठ से भाग दें तब जो शेष रहे तदनुसार मंगला-पिंगला आदि आठो योगिनी का निर्णय करें जिस योगिनी के फलानुसार अपने २ कर्मफल (शुभ या अशुभ) का उपयोग मनुष्य करेगा उसका पता चलता है। उदाहरण—जैसे किसी का जन्म नक्षत्र पुष्य है जो कि अश्विनी से गिनने पर ८ हुआ, इसमें ३ और मिलाया तब ११ हुआ, इसमें ८ से (योगिनी की संख्या आठ ही है इसलिए) भाग दिया तो लब्धि १ (अनपेक्षित) आई, शेष ३ रहा अतः क्रमानुसार गिनने से धान्या योगिनी की दशा जन्मसमय में आई, ऐसे और उदाहरण में भी क्रिया करनी चाहिये ॥ २-३ ॥

अथ दशानामानि—

मङ्गला पिङ्गला धान्या भ्रामरी भद्रिका तथा ।
उल्का सिद्धा सङ्कटा च-एतासां नामवत्फलम् ॥ ४ ॥

१ मङ्गला, २ पिङ्गला, ३ धान्या, ४ भ्रामरी, ५ भद्रिका, ६ उल्का, ७ सिद्धा और ८ सङ्कटा ये आठों योगिनी हैं, इनके अनुसार शुभाशुभ फल जाने, अर्थात् मङ्गला, धान्या, भद्रिका एवं सिद्धा ये चार शुभ और शेष चार अशुभ फल को देनेवाली हैं ॥४॥

एकं द्वौ गुणवेदबाणरससप्ताष्टाङ्कसंख्याः क्रमात्
स्वीयस्वीयदशा विपाकसमये ज्ञेयं शुभं वाऽशुभम् ।
[2]षट्त्रिंशैर्विभजेद्दिनीकृतमथैकद्वित्रिवेदेषुषट्
सप्ताष्टघ्नदशा भवेयुरिति ता एवं दशान्तर्दशाः ॥५॥

एक, दो, तीन, चार, पांच, छः, सात तथा आठ इस प्रकार क्रम से मंगला आदिक योगिनी का महादशावर्ष कहा गया है, याने मंगला का एक १ वर्ष, पिंगला का २ वर्ष, धान्या का ३ वर्ष, भ्रामरी का ४ वर्ष, भद्रिका का ५ वर्ष, उल्का का ६ वर्ष, सिद्धा का ७ वर्ष और सङ्कटा का ८ वर्ष महादशा—काल होता है, इतने २ वर्ष तक उन योगिनिओं का शुभाशुभ फल रहेगा। इस पर से अन्तर्दशा लाने के लिए— महादशा वर्ष को ३६० से गुणा कर दिनात्मक बनावें और उसमें ३६ का भाग दें तब जो लब्धि हो उसे गुण्य या ध्रुवांक समझे, बाद जिस योगिनी का अन्तर लाना अपेक्षित हो उसके दशावर्ष से गुण दें तो उसकी अन्तर्दशा के दिन हो जायंगे। इस प्रकार एक से गुणने पर मङ्गला का, दो से गुणने पर पिंगला का एवं और भी गुणकाङ्कों के द्वारा अन्तर्दशा काल आवेगा ॥ ५ ॥

१ गौरीशमूर्त्या विभजेच्च शेषं। (तत्र गौरीशमूर्त्या अष्टसंख्ययेत्यर्थो बोध्यो यतोऽष्टमूर्त्तिः शिवः प्रसिद्ध एवेति)। २ षट् कृत्वा विभजेच्च षट्कृतिरसैकद्वि—

गतर्क्षनाडी गुणिता दशाब्दैः सर्वर्क्षनाडीविहृता फलं यत् ।
वर्षादिकं भुक्तफलं ततश्च भोग्यं दशाब्दात्प्रविशोध्य लेख्यम् ॥६॥

सर्वप्रथम जन्मकालीन नक्षत्र का भयात और भभोग ठीक तौर से बनाकर जिस योगिनी की महादशा में जन्म सिद्ध भया हो उसके महादशावर्ष से गुणा दें (यदि भयात भभोग में दण्ड-पल दोनों टुकड़े हों तब प्रथम खण्ड साठ से गुणा कर अग्रिम खण्ड जोड़ देने से पलात्मक बन जायगा, इस तरह दोनों को पलात्मक बनाकर अग्रिम क्रिया करने में सुगमता होती है और विकार भी कुछ नहीं आता) और भभोग से भाग दे तब जो लब्धि आवे वही उस योगिनी का भुक्त होगा, उसे महादशा—वर्ष में घटाने से शेष भोग्य काल रहेगा अर्थात् भुक्त के तुल्य जन्मकाल से पहले ही गुजर गया है और भोग्यकाल के समान जन्मसमय के आगे बीतेगा, यह सिद्ध होता है ॥ ६ ॥

उदाहरण—जैसे किसी आदमी के जन्मकालीन भयात = १५।३० और भभोग = ६०।५० तथा जन्मदशा भद्रिका की है अतः सुभीता के लिए पहिले भयात—को पलात्मक बनाया तो क्रम से भयात=७३० और भभोग=३६५० हुआ, अब भयात ७३० को भद्रिका के वर्ष ५ से गुणा कर ४६५० भभोग ३६५० से भाग देने के लिए न्यासः—

```
३६५०)४६५०(१।३।८।३७।४७ = लब्धि=भुक्तदशा ।
     ३६५
     ----
     १०००
     × १२
    -------
३६५०) १२००० (३
      १०९५०
      -----
      १०५०
      × ३०
    -------
३६५०) ३१५०० (८
      २९२००
      -----
      २३००
      + ६०
    -------
३६४०) १३८००० (३७
      १०९५०
      -----
      २८५००
      २५५५०
      -----
      २९५०
      × ६०
    -------
३६५०) १७७००० (४८
      १४६००
      -----
      ३१०००
      २९२००
      -----
      १८००–शेष ( अनपेक्षित )
```

इस प्रकार भुक्तदशा-वर्षादि १।३।८।३७।४८ आई, इसी को महादशावर्ष ५ में घटा दिया तो भोग्यदशा = ३।८।२१।२२।१२ हुई, ऐसे ही सर्वत्र गणित के द्वारा भुक्त-भोग्य लाना चाहिये ॥ ६ ॥

अथ मङ्गलादियोगिनीमहादशाफलम्—

सद्धर्मे द्विजदेवगोपुरजनोत्कर्षप्रदात्री नृणां
नानाभोगयशोऽर्थसन्नृपे-पराश्वेभाङ्गजाप्तिप्रदा ।
सन्माङ्गल्यविभूषणाम्बरचयस्त्रीभोगसंदायिनी
ज्ञानानन्दकरी दशा भवति सा ज्ञेया सदा मङ्गला ॥१॥

जिस आदमी को मङ्गला योगिनी की महादशा आवे उसकी प्रवृत्ति अच्छे धर्म में हो, ब्राह्मण, देवता, गौ एवं ग्राम के साथ सहानुभूति करने में मन लगे, अनेक प्रकार के भोग-विलास में लिप्त रहे, यश एवं धन पर्याप्त मिले, किसी उदार राजा के यहाँ से घोड़े, हाथी एवं पुत्र की भी प्राप्ति हो, कई मंगल काम उसके घर में हों, उत्तम २ बहुमूल्य वस्त्र, अलङ्करण एवं स्त्रियों के साथ सम्भोग प्राप्त हो, सन्मार्ग के ज्ञान से बड़ा आनन्द का अनुभव करे इस प्रकार यह मङ्गला की दशा जातक के लिए सदैव मंगल करने वाली होती है ॥ १ ॥

स्यात्पुंसा यदि पिङ्गला प्रसवतो हृद्रोगशोकप्रदा
नानारोगकुसंगदेहमनसो व्याध्यर्दितार्तिप्रदा ।
तृष्णासृग्ज्वरपित्तशूलमलिनस्त्रीपुत्रभृत्याप्तस-
न्मानध्वंसकरी धनव्ययकरी सत्प्रेमहन्त्री खला ॥२॥

यदि पिङ्गला योगिनी की दशा लगी रहे तो जानना कि उस पुरुष के हृदय में कोई रोग हो, अधिक समय शोक की बातें आया करे, और भी कई रोगों के आने की सम्भावना रहे, खराब चरित्र वाले आदमियों के संसर्ग से शारीरिक एवं मानसिक दोनों प्रकार की पीड़ायें हो, वस्तुमात्र की तृष्णा बढ़े, रक्त के विकार से या कभी पित्त के बिगड़ने से ज्वर आ जाय, हृदय में या और किसी ऐसी जगह पर शूल हो, मलिन (उदास) रहा करे, स्त्री-पुत्र-नौकर वगैरह से जो पहले आदर मिलता रहे सब नष्ट हो जाय, याने इस हालत में सभी लोग उसका अपमान करने लगें, धन का भी व्यय इस पर्यय में अधिक करना पड़े, अच्छे २ लोगों के साथ जो प्रेम रहा हो सब खतम हो जाय, तथा हर तरह से इसे हानि पहुँचे ॥ २ ॥

पूर्वपाठः—१ द्विजदेवगोपुर-मनोत्कर्षप्रदात्री । २ पराश्वेभांगजाप्तिप्रदा ।
३ सन्माङ्गल्यविभूषणाम्बरवयः स्त्रीभोग० । ४ कृष्णासृग्ज्वरपित्त०

धान्या धन्यतमा धनागम सुखव्यापारभोगप्रदा
पुंसां मानविवृद्धिदा रिपुगणप्रध्वंसिनी सौख्यदा ।
विद्याराजजन प्रबोधसुरतज्ञानाङ्कुरोद्वर्द्धिनी
सत्तीर्थामरसिद्धसेवनरतिर्लभ्या दशा भाग्यतः ॥ २ ॥

जब किसी आदमी को धान्या योगिनी की दशा आती है तब वह समाज में सबसे धन्य माना जाता है, धनों का चारों तरफ से आगमन एवं सुख मिलता है, आदर—मान की वृद्धि होती है, उसके जितने शत्रु लोग रहते हैं सब योंही इस दशाकाल में नष्ट हो जाते हैं, सर्वतः सौख्य की उपलब्धि होती है, विद्या, राजाओं से परिचय, विलासिताओं का ज्ञान एवं अन्यान्य बुद्धिमत्ता को भी बढ़ाती है, अच्छे २ तीर्थ, आश्रम, देवता, सिद्धलोगों की कुटी में भ्रमण करने की अभिरुचि आती है, अर्थात् बड़े भाग्य से ऐसी दशा का शुभागमन मानना चाहिये ॥ ३ ॥

दुर्गारण्यमहीधरोपगहरारामातपव्याकुला
दूराद्दूरतरं भ्रमन्ति मृगवत्तृष्णाकुलाः सर्वतः ।
भूपालान्वयजा दशामधिगता ये वै नृपा भ्रामरी
स्वं राज्यं प्रविहाय ते स्फुटतरं क्ष्माधो लुठन्ते मुहुः ॥४॥

यदि किसी जातक को भ्रामरी योगिनी की महादशा वर्त्तमान हो तो जानना चाहिए कि दुर्गस्थान (जहाँ पर सेना का गुप्त निवास रहता है), जङ्गल, पर्वत, उपत्यका, तालाब, बगीचा इनमें घूमने-फिरने से व्याकुल रहे, दूर से दूर तक तृष्णा से पीड़ित होकर मृग की तरह व्यर्थ भ्रमण करे, अगर साक्षात् राजवंश का भी जातक हो तो भी इस दशा में आकर सब अपना राज्य-पाट छोड़ कर व्यर्थ घूमते फिरते रहने कें कारण जहाँ-कहीं योंही कुश-कास से आवृत खुले मैदान पर सोया करे, आशय यह कि इस भ्रामरी की दशा में राजोचित सुख-सम्मान छोड़ कर व्यर्थ जहाँ-तहाँ घूमा करे जहाँ कि पूरी तकलीफ के साथ दिन काटने पड़ें ॥ ४ ॥

सौहार्दं निजवर्गभूसुरसुरेशानां सुहृन्मान्यता
माङ्गल्यं गृहमण्डलेऽखिलमुखव्यापारसक्तं मनः ।
राज्यं चित्रकपोलपालितिलकासप्ताङ्गनाभिः समं
क्रीडामोदभरो दशा भवति चेत्पुंसां हि भद्राभिधा ॥५॥

जिस जातक को जब कभी भद्रिका योगिनी की महादशा आवे तब जानना कि उस अवधि के भीतर अपने परिवारों में और ब्राह्मण-समाज में सौहार्द भाव (मैत्री)

पूर्वपाठः—१ प्रबोधसुरता ज्ञानाङ्कुरान् । २ भाग्यगाः ।
३ सौहार्द निजवर्गभू सुरसुरेशावा सुहृतन्मानता । ४ समः ।

बढ़े, मित्रों के यहाँ मान्य समझा जाय, घर में अक्सर मङ्गल काम हुआ करे, किसी व्यापार में उसका मन हमेशः लगा रहे, सात राज दाराओं के साथ स्वर्गोपम सुख का अनुभव अपने ही राज्य में प्राप्त हो, तथा विलासिता की भरपूर से बड़ा प्रसन्न रहे जैसा कि इस दशा के वर्णन में पुराने ऋषि-मुनियों का कथन है ॥५॥

उल्का चेदिह योगिनी गुरुदशामानार्थगोवाहन-
व्यापाराम्बरहारिणी नृपजनक्लेशप्रदा नित्यशः ।
भृत्यापत्यकलत्रवैरजननी रम्यापहन्त्री नृणां
हृन्नेत्रोदरकर्णदानपदजो रोगः स्वदेहे भृशम् ॥ ६ ॥

उल्का योगिनी की महादशा में आदमी को मान (प्रतिष्ठा), धन, गाय, घोड़े-हाथी-मोटर वगैरह, वस्त्र, इत्यादि सभी नष्ट हो जाय राजाओं की तरफ से कष्ट पावे, नौकर, पुत्र-कन्या, स्त्री इन लोगों के साथ भी शत्रुता हो जाय, हृदय, नेत्र, पेट, कान, एवं पाँव इनमें रोग हो, और अनेक व्याधियाँ उसके शरीर में आकर घिरे रहें ॥६॥

सिद्धा सिद्धिकरी सुभोगजननी मानार्थसंदायिनी
विद्याराजजनप्रतापधनसद्धर्माप्तसज्ज्ञानदा ।
व्यापाराम्बरभूषणादिकसुतोद्वाहादिमांगल्यदा
सत्सङ्गान्नृपदत्तराज्यविभवो लभ्या दशा पुण्यतः ॥७॥

जिस जातक की सिद्धा योगिनी की महादशा आवे उसे कार्य मान सिद्धि प्राप्त हो अच्छे पदार्थों का उपभोग करने का अवसर मिले, मान (आदर), धन का आगमन हो, विद्या तथा राजाओं के समान प्रताप, धन द्वारा धर्म एवं अविकल ज्ञान की वृद्धि हो, व्यापार में वस्त्र आभूषणों का अधिक लाभ हो, सदैव उसके घर पुत्र की शादी वगैरह अन्यान्य भी कई मङ्गल काम हुआ करे, किसी राजा के साथ गम्भीर प्रेम होने के कारण प्रसन्नता से कुछ राज्य सम्पत्ति भी मिले, शब्दान्तर से यह दशा बड़े भाग्य एवं पुण्य से मनुष्य के लिए उपस्थित होती है ॥ ७ ॥

राज्यभ्रंशाग्निदाहो गृहपुरनगरग्रामगोष्ठेषु पुंसां
तृष्णारोगाङ्गधातु-क्षयविकृतिरथो पुत्रकान्तावियोगः ।
चेत्स्यान्मोहोऽरिभीतिः कृशतनुलतिकासङ्कटाया विरोधो
नो मृत्युर्जन्मकालाद्यमपि हि विना सङ्कटं योगिनीजम् ॥८॥

यदि सङ्कटा योगिनी की महादशा का प्रारम्भ हो तो जानना चाहिए कि इस

पूर्वपाठः--१ उल्का चेद्यदि । २ महादशेति ।
३ सद्धर्माप्तजनज्ञानदा । ४ सुतोद्वाहोपि माङ्गल्यदा ।
५ ग्रहपुरनगरधामगोष्ठेपु । ६ तृष्णारोगाङ्गधातोः क्षणविकृति-

दशाकाल में जातक के राज्य का नाश होगा घर-नगर-ग्राम, गोशाला, वगैरह में अग्नि-दाह याने इनको अग्नि से जल जाने की आशङ्का होगी, तृष्णा की अधिकता से कोई रोग हो जाय, धातुक्षय हो, कभी-कभी थोड़ी देर के लिए शरीर विकृत (खराब) हो जाय, पुत्र एवं स्त्री से वियोग हो याने उनको छोड़ कर अन्यत्र रहना पड़े, मोह हो, शत्रुओं से भय हो, शरीर में कृशता आजाय, जन्म से लेकर मृत्युकाल तक (अन्दाज से दशारम्भ से दशान्त तक) प्राण को भी सङ्कट में रहने की अवस्था आती रहे ॥ ८ ॥

भ्रामर्यां च तथोल्कायां [1]सङ्कटान्तर्दशा यदि ।
तदा तु यमराजस्य [2]सदनं प्राप्यते नृभिः ॥ ९ ॥

जिस आदमी को भ्रामरी या उल्का की महादशा में सङ्कटा का अन्तर वर्त्तमान प्रतीत हो वह निश्चय कर उसी कारण से मृत्यु पावेगा, या शुभग्रहों की दृष्टि के वश से मृत्यु के समान कष्ट होगा इसमें सन्देह करने का अवसर नहीं है ॥ ९ ॥

अथ मङ्गलान्तरफलम्—

[3]मित्रपुत्रकलत्राङ्गव्यापारसुखदायिनी ।
[4]मङ्गलान्तर्गता नित्यं मङ्गला मङ्गलप्रदा ॥ १ ॥

यदि मङ्गला की महादशा में मङ्गला ही की अन्तर्दशा रहे तो मित्र–पुत्र–स्त्री आदि को किसी व्यापार के सहारे पूर्ण सुख पहुँचावे, तथा हरेक दिन कोई न कोई मङ्गल कार्य उसके यहाँ हुआ करे ॥ १ ॥

कलहः स्वजनैः सार्द्धं [5]मानसोद्वेग एव हि ।
विविधार्त्तिप्रदा नित्यं पिंगला मंगलां गता ॥ २ ॥

यदि मङ्गला के अन्तर्गत पिङ्गला दीख पड़े तो जानना कि जातक को अपने परिवारों के साथ झगड़ा हो, मन में किसी प्रकार का प्रबल उद्वेग लगा रहे, विविध प्रकार की पीड़ाएँ हुआ करें ॥ २ ॥

गजाश्वगोधनप्राप्तिः सुतमित्रसुखं महत् ।
विलासो विविधः पुंसां धान्या [6]चेन्मङ्गलां गता ॥ ३ ॥

यदि मंगला की महादशा में धान्या का अन्तर वर्त्तमान हो तो हाथी, घोड़े, गौ आदि धनों की प्राप्ति हो, तथा अनेक प्रकार के भोग–विलास भी करने का मौका मिले ॥ ३ ॥

पूर्वपाठः—१ सङ्कटान्तर्गता भवेत् । २ सदनं प्रार्थते नृणाम् ।
३ अत्रान्तर्दशाप्रसङ्गे प्रत्यन्तर्दशानयनमपि—
स्वीस्वीदशाया दिवसादिनिघ्ना स्वान्तर्दशायादिवसैः क्रमेण ।
षड्भिर्विभक्ता घटिकास्तथा च स्युर्मङ्गलाद्याः क्रमशो नितान्तम् ।
४ मङ्गलास्यर्थदा जाता । ५ मानसोद्वेगमेव हि । ६ स्यान्मङ्गलां गता ।

स्त्रीमित्रकलहो नित्यं प्रवासो धननाशनम् ।
नरेन्द्रैः सह साङ्गत्यं भ्रामरी मङ्गलां गता ॥ ४ ॥

जिसको मङ्गला की महादशा में भ्रामरी योगिनी की अन्तर्दशा लगे उसे जानना चाहिए कि स्त्री, मित्र इनसे कलह हो, बहुधा अधिक समय विदेश में रहा करे, धन की घटती हो तथा कई राजाओं के साथ सहानुभूति प्राप्त करे ॥ ४ ॥

धनधान्यसुतस्त्रीभिः प्रीतिः स्यात्स्वजनैः सह ।
प्रमोदः सुरभिज्ञो वा भद्रा चेन्मङ्गलां गता ॥ ५ ॥

यदि भद्रिका की अन्तर्दशा मंगला की दशा में पड़े तो जानना चाहिये कि जातक धन–धान्य, पुत्र एवं स्त्री तथा अपने बन्धुवर्ग सभी के साथ प्रेम के सङ्ग बर्ताव करे, बड़ा आनन्द प्राप्त हो, तथा हर तरह की हर्ष-प्रद आवश्यकताओं से पूर्ण परिचित होकर सदैव मस्त रहा करे, ॥ ५ ॥

धनकीर्तिसुतोद्वेगस्त्रीमित्रपशुपीडनम् ।
भूपतेर्हानिदा नित्यमुल्का स्यान्मङ्गलां गता ॥ ६ ॥

यदि मङ्गला की महादशा में उल्का का अन्तर दिखाई दे तो जानना कि उस आदमी को धन एवं किसी कीर्ति और पुत्र के सम्बन्ध में बड़ा उद्वेग लगा रहे, स्त्री, मित्र तथा पशुओं को पीड़ा हो, एवं अपने राजा की तरफ से भी पीड़ा आने का भय सदैव रहा करे ॥ ६ ॥

भवेत्पुत्रधनस्त्रीभिर्विलासो विविधं सुखम् ।
बन्धुमित्रसमायोगः सिद्धा चेन्मङ्गलां गता ॥ ७ ॥

जिसको मङ्गला की महादशा में सिद्धा की अन्तर्दशा व्यवस्थित देखी जाय उसे पुत्र, धन तथा स्त्री इस करके पूरा विलास प्राप्त हो, अनेक प्रकार के सुख मिले, प्रिय मित्र तथा बन्धुवर्गों का शुभागमन हो, ऐसा आचार्यों का आदेश है ॥ ७ ॥

जलाग्निचौरभूपालपीडनं कलिवर्द्धनम् ।
मृत्युतुल्यं तथा ज्ञेयं सङ्कटा मङ्गलां गता ॥ ८ ॥

यदि मङ्गला की महादशा में सङ्कटा का अन्तर वर्तमान प्रतीत हो तो जानना कि जल में बुड़ने से, अग्निदाह से, चोरों के द्वारा वस्तुओं के नष्ट होने से तथा राजा की अप्रसन्नता से कई पीड़ायें आजायँ. लोगों के साथ प्रचलित विवाद खूब बढ़े, तथा मृत्यु के समान कभी २ कष्ट हुआ करे जैसा कि ऋषियों का कथन है ॥ ८ ॥

अथ पिङ्गलान्तर फलम्—

पिङ्गला स्वदशां प्राप्ता रुक्छीतव्यसनार्त्तिदा ।
मानसोद्वेगसन्तापक्लेशभ्रमणदा मता ॥ १ ॥

यदि पिङ्गला योगिनी की महादशा में उसीकी अन्तर्दशा लगी रहे तो जानना कि

जातक को रोग, शोक, पीड़ायें होंगी, मन में एक प्रकार का उद्वेग रहेगा, सन्ताप होगा, तथा अनवसर में भी व्यर्थ जहाँ-तहाँ भ्रमण करने की रुचि बढ़ेगी ॥ १ ॥

[1]धान्या धान्यार्थदात्री च विलाससुतकामदा।
पिङ्गलान्तर्गतारण्यरमणीसुखदा नृणाम् ॥ २ ॥

धान्या की अन्तर्दशा यदि पिङ्गला के मध्य में पड़े तो धन-धान्य मिले, भोग विलास पुत्र तथा अभिलषित कामों की सिद्धि प्राप्ति हो, वन-प्रदेश में घूमने से और परम सुन्दरी रमणियों के साथ विलासिता से जातक को अपूर्व सुख मिले ॥ २ ॥

देशत्यागो गृहग्रामपुरलोकधनक्षतिः।
कलहः स्वजनैः सार्द्धं भ्रामरी पिङ्गलां गता ॥ ३ ॥

जिस आदमी को पिङ्गला योगिनी की महादशा में भ्रामरी का अन्तर आवे उसे अपने देश छोड़कर विदेश जाना पड़े, घर गाँव, लोक एवं धन की क्षति हो, तथा अपने परिवारों के साथ बड़ा विवाद के कारण बिलकुल अनबन हो जाय ॥ ३ ॥

भद्रा भद्रकरी प्रोक्ता पिङ्गलान्तर्गता यदा।
स्थानान्तरात्पुत्रकीर्तिर्व्यापारे धनलाभदा ॥ ४ ॥

पिङ्गला की दशा में भद्रिका का अन्तर आने से सर्वतः आदमी को कल्याण की बात आने लगती हैं, पुत्र एवं कीर्ति की अधिकता हो, तथा बाहर (किसी स्थान) में व्यापार करने से बड़ी सम्पत्ति का लाभ करे (परन्तु घर पर नहीं) सो जानना चाहिये ॥ ४ ॥

उल्कादशा यदा पुंसां पिङ्गलामध्यतो भवेत्।
विग्रहो बन्धुभिः सार्द्धं राजचौरजनार्दनम् ॥ ५ ॥

जिस जातक को पिङ्गला के अन्तर्गत उल्का दशा लगी प्रतीत हो उसे अपने परिवार या बन्धुवर्गों से हमेशः झगड़ा हुआ करे तथा राजा और चोरों के द्वारा बड़ी पीड़ा पावे ॥ ५ ॥

सिद्धिदा मन्त्रयन्त्राणां सिद्धा धान्यधनप्रदा।
[2]पिङ्गलामध्यगा पुंसां कासश्वासप्रमेहदा ॥ ६ ॥

यदि पिङ्गला की महादशा में सिद्धा की अन्तर्दशा वर्त्तमान देखी जाय तो जानना चाहिए कि जातक को उस पर्यय में बहुत मन्त्र—यन्त्रों की सिद्धि प्राप्त होती है, धन-धान्य का भी आगम होता है, तथा कासश्वास, प्रमेह आदि बीमारियाँ भी समय पाकर आजाती हैं जैसा कि प्राचीन आचार्य लोगों का आदेश है ॥ ६ ॥

पूर्वपाठः—१ धन्या धान्यार्थदात्री च।
२ पिंगला मध्यमा पुंसां।

पिङ्गलान्तर्यदा जाता सङ्कटा धनहानिदा ।
दुष्टव्याधिविरोधित्वं शत्रुराजभयं तथा ॥ ७ ॥

जब पिंगला योगिनी की महादशा में सङ्कटा की अन्तर्दशा विद्यमान हो तब जानना कि धन—धान्य की हानि हो, बड़ी कठिन बीमारी हो, कई आत्मीय लोगों के साथ विरोध भी हो, एवं राजा तथा शत्रुओं की तरफ से भय उपस्थित हो ॥ ७ ॥

मंगला विविधव्याधिशोकमोहभयार्तिदा ।
पिङ्गलान्तर्गता [1]पुंसामायुःक्षयकरी तथा ॥ ८ ॥

जिस आदमी को पिंगला की महादशा में मङ्गला की अन्तर्दशा वर्त्तमान दीख पड़े उसे जानना चाहिए कि अनेक तरह की व्याधि, शोक, मोह, भय तथा पीड़ा हो एवं आयु की घटती हो याने थोड़े ही दिनों तक इस संसार में रहकर परलोक-यात्रा करनी पड़े जैसा की आचार्यों का कहना है ॥ ८ ॥

अथ धान्यादशान्तरफलम्—

धान्या स्वीयदशा प्राप्ता भूग्रामधनधान्यदा ।
[2]नृपस्वजनपुत्रस्त्रीसुखं स्याद्विविधं नृणाम् ॥ १ ॥

यदि धान्या की महादशा में उसी की अन्तर्दशा लगी रहे तो जमीन, गाँव, धन—धान्य मिले, राजा की तरफ से, अपने परिवारों द्वारा, स्त्री एवं पुत्र के कर्त्तव्य से, विविध सुख प्राप्त हो, अर्थात् इस अन्तर—काल में हर तरह से आदमी प्रसन्न रहता है सो जाने ॥ १ ॥

धान्यान्तर्भ्रामरी चेत्स्याद्भ्रमणक्लेशहानिदा ।
अन्यस्थानाश्रयाल्लाभः स्वजनैश्च विरोधिता ॥ २ ॥

जिस आदमी को धान्या के अन्तर्गत भ्रामरी पड़े उसे अधिक समय इधर-उधर घूमने के कारण बड़ा क्लेश एवं आर्थिक हानि भी हो, गाँव को छोड़ कर बाहर जाने से पराये के आश्रय में रहने पर लाभ काफी हो, किन्तु अपने परिजनों के साथ विरोध रहा करे ॥ २ ॥

भद्रा सौभाग्य जननी गृहमित्रसुखप्रदा[3] ।
धान्यान्तर्नृपमन्त्रीशवाहनाम्बरभूमिदा ॥ ३ ॥

यदि धान्या की महादशा में भद्रिका का अन्तर दिखाई दे तो जानना कि सौभाग्य बढ़े, घर एवं मित्रों के सहारे सुख पर्याप्त मिले, राजा या राजा के मन्त्री की तरफ से वाहन (मोटर, साइकिल वगैरह) वस्त्र तथा जमीन की भी प्राप्ति हो, इसमें सन्देह नहीं है ॥ ३ ॥

पूर्वपाठः—१ पुंसां मासलिद्धिकरी तथा । २ नृपस्वजनस्त्रीपुत्र ।
३ ग्रहामित्रसुखप्रदा ।

विविधं कष्टमुत्पातमुल्का धान्यान्तरं गता।
तत्र हृत्कटिशूलादिपीडनं धननाशनम् ॥ ४ ॥

जिसको धान्या की दशा में उल्का का अन्तर व्यवस्थित देखा जाय उसको अनेक प्रकार के कष्ट झेलने पड़ें, उत्पात हो, हृदय में, कटिप्रदेश में शूल (दर्द) हो, तथा धन का भी अन्त हो जाय ॥ ४ ॥

सिद्धा धान्यान्तरं याता सुतमित्रोत्सवप्रदा।
नानाभोगप्रदा नित्यं ज्ञेया सा तु विचक्षणैः ॥ ५ ॥

यदि धान्या की महादशा में सिद्धा की अन्तर्दशा आवे तो पुत्र एवं मित्रों के साथ पूरी सहानुभूति से उत्सव मनाया जाय, अनेक प्रकार भोग विलास करे, यह बड़े दूरदर्शी विद्वानों को जानना चाहिए ॥ ५ ॥

धान्यास्वपगता यत्र सङ्कटा बन्धनप्रदा।
नीतिव्यापारभूपालमानसोत्साहदा मता ॥ ६ ॥

धान्या की महादशा में सङ्कटा का अन्तर आने से जातक को उस अन्तरकाल के भीतर में जेल जाना पड़े, परन्तु राजनीति, व्यापार एवं राजाओं के आन्तरिक रहस्यों का ज्ञान हो जाने से मन में एक प्रकार का उत्साह आजाय, आशय यह कि जेल तो जाय परन्तु वहाँ से लौटने पर एक नवीन जीवन का सञ्चार उसके हृदय में हो जाय, जिसके द्वारा निर्भीकता के साथ भविष्य सुधारे ॥ ६ ॥

पिङ्गला यदि धान्यान्तर्व्यवधाहस्तभूधनः (?)।
सोत्साहो नृपतेर्भीतिः [2]शिरोरुक्शूलभाजनः ॥ ७ ॥

यदि धान्या की महादशा में पिंगला की अन्तर्दशा लगी रहे तो जानना चाहिए कि उस जातक के अधिकार में बहुत जमीन और रुपये रहें, उत्साह के साथ सभी कामों में प्रवृत्त हो, राजा की तरफ से भय आवे, शिर में रोग तथा शरीर में कई जगह शूल हुआ करे, जैसा कि शास्त्र में लिखा है ॥ ७ ॥

अथ भ्रामरीदशायामन्तरफलम्—

भ्रामरी स्वदशामध्ये भीतिमोहविषार्त्तिदा।
स्वस्थाने स्वजने [3]शैले वैरिदुष्टजलार्तिदा ॥ १ ॥

यदि भ्रामरी की महादशा में उसी की अन्तर्दशा लगी रहे तो भ्रान्ति (सभी कामों में भूल करना), मोह एवं विषपान से पीड़ा हो, अपनी जगह पर, परिजनों के बीच में, शत्रुओं से, दुष्ट लोगों से, एवं जल से अधिक भय एवं पीड़ा हो यह निश्चय है ॥१॥

पूर्वपाठः—१ इतोऽनन्तरं धान्यान्तर्गतमंगलाफलद्योतकं पद्य न क्वाप्युपलभ्यते।
२ शिरोरुक्शूलभास्वरः। ३ शैलो।

भद्रायां भ्रामरीमध्ये विदेशगमनं भवेत् ।
निजमित्रसमायोगो विद्यासन्मानभूपतिः ॥ २ ॥

भ्रामरी की दशा में भद्रिका का अन्तर आने से आदमी को अपने घर छोड़ कर विदेश में जाकर रहना पड़े, पूर्व परिचित कई इष्टमित्रों का समागम हो, विद्या की प्राप्ति हो, तथा राजा के यहाँ पूर्ण सन्मान मिले ऐसा जानना चाहिये ॥२॥

उल्का तु भ्रामरीमध्ये ज्वरशूलासृगार्तिदा ।
धनपुत्रकलत्राङ्गपीडा हानिकरी मता ॥ ३ ॥

यदि उल्का की अन्तर्दशा भ्रामरी की महादशा में वर्त्तमान देखी जाय तो जानना चाहिए कि आदमी को शूल हो, शोणित के बिगड़ने से सब अवयवों से बड़ी पीड़ा हो, तथा हर तरह से उसे हानि उठानी पड़े ॥ ३ ॥

सिद्धा सिद्धिप्रदा नित्यं भ्रामरीमध्यगा यदा ।
विवेकविद्यानिधिदा भयरोगार्तिनाशिका ॥ ४ ॥

यदि भ्रामरी की महादशा में सिद्धा का अन्तर दिखाई दे तो जाने कि उस पुरुष को हर अभिलषित कामों में सिद्धि प्राप्त होगी, सभी अवसरों पर उचित विचार करके आगे बढ़ेगा, विद्या की बढ़ती होगी, कहीं से गड़े हुए धन की प्राप्ति होगी, एवं रोग या पीड़ा का भी अवसान होकर जातक खूब निरोग रहेगा, जैसा की आचार्यों का कथन है ॥ ४ ॥

सङ्कटा मरणं क्लेशः शोकं मोहं गतं गदः ।
राजचौरजनख्यातिप्रदा भ्रामरिमध्यगा ॥ ५ ॥

जिस आदमी को भ्रामरी की महादशा से सङ्कटा की अन्तर्दशा व्यवस्थित देखी जाय उसे मरण के समान क्लेश हो, मोह हो, बाद शरीरस्थ रोग नष्ट हो जाय, तथा राजा, चोर एवं और लोगों के साथ देने से जनता में प्रसिद्ध कहावे ॥ ५ ॥

विलासो विविधं सौख्यं नृपसेवातिपुष्टता ।
भ्रामर्यन्तर्गता यत्र मंगला सह मंगला ॥ ६ ॥

यदि भ्रामरी के अन्तर्गत मङ्गला की अन्तर्दशा लगी रहे तो जानना चाहिए कि उस जातक को अनेक भोग—विलास, विविध प्रकार के सौख्य, राजाओं के यहाँ आना-जाना और उसी से शरीर की पुष्टता एवं सदैव उसके यहाँ मङ्गल काम होना यह फल कहें ॥ ६ ॥

पिंगला भ्रामरीमध्ये गुदाङ्घ्रिसुखरोगदा ।
गजाश्वमहिपव्याघ्रव्रणभीतिप्रदा भवेत् ॥ ७ ॥

भ्रामरी के अन्तर्गत पिङ्गला योगिनी को रहने से जातक के गुद-भाग, पाँव तथा

मुख इनमें रोग हो, हाथी, घोड़े, भैंस एवं शेर इनके द्वारा व्रण होने की शङ्का सदैव बनी रहे अर्थात् इनसे अधिक डरे, जैसा कि आचार्यों का कथन है ॥ ७ ॥

भ्रामर्युपगता धान्या धनवाहनभोगदा।
नृपैः प्रीतिकरी भिल्लैर्वैरहानिकरी मता ॥ ८ ॥

जिस आदमी को किसी समय में भ्रामरी की महादशाके बीच धान्या की अन्तर्दशा व्यवस्थित देखी जाय, उसे धन, वाहनों (हाथी, घोड़े, मोटर, साइकिल वगैरह) के उपभोग से बड़ी प्रसन्नता मिले, कुछ राजाओं से मैत्री हो जाय, किन्तु कोल-भिल्ल प्राचीन सभ्यता वाले लोगों के साथ शत्रुता हो एवं उससे भी कुछ हानि की सम्भावना उपस्थित हो जाय सो जानना चाहिये ॥ ८ ॥

अथ भद्रिकान्तरफलम्—

[1]भद्रा भद्रां गता यत्र यशोभद्राश्वगोमती।
व्यसनार्तिहरा पुण्यमार्गरोधकरी मता ॥ १ ॥

जिस जातक को योगिनी—दशा के विचार से भद्रा की महादशा में उसी की अन्तर्दशा वर्त्तमान प्रतीत हो, उसे यश, कल्याण, घोड़े और गाय इनकी वृद्धि हो, व्यसन (नशाबाजी), और मानसिक पीड़ा जो कि पहले ही सें जारी रहे, नष्ट हो जाय अर्थात् वह आदत छूट जाय, पुण्य के सम्बन्ध की बातों से अलग रहे जैसा कि कहा गया है ॥ १ ॥

उल्का भद्रान्तरं याता विवादकृतरोगदा।
स्थानभ्रंशद्रव्यहानिकारिण्युद्वेगदायिनी ॥ २ ॥

यदि भद्रिका के अन्तगत उल्का का अस्तित्व मालूम पड़े तो आदमी को किसी के साथ कठोर विवाद बढ़ने के कारण रोग हो, तथा मन में एक प्रकार का उद्वेग सा लगा रहै, ऐसा जानना चाहिए ॥ २ ॥

[2]सिद्धा भद्रान्तरगता द्विजदेवार्चने रतिः।
पुत्रमित्रकलत्राङ्गगृहग्रामजनोत्सवान् ॥ ३ ॥

भद्रिका की महादशा में सिद्धा का अन्तर रहने से आदमी को ब्राह्मण, देवताओं की पूजा अर्चा में मन लगे, पुत्र, मित्र, स्त्री, घर, गाँव एवं ग्राम्य लोगों के साथ पूरी सहानुभूति रखने के कारण उत्सव के समान जीवन भले ही बितावे सो जाने ॥ ३ ॥

भद्रादशां समायाता सङ्कटा सङ्कटार्तिदा।
मोहशोकादिव्यसनभ्रान्तिदेशगमार्तिदा ॥ ४ ॥

यदि भद्रिका के अन्तर्गत सङ्कटा योगिनी पड़े तो जातक को सङ्कट एवं पीड़ा होती है, शोक, मोह, व्यसन एवं भ्रान्ति, इन बातों से मन में चिन्ता तथा विदेश जाना परम कर्तव्य समझता है ॥ ४ ॥

पूर्वपाठः—१ भद्रा भद्रगता यत्र यशोभद्रायगोवती। २ सिद्धातु भद्रान्तर्गता।

सन्मानधनभूकीर्तिव्यापारे सुतसौख्यदा ।
मंगला भद्रिकामध्ये पितृवंशविवृद्धिदा ॥ ५ ॥

यदि मङ्गला योगिनी भद्रिका के अन्तर्गत दिखाई दे तो जानना चाहिए कि उस आदमी को समाज में आदर, धन, जमीन एवं कीर्ति प्राप्त हो, व्यापार करने से बड़ा लाभ हो, पुत्रों के द्वारा सौख्य मिले तथा परम्परागत वंश की भी पूर्ण उन्नति करे ॥५॥

यदा मध्ये तु भद्रायाः पिंगला पित्तरोगदा ।
कृषिवाणिज्य भूवृद्धाश्रयतो विविधप्रदा ॥ ६ ॥

जब भद्रिका की महादशा में पिंगला की अन्तर्दशा उपस्थित दीख पड़े तो जानना कि पित्त के बिगड़ने से जातक को किसी प्रकार का रोग हो, परन्तु खेती-व्यापार, जीवन एवं वृद्धों के आश्रय से विविध प्रकार के सुख मिले ॥ ६ ॥

[1]रुधिराग्नियमाद्भीतिर्भद्रायां भ्रामरी यदा ।
गृहक्षेत्ररिपुध्वंसी निजबन्धुजनैः सुखम् ॥ ७ ॥

जिसको भद्रिका के अन्तर्गत भ्रामरी योगिनी की दशा आती है उसे शोणित के विकारों से, अग्निदाह से, तथा यमराज के प्रकोप से, अधिक भय होता है। घर, खेत एवं शत्रु इन तीनों का साथ ही नाश होता है, परन्तु अपने परिवारों के द्वारा सुख प्राप्त होता है ॥ ७ ॥

अथोल्कान्तरफलम्—

[2]शत्रुभिः सहसा हानिर्द्रव्यस्य महती व्यथा ।
[3]उल्कामध्ये यदोल्का च राज्यभ्रंशात्तु भीतिदा ॥ १ ॥

यदि उल्का की महादशा में उसी की अन्तर्दशा लगी रहे तो आदमी को अपने शत्रुओं के कारण द्रव्य की हानि उठानी पड़े, बड़ी व्यथा हो, राज्यनाश से भय की आशङ्का बनी रहे जैसा कि आचार्यों का कथन है ॥ १ ॥

सिद्धा तु स्वफलं त्यक्त्वा परस्य फलदायिनी ।
उल्कान्तरं समायाता विदेशगमनप्रदा ॥ २ ॥

यदि उल्का की महादशा में सिद्धा का अन्तर आवे तो सिद्धा अपने उत्तम फल को छोड़कर पराये के बुरे फलों को देती है अर्थात् इस हालत में जातक को हर तरह से कष्ट हो तथा विदेश में जाकर रहना पड़े ऐसा जानना चहिए ॥ २ ॥

उल्काया मध्यगा यत्र सङ्कटा मरणप्रदा ।
[4]स्त्रीपुत्रभृत्यादिमित्रजनहानिकुलक्षयः ॥ ३ ॥

पूर्वपाठः—१ इहापि भद्रिकान्तर्गतधान्याफलं नास्ति ।
२ शत्रुभिः साहसं हानिः । ३ उल्कामध्ये यद्युल्का चेति ।
४ स्त्रीपुत्रभृत्याश्च जनहानिनिजकुलक्षयः ।

जिसको उल्का की दशा में संकटा का अन्तर वर्त्तमान देखा जाय उस आदमी को मरण के समान कष्ट हो, स्त्री-पुत्र-मित्र-एवं नौकर इनकी हानि हो, याने संयोगतः इनसे वियोग हो या इनमें से कोई मर जाय, यहाँ तक कि अपने कुल का भी क्षय हो जाय ॥३॥

उल्काया मध्यगा यत्र मङ्गला मोहकारिणी।
धनमित्रविवेकस्त्रीसुखदा मलहारिणी ॥ ४ ॥

यदि उल्का कि महादशा में मङ्गला की अन्तर्दशा पड़े तो मन में मोह, धन और मित्रों के विवेक से तथा स्त्री के द्वारा सुख मिले, और शारीरिक एवं आन्तरिक विकार नष्ट होकर जातक को स्वस्थ बनाती है ॥ ४ ॥

कुष्ठकम्बूशिरोरोगैः पीडितो धरणीतले।
भ्रमते नात्र सन्देहो यद्युल्कायां तु पिंगला ॥ ५ ॥

उल्का के अन्तर्गत पिंगला की दशा आने से जातक के शरीर में कुछ रोग हो, कण्ठ और शिर में भी कोई स्थायी रोग हो जाय, इन कारणों से इतनी पीड़ा हो कि विवश होकर दुनियाँ में इधर-उधर व्यर्थ घूमा करे, इसमें सन्देह नहीं है ॥ ५ ॥

न लाभो न सुखं किञ्चिद्वातव्याधिकफादयः।
धान्योल्कायां समायाता स्त्रीपुत्रस्वजनैः कलिः ॥ ६ ॥

जिस आदमी को उल्का महादशा के अन्तर्गत धान्या पड़े उसे न तो लाभ हो न तो सुख मिले, केवल वायु के दोष से व्याधि, कफ, खाँसी आदि बीमारियाँ आजायँ, तथा उस हालत पर भी स्त्री–पुत्र और परिवारों के साथ सदैव विवाद हुआ करे ॥६॥

उद्विग्नमानसं मोहो भ्रमः पुंसोऽरिजं भयम्।
नानाक्लेशसमायोगो भ्रामर्युल्कान्तरं गता ॥ ७ ॥

यदि भ्रामरी की अन्तर्दशा उल्का के अन्तर्गत दिखाई दे तो मन में उद्वेग, मोह, भ्रान्ति, तथा शत्रुओं की तरह से भय उपस्थित हो एवं अनेक तरह से उसे क्लेश ही का भोग करना पड़े ॥ ७ ॥

उल्कामध्ये तु सम्प्राप्ता भद्रा भद्रार्थदायिनी।
भूषणाम्बरहानिः स्यात्कुलमित्रजनात्सुखम् ॥ ८ ॥

यदि उल्का—दशा में भद्रिका की अन्तर्दशा देखी जाय तो जानना कि उस जातक को सर्वतः कल्याण हो, धन का लाभ हो, आभूषण और वस्त्र की हानि हो तथा च परम्परागत कौलिक मित्रों के द्वारा सुख का उपभोग करे ॥ ८ ॥

अथ सिद्धान्तरफलम्—

सिद्धा सिद्धार्थसंदात्री स्वजनैस्सह सौख्यदा।
सिद्धायामथ वैस्वर्यं सुतमित्रसुखप्रदा ॥ १ ॥

पूर्वपाठः—१ सुखमित्रसुखप्रदा।

जिस जातक को जब कभी सिद्धा की महादशा में सिद्धा ही की अन्तर्दशा दृष्टिगोचर हो, उसे सभी कामों में सिद्धि प्राप्त हो, धन का आगम हो, अपने परिवारिक लोगों के द्वारा भी सौख्य मिले, ऐश्वर्य प्राप्त हो, एवं खास कर पुत्र-मित्रों से अधिक सुख मिले ॥६॥

बन्धनं नृपचौरेभ्यो धनहानिर्महद्भयम् ।
देशत्यागो भवेन्नूनं सिद्धायां सङ्कटा यदा ॥ २ ॥

यदि सिद्धा की दशा में सङ्कटा का अन्तर रहे तो ऐसी स्थिति में आदमी को जेलखाना जाना पड़े, राजा और चोर इनके द्वारा धन की हानि हो, बड़ा भय उपस्थित हो, तथा अन्य तरीके से निरुपाय होकर वह अपना देश छोड़कर विदेश चला जाय ॥ २॥

विलासः स्वजनैः सौख्यं धनलब्धिर्नृपाद्भवेत् ।
मंगला सिद्धिदा सिद्धासंगता विविधा यदा ॥ ३ ॥

यदि मंगला का अन्तर सिद्धा की महादशा में पड़े तो जानना चाहिए कि जातक को भोग-विलास, सौख्य, राजा से धन का लाभ तथा हर अवसर पर विविध प्रकार की कार्य-सिद्धि हो इसमें संशय नहीं है ॥ ३ ॥

सिद्धायां पिंगलायां तु मानं क्रोधाग्निदाहिका ।
वैरोदयो निजैः सार्द्धं परद्रव्याभिधारणम् ॥ ४ ॥

सिद्धा की महादशा में पिंगला का अन्तर आने से पराये क्रोधाग्नि को नाश करने के अभिमान की जागृति हो, शत्रुओं का अभ्युदय हो तथा अपना भी एवं पराये धन को ले लेने की शक्ति उसमें आजाय ॥ ४ ॥

पुंसां धान्या तु सिद्धायां प्राक्पुण्यनिचयो भवेत् ।
मनःप्रकल्पितं सर्वं सिद्धिमायाति सर्वतः ॥ ५ ॥

यदि सिद्धा की महादशा में धान्या की अन्तर्दशा लगी प्रतीत हो तो पूर्वजन्म के पुण्यों का उदय हो, फलतः जो जो सङ्कल्प मन में करे, सभी कामनायें सर्वांशतः सिद्ध हो जायँ ॥ ५ ॥

भ्रामरी यदि संप्राप्ता सिद्धायां यस्य जन्मनि ।
स्वस्थानाद्व्यसनैस्त्यागान्ननु राजकुलाद्भयम् ॥ ६ ॥

जिस आदमी को सिद्धा की महादशा में भ्रामरी का अन्तर व्यवस्थित देखा जाय, उसे अपने स्थान से हट जाना पड़े, व्यसन इतना बढ़े कि फिर छोड़ना कठिन हो जाय, तथा राजकुल से भी भय आकस्मिक आया करे ॥ ६ ॥

मांगल्यभोगजननी विद्या सौख्यगुणप्रदा ।
नराणां सिद्धिदा भद्रा सिद्धायामुपजायते ॥ ७ ॥

यदि सिद्धा के अन्तर्गत भद्रिका की अन्तर्दशा आवे तो जातक के घर में मंगल—

काम अधिक हो, भोग-विलास करने का अवसर काफी मिले, विद्या की प्राप्ति हो, सौख्य बढ़े, गुणी हो तथा सब मनोरथों की सिद्धि प्राप्त हो ॥ ७ ॥

उल्का सिद्धां समापन्ना धनधान्यविनाशिनी।
क्लेशशोकव्यसनदा गुदरुग्मोहकारिणी ॥ ८ ॥

